1.19 रिज़र्व बैंक वर्ष के दौरान मुद्रा, सरकारी प्रतिभूतियों और विदेशी मुद्रा बाजारों में गहराई और चलनिधि बढ़ाने के लिए उपाय करता रहा। विशेषतः मार्च 2007 में आयी कुछ अस्थिरता सहित 2006-07 के अधिकांश भाग में वित्तीय बाजार आम तौर पर व्यवस्थित बने रहे, जो ऋण की अधिक मांग के साथ व्यापक पूंजी प्रवाह और भारत सरकार के नकदी शेषों में दोलन को प्रतिबिंबित करता है। वित्तीय बाजार के विभिन्न खंडों में ब्याज दरों में रिज़र्व बैंक की नीति दर के अनुरूप सख्ती आयी।

1.20 2006-07 के दौरान, वित्तीय बाजार आसान चलनिधि की दशा से सख्ती के आकस्मिक दौरों में परिवर्तित हो गया जिसके कारण एलएएफ के जरिये चलनिधि बढ़ाना जरूरी हो गया। एलएएफ के तहत चलनिधि का कुल ओवरहैंग, बाजार स्थिरीकरण योजना (एमएसएस) और केंद्र सरकार की अधिशेष नकदी शेषराशियां कुल मिलाकर मार्च 2006 के रु.74,334 करोड़ के औसत से बढ़कर सितंबर 2006 में रु.92,849 करोड़ हो गयीं। अग्रिम कर अदायगी के कारण मार्च 2007 की दूसरी छमाही में चलनिधि की कमी बढ़ने के कारण 21 मार्च 2007 को एलएएफ के तहत डाली गयी राशि बढ़कर रु. 43,075 करोड़ तक पहुंच गयी।दिसंबर 2006 - मार्च 2007 (विशेष रूप से मार्च 2007 की दूसरी छमाही) में कुछ अवसरों को छोड़कर, जब बाजार में अस्थायी सख्ती आने से एक दिवसीय दरें तेजी से बढ़ीं, एक दिवसीय दरें वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक की रिवर्स रेपो और रेपो दरों द्वारा निर्धारित सीमा के भीतर रहीं। एक दिवसीय मुद्रा बाजार के संपार्श्विकीकृत खंड में भी ब्याज दरों में तेजी आयी, परंतु वे वर्ष के दौरान मांग दरों के नीचे रहीं। कुल मिलाकर वित्त वर्ष 2006-07 के लिए सीबीएलओ खंड में ब्याज दरों का औसत, मांग मुद्रा बाजार में 7.22 प्रतिशत (5.60 प्रतिशत) की तुलना में क्रमशः 6.24 प्रतिशत (2005-06 में 5.34 प्रतिशत) और बाजार रिपो खंड में 6.34 प्रतिशत (5.36 प्रतिशत) था। मांग मुद्रा, सीबीएलओ और रेपो खंडों में भारित औसत ब्याज दर 2005-06 के 5.43 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 6.57 प्रतिशत हो गयी।

1.21 वाणिज्यिक पत्र पर भारित औसत बट्टा दर 31 मार्च 2006 को समाप्त पखवाड़े के 8.59 प्रतिशत से बढ़कर 31 मार्च 2007 को समाप्त पखवाड़े में 11.33 प्रतिशत हो गयी और जमा प्रमाणपत्रों की भारित औसत बट्टा दर मुद्रा बाजार की अन्य ब्याज दरों में उछाल के अनुरूप मार्च 2006 के अंत के 8.62 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 10.75 प्रतिशत हो गयी। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की जमा और उधार ब्याज दरें 2006-07 में बढ़ गयीं।

1.22 सरकारी प्रतिभूति बाजार में 2006-07 के दौरान आय बढ़ गयी। वर्तमान वित्त वर्ष में जून 2007 के मध्य तक आय में बढ़त हुई तथा उसके बाद उसमें गिरावट आयी। 31 मार्च 2007 को 10 वर्षीय आय 7.97 प्रतिशत थी जो 31 मार्च 2006 के स्तर (7.52 प्रतिशत) की तुलना में 45 आधार अंक अधिक थी। तथापि आय वक्र चौरस रहा। वर्ष 2007-08 के दौरान मई 2007 के अंत तक आय 7.97 और 8.19 प्रतिशत के दायरे में रही और वैश्विक स्तर पर ब्याज दरों में बढ़ोतरी के चलते जून 2007 के अंत में यह 8.30 प्रतिशत की ऊंचाई तक पहुंच गई। उसके बाद, चलनिधि की लगातार उपलब्धता को प्रतिबिंबित करते हुए नवंबर 2007 के प्रथम सप्ताहे के अंत तक आय में कमी आई और यह 7.85 तथा 8.01 प्रतिशत के बीच रही। 8 नवंबर 2007 को 10 वर्षीय आय 7.96 प्रतिशत थी जो 8 नवंबर 2006 के स्तर से 37 आधार अंक अधिक है।

1.23 वर्ष 2006-07 के दौरान स्टॉक बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई तक पहुंच गये तथा बीच-बीच में आवधिक सुधार हुआ। पूंजी बाजार के प्राथमिक बाजार खंड में उछाल बना रहा। मार्च 2007 के अंत में बीएसई सेंसेक्स एक वर्ष पूर्व के 73.7 प्रतिशत की वद्धि के ऊपर 15.9 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़ा। कंपनियों की अधिक लाभप्रदता तथा विदेशी संस्थागत निवेशकों एवं देशी म्युचुअल फंडों से निरंतर चलनिधि समर्थन के कारण मुद्रा बाजारों में उछाल आया, हालांकि वैश्विक ईक्विटी बाजारों की प्रवृत्तियों के अनुरूप कुछ अवसरों (मई-जून 2006, दिसंबर 2006 और फरवरी-मार्च 2007) पर उनमें तेज सुधार दिखायी दिया।

1.24 विदेशी मुद्रा बाजार में जुलाई 2006 के मध्य से मजबूती के आग्रह के साथ भारतीय रुपया में 2006-07 में 43.14- 46.97 रुपया प्रति डॉलर के दायरे में घटबढ़ हुआ। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और एफआइआइ के बहिर्वाह को दर्शाते हुए वर्ष के दौरान अमरीकी डॉलर की तुलना में रुपये में शुरुआती मूल्यह्रास हुआ और वह 19 जुलाई 2006 को 46.97 रुपये पर पहुंच गया। तथापि, कच्चे तेल की कीमतों में नरमी, बड़ी मात्रा में पूंजी आवकों तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अमरीकी डॉलर की कमजोरी के कारण रुपये में उसके बाद तेजी आयी और वह 28 मार्च 2007 को रु. 43.14 प्रति अमरीकी डॉलर तक आ गया। मार्च 2007 के अंत में विनिमय दर रु. 43.60 प्रति डॉलर थी।

1.25 अच्छे समष्टि आर्थिक मूलतत्वों को दर्शाते हुए, 2006-07 के दौरान बाह्य क्षेत्र में भारत के भुगतान शेष की स्थिति में लगातार सुदृढ़ता और सक्रियता आयी। पण्य निर्यात और तेलेतर आयात वृद्धि में सामान्य बढ़त बनी रही, जबकि पिछले वर्ष इनमें सुदृढ़ वृद्धि देखी गई थी। साफ्टवेयर निर्यात एवं अन्य कारोबारी सेवाओं से प्राप्त आय तथा विदेश में कार्यरत भारतीयों से प्राप्त अर्थप्रेषण में उछाल बना रहा। 2006-07 के दौरान अदृश्य मदों के तहत निवल अधिदेश बढ़ा तथा उसने बढ़ते हुए पण्य व्यापार घाटे के बड़े भाग का वित्तपोषण करना जारी रखा। फलस्वरूप, वर्ष के दौरान चालू खाता घाटा कम बना रहा और जीडीपी के अनुपात के रूप में एक वर्ष पूर्व के स्तर पर (1.1 प्रतिशत) था। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार की अगुआई में भारत में पूंजी प्रवाह में 2006-07 के दौरान बड़ी वृद्धि हुई, जो वृद्धि की संभावना की सुदृढ़ता और देशी निवेश और आयात मांग में उछाल द्वारा समर्थित थी। बाहरी प्रत्यक्ष निवेश में भी उछाल आया जो भारतीय कंपनियों द्वारा बढ़ते हुए विदेशी अर्जन को दर्शाता है। निवल पूंजी प्रवाह चालू खाता घाटा से अधिक होने के साथ, समग्र भुगतान शेष में उल्लेखनीय अधिशेष दर्ज हुआ जो 2006-07 के दौरान विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में 47.6 बिलियन अमरीकी डॉलर की वृद्धि में दिखायी दिया। जहां उच्चतर बाह्य वाणिज्यिक उधारों एवं अनिवासी जमाराशियों के कारण बाह्य ऋण के स्टॉक में वृद्धि हुई, वहीं विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियों में लगातार वृद्धि को दर्शाते हुए निवल अंतरराष्ट्रीय देयताओं में गिरावट आयी, जो मार्च 2007 के अंत तक बढ़कर 199.2 बिलियन अमरीकी डॉलर के स्तर तक पहुंच गयी।

अनुसूचित वाणिज्य बैंक

1.26 बैंकिंग क्षेत्र ने 2006-07 के दौरान तीव्र वृद्धि दर्ज की। वास्तविक अर्थव्यवस्था की तुलना में बैंकिंग क्षेत्र की तीव्र वृद्धि ने मार्च 2007 के अंत में जीडीपी के प्रति अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्तियों के अनुपात को बढ़ाकर 92.5 प्रतिशत कर दिया। वर्ष के दौरान आवास और वाणिज्यिक वास्तविक संपदा क्षेत्र से हटकर क्षेत्रीय ऋण आबंटन में कुछ पुनः संतुलन के साथ व्यापक ऋण वृद्धि आधार देखा गया। तथापि, मुख्यतः मीयादी जमाराशियों में तीव्र वृद्धि के कारण जमाराशियों में तेज वृद्धि ने बैंकों द्वारा ऋण वृद्धि को वित्तपोषित करने हेतु निवेश संविभाग को खोलने की जरूरत को समाप्त कर दिया जैसाकि पिछले वर्ष देखा गया था (सारणी I.1) । तथापि, कुल आस्तियों और निवल मांग और मीयादी देयताओं दोनों के प्रतिशत के रूप में बैंकों द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश गिरावट जारी रही। निजी क्षेत्र के तीन पुराने बैंकों के विलय के साथ बैंकिंग क्षेत्र का समेकन जारी रहा जिससे अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल संख्या मार्च 2006 के अंत में 85 से घटकर 82 रह गयी।

सारणी 1.1: वित्तीय क्षेत्र के चुनिंदा संकेतक : 2006-07

श्रेणी		संकेतक	2005-06	2006-07
1		2	3	4
1. अनुसूचित वाणिज्य बैंक	क)	प्रमुख समुच्चय में वृद्धि (प्रतिशत)		
		सकल जमाराशियां	17.8	24.6
		ऋण और अग्रिम	31.8	30.6
		सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश	-1.2	9.3
	ख)	वित्तीय संकेतक (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)		
		परिचालनगत लाभ	2.0	1.9
		निवल लाभ	0.9	0.9
		विस्तार	2.8	2.7
	ग)	अनर्जक आस्तियां (अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में)		
		सकल अनर्जक आस्तियां	3.1	2.4
		निवल अनर्जक आस्तियां	1.2	1.0
2. शहरी सहकारी बैंक	क)	प्रमुख समुच्चय में वृद्धि (प्रतिशत)		
		जमाराशियां	6.3	6.1
		ऋण	4.0	9.8
	ख)	वित्तीय संकेतक (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)@		
		परिचालनगत लाभ	1.3	1.2
		निवल लाभ	0.8	0.6
		विस्तार	2.2	2.3
	ग)	अनर्जक आस्तियां (अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में)		
		सकल अनर्जक आस्तियां	18.9	17.0
		निवल अनर्जक आस्तियां	8.8	7.7
3. ग्रामीण सहकारी बैंक	क)	संख्या	1,07,497	–
	ख)	प्रमुख समुच्चय में वृद्धि (प्रतिशत)		
		जमाराशियां	4.9	–
		ऋण	6.2	–
	ग)	वित्तीय संकेतक		
		लाभ अर्जक सोसाइटियां (संख्या)	44,968	–
		घाटे में चल रही सोसाइटियां (संख्या)	53,344	–
		कुल लाभ / हानि (करोड़ रुपए)	-271	–
	घ)	अनर्जक आस्तियां (अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में)*	23.8	–
4. वित्तीय संस्थाए	क)	प्रमुख समुच्चय में वृद्धि (प्रतिशत)[1]		
		मंजूरी	41.0	12.9
		संवितरण	47.1	82.8
	ख)	वित्तीय संकेतक (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)[2]		
		परिचालनगत लाभ	1.4	2.1
		निवल लाभ	1.0	1.5
		विस्तार	1.8	1.6
5. गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां	क)	प्रमुख समुच्चय में वृद्धि (प्रतिशत)		
		जनता की जमाराशियां	-32.1	-16.5
	ख)	वित्तीय संकेतक (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)		
		निवल लाभ	1.5	1.2
	ग)	अनर्जक आस्तियां (अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में)[3]		
		निवल अनर्जक आस्तियां	0.5	0.4
6. अवशिष्ट गैर-बैंकिंग कंपनियां	क)	प्रमुख समुच्चय में वृद्धि (प्रतिशत)		
		जमाराशियां	21.5	12.1
	ख)	वित्तीय संकेतक (कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में)		
		निवल लाभ	0.7	0.9

– : उपलब्ध नहीं

@ अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों से संबंधित हैं।

* प्राथमिक कृषि ऋण समितियों की बकाया राशियां शामिल हैं।

1 आइएफसीआइ, आइआइबीआइ, सिडबी, आइवीसीएफ, आइसीआइसीआइ वेंचर, टीएफसीआइ, एलआइसी और जीआइसी से संबंधित हैं।

2 सात वित्तीय संस्थाओं नामतः आइएफसीआइ,आइआइबीआइ, एक्जिम बैंक, टीएफसीआइ, सिडबी, नाबार्ड और एनएचबी से संबंधित हैं।

3 रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाली कंपनियों के लिए,व्याप्ति में अंतर के साथ।

1.27 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का वित्तीय कार्य-निष्पादन, देयताओं और आस्तियों दोनों पक्षों में, ब्याज दरों की सख्ती से समर्थित था। बैंकों की निवल ब्याज आय और ब्याजेतर आय दोनों कुल रूप में तेजी से बढ़ी परंतु कुल आस्तियों की तुलना में उसमें गिरावट आयी। तथापि, बैंक परिचालन व्यय को कम करके लाभप्रदता बनाये रखने में सफल रहे। पिछले वर्ष से भिन्न, बैंकों द्वारा किये गये प्रावधान और आकस्मिक व्यय वर्ष के दौरान बढ़ गये हालांकि वे सापेक्षिक रूप में (अर्थात् आस्तियों के प्रतिशत के रूप में) थोड़े कम थे। जहां अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का आस्तियों पर प्रतिलाभ स्थिर रहा, वहीं ईक्विटी पर उनके प्रतिलाभ में वर्ष के दौरान सुधार आया। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के निवल लाभ में तेज वृद्धि हुई, जिसे ऋण की मात्रा में सुदृढ़ वृद्धि और परिचालनात्मक व्ययों में नियंत्रण के कारण निवल ब्याज आय में तीव्र वृद्धि से सहारा मिला।

1.28 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में 2006-07 के दौरान और सुधार आया, जो ऋणों और अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में सकल और निवल अनर्जक आस्तियों में गिरावट के रूप में प्रतिबिंबित हुआ। तथापि, सकल अनर्जक आस्तियों में बैंक समूहों के बीच अलग-अलग प्रवृत्ति थी। जहां वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र के बैंकों (विशेषतः राष्ट्रीकृत बैंकों) और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों की कुल सकल अनर्जक आस्तियों में गिरावट आयी, वहीं निजी क्षेत्र के नये बैंकों और विदेशी बैंकों के मामले में उसमें वृद्धि हुई।

1.29 पूंजी जुटाने के बैंकों के प्रयास, आस्तियों में वृद्धि तथा नयी आस्तियों के जोखिम की रूपरेखा के अनुरूप थे। अतः अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का जोखिम भारित पूंजी अनुपात, जो हानि को सहने संबंधी बैंकिंग प्रणाली की क्षमता की माप है, मार्च 2006 के अंत के अनुरूप मार्च 2007 के अंत में 12.3 प्रतिशत पर था।

सहकारी बैंक

1.30 शहरी सहकारी बैंकों के परिचालन में 2006-07 के दौरान सामान्य वृद्धि हुई। जमाराशियों में वृद्धि की तुलना में ऋण और अग्रिमों में उच्चतर वृद्धि देखी गयी। यद्यपि शहरी सहकारी बैंकों ने प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार के लक्ष्य में चूक की, परंतु उन्होंने कमजोर वर्गों के लिए निर्धारित उप-लक्ष्य पूरे कर लिये। मुख्यतः एसएलआर निवेशों में गिरावट के कारण वर्ष के दौरान शहरी सहकारी बैंकों के निवेश में गिरावट आयी, तथापि, एसएलआर से इतर निवेश में वर्ष के दौरान वृद्धि हुई। अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के वित्तीय कार्यनिष्पादन में उच्चतर परिचालन और शुद्ध लाभ तथा ब्याज-अंतराल में वृद्धि के साथ उल्लेखनीय सुधार हुआ। यह विजन दस्तावेज द्वारा सुझायी गयी मध्यावधि रूपरेखा की सफलता की ओर संकेत करता है। कुल और सापेक्ष्य दोनों रूपों में सकल और निवल अनर्जक आस्ति में गिरावट के साथ, शहरी सहकारी बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हुआ।

1.31 वर्ष 2005-06 के दौरान, प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों को छोड़कर ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के सभी खंडों के तुलनपत्र 2005-06 में बढ़ गये। तथापि, वर्ष के दौरान उनके वित्तीय कार्य-निष्पादन में गिरावट आयी। ग्रामीण सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के विभिन्न खंडों के वित्तीय कार्य-निष्पादन में व्यापक घट-बढ़ देखा गया। जहां 2005-06 के दौरान अल्पावधि और दीर्घावधि ग्रामीण सहकारी ऋण संस्थाओं दोनों के ऊपरी स्तर ने लाभ कमाया, वहीं निचले स्तर (अर्थात् पीएसीएस और पीसीएआरडीबी) ने समग्र रूप से हानि उठायी। सुधरे हुए वसूली कार्य-निष्पादन वाली प्राथमिक कृषि सहकारी समिति को छोड़कर सभी प्रकार के ग्रामीण सहकारी बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में गिरावट आयी। वर्ष के दौरान डीसीसीबी और पीसीएआरडीबी का वसूली कार्यनिष्पादन खराब हुआ।

वित्तीय संस्थाएं

1.32 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा संवितरित वित्तीय सहायता में, उनके द्वारा स्वीकृत वित्तीय सहायता में गिरावट के बावजूद, 2006-07 में तेज वृद्धि हुई। 2006-07 में वित्तीय संस्थाओं द्वारा स्वीकृत और संवितरित वित्तीय सहायता में पिछले वर्ष के दौरान देखी गयी क्रमशः 41.0 प्रतिशत तथा 38.0 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में क्रमशः 12.9 प्रतिशत और 82.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मुख्यतः निवेश संस्थाओं और विशिष्टीकृत वित्तीय संस्थाओं द्वारा संवितरण में वृद्धि के कारण संवितरणों में तेज वृद्धि हुई, जबकि अखिल भारतीय मीयादी ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा कम स्वीकृति के कारण स्वीकृतियों में कमी आयी।

1.33 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं की शुद्ध ब्याज आय में, 2005-06 के 20.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 2006-07 में 1.7 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाओं की ब्याजेतर आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। तथापि, पिछले वर्ष की तीव्र वृद्धि के विपरीत वर्ष के दौरान वित्तीय संस्थाओं के परिचालनागत व्यय में 55.9 प्रतिशत की गिरावट आयी। फलस्वरूप, वर्ष के दौरान परिचालनात्मक लाभ में 73.6 प्रतिशत की तेज वृद्धि हुई। यह कराधान के लिए चिह्नित उच्चतर प्रावधानों के बावजूद वित्तीय संस्थाओं के निवल लाभ में उल्लेखनीय वृद्धि के रूप में भी प्रतिबिंबित हुआ। वित्तीय संस्थाओं का पूंजी पर्याप्तता अनुपात 9 प्रतिशत के निर्धारित मानदंड की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक बना रहा।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां

1.34 वर्ष 2005-06 में 5.1 प्रतिशत की मामूली वृद्धि की तुलना में जमाराशि लेनेवाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आस्ति/देयता में वर्ष 2006-07 में 26.9 प्रतिशत की काफी तीव्र वृद्धि हुई। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की उधारी, जोकि उनकी निधियों का प्रमुख स्रोत है, में वर्ष के दौरान 30.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि जमाराशि में 16.5 प्रतिशत की गिरावट आई। निधि आधारित आय में तीव्र वृद्धि के चलते 2006-07 में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी के वित्तीय कार्यनिष्पादन का चेहरा ही बदल गया जिसने परिचालन व्यय और वित्तीय व्यय में हुई तीव्र वृद्धि के असर को कम किया। परिणामस्वरूप, परिचालन लाभ और निवल लाभ दोनों में वृद्धि हुई। आस्ति की गुणवत्ता में भी महत्वपूर्ण रूप से सुधार हुआ । वर्ष के दौरान जहां 30 प्रतिशत से अधिक सीआरएआर वाली एनबीएफसी-डी के अनुपात में कमी आई वहीं 12 प्रतिशत से कम सीआरएआर वाली एनबीएफसी-डी के अनुपात में भी यही रुख रहा। एनबीएफसी समूह में सकल आस्ति / देयता में सबसे बड़ा हिस्सा आस्ति वित्त कंपनियों का (51.5 प्रतिशत) था उसके बाद किराया खरीद वित्त कंपनियों (35.7 प्रतिशत), ऋण कंपनियों (8.7 प्रतिशत) तथा निवेश कंपनियों (3.4 प्रतिशत) का था।

1.35 100 करोड़ रुपए और इससे अधिक की आस्ति आकार वाली जमा राशि न लेनेवाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण 173 एनबीएफसी से प्राप्त सूचना के अनुसार मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के अंत में उनकी आस्ति / देयता में वर्ष 2006 की तुलना में 14.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की कुल उधारी 26.8 प्रतिशत बढ़कर 2,11,986 करोड़ रुपए हो गई जोकि कुल देयताओं का 66.7 प्रतिशत है। मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान एनबीएफसी-एनडी-एसआइ ने 7,460 करोड़ रुपए का लाभ कमाया जोकि मार्च 2006 समाप्त वर्ष के दौरान अर्जित लाभ (4,301 करोड़ रुपए) की तुलना में 73.4 प्रतिशत अधिक है जो अंशतः यह दर्शाता है कि इस श्रेणी में कंपनियों की संख्या में वृद्धि हुई है।

2007-08 के दौरान हुई गतिविधियां

1.36 केंद्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा अगस्त 2007 में दिये गये अनुमान के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था में उच्च दर पर वृद्धि जारी रही और 2006-07 की पहली तिमाही में हुई 9.6 प्रतिशत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि की तुलना में 2007-08 की पहली तिमाही में 9.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वास्तविक जीडीपी में हुई वृद्धि को विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों में द्वि-अंकीय वृद्धि से समर्थन मिला जबकि कृषि क्षेत्र में सुधार के संकेत दिखायी दिये।

1.37 थोक मूल्य सूचकांक में घट-बढ़ द्वारा मापी गयी मुद्रास्फीति वर्ष-दर-वर्ष आधार पर मार्च 2007 के अंत के 5.9 प्रतिशत से कम होकर 27 अक्तूबर 2007 को 3.0 प्रतिशत हो गयी। सभी प्रमुख समूहों, प्राथमिक वस्तुओं, ईंधन समूह और विनिर्माण उत्पादों के लिए वार्षिक मुद्रास्फीति दर मार्च 2007 के अंत में क्रमशः 10.7 प्रतिशत, 1.0 प्रतिशत और 6.1 प्रतिशत थी जो 27 अक्तूबर 2007 को कम होकर क्रमशः 5.1 प्रतिशत, -1.5 प्रतिशत और 3.9 प्रतिशत रह गयी। राजकोषीय और आपूर्ति पक्ष के उपायों सहित 2004 के मध्य से पूर्वोपाय के रूप में किये गये मौद्रिक उपायों ने मुद्रास्फीतिकारी दबावों को रोकने में मदद की।2007-08 की दूसरी तिमाही में उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति में तेजी बनी रही तथा वह थोक मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति के ऊपर बनी रही जो मुख्यतः उच्चतर खाद्य मूल्यों के प्रभाव को दर्शाता है।

1.38 2007-08 के लिए केंद्र और राज्य सरकारों के संयुक्त वित्त के प्रमुख घाटा संकेतकों में कुल तथा जीडीपी के अनुपात दोनों रूपों में 2006-07 के संशोधित अनुमानों में गिरावट आने का बजट प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार के राजस्व खाता में अधिशेष राजकोषीय पक्ष की सर्वाधिक महत्वपूर्ण गतिविधि थी। राजस्व खाते में परिकल्पित सुधार से संयुक्त सकल राजकोषीय घाटा में 2007-08 में जीडीपी के 0.8 प्रतिशत की कमी आने की आशा है। 2007-08(अप्रैल - सितंबर 2007) के पहले छह माह लिए केंद्र सरकार के वित्त के बारे में उपलब्ध जानकारी यह संकेत देती है कि बजट अनुमान की तुलना में सकल राजकोषीय घाटा और प्राथमिक घाटा (रिज़र्व बैंक को भारतीय स्टेट बैंक के अंश के अर्जन की लागत और रिज़र्व बैंक द्वारा केंद्र सरकार को अंतरित लाभ के अंतर की राशि) अप्रैल-सितंबर 2006[2] की तुलना में कम स्तर पर रखा गया है। अप्रैल-सितंबर 2007 के दौरान जीडीपी के प्रतिशत के रूप में राजस्व घाटा पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में कम था। तथापि, राजस्व घाटे के लिए कम राशि बजट किए जाने के कारण 22.6 प्रतिशत अधिक की राजस्व प्राप्ति में वृद्धि के बावजूद बजट अनुमानों के प्रतिशत के रूप में यह राशि पिछले वर्ष से सामान्य अधिक थी।

1.39 राजकोषीय वर्ष 2007-08 में (26 अक्तूबर 2007 तक), पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की 7.9 प्रतिशत की वृद्धि की

[2] भारतीय स्टेट बैंक में रिज़र्व बैंक के अंश के अंतरण के कारण अधिशेष अंतरण की राशि (34,308 करोड़ रुपए) अप्रैल-अगस्त 2007 के लिए गैर-कर राजस्व के अंतर्गत शामिल किया गया था। जैसा कि केंद्र सरकार के 2007-08 के बजट में उल्लेख किया गया है, लेखा महानियंत्रक द्वारा इस लेनदेन को अप्रैल-सितंबर 2007-08 के लिए गैर-ऋण पूंजी प्राप्ति के अंतर्गत रिकार्ड किया गया है।

तुलना में एम$_3$ में 9.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साल-दर-साल आधार पर एक वर्ष पूर्व के 18.4 प्रतिशत की तुलना में मुद्रा आपूर्ति में 22.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस प्रकार एम$_3$ में वृद्धि वार्षिक नीति विवरण (अप्रैल 2007) में 2007-08 के लिए निर्धारित 17.0 -17.5 प्रतिशत के संकेतात्मक दायरे से अधिक बनी रही। सरकार को निवल बैंक ऋण में पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में हुई 5.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वित्तीय वर्ष (26 अक्तूबर 2007 तक) में 1.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वाणिज्य क्षेत्र को बैंक ऋण पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि के 9.0 प्रतिशत की तुलना में 5.1 प्रतिशत बढ़ा । सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में वाणिज्य बैंकों का निवेश उनकी निवल मांग और मीयादी देयताओं के प्रतिशत के रूप में, मार्च 2007 के अंत के 28.0 प्रतिशत से बढ़कर 14 सितंबर 2007 को 29.4 प्रतिशत हो गया। आरक्षित मुद्रा में एक वर्ष पूर्व के 15.6 प्रतिशत की तुलना में 2 नवंबर 2007 को साल-दर-साल 26.7 प्रतिशत (सीआरआर में वृद्धि के पहले दौर के प्रभावों के लिए 17.1 प्रतिशत पर समायोजित) की वृद्धि हुई। सीआरआर में वृद्धि के कारण अप्रैल 2007 के मध्य से चलनिधि का दबाव बढ़ा परंतु 28 मई 2007 से उसमें क्रमिक रूप से नरमी आयी जो सरकारी खर्च में वृद्धि तथा रिज़र्व बैंक द्वारा प्राथमिक व्यापारियों से विदेशी मुद्रा की शुद्ध खरीद को दर्शाता है। 2007-08 की दूसरी तिमाही में (सितंबर के मध्य तक) रिज़र्व बैंक ने एलएएफ के तहत रिवर्स रेपो का उपयोग करते हुए चलनिधि को अवशोषित करना जारी रखा।

1.40 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के खाद्येतर ऋण में मार्च 2007 के अंत के 28.4 प्रतिशत और एक वर्ष पूर्व के 29.7 प्रतिशत की तुलना में 26 अक्तूबर 2007 को साल-दर-साल 23.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जमाराशियों में वृद्धि में तेजी के साथ ऋण वृद्धि में कमी के फलस्वरूप अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात (साल-दर-साल) पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि के 98.3 प्रतिशत की तुलना में 14 सितंबर 2007 को कम होकर 62.9 प्रतिशत रह गया। 17 अगस्त 2007 तक उपलब्ध क्षेत्रवार नियोजन आंकड़े यह दर्शाते हैं कि वृद्धिशील खाद्येतर ऋण (साल-दर-साल) का 41 प्रतिशत उद्योग द्वारा, लगभग 13 प्रतिशत कृषि द्वारा और लगभग 22 प्रतिशत व्यक्तिगत ऋण द्वारा अवशोषित किया गया। उद्योग क्षेत्र में, ऋण की मांग निर्माण, इंफ्रास्ट्रक्चर, (पावर, पत्तन, दूरसंचार आदि), वस्त्र, लोहा एवं इस्पात, इंजीनियरिंग, पेट्रोलियम, खाद्य अभिसंस्करण, रसायन, वाहन और निर्माण उद्योगों द्वारा की गयी। उद्योग को दिये गये वृद्धिशील ऋण का 27 प्रतिशत से अधिक केवल इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में गया। वाणिज्यिक वास्तविक संपदा को ऋण में वृद्धि उच्च स्तर पर रही।

1.41 अब तक 2007-08 के दौरान भारतीय वित्तीय बाजार आम तौर पर व्यवस्थित बना रहा। अप्रैल-जुलाई 2007 के दौरान मांग मुद्रा दरों में नरमी की प्रवृत्ति के फलस्वरूप, वे जून-जुलाई 2007 के बीच रिवर्स रेपो दर के नीचे रहे। तथापि, 6 अगस्त 2007 से दैनिक रिवर्स रेपो पर रु.3000/- करोड़ की उच्चतम सीमा हटाने के फलस्वरूप, मांग मुद्रा दरों में तेजी आयी। सितंबर 2007 के दौरान, मांग मुद्रा दरें कमोबेश रिवर्स रिपो और रिपो दर द्वारा निर्धारित अनौपचारिक सीमा के भीतर रहीं। 15 अक्तूबर 2007 को वाणिज्यिक पत्रों का निर्गम मार्च 2007 के अंत के रु. 17,688 करोड़ से बढ़कर रु. 38, 495 करोड़ हो गया। वाणिज्यिक पत्र पर भारित औसत बट्टा दर जून 2007 के अंत के 8.93 प्रतिशत से घटकर 15 अक्तूबर 2007 को 7.99 प्रतिशत हो गयी और वाणिज्यिक पत्र की अधिक तरजीह वाली परिपक्वता '61 से 90 दिन' और '181 दिन और अधिक' के बीच रही। पट्टादायी और वित्तीय कंपनियों द्वारा वाणिज्यिक पत्रों का बड़ी मात्रा में जारी करना बना रहा। जमा प्रमाणपत्रों की बकाया राशि मार्च 2007 के अंत के रु.93,272 करोड़ (4.8 प्रतिशत) से बढ़कर 28 सितंबर 2007 को रु.1,18,481 करोड़ (जारीकर्ता बैंकों की कुल जमाराशियों का 5.55 प्रतिशत) हो गयी। जमा प्रमाणपत्रों पर भारित औसत बट्टा दर मार्च 2007 के अंत के 10.75 प्रतिशत की तुलना में 28 सितंबर 2007 को गिरकर 8.57 प्रतिशत रह गयी।

1.42 मुद्रास्फीति में आ रही नरमी और मुद्रा बाजार खंड की प्रवृत्तियों के अनुरूप 91-दिवसीय खजाना बिलों पर प्राथमिक आय मार्च 2007 के 7.73 प्रतिशत से गिरकर अक्तूबर 2007 में 7.11 प्रतिशत हो गयी। 364 दिवसीय और 91 दिवसीय खजाना बिलों के बीच आय अंतराल मार्च 2007 के 23 आधार अंकों से बढ़कर अक्तूबर 2007 में 26 आधार अंक हो गया। 8 नवंबर 2007 को 10 वर्षीय आय, मार्च 2007 के अंत की आय (7.97) की तुलना में 7.96 प्रतिशत पर लगभग अपरिवर्तित रही। 1-10 वर्ष की आय के बीच का अंतराल मार्च 2007 के अंत के 42 आधार अंकों से सिमटकर कर अक्तूबर 2007 के अंत में 21 आधार अंक हो गया।

1.43 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमा दरें, विशेषतः विभिन्न परिपक्वताओं के दायरे के ऊपरी छोर पर जुलाई 2007 और अगस्त 2007 के बीच गिर गयी। एक से तीन साल की परिपक्वता वाली जमाराशियों पर सरकारी क्षेत्र के बैंकों की ब्याज दरें जून 2007 के 7.25 - 9.75 प्रतिशत (मार्च 2007 में 7.25 - 9.50 प्रतिशत) की तुलना में अगस्त 2007 में 7.25-9.00 प्रतिशत के दायरे में थीं, जबकि तीन साल से अधिक की परिपक्वता वाली जमाराशियों पर वे जून 2007 के 7.75 - 9.75 प्रतिशत की तुलना में (मार्च 2007 में 7.50 - 9.50 प्रतिशत) अगस्त 2007 में 7.75 - 9.50 प्रतिशत

के दायरे में थीं। 2007-08 की दूसरी तिमाही में सरकारी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों का बीपीएलआर अपरिवर्तित रहा, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों के मामले में वह जून 2007 के 13.00-17.25 प्रतिशत की तुलना में अगस्त 2007 में नरम होकर 13.00-16.50 प्रतिशत के दायरे में आ गया।

1.44 2007-08 के दौरान, भारतीय रुपया ने दूसरी तिमाही के दौरान घट-बढ़ दर्शाया जबकि मई 2007 के अंत तक उसमें अमरीकी डॉलर की तुलना में वृद्धि हुई थी। वित्तीय वर्ष 2007-08 के दौरान(8 नवंबर 2007 तक) रुपया 39.26 - 43.15 रुपए प्रति अमरीकी डॉलर के दायरे में रहा। 2007-08 के दौरान अब तक (8 नवंबर 2007 तक) भारतीय रुपए में अमरीकी डॉलर की तुलना में 10.8 प्रतिशत, पौंड स्टर्लिंग की तुलना में 3.6 प्रतिशत, यूरो की तुलना में 1.0 प्रतिशत की मूल्यवृद्धि हुई।

1.45 वर्ष 2007-08 के दौरान तेजी के रुख को जारी रखते हुए सेंसेक्स 2 नवंबर 2007 को अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर बंद हुआ जो कि मार्च 2007 के अंत की स्थिति से 52.82 प्रतिशत अधिक है। 2 नवंबर 2007 को एसएंडपी और निफ्टी भी 5932 के रिकार्ड स्तर तक पहुंचा। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान घरेलू स्टॉक मार्केट में जिन क्षेत्रों के स्टॉक में वृद्धि हुई उनमें पूंजीगत वस्तुएं, धातु, तेल तथा गैस, उपभोक्त वस्तुएं तथा बैंकिंग क्षेत्र शामिल है। बाजार में तेजी के रुझान को हवा देने में इन कारकों की भूमिका रही - विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफ आइ आइ), द्वारा चलनिधि समर्थन, जीडीपी में सुदृढ़ वृद्धि, कंपनियों की लाभप्रदता में भारी वृद्धि, घरेलू मुद्रास्फीति की वार्षिक दर में कमी, प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ईक्विटी बाजारों का उर्ध्वगामी रुख, तथा धातुओं की कीमतों में वृद्धि। तथापि, यूएस तथा यूरोप में सब-प्राइम हानियों तथा ऋण में अत्यधिक तंगी एवं प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के अवमूल्यन के चलते प्रमुख अंतरराष्ट्रीय ईक्विटी बाजारों में गिरावट आई जिसके कारण घरेलू स्टाक बाजार में 2 नवंबर 2007 के बाद कुछ करेक्शन हुए। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में रिकार्ड वृद्धि, एफआईआई द्वारा भारतीय ईक्विटी बाजार में निवल बिक्री, डॉलर की तुलना में रुपए के मूल्य में वृद्धि, वैश्विक स्तर पर धातुओं की कीमतों में गिरावट तथा अन्य क्षेत्र तथा स्टॉक विशेष से संबंधित सूचनाओं ने बाजार के रुख को नरम करने का काम किया।

1.46 2007-08 के दौरान अब तक भारत के भुगतान संतुलन की स्थिति सुखद बनी रही। जहां पण्य निर्यात में अप्रैल-जुलाई 2007 के दौरान कुछ कमी आयी वहीं उसी अवधि में आयात में समग्र वृद्धि ऊंची रही। तथापि, तेल आयात में पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि के दौरान दर्ज सुदृढ़ वृद्धि की तुलना में तीव्र कमी आयी। निजी अंतरणों में उच्चतर वृद्धि की अगुआई में 2007-08 की पहली तिमाही में अदृश्य खातों में अधिशेष ने 2007-08 की पहली तिमाही में चालू खाता घाटा को कम करके 4.7 बिलियन अमरीकी डॉलर कर दिया। पोर्टफोलियो निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधार के तहत बड़े प्रवाहों को दर्शाते हुए, निवल पूंजी आवक 2006-07 की पहली तिमाही के 10.6 बिलियन अमरीकी डॉलर की तुलना में 2007-08 की तदनुरूप अवधि में बढ़कर 15.3 बिलियन अमरीकी डॉलर पर काफी अधिक था। विदेशी मुद्रा आरक्षित निधियां मार्च 2007 के अंत के 199.2 बिलियन अमरीकी डॉलर से और बढ़कर 21 सितंबर 2007 को 236 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गयी।

अध्याय II

वाणिज्यिक बैंकिंग में नीतिगत गतिविधियां

प्रस्तावना

2.1 1990 के दशक की शुरुआत से पूरे विश्व में बैंकिंग उद्योग में गहन परिवर्तन हुए हैं। बैंकिंग क्षेत्र का यह परिवर्तित परिचालन वातावरण भूमंडलीकरण, विनियमन और सूचना प्रौद्योगिकी में विकास के सहारे आगे बढ़ा और इसके परिणामस्वरूप गहन प्रतिस्पर्धात्मक दबाव उत्पन्न हुए। बैंकों ने इस चुनौती का सामना वर्तमान कारोबार को सहज विस्तार देकर और अधिग्रहण के माध्यम से किया। इससे बैंकिंग क्षेत्र में नये जोखिमों का प्रादुर्भाव हुआ एवं गंभीर विनियामक चुनौतियां सामने आई। इन उभरती चुनौतियों का सामना करने के लिए विनियामक और पर्यवेक्षी नीतियों को निरंतर बेहतर बनाया गया। विनियामक पहलों का केन्द्रबिंदु विवेकपूर्ण मानदंडों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लाकर प्रणालीगत जोखिमों की पहचान करके और जोखिमों को कम करने वाली समुचित नीतियों को ग्रहण करके वित्तीय संस्थानों को मजबूत करना रहा है। विनियामकों ने विवेकपूर्ण ढांचे को मजबूत करने के सतत प्रयास के साथ-साथ हाल के वर्षों में बैंक अभिशासन में सुधार और सूचना प्रकटन पर ध्यान दिया जिससे बाजार अनुशासन मजबूत हुआ है। ज्यादातर मामलों में विनियामक पहलें अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार उचित रूप में घरेलू हालातों के अनुकूल बनाकर ग्रहण की गईं। यूएस सब-प्राइम बंधक संकट के खुलने के बाद हाल के वित्तीय बाजार में यह अधिकाधिक स्पष्ट हो गया है।

2.2 तीव्र विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में भारतीय रिज़र्व बैंक ने अपने विनियामक और पर्यवेक्षी ढांचे में समुचित पुनर्ध्रुवीकरण किया है। बैंकों की ऋण सुपुर्दगी और ग्राहक सेवा में सुधार लाना भी रिज़र्व बैंक का प्रयास रहा है। इसके साथ ही रिज़र्व बैंक ने वित्तीय समावेशन और अर्थव्यवस्था के बैंकविहीन क्षेत्रों में बैंकिंग सेवा का विस्तार करने पर ध्यान दिया है। रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर उठाए गये विभिन्न कदमों से वित्तीय प्रणाली में सामर्थ्य, लचीलापन एवं गतिशीलता आई है।

2.3 2006-07 के दौरान, विवेकपूर्ण और एक्सपोजर मानदंडों को और मजबूती प्रदान करने के लिए नवीकृत बल दिया गया। बासेल-II में सुगम संक्रमण को सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप कई पहलें शुरू की गईं। बैंकों द्वारा अप्रैल 2007 में नये पूंजी पर्याप्तता ढांचे (बासेल-II) के कार्यान्वयन के लिए अंतिम दिशा-निर्देश जारी करने के अलावा, बैंकों द्वारा स्ट्रेस टेस्ट के लिए दिशानिर्देश जारी करने और नये फ्रेमवर्क के स्तंभ-3 (बाजार अनुशासन) की मजबूती के लिए प्रकटन मानदंडों में वृद्धि करने सहित कुछ बड़े कदम उठाए गये हैं। तीव्र गति से बढ़ रहे ऋणों में परिसंपत्ति गुणवत्ता बनाए रखने के लिए संवेदनशील क्षेत्रों को उधार देने के लिए ऋण भार और प्रावधानीकरण आवश्यकताओं में वृद्धि की गई। वर्ष के दौरान उठाए गए अन्य महत्वपूर्ण कदमों में पूंजी बाजार में बैंक के एक्सपोजर संबंधी वर्तमान दिशानिर्देशों में आशोधन, व्युत्पन्नियों के बारे में व्यापक दिशानिर्देश जारी करना, आउटसोर्सिंग में निहित जोखिमों के प्रबंधन के लिए संशोधित ढांचा, अस्थायी प्रावधान बनाने एवं उनके उपयोग के लिए विवेकपूर्ण मानदंड जारी करना और अनर्जक आस्तियों को बेचने/खरीदने के दिशानिर्देशों में आशोधन शामिल हैं। ऋण सुपुर्दगी में सुधार लाने के लिए प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के दिशानिर्देशों को संशोधित किया गया। रिज़र्व बैंक ने मौलिक बैंकिंग सेवाओं को विशेषकर कम विकसित क्षेत्रों में प्रारंभ करने के लिए कई कदम उठाए हैं।

2.4 इस अध्याय में रिज़र्व बैंक द्वारा भारतीय वाणिज्यक बैंकिंग क्षेत्र में 2006-07 (जुलाई-जून) और 2007-08 (अक्तूबर 2007 तक) उठाये गये विभिन्न नीतिगत उपायों का उल्लेख किया गया है। 2006-07 और 2007-08 (अक्तूबर 2007 तक) की मौद्रिक नीति का रुझान, मौद्रिक नीति उपायों के साथ, खंड 2 में दिया गया है, इसके साथ ऋण सुपुर्दगी क्षेत्र में उठाए गये कदमों की समीक्षा खंड 3 में दी गई है। खंड 4 में वित्तीय समावेशन के संवर्धन के लिए उठाए गये कदमों का विवरण दिया गया है। विवेकसम्मत विनियमन और पर्यवेक्षण के क्षेत्र में उठाए गए पहलों की जानकारी क्रमशः खंड 5 और खंड 6 में दी गई है। खंड 7 में वित्तीय बाजारों के क्षेत्र, अर्थात् मुद्रा बाजार, सरकारी प्रतिभूति बाजार और विदेशी मुद्रा बाजार की नीतिगत गतिविधियां दी गई हैं। इसके बाद ग्राहक सेवा के क्षेत्र में बैंकों द्वारा की गई पहल की जानकारी खंड 8 में दी गई है। भुगतान और निपटान प्रणाली तथा प्रौद्योगिकीय गतिविधियों संबंधी नीतिगत उपायों की रुपरेखा क्रमशः खंड 9 और खंड 10 में दी गई है। खंड 11 में कानूनी बुनियादी संरचना को मजबूत बनाने हेतु उठाए गए कदमों की जानकारी प्रस्तुत की गई है।

2. मौद्रिक नीति

2.5 वर्ष 2006-07 के दौरान मौद्रिक नीति के संचालन का आधार संस्थागत ढांचे में हो रहे परिवर्तन के साथ ही वैश्विक और घरेलू दोनों स्थितियों में विशेष रूप से वर्ष के उत्तरार्ध में अचानक आए बदलाव थे जिनसे कीमत और वित्तीय स्थिरता के सामने संकट खड़ा हो गया था। तदनुसार, 2006-07 का वार्षिक नीतिगत वक्तव्य और बाद की उसकी तिमाही समीक्षाएं (जुलाई, अक्तूबर 2006 और जनवरी 2007) नीतिगत आकलन के संप्रेषण के मुख्य साधन थे, वहीं वर्ष 2006-07 के नीतिगत उपाय पहले की भांति उभरती स्थिति के प्रतिसाद स्वरूप नीतिगत समीक्षा चक्र के बाहर किए गए थे। संस्थागत ढांचे के संदर्भ में 2006-07 में हुई एक और महत्वपूर्ण गतिविधि जनवरी 2007 में मौद्रिक नीति पर तकनीकी परामर्शदात्री समिति का पुनर्गठन थी। मौद्रिक नीति पर तकनीकी परामर्शदात्री समिति की भूमिका का स्वरूप सलाहकारी है और यह मौद्रिक नीति निर्माण की प्रक्रिया में समय-समय पर मार्गदर्शन उपलब्ध कराती है। इस प्रकार, रिज़र्व बैंक द्वारा निर्णय लेने संबंधी दायित्व, जिम्मेदारी और समय पथ मौद्रिक नीति पर तकनीकी परामर्शदात्री समिति के विमर्श से औपचारिक रूप से बाधित नहीं होते हैं।

2.6 वर्ष 2006-07 में तेज वृद्धि के साथ ही खाद्यान्न एवं कुछ विनिर्मित उत्पादों की कीमतों के आधार पर मुद्रास्फीति भी बढ़ने के कारण वर्ष के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा सामना की गई मुख्य नीतिगत चुनौती मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखते हुए उच्च वृद्धि पथ की ओर बढ़ने का प्रबंधन थी। तेज वृद्धि से उत्पन्न कुल मांग / दबाव के कारण मूल्य स्थिरता और मुद्रास्फीति में स्थिरता पर पहले से अधिक ध्यान देना आवश्यक हो गया क्योंकि वे आपूर्ति बाधा के कारण व्यापक हो रहे थे। इसके अलावा, घरेलू और वैश्विक स्तर पर उभर रहे परिदृश्य को घेर रही अति अनिश्चितता के संदर्भ में जनवरी 2007 की तीसरी तिमाही समीक्षा में उस स्थिति में मौद्रिक नीति के संचालन में भार, जटिलता और बाधाओं को दर्शाया गया है। परिपक्व अर्थव्यवस्थाओं से आ रहे भारी चलनिधि प्रवाह और विदेशी मुद्रा के अंतर्वाहों की टिकाऊ शक्ति से मौद्रिक नीति का संचालन जटिल हो गया जिसमें चलनिधि के प्रसार से मौद्रिक नीति कड़ी करने का प्रभाव काफी घट गया। साथ ही, भारत में मौद्रिक नीति को राजकोषीय प्रभुत्व की निरंतरता, मांग दबावों के प्रतिसाद में आपूर्ति में कमी के साथ ही पूंजी प्रवाहों में अचानक परिवर्तन होने से संबंधित वित्तीय बाजारों की अस्थिरता से अपर्याप्त रूप से बने अर्थव्यवस्था के घटकों को बचाने के भार से संघर्ष करना पड़ता है। मौद्रिक नीति का संचालन अनेक जटिलताओं से भी प्रभावित होता है - वैश्वीकरण, समष्टि आर्थिक और वित्तीय घटनाओं को समझने में कठिनाई, विशेष रूप से मुद्रास्फीति और उसकी भावी स्थिति को पहचानने और मापने में कठिनाई; उच्च और निरंतर हो रहे वैश्विक समष्टि असंतुलन; कच्चे तेल और आस्तियों के बढ़े हुए मूल्य; और मुख्य अंतरराष्ट्रीय मुद्राओं में भारी गतिविधि और घरेलू मुद्रास्फीति में अंतरण का मौन रहना। भारत में मौद्रिक नीति का परिचालन भी निम्न के कारण बाधित है - प्रशासित ब्याज दरों की मौजूदगी के कारण नीतिगत संकेतकों के संप्रेषण में अनिश्चितता; सार्वजनिक नीति निर्धारण द्वारा उपलब्ध कराए गए पूंजी प्रवाह के कुछ घटकों के लिए प्रोत्साहन; और बैंकिंग प्रणाली में सार्वजनिक क्षेत्र के स्वामित्व की प्रमुखता जो अन्य सार्वजनिक नीति धारणाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

2.7 मौद्रिक नीति के रुझान के संदर्भ में घरेलू तथ्यों का सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्रभाव बना रहने के बावजूद वर्ष गुजरने के साथ ही वैश्विक कारक भी महत्वपूर्ण हो गए। रिज़र्व बैंक ने वैश्विक वृद्धि की लोच को नोट करने के साथ-साथ उन निम्नवर्ती जोखिमों पर भी ध्यान दिया जिनका प्रसार वैश्विक अर्थव्यवस्था तक था और जिसका प्रभाव भारत जैसे देश की मध्यावधि संभावना पर पड़ सकता था। 2007 की प्रथम छमाही में इनमें से अनेक जोखिमें मूर्त रूप में आ गईं। यह उन असाधारण घटनाओं के संदर्भ में है कि 2007-08 की मौद्रिक नीति में व्यवस्थित और मजबूत बाजारों और संस्थाओं की स्थिति को प्राथमिकता दी गई है ताकि नीतिगत साधनों के लचीले प्रयोग के माध्यम से प्रणाली में उपयुक्त चलनिधि उपलब्ध रहना सुनिश्चित किया जा सके जिससे मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्य के अनुरूप ऋण की उचित मांग पूरी हो जाए (बॉक्स II.1)।

2006-07 का वार्षिक नीतिगत वक्तव्य

2.8 वर्ष 2006-07 का वार्षिक नीतिगत वक्तव्य, जो अप्रैल 2006 में जारी किया गया था, पिछले वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था की अपेक्षा से अधिक अच्छे निष्पादन की पृष्ठभूमि में बनाया गया था जिसमें मुद्रास्फीति अनुमानित दायरे में थी और मुद्रास्फीति संभावना स्थिर थी और वित्तीय बाजारों में स्थिरता थी और बाह्य क्षेत्र के भुगतानों की स्थिति का समष्टि आर्थिक बुनियादी घटकों की शक्ति के साथ तालमेल था। तथापि, यह उल्लेख किया गया था कि घरेलू कारक निरंतर महत्वपूर्ण बने रहने के बावजूद मौद्रिक नीति प्रतिसादों के निर्धारण में वैश्विक कारकों का महत्व बढ़ता जा रहा था। तेल की उच्च और अस्थिर कीमतों, भू-राजनैतिक तनाव और आपूर्ति आघातों के मद्देनजर वैश्विक वृद्धि ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया था और आवास क्षेत्र की तेजी का विश्वभर के कई देशों में नरम होना शुरू हो गया था। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में निवेशकों की जोखिम उठाने की इच्छा ने जोखिमपूर्ण

बॉक्स II.1: अप्रैल 2006 से अक्तूबर 2007 के दौरान मौद्रिक नीति का रुझान

2006-07 का वार्षिक नीतिगत वक्तव्य (अप्रैल 2006)

- एक ऐसा मौद्रिक और ब्याज दर वातावरण सुनिश्चित करना जिससे मुद्रास्फीति की संभावनाओं को प्रभावित करने वाली उभरती स्थितियों का कोई भी चिह्न दिखते ही समयोचित और तत्काल कार्रवाई के लिए तैयार रहते हुए मूल्य स्थिरता के साथ वृद्धि की गति जारी रहे।
- समष्टि आर्थिक और विशेष रूप से वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए अर्थव्यवस्था में निवेश मांग और निर्यात को सहायता देने के लिए ऋण की गुणवत्ता और वित्तीय बाजार की स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना।
- उभरती वैश्विक स्थिति की प्रतिक्रिया में तुरंत कदम उठाना।

2006-07 की पहली तिमाही समीक्षा (जुलाई 2006)

- एक ऐसा मौद्रिक और ब्याज दर वातावरण बनाना जिससे मुद्रास्फीति की संभावनाएं नियंत्रित रखने की दृष्टि से मूल्य स्थिरता पर बल देते हुए वृद्धि की गति बनी रहे।
- समष्टि आर्थिक और विशेष रूप से वित्तीय स्थिरता बनाए रखने के लिए अर्थव्यवस्था में निवेश मांग और निर्यात को सहायता देने के लिए ऋण की गुणवत्ता और वित्तीय बाजार की स्थिति पर पुनः ध्यान केंद्रित करना।
- मुद्रास्फीति की संभावनाओं और वृद्धि की गति पर प्रभाव डालने वाली उभर रही वैश्विक और घरेलू स्थिति के लिए उपयुक्त कार्रवाई पर विचार करना।

2006-07 की मध्यावधि समीक्षा (अक्तूबर 2006)

- एक ऐसा मौद्रिक और ब्याज दर वातावरण सुनिश्चित करना जिससे अर्थव्यवस्था में निवेश मांग और निर्यात को सहायता मिले ताकि मुद्रास्फीति की संभावनाओं को स्थिर रखने की दृष्टि से कीमत स्थिरता लागू करते हुए वृद्धि की गति जारी रखी जाए।
- समष्टि आर्थिक और विशेष रूप से वित्तीय स्थिरता पर लगातार बल देते रहना।
- उभरती वैश्विक और घरेलू स्थिति के संबंध में सभी उपयुक्त संभव उपायों पर विचार करना।

2006-07 की तीसरी तिमाही की समीक्षा (जनवरी 2007) / 2007-08 का वार्षिक नीतिगत वक्तव्य (अप्रैल 2007) / 2007-08 की पहली तिमाही समीक्षा (जुलाई 2007)

- वृद्धि की गति को जारी रखने के लिए अर्थव्यवस्था में निर्यात और निवेश मांग को समर्थन देने हेतु मौद्रिक और ब्याज दर वातावरण सुनिश्चित करने के लिए मूल्य की स्थिरता और सुनियंत्रित मुद्रास्फीति पर और बल देना।
- समष्टि आर्थिक और विशेषतः, वित्तीय स्थिरता प्राप्त करने के लिए, वित्तीय बाजारों में ऋण की गुणवत्ता और व्यवस्थित स्थितियों पर पुनः बल देना तथा साथ-साथ ऋण को अधिक फैलाने और वित्तीय समावेशन का अनुसरण करना।
- मुद्रास्फीति की प्रत्याशाओं [वित्तीय स्थिरता (जुलाई 2007 विवरण में)] और वृद्धि की गति पर अतिक्रमण करने वाली उभरती वैश्विक और देशी स्थिति के लिए उपयुक्त सभी संभव उपायों के साथ तुरंत कार्रवाई करना।

2007-08 की मध्यावधि समीक्षा (अक्तूबर 2007)

- वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए अर्थव्यवस्था में निर्यात और निवेश मांग हेतु सहायक मौद्रिक और ब्याज दर वातावरण सुनिश्चित करते हुए मूल्य स्थिरता और सुस्थिर मुद्रास्फीति अपेक्षाओं पर पुनः ध्यान केंद्रित करना।
- अधिक ऋण प्रसार और वित्तीय समावेशन के प्रयास जारी रखते हुए उसी समय समष्टि आर्थिक और विशेष रूप से वित्तीय स्थिरता प्राप्ति के लिए वित्तीय बाजारों में ऋण गुणवत्ता और उपयुक्त वातावरण पर पुनः बल देना।
- मुद्रास्फीति अपेक्षाओं, वित्तीय स्थिरता और वृद्धि को प्रभावित करने वाली उभरती वैश्विक और देशी स्थिति के प्रति हर संभव उपयुक्त कदम तत्काल उठाना।
- वैश्विक अनिश्चितता में असामान्य वृद्धि और वित्तीय बाजारों में विकास के प्रति अपारंपरिक नीतिगत प्रतिसादों को ध्यान में रखते हुए अर्थव्यवस्था में स्थिरता और वृद्धि की गति बनाए रखने के लिए सभी संभव उपायों का सहारा लेने की तैयार रखना।

आस्तियों के व्यापक विकल्पों से जोखिम की संभावना कम की जिससे मध्यावधि जोखिमों और उसकी धारणाओं के बीच संबंध हटाने का सुझाव मिलता है जिसका विश्वभर में वित्तीय स्थिरता पर प्रभाव पड़ता है।

2.9 वार्षिक नीतिगत वक्तव्य में जीडीपी को 2006-07 के दौरान 7.5-8.0 प्रतिशत के दायरे में रखा गया जिसका लक्ष्य था 2006-07 की वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर को 5.0-5.5 प्रतिशत के दायरे में रखना। एम3 की वृद्धि का अनुमान लगभग 15.0 प्रतिशत का था जिसमें कुल जमाराशि में वृद्धि लगभग 3,30,000 करोड़ रुपए और खाद्येतर बैंक ऋण वृद्धि लगभग 20 प्रतिशत रखी गई। इस पृष्ठभूमि में यह नोट किया गया कि अधिकतम सटीक रूप में जोखिम का मूल्यांकन और जोखिम सामने आने पर उभरती स्थिति से सामने आई चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के लिए तैयार रहना महत्वपूर्ण कारक था। घरेलू समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिति भारत में स्थिरता के साथ वृद्धि की तेजी निरंतर रहने की संभावना का समर्थन करती है, वहीं यह माना गया था कि जोखिम का पलड़ा वैश्विक कारकों की ओर झुका हुआ था और यह कि नीतिगत रुझान तैयार करते समय वैश्विक कारकों को पहले की तुलना में अधिक महत्व दिया जाए। इस मूल्यांकन और वर्ष के लिए निर्धारित रुझान के अनुरूप (बॉक्स II.1 देखें) यह सुनिश्चित करने के लिए कि प्रणाली में उपयुक्त चलनिधि बनी रहे और ऋण की सभी जायज मांगें पूरी होती रहें, जोकि कीमत और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्य के अनुरूप होगा, वार्षिक नीतिगत वक्तव्य में चलनिधि

के सक्रिय मांग प्रबंधन की नीति जारी रखने की प्रतिबद्धता के साथ ही बैंक दर, एलएएफ के अंतर्गत रिपो / रिवर्स रिपो और नकदी आरक्षित निधि अनुपात जैसे नीति के मुख्य साधनों को अपरिवर्तित रखा गया। 8 जून 2006 को आर्थिक वृद्धि और वित्तीय स्थिरता की सहायतार्थ स्फीतिकारी अपेक्षाओं की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए एलएएफ रिवर्स रेपो/रेपो दरें प्रति 25 आधार अंक बढ़ाई गईं।

2006-07 की पहली तिमाही समीक्षा

2.10 जुलाई 2006 में जारी पहली तिमाही समीक्षा में भारतीय अर्थव्यवस्था की आशावादी अल्पावधि संभावना पर ध्यान दिया गया और साथ ही अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल और खाद्यान्न कीमतों के अपूर्ण अंतरण से मुद्रास्फीति के प्रति जोखिमों के संदर्भ में सचेत रहने की आवश्यकता को रेखांकित किया गया। इसमें यह भी उल्लेख किया गया कि वार्षिक नीतिगत वक्तव्य में की गई घोषणा के समय से वित्तीय बाजार अनिश्चितता के वातावरण में जोखिम का पुनर्मूल्यांकन कर रहे थे और कुछ विकसित देशों तथा कुछ उभरती अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीति पुनः कड़ी की गई। समग्र समष्टि आर्थिक और भू-राजनैतिक वैश्विक वातावरण उल्लेखनीय निम्नवर्ती जोखिमों का संकेत करता है। 2006-07 की पहली तिमाही समीक्षा में पूर्वक्रीत कार्रवाई के रूप में एलएएफ के अंतर्गत की रिवर्स रिपो दर पुनः 25 आधार अंक बढ़ाई गई और उभरती स्थिति के संदर्भ में लचीले तौर पर और तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार रहते हुए रिपो दर को अपरिवर्तित रखा गया।

2006-07 की मध्यावधि समीक्षा

2.11 अक्तूबर 2006 में जारी वार्षिक नीति वक्तव्य 2006-07 की मध्यावधि समीक्षा जीडीपी की उच्च वृद्धि और उपभोक्ता मुद्रास्फीति की ऊँची दर के साथ ही बढ़ते पूंजी प्रवाह, आस्तियों की बढ़ती कीमतों, अस्थिर वित्तीय बाजार और बुनियादी संरचना की बढ़ती हुई कठिनाई को ध्यान में रखकर तैयार की गयी थी, जिससे ओवरहीटिंग के खतरे और मौद्रिक नीति निर्धारण की समयबद्धता तथा दिशा के प्रभाव जानने की आवश्यकता पर बल दिया गया। मुद्रा आपूर्ति, आरक्षित मुद्रा और साथ ही तीसरे वर्ष लगातार 30 प्रतिशत से अधिक की दर पर बढ़ते बैंक ऋण की मांग में मांग के दबाव स्पष्ट रूप से दिख रहे थे। तेज निर्यात वृद्धि और तेल से भिन्न वस्तुओं को आयात की वृद्धि कुछ कम होने के बावजूद बढ़ता हुआ वणिक माल व्यापार का घाटा और चालू खाते का घाटा चिंता का एक अलग विषय था। समीक्षा में उल्लेख किया गया कि चूंकि मौद्रिक नीति के परिचालन में दीर्घावधि और परिवर्तनशील अंतराल होते हैं, अतः मौद्रिक नीति के निर्धारण में भावी परिदृश्य पर विचार किया जाना चाहिए। चालू नीति की कार्रवाई के भावी 12 से 18 महीनों में होने वाले पूरे प्रभाव पर ध्यान देना चाहिए। इस पृष्ठभूमि में, एल ए एफ के अंतर्गत की स्थिर रिपो दर 7.0 प्रतिशत से 25 आधार अंक बढ़ाकर 7.25 प्रतिशत की गई।

2.12 मध्यावधि समीक्षा के बाद 8 दिसंबर 2007 को यह निर्णय लिया गया कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, अनुसूचित राज्य सहकारी बैंकों और अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकिंग प्रणाली के सीआरआर में उनकी मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के आधे प्रतिशत अंक की वृद्धि दो चरणों में की जाए और क्रमशः 23 दिसंबर 2006 और 6 जनवरी 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से उसे 5.25 प्रतिशत और 5.50 प्रतिशत किया जाए ताकि अतिरिक्त चलनिधि को समाप्त किया जा सके और स्फीतिकारी संभावना पर बढ़ रहे अपरी दबाव को पूर्वक्रीत किया जा सके।

2006-07 की तीसरी तिमाही समीक्षा

2.13 जनवरी 2007 में जारी तीसरी तिमाही समीक्षा में बैंक ऋण के तेज विस्तार और पूंजी अंतर्वाहों में तेजी पर पुनः चिंता प्रकट की गई और यह दर्शाया गया कि विदेशी मुद्रा अंतर्वाहों की स्थायी शक्ति से बढ़ रही चलनिधि, विशेष रूप से कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में, सख्ती लाने संबंधी मौद्रिक नीति का संचालन जटिल हो गया है। अतः, मानक आस्तियों पर प्रावधान बढ़ा दिए गए और जोखिम भार में वृद्धि की गई जो स्थावर संपत्ति, पूंजी बाजार, ग्राहक ऋण और प्रणालीगत महत्व की बैंकेतर वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी-एसआर) में एक्सपोजर के संबंध में थे और इनमें ऋण गुणवत्ता पर नए सिरे से ध्यान केंद्रित किया गया। इसके अलावा, चलनिधि प्रबंधन मजबूत करने और वित्तीय बाजार में उपयुक्त स्थिति सुनिश्चित करने के लिए अनिवासी भारतीय जमाराशि से संबंधित ब्याज दरों पर उच्चतम सीमा कम कर दी गई। एल ए एफ के अंतर्गत स्थिर रिपो दर भी 7.25 प्रतिशत से 25 आधार अंक बढ़ाकर 7.50 प्रतिशत की गई।

2.14 जनवरी 2007 में तीसरी तिमाही समीक्षा जारी होने के बाद की कुछ उल्लेखनीय घटनाओं के कारण वर्ष की शेष अवधि में मौद्रिक नीति के स्वरूप को तुरंत पुनः लागू करना आवश्यक हो गया और नीतिगत परिप्रेक्ष्य में चलनिधि प्रबंधन को उच्च प्राथमिकता प्राप्त हुई। 2006-07 की चौथी तिमाही में वित्तीय बाजारों में कुछ अस्थिरता रही जिसके साथ चलनिधि में उल्लेखनीय सक्रियता रही और ब्याज दरों में चहुंओर वृद्धि हुई। औद्योगिक उत्पादन और खाद्येतर बैंक ऋण में तेजी से परिलक्षित वृद्धि की गति पुनः बढ़ने से विशेष रूप से आपूर्ति बाधाएं सख्त हो जाने से अतिरिक्त मांग दबाव बढ़ने की चिंता बढ़ गई। हेडलाइन मुद्रास्फीति जनवरी 2007 के अंत में दो वर्षीय ऊंचाई पर पहुंच गई जिसमें मुद्रास्फीति संबंधी प्रत्याशाओं की संभाव्य ऊर्ध्वमुखी

जोखिम थी जिससे नीतिगत प्रतिसाद तुरंत देने की आवश्यकता उत्पन्न हो गई। अत्यंत बढ़े हुए ऋण संविभाग की सहायतार्थ बैंकों द्वारा शीघ्रता से जुटाई गई निधि के कारण कुल जमाराशि वृद्धि 11 वर्षीय ऊंचाई पर पहुंच गई। परिणामस्वरूप, चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ), जो 7 जनवरी से 7 फरवरी 2007 के दौरान निरंतर आपूर्ति रूप में थी, बाद के सप्ताह (8-13 फरवरी) में अवशोषण के रूप में आ गई जिसके साथ अतिरिक्त चलनिधि एमएसएस के अंतर्गत निकाल ली गई थी। चलनिधि का भारी प्रतिवर्तन दर्शाते हुए मांग मुद्रा दर, जो रिपो दर से 25-85 आधार अंक ऊपर थी, कम होकर एल ए एफ दायरे के मध्य के नीचे आ गयी जिससे चलनिधि स्थिति अच्छी हो जाना प्रदर्शित हुआ। उभरती स्थिति के प्रतिसाद में चलनिधि का उचित तालमेल सुनिश्चित करने के लिए रिज़र्व बैंक ने नकदी प्रारक्षित निधि (सीआरआर) सहित सभी नीतिगत साधनों का उपयोग किया। अतिरिक्त चलनिधि को निकाल लेने, मांग दबाव बढ़ने का पूर्वक्रय करने और मुद्रास्फीति संभावना को नियंत्रित रखने के लिए 13 फरवरी 2007 को यह आवश्यक समझा गया कि सीआरआर को प्रति 25 आधार अंकों के दो स्तरों में बढ़ाया जाए (सारणी II.1)। 5 मार्च 2007 से एलएएफ के अंतर्गत दैनिक रिवर्स रिपो पर 3,000 करोड़ रुपए की उच्चतम सीमा रखी गई और पूर्व घोषणा के साथ खजाना बिलों और दिनांकित प्रतिभूतियों की सहायता से एमएसएस का अधिक लचीला उपयोग शुरू किया गया।

2007-08 का वार्षिक नीति वक्तव्य

2.15 अप्रैल 2007 में जारी 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य में इस बात का उल्लेख किया गया कि 2007-08 में मौद्रिक नीति का रुझान ऐसी पद्धति पर है जिसमें वैश्विक और अधिक विशेष रूप से घरेलू वातावरण स्पष्ट होता है। समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिति का संभाव्य विकास भारत में वृद्धि की विद्यमान गति बनी रहने के लिए सहायक वातावरण का संकेत करता है।

2.16 वर्ष 2007-08 के वार्षिक वक्तव्य में उल्लेख किया गया है कि कुल मांग पर मौद्रिक नीति के विलंबित और संचयी प्रभाव को देखते हुए तथा यह मानते हुए कि आपूर्ति प्रबंधन पोषक होगा, पूंजी प्रवाह का प्रबंध सक्रियता से किया जाएगा तथा घरेलू या वैश्विक अर्थव्यवस्था में निर्मित हो रहे आघातों की अनुपस्थिति में नीतिगत प्रयास यह होगा कि 2007-

सारणी II.1: नीतिगत दरों और नकदी आरक्षित अनुपात में हाल के परिवर्तन

(प्रतिशत)

से प्रभावी	रिवर्स रेपो दर	रेपो दर	नकदी आरक्षित अनुपात
1	2	3	4
31 मार्च 2004	4.50	6.00	4.50
18 सितंबर 2004	4.50	6.00	4.75 (+0.25)
2 अक्तूबर 2004	4.50	6.00	5.00 (+0.25)
27 अक्तूबर 2004	4.75 (+0.25)	6.00	5.00
29 अप्रैल 2005	5.00 (+0.25)	6.00	5.00
26 अक्तूबर 2005	5.25 (+0.25)	6.25 (+0.25)	5.00
24 जनवरी 2006	5.50 (+0.25)	6.50 (+0.25)	5.00
9 जून 2006	5.75 (+0.25)	6.75 (+0.25)	5.00
25 जुलाई 2006	6.00 (+0.25)	7.00 (+0.25)	5.00
31 अक्तूबर 2006	6.00	7.25 (+0.25)	5.00
23 दिसंबर 2006	6.00	7.25	5.25 (+0.25)
6 जनवरी 2007	6.00	7.25	5.50 (+0.25)
31 जनवरी 2007	6.00	7.50 (+0.25)	5.50
17 फरवरी 2007	6.00	7.50	5.75 (+0.25)
3 मार्च 2007	6.00	7.50	6.00 (+0.25)
31 मार्च 2007	6.00	7.75 (+0.25)	6.00
14 अप्रैल 2007	6.00	7.75	6.25 (+0.25)
28 अप्रैल 2007	6.00	7.75	6.50 (+0.25)
4 अगस्त 2007	6.00	7.75	7.00 (+0.50)
10 नवंबर 2007	6.00	7.75	7.50 (+0.50)

टिप्पणी : 1. 29 अक्तूबर 2004 से रेपो और रिवर्स रेपो के नाम अंतरराष्ट्रीय प्रयोग को ध्यान में रखकर बदले गए। अब, रिवर्स रेपो चलनिधि अवशोषण दर्शाता है और रेपो चलनिधि की आपूर्ति दर्शाता है। 29 अक्तूबर 2004 से पहले, रेपो चलनिधि का अवशोषण दर्शाता था और रिवर्स रेपो चलनिधि की आपूर्ति दर्शाता था। इस रिपोर्ट में नाम नए प्रयोगानुसार दिए गए हैं भलेही वे 29 अक्तूबर 2004 से पहले की अवधि से संबंधित हों।

2. कोष्ठकों के आंकड़े नीतिगत दर में बदल दर्शाते हैं।

08 में मुद्रास्फीति को लगभग 5.0 प्रतिशत तक सीमित रखा जाए। वक्तव्य में यह भी कहा गया कि मुद्रास्फीति पर रिज़र्व बैंक द्वारा स्वयं अपनायी गयी 5.0 प्रतिशत की सीमा का स्फीतिकारी संभावनाओं पर अच्छा प्रभाव पड़ा तथा मुद्रास्फीति की सामाजिक स्वीकार्य दर कम होकर सहनीय स्तर पर आ गयी। भारत के वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ विकसित हो रहे एकीकरण और इस संबंध में सामाजिक अधिमान को पहचानते हुए नीति में मध्यावधि में स्वतः बढ़ती वृद्धि बनाए रखने के लिए पोषक के रूप में मुद्रास्फीति को 4.0 - 4.5 प्रतिशत के दायरे में रखने की नीति तथा धारणा बनाई गई। 2007-08 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि लगभग 8.5 प्रतिशत रखी गई। मौद्रिक विस्तार 2007-08 में लगभग 17.0 - 17.5 प्रतिशत पर रखा गया जिसमें कुल जमाराशि में वृद्धि लगभग 4,90,000 करोड़ रुपए होगी और खाद्येतर ऋण 2004-07 के 29.8 प्रतिशत के औसत की तुलना में कम होकर 24.0 - 25.0 प्रतिशत होगा। इस पृष्ठभूमि में, यह दोहराया गया है कि भावी समय के लिए नीति अधिमान कीमत स्थिरता और स्फीतिकारी संभावना को स्थिर रखने पर बल देने का था जिसमें रिज़र्व बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि कीमत और वित्तीय स्थिरता के लक्ष्य के अनुरूप ऋण विशेष रूप से उत्पादक प्रयोजनार्थ, की सभी उचित मांगे पूरी होने के लिए प्रणाली में पर्याप्त चलनिधि बनी रहे। इस लक्ष्य के लिए रिज़र्व बैंक एमएसएस, एलएएफ और सीआरआर सहित खुले बाजार के परिचालनों के माध्यम से चलनिधि की सक्रिय मांग प्रबंधन की अपनी नीति जारी रखेगा और आवश्यकतानुसार नीति के सभी उपलब्ध साधनों को लचीलेपन से उपयोग में लाएगा।

2007-08 की पहली तिमाही समीक्षा

2.17 वर्ष 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य की पहली तिमाही समीक्षा जुलाई 2007 में जारी की गई थी जो निरंतर नीति बल के प्रति बैंकों के प्रोत्साहनजनक प्रतिसाद के वातावरण में और ऋण गुणवत्ता तथा समग्र वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए बनाई गई थी। बैंकों के तुलनपत्रों के पुनर्संतुलन का कार्य जारी था जो मुख्य बैंकिंग समुच्चयों से नियंत्रित था। 2006-07 की अंतिम तिमाही की शुरुआत से, 2004-07 के दौरान निरंतर बने रहे उच्च दरों से खाद्येतर ऋण वृद्धि की गिरावट निरंतर गिरावट में बदल गई जो व्यापक रूप से अप्रैल 2007 के वार्षिक नीति वक्तव्य में निर्धारित सांकेतिक पथ के अनुरूप थी। उक्त मंदी जहाँ अंशतः वर्ष की उस अवधि में बैंक ऋण में आनेवाली सामान्य मौसमी गिरावट थी, वहीं थी उधार भू-संपदा क्षेत्र, आवास, कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, में व्यापार और परिवहन परिचालन जैसे क्षेत्रों को बैंक उधार में भी गिरावट आई। दूसरी ओर, कृषि तथा उद्योग और विशेष रूप से बुनियादी संरचना से ऋण मांग में तेजी के संकेत मिले। बैंकों ने मीयादी जमाराशियां (जमाराशि प्रमाणपत्र सहित) तेजी से जुटाई जिसमें 2007-08 की पहली तिमाही में हुई कुल जमाराशि वृद्धि ने 2006-07 के 11 वर्षीय उच्चतम स्तर को भी पीछे छोड़ दिया। तदनुसार, वृद्धिशील खाद्येतर ऋण जमा अनुपात (वर्ष-दर-वर्ष) पिछले दो वर्षों के 115 प्रतिशत के औसत स्तर से काफी नीचे आ गया।

2.18 पहली तिमाही समीक्षा में उल्लेख किया गया कि 2007 की पहली तिमाही में वैश्विक वृद्धि में कमी के कुछ संकेत मिले, वहीं बाद के महीनों में बढ़त में गति आयी, जिससे पूर्वानुमान में ऊर्ध्वमुखी संशोधन हुआ। मांग दबाव परिपक्व अर्थव्यवस्थाओं में अपेक्षा से अधिक आर्थिक गतिविधियों को प्रभावित करते प्रतीत हुए। हेडलाइन मुद्रास्फीति सामान्यतः स्थिर बनी रही, वहीं स्फीतिकारी दबाव पहले की अपेक्षा अधिक नियमित रहे जिसके साथ पण्यों और आस्तियों के मूल्य उच्च स्तर पर थे। वैश्विक वित्तीय बाजारों में 2007 की पहली तिमाही में अस्थिरता थी जो अमरीकी सब प्राइम बंधक बाजार और संभाव्य अर्थव्यवस्था स्तरीय प्रभाव की चिंता से प्रेरित थी। अधिक जोखिम बचाव बढ़ने, ऋण गुणवत्ता घटने और ऋण विस्तार बढ़ने से समीक्षा में इस बात को रेखांकित किया गया कि रक्षा निधि की संभाव्य दुर्बलता से वित्तीय बाजार स्थिरता और साथ ही उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं में वित्तपोषण और वृद्धि की संभावना के सामने जोखिम खड़ी हो जाएगी। उक्त गतिविधियों को देखते हुए 4 अगस्त 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से सीआरआर 50 आधार अंक बढ़ाकर 7.0 प्रतिशत किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि एलएएफ के अंतर्गत दैनिक रिवर्स रिपो की 3,000 करोड़ रुपए की उच्चतम सीमा 6 अगस्त 2007 से हटा दी जाए। तथापि, रिज़र्व बैंक ने उचित उच्चतम सीमा पुनः लगाने और आवश्यकतानुसार स्थिर दर पर या अस्थिर दर पर रिपो/रिवर्स रिपो नीलामी करने और साथ ही एलएएफ के अंतर्गत निविदाएं स्वीकार करने या अस्वीकार करने का विवेकाधिकार अपने पास रखा। 28 नवंबर 2005 को प्रारंभ किया गया और दैनिक आधार पर 3.00 अपराह्न और 3.45 अपराह्न के बीच आयोजित दूसरा एलएएफ भी 6 अगस्त 2007 से समाप्त किया गया।

2007-08 की मध्यावधि समीक्षा

2.19 वार्षिक नीति वक्तव्य 2007-08 की अक्तूबर 2007 में जारी मध्यावधि समीक्षा में दर्शाया गया कि कृषि और संबंधित कार्यों में उत्पन्न जीडीपी वृद्धि 2007-08 की पहली तिमाही की प्रवृत्ति के ऊपर चली गई थी और यह निष्पादन वर्ष की शेष अवधि में जारी रहने की संभावना थी जिसका आधार था अनुकूल दक्षिणी-पश्चिमी मानसून और बुवाई क्षेत्र में सुधार। हाल की घटनाओं के आधार पर समीक्षा में औद्योगिक तथा सेवा क्षेत्र में वृद्धि कुछ धीमी होने का उल्लेख किया गया। इसके अलावा, वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव स्वरूप विनिर्माण के साथ ही सेवा

क्षेत्र का निष्पादन मंदा हो सकता है। समग्र रूप से, इन क्षेत्रों में वृद्धि की गति बनी रहने की अपेक्षा है। तदनुसार, 2007-08 में वास्तविक जीडीपी वृद्धि नीति प्रयोजनार्थ 8.5 प्रतिशत रखी गई है जैसाकि अप्रैल 2007 के वार्षिक नीतिगत वक्तव्य में निर्धारित है तथा पहली तिमाही समीक्षा में दोहराया गया है और इसके लिए यह माना गया है कि कच्चे तेल के अंतरराष्ट्रीय मूल्य और नहीं बढ़ेंगे और इसमें देशी या विदेशी आघात शामिल नहीं है। तथापि, समीक्षा में कच्चे तेल के बढ़ते और अस्थिर मूल्य के प्रति चिंता जताई गई है और उल्लेख किया गया है कि खाद्यान्न मूल्यों के ऊँचे स्तर से स्फीतिकारी संभावना के लिए खतरा उत्पन्न हो जाएगा। भारतीय कच्चे तेल के समूह के मूल्य के ऊँचे स्तर की निरंतरता को देखते हुए देशी पेट्रोलियम उत्पाद के मूल्यों में कुछ भार-अंतरण उचित लगा। समीक्षा के अनुसार, नीति में आगे बढ़ने के निर्णय में मुद्रास्फीति को दीर्घावधि आधार पर नीचे रखने में सफलता होनी चाहिए ताकि उच्च वृद्धि में अंतरण को सहायता तथा सुरक्षा मिलने के लिए स्थिरता का वातावरण उपलब्ध हो। तदनुसार, कुल मांग पर मौद्रिक नीति के विलंबित और संचित प्रभाव को देखते हुए और यह मानते हुए कि आपूर्ति प्रबंध पोषक होगा, पूंजी प्रवाह का प्रबंधन सक्रियता से किया जाएगा और देशी या वैश्विक अर्थव्यवस्था में उभरने वाले आघात न होने पर नीति में प्रयास होगा कि 2007-08 में मुद्रास्फीति को 5.0 प्रतिशत के करीब रखा जाए। इसके अलावा, भारत के वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ बढ़ते संबंधों और इस संबंध में सामाजिक अधिमानों को पहचानते हुए आगे लिया जाने वाला संकल्प यह होगा कि स्फीतिकारी अपेक्षाओं को 4.0-4.5 प्रतिशत के दायरे में रखा जाए ताकि लगभग 3.0 प्रतिशत की मुद्रास्फीति दर मध्यावधि लक्ष्य बने जो भारत के वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ व्यापक एकीकरण के अनुरूप होगा।

2.20 मध्यावधि समीक्षा के समय मुद्रा आपूर्ति अप्रैल 2007 के वार्षिक नीतिगत वक्तव्य में निर्धारित 17.0-17.5 प्रतिशत के संकेतक दायरे के काफी ऊपर चली गई थी। राजकोषीय व्यय और विदेशी मुद्रा बाजार हस्तक्षेप से ही मुख्यतः इस वृद्धि को सहायता मिली थी जैसाकि पर्याप्त आरक्षित मुद्रा वृद्धि से प्रतिबिंबित हुआ। जमाराशि वृद्धि भी 2007-08 के कुल 4,90,000 करोड़ रुपए के अनुमान से अधिक हो गई थी। खाद्येतर ऋण (एसएलआर से भिन्न निवेशों सहित) कम होकर वार्षिक नीति वक्तव्य में दिए 24.0-25.0 प्रतिशत के अनुमान के करीब पहुंच गया था। किंतु, निवल पूंजी अंतर्वाह के फैलते प्रभाव को रोकना आवश्यक था ताकि मुद्रा आपूर्ति वार्षिक नीति वक्तव्य में निर्धारित संकेतक अनुमानों से निरंतर अलग न रहे। विद्यमान समष्टि आर्थिक स्थिति की समीक्षा करने पर 10 नवंबर 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से सीआरआर 50 आधार अंक बढ़ाकर 7.5 प्रतिशत किया गया (बॉक्स II.2)।

सांविधिक पूर्वक्रम

2.21 वर्ष 2006-07 के दौरान की एक महत्वपूर्ण घटना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 और बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 में विधायी संशोधन था जिससे रिज़र्व बैंक का परिचालनात्मक लचीलापन और मौद्रिक प्रबंधन कार्यों में उसकी क्षमता बढ़ गई। रिज़र्व बैंक ने 1990 के दशक के प्रारंभ से मौद्रिक नियंत्रण के प्रत्यक्ष साधनों से अप्रत्यक्ष साधनों में अंतरण के लिए सावधानीपूर्वक उपाय किए हैं। तदनुसार, सी आर आर तथा एस एल आर के सांविधिक पूर्वक्रय इन वर्षों में काफी कम किए गए। सी आर आर 1994-95 के 15 प्रतिशत के शीर्ष स्तर से कम करके जून 2003 तक 4.5 प्रतिशत किया गया जो सितंबर 2004 से प्रारंभ मौद्रिक निभाव की समाप्ति से पहले किया गया था।

2.22 वर्ष 2006-07 के दौरान सी आर आर प्रति 25 आधार अंकों के चार एकसमान चरणों में कुल 100 आधार अंक बढ़ाया गया। 2007-08 के दौरान अब तक, सीआरआर में और 150 आधार अंकों की वृद्धि करके उसे बैंकों के एनडीटीएल का 7.5 प्रतिशत किया गया (14 तथा 28 अप्रैल 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से प्रति 25 आधार अंक और 4 अगस्त 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से 50 आधार अंक)(सारणी II.1 देखें)।

2.23 भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 जून 2006 में संशोधित की गई ताकि रिज़र्व बैंक का परिचालनगत लचीलापन बढ़ सके और उसे मौद्रिक प्रबंधन में अधिक क्षमता प्राप्त हो सके। संशोधन अधिनियम, 2006 रिज़र्व बैंक को विवेकसम्मत अधिकार देता है कि वह बिना किसी उच्चतम सीमा (पहले 20 प्रतिशत) या निम्नतम सीमा (पहले 3 प्रतिशत) के अनुसूचित बैंकों की मांग और मीयादी देयताओं का प्रतिशत (सीआरआर के रूप में रखना) निर्धारित कर सके। संशोधन के अनुसार रिज़र्व बैंक से यह भी अपेक्षित नहीं है कि वह सी आर आर शेषों पर ब्याज भुगतान करे क्योंकि वह मौद्रिक नीति के साधन के रूप में (सीआरआर की प्रभावशालिता) कम करता है। संशोधन के परिणामस्वरूप रिज़र्व बैंक ने सी आर आर की 3 प्रतिशत की निम्नतम सीमा और 20 प्रतिशत की उच्चतम सीमा समाप्त कर दी। इसके अलावा, उसने यह भी घोषणा की कि 24 जून 2006 से प्रारंभ पखवाड़े से सी आर आर शेषों पर ब्याज का भुगतान नहीं किया जाएगा। तथापि भारत सरकार की 9 जनवरी 2007 की असाधारण गजट अधिसूचना में 9 जनवरी 2007 को उस तिथि के रूप में अधिसूचित किया गया जब से भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 को छोड़कर अन्य सभी प्रावधान लागू होंगे। भारिबैं (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 में सी आर आर की न्यूनतम और उच्चतम सीमा हटाने का प्रावधान है जो रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित की जानी है और साथ ही पात्र सी आर आर शेषों पर ब्याज भुगतान के प्रावधान भी थे।

बॉक्स II.2: वर्ष 2007-08 की वार्षिक नीति की मध्यावधि, समीक्षा में प्रमुख नीतिगत घोषणाएँ

मौद्रिक उपाय

- बैंक दर को 6.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया है।
- चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिपो दर और रिवर्स रिपो दर को क्रमशः 7.75 प्रतिशत और 6.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा गया।
- आरक्षित नकदी निधि अनुपात को 10 नवंबर 2007 से आरंभ होनेवाले पखवाड़े से 50 आधार बिंदुओं से बढ़ाते हुए 7.5 प्रतिशत किया गया है।

वित्तीय बाजार

- राज्य विकास ऋण (एसडीएल) की नीलामियों में गैर-प्रतिस्पर्धी बोली योजना 31 मार्च 2008 से परिचालित की जाएगी।
- कंपनी बाण्डों में बाज़ार रिपो की अनुमति दी जानी है बशर्ते कंपनी बांड बाजार विकसित हो तथा उपयुक्त निपटान प्रणाली शुरू की जाए।
- एनडीएस-ओएम प्रणाली के बाहर 'अल्प-विक्रय' और 'जब जारी' लेनदेन को समाविष्ट करने की अनुमति है।
- बचाव सुविधा के लिए पूर्व कार्यनिष्पादन मार्ग के अंतर्गत पात्र सीमाओं को पुनः लागू करने की अनुमति दी गयी है।
- तेल कंपनियों को पूर्ववर्ती तिमाही के अंत तक अपने माल की मात्रा के 50 प्रतिशत तक अपने विदेशी मुद्रा निवेशों के बचाव की अनुमति है।
- विदेशी मुद्रा में एक्सपोजर रखनेवाले आयातकों/निर्यातकों को विदेशी मुद्रा/रुपए और पारस्परिक लेनदेन मुद्रा दोनों में शामिल मांग और विक्रय विकल्प अभिलिखित करने और प्रीमियम प्राप्त करने की अनुमति दी जानी है।
- प्राधिकृत व्यापारियों (एडी) को पारस्परिक लेनदेन मुद्रा विकल्प बहियों को रिजर्व बैंक के अनुमोदन के अधीन संचालित करने की अनुमति दी जानी है।

ऋण संवितरण प्रक्रिया

- सामान्य रूप में बैंकिंग प्रणाली तथा विशेष रूप में रिजर्व बैंक के संगत कृषि ऋणग्रस्तता पर समिति (अध्यक्ष : डॉ. आर. राधाकृष्ण) की अनुशंसाओं की जांच के लिए एक आंतरिक कार्यदल का गठन किया जाएगा।
- वित्तीय प्रणाली से संबंधित सेनागुप्ता समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों के अध्ययन के लिए कार्यदल का गठन करना।
- क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको द्वारा कोर बैंकिग सोलूशन में अंतरण के लिए रोडमैप बनाने के लिए कार्यदल का गठन।
- क्षे.ग्रा. बैं. और राज्य मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को 31 मार्च 2008 का सीआरएआर का स्तर उनके तुलनपत्र में दर्शाना है। सीआरएआर की वांछित स्तर प्राप्ति के लिए रोड मैप बनाया जाना है।
- अग्रणी बैंक योजना की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा।
- भविष्य की कार्रवाइयों का ब्यौरा देते हुए वित्तीय साक्षरता-सह-परामर्शी केंद्रों पर अवधारणा पेपर तैयार करने का प्रस्ताव किया गया।

विवेकशील उपाय

- ऋण चूक स्वैप (सीडीएस) पर अंतिम दिशानिर्देश नवंबर 2007 के अंत तक जारी किए जाएंगे।
- बैंकों से कहा गया है कि वे वसूली एजेंटों को कार्य पर रखते समय निर्धारित विशिष्ट मान्यताओं का पालन करें। बैंक वसूली एजेंटों द्वारा किए गए अपमानजनक व्यवहारों से गंभीर पर्यवेक्षी अनुमोदन की स्थिति उत्पन्न होगी।
- सीमा पारीय पर्यवेक्षण और विदेशी विनियामकों के साथ पर्यवेक्षी सहयोग के लिए उपयुक्त ढांचा बनाने के लिए कार्यदल का गठन।
- बैंकिंग पर्यवेक्षी प्रणाली की प्रभावात्पादकता में वृद्धि के लिए, समेकित पर्यवेक्षण की प्रक्रिया को बैंक-संचालित वित्तीय समूहों (कांग्लोमेरेट) के लिए वित्तीय कांग्लोमेरेट निगरानी व्यवस्था के साथ एकीकृत किया जाए।

संस्थागत गतिविधियां

- बैंको से अनुरोध किया गया कि वे पर्याप्त आपदा सुधार प्रणाली की स्थापना सुनिश्चित करें।
- राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवा लागू करने के लिए कार्य योजना बनाना।
- रिजर्व बैंक द्वारा श. स. बैंकों को आइ टी सहायता देने के लिए कार्यदल का गठन।
- वित्तीय क्षेत्र के आकलन पर समिति द्वारा आकलन कार्य मार्च 2008 तक पूरा करना।

संबंधित प्रावधान की अधिसूचना जारी होने तक, सीआरआर पर न्यूनतम और उच्चतम सीमा बहाल की गई और रिज़र्व बैंक ने पात्र सी आर आर शेषों पर ब्याज भुगतान का निर्णय लिया जो मौद्रिक नीति के रुझान और उचित समयावधि के उपायों के अनुरूप होगा। रिज़र्व बैंक ने दंडात्मक ब्याज भुगतान से उन बैंकों को छूट भी दी जिन्होंने 22 जून 2006 से 2 मार्च 2007 की अवधि के दौरान 3.0 प्रतिशत न्यूनतम सीआरआर के सांविधिक स्तर का उल्लंघन किया था। भारत सरकार ने 9 मार्च 2007 की असाधारण गजट अधिसूचना में भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 को अधिसूचित किया और 1 अप्रैल 2007 को वह दिनांक तय किया जब संबंधित प्रावधान लागू होंगे। इस प्रकार, रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारणीय सी आर आर की न्यूनतम और उच्चतम सीमा समाप्त हो गई। तत्कालीन मौद्रिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए रिज़र्व बैंक ने सी आर आर दर और विद्यमान रियायतों सहित सीआरआर बनाए रखने की स्थिति जारी रखने का निर्णय लिया। रिज़र्व बैंक ने यह भी संकेत दिया कि 31 मार्च 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से बैंकों के सीआरआर शेषों पर कोई भी ब्याज देय नहीं होगा।

2.24 मौद्रिक नियंत्रण का एक और साधन सांविधिक चलनिधि अनुपात (एस एल आर) है जो अनेक देशों में गौण आरक्षित निधि अपेक्षा का बदलता घटक होता है। यह नकदी, स्वर्ण और 'अनुमोदित' तथा भार रहित प्रतिभूतियों - इसमें परवर्ती स्पष्टतः निर्धारित होती है - जैसी विनिर्दिष्ट आस्तियों के रूप में रखा जाता है जो बैंकों के एन डी टी एल के अनुपात में होता है। एस एल आर विवेकसम्मत प्रयोजनार्थ, अर्थात् बैंकिंग प्रणाली की मजबूती सुनिश्चित करने के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। एसएलआर के तहत पूर्वक्रय, जिसे बढ़ाकर 1990 के दशक

की शुरूआत में एनडीटीएल का लगभग 38.5 प्रतिशत किया गया था, अक्तूबर 1997 में उसे 25 प्रतिशत के सांविधिक न्यूनतम स्तर पर लाया गया था। किंतु बैंकों ने सांविधिक न्यूनतम एस एल आर से अधिक सरकारी प्रतिभूतियां रखना जारी रखा जो जोखिम की अवधारणा और संविभाग चुनाव दर्शाता है, यद्यपि अतिरिक्त धारणीयता हाल के वर्षों में कम हुई है। उनकी एनडीटीएल के अनुपात के रूप में वाणिज्य बैंकों की सरकारी प्रतिभूतियों की धारिता वर्ष के दौरान पुनः कम हो गई और मार्च 2006 के अंत के 31.3 प्रतिशत से मार्च 2007 के अंत में उनकी एनडीटीएल के 28.0 प्रतिशत तक आ गई। तथापि, 2007-08 में अब तक (12 अक्तूबर 2007 तक) एनडीटीएल के प्रतिशत के रूप में एस एल आर प्रतिभूतियों की बैंकों की धारिता कुछ बढ़कर 30.0 प्रतिशत हो गई। 23 जनवरी 2007 को बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2007 उद्घोषित होने पर बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 संशोधित की गई थी जिससे अन्य बातों के अलावा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारणीय एस एल आर की 25 प्रतिशत न्यूनतम दर समाप्त की गई और उसे एस एल आर - पात्र आस्तियां निर्धारित करने की शक्ति मिली जिससे उसे उसके मौद्रिक प्रबंधन परिचालनों में अधिक लचीलापन प्राप्त हुआ। बाद में यह अध्यादेश रद्द करके उसके स्थान पर बैंककारी विनियमन (संशोधन) अधिनियम, 2007 लाया गया जिसे 26 मार्च 2007 को राष्ट्रपति की सहमति मिली और वह 23 जनवरी 2007 से लागू हुआ।

ब्याज दर ढांचा

2.25 ब्याज दर ढांचे का अविनियमन और युक्तिकरण 1990 के दशक के प्रारंभ से शुरू की गई वित्तीय क्षेत्र के सुधार की प्रक्रिया का मुख्य घटक रहा है। इससे वित्तीय प्रणाली में न सिर्फ प्रतिस्पर्धा और संसाधन आबंटन प्रक्रिया सुधारने में मदद मिली है, बल्कि मौद्रिक संप्रेषण तंत्र भी ठीक हुआ है। बचत जमाराशि, अनिवासी भारतीय जमाराशि, 2 लाख रुपए तक के अल्प ऋण और निर्यात ऋण जैसी चुनिंदा दरों को छोड़कर बाकी सभी ब्याज दरें अविनियमित की गई हैं।

बैंक दर और रिपो / रिवर्स रिपो दर

2.26 बैंक दर ने मौद्रिक नीति के मध्यावधि रुझान की सांकेतिक दर के रूप में बढ़िया कार्य किया है। मुद्रास्फीति की संभाव्यता सहित अर्थव्यवस्था के मूल्यांकन की दृष्टि से वर्ष के दौरान बैंक दर 6.0 प्रतिशत के वर्तमान स्तर पर ही रखी गई; यह दर अंतिम बार अप्रैल 2003 में संशोधित की गई थी।

2.27 मौद्रिक नीति परिचालन के ढांचे में सुधार, जो 1980 के दशक के अंतिम समय में शुरू किए गए थे, से 2000 में चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) प्रारंभ हुई (अनुबंध VI)। एल ए एफ के अंतर्गत, रिज़र्व बैंक अपनी नीति दरें अर्थात् रिपो और रिवर्स रिपो दरें निर्धारित करता है, और रिपो/रिवर्स रिपो परिचालन करता है और उससे एक दिवसीय मुद्रा बाजार की दरों के लिए दायरा उपलब्ध कराता है। चलनिधि, नामतः अस्थिर सरकारी नकदी शेष और पूर्वानुमान न लगाये जाने योग्य विदेशी मुद्रा प्रवाह को अल्पावधि में प्रभावित करने वाले बाहरी प्रभावों की दृष्टि से एल ए एफ एक दिवसीय मुद्रा बाजार दर के किसी विशेष स्तर को लक्ष्य बनाना टालता है। रिपो नीलामी एक दिवसीय या दीर्घावधि आधार पर बदलती या स्थिर दरों पर की जा सकती है किंतु बाजार अधिमान और ब्याज दर संकेतों को तुरंत संप्रेषित करने की आवश्यकता के कारण अप्रैल 2004 से एलएएफ स्थिर दर वाले एक दिवसीय नीलामी के रूप में रहा है। दिन के दौरान उनके चलनिधि प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए बाजार सहभागियों को समर्थ बनाने की दृष्टि से 28 नवंबर 2005 को शुरू किया गया दूसरा एल ए एफ (एस एल ए एफ) 6 अगस्त 2007 से समाप्त किया गया। एल ए एफ परिचालन रिपो दर, बैंकों को निर्यात ऋण पुनर्वित्त और प्राथमिक व्यापारियों को स्थायी चलनिधि सुविधा से संबद्ध रिज़र्व बैंक की स्थायी सुविधा से तक पहुँच से निरंतर अनुपूरित होते रहे। उभरती समष्टि आर्थिक और मौद्रिक स्थिति को देखते हुए रिपो और रिवर्स रिपो दरें नियमित रूप से संशोधित होती रहीं (देखें सारणी II.1)।

जमाराशि दरें

2.28 विनियमित रहे घटकों में ब्याज दरों का बढ़ता अविनियमन रिज़र्व बैंक का ध्यान खींच रहा है। इस विषय पर विभिन्न पण-धारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श किया गया। कुछ ब्याज दरें लगातार विनियमित की जा रही हैं किंतु रिज़र्व बैंक का प्रयास है कि उन्हें संशोधित करके बदलते परिदृश्य के अनुरूप बनाया जाए। बचत बैंक जमाराशि पर लागू ब्याज दर रिज़र्व बैंक द्वारा विनियमित की जाती है और वर्तमान में वह 3.5 प्रतिशत वार्षिक है; यह दर अंतिम बार 1 मार्च 2003 को संशोधित की गई थी।

2.29 मौद्रिक और समष्टि आर्थिक घटनाओं के आधार पर अनिवासी बाह्य रुपया जमाराशि (एनआरई) और विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) [एफ सी एन आर (बी)] जमाराशियों पर लागू ब्याज दरें लिबोर/स्वैप दरों से संबद्ध हैं और समय-समय पर नियमित रूप से उनकी समीक्षा की जाती है। एक से तीन वर्ष की अवधिपूर्णता की एन आर ई जमाराशि पर ब्याज दर की उच्चतम सीमा 31 जनवरी 2007 को तथा आगे 24 अप्रैल 2007 को प्रत्येक बार 50 आधार अंकों की कटौती करके वह समरूपी अवधिपूर्णता के अमरीकी डॉलर संबंधी लिबोर/स्वैप दर की गई। एफ सी एन आर (बी) जमाराशियों पर ब्याज दर की उच्चतम

सीमा संबंधित मुद्रा / अवधिपूर्णता के लिए 31 जनवरी 2007 को 25 आधार अंक घटाकर लिबोर / स्वैप दर से 25 आधार अंक कम की गई और 24 अप्रैल 2007 को पुनः 50 आधार अंक कम करके संबंधित मुद्रा / अवधिपूर्णता के लिए लिबोर / स्वैप दर से 75 आधार अंक कम की गई (देखें सारणी II.2)।

सारणी II.2: एनआरई/एफसीएनआर (बी) जमाराशियों और विदेशी मुद्रा निर्यात ऋण का ब्याज दर निर्धारण

प्रकार	से प्रभावीत	उच्चतम ब्याज दर
1	2	3
एनआरई जमाराशि	1 नवंबर 2004	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर + 50 आधार अंक
	17 नवंबर 2005	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर + 75 आधार अंक
	18 अप्रैल 2006	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर + 100 आधार अंक
	31 जनवरी 2007	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर + 50 आधार अंक
	24 अप्रैल 2007	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर
एफसीएनआर(बी) जमाराशि	29 अप्रैल 2002	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर से 25 आधार अंक कम
	28 मार्च 2006	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर
	31 जनवरी 2007	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर से 25 आधार अंक कम
	24 अप्रैल 2007	लिबोर /यूरिबोर/ स्वैप दर से 75 आधार अंक कम
विदेशी मुद्रा में निर्यात ऋण	29 अप्रैल 2002	लिबोर /यूरिबोर दर + 75 आधार अंक
	18 अप्रैल 2006	लिबोर /यूरिबोर दर + 100 आधार अंक

@ : एनआरई/एफसीएनआर (बी) जमाराशि ब्याज दरें भारत में कारोबार समाप्ति से लागू हैं।

उधार दरें

2.30 सरकार ने निर्यातों की नौ श्रेणियों अर्थात् वस्त्र (हथकरघा सहित), तैयार कपड़े, चर्म उत्पाद, हस्तशिल्प, अभियांत्रिकी उत्पाद, प्रसंस्करित कृषि उत्पाद, समुद्री उत्पाद, खेल के सामान और खिलौने के निर्यातकों और व्यष्टि उद्यम, छोटे उद्यम और मध्यम उद्यम के रूप में परिभाषित एस एम ई क्षेत्र के सभी निर्यातकों द्वारा लिए गए रुपया निर्यात ऋण पर 2 प्रतिशत अंक वार्षिक की ब्याज दर राहत के संदर्भ में अस्थायी अवधि की राहत उपलब्ध कराने के लिए 12 जुलाई 2007 को उपायों के पैकेज की घोषणा की। तदनुसार, यह निर्णय लिया गया कि सभी एस एम ई क्षेत्रों और उपर्युक्त नौ क्षेत्रों को 1 अप्रैल 2007 से 31 दिसंबर 2007 की अवधि के लिए बकाया राशि पर 180 दिन तक के पोतलदानपूर्व ऋण और 90 दिन तक के पोतलदानोत्तर ऋण पर बैंक बेंचमार्क मूल उधार दर (बीपीएलआर) से 4.5 प्रतिशत कम से अनधिक की ब्याज दर लगाएंगे।

2.31 6 अक्तूबर 2007 को भारत सरकार ने उक्त योजना को 31 मार्च 2008 तक तीन माह बढ़ाने के लिए निर्यातकों की ब्याज दर रियायत में आंशिक आशोधन किया और योजना की व्याप्ति बढ़ाकर उसमें जूट और कारपेट, प्रक्रियाकृत काजू, कॉफी, चाय, सत्व निकाली गई तेल रहित खली, प्लास्टिक और लिनोलियम शामिल किए गए।

3. ऋण सुपुर्दगी

2.32 रिज़र्व बैंक का यह प्रयास रहा है कि ऋण सुपुर्दगी में सुधार लाया जाए और समाज के बड़े हिस्से तक आधारभूत बैंकिंग सेवाओं को क्रियाविधिक परेशानियों के बिना पहुंचाया जाए। इसके अलावा, अर्थव्यवस्था की वित्तपोषण की आवश्यकताओं में भी संरचनात्मक बदलाव आया है और अर्थव्यवस्था पिछली कुछ अवधि में उच्च वृद्धि के पथ पर आ गई है। अतः, रिज़र्व बैंक अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों के लिए पर्याप्त और समयोचित बैंक वित्त उचित दरों पर उपलब्ध कराने के लिए पोषक वातावरण निर्मित कर रहा है। ऋण सुपुर्दगी सुधारने के लिए हाल ही की अवधि में किए गए प्रयासों में निम्न बातें शामिल हैं (i) कृषि और अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्रों तथा आपदाग्रस्त किसानों तथा नैसर्गिक आपदाओं से ग्रस्त क्षेत्रों में ऋण प्रवाह बढ़ाना; (ii) प्रणाली और क्रियाविधि का सरलीकरण; (iii) बैंकिंग सुविधादाता/प्रतिनिधि के उपयोग की अनुमति; (iv) अंतिम छोर की समस्या के निराकरण के लिए सूचना प्रौद्योगिकी; और (v) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अधिक परिचालनात्मक लोच प्रदान करना।

2.33 वर्ष के दौरान ऋण सुपुर्दगी प्रणाली में सुधार के लिए कुछ नई पहलें की गईं। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार पर दिशानिर्देश संशोधित किए गए ताकि जनसंख्या के बड़े भाग को प्रभावित करने वाले समाज/

अर्थव्यवस्था के बृहद भाग, दुर्बल वर्गों और रोजगार की गहनता वाले कृषि तथा छोटे उद्यम क्षेत्रों के ऋण वितरण में सुधार किया जा सके। ग्रामीण परिवारों के हित में कानूनी और कार्यान्वयन ढांचे में सुधार लाने के लिए राज्य सरकारों को सिफारिश करने की दृष्टि से मुद्रा उधार देने को विनियमित करने वाले वर्तमान विधायी ढांचे और विभिन्न राज्यों में कार्यान्वयन तंत्र की प्रभाविता की समीक्षा के लिए एक तकनीकी दल (अध्यक्ष : श्री एस.सी.गुप्ता) गठित किया गया। इस दल ने अपनी रिपोर्ट जुलाई 2007 में प्रस्तुत की जो जनसामान्य के विचार जानने के लिए पब्लिक डोमेन में रखी गई। इनके अलावा, वित्तीय समावेशन और 'ग्राहक सेवा' में सुधार जैसे ऋण सुपुर्दगी सुधारने की दृष्टि से अन्य अनेक उपाय शुरू किए गए जिनका ब्यौरा इस अध्याय के बाद के भाग में दिया गया है। संस्थागत सुधार से संबंधित उपायों, जिनमें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक और सहकारी ढांचा का पुनर्जीवन तथा व्यष्टि वित्त की संस्थाओं जैसे ऋण वितरण के वैकल्पिक अवसरों का विकास शामिल हैं, पर क्रमशः अध्याय 3 और 4 में चर्चा की गई है।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार

2.34 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार के कार्यक्षेत्र और विस्तार में सुधारोत्तर अवधि में भारी बदलाव हुआ है जिसमें अनेक नए क्षेत्र और सेक्टर इसकी परिधि में लाए जा रहे हैं। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की परिधि में बुनियादी संरचना जैसे नए क्षेत्रों को शामिल करने की मांग होती रही है, वहीं इस बात की आशंका है कि ऐसा करने से प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की परिभाषा कम हो जाएगी और हमारी अर्थव्यवस्था के जरूरतमंद क्षेत्रों और समाज के दुर्बल वर्गों पर से ध्यान बिल्कुल हट जाएगा। इस पृष्ठभूमि में रिज़र्व बैंक में एक आंतरिक कार्य दल गठित किया गया (अध्यक्ष : श्री सी.एस. मूर्ति) और उसे निम्नलिखित दायित्व सौंपे गए : प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार के निर्धारण को जारी रखने की आवश्यकता की जांच करना, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार, लक्ष्य और उप-लक्ष्य सहित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के घटक खंड सहित, पर मौजूदा नीति की समीक्षा करना और इस बाबत अपेक्षित बदलावों की सिफारिश करना। आंतरिक कार्य दल द्वारा प्रस्तुत ड्राफ्ट तकनीकी पेपर तथा उस पर प्राप्त प्रतिसूचना के आधार पर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार पर जारी दिशानिर्देश संशोधित किए गए। कृषि और व्यष्टि तथा लघु उद्यम जैसे रोजगार की गहनता वाले समाज/अर्थव्यवस्था के क्षेत्र, जिनका जनसंख्या के बड़े भाग और दुर्बल वर्गों पर प्रभाव होता है, 30 अप्रैल 2007 से लागू हुए संशोधित दिशानिर्देशों में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के रूप में ही रखे गए । प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की व्यापक श्रेणियों में शामिल की गई मदें कृषि, लघु उद्यम, व्यष्टि ऋण, खुदरा व्यापार, शिक्षा ऋण और 20 लाख रुपए तक के आवास ऋण हैं (बॉक्स II.3)।

कृषि और संबंधित कार्यों के लिए ऋण

2.35 कृषि और संबंधित कार्यों का क्षेत्र जनसंख्या के बड़े भाग के उत्पादन, मजदूरी, रोजगार और उपभोग पद्धति को सीधे प्रभावित करता है। जीडीपी में कृषि का हिस्सा 1980 के दशक के 36 प्रतिशत के कुछ अधिक से कम होकर 2006-07 में 18.5 प्रतिशत रह जाने के बावजूद कृषि पर अपने खाद्यान्न और जीविका के लिए निर्भर लोगों की संख्या सामान्यतः अपरिवर्तित रही। अतः रिज़र्व बैंक और भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह सुगम करने के लिए अनेक कदम उठाए गए। इस प्रयोजनार्थ, केंद्रीय वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र को ऋण प्रवाह तीन वर्षों के भीतर दो गुना करने के लिए 18 जून 2004 को कुछ उपायों की घोषणा की। बैंकों द्वारा ऋण का वास्तविक संवितरण 2006-07 तक सभी तीन वर्षों में लक्ष्य से अधिक हुआ। इसके मद्देनजर केंद्रीय वित्त मंत्री ने 2007-08 के लिए बैंकों द्वारा संवितरण का लक्ष्य 2,25,000 करोड़ रुपए निर्धारित कर दिया है।

कृषि ऋण प्राप्ति की क्रियाविधि और प्रक्रिया का सरलीकरण

2.36 रिज़र्व बैंक ने दिसंबर 2006 में कृषि ऋण प्राप्ति की क्रियाविधि और प्रक्रिया की जांच पर कार्यदल (अध्यक्ष:श्री सी.पी. स्वर्णकार) गठित किया था जिसका दायित्व था क्रियाविधि को अधिक सरल करने के उपाय सुझाना जिससे विशेष रूप से छोटे तथा सीमांत किसानों के कृषि ऋण प्राप्ति में लगने वाली लागत और समय की बचत हो। दल ने अपनी रिपोर्ट अप्रैल 2007 में प्रस्तुत की। दल की सिफारिशों के आधार पर सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (आरआरबी सहित) को सूचित किया गया कि वे छोटे और सीमांत किसानों, बटाईदारों से 50,000 रुपए तक के छोटे ऋणों के लिए 'शून्य देयता' प्रमाणपत्र लेना बंद करें तथा इसके स्थान पर उधारकर्ता से स्व-घोषणा प्राप्त करें। इसके अलावा, भूमिहीन मजदूरों, बटाईदारों और मौखिक पट्टेदारों द्वारा पहचान/हैसियत के दस्तावेज प्रस्तुत करने संबंधी समस्या के समाधान के लिए बैंकों को सूचित किया गया कि भूमिहीन मजदूरों, बटाईदारों और मौखिक पट्टेदारों को ऋण देने के मामले में फसल तैयार करने संबंधी स्थानीय प्रशासन/पंचायती राज संस्थाओं के प्रमाणपत्र स्वीकार किए जाएं। दल की अन्य सिफारिशों की जांच रिज़र्व बैंक कर रहा है।

आपदाग्रस्त किसानों की सहायतार्थ उपाय

2.37 रिज़र्व बैंक द्वारा 2006-07 के उसके वार्षिक नीति वक्तव्य में की गई घोषणा के परिणामस्वरूप आपदाग्रस्त किसानों की सहायतार्थ वित्तीय परामर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने और उनके लिए विशिष्ट ऋण गारंटी योजना (डीआइसीजीसी अधिनियम के तहत) शुरू करने सहित

बॉक्स II.3: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार पर संशोधित दिशानिर्देश

आंतरिक कार्य दल (अध्यक्ष : श्री सी.एस. मूर्ति) द्वारा प्रस्तुत तकनीकी पेपर के मसौदे और उस पर बैंकों, वित्तीय संस्थाओं, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, उद्योग संघों, मीडिया, जनता और भारतीय बैंक संघ से प्राप्त प्रतिसूचना के आधार पर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार पर दिशानिर्देश 30 अप्रैल 2007 को संशोधित किए गए। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार पर संशोधित दिशानिर्देशों के मार्गदर्शी सिद्धांत यह सुनिश्चित करने के रहे हैं कि समाज/अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रों की ओर बैंक ऋण का पर्याप्त प्रवाह होना चाहिए जो जनसंख्या के बड़े भाग, दुर्बल वर्गों और रोजगार गहनता वाले क्षेत्रों जैसे कृषि और अत्यल्प तथा लघु उद्यम को प्रभावित करते हैं। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत अग्रिमों की व्यापक श्रेणियों में अब कृषि, लघु उद्यम क्षेत्र, खुदरा व्यापार, व्यष्टि ऋण, शिक्षा और आवास शामिल हैं जो कुछ शर्तों के अधीन है।

दिशानिर्देशों में किए गए मुख्य परिवर्तन निम्नवत् हैं:

i) लघु, विशेष रूप से कृषि-ऋणों के विरुद्ध 'क्राउडिंग आउट' प्रभावों से बचने के लिए बड़े ऋण/अग्रिम प्रत्यक्ष कृषि घटक से बाहर रखे गए हैं (कंपनियों को दिए गए 1 करोड़ रुपए से अधिक के ऋण/अग्रिम को प्रत्यक्ष कृषि के अंतर्गत गणना के लिए एक तिहाई भारांक ही मिलेगा)।

ii) बैंकों द्वारा प्रत्यक्ष और खुदरा उधार को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से, कुछ श्रेणियों को छोड़कर, आगे उधार दिए जाने वाले ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से बाहर रखकर और प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र से वित्तीय संस्थाओं के बांडों में निवेश समाप्त करके मध्यस्थता को सामान्यतः हतोत्साहित किया गया।

iii) कुछ बैंकों का निवल बैंक ऋण (एन बी सी) 'शून्य' या नगण्य था और वे मुख्यतः गैर-निधिकृत कारोबार (डेरिवेटिव) कर रहे थे। यह विरूपण उनके लक्ष्यों को उनके तुलनपत्रेतर कारोबार के समतुल्य ऋण से उनके लक्ष्यों को संबद्ध करके सुधारने की अपेक्षा की गई है।

iv) घरेलू और विदेशी बैंकों के लिए क्रमशः 40 प्रतिशत और 32 प्रतिशत का समग्र प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार का लक्ष्य और साथ ही उप-लक्ष्य भी अपरिवर्तित रखे गए। तथापि, इनके शुद्ध बैंक ऋण (एनबीसी) के बजाय अब समायोजित निवल बैंक ऋण (ए एन बी सी) के प्रतिशत या तुलनपत्रेतर एक्सपोजर की समतुल्य राशि के ऋण, जो भी अधिक हो, के रूप में गणना की जाती है। ए एन बी सी में एन बी सी +एच टी एम श्रेणी में धारित गैर एस एल आर बांड में बैंकों के निवेश शामिल होते हैं। बैंकों द्वारा अस्थिर लक्ष्य की प्राप्ति में देखी जा रही समस्याओं के समाधान के लिए पिछले वर्ष के 31 मार्च के एएनबीसी के रूप में लक्ष्य के प्रयोजनार्थ संदर्भ ए एन बी सी निर्धारित की गई।

v) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के प्रयोजनार्थ पहले दी गई कुछ रियायतें (अर्थात् एनबीसी से एफसीएनआर, (बी)/एनआरएनआर जमाओं को बाहर करना) विदेशी मुद्रा के काफी भारी भंडार के वातावरण में अपनी प्रासंगिकता खो चुकी हैं। अतः ऐसी रियायतों को समाप्त कर दिया गया है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार के प्रयोजनार्थ ए एन बी सी की गणना के लिए अब बकाया एफ सी एन आर (बी) और एन आर एन आर जमाराशि शेष घटाए नहीं जाएंगे।

vi) संशोधित दिशानिर्देशों में व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यम विकास (एम एस एम ई डी) अधिनियम, 2006 में शामिल किए अनुसार लघु और व्यष्टि उद्यमों की संशोधित परिभाषा को भी ध्यान में लिया गया है (बॉक्स II.5 देखें)।

अन्य उपाय सुझाने के लिए कार्य दल (अध्यक्षः डॉ. एस.एस.जोल) गठित किया गया। उक्त दल ने अपनी रिपोर्ट नवंबर 2006 में प्रस्तुत की । दल की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए उन आपदाग्रस्त किसानों की सहायता करने के लिए जिनके खाते नैसर्गिक आपदा के कारण पुनर्निर्धारित /परिवर्तित किए गए थे और उन किसानों के लिए भी जिन्होंने उनके सामर्थ्य से बाहर की परिस्थिति के कारण ऋण चुकौती में चूक की थी, 31 अक्तूबर 2006 को जारी वार्षिक नीति की मध्यावधि समीक्षा में बैंकों को सूचित किया गया कि वे उनके बोर्डों के अनुमोदन से ऐसे किसानों के लिए एक बारगी निपटान की पारदर्शी योजनाएं बनाएं। यह भी प्रस्ताव रखा गया कि आपदाग्रस्त किसानों के लिए ऋण गारंटी योजना बनाई जाए (बॉक्स II.4)।

व्यष्टि, छोटे और मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006

2.38 व्यष्टि, छोटे और मध्यम उद्यम विकास (एमएसएमईडी) अधिनियम, 2006 अक्तूबर 2, 2006 को अधिसूचित किया गया था। सेवा क्षेत्र को व्यष्टि, छोटे और मध्यम उद्यम की परिभाषा में शामिल करने और उसका क्षेत्र मध्यम उद्यमों तक बढ़ाने के कारण एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 के अधिनियमन से लघु उद्योग से व्यष्टि, छोटे और मध्यम उद्यमों में भारी बदलाव आया। एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 की परिभाषा के अनुसार व्यष्टि, छोटे और मध्यम उद्योमों में विनिर्माण या उत्पादन में लगे हुए और सेवा देनेवाले उद्यम आते हैं (बॉक्स II.5)।

2.39 वर्ष 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य में की गई घोषणा के परिणामस्वरूप सभी राज्य स्तरीय बैंकर समिति (एसएलबीसी) के संयोजक बैंकों को 8 मई 2007 को सूचित किया गया कि वे एसएमई क्षेत्र और विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र औद्योगिक विकास संगठन (यूएनआइडीओ) द्वारा पहचाने गए देश के विभिन्न विभागों में 21 राज्यों में फैले 388 समूहों को ऋण सुपुर्दगी के लिए उनकी संस्थागत व्यवस्था की समीक्षा करें।

2.40 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सूचित किया गया कि वे लघु उद्योग इकाइयों के समूह वाले प्रत्येक जिले और केंद्र में कम से कम एक विशिष्टतायुक्त लघु उद्योग शाखा कार्यरत करें। मार्च 2006 के अंत के 629 के स्थान पर मार्च 2007 के अंत में बैंकों द्वारा 636 विशिष्टतायुक्त लघु उद्योग बैंक शाखाएं कार्यरत की गई थीं।

बॉक्स II.4: आपदाग्रस्त किसानों के लिए राहत के उपाय - ऋण गारंटी योजना

- आपदाग्रस्त किसानों की सहायतार्थ उपाय सुझाने के लिए गठित कार्य दल (अध्यक्षः श्री एस.एस.जोल) ने निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम द्वारा आपदाग्रस्त छोटे उधारकर्ताओं (कृषि और अन्य) के लिए ऋण गारंटी योजना परिचालित करने का सुझाव दिया। दल द्वारा सिफारिश की गई योजना की विशेषताएं निम्नवत् हैं :
- आरआरबी और ग्रामीण सहकारी बैंकों (राज्य और मध्यवर्ती सहकारी बैंक) सहित सभी वाणिज्य बैंकों को इस योजना में अनिवार्यतः शामिल होना होगा।
- 'प्रणालीगत आपदा' से ग्रस्त उधारकर्ता ही इस योजना में कवर किए जाएंगे। इस योजना के संदर्भ में प्रणालीगत आपदा में नैसर्गिक आपदा और महामारी के तौर पर कीड़ों/टिड्डियों से बड़े पैमाने पर हुआ फसल/आस्तियों का नुकसान कवर होगा।
- इस योजना में वे उधारकर्ता कवर होंगे जिनकी कुल स्वीकृत सीमा इस योजना की शुरुआत के बाद स्वीकृत 1 लाख रुपए तक हो और जिनके ऋण को प्रणालीगत आपदा के कारण लगातार दूसरी बार पुनःसंरचित / पुनर्निर्धारित करने की आवश्यकता हो। पहले की पुनःसंरचना/ पुनर्निर्धारण रिज़र्व बैंक /नाबार्ड के दिशानिर्देशों के अनुसार होना चाहिए।
- इस योजना में उपभोग ऋण किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा तक ही कवर होंगे।
- नैसर्गिक आपदा, जिसके कारण ऋण को लगातार दूसरे समय पुनःसंरचना/ पुनर्निर्धारित करना आवश्यक हुआ हो, की तिथि को गारंटीबद्ध खाते में बकाया राशि के 60 प्रतिशत भाग तक की ही गारंटी इस योजना में होगी। शेष हानि संबंधित बैंकों द्वारा वहन की जाएगी।
- दल की सिफारिशों के आधार पर कृषि ऋण (आपदाग्रस्त किसान) गारंटी योजना, 2007 का मसौदा बनाकर भारत सरकार को भेजा गया। सरकार की टिप्पणियों के आधार पर योजना में संशोधन किए जा रहे हैं।

लघु और मध्यम उद्यम (एसएमई) क्षेत्र को ऋण

2.41 प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में समावेशन के प्रयोजनार्थ लघु उद्योग और लघु कारोबारी उद्यमों की परिभाषा को एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 में स्वीकारी गई परिभाषा के अनुरूप बनाया गया। इसके अलावा, एसएमई को ऋण सुपुर्दगी में सुधार लाने की दृष्टि से बैंकों से अनुरोध किया गया कि पर्याप्त और समय पर ऋण उपलब्ध कराने की दृष्टि से वे एसएमई क्षेत्र को ऋण सुपुर्दगी की उनकी संस्थागत व्यवस्था की समीक्षा करें, विशेष रूप से देश के विभिन्न भागों में पहचाने गए समूहों के बारे में और पहचाने गए ऐसे समूहों में या उनके करीब की शाखाओं में प्रणाली में विशेषज्ञता बढ़ाने के उपाय करें।

2.42 एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 की 2 अक्तूबर 2006 की अधिसूचना के अनुरूप विनिर्माण या उत्पादन करने या सेवाएं देने वाले व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यमों की परिभाषा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार के प्रयोजनार्थ संशोधित की गईं और बैंकों को अप्रैल 2007 में तथा जुलाई 2007 में दिशानिर्देश जारी किये गये।

2.43 यह सुनिश्चित करने के लिए कि लघु उद्यम के सभी घटकों को ऋण उपलब्ध हो, बैंकों को जुलाई 2007 में निम्न बातें सुनिश्चित करने की सूचना दी गई : (क) लघु उद्यम क्षेत्र के कुल अग्रिमों का 40 प्रतिशत उन व्यष्टि (विनिर्माण) उद्यमों को मिलना चाहिए जिनका संयंत्र और मशीनरी में निवेश 5 लाख रुपए तक है और उन व्यष्टि (सेवा) उद्यमों को जिनका उपस्कर में निवेश 2 लाख रुपए तक है; (ख) लघु उद्यम क्षेत्र के कुल अग्रिमों का 20 प्रतिशत उन व्यष्टि (विनिर्माण) उद्यमों को मिलना चाहिए जिनका संयंत्र और मशीनरी में निवेश 5 लाख रुपए से अधिक और 25 लाख रुपए तक है और उन व्यष्टि (सेवा) उद्यमों को जिनका उपस्कर में निवेश 2 लाख रुपए से अधिक और 10 लाख रुपए तक है। इस प्रकार, लघु उद्यमों के 60 प्रतिशत अग्रिम व्यष्टि उद्यमों को मिलने चाहिए।

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक में विदेशी बैंकों की जमाराशि

2.44 विदेशी बैंकों को राशि जमा करके निर्धारित लक्ष्य/ उप लक्ष्य में रही कमी पूरी करनी होती है जिसके लिए उन्हें कमी की राशि के समतुल्य राशि तीन वर्ष की अवधि के लिए भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) में रखनी होती है। अप्रैल 2007 में जारी प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के उधार के निर्धारित लक्ष्य/उप लक्ष्य में कमी वाले विदेशी बैंकों को सिडबी द्वारा गठित की जाने वाली लघु उद्यम विकास निधि में या रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित अन्य प्रयोजनार्थ अंशदान करना होगा। लघु उद्यम विकास निधि की मूल राशि रिज़र्व बैंक द्वारा वर्ष-दर-वर्ष आधार पर निर्धारित की जाएगी। जमाराशि की अवधि तीन वर्षया रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये अनुसार होगी।

नैसर्गिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में बैंकों द्वारा राहत के विशेष उपाय पर आंतरिक कार्यदल

2.45 हाल की अवधि में आई सुनामी, भारी वर्षा, बाढ़ और भूकंप जैसी आपदाओं के दौरान एटीएम की कार्यरतता, छोटे ग्राहकों के खाते

बॉक्स II.5: व्यष्टि, छोटे और मध्यम उद्यमों के विकास अधिनियम, 2006 के प्रमुख उपबंध

एमएसएमईडी अधिनियम, 2006 उद्यमों को मुख्यतः (i) विनिर्माण उद्यमों और (ii) सेवा उद्यमों में श्रेणीबद्ध करता है। इन दो व्यापक श्रेणियों को आगे व्यष्टि उद्यम, लघु उद्यम और मध्यम उद्यम में वर्गीकृत किया गया है जिसका आधार संयंत्र और मशीनरी तथा उपस्कर, जैसा भी मामला हो, में किए गए निवेश का स्तर होता है।

(i) विनिर्माण उद्यम

(क) व्यष्टि (विनिर्माण) उद्यम : सामान के विनिर्माण/उत्पादन, प्रसंस्करण या परिरक्षण करने वाले वे उद्यम जिनका संयंत्र और मशीनरी[1] में निवेश 25 लाख रुपए से अधिक नहीं है।

(ख) लघु (विनिर्माण) उद्यम : सामान के विनिर्माण/उत्पादन, प्रसंस्करण या परिरक्षण करने वाले वे उद्यम जिनका संयंत्र और मशीनरी में निवेश 25 लाख रुपए से अधिक किंतु 5 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है।

(ग) मध्यम (विनिर्माण) उद्यम : सामान के विनिर्माण/उत्पादन,प्रसंस्करण या परिरक्षण करने वाले वे उद्यम जिनका संयंत्र और मशीनरी में निवेश 5 करोड़ रुपए से अधिक किंतु 10 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है।

(ii) सेवा उद्यम

(क) व्यष्टि (सेवा) उद्यम : सेवा प्रदाता ऐसे उद्यम जिनका उपस्कर[2] में निवेश 10 लाख रुपए से अधिक नहीं है।

(ख) लघु (सेवा) उद्यम : सेवा प्रदाता ऐसे उद्यम जिनका उपस्कर में निवेश 10 लाख रुपए से अधिक किंतु 2 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है।

(ग) मध्यम (सेवा) उद्यम : सेवा प्रदाता ऐसे उद्यम जिनका उपस्कर में निवेश 2 करोड़ रुपए से अधिक किंतु 5 करोड़ रुपए से अधिक नहीं है।

(iii) लघु और व्यष्टि (सेवा) उद्यमों से छोटे पथ और जलपरिवहन परिचालक, छोटे कारोबार, पेशेवर एवं स्वनियोजित व्यक्ति और अन्य सभी सेवा उद्यम शामिल हैं। मध्यम उद्यम एसएमई क्षेत्र में शामिल होने के बावजूद मध्यम उद्यमों को दिया गया ऋण प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में शामिल नहीं किया जाता।

(iv) व्यष्टि और लघु उद्यमों को भुगतान में विलंब

लघु और सहायक उद्योग उपक्रमों के प्रति विलंबित भुगतान पर ब्याज अधिनियम, 1998 के मौजूदा प्रावधानों को एमएसएमईडी अधिनियम के तहत निम्नवत् मजबूत बनाया गया है :

(क) क्रेता को उसके और आपूर्तिकर्ता के बीच हुए लिखित करार की तिथि को या उसके पहले या यदि इस बाबत लिखित करार न हुआ हो तो तय दिन से पहले भुगतान करना होगा। विक्रेता और क्रेता के बीच हुआ करार 45 दिन से अधिक का नहीं होगा।

(ख) यदि क्रेता आपूर्तिकर्ता को राशि का भुगतान नहीं कर पाता है तो वह आपूर्तिकर्ता को तय दिनांक या करारबद्ध दिनांक से रिज़र्व बैंक द्वारा अधिसूचित बैंक दर के तीन गुना की दर पर मासिक अंतराल पर चक्रवृद्धि ब्याज का भुगतान करेगा।

(ग) आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति किए गए माल या दी गई सेवा के लिए क्रेता को उक्त (ख) में दर्शाए अनुसार राशि और उसके ब्याज का भुगतान करना होगा।

(घ) किसी भी देय राशि के बाबत विवाद होने की स्थिति में संबंधित राज्य सरकार द्वारा गठित व्यष्टि और लघु उद्यम सरलीकरण परिषद के पास मामला भेजा जाएगा।

(V) व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए राष्ट्रीय बोर्ड

अधिनियम में एमएसएमई के केंद्रीय मंत्री की अध्यक्षता में व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए राष्ट्रीय बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है जिसमें पणधारकों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व होगा। इस बोर्ड के दायित्व निम्नवत् होंगे : (i) व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यमों के संवर्धन और विकास को प्रभावित करने वाले कारकों की जांच करना, और (ii) संवर्धन और विकास को सुगम बनाने की दृष्टि से केंद्र सरकार के कार्यक्रमों और नीतियों की समीक्षा करना और ऐसे उद्यमों की प्रतिस्पर्धा बढ़ाना तथा ऐसे उद्यमों पर उसके प्रभाव को देखना तथा उससे संबंधित मामलों पर सिफारिश करना।

अधिनियम में सचिव (एमएसएमई), भारत सरकार की अध्यक्षता में सलाहकार समिति के गठन का भी प्रावधान है जो राष्ट्रीय बोर्ड द्वारा उसे भेजे गए मामलों की जांच करेगी और उस पर सिफारिश करेगी तथा व्यष्टि, लघु तथा मध्यम उद्यमों से संबंधित मामलों पर केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को सलाह भी देगी।

(VI) व्यष्टि, लघु और मध्यम उद्यमों का ज्ञापन

अधिनियम में सामान के विनिर्माण या उत्पादन करने वाले या सेवा देने वाले व्यष्टि या लघु या मध्यम उद्यमों की स्थापना करने की इच्छा रखने वाले व्यक्तियों द्वारा ज्ञापन प्रस्तुत करने की क्रियाविधि भी निर्धारित की गई है।

खोलने, दस्तावेजों की अनुपलब्धता में खातों का परिचालन और कंप्यूटर नेटवर्क की असफलता जैसी परिचालनात्मक समस्याओं की घटनाएं रिज़र्व बैंक के ध्यान में आईं। रिज़र्व बैंक के 2005-06 के वार्षिक नीति वक्तव्य की मध्यावधि समीक्षा में की गई घोषणा के अनुसरण में नैसर्गिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों के संबंध में विभिन्न मुद्दों की जांच करने और विद्यमान दिशानिर्देशों को अधिक व्यापक बनाने के लिए उनमें उपयुक्त संशोधन

[1] संयंत्र और मशीनरी में निवेश का अर्थ मूल लागत है जिसमें भूमि-भवन के साथ ही लघु उद्योग मंत्रालय द्वारा 5 अक्तूबर 2006 की उनकी अधिसूचना सं. एस. ओ. 1722 (ई) में विनिर्दिष्ट मदें शामिल नहीं हैं।

[2] उपस्कर में निवेश का अर्थ मूल लागत है जिसमें भूमि-भवन, फर्नीचर, जुड़नार और प्रदत्त सेवा से प्रत्यक्ष रूप से असंबध्द अथवा एमएसएमइडी अधिनियम, 2006 के तहत अधिसूचित अन्य मदें शामिल नहीं हैं।

करने और नए प्रावधान जोड़ने के सुझाव देने के लिए रिज़र्व बैंक में आंतरिक कार्य दल (अध्यक्ष : श्री जी. श्रीनिवासन) गठित किया गया था। इस कार्यदल ने अपनी अंतिम रिपोर्ट 12 जून 2006 को प्रस्तुत की।

2.46 उक्त दल की सिफारिशों के आधार पर रिज़र्व बैंक ने नैसर्गिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत के विशेष उपाय करने की दृष्टि से बैंकों के लिए 9 अगस्त 2006 को कुछ अतिरिक्त दिशानिर्देश जारी किए। इन दिशानिर्देशों में निम्न बातें शामिल हैं : (क) नैसर्गिक आपदा से प्रभावित बैंक शाखाओं के क्षेत्र में अस्थायी परिसर से परिचालन करना; (ख) ग्राहकों की तत्काल अपेक्षाएं पूरी करने के लिए मीयादी जमाराशि जैसे खाते में पहुंच संबंधी दंड से छूट देना; (ग) एटीएम के कार्य शीघ्र बहाल करना और ग्राहकों को अन्य एटीएम नेटवर्कों और मोबाइल एटीएम में पहुंच की अनुमति देने की व्यवस्था करना; (घ) नैसर्गिक आपदा से प्रभावित लोगों द्वारा नए खाते खोलने की क्रियाविधि सरल करना; (ङ) विद्यमान ऋणों का पुनर्निर्धारण; और (च) उपभोग ऋण की सीमा बढ़ाना । इसके अलावा, बैंकों को 4 सितंबर 2006 को यह भी सूचित किया गया कि ऋण अधिस्थगन, पुनर्निर्धारित ऋणों के लिए अतिरिक्त संपार्श्विक तथा नए वित्त के संबंध में आस्ति वर्गीकरण संबंधी अनुदेश कृषि के अलावा उद्योग और व्यापार के खातों सहित प्रभावित पुनर्निर्धारित सभी उधार खातों पर लागू होंगे।

महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र को राहत उपायों का पैकेज

2.47 महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में छह ऋणग्रस्त जिलों में किसानों की परेशानी कम करने के लिए प्रधान मंत्री महोदय ने पुनर्वास पैकेज की घोषणा की थी ताकि प्रभावित उधारकर्ता बैंकिंग प्रणाली से नए ऋण प्राप्त करने के लिए तुरंत पात्र बन सकें। इस पैकेज में 1 जुलाई 2006 के अतिदेय ऋणों पर संपूर्ण ब्याज छह ऋणग्रस्त जिलों (अमरावती, वर्धा, यवतमाल, अकोला, वाशिम और बुलढ़ाणा) में माफ कर दी गई और अतिदेय ऋणों का मूल धन एक वर्ष के अधिस्थगन के साथ 3-5 वर्षों की अवधि के लिए पुनर्निर्धारित किया गया। इस पैकेज के अनुसार उक्त छह जिलों में 1,275 करोड़ रुपए का अतिरिक्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा। बैंकों द्वारा जारी की जानेवाली 1,275 करोड़ रुपए की कुल ऋण राशि का आबंटन उक्त जिलों में कार्यरत बैंकों के बीच एसएलबीसी द्वारा किया गया। भारत सरकार ने विदर्भ के जिलों में ब्याज से छूट के लिए बैंकों को प्रतिपूर्ति के लिए 356 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं।

आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के ऋणग्रस्त जिलों के लिए पैकेज

2.48 भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के 25 ऋणग्रस्त जिलों में किसानों की परेशानी कम करने के लिए पैकेज अनुमोदित किया था। इस पैकेज में कृषि ऋण के बारे में निम्न बातें शामिल हैं। एक, 25 प्रभावित जिलों में 1 जुलाई 2006 के अतिदेय ऋण का संपूर्ण ब्याज माफ किया जाएगा और उक्त तिथि को किसानों पर पिछले ब्याज का भार नहीं होगा ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से नए ऋण लेने के लिए तुरंत पात्र हो जाएं। दो, किसानों के 1 जुलाई 2006 के अतिदेय ऋण 3-5 वर्ष की अवधि के लिए पुनर्निर्धारित किए जाएंगे जिसमें एक वर्ष की अधिस्थगन अवधि होगी। तीन, 2006-07 के दौरान आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के प्रभावित जिलों में क्रमशः 13,818 करोड़ रुपए, 3,076 करोड़ रुपए और 1,945 करोड़ रुपए का ऋण प्रवाह सुनिश्चित किया जाएगा।

2.49 भारत सरकार ने आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के प्रभावित जिलों में ब्याज माफी के लिए बैंकों को प्रतिपूर्ति के लिए क्रमशः 718 करोड़ रुपए, 105 करोड़ रुपए और 180 करोड़ रुपए स्वीकृत किए।

साहूकारी पर विधान की समीक्षा के लिए तकनीकी दल

2.50 अखिल भारतीय ऋण और निवेश सर्वेक्षण (एनएसएस उनसठवां चक्र) ने यह बात प्रकट की थी कि ग्रामीण परिवारों की कुल देयता में साहूकारों का हिस्सा 1991 के 17.5 प्रतिशत से बढ़कर 2002 में 29.6 प्रतिशत हो गया। यह मानते हुए कि साहूकारों के प्रति अधिक ऋणग्रस्तता किसानों की परेशानी का मुख्य कारण होगा, 2006-07 के वार्षिक नीति वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसार साहूकारी से संबंधित विद्यमान विधायी ढांचे की कार्यक्षमता और विभिन्न राज्यों में उसे लागू करने की प्रक्रिया की समीक्षा करने तथा ग्रामीण परिवारों के हित में विधायी और कार्यान्वयन के ढांचे में सुधार लाने के लिए राज्य सरकारों को सिफारिश करने के लिए साहूकारी पर बने कानूनों की समीक्षा के लिए एक तकनीकी दल (अध्यक्ष: श्री एस.सी.गुप्ता) का गठन किया गया। इस दल ने अपनी रिपोर्ट 15 जून 2007 को प्रस्तुत की जो संबंधितों के विचार जानने के लिए पब्लिक डोमेन पर रखी गई है।

2.51 इस दल ने अन्य बातों के साथ-साथ उन राज्य सरकारों द्वारा विचार करने तथा स्वीकार करने के लिए मॉडल विधान की सिफारिश की जिनके यहां वर्तमान में साहूकारी संबंधी कोई व्यापक कानून न हो। प्रस्तावित मॉडल विधि में अंतरराष्ट्रीय और घरेलू तौर पर उपलब्ध समरूपी विधायी महत्वपूर्ण घटकों को दर्शाया गया है। दल ने विवाद के शीघ्र अनौपचारिक और आसान निपटान और बेहतर कार्यान्वयन के लिए विद्यमान विधान में कुछ आशोधनों की सिफारिश की। मॉडल विधान में निम्न प्रावधान हैं : (क) साहूकारों द्वारा पंजीयन की अनिवार्यता तथा उनके पंजीयन के आवधिक नवीकरण की सरल और अबाध क्रियाविधि; (ख) साहूकारों द्वारा प्रभार्य ब्याज की अधिकतम राशि को सीमित करने

बॉक्स II.6: साहूकारी पर विधान की समीक्षा के लिए तकनीकी दल

उक्त तकनीकी दल (अध्यक्ष : श्री एस.सी.गुप्ता) ने निम्न सिफारिशें कीं:

- साहूकारों का राज्य सरकार के पास पंजीयन अनिवार्य होना चाहिए। अपंजीकृत साहूकारों पर दंड लगाया जाएगा। पंजीयन और नवीकरण की प्रक्रिया सरल और बाधारहित होनी चाहिए।
- साहूकारी लेनदेन के विनियमन के विधान पर ध्यान केंद्रित करने की दृष्टि से बैंक, सांविधिक निगम, सहकारी संस्थाएं, वित्तीय संस्थाएं, एनबीएफसी और रिजर्व बैंक को उक्त विधान की परिधि से बाहर रखने की आवश्यकता है।
- बाजार की वास्तविकताओं के अनुरूप ब्याज दरों को समायोजित करने का लचीलापन राज्य सरकारों को देने की दृष्टि से, साहूकारों द्वारा प्रभार्य अधिकतम ब्याज दरें राज्य सरकार को समय-समय पर अधिसूचित करनी चाहिए। अधिकतम दर निर्धारित करते समय प्रभार्य ब्याज दर का दायरा और लागत तथा अन्य व्ययों को हिसाब में लेना चाहिए। सूदखोरी रोकने के लिए दामदुप्पट नियम की सिफारिश की गई है।
- तेज और किफायती न्याय दान के लिए लोक अदालत और न्याय पंचायत जैसे वैकल्पिक विवाद निपटान तंत्र की सिफारिश की गई है। वैकल्पिक रूप से, राज्य सरकारें साहूकारों और मान्यताप्राप्त साहूकारों के उधार लेनदेनों से संबंधित विवादों से निपटने के लिए तीव्र गति न्यायालय / पदनामित न्यायालयों के गठन पर विचार कर सकती हैं। मंच के चुनाव का निर्णय राज्य सरकारों का होगा जो स्थानीय स्थिति पर निर्भर होगा।
- विधान के कार्यान्वयन/संचालन पर उचित निगरानी रखना सुनिश्चित करने के लिए एक नई धारा प्रस्तावित की गई है जिसके अनुसार राज्य सरकार के लिए यह अपेक्षित होगा कि वह विधान के संचालन की वार्षिक रिपोर्ट राज्य की विधायिका के सामने रखे।
- राज्य सरकार को अधिसूचित किये गये अनुसार ब्याज की अधिकतम दर पंजीकृत कराने के लाभ, अधिनियम के अंतर्गत के अपराध और विवाद निपटान तंत्र के प्रकाशन के पर्याप्त प्रयास करने चाहिए।
- राज्यों के साहूकारी विधान में एक नए अध्याय की सिफारिश की गई है जो औपचारिक और अनौपचारिक ऋणदाता, जो 'मान्यताप्राप्त ऋणदाता' कहलाएंगे, के बीच संबंध स्थापित करेगा।
- तकनीकी दल ने बैंकों/वित्तीय संस्थाओं तथा 'मान्यताप्राप्त ऋणदाता' के बीच रक्षोपाय के रूप में करार में कुछ शर्तें रखने की सिफारिश की है।
- संस्थागत ऋणदाताओं द्वारा मान्यताप्राप्त ऋणदाताओं को दिए गए अग्रिम प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधार माने जाएंगे। इससे बैंक संस्थागत ऋणदाता की भूमिका में मान्यताप्राप्त ऋणदाता के माध्यम से ऋण देने के अतिरिक्त कारोबार के लिए प्रोत्साहित होंगे।

के लिए दामदुप्पट नियम अपनाना; और (ग) अधिकतम ब्याज दर का बाजार दरों के अनुरूप आवधिक पुनर्निर्धारण। इस दल ने औपचारिक और अनौपचारिक ऋण दाताओं के बीच संबंध स्थापित करने की संभावना की खोज भी की जिससे कोई साहूकार 'मान्यताप्राप्त ऋणदाता' अर्थात् औपचारिक क्षेत्र के लिए अतिरिक्त ऋण सुपुर्दगी माध्यम के रूप में कार्य कर सके बशर्ते इस बाबत रक्षोपाय किए जाएं (बॉक्स II.6)।

4. वित्तीय समावेशन

2.52 वित्तीय समावेशन का अर्थ है अलाभप्राप्त और कम आय समूह के उस बड़े भाग को वहनीय लागत पर बैंकिंग सुविधाएं देना जो सामान्यतः औपचारिक बैंकिंग माध्यम से बाहर रह जाता है। पिछले तीन दशकों के दौरान बैंकिंग क्षेत्र के व्यापक विस्तार के बावजूद विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत सारे परिवार औपचारिक बैंकिंग प्रणाली के कवरेज से बाहर रह गए हैं। रिजर्व बैंक के वित्तीय समावेशन के व्यापक दृष्टिकोण का लक्ष्य लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ना है, उन्हें ऋण देने मात्र से नहीं; लोगों को भुगतान प्रणाली तक पहुंच देना; और वित्तीय समावेशन को सक्षम कारोबारी मॉडल और अवसर बनाना है । 'वित्तीय समावेशन' के प्रयासों में सामान्य लोगों की बैंकिंग और वित्तीय आवश्यकताओं के प्रति बैंकों को संवेदनशील बनाना और आधारभूत बैंकिंग सुविधाओं तक लोगों की पहुंच सुनिश्चित करना शामिल है। इस दृष्टिकोण के अनुसरण में रिजर्व बैंक ने वित्तीय रूप से बाहर रहे लोगों को औपचारिक वित्तीय प्रणाली के अंतर्गत लाने के लिए हाल के वर्षों में अनेक उपाय किए हैं। अप्रैल 2006-07 के वार्षिक नीति वक्तव्य में सभी बैंकों से आग्रह किया गया है कि वे रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर वित्तीय समावेशन के बाबत घोषित उपाय अपनी सभी शाखाओं में लागू करें।

2.53 'शून्य शेष' या 'नो फ्रिल्स' खाते की शुरुआत से जनसामान्य के लिए बैंक खाता खोलना सरल हो गया है। किंतु बैंकिंग सुविधाओं को ग्राहक के करीब ले जाना और विशेष रूप से दूरस्थ और बैंक रहित क्षेत्रों में तथा लेनदेन लागत कम रखना एक चुनौती बना हुआ है। इसे उपयुक्त प्रौद्योगिकी की सहायता से वहनीय बुनियादी सुविधाओं और कम परिचालन लागत से किया जाना है। 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य में की गई घोषणा के अनुसरण में 7 मई 2007 को बैंकों से अनुरोध किया गया कि वे उपयुक्त प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए वित्तीय समावेशन के अपने प्रयास बढ़ाएं और यह सुनिश्चित करें कि विकसित किए गए समाधान (i) अति सुरक्षित हों; (ii) लेखा-परीक्षा के योग्य हों, और (iii) विभिन्न बैंकों द्वारा अपनायी गयी विभिन्न

प्रणालियों के बीच अंतर-परिचालनीयता के लिए व्यापक रूप से स्वीकृत खुले मानक के हों। बैंकों ने अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए स्मार्ट कार्ड/मोबाइल प्रौद्योगिकी की सहायता से प्रायोगिक परियोजनाएं प्रारंभ की हैं। ग्राहकों की अलग पहचान के लिए बायोमेट्रिक पद्धति का उपयोग भी बढ़ता जा रहा है।

100 प्रतिशत वित्तीय समावेशन के लिए प्रायोगिक परियोजना : स्थिति और भावी कार्रवाई

2.54 सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राज्य स्तरीय/केंद्रशासित प्रदेश स्तरीय बैंकर समितियों (एसएलबीसी/यूटीएलबीटी) के संयोजक बैंकों को 28 अप्रैल 2006 को सूचित किया गया कि वे 'नो फ्रिल्स' खाता उपलब्ध कराकर और सामान्य प्रयोजनीय क्रेडिट कार्ड जारी करके 100 प्रतिशत वित्तीय समावेशन प्राप्त करने के लिए प्रत्येक राज्य/केंद्रशासित प्रदेश में कम से कम एक जिले की पहचान करें। उन्हें यह भी सूचित किया गया कि प्राप्त अनुभव के आधार पर 100 प्रतिशत वित्तीय समावेशन अन्य क्षेत्रों/जिलों तक बढ़ाया जाए। एसएलबीसी/यूटीएलबीसी को यह भी सूचित किया गया कि वे राज्य में कार्यरत बैंकों को 100 प्रतिशत वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने का दायित्व लेने के लिए गांव आबंटित करें और यह भी कि सितंबर 2006 से एसएलबीसी/यूटीएलबीसी की बैठकों में वित्तीय समावेशन की निगरानी की जाए। अब तक, 160 जिलों की पहचान की गई है और संपूर्ण पुदुचेरी केंद्रशासित प्रदेश में तथा आठ राज्यों (आंध्र प्रदेश, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, केरल, पंजाब और पश्चिम बंगाल) के 28 जिलों में 100 प्रतिशत वित्तीय समावेशन हो गया है। हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों में वित्तीय समावेशन प्राप्त किया गया है। इन जिलों में वित्तीय समावेशन प्राप्ति में हुई प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है ताकि इस बाबत भावी कार्रवाई की रूपरेखा बनाई जा सके।

ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में जमाकर्ताओं और लघु ऋणकर्ताओं को सेवाएं

2.55 वर्ष 2005-06 के वार्षिक नीति वक्तव्य में बैंकों द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में ऋण देने पर ग्राहक संतुष्टीकरण के आकलन के लिए एक सर्वेक्षण का प्रस्ताव किया गया। तदनुसार, राष्ट्रीय अनुप्रयुक्त आर्थिक अनुसंधान परिषद को यह कार्य सौंपा गया कि वह ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वाणिज्य बैंकों की शाखाओं द्वारा अपने ग्राहकों (जमाकर्ताओं और लघु ऋणकर्ताओं) को दी गई सेवाओं की गुणवत्ता पर एक अध्ययन करे। परिषद ने जनवरी 2006 में अध्ययन शुरू किया और अक्तूबर 2007 में एक मसौदा रिपोर्ट प्रस्तुत की। अध्ययन में 30 राज्यों/संघशासित प्रदेशों से देश भर में फैली 930 बैंक शाखाओं और 9,300 जमाकर्ताओं और 13,950 उधारकर्ताओं को शामिल किया गया। पटल पर त्वरित सेवा सुपुर्दगी और ग्राहकों के बीच बैंक कर्मियों का पेशेवराना व्यवहार ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में ग्राहक संतोष के प्रमुख निर्धारक थे।

ऋण परामर्श : प्रायोगिक आधार पर केंद्रों की स्थापना

2.56 आपदाग्रस्त किसानों को मदद देने के लिए उपाय सुझाने हेतु रिज़र्व बैंक द्वारा बनाए गए कार्य दल (अध्यक्ष : प्रो. एस.एस.जोल) ने सिफारिश की थी कि ऋण की व्यवहार्यता बढ़ाने के लिए वित्तीय और आजीविका परामर्श महत्वपूर्ण हैं। इसके अलावा, कृषि ऋणों के लिए क्रियाविधि और प्रक्रिया की जांच के लिए बनाए गए कार्य दल (अध्यक्ष: श्री सी.पी.स्वर्णकार) ने भी सिफारिश की थी कि बैंकों को ऋण और तकनीकी परामर्श के लिए या तो वैयक्तिक अथवा सामूहिक संसाधनों के स्तर पर, परामर्श केंद्र खोलने पर सक्रियता से विचार करना चाहिए ताकि सापेक्षिक रूप से कम विकसित क्षेत्रों में ऋण देने के लिए विशेष जोर दिया जा सके। इन दो दलों की सिफारिशों के आलोक में, जैसा कि 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य में घोषित किया गया, राज्य स्तरीय बैंकर समिति के संयोजक बैंकों को सलाह दी गई कि वे प्रायोगिक आधार पर किसी एक जिले में वित्तीय साक्षरता-सह-परामर्श केंद्र खोलें। प्राप्त अनुभव के आधार पर संबंधित लीड बैंक अन्य जिलों में ऐसे केंद्र स्थापित करें।

मध्यस्थों का एजेंट के रूप में प्रयोग

2.57 जनवरी 2006 में, रिज़र्व बैंक ने कारोबार सहायक (बीएफ) और कारोबार संपर्की (बीसी) के प्रयोग के माध्यम से वित्तीय और बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने में, मध्यस्थों के रूप में, गैर सरकारी संगठनों/स्वयं सहायता समूहों, व्यष्टि वित्त संस्थाओं (एनबीएफसी छोड़कर) तथा अन्य नागरिक सोसायटी संगठनों की सेवाओं का उपयोग करने की अनुमति बैंकों को दी। कारोबार संपर्की मॉडल में ग्रामीण जनसंख्या को बहुत पास के किसी स्थान में 'नकदी जमा करने/नकदी निकालनेट के सौदों को करने की अनुमति बैंकों को दी गई, इस प्रकार इससे दूरी संबंधी समस्या हल हुई। बैंक कारोबार संपर्की के रूप में डाकघरों के विशाल नेटवर्क का प्रयोग करने के लिए डाक प्राधिकारियों से भी करार कर रहे हैं, इस प्रकार उनकी पहुंच को विस्तृत करने और स्थानीय जनता के संबंध में डाकिए की घनिष्ठ जानकारी का और उसमें विश्वास करने की भावना का दोहन करने को बल मिला।

विभिन्न राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों में बैंकिंग सेवाओं के सुधार पर कार्यदल

2.58 रिज़र्व बैंक बैंकों की पहुँच और उनकी सेवाओं के दायरे को विस्तृत करने तथा कम विकसित राज्यों/संघशासित प्रदेशों में वित्तीय

समावेशन को बढ़ावा देने के उपाय करता रहा है। 2005-06 के दौरान, रिज़र्व बैंक ने क्रमशः उत्तर-पूर्वी क्षेत्रों (अध्यक्षः श्रीमती उषा थोरात) और उत्तराखंड (अध्यक्ष : श्री वी.एस.दास) में बैंकिंग सेवाओं से संबंधित समस्याओं/मुद्दों की जांच के लिए दो समितियां/कार्यदल गठित किए। 2006-07 के दौरान रिज़र्व बैंक ने बिहार, हिमाचल प्रदेश, लक्षद्वीप और छत्तीसगढ़ राज्यों में बैंकिंग सेवाओं की देखरेख करने के लिए चार और कार्यदल बनाए।

2.59 उत्तर पूर्व क्षेत्र में और अधिक वित्तीय समावेशन तथा वित्तीय सेवाओं की व्यवस्था के लिए एक निगरानीयोग्य कार्य योजना तैयार करने के उद्देश्य से, रिज़र्व बैंक ने उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के लिए वित्तीय क्षेत्र योजना पर एक समिति (अध्यक्ष श्रीमती उषा थोरात) बनाई। समिति ने जुलाई 2006 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। समिति ने आधारभूत सुविधा को बढ़ाने, अनुकूल निवेश वातावरण तैयार करने, विकास के लिए रणनीतिक लाभ के कुछ क्षेत्रों पर फोकस करने और अनुकूल ऋण संस्कृति को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। समिति की सिफारिशों के कार्यान्वियन की रिजर्व बैंक द्वारा करीब से निगरानी की जा रही है। उत्तरपूर्वी क्षेत्र में बैंकों के ऋण प्रवाह की समीक्षा करते समय सिक्किम राज्य को शामिल करने के लिए भारत सरकार के अनुरोध पर रिज़र्व बैंक के पश्चिम बंगाल और सिक्किम के क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सिक्किम राज्य के लिए एक कार्य दल बनाया गया जो वित्तीय क्षेत्र योजना पर बनी समिति को सिक्किम राज्य के लिए कार्य योजना की सिफारिश करेगा। इस कार्य दल ने सिफारिशों के कार्यान्वियन के लिए 22 जून 2007 को सभी पणधारियों को अपनी रिपोर्ट भेजी।

2.60 उत्तराखंड में बैंकिंग सेवाओं से संबंधित समस्याओं/मुद्दों की जांच करने और इस प्रयोजन के लिए एक कार्य योजना तैयार करने के लिए मई 2006 में एक कार्यदल (अध्यक्षः श्री वी.एस.दास) बनाया गया । दल ने 14 अगस्त 2006 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। सिफारिशों की कार्रवाई मदों को कार्यान्वियन के लिए संबंधित एजेंसियों को भेज दिया गया है।

2.61 बिहार राज्य के बैंकरों और उधारकर्ताओं की समस्याओं पर विचार करने के लिए एक कार्य दल (अध्यक्षः श्री वी.एस.दास) बनाया गया। दल की सिफारिशों को राज्य स्तरीय बैंकर समिति, बैंकों और बिहार की राज्य सरकार द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में बैंकिंग सेवाओं में सुधार के लिए कार्य योजना बनाने हेतु रिजर्व बैंक के छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में भी एक कार्यदल बनाया गया। दल की सिफारिशें कार्यान्वियनाधीन हैं।

2.62 केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप प्रायद्वीप में बैंकिंग सेवाओं का अध्ययन करने के लिए रिज़र्व बैंक के केरल और लक्षद्वीप केंद्र शासित प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में एक कार्यदल बनाया गया। यह दल शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

2.63 राज्य के आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए हिमाचल प्रदेश की राज्य सरकार द्वारा की गई पहल को सहायता देने में बैंक और वित्तीय संस्थाओं की भूमिका की समीक्षा के लिए और राज्य में बैंकिंग प्रणाली के अधिक विस्तार/प्रवेशन को बढ़ावा देने के लिए उपायों की संस्तुति करने के लिए रिज़र्व बैंक के पंजाब और हिमाचल प्रदेश तथा संघ शासित प्रदेश चंडीगढ़ के क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में एक दूसरा कार्य दल बनाया गया। इस दल द्वारा 26 सितंबर 2007 को रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी गयी तथा इसकी सिफारिशों की जांच की जा रही है।

2.64 कुछ अल्प विकसित राज्यों/क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधाओं में सुधार लाने के लिए अक्तूबर 2007 में एक कार्यदल (अध्यक्ष : श्री वी.एस.दास) का गठन किया गया ताकि वह झारखंड राज्य में बैंकिंग सेवाओं की व्याप्ति बढ़ाने के बारे में उपायों की संस्तुति कर सके।

व्यष्टि-वित्त

2.65 गरीबों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में सकारात्मक प्रभाव डालने संबंधी व्यष्टि वित्त की संभावना को स्वीकार करते हुए, रिज़र्व बैंक इसका उचित ढंग से विकास करने के लिए से वातावरण तैयार करने के प्रयास कर रहा है। रिज़र्व बैंक ने कुछेक प्रमुख बैंकों के साथ मिलकर मई 2006 में एक संयुक्त तथ्य अन्वेषण अध्ययन करवाया था। इस अध्यन से पता चला कि बैंकों द्वारा वित्तपोषित अथवा बैंकों की ओर से विकास में कार्य करनेवाली मध्यस्थ/भागीदार कुछ व्यष्टि वित्त संस्थाएं अपेक्षाकृत बेहतर बैंक सुविधा प्राप्त क्षेत्रों में अपना ध्यान अधिक केंद्रित कर रही हैं। वे भी उसी क्षेत्र में कार्य कर रही थीं और गरीबों के उसी सेट तक पहुँचने की कोशिश कर रही थीं और परिणामस्वरूप बहुल ऋण वितरण हो रहा था। पुनश्च, बैंकों द्वारा समर्थित कई कुछ व्यष्टि वित्त संस्थाएं (एमएफआइ) क्षमता निर्माण में और वांछित सीमा तक समूहों को शक्ति सम्पन्न बनाने में स्वयं को नहीं लगा पा रही थीं। इनके अलावा कुछ बैंक, एमएफआइ के प्रधान वित्तप्रदाता के रूप में, अपनी प्रणालियों, प्रथाओं और ऋण प्रदान करने की नीतियों में उन्नयन करने का प्रयास करते नहीं प्रतीत हो रहे थे। अतः नवंबर 2006 में बैंकों को इन निष्कर्षों के बारे में एक एडवाइजरी जारी की गई और उन्हें सलाह दी गई कि वे अपनी ओर से सुधारात्मक कार्रवाई करें।

2.66 हाल ही के वर्षों में व्यष्टि वित्त क्षेत्र ने गति पकड़ी है और इसके कारण विनियमन का मुद्दा सामने आया है। संघ सरकार के समक्ष

एक व्यष्टि वित्त क्षेत्र (विकास और विनियमन) विधेयक, 2007 का मसौदा विचारार्थ रखा गया है जिसमें व्यष्टि वित्त का विनियमन निहित है। यह विधेयक 20 मार्च 2007 में लोक सभा में प्रस्तुत किया गया था। इस विधेयक में छोटी जमाराशियाँ स्वीकार करने के इच्छुक व्यष्टि वित्त संगठनों का पंजीयन नाबार्ड में किए जाने का प्रावधान किया गया था।

स्वर्ण और रजत आभूषणों पर दिए गए ऋण : जोखिम भार को कम करना

2.67 ग्रामीण और शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीब तबके के द्वारा सामान्यतया स्वर्ण और रजत आभूषणों पर ऋण प्राप्त किया जाता है। इन ऋणों को देने में तुलनात्मक रूप से कम जोखिम रहता है क्योंकि इनमें पर्याप्त मार्जिन निहित होता है और संपार्श्विक (स्वर्ण अथवा रजत), विशेष रूप से जब ऋण का आकार छोटा हो, आसानी से बेचा जा सकता है। इस प्रकार के ऋणों के फुटकर (व्यक्तिगत) प्रकृति का होने के कारण वर्तमान में इनका जोखिम भार 125 प्रतिशत रखा गया है। वर्ष 2007-08 के वार्षिक नीतिगत वक्तव्य में स्वर्ण और रजत आभूषणों पर 1 लाख रुपए तक के ऋणों का जोखिम भार सभी श्रेणी के बैंकों के लिए पहले के 125 प्रतिशत के स्तर से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया।

5. विवेकपूर्ण विनियमन

2.68 वर्ष 2006-07 के दौरान रिज़र्व बैंक के विनियामक पहलों का फोकस अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्त्कृष्ट प्रथाओं को अपनाने और उनका सामंजस्य भारतीय प्रथाओं के साथ बैठाने पर रहा ताकि वित्तीय स्थिरता को सुदृढ़ किया जा सके। बासेल - II में सुगमतापूर्वक संक्रमण करना सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप कई प्रकार के उपाय किए गए। बैंकों द्वारा नई पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल - II) के कार्यान्वयन हेतु अंतिम दिशानिर्देश जारी किये जाने के अलावा कुछ प्रमुख पहलों में बैंकों द्वारा दबाव परीक्षण संबंधी दिशानिर्देश जारी करना और नए फ्रेमवर्क में स्तम्भ 3 (बाजार अनुशासन) को मज़बूत करने के लिए प्रकटन मानदंड को उन्नत करना सम्मिलित है। वर्ष के दौरान किए गए अन्य प्रमुख पहलों में सम्मिलित हैं - पूंजी बाजार के प्रति बैंकों के एक्सपोजर के संबंध में विद्यमान दिशानिर्देशों में आशोधन, डेरिवेटिव के बारे में व्यापक दिशानिर्देश जारी करना, आउटसोर्सिंग से जुड़े जोखिमों के प्रबंधन के लिए संशोधित फ्रेमवर्क; अस्थिर प्रावधानों के निर्माण और उपयोग संबंधी विवेकपूर्ण मानदंड जारी करना तथा एनपीए की बिक्री / खरीद संबंधी दिशानिर्देशों में आशोधन करना।

पूंजी पर्याप्तता

बासेल II - नए पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क का कार्यान्वयन

2.69 भारत में पूंजी पर्याप्तता के संबंध में बैंकिंग पर्यवेक्षण पर बासले समिति (बी सी बी एस) फ्रेमवर्क अप्रैल 1992 में लागू की गई, जब सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (विदेशी बैंकों को सम्मिलित करते हुए) से अपेक्षित था कि वे चरणबद्ध रूप से जोखिम भारित आस्ति अनुपात के लिए 8 प्रतिशत पूंजी (सी आर ए आर) बनाए रखें। मार्च 2000 के अंत से निर्धारित न्यूनतम सीआरएआर को बढ़ाकर 9 प्रतिशत कर दिया गया। उपर्युक्त प्रणाली के अंतर्गत तुलन पत्र आस्ति, गैर निधिवाली मदों और अन्य तुलन पत्र से बाहर के एक्सपोजरों को अनिवार्य रूप से निर्धारित जोखिम भार आबंटित किया जाता है और बैंकों को सतत आधार पर जोखिम भारित आस्ति और अन्य एक्सपोजरों के योग पर निर्धारित किए गए अनुपात के समकक्ष अक्षत न्यूनतम पूंजी निधि बनाए रखना पड़ता है। आकार, परिचालनों की जटिलता, वित्तीय क्षेत्र के प्रति सुसंगतता, अधिक वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने की आवश्यकता तथा एक कारगर सुपुर्दगी तंत्र बनाने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए वित्तीय संस्थाओं के विभिन्न श्रेणियों पर लागू पूंजी पर्याप्तता मानदंडों को सख्ती के अलग-अलग स्तरों पर बनाये रखा गया है। भारत में, पूंजी पर्याप्तता नियमों के संबंध में त्रिस्तरीय दृष्टिकोण अपनाया गया है। पहले स्तर पर, वाणिज्य बैंकों को बासेल I के अनुसार ऋण और बाजार जोखिम दोनों के लिए पूँजी रखनी पड़ती है, दूसरे स्तर पर, सहकारी बैंकों से अपेक्षा है कि वे बासेल I फ्रेमवर्क के अनुसार ऋण जोखिम के लिए तथा बाजार जोखिम के लिए प्रतिनिधियों के जरिए पूँजी रखें; तथा तीसरे स्तर पर, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से अपेक्षित है कि वे न्यूनतम अपेक्षित पूँजी रखें जो बासेल I के फ्रेमवर्क के समतुल्य नहीं है।

2.70 बीसीबीएस द्वारा 1996 में जारी 'बाजार जोखिम को शामिल करने के लिए पूँजी समझौते में संशोधन' के तर्ज पर भारत स्थित बैंकों को जून 2004 में सूचित किया गया कि वे बाजार जोखिमों के लिए पूँजी प्रभार रखें। बीसीबीएस ने 26 जून 2004 को 'पूँजी आय और पूँजी मानकों का अंतरराष्ट्रीय अभिसरण : संशोधित फ्रेमवर्क' जारी किया संशोधित फ्रेमवर्क के आधार पर, भारत स्थित बैंकों द्वारा कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा प्रारंभ में 15 फरवरी 2005 को 'पब्लिक डोमेन' में रखकर बैंकों और अन्य पणधारियों के बड़े भाग से प्रतिपुष्टि/ अभिमत माँगे गए। फ्रेमवर्क का व्यापक पाठ जुलाई 2006 में जारी किया गया। प्राप्त प्रतिपुष्टि पर विचार करने के बाद संशोधित पूँजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क (बासेल II) पर अंतिम दिशा-निर्देश 27 अप्रैल 2007 को भारत स्थित बैंकों को जारी किए गए।

2.71 बासेल - II मानदंड मुख्यतया तीन प्रकार के जोखिमों का समाधान करता है, अर्थात ऋण जोखिम, बाजार जोखिम और न्यूनतम पूंजी अपेक्षाओं के लिए परिचालनात्मक जोखिम तथा इसमें तीन स्तंभीय संरचना होती है। प्रथम स्तंभ में न्यूनतम पूंजी अपेक्षाएं, द्वितीय स्तंभ में पर्यवेक्षीय पुनरीक्षा प्रक्रिया और तृतीय स्तंभ में बाजार अनुशासन आते हैं। संशोधित फ्रेमवर्क संबंधी अंतिम दिशानिर्देशों के प्रावधानों के अनुसरण में भारत में बासेल-II में संक्रमित होने वाले सभी वाणिज्य बैंकों (स्थानीय क्षेत्र बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) से अपेक्षित है कि वे बाजार जोखिमों के लिए पूंजी अपेक्षा की गणना के लिए मानक काल दृष्टिकोण (एस डी ए) में रहते हुए ऋण जोखिम के लिए मानक दृष्टिकोण (एस ए) और परिचालन जोखिम के लिए आधारभूत संकेतक दृष्टिकोण (बी आइ ए) अपनाएं। यद्यपि भारत में परिचालन करने वाले विदेशी बैंकों और भारत के बाहर के देशों में परिचालन करनेवाले भारतीय बैंकों से उम्मीद की जाती है कि वे 31 मार्च 2008 से संशोधित फ्रेमवर्क में संक्रमण करें। अन्य सभी वाणिज्य बैंकों (स्थानीय क्षेत्र बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे 31 मार्च 2009 तक किसी भी स्थिति में बासेल-II के अंतर्गत इन दृष्टिकोणों को अंगीकार कर लें। जोखिम भार की गणना के लिए उन्नत दृष्टिकोणों में संक्रमित करने के इच्छुक बैंकों से अपेक्षित है कि वे रिज़र्व बैंक का पूर्वानुमोदन प्राप्त करें। इस प्रकार का अनुमोदन प्राप्त करने के लिए रिज़र्व बैंक से संपर्क करने की पूर्वापेक्षाओं और कार्यविधि को यथासमय जारी किया जाएगी।

2.72 बैंकों से अपेक्षित है कि वे सतत आधार पर के जोखिम भारित आस्ति के लिए न्यूनतम पूंजी अनुपात 9 प्रतिशत पर बना कर रखें। तथापि संबंधित जोखिम कारकों और प्रत्येक बैंक की आंतरिक पूंजी पर्याप्तता के आकलनों को ध्यान में रखकर इस बात को सुनिश्चित करने के लिए कि बैंक द्वारा धारित पूंजी उसके समग्र जोखिम प्रोफाइल के समानुपात में है, रिज़र्व बैंक जोखिम भारित आस्ति के लिए न्यूनतम पूंजी अनुपात हेतु उच्च स्तर विनिर्दिष्ट कर सकता है। बैंकों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे एकल और समेकित दोनों ही स्तरों पर 6 प्रतिशत का न्यूनतम टियर-I अनुपात बना कर रखें। इस स्तर से नीचे रहनेवाले बैंकों के लिए आवश्यक है कि वे 31 मार्च 2010 को या उसके पहले इस स्तर को प्राप्त करें।

2.73 बैंकों की संशोधित फ्रेमवर्क में संक्रमित करना सुनिश्चित करने और उन्हें अपनी प्रणालियों तथा रणनीतियों को युक्तिसंगत बनाने के अवसर प्रदान करने के लिए बैंकों को सूचित किया गया था कि वे संशोधित फ्रेमवर्क (बॉक्स II.7) की समानांतर प्रणाली अपनाएं।

बैंक की पूंजी जुटाने के विकल्पों में वृद्धि

2.74 बासेल - II फ्रेमवर्क के अंतर्गत उम्मीद है कि भारतीय बैंकों को बृहद-पूंजी की आवश्यकता होगी क्योंकि उन्हें ऋण और बाजार

बॉक्स II.7: नए पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क में संक्रमण करना : समानांतर प्रक्रिया

बैंकों का संशोधित फ्रेमवर्क में निर्बध रूप में संक्रमित करना सुनिश्चित करने और उन्हें अपनी प्रणालियों तथा रणनीतियों को युक्तिसंगत बनाने के मद्देनजर बैंकों को सूचित किया गया था कि वे संशोधित फ्रेमवर्क के समानांतर प्रणाली को अपनाएं जिसका संचालन वे 2006-07 से कर रहे थे। बैंकों के बोर्ड से अपेक्षित है कि वे तिमाही आधार पर समानांतर प्रणाली के परिणामों की पुनरीक्षा करें। समानांतर प्रणाली में निम्नलिखित शामिल हैं :

(i) बैंकों से अपेक्षित है कि वे पूंजी पर्याप्तता के विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों - वर्तमान दिशा निदेश और संशोधित फ्रेमवर्क संबंधी दिशानिर्देश दोनों - को सतत आधार पर लागू करें और अपनी सीआरएआर की गणना दोनों दिशानिर्देशों के अंतर्गत करें।

(ii) दोनों दिशानिर्देशों के तहत बैंक के सीआरएआर का विश्लेषण तिमाही अंतराल पर बोर्ड को सूचित करना अपेक्षित है। बोर्ड को उपर्युक्त विश्लेषण सूचित करते समय, बैंकों को चाहिए कि वे संशोधित फ्रेमवर्क के अंतर्गत अपेक्षित अन्य अपेक्षाओं के प्रति अपने अनुपालन का विस्तृत आकलन भी भेजें जिसमें न्यूनतम अपेक्षाएं निम्नानुसार हैं :

क) ऋण जोखिम अल्पीकरण तकनीकों के उपयोग और संपार्श्विक प्रबंधन के संबंध में बोर्ड ने नीति अनुमोदित की;

ख) प्रकटन के संबंध में बोर्ड ने नीति अनुमोदित की;

ग) अंतरिक पूंजी पर्याप्तता मूल्यांकन प्रक्रिया (आइ सी ए ए पी) और साथ ही आइ सी ए ए पी के अनुसार पूंजी अपेक्षा के संबंध में बोर्ड ने नीति अनुमोदित की;

घ) नए पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क के अंतर्गत अपेक्षाओं की पूर्ति के लिए बैंक की प्रबंधन सूचना प्रणाली (एम आइ एस) की पर्याप्तता, कमी को पूरा करने के लिए किए गए प्रयास और इस दिशा में हुई प्रगति;

ङ) संशोधित फ्रेमवर्क के अंतर्गत बैंक के सीआरएआर पर विभिन्न तत्त्वों/पोर्टफोलिओ का प्रभाव;

च) नए पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क के अनुसार परिगणित सी आर ए आर की स्थिति के वैधीकरण की प्रक्रिया लागू करना और इन वैधीकरण उपायों का आकलन/निष्कर्ष/संस्तुतियां;

छ) ऊपर कही गई बातों के संबंध में अतीत में बोर्ड द्वारा दिए गए किसी परामर्श/दिशानिर्देश/निदेश के संबंध में की गई कार्रवाई।

बोर्ड को भेजी जानेवाली तिमाही रिपोर्ट की एक प्रति रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत की जानी चाहिए।

बासेल - II मानदंड लागू करने पर बैंकों द्वारा रखी जा रही न्यूनतम पूंजी विवेकपूर्ण न्यूनतम सीमा, जिसकी गणना ऋण और बाजार जोखिमों के लिए बासेल-I फ्रेमवर्क की आवश्यकताओं के संदर्भ में की गई है, के अध्यधीन है। यह न्यूनतम सीमा संशोधित फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन के प्रथम तीन वर्षों के लिए मार्च समाप्ति की स्थिति के लिए 100 प्रतिशत, 90 प्रतिशत और 80 प्रतिशत निर्धारित की गई है।

जोखिमों के अलावा परिचालनात्मक जोखिमों के लिए भी पूंजी आरक्षित रखने की आवश्यकता होगी। बासेल - II में सुगमतापूर्वक संक्रमण करने और पूंजी निधियां जुटाने के लिए अतिरिक्त विकल्पों के प्रावधान हेतु जनवरी 2006 में बैंकों को अनुमति दी गई थी कि वे नवोन्मेषी शाश्वत ऋण लिखत (आइपीडीआइ), जो टियर-I पूंजी में सम्मिलित होने के लिए पात्र हैं, और ऋण पूंजी लिखतें, जो उपरि टियर - II पूंजी (उपरि टीयर II लिखतें) में सम्मिलित होने के लिए पात्र हैं, जारी करके पूंजी निधि में वृद्धि करें। आरम्भ में बैंकों को ये लिखतें भारतीय रुपए में जारी करने की अनुमति थी परंतु विदेशी मुद्रा में इन्हें जारी करने के लिए प्रत्येक मामले में रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमति लेनी होती थी। पुनश्च, बैंकों द्वारा जारी इन लिखतों से जुटाई गई कुल राशि को आरक्षित निधि संबंधी अपेक्षाओं के प्रयोजनार्थ मांग और मीयादी देयता की गणना के लिए देयता माना जाता था।

2.75 इन दिशानिर्देशों की पुनरीक्षा की गई और जुलाई 2006 में निम्नांकित ढील दी गई :

(i) आइपीडीआइ के माध्यम से बैंक द्वारा जुटाई गई कुल राशि को रिज़र्व आवश्यकताओं के प्रयोजनार्थ की जानेवाली मांग और मीयादी देयता की गणना के लिए देयता नहीं माना जाएगा और इस प्रकार उन पर सी आर आर / एस एल आर की अपेक्षाएं लागू नहीं होंगी।

(ii) आइपीडीआइ के माध्यम से बैंक द्वारा जुटाई गई कुल राशि को, पात्र राशि की गणना पिछले वित्त वर्ष के 31 मार्च को टियर I पूंजी की राशि के संदर्भ में करनी होती है, गुडविल और अन्य अमूर्त आस्ति घटाने के पश्चात परंतु निवेशों को घटाने के पूर्व टियर I पूंजी के 15 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए।

(iii) कारपोरेट ऋण लिखतों में एफ आइ आइ द्वारा निवेश के लिए निर्धारित रुपया मूल्यवर्गित कारपोरेट ऋण हेतु विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा आइपीडीआइ में भारतीय रुपए में किए गए निवेश को बाह्य वाणिज्य उधार (ईसीबी) सीमा से बाहर रखा गया है।

(iv) बैंक कतिपय आवश्यकताओं को पूरा करके रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति प्राप्त किए बगैर विदेशी मुद्रा में आइपीडीआइ/उपरि टियर-II लिखतें जारी करते हुए अपनी पूंजी निधियों में वृद्धि कर सकते हैं। प्रथम, विदेशी मुद्रा में जारी आइपीडीआइ/उपरि टियर-II लिखतों को 25 जनवरी 2006 को जारी दिशानिर्देशों के लिए लागू सभी शर्तों, जब तक उन्हें जुलाई 2006 में विशेष रूप से आशोधित नहीं किया गया, का अनुपालन करना होगा। द्वितीय, आइपीडीआइ के मामले में पात्र राशि के 49 प्रतिशत से अनधिक राशि विदेशी मुद्रा में जारी की जा सकती है। उपरि टियर-II लिखतों के मामले में विदेशी मुद्रा में जारी कुल राशि अक्षत टियर-I पूंजी के 25 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए और उसकी गणना पिछले वित्त वर्ष के 31 मार्च को टियर-I पूंजी की राशि के संदर्भ में, गुडविल और अन्य अमूर्त आस्ति घटाने के पश्चात परंतु निवेशों को घटाने के पूर्व, की जानी चाहिए। विदेशी मुद्रा में जारी इन लिखतों के द्वारा जुटाई गई राशि प्राधिकृत व्यापारियों द्वारा विदेशी मुद्रा उधारी के लिए विद्यमान सीमा के अतिरिक्त होगी। तृतीय, एफ आइ आइ द्वारा उपरि टियर-II लिखतों में भारतीय रुपए में किए गए निवेश कारपोरेट ऋण लिखतों अर्थात 1.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर में निवेश की सीमा से बाहर रहेंगे। तथापि इन लिखतों में एफ आइ आइ द्वारा किए जाने वाले निवेश के लिए एक अन्य 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर की उच्चतम सीमा लागू होगी।

2.76 भारतीय बैंकों को टियर I और ऊपरी टियर II पूंजी जुटाने के लिए लिखतों के अधिक विकल्प उपलब्ध कराने की दृष्टि से बैंकों को अक्तूबर 2007 में अनुमति दी गई कि वे विद्यमान कानूनी प्रावधानों के अधीन टियर I पूंजी के रूप में स्थायी असंचयी अधिमानी शेयर जारी करके भारतीय रुपए में अधिमानी शेयर जारी कर सकते हैं। स्थायी संचयी अधिमानी शेयर, शोधन योग्य असंचयी अधिमानी शेयर और शोधन योग्य संचयी अधिमानी शेयर ऊपरी टियर II पूंजी के रूप में अनुमत किए गए। स्थायी असंचयी अधिमानी शेयर ईक्विटी के समतुल्य माने जाएंगे, अतः इन लिखतों पर देय कूपन को लाभांश (लाभ और हानि लेखे का विनियोजन) माना जाएगा। ऊपरी टियर II अधिमानी शेयर देयता माने जाएंगे, इसलिए उन पर देय कूपन ब्याज (लाभ हानि लेखे पर प्रभारित) माना जाएगा। बैंकों द्वारा स्थायी असंचयी अधिमानी शेयर जारी करके जुटायी गई कुल राशि आरक्षित निधि अपेक्षा के प्रयोजनार्थ निवल मांग और मीयादी देयता की गणना के लिए देयता के रूप में नहीं मानी जाएगी, इस प्रकार सीआरआर / एसएलआर अपेक्षा लागू नहीं होगी। बैंकों द्वारा ऊपरी टियर II लिखतों के माध्यम से जुटायी गई कुल राशि आरक्षित निधि अपेक्षा के प्रयोजनार्थ निवल मांग और मीयादी देयता की गणना के लिए देयता मानी जाएगी जिससे सीआरआर / एसएलआर अपेक्षा लागू होगी।

दबाव परीक्षण संबंधी दिशानिर्देश

2.77 भलीभांति अभिकल्पित और कार्यान्वित आघात परीक्षण फ्रेमवर्क बैंकों की जोखिम प्रबंधन प्रणालियों की अनुपूर्ति करेगी तथा इन प्रणालियों को अधिक सख्त बनाने में मदद करेगी। दबाव परीक्षण

में संभावी घटनाओं का अभिज्ञान करना और भविष्य की आर्थिक दशा जो बैंक के क्रेडिट एक्सपोजर को विपरीत ढंग से प्रभावित कर सकती है और ऐसी घटनाओं से प्रोद्भूत घाटे को सहने में बैंकों की क्षमता का आकलन करना सम्मिलित है। अंतरराष्ट्रीय रूप से दबाव परीक्षण बैंक की जोखिम प्रबंधन प्रणाली का एक अटूट भाग बन चुका है और इसका उपयोग वित्तीय परिवर्ती में किन्हीं असंभावी परंतु सत्यभाषी घटनाओं अथवा संचलनों के प्रति संभावित असुरक्षा का मूल्यांकन करने के लिए किया जाता है। बैंक में आम तौर पर दो प्रकार के दबाव परीक्षणों का उपयोग किया जाता है अर्थात संवेदनशीलता परीक्षण और परिदृश्य परीक्षण। ये परीक्षण अलग-अलग अथवा एक दूसरे से जोड़कर किए जा सकते हैं।

2.78 सामान्यतया संवेदशीलता परीक्षण का उपयोग बैंक की वित्तीय स्थिति पर एक परिवर्ती में बदलाव के प्रभाव (उदाहरणार्थ प्रतिलाभ वक्र (यील्ड कर्व) में उच्चा मैग्नीट्यूड पैरालेल परिवर्तन, विदेशी मुद्रा दरों में महत्वपूर्ण संचलन; ईक्विटी सूचकांक में अत्यधिक संचलन) का आकलन करने के लिए किया जाता है। परिदृश्य परीक्षणों में भूतकाल में घटित किसी एक घटना (अर्थात: ऐतिहासिक परिदृश्य-जैसे प्राकृतिक आपदा, स्टॉक बाजार का धराशायी होना, किसी देश के विदेशी मुद्रा रिज़र्व का लुप्त होना) अथवा सत्याभासी बाजार की घटना जो अभी तक घटित नहीं हुई (अर्थात आनुमानिक परिदृश्य उदाहरणार्थ संपूर्ण क्षेत्र/देश में दूरसंचार प्रणाली का ढह जाना, तीव्र आर्थिक गिरावट का अचानक या अधिक समय तक होना) पर आधारित कई परिवर्तियों (उदाहरणार्थ ईक्विटी कीमत, तेल की कीमत, विदेशी मुद्रा दरें, ब्याज दरें, चलनिधि इत्यादि) में एक साथ हुए संचलन, और बैंकों की वित्तीय स्थिति पर उनके प्रभाव का आकलन सम्मिलित हैं।

2.79 आस्ति पोर्टफोलिओ जिसमें विभिन्न परिदृश्य आते हैं, पर भी दबाव परीक्षण किए जाते हैं। विभिन्न परिदृश्यों में आर्थिक अवनति, औद्योगिक अवनति, बाजार जोखिम घटनाएं और चलनिधि परिस्थितियों में अचानक मोड़ का आना सम्मिलित है। इसके अलावा संवेदनशील क्षेत्रों और आस्ति के उच्च जोखिम श्रेणी के प्रति एक्सपोजर को आस्ति मूल्य संचलन के लिए वास्तविक धारणा पर आधारित दबाव परीक्षणों से बार-बार होकर गुजरना होगा। दबाव परीक्षण बैंकों का जोखिम आकलन अधिक शुद्धता से करने में सक्षम बनाते हैं और इस प्रकार यथोचित पूंजी आवश्यकता के लिए योजना बनाने में सुविधा मिलती है।

2.80 भारत में बैंकों ने अब जोखिमों का मापन और प्रबंधन करने के लिए सांख्यिकीय मॉडल को उपयोग में लाना प्रारंभ किया है। अत: इनके लिए दबाव परीक्षण उपयोगी हैं। पुनश्च, बासेल-II फ्रेमवर्क के स्तंभ-2 के अंतर्गत पर्यवेक्षी पुनरीक्षा प्रक्रिया न केवल यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंकों के पास अपने कारोबार से जुड़े सभी जोखिमों के समर्थन में पर्याप्त पूंजी है अपितु बैंकों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी है कि वे अपने जोखिमों की निगरानी और प्रबंधन के लिए बेहतर जोखिम प्रबंध तकनीक विकसित करें और उन्हें उपयोग में लाएं। भारत में जोखिम प्रबंधन साधन के रूप में बैंकों द्वारा 'दबाव परीक्षण' अपनाये जाने की जरूरत के लिए वर्ष 2006-07 के वार्षिक नीति वक्तव्य में जोर दिया गया। तदनुसार रिज़र्व बैंक द्वारा 26 जून 2007 को दबाव परीक्षण के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए। दिशा निदेशों के प्रावधानों के अनुसरण में बैंकों से अपेक्षित है कि वे 30 सितंबर 2007 तक विभिन्न जोखिम कारकों के लिए उपयुक्त दबाव परीक्षण नीतियाँ और संबंधित दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क लागू करें।

2.81 बैंकों से कहा गया है कि वे प्रयोग के आधार पर दबाव परीक्षण आरंभ करें और इन प्रायोगिक परीक्षणों के परिणामों का उपयोग फ्रेमवर्क को और भी कारगर बनाने के लिए प्रतिपुष्टि के तौर पर करें। यह भी निर्णय किया गया कि बैंकों को थोड़ा और समय दिया जाए ताकि वे दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क को कारगर कर सकें। बैंकों से अपेक्षित है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके औपचारिक दबाव परीक्षण फ्रेमवर्क, जो दिशानिर्देशों के अनुरूप हैं, 31 मार्च 2008 से परिचालन में आ जाएं। दबाव परीक्षण से संबंधित दिशानिर्देश, जो बासेल II फ्रेमवर्क के संदर्भ में आवश्यक हैं, अलग से जारी किए जाएंगे।

बैंक के प्रकटीकरण में विस्तार

2.82 बाजार अनुशासन को प्रोत्साहित करने के लिए रिज़र्व बैंक ने प्रकटन अपेक्षाओं का एक सेट विनिर्दिष्ट किया है। बीसीबीएस के स्तंभ 3 प्रकटन फ्रेमवर्क के मद्देनजर भारतीय बैंकों के लिए अभिकल्पित प्रकटन अपेक्षाओं को औद्योगिक विकास और इस क्षेत्र में सतत निगरानी से प्राप्त अनुभवों के के आलोक में कारगर बनाया जा रहा है।

2.83 यह सुनिश्चित करने के लिए कि बैंकों के द्वारा उनके अपने सांविधिक रिज़र्व से किया गया आहरण विवेकपूर्ण है और विनियामक मानदंडों में से किसी का भी उल्लंघन इससे नहीं होता है, बैंकों को सितंबर 2006 में सूचित किया गया था कि वे (i) किसी सांविधिक रिज़र्व अथवा किसी अन्य रिज़र्व से विनियोजन किए जाने से पूर्व रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति प्राप्त करें; (ii) सभी प्रकार के व्ययों, जिसमें किसी अवधि के दौरान प्रावधान और बट्टे खाते भी सम्मिलित हैं चाहे वे अधिदेशी हों अथवा विवेकपूर्ण, को उस अवधि के लिए लाभ-हानि लेखे में 'शुद्ध लाभ की गणना से पहले' मद के रूप में दर्ज किया जाए; (iii) रिज़र्व में से जब कोई आहरण रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति लेकर किया जाता है, तब उसे वर्ष के लिए लाभ/हानि की गणना करने के पश्चात प्रभावी

करें; और (iv) यह सुनिश्चित करें कि रिज़र्व में से किए गए इस प्रकार के आहरणों के लिए तुलनपत्र में 'लेखों के संबंध में नोट' में उचित प्रकटन किया जाता है।

2.84 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से अपेक्षित है कि वे 29 मार्च 2003 के परिपत्र के अनुसार ए एस - 17 के अंतर्गत खण्ड रिपोर्टिंग के प्रयोजनार्थ तीन कारोबारी खण्ड अर्थात एक समान कारोबारी खण्ड के रूप में 'राजकोष', 'अन्य बैंकिंग कारोबार' और 'अवशिष्ट' तथा एक समान भौगोलिक खण्ड के रूप में 'देशी' और 'अंतरराष्ट्रीय' को अपनाएं। 'अन्य बैंकिंग कारोबार' खण्ड के बृहद होने के कारण तुलनपत्र में पर्याप्त पारदर्शिता लाने के लिए इस खण्ड को निम्नांकित तीन श्रेणियों में बांटे जाने का निर्णय किया गया है, अर्थात कारपोरेट/थोक बैंकिंग, फुटकर बैंकिंग और अन्य बैंकिंग परिचालन। सभी पणधारियों से प्रतिपुष्टि लेने के लिए संशोधित दिशानिर्देशों का मसौदा 19 दिसंबर 2006 को रिज़र्व बैंक के वेबसाइट में डाला गया। प्रतिपुष्टि के आधार पर 18 अप्रैल 2007 को अंतिम दिशानिर्देश जारी किए गए। तदनुसार 31 मार्च 2008 से बैंकों के द्वारा पब्लिक रिपोर्टिंग के लिए निम्नांकित कारोबार खण्ड अपनाए जाएंगे (क) राजकोष (ख) कारपोरेट/थोक बैंकिंग (ग) फुटकर बैंकिंग (घ) अन्य बैंकिंग परिचालन। 'फुटकर बैंकिंग' खण्ड में ऐसे एक्सपोजर सम्मिलित हैं जो फुटकर एक्सपोजरों के लिए पूंजी माप और पूंजी मानकों की अंतरराष्ट्रीय समभिरूपताटः संशोधित फ्रेमवर्कट नामक बी सी बी एस दस्तावेज, में यथावर्णित अभिमुखीकरण, उत्पाद, कणीयता और व्यक्तिगत एक्सपोजरों के निम्न मूल्य मानदंडों को पूरा करते हैं। एएस 17 के तहत रिपोर्ट करने के प्रयोजन के लिए व्यक्तिगत आवास ऋण भी खुदरा बैंकिंग खण्ड का हिस्सा होंगे। थोक बैंकिंग खण्ड में न्यासों, साझेदारी फर्मों, कंपनियों और सांविधिक निकायों (जो फुटकर बैंकिंग में सम्मिलित नहीं हैं) को दिए गए सभी अग्रिमों को सम्मिलित किया जाएगा। 'अन्य बैंकिंग कारोबार' में अन्य सभी बैंकिंग परिचालन सम्मिलित किए जाएंगे जिन्हें 'राजकोष', 'थोक बैंकिंग' और 'फुटकर बैंकिंग' खण्डों में सम्मिलित नहीं किया गया है। इसके अंतर्गत अन्य सभी अवशिष्ट परिचालन यथा परा बैंकिंग लेनदेन/गतिविधियाँ भी सम्मिलित की जाएंगी। बैंकों से यह भी अपेक्षित है कि वे किन्हीं अतिरिक्त खण्डों, जो ए एस-17 में वर्णित मानदंड को पूरा करते हों, की रिपोर्टिंग करें। प्रकटन अपेक्षाएं 31 मार्च 2008 को समाप्त रिपोर्टिंग अवधि से लागू हो जाएंगी।

जोखिम मानदंड और जोखिम भार

2.85 रिज़र्व बैंक ने ऋण संकेद्रण से बचने के लिए व्यष्टि और समूह उधारकर्ताओं के प्रति बैंकों के एक्सपोजर पर विनियामक सीमा निर्धारित की है और बैंकों को सूचित किया कि वे बेहतर जोखिम प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए विशिष्ट उद्योगों या क्षेत्रों (स्थावर संपदा) के प्रति अपने एक्सपोजर की सीमा निर्धारित करें। इसके अलावा, बैंकों से यह भी अपेक्षित है कि वे पूंजी बाजार के प्रति अपने एक्सपोजर के बारे में भी कुछ सांविधिक और विनियामक सीमाओं का पालन करें। 2005-06 के वार्षिक नीति वक्तव्य की मध्यावधि समीक्षा में की गई घोषणा के अनुसरण में बैंकों के लिए निर्धारित विवेक सम्मत पूंजी बाजार एक्सपोजर मानदंड आधार और व्याप्ति के संबंध में युक्तियुक्त किए गए।

2.86 पूंजी बाजार के प्रति प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष एक्सपोजर के अंतर्गत बैंकों का सभी प्रकार का कुल एक्सपोजर (निधि तथा गैर निधि आधारित दोनों) 15 दिसंबर 2006 को जारी और 1 अप्रैल 2007 से लागू दिशानिर्देशों के संदर्भ में संशोधित किया गया। पूंजी बाजार के प्रति किसी बैंक/समेकित बैंक का सभी प्रकार का कुल एक्सपोजर (निधि आधारित और गैर निधि आधारित दोनों) पिछले वर्ष के 31 मार्च की उनकी निवल मालियत के 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। संशोधित दिशानिर्देश के अनुसार, निवल मालियत में निम्न मदें शामिल हैं : (i) प्रदत्त पूंजी + मुक्त आरक्षित निधि जिसमें शेयर प्रीमियम शामिल है किंतु पुनर्मूल्यन आरक्षित निधि शामिल नहीं है; (ii) निवेश घट-बढ़ आरक्षित निधि और (iii) लाभ और हानि खाते में जमा शेष घटाएं नामे शेष, संचित हानि और अमूर्त आस्तियां। सामान्य या विशिष्ट प्रावधान निवल मालियत की गणना में शामिल किए जाते हैं। दिशानिर्देशों में निम्न के लिए भी मानदंड तय किए गए हैं : शेयरों की जमानत पर ऋण तथा अग्रिमों के लिए एक्सपोजर की गणना; संयुक्तधारकों या तीसरी पार्टी के लाभार्थियों के शेयरों की जमानत पर व्यष्टियों का बैंक वित्तपोषण; शेयरों / गारंटी निर्गम की जमानत पर अग्रिमों पर मार्जिन; उद्यम पूंजी निधि में निवेश; आंतर-दिवसीय एक्सपोजर; सीमा वृद्धि और संक्रमणीय प्रावधान।

2.87 उद्यम पूंजी निधि के प्रति बैंकों के जोखिम में निहित उच्चतम जोखिम को ध्यान में रखते हुए रिज़र्व बैंक ने 23 अगस्त 2006 को उद्यम पूंजी निधि के प्रति बैंकों के एक्सपोजर संबंधी विवेकसम्मत ढांचे को संशोधित किया। संशोधित ढांचे के अंतर्गत उद्यम पूंजी निधि (पंजीकृत और अपंजीकृत दोनों) के अंतर्गत के सभी एक्सपोजर 'ईक्विटी' के बराबर माने जाते हैं जिससे उनकी गणना पूंजी बाजार एक्सपोजर की उच्चतम सीमा (ईक्विटी और ईक्विटी संबद्ध लिखत में प्रत्यक्ष निवेश के साथ ही समग्र पूंजी बाजार एक्सपोजर की उच्चतम सीमा) के अनुपालन के लिए की जाती है और ऐसे एक्सपोजर के लिए निर्धारित सीमाएं उद्यम पूंजी निधि में निवेश पर भी लागू होती हैं। बैंक के संविभाग में उद्धृत उद्यम पूंजी निधि के यूनिट / बांड / उद्धृत ईक्विटी शेयर 'बिक्री हेतु उपलब्ध' श्रेणी में रखने होते हैं और 'बिक्री के लिए

उपलब्ध' संविभाग पर लागू मूल्यन मानदंडों के अनुसार उनका मूल्यन किया जाता है।

2.88 इन दिशानिर्देशों के निर्गम के बाद उद्यम पूंजी निधि के अनुद्भूत यूनिटों / बांडों / शेयरों में किए गए निवेश को 'अवधिपूर्णता तक धारित' श्रेणी के अंतर्गत तीन वर्षीय प्रारंभिक अवधि के लिए रखना होगा और इस अवधि के दौरान लागत पर मूल्यबद्ध करना होगा। तीन वर्षों के बाद अनुद्भूत यूनिट / शेयर / बांड 'बिक्री हेतु उपलब्ध' श्रेणी में अंतरित किये जाते हैं।

2.89 उद्यम पूंजी कार्यों के महत्व तथा उद्यम पूंजी निधि के वित्तपोषण में बैंकों की सहभागिता की आवश्यकता भलीभांति जान ली गई है, वहीं ऐसे एक्सपोजर में निहित तुलनात्मक रूप से अधिक जोखिम पर ध्यान देने की भी आवश्यकता है। अतः, उद्यम पूंजी निधि के प्रति एक्सपोजर का जोखिम भार बढ़ाकर 150 प्रतिशत कर दिया गया था। 'बिक्री के लिए उपलब्ध' संविभाग में धारित निवेशों के मामले में विशिष्ट जोखिम प्रभार बढ़ाकर 13.5 प्रतिशत कर दिया गया है)।

2.90 संवेदनशील क्षेत्रों में महत्वपूर्ण एक्सपोजर रखनेवाले चयनित बैंकों के संबंध में पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया (एसआरपी) कराने पर यह प्रकट हुआ कि मुख्यतः व्यक्तिगत आवास ऋणों (बॉक्स II.8) के कारण सभी बैंकों में भू-संपदा एक्सपोजर में वृद्धि हुई। भू-संपदा क्षेत्र में अपने एक्सपोजर के कारण जोखिम का सामना कर रहे बैंकों की पहचान करने पर भू-संपदा एक्सपोजर पर प्रावधानीकरण अपेक्षाओं और जोखिम भारों को और कड़ा किया गया। जुलाई 2005 में रिज़र्व बैंक ने वाणिज्यिक भू-संपदा में एक्सपोजर पर जोखिम भार 100 से बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। इस संवेदनशील क्षेत्र को ऋण में जारी तीव्र विस्तार को देखते हुए अप्रैल 2006 में जोखिम भार में और वृद्धि करते हुए इसे 150 प्रतिशत किया गया।

बॉक्स II.8 : पर्यवेक्षी समीक्षा प्रकिया

वर्ष 2005-06 की वार्षिक नीति वक्तव्य की मध्यावधि समीक्षा में कहा गया था कि कुछ क्षेत्रों यथा; भू संपदा, उच्चतर लीवरेज वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों, उद्यम पूँजी निधियों और पूँजी बाजारों में अधिक एक्सपोजर रखनेवाले चयनित बैंकों में यह सुनिश्चित करने के लिए पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया (एसआरपी) शुरू की जाएगी ताकि प्रभावी जोखिम ह्रास और सुदृढ़ आंतरिक नियंत्रण को लागू किया जा सके। पहले दौर में प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण अलग-अलग बैंकों की निगरानी के लिए एक संरचना विकसित की गई।

दूसरे दौर की पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया को संवेदनशील क्षेत्रों, विशेषतः चयनित बैंकों के भू-संपदा क्षेत्र में एक्सपोजर का विश्लेषण करने के लिए निर्देशित किया गया। दस बैंकों को उनकी निवल मालियत के 200 प्रतिशत और 25 प्रतिशत तक क्रमशः भू-संपदा और पूँजी बाजार में एक्सपोजर के आधार पर दोषियों के रूप में पहचान की गई। पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया के दूसरे दौर को दो चरणों में संचालित किया गया। चरण 1 के अंतर्गत, संशोधित परिभाषा के अनुसार, भू-संपदा क्षेत्र सहित संवेदनशील क्षेत्रों में एक्सपोजर पर विस्तृत सूचना बैंकों से उनके वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा के बाद प्राप्त की गई। पर्यवेक्षी समीक्षा प्रक्रिया का दूसरा चरण पहचान किए गए अलग-अलग दोषी बैंकों के उनके वास्तविक नियंत्रण वातावरण, प्रक्रियाओं, और आंतरिक तथा विनियामक मानदण्डों के अनुपालन के संदर्भ में; जोखिम एक्सपोजर का आकलन करने के लिए कार्यस्थल पर जाँच पर ध्यान केंद्रित करने पर आधारित था। कार्य-स्थल पर समीक्षा में भू-संपदा और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों के प्रति भारी कर्ज, शामिल कंपनियों, शाखा-वार भारी अलग-अलग एक्सपोजर और अन्य संबंधित मामलों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

प्रारंभिक विश्लेषण से यह प्रकट हुआ कि सभी बैंकों में भू-संपदा निवेशों में बढ़ोत्तरी हुई। सभी बैंकों के भू-संपदा ऋण संविभाग का बड़ा हिस्सा व्यक्तिगत आवास ऋणों के कारण सृजित हुआ। इन बैंकों में भू-संपदा निवेश उनकी निवल मालियत के 200 प्रतिशत से भी अधिक था। व्यक्तिगत आवास ऋणों में वृद्धि ने व्यापक रूप में भू-संपदा एक्सपोजर में उछाल भरा। वाणिज्यिक भू-संपदा निवेश भी सभी बैंकों में भिन्न-भिन्न मात्राओं में बढ़ा है। यद्यपि, पूँजी बाजार में एक्सपोजर में बढ़ती हुई प्रवृत्ति देखी गई तथापि, किसी भी बैंक ने विनियामक सीमाओं को नहीं तोड़ा। उच्चतर लीवरेज वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों में एक्सपोजर पहचान किए गए अधिकांश बैंकों में न्यूनतम था तथा जहाँ कहीं बैंकों का एक्सपोजर था उनमें अधिकांश बैंकों का निवेश सार्वजनिक क्षेत्र में था। प्रारंभिक विश्लेषण से पता चला कि प्रथम दृष्ट्या समीक्षाधीन सभी बैंकों के पास संवदेनशील क्षेत्रों में एक्सपोजर से उत्पन्न जोखिमों के समाधान के लिए कुछ जोखिम प्रबंध नीतियाँ, प्रणालियाँ और नियंत्रण थे । तथापि, भू-संपदा एक्सपोजर के मामले में बैंकों की अपनी अनुमोदित नीतियों के कार्यान्वयन के संबंध में कतिपय कमियाँ पाई गई। अतः क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर सभी वाणिज्य बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक ने 26 जुलाई 2007 को परिचालन स्तरों पर बैंकों द्वारा बेहतर जोखिम प्रबंध करने का उल्लेख करते हुए आवश्यक अनुदेश जारी किया। अध्ययन से प्राप्त कमियों और अनियमितताओं की एक निर्दिष्ट सूची बैंकों को उपलब्ध कराए जाने के अलावा यह निर्धारित किया गया कि बैंकों की ऋण नीति में स्पष्टतया निम्नलिखित मानदण्ड रहने चाहिए :

- भू-संपदा क्षेत्र में एक्सपोजर के लिए आंतरिक उच्चतम सीमा और उप-उच्चतम सीमा।
- भवन निर्माताओं और भू-संपदा विकासकर्ताओं के लिए अपेक्षित न्यूनतम आंतरिक दर-निर्धारण।
- बैंक द्वारा किसी परियोजना को दी जानेवाली वित्तीय सहायता में प्रवर्तकों का न्यूनतम अंशदान ।
- इस प्रकार के एक्सपोजर के लिए बैंकों को अपेक्षित सुरक्षा व्यवस्था रखनी चाहिए।
- प्रतिभूतियों के मूल्यांकन के लिए अनुमोदित मूल्यांकनकर्ताओं की सूची की तैयारी।
- दस्तावेजों के पंजीकरण की प्रक्रिया तथा बैंक द्वारा सत्यापन के लिए भी ऐसी प्रक्रिया कि उपयुक्त प्राधिकारी के पास पंजीकरण कराया गया है।

2.91 आवासीय संपत्तियों को बंधक रखकर बैंकों द्वारा व्यक्तियों को दिए गए ऋण और राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) द्वारा मान्यताप्राप्त और पर्यवेक्षित आवास वित्तीय कंपनियों (एचएफसी) की बंधक समर्थित प्रतिभूतियों (एमबीएस) में निवेश पर जोखिम भार को पूँजी पर्याप्तता प्रयोजनों (बॉक्स II.9) के लिए बढ़ाकर 75 प्रतिशत किया गया। वर्ष 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य में बैंकों को 3 मई 2007 को सूचित किया गया कि वे आवास ऋण के क्षेत्र में अपना ऋण प्रबंधन कड़ा करें। बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे रिहाइशी आवास संपत्तियों के बंधक रखे जाने के बदले व्यक्तियों को 20 लाख रुपए तक के आवास ऋणों के संबंध में जोखिम भार 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत करें। उसी प्रकार, बंधक समर्थित प्रतिभूतियों में बैंकों के निवेश, जिन्हें आवास ऋणों का समर्थन है के लिए जोखिम भार की अर्हता अब 50 प्रतिशत जोखिम भार के लिए है। राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा विनियमित आवास वित्त कंपनियों द्वारा जारी की गई बंधक समर्थित प्रतिभूतियों पर जोखिम भार भी 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत किया गया।

2.92 बाजार स्थितियों की दृष्टि से भारतीय रिज़र्व बैंक ने 20 सितंबर 2006 को निर्णय लिया कि विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) की स्थापना करने अथवा विशेष आर्थिक क्षेत्र में इकाइयों का अधिग्रहण करने जिसमें भू-संपदा भी शामिल है के लिए संस्थाओं में बैंकों के एक्सपोजर को वाणिज्यिक भू-संपदा में एक्सपोजर माना जाएगा और बैंकों को प्रावधान करने के साथ वर्तमान दिशानिर्देशों के अनुसार ऐसे एक्सपोजर के लिए उपयुक्त जोखिम भार भी समनुदेशित करना होगा।

बॉक्स II.9: प्रतिगामी बंधक - भारत में हाल की गतिविधियाँ

वर्ष 2007-08 के केंद्रिय बजट में वित्त मंत्री ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक नया उत्पाद - 'प्रतिगामी बंधकट शुरू करने की घोषणा की थी। यह उत्पाद किसी वरिष्ठ नागरिक, जो किसी मकान का स्वामी है, को अपने मकान के बंधक के बदले ऋण की चुकौती अथवा सेवा शुल्क अदा किए बिना अपने जीवन काल तक मकान का स्वामी और अधिभोक्ता रहते हुए निरंतर मासिक आय प्राप्त करने में सहायता करता है। सिद्धांततः, प्रतिगामी बंधक किसी मकान को एक परिसंपत्ति और विशिष्ट रूप से मकान में उसके स्वामी की ईक्विटी के रूप में मुद्रीकृत करता है। प्रतिगामी बंधक वायदा बंधक के ठीक उल्टा है जिसमें मासिक आधार पर ब्याज के साथ ऋण राशि के मूलधन का भुगतान करना अपेक्षित है। इससे उधारकर्ता को अपने मकान की ईक्विटी बनाए रखने में सहायता मिलती है और मकान की कीमत बढ़ती रहती है। लेकिन प्रतिगामी बंधक में ऐसी कोई मासिक चुकौती नहीं करनी पड़ती है और इस प्रकार कर्ज बढ़ता जाता है। अतः मकान की ईक्विटी एक अत्यंत न्यून कीमत तक घट जाती है जब तक कि संपत्ति का मूल्य बढ़ना जारी नहीं रहे। अतः प्रतिगामी बंधक को अक्सर 'बढ़ता हुआ कर्ज और घटती हुई ईक्विटीट कहा जाता है।

प्रतिगामी बंधक रखे जाने की उत्पत्ति को विकसित देशों में देखा जा सकता है जहाँ जीवन के उच्चतर स्तर, स्वास्थ्य संरक्षण तक बेहतर पहुँच और उच्चतर आयु के कारण 65 वर्ष से अधिक आयुवाले लोग जनसंख्या के बड़े भाग हैं। पेंशन की लगातार बढ़ती हुई लागत बूढ़े लोगों के स्वास्थ्य की देख-भाल ने अमरीका, ब्रिटेन और आस्ट्रेलिया में बीमा कंपनियों को प्रतिगामी बंधक शुरू करने की ओर प्रेरित किया। भारत में राष्ट्रीय आवास बैंक ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए हाल ही में प्रतिगामी बंधक ऋणों (आरएमएल) पर दिशानिर्देश निर्धारित किए हैं। प्रतिगामी बंधक ऋण, प्राथमिक ऋण दात्री संस्थाओं यथा, अनुसूचित बैंक और राष्ट्रीय आवास बैंक के पास पंजीकृत आवास वित्त कंपनियों (एचएफसी) द्वारा दिया जाना है। प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं को उधारकर्ता के बारे में उनकी व्यक्तिगत अवधारणा और वाणिज्यिक निर्णय के अनुसार इस मामले में स्वतंत्रता होगी।

प्रतिगामी बंधक योजना की निम्नलिखित विशेषताएँ हैं। उधारदाता, उधारकर्ता को आवधिक भुगतान (एकमुश्त भुगतान सहित) करता है, उदाहरणार्थ : किसी पारंपरिक बंधक की तुलना में भुगतान प्रक्रिया ञविपरीतट हो जाती है। ऐसी योजना में भुगतान का स्वरूप निम्नलिखित प्रकार का हो सकता है : या तो आवधिक भुगतान (मासिक, तिमाही, छमाही, वार्षिक) जिसका निर्णय प्राथमिक ऋणदात्री संस्था और उधारकर्ता के बीच प्रत्यक्षतः पारस्परिक आधार पर किया जाता है अथवा एक या एक से अधिक श्रृंखलाओं में एकमुश्त भुगतान या पारस्परिक सहमति के आधार पर उपलब्धता अवधि के साथ ऋण व्यवस्था जिसमें उधारकर्ता द्वारा आहरण किया जाए। ऋण की अदायगी की अपेक्षा नहीं है अर्थात संपत्ति को अधिकार में रखते हुए जब तक उधारकर्ता जीवित रहता है उसे किसी किस्त या ब्याज का भुगतान नहीं करना पड़ता है। ऋण की चुकौती उधारकर्ता और पति/पत्नी (एक सह-दायित्व धारक) की मृत्यु के उपरांत की जाएगी अथवा स्थायी रूप से जाने पर संपत्ति की बिक्री के माध्यम से की जाएगी। ऋण की मूल राशि और संचित ब्याज का समायोजन किए जाने के बाद अतिरिक्त राशि मृतक की संपदा में शामिल की जाएगी। यह ऋण अधिकतम 15 वर्षों की अवधि का होगा और बिना किसी पूर्व भुगतान प्रभार के किसी भी समय संचित ब्याज के साथ इसका पूर्वभुगतान किया जा सकेगा। उधारकर्ता(ओं) को दिये जानेवाले प्रतिगामी बंधक ऋण पर प्रभारित की जानेवाली ब्याज दर (आवधिक विराम सहित) जोखिम अवधारणा, ऋण मूल्य नीति और उधारकर्ता के परिप्रेक्ष्य में विशिष्टता के आधार पर प्राथमिक ऋणदात्री संस्था द्वारा सामान्य तरीके से निर्धारित की जाएगी। निर्धारित और अस्थिर ब्याज दरें उधारकर्ता के समक्ष प्राथमिक ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा एक पारदर्शी तरीके से शर्तों के प्रकटन के अधीन प्रस्तुत की जाएँ।

इस योजना के मुख्य लाभ ये हैं कि वरिष्ठ/ज्येष्ठ नागरिक जिनके पास अपना मकान है लेकिन अप्रत्याशित एकमुश्त व्यय जैसे कि मकान का नवोन्मेषीकरण/ मरम्मत, अस्पताल का व्यय आदि को पूरा करने के लिए पर्याप्त आय नहीं है, को उसे पूरा करने में सहायता मिलती है। उधारकर्ता की मृत्यु के बाद भी पति अथवा पत्नी उस मकान में रह सकते हैं। यदि पति या पत्नी सह-उधारकर्ता हैं, तो उन्हें लगातार भुगतान (ऋण की संस्वीकृति से 15 वर्षों तक) प्राप्त होता रहेगा। प्रतिगामी बंधक से प्राप्त भुगतान 'ऋण' माना जाएगा, कर की दृष्टि से 'आयट नहीं। अपना मकान रखनेवाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए ऐसी योजना सामाजिक सुरक्षा के लिए एक आंशिक प्रतिस्थापन है और यह विशेषतः उन लोगों के लिए लाभदायक होगी जिनके पास सहायता के लिए कोई परिवार नहीं है या परिवार सहायता करने की इच्छा नहीं रखता है। तथापि, इस योजना में आवधिक आधार पर बंधक रखी गई संपत्ति का पुनर्मूल्य शामिल है जो उधारदाता द्वारा संपत्ति के स्थान और इसकी भौतिक स्थिति के आधार पर निर्धारित की जा सकती है। अतः ऐसी योजना की सफलता उधारदाता द्वारा संपत्ति के एक समुचित मूल्य/मूल्य-निर्धारण पर आधारित होगी।

अंतर-बैंक देयताओं के प्रति एक्सपोजर

2.93 बैंकों के देयता पक्ष में संकेंद्रण का विस्तार कम करने के लिए 6 मार्च 2007 को निम्नलिखित उपाय किये गये : (क) बैंक की अंतर-बैंक देयताएं पिछले वर्ष मार्च के अंत में उसकी निवल मालियत के 200 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। तथापि अलग-अलग बैंक अपने निदेशक मंडल के अनुमोदन से उनकी अंतर-बैंक देयता के लिए न्यूनतर सीमा, अपने व्यवसाय माडल को देखते हुए, निर्धारित कर सकते हैं; (ख) जिन बैंकों का सीआरएआर पिछले वर्ष के 31 मार्च को 9 प्रतिशत के न्यूनतम सीआरएआर से कम से कम 25 प्रतिशत अधिक अर्थात् 11.25 प्रतिशत हो उन्हें अंतर बैंक देयता के लिए अपनी निवल मालियत के 300 प्रतिशत तक की उच्चतर सीमा रखने की अनुमति है; (ग) उक्त निर्धारित सीमा में सिर्फ भारत के भीतर की निधि आधारित अंतर-बैंक देयता (भारत में कार्यरत बैंकों को विदेशी मुद्रा में अंतर-बैंक देयताओं सहित) शामिल होगी, तथा भारत के बाहर भी अंतर-बैंक सीमा शामिल नहीं होगी; (घ) उक्त सीमाओं में सीबीएलओ के तहत संपार्श्विकीकृत उधार तथा नाबार्ड, सिडबी आदि से पुनर्वित्त शामिल नहीं होंगे; (ङ) रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मांग मुद्रा उधार पर वर्तमान सीमा उक्त सीमा के भीतर एक उप-सीमा के रूप में कार्य करेगा; (च) थोक जमा के अधिक संकेंद्रण वाले बैंकों को ऐसी जमाराशियों से संबद्ध संभाव्य जोखिम की जानकारी होनी चाहिए और वे ऐसी जमाराशियों पर अत्यधिक निर्भरता से होनेवाली चलनिधि जोखिम को नियंत्रित करने के लिए उपयुक्त नीति बना सकते हैं।

जोखिम प्रबंध

2.94 उभरते हुए आर्थिक परिदृश्य में बैंकों के लिए जोखिम प्रबंध अत्यंत महत्वपूर्ण है। बैंकों के लिए यह अत्यधिक आवश्यकता है कि वे जोखिम आधारित प्रथाओं का कार्यान्वयन करें। जोखिमों की पहचान, माप, निगरानी और नियंत्रण की बैंकों को बढ़ती हुई जरूरत की दृष्टि से आस्ति-देयता प्रबंध (एएलएम) दिशानिर्देशों सहित रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर उपयुक्त जोखिम प्रबंध दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। ये दिशानिर्देशों बैंकों के लिए एक समेकित जोखिम प्रबंध प्रणाली की स्थापना के लिए एक न्यूनतम मानदंड के रूप में कार्य करते हैं। तथापि, बैंक अपने परिचालनों के स्वरूप और आकार तथा जोखिम अवधारणाओं के अनुरूप स्वयं की प्रणाली विकसित कर सकते हैं और वर्तमान कमियों एवं अपेक्षित उन्नयन को शामिल करते हुए एक उचित प्रणाली लागू कर सकते हैं। अन्य बातों के साथ ऋण जोखिम, बाजार जोखिम, परिचालनात्मक जोखिम के प्रबंध पर विस्तृत दिशानिर्देश रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को जारी किए गए हैं। बैंकों द्वारा की गई प्रगति की निगरानी तिमाही आधार पर की जाती है। जोखिम प्रबंध तकनीक के संबंध में बैंक (i) व्यापक ऋण-दर निर्धारण प्रणाली तैयार करने; (ii) छमाही आधार पर ऋण जोखिम आकलन शुरू करने; (iii) जोखिम दर निर्धारण के आधार पर ऋणों का मूल्य-निर्धारण करने और (iv) मूल्य निर्धारण के जोखिम समायोजित पूँजी प्रतिलाभ (आरएआरओसी) संरचना अंगीकार करने के विभिन्न चरणों पर होते हैं। कुछ बैंक विशिष्ट जोखिम श्रेणियों में कुल एक्सपोजर पर मात्रात्मक सीमा निर्धारित करते हैं और विभिन्न उद्योगों में उधारकर्ताओं के दर-निर्धारण-वार वितरण का विश्लेषण करते हैं।

आउटसोर्सिंग

2.95 अंतरराष्ट्रीय प्रवृतियों के साथ चलते हुए भारत में स्थित बैंक भी विभिन्न गतिविधियों की व्यापक आउटसोर्सिंग कर रहे हैं जो उन्हें विभिन्न जोखिमों का सामना कराती है। तथापि, आउटसोर्सिंग गतिविधियों को विनियामक समीक्षा के भीतर लाने तथा बैंकों के ग्राहकों के हितों की रक्षा किए जाने की आवश्यकता है। इस पृष्ठिभूमि में रिज़र्व बैंक ने आउटसोर्सिंग में व्याप्त जोखिमों का प्रबंध करने हेतु एक ढाँचे का निर्धारिण करते हुए 6 दिसंबर 2005 को दिशानिर्देश का प्रारूप जारी किया। सभी संबद्ध व्यक्तियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर दिशानिर्देश के प्रारूप को उपयुक्त ढंग से संशोधित किया गया तथा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को 3 नवंबर 2006 को निम्नलिखित दिशानिर्देश सूचित किए गए। पहला, समस्त रूप में बैंकों को तय करना है कि वे जारी की गई ऐसी आउटसोर्सिंग में निहित जोखिमों के समाधान हेतु आवश्यक अभिरक्षा के अधीन निर्णय के वाणिज्यिक पहलुओं सहित सभी संगत कारकों के संबंध में वित्तीय सेवाओं से संबंधित एक अनुमत कार्य के रूप में आउटसोर्सिंग की वांछनीयता पर विचार करें। दूसरे, ये दिशानिर्देश वित्तीय सेवाओं की आउटसोर्सिंग में जोखिमों के नियंत्रण से संबंधित हैं और प्रौद्योगिकी संबंधित मामलों और बैंकिंग सेवाओं से असंबद्ध यथा गतिविधियों कुरियर का उपयोग, स्टाफ के लिए खान-पान, आंतरिक रख-रखाव और आदेशपाल (जेनिटोरियल) सेवाओं, परिसर की सुरक्षा, अभिलेखों की आवाजाही और उनके संरक्षण से संबंधित नहीं हैं। तीसरे, सनदी लेखाकार फर्मों को सौंपे गए लेखा-परीक्षा संबंधी कार्य रिज़र्व बैंक द्वारा यथानिर्धारित अनुदेशों/नीति द्वारा नियंत्रित किए जाते रहेंगे। चौथे, आउटसोर्सिंग करार में रिज़र्व बैंक अथवा इसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों को आउटसोर्स की गई गतिविधि से संबंधित सेवा प्रदाता के पास उपलब्ध संगत सूचना/अभिलेखों तक एक उचित समय के भीतर पहुँच के लिए सुविधाजनक शर्तें शामिल होंगी।

वित्तीय व्युत्पन्नी

2.96 वित्तीय व्युत्पन्नियों के उपयोग ने जोखिम प्रबंध मामले को सामने लाया है। यद्यपि भारत में विदेशी मुद्रा वायदा संविदा कई दशकों तक व्याप्त रही है, ऋण व्युत्पन्नी हाल की देन है (बॉक्स II.10)। ब्याज दर फ्यूचर्स तथा विदेशी मुद्रा फ्यूचर्स के एक समुचित स्वरूप के लिए प्रयास जारी हैं। वर्ष 2006-07 के लिए वार्षिक नीति वक्तव्य की मध्यावधि समीक्षा में यथाउल्लिखित एक आंतरिक कार्यदल का गठन रिज़र्व बैंक द्वारा व्युत्पन्नी पर वर्तमान दिशानिर्देशों की समीक्षा और

बॉक्स II.10: ऋण व्युत्पन्नी

ऋण व्युत्पन्नी ऋण जोखिम अंतरण लिखतों के एक वर्ग से संबंधित है जो एक पक्ष से दूसरे में ऋण जोखिम के अंतरण में मदद करता है। ऋण चूक स्वैप (सीडीएस) ऋण व्युत्पन्नी बाजार की आधारशिला है। ऋण व्युत्पन्नी की व्यापक संख्या ऋण चूक स्वैप (सीडीएस) की है जो एक अथवा एक से अधिक संदर्भित संस्थाओं की चूक जोखिम को एक पक्ष से दूसरे पक्ष को अंतरित करने का संविदात्मक करार है। एक पक्ष जो अभिरक्षक क्रेता है दूसरे पक्ष जो अभिरक्षक विक्रेता है को ऋण चूक स्वैप की अवधि में एक आवधिक शुल्क का भुगतान करता है। यदि संदर्भित संस्था कोई चूक करती है, स्वयं को दिवालिया घोषित करती है अथवा कोई दूसरी विशिष्ट ऋण घटना होती है तो अभिरक्षक विक्रेता एक विशिष्ट निपटान प्रक्रिया के माध्यम से उस क्षति के लिए अभिरक्षक क्रेता की क्षतिपूर्ति का उत्तरदायी है। संदर्भित संस्था उस संविदा का कोई पक्षकार नहीं है और क्रेता अथवा विक्रेता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वह ऋण चूक स्वैप में शामिल होने के लिए संदर्भित संस्था की सहमति प्राप्त करे।

ऋण व्युत्पन्नी बाजार

वैश्विक ओटीसी बाजार में ऋण चूक स्वैप के बदले बकाया सांकेतिक राशि दिसंबर 2005 के 13,908 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर दिसंबर 2006 में 28,828 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गई (बीआइएस, मई 2007)।

ऋण चूक स्वैप यह विनिर्दिष्ट करता है कि ऋण की घटना होने पर अभिरक्षक क्रेता संदर्भ दायित्व अभिरक्षक विक्रेता को सुपुर्द करेगा, जिसके बदले अभिरक्षक विक्रेता सुपुर्द की गयी आस्ति का अंकित मूल्य अभिरक्षक क्रेता को अदा करेगा। इस प्रकार के निपटान को भौतिक निपटान कहा जाता है। यह निपटान ऐसे ऋण चूक स्वैप में स्थान लेता है जिसमें अभिरक्षण की खरीद विशिष्ट संदर्भ दायित्व पर भी जाती है। यह भी संभव है कि सीडीएस संविदा में संदर्भ संस्था के, कई वैकल्पिक दायित्व दिये गये हों जिसे अभिरक्षण क्रेता अभिरक्षक विक्रेता को सुपुर्द कर सके। उन्हें सुपुर्दगी योग्य दायित्व के रूप में जाना जाता है तथा यह ऐसी सीडीएस संविदा में होता है जहाँ अभिरक्षण की खरीद संदर्भ संस्था के विशिष्ट दायित्व के बजाय संदर्भ संस्था पर की जाती है। जहाँ एकाधिक सुपुर्दगी योग्य दायित्व विनिर्दिष्ट किये जाते हैं; अभिरक्षक क्रेता सुपुर्दगी योग्य दायित्वों की सूची में से सबसे सस्ते की सुपुर्दगी करेगा। इसे सबसे सस्ती सुपुर्दगी संविदा कहते हैं। इस प्रकार के निपटान को सममूल्य भुगतान कहा जाता है।

ऋण चूक स्वैप यह विनिर्दिष्ट करेगा कि एक ऋण घटना होने पर अभिरक्षक विक्रेता संदर्भ दायित्व के सांकेतिक मूल्य तथा ऋण घटना के समय इसके बाजार मूल्य के बीच के अंतर की अदायगी करेगा। इस प्रकार के निपटान को नकद निपटान या सममूल्य से वसूली को कम करके की गयी अदायगी माना जाता है।

ऋण चूक स्वैप (सीडीएस) व्यवस्था

ऋण चूक स्वैप में उत्पाद उतार-चढ़ाव

- ऋण चूक स्वैप के सबसे सरल स्वरूप, एक नाम के सीडीएस, के लिए संदर्भित संस्था कोई व्यक्ति, निगम अथवा सरकार है।
- एक से अधिक संदर्भ संस्था वाला ऋण चूक स्वैप (सामान्यतः तीन और दस के बीच) को बास्केट ऋण चूक स्वैप कहा जाता है। बास्केट ऋण चूक स्वैप के अधिकांश सामान्य स्वरूप पहली चूक करने वाले ऋण चूक स्वैप में अभिरक्षक विक्रेता चूक करनेवाली बास्केट की पहली संस्था से संबद्ध हानि की क्षतिपूर्ति क्रेता को करता है जिसके बाद स्वैप समाप्त हो जाती है और आगे कोई अभिरक्षा उपलब्ध नहीं कराती है।
- दस संस्थाओं से अधिक का संदर्भ रखने वाले ऋण चूक स्वैप को संविभाग उत्पाद कहा जाता है। ऐसे उत्पाद सामान्यतः सिंथेटिक प्रतिभूतिकरण के संबंध में प्रयुक्त होते हैं जिनमें ऋण चूक स्वैप ऋण अथवा बाण्ड की ऋण जोखिम को नकदी प्रतिभूतिकरण की तरह आस्तियों की वास्तविक बिक्री के बदले संपाश्र्वीकृत ऋण देयता (सीडीओ) नोट धारक को अंतरित करता है।
- वर्ष 2004 से ऋण व्युत्पन्नी वृद्धि का एक प्रमुख स्रोत सूचकांक ऋण चूक स्वैप रहा है जिसमें संदर्भित संस्था लगभग 125 कंपनी संस्थाओं का एक सूचकांक है। एक सूचकांक ऋण चूक स्वैप सूची की सभी संस्थाओं की रक्षा का प्रस्ताव देता है और प्रत्येक संस्था का सांकेतिक राशि में समान हिस्सा होता है। दो मुख्य सूचक हैं, सीडीएस सूचकांक जिसमें उत्तरी अमरीका की 125 निवेश ग्रेड फर्में हैं और आइटीआरएक्सएक्स सूचकांक जिसमें मुख्यतः निवेश ग्रेडवाली यूरो-क्षेत्र आधारित 125 फर्में हैं।
- ऋण चूक स्वैप में हाल के नवोन्मेषीकरण ने संस्थाओं के बदले संदर्भित देयताओं को अभिरक्षा प्रदान की है। उदाहरण के लिए, आस्ति समर्थित प्रतिभूतियों (एबीएस) पर ऋण चूक स्वैप प्रतिभूतिकृत आस्तियो संबंधी ऋण घटनाओं, सामान्यतः प्रतिभूतिकृत होम ईक्विटी ऋण व्यवस्था के विरुद्ध अभिरक्षा उपलब्ध कराता है। इसके अतिरिक्त, ऋण चूक स्वैप संपाश्र्वीकृत ऋण देयता नोट का संदर्भित देयताओं के रूप में उल्लेख करता है।

ऋण घटनाएं

ऋण घटनाओं के संबंध में ऋण चूक स्वैप लेन-देन की संपुष्टि घटनाओं के एक ऐसे मानक सेट का उल्लेख करती है जो क्रेता की क्षति की विक्रेता द्वारा क्षतिपूर्ति करने के पूर्व अवश्य उत्पन्न होती हैं और लेन-देन के पक्षकारों को यह निर्णय करना होता है कि उन घटनाओं में से किसे शामिल किया जाए और किसे बाहर रखा जाए। पहली, सबसे सामान्य घटना स्थिति भुगतान करने की असमर्थता होती है। दूसरी, कंपनी संदर्भित संस्थाओं के लिए एक ऋण घटना दिवालियापन होती है लेकिन यह सम्प्रभुत्वसम्पन्न संस्थाओं के लिए नहीं होती। तीसरी, पुनर्विन्यास है, जो ऐसी कार्रवाइयों जैसे कि चूक के बदले कूपन में कटौती अथवा किये गये परिपक्वता विस्तार का उल्लेख करता है, जिसे सामान्यतः कंपनी संस्थाओं के लिए ऋण घटना के रूप में शामिल किया जाता है। पुनर्विन्यास का कभी-कभी ज्नरमट ऋण घटना के रूप में उल्लेख किया जाता है क्योंकि भुगतान नहीं करने अथवा दिवालियेपन के विपरीत इसमें सर्वदा यह स्पष्ट नहीं होता कि पुनर्विन्यास में क्या शामिल है जो क्षतिपूर्ति को प्रेरित करेगा। चौथी, खण्डन अथवा अधिस्थगन किसी सरकारी संदर्भित संस्था की निर्दिष्ट कार्रवाई के बाद क्षतिपूर्ति उपलब्ध कराता है और सामान्यतः केवल उभरती हुई बाजार संदर्भित संस्थाओं के लिए प्रासंगिक होता है । अंत में, देयता तीव्रता और देयता चूक जो एक बाण्ड प्रसंविदा के उल्लंघन जैसी तकनीकी चूक का उल्लेख करती है उनका यदा-कदा ही उपयोग किया जाता है।

बैंकों द्वारा व्युत्पन्नी पर व्यापक दिशानिर्देशों की संरचना के लिए किया गया। इस कार्यदल की अनुशंसाओं के आधार पर व्युत्पन्नी पर व्यापक दिशानिर्देश के प्रारूप सभी संबंधितों के अभिमत के लिए रिज़र्व बैंक की वेबसाइट पर डाले गए। प्राप्त प्रतिसूचना के आधार पर दिशानिर्देशों को उपयुक्त ढंग से संशोधित किया गया और उन्हें 20 अप्रैल 2007 को जारी किया गया । ये दिशानिर्देश व्युत्पन्नी लेन-देन के लिए अर्थात विनियामक परिप्रेक्ष्य से कोई व्युत्पन्नी लेन-देन शुरू करने हेतु प्रमुख अपेक्षाएँ शुरू करने के लिए विस्तृत सिद्धांतों का विवरण प्रस्तुत करते हैं। उचित जोखिम प्रबंध संरचना तथा समुचित कंपनी अभिशासन व्यवहारों पर जोर डाला गया है। ग्राहकों को बाजार-निर्माताओं द्वारा प्रस्तावित किए जा रहे व्युत्पन्नी उत्पादों की 'उपयुक्तता' और 'औचित्य' तथा 'ग्राहक औचित्य' पर भी ध्यान केंद्रित किया गया है। इन दिशानिर्देशों में रुपया ब्याज दर व्युत्पन्नी से संबंधित विद्यमान अनुदेश भी शामिल हैं। यह निर्दिष्ट किया गया था कि विदेशी मुद्रा व्युत्पन्नी से संबंधित दिशानिर्देश अलग से जारी किए जाएँगे।

आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण

2.97 वर्ष 2006-07 के दौरान प्रावधानीकरण के संबंध में विवेकशील मानदण्डों को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम मानकों के समरूप लाने के लिए और परिशोधित किया गया। उच्चतर ऋण वृद्धि के आलोक में तथा ऋण गुणवत्ता और वित्तीय प्रणाली की स्थिरता में सुधार सुनिश्चित करने की दृष्टि से प्रावधानीकरण मानदण्डों को युक्तियुक्त बनाया गया और अस्थिर प्रावधानों के लिए दिशानिर्देशों की समीक्षा की गई।

समयोत्तर कार्यवाली परियोजनाएँ

2.192 दैनंदिन परिचालनों के लिए बड़े पैमाने पर आई टी पर निर्भरता होने के कारण इस प्रकार की प्रणालियों का निर्बाध रूप से कार्य करना सुनिश्चित करने की आवश्यकता ने बहुत ही महत्व प्राप्त कर लिया है। अतः रिज़र्व बैंक द्वारा कारोबार निरंतरता और आपदा आंकड़ा पुनर्प्राप्ति प्रबंधन को न केवल अपनी प्रणालियों के लिए बल्कि वाणिज्य बैंकों में भी कार्यान्वित प्रणालियों के लिए भी यथायोग्य महत्व दिया जाता है। इसके लिए रिज़र्व बैंक द्वारा होस्ट की जानेवाली महत्त्वपूर्ण प्रणालियों, जिसमें सभी सदस्य बैंक भी भाग लेते हैं, का नियमित और आवधिक आपदा सुधार अभ्यास (डीआर ड्रिल) रिज़र्व बैंक कराता है। यह अभ्यास प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण भुगतान प्रणाली अनुप्रयोगों के संबंध में समस्त प्रणाली की आंकड़ा पुनर्प्राप्ति (डीआर) तैयारियों को दृढ़ता प्रदान करता है। इसके अलावा अलग-अलग बैंक भी अपने स्तर पर डी आर अभ्यास कराते हैं ताकि वे यह सुनिश्चित कर सकें कि उनकी प्रणालियां अनदेखी आकस्मिकताओं में खरी साबित हों।

बैंकों में प्रौद्योगिकी और रिज़र्व बैंक की भूमिका

2.193 बैंकों को अपना खुद का आइ टी मार्ग नक्शा बनाने और सर्वोत्तम परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाने की दृष्टि से रिज़र्व बैंक ने 2005 में वित्तीय क्षेत्र विजन (एफएसटी) दस्तावेज प्रकाशित किया था। इस दस्तावेज की पुनरीक्षा आइ टी में हो रहे बदलावों के संदर्भ में की गई थी और मध्यावधि के लिए एक ड्राफ्ट दस्तावेज अंतिम रूप दिए जाने पूर्व जनता की टिप्पाणियों के लिए रखा गया है। कुशलता और उत्कृष्टता के लिए आइ टीट के रूप में मिशन वक्तव्य तथा बेहतर ग्राहक सेवा, उन्नत आंतरिक

लेखा कार्य और समग्र प्रणालीगत कुशलता के लिए आइ टी पर लीवरेज रखने में वित्तीय क्षेत्र को सक्षम बनानाट नाम के कंपनी उद्देश्य अभी भी एफ एस टी विजन के मार्गदर्शी सिद्धांतों के रूप में निरंतर बने हुए हैं।

बैंकों के लिए रिज़र्व बैंक के द्वारा प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं

2.194 बैंकों के नए उत्पादों और सेवाओं को फैलाने के लिए रिज़र्व बैंक कारोबार सुविधाप्रदाता के रूप में कार्य करता आ रहा है। रिज़र्व बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही प्रणालियों में सरकारी प्रतिभूतियों के लिए तयशुदा लेनदेन प्रणाली (एनडीएस), वास्तविक समय सकल निपटान प्रणाली और केंद्रीकृत निधि प्रबंधन प्रणाली भारतीय वित्तीय नेटवर्क (इन्फिनेट) पर संरचित वित्तीय मेसेजिंग प्रणाली के अलावा], राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक निधि अंतरण प्रणाली सम्मिलित हैं।

2.195 एनडीएस के सॉफ्टवेअर आर्कीटेक्चर के उन्नयन के परिणामस्वरूप बेहतर समवेश प्रवाह (थ्रूपुट) की प्राप्ति हुई है और बैंकों, जो प्रणाली के सदस्य हैं, के प्रसंस्करण समय में कमी आई है। फ्रंट एंड से जुड़े कुछ कार्य को अलग कर सी सी आइ एल को दिए जाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। आरटीजीएस सुस्थापित हो चुका है और निधियों के अंतरण, विशेषरूप से बृहद मूल्यों और प्रणालीगत रूप से आवश्यक प्रयोजनों के लिए अंतरण की सुविधा का उपयोग जम कर किया जा रहा है। इस समय बैंकों की 35,000 से अधिक शाखाएं अपने ग्राहकों को आरटीजीएस आधारित निधि अंतरण का लाभ दे रही हैं।

2.196 रिज़र्व बैंक की सुरक्षित वेबसाइट प्राधिकृत उपयोगकर्ताओं, नामतः, सरकार और वाणिज्य बैंकों को इलेक्ट्रानिक सूचना उपलब्ध कराती है। इंटरनेट के माध्यम से जिस सुविधा तर पहुंचा जा सकता है, उसका बड़े पैमाने पर उपयोग करना जारी रहा। बैंक और सरकारी विभागों और साथ ही अन्य वाणिज्य बैंकों के बीच इलेक्ट्रॉनिक साधनों के माध्यम से सूचना प्रसारण करने का काम करती है, उपयोगकर्ताओं द्वारा बड़े पैमाने पर उपयोग में लाई जा रही है। वर्ष के दौरान चेक समाशोधन और इलेक्ट्रानिक समाशोधन सेवाओं दोनों के ही लिए समाशोधन आंकड़ों का ट्रांसमिशन कई केंद्रों पर सुरक्षित वेबसाइट से किया गया था। इसके अलावा मुद्रा तिजोरी से प्राप्त आंकड़ों का मिलान, जो एकीकृत मुद्रा तिजोरी परिचालनों और प्रबंधन प्रणाली (आइसीसीओएमएस) का भाग है, सुरक्षित वेबसाइट को उपयोग में लाकर किया गया। सुरक्षित इंटरनेट वेबसाइट को एक्सटेंसिबल बिजनेस रिपोर्टिंग लैंग्वेज (एक्स बी आर एल) स्ट्रक्चर की मदद से ऑन लाइन रिटर्न फाइलिंग प्रणाली (ओआरएफएल) के साथ जोड़ दिया गया है ताकि बैंकों के द्वारा रिज़र्व बैंक को सिंगल स्टॉप रिपोर्टिंग में सुविधा हो सके।

बैंकों में प्रौद्योगिकी संबंधी गतिविधियां

2.197 बैंकिंग में नए क्षितिज को छू रहे बहु अनुप्रयोगी स्मार्ट कार्ड ने उत्तर-पूर्व और दक्षिणी क्षेत्रों के हिस्सों में वित्तीय समावेशन के लक्ष्य प्राप्ति के प्रयासों के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई है (बॉक्स II.17)।

बॉक्स सं.17: मल्टी एप्लिकेशन स्मार्ट कार्ड और बैंकिंग में उनकी संभावनाएं

स्मार्ट कार्ड, क्रेडिट/डेबिट ए टी एम कार्ड के समान ही एक कार्ड है। इस कार्ड में एक चिप होती है, जो इसकी विशेषता है तथा इसमें जानकारी रखी जा सकती है। चुम्बकीय पट्टी आधारित कार्ड के विपरीत, चिप में रखी गई जानकारी स्थायी रूप की होती है, अथवा इसमें परिवर्तन किया जा सकता है। उदाहरणार्थ, कार्डधारक द्वारा किसी भी अन्तराल पर पासवर्ड बदला जा सकता है। इसकी अतिरिक्त विशेषता के कारण स्मार्ट कार्ड का उपयोग न केवल वित्तीय लेन-देन प्रक्रिया के लिए बल्कि उसके साथ-साथ अन्य कई क्षेत्रों में भी किया जाता है।

स्मार्ट कार्ड तकनीक का सबसे बड़ा लाभ है कि इसके एक ही गतिशील कार्ड में बहुमुखी एप्लिकेशन समेकित किए जा सकते हैं। इन कार्डों से इनके उपयोगकर्ता का जीवन सरल होता है क्योंकि भुगतान और अन्य लेन-देनों के लिए तीन अन्य कार्डों के स्थान पर इसका उपयोग किया जा सकता है। इस प्रकार, इस एक कार्ड का उपयोग पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, स्वास्थ्य कार्ड और निधि संबंधित अन्य प्रयोजनों के लिए किया जा सकता है। चूंकि ये कार्ड इस प्रकार की उच्च स्तरीय व्यक्तिगत एप्लिकेशन प्रदान करते हैं, उनकी गुणवत्ता उपयोगकर्ता के लिए बहुत अधिक होती है तथा ये औसत से अधिक ग्राहक विश्वसनीयता बनाने में मदद करते हैं।

भारतीय बैंकिंग ने सूचना प्रौद्योगिकी को अपना लिया है, अतः मल्टी एप्लिकेशन स्मार्ट कार्डों का उपयोग बढ़ गया है। स्मार्ट कार्ड आधारित इलैक्ट्रॉनिक पर्स सिस्टम, जिसमें जानकारी कार्ड चिप में रखी होती है, न कि बाहर से रिकार्ड किए गए खाते में; अतः कार्ड को स्वीकार करने वाली मशीन को नेटवर्क कनेक्टिविटी की आवश्यकता नहीं होती। अतः मल्टी एप्लिकेशन कार्ड जारीकर्ता के लिए भी लाभदायक हैं क्योंकि ये विशेष विपणन अवसर सृजित करने की संभावना उपलब्ध कराते हैं। देश के सुदूर क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन के लिए भी ये विशेष रूप से उपयुक्त हैं। स्मार्ट कार्ड लागू करने के बैंक इसलिए भी इच्छुक हैं क्योंकि इनमें धोखाधड़ी के मामलों में भारी कमी होने की योग्यता है।

मल्टी एप्लिकेशन स्मार्ट कार्ड भी विभिन्न चुनौतियां सामने रखते हैं। बहुमुखी स्मार्ट कार्ड एप्लिकेशन का उनकी संबद्ध स्क्रिप्ट, डाटा स्ट्रीम और सांकेतिक कुंजियों के साथ प्रबंधन एकल कार्य कार्ड जारी करने की तुलना में ज्यादा जटिल है। खुले मानक और अन्तर परिचालन अधिक जटिल हो जाते हैं। जीवन चक्र प्रबंधन भी अधिक विस्तृत हो जाता है, विशेष रूप से जारी करने के बाद एप्लिकेशनों का उन्नयन। ऐसी स्थितियों में एक सिद्ध, समेकित स्मार्ट कार्ड संरचना की स्थापना का अर्थ होगा, सर्वोत्तम लाभकारी अवसरों के पूंजीकरण की निरंतर सफलता अथवा असफलता के बीच अन्तर। इन मुद्दों के समाधान के लिए रिज़र्व बैंक ने एक प्रायोगिक परियोजना को समर्थन प्रदान किया है जिसमें प्रमुख कठिनाइयों और उनके निवारक उपायों को रखा गया है जो सामने आ सकती हैं। उनके आधार पर स्वीकार्य और लागू किए जा सकने वाले मानक सामने आएंगे।

बॉक्स.II.18 : सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन

सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन (आइ टी गवर्नेंस) अथवा सूचना और संप्रेषण तकनीक (आइ सी टी गवर्नेंस) कंपनी अभिशासन का ही एक रूप है जो सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली और उनके निष्पादन तथा जोखिम प्रबंधन पर केन्द्रित है। सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन की ओर बढ़ता हुआ रुझान आंशिक रूप से सारबेनेस - ऑक्सले अधिनियम और बासल- II की पहल के अनुपालन और यह पहचानने कि सूचना प्रौद्योगिकी परियोजनाएँ आसानी से नियंत्रण के बाहर हो सकती हैं तथा किसी संगठन के कार्यनिष्पादन को प्रभावित कर सकती हैं। यह बैंकिंग क्षेत्र सहित वित्तीय क्षेत्र के संबंध में ज्यादा सटीक है जहाँ सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन में कमी भयंकर स्थिति की ओर ले जा सकती है। सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन मोटे-तौर पर कंपनी अभिशासन का व्यापकतर स्तर है।

सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन की चर्चा की बार-बार की थीम है कि सूचना प्रौद्योगिकी क्षमता पर चर्चा अब वर्ज्य विषय नहीं हो सकता। सीमित तकनीकी अनुभव और सूचना प्रौद्योगिकी की जटिलताओं के चलते बोर्ड स्तर के अधिकारियों द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधन पर पारंपरिक रूप से कार्रवाई कर मुख्य निर्णय लेने का कार्य सूचना प्रौद्योगिकी व्यवसायियों के होंगे। सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन का तात्पर्य है वह प्रणाली जिसमें सभी जोखिम धारक जिसमें बोर्ड, आन्तरिक ग्राहक और संबंधित क्षेत्र तथा वित्त आते हैं सहित, निर्णय लेने की प्रक्रिया के लिए आवश्यक जानकारियां/ निविष्टियां उपलबध कराते हैं। इससे एक जोखिम उठाने वाले, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी व्यावसायिक को खराब निर्णय के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता। इससे प्रयोगकर्ताओं को बाद में यह कहने से रोका जा सकता है कि प्रणाली ने आशा के अनुरूप कार्य नहीं किया।

सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन कई मॉडल्स का अनुसरण करती है। जबकि सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन के कार्यान्वयन का मार्गदर्शन करने के लिए कई समर्थक तंत्र हैं, कुछ अन्य निम्नानुसार हैं :-

- आइ टी इंफ्रास्ट्रक्चर लाइब्रेरी (आइ टी आइ एल) जो तुरत-फुरत सूचना देने की एक विस्तृत व्यवस्था है कि किस प्रकार सूचना प्रौद्योगिकी का सफलतापूर्वक अभिशासन किया जा सकता है।
- सूचना और संबंधित तकनीक के लिए नियंत्रण उद्देश्य (कोबिट) जो अच्छी सूचना प्रौद्योगिकी तकनीक सुरक्षा और नियंत्रण प्रक्रियाओं के मानकीकरण का दृष्टिकोण है। यह किसी संगठन की 34 सूचना प्रौद्योगिकी प्रक्रियाओं के निष्पादन के मूल्यांकन और मापन का साधन उपलब्ध कराता है। आइटीजीआइ (सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन संस्थान) कोबिट के लिए उत्तरदायी है।
- किसी भी संस्था के सुरक्षा कार्यक्रम के कार्यान्वयन और अनुरक्षण के लिए आइएसओ / आईईसी 27001 (आइ एस ओ 27001) सर्वोत्तम प्रक्रिया का सैट है। यह ब्रिटिश मानक 7799 (बी एस 7799) के रूप में शुरू हुआ; जिसका प्रकाशन यूनाइटेड किंगडम में हुआ और यह इस उद्योग में एक जाना-माना मानक बन गया जो किसी संगठन को सूचना सुरक्षा की प्रक्रिया में मार्गदर्शन उपलब्ध कराता है।
- सूचना सुरक्षा प्रबंधन परिपक्वता मॉडल आइएसएम 3, यह सुरक्षा के लिए प्रक्रिया आधारित आइएसएम परिपक्वता मॉडल है।
- एएस 8015 - 2005 सूचना और संप्रेषण तकनीक के कंपनी अभिशासन हेतु एक ऑस्ट्रेलियन मानक
- सीएमएम - क्षमता परिपक्वता मॉडल जो सॉफ्टवेयर इन्जीनियरिंग पर प्रकाश डालता है।
- दि बैलेंस्ड स्कोरकार्ड (बी एस सी) यह किसी संगठन के कार्यनिष्पादन का बहुत से विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यांकन करने का तरीका है।
- सिक्स सिगमा जिसका लक्ष्य गुणवत्ता की गारंटी पर केन्द्रित है।

तथापि, सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन के समक्ष कुछ नई चुनौतियाँ हैं। विस्तृत प्रक्रिया नियंत्रण के माध्यम से सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन के उद्देश्यों का प्रकटीकरण (जैसे कि परियोजना प्रबंधन के संदर्भ में) बड़े पैमाने पर सूचना प्रौद्योगिकी प्रबंधन में अकसर विवादास्पद मामला रहता है। साथ ही, वित्तीय पारदर्शिता और सूचना प्रौद्योगिकी वित्तीय प्रबंधन में लागत प्रभावी ऑंकड़े प्राप्त करने में कठिनाइयाँ एक ऐसा विषय है जिसके लिए अब तक कोई स्पष्ट निर्णय (अर्थात चार्ज बैक साध्य) नहीं लिया गया है।

इन्फिनेट में गतिविधियाँ

2.198 रिजर्व बैंक की प्रणालीगत रूप से महत्त्वपूर्ण अन्तर बैंक भुगतान प्रणालियों के लिए बैंकों द्वारा इलैक्ट्रानिक जानकारी के अन्तरण हेतु भारतीय वित्तीय नेटवर्क (इन्फिनेट) सर्वाधिक लोकप्रिय संप्रेषण चैनल बना हुआ है। नेटवर्किंग तकनीक क्षेत्र में गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए इन्फिनेट को मल्टी प्रोटोकॉल लेयर स्विचिंग (एमपीएलएस) में परिवर्तित किया जा रहा है जो परिचालन में आसानी के साथ-साथ बड़े पैमाने की किफायतें प्रदान करता है।

सूचना प्रौद्योगिकी अभिशासन

2.199 सभी आइ टी आधारित उत्पादों के लिए अच्छे आइ टी अभिशासन की आवश्यकता होती है (बॉक्स II.18)।

11. कानूनी सुधार

2.200 वर्ष के दौरान बैंकिंग से संबंधित कानूनों में कई बड़े संशोधन किए गए। इसके अतिरिक्त, कुछ नए बिलों को अधिनियमन के लिए रखा गया।

बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006

2.201 बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) और वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006, जिसने बैंककारी कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 और बैंककारी कम्पनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1980 का संशोधन किया गया, संसद द्वारा पारित किया गया और यह 16

अक्तूबर 2006 से प्रभावी हो गया। संशोधित अधिनियम में अन्य बातों के साथ-साथ बोर्ड के संघटन में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए - i) राष्ट्रीयकृत बैंकों की गतिविधियों के विस्तार के मद्देनजर अधिक कार्यकारी निदेशक हों, इसलिए पूर्णकालिक निदेशक की संख्या दो से बढ़ा कर चार कर दी गई; ii) रिज़र्व बैंक के अधिकारी के नामन के बजाय केंद्र सरकार की सिफारिश पर रिज़र्व बैंक द्वारा नामित निदेशक वाणिज्य बैंकों के विनियमन और पर्यवेक्षण में आवश्यक अनुभव और विशेषज्ञता प्राप्त व्यक्ति होगा; iii) सेबी/नाबार्ड/पी एफ आई के पदाधिकारियों में से नामित निदेशक के प्रावधान को हटाना; iv) वर्तमान प्रावधान के अनुसार एक से छः निदेशकों के बजाय शेयर धारण की प्रतिशतता के आधार पर एक से तीन शेयरधारक निदेशकों का नामांकन ताकि स्वामित्व की प्रतिशतता के आधार पर और अधिक बराबरी का प्रतिनिधित्व दिया जा सके (जिसके परिणामस्वरूप राष्ट्रीयकृत बैंकों में अधिकतम तीन निर्वाचित निदेशक होंगे); तथा v) निर्वाचित निदेशक भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर अधिसूचित मानदण्ड के अनुसार 'योग्य और उचित' स्थिति वाले व्यक्ति होंगे; और (vi) इस सुधार से रिज़र्व बैंक को बैंकिंग नीति/जन हित/बैंक अथवा जमाकर्ताओं के हित में रिज़र्व बैंक द्वारा आवश्यक समझे जाने पर एक अथवा अधिक अतिरिक्त निदेशक नियुक्त करने का अधिकार प्राप्त हो गया है।

2.202 राष्ट्रीयकृत बैंक केन्द्र सरकार के पूर्वानुमोदन और बाद में रिज़र्व बैंक के परामर्श से विनियम में निर्दिष्ट किए अनुसार प्रक्रिया के अनुरूप अधिमान आबंटन अथवा निजी स्थानन अथवा सार्वजनिक निर्गम द्वारा पूंजी इकट्ठी कर सकेंगे। केन्द्र सरकार के पास हर समय 51 प्रतिशत से अधिक प्रदत्त पूंजी होगी जिसमें इक्विटी शेयर शामिल होंगे। इसके अलावा, राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिमान शेयरों के वोटिंग अधिकार केवल उन संकल्पों तक सीमित रहेंगे जो उनके अधिकारों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करते हों। यह संशोधन केवल अधिमान शेयर पूँजी धारक सभी शेयर धारकों के कुल वोटिंग अधिकार के एक प्रतिशत की सीमा तक उनके द्वारा धारित अधिमान शेयरों के संबंध में अधिमान शेयर धारकों के वोटिंग अधिकारों को भी सीमित कर देगा।

2.203 इस संशोधन से शेयरधारकों को निदेशकों की रिपोर्ट, वार्षिक लेखे और तुलन पत्र पर वार्षिक सामान्य सभा में चर्चा करने, उन्हें अपनाने और अनुमोदन का अधिकार प्राप्त हो गया है। राष्ट्रीयकृत बैंक समर्थ हैं कि वे 7 वर्ष से अधिक उन अदावी लाभांशों को कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 205 सी के अन्तर्गत स्थापित निवेशक शिक्षा और सुरक्षा निधि में अंतरित करें।

2.204 केन्द्र सरकार को अब जनता के हित में अथवा जमाकर्ताओं या बैंक के हितों के विरुद्ध बैंक द्वारा किए जा रहे कार्यों को रोकने अथवा राष्ट्रीयकृत बैंकों का उचित प्रबंधन प्राप्त करने में रिज़र्व बैंक की सिफारिशों पर निदेशक मंडल का अधिक्रमण करने का अधिकार है। यह अधिक्रमण 6 माह से अनधिक अवधि का होगा जिसे बढ़ाकर अधिकतम 1 वर्ष किया जा सकता है। केन्द्र सरकार रिज़र्व बैंक के परामर्श से एक प्रशासक नियुक्त कर सकती है और कानून, वित्त, बैंकिंग, अर्थव्यवस्था अथवा लेखांकन में अनुभवी 3 या अधिक सदस्यों की एक समिति बनाएगी जो प्रशासक को अपने कार्यों के निष्पादन में सहायता करेगी।

भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक कानून) संशोधन अधिनियम, 2007

2.205 स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र अधिनियम, 1950, स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद अधिनियम, 1956 और भारतीय स्टेट बैंक (अनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 को संशोधित किया गया ताकि :- i) भारतीय स्टेट बैंक के अनुषंगी बैंकों के शेयरधारकों के समक्ष आई कठिनाइयों को दूर किया जा सके; ii) अनुषंगी बैंकों की पूंजी बढ़ाई जा सके; iii) अनुषंगी बैंकों को बाजार से संसाधन जुटाने का अवसर मिले।2007 का अधिनियम जो 9 जुलाई 2007 से प्रभावी हुआ है, द्वारा उक्त तीनों अधिनियमों को संशोधित किया गया है ताकि अन्य बातों के साथ-साथ i) अनुषंगी बैंकों की प्राधिकृत पूंजी बढ़ा कर 5 सौ करोड़ रुपए कर दी जाए और उसे एक सौ रुपए प्रत्येक के शेयर में अथवा भारतीय स्टेट बैंक के अनुमोदन से अनुषंगी बैंकों द्वारा निर्णय लिए गए मूल्यवर्ग में बाँट दिया जाए; ii) अनुषंगी बैंकों को यह अनुमति दी जाए कि वे वर्तमान शेयरधारकों को रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बनाई गई विनियमावली द्वारा निर्धारित ऐसे मूल्यवर्ग के शेयर प्रमाणपत्र जारी करें; iii) अनुषंगी बैंकों को अनुमति दी जाए कि वे रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बनाई गई विनियमावली में निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुरूप अधिमान आबंटन अथवा निजी स्थानन अथवा सार्वजनिक निर्गम द्वारा निर्गम पूंजी बढ़ाएँ तथा रिज़र्व बैंक द्वारा बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार अधिमान शेयर जारी करें; iv) अनुषंगी बैंकों में भारतीय स्टेट बैंक की शेयरधारिता 55 प्रतिशत से कम करके 51 प्रतिशत करने की अनुमति दें; v) व्यक्तिगत शेयरधारिता में 200 शेयर से अधिक के प्रतिबंध को समाप्त किया जाए तथा (भारतीय स्टेट बैंक को छोड़कर) शेयरधारकों के मताधिकार की प्रतिशतता को बढ़ा कर संबंधित अनुषंगी बैंक की निर्गम पूंजी के 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत कर दिया जाए; vi) रिज़र्व बैंक को यह शक्ति प्रदान की जाए जिससे कि वह वाणिज्य बैंकों के विनियमन अथवा पर्यवेक्षण से संबंधित मामलों में विशेषज्ञता और अनुभव रखने वाले एक निदेशक को नामित कर सके तथा ऐसा प्रावधान कर सके कि जमाकर्ताओं और बैंकिंग नीति के हित में रिज़र्व बैंक द्वारा जब भी आवश्यक समझा जाए अतिरिक्त नामांकन

किया जा सके; vii) अनुषंगी बैंक के शेयरधारकों का प्रतिनिधित्व करने वाले निर्वाचित निदेशकों की संख्या जो कि 3 तक सीमित है, को सरकारी स्वामित्व की अलग-अलग प्रतिशतता के अधीन बढ़ाएँ; viii) अनुषंगी बैंक के निर्वाचित निदेशक के लिए सही मानदण्ड सहित पात्रता मानदंड के संबंध में अर्हता निर्दिष्ट करें तथा रिज़र्व बैंक को यह अधिकार प्रदान करें कि वे उन निर्वाचित निदेशकों को जो सही नहीं है, हटा सकें तथा अनुषंगी बैंक के निदेशक मंडल को यह अनुमति दें कि वे उनके स्थान पर सही व्यक्ति को दुबारा चुन सकें ; ix) रिज़र्व बैंक को शक्तियाँ प्रदान करें ताकि भारतीय स्टेट बैंक की सिफारिश पर जनता के हित में अथवा जमाकर्ताओं के हित में अथवा अनुषंगी बैंकों का सही प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए अनुषंगी बैंकों के निदेशक मंडल का अधिक्रमण किया जा सके तथा एक प्रशासक की नियुक्ति और प्रशासक को सहायता प्रदान करने के लिए एक समिति गठित की जा सके; x) अनुषंगी बैंक के बोर्ड को भारतीय स्टेट बैंक के परामर्श से तथा रिज़र्व बैंक की पूर्वानुमति से, विनियम बनाने में सक्षम बनाया जा सके; xi) वीडियों कांफ्रेसिंग या ऐसे इलेक्ट्रॉनिक साधनों से बोर्ड की बैठक कराने में बैंकों को सक्षम बनाना; xii) वार्षिक आम बैठक में मौजूद शेयरधारकों को तुलनपत्र अपनाने का हक देना।

बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश, 2007

2.206 भारत सरकार ने जनवरी 2007 में बैंककारी विनियमन (संशोधन) अध्यादेश 2007 जारी किया जिसमें i) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 24 में संशोधन का प्रावधान है ताकि रिज़र्व बैंक बिना किसी न्यूनतम सीमा के सांविधिक चलनिधि अनुपात तथा आस्तियां निर्दिष्ट कर सके जो द्वारा इस रूप और प्रकार से रखी जाएंगी जैसे कि अनुसूचित बैंक रखते हैं; ii) बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 53 में संशोधन ताकि विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईज़ेड) में स्थित संस्थानों/बैंकों/शाखाओं को दी जा रही छूट के मामले में ड्राफ्ट अधिसूचना संसद के दोनों सदनों के समक्ष रखी जाने का प्रावधान हो सके।

2.207 इस अध्यादेश का निरसन बैंककारी विनियमन (संशोधन) बिल 2007 द्वारा किया गया जो 23 जनवरी 2007 को लागू हुआ और 28 मार्च 2007 को अधिसूचित किया गया था।

संसद में रखे गए बिल

2.208 लोकसभा में 13 मई 2005 को रखे गए बैंककारी विनियमन (संशोधन) विधेयक के अनुसार बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 के कुछ प्रावधान संशोधित करने होंगे ताकि रिज़र्व बैंक के विनियामक अधिकार बढ़ाए जा सकें। इस विधेयक में निम्नलिखित के संबंध में प्रावधान शामिल हैं : (i) मताधिकार पर लगा प्रतिबंध हटाना और विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक शेयर या मताधिकार प्राप्त करने के लिए रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन की अपेक्षा शुरू करना (रिज़र्व बैंक को अधिकार देना कि वह स्वयं को इस बात से संतुष्ट कर ले कि शेयर या मताधिकार प्राप्ति के लिए आवेदक योग्य और उपयुक्त व्यक्ति है और ऐसी अन्य शर्तें लगाना जो रिज़र्व बैंक उचित समझे); (ii) रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित विनियामक दिशानिर्देशों की शर्त पर बैंकिंग कंपनियों को अधिमानी शेयर जारी करने का अधिकार देने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 12 संशोधित करना ; (iii) रिज़र्व बैंक को अधिकार देना कि वह किसी बैंकिंग कंपनी को निदेश जारी कर सके कि वह उसका वित्तीय विवरण प्रकट करे या रिज़र्व बैंक द्वारा आवश्यक समझे अनुसार किसी सहयोगी उद्यम के कारोबार के संबंधित विवरण और जानकारी रिज़र्व बैंक को अलग से प्रस्तुत करे और किसी सहयोगी उद्यम का निरीक्षण किया जा सके; (iv)रिज़र्व बैंक को अधिकार देना कि वह किसी बैंकिंग कंपनी के निदेशक मंडल को अधिक्रमित करके प्रशासक नियुक्त कर सके; (v) प्राथमिक ऋण समितियों द्वारा रिज़र्व बैंक से लाइसेंस प्राप्त किये बिना बैंकिंग कारोबार करने की छूट देने वाले प्रावधान को हटाने के लिए उक्त अधिनियम की धारा 56 संशोधित करना; और (vi) रिज़र्व बैंक को अधिकारी देना कि वह लोकहित या सहकारी बैंकों के हित या उसके जमाकर्ताओं के हित में किसी सहकारी बैंक की विशेष लेखा परीक्षा का आदेश दे सके। वित्त पर संसद की स्थायी समिति ने विधेयक पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

2.209 भुगतान और निपटान विधेयक, 2006 लोकसभा में 25 जुलाई 2006 को प्रस्तुत किया गया था। विधेयक के अनुसार रिज़र्व बैंक को भुगतान और निपटान प्रणाली के प्राधिकारी के रूप में नामित किया जाना है। विधेयक में निम्नलिखित प्रावधान हैं : (i) भुगतान प्रणाली के परिचालन के लिए रिज़र्व बैंक के प्राधिकरण की प्राप्ति की अनिवार्यता ; (ii) मानक निश्चित करके, जानकारी, विवरणियां, दस्तावेज आदि मंगाकर रिज़र्व बैंक को भुगतान प्रणाली के विनियमन और पर्यवेक्षण का अधिकारी देना; (iii) जहां भुगतान प्रणाली परिचालित की जाती है उस परिसर में प्रवेश करके लेखा परीक्षा और निरीक्षण करने का अधिकार रिज़र्व बैंक को देना ; (iv) रिज़र्व बैंक को निदेश जारी करने का अधिकारी देना और (v) अन्य कानूनों को अधिक्रमित करना और सहभागियों द्वारा देय विदेशी मुद्रा या प्रतिभूतियों, मुद्रा की राशि के निर्धारण में अंतिम और अप्रतिसंहरणीय निपटान और निवलन के लिए प्रावधान करना । यह विधेयक विचार करने के लिए वित्त पर स्थायी समिति को भेजा गया था और समिति की रिपोर्ट लोकसभा में मई 2007 में प्रस्तुत की गई थी।

2.210 भारतीय स्टेट बैंक (संशोधन) बिल, 2006 जिसमें भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955 में संशोधन थे, लोकसभा में दिसंबर 2006 में प्रस्तुत किया गया। प्रस्तावित बिल में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अधिमान शेयर जारी करके पूंजी बढ़ाने तथा इसे सार्वजनिक निर्गम अथवा अधिमान आबंटन अथवा निजी स्थानन के माध्यम से अपने संसाधन जुटाने में सक्षम बनाना है। इस बिल का उद्देश्य बैंक के प्रबंधन में लचीलापन भी लाना है। बिल में अन्य बातों के साथ-साथ ये प्रावधान भी हैं कि i) भारतीय स्टेट बैंक की प्राधिकृत पूंजी बढ़ाकर 5 हजार करोड़ रुपए तक की जाए तथा उसे दस रुपए प्रत्येक के शेयर अथवा रिज़र्व बैंक के अनुमोदन से केन्द्रीय बोर्ड द्वारा निर्धारित ऐसे मूल्यवर्ग में बाँटा जाए; ii) रिज़र्व बैंक के परामर्श से केन्द्र सरकार द्वारा प्राधिकृत पूंजी में वृद्धि या कटौती; iii) रिज़र्व बैंक और केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से विनियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार स्टेट बैंक की निर्गम पूंजी अधिमान शेयर आबंटन अथवा निजी स्थानन अथवा सार्वजनिक निर्गम द्वारा बढ़ाई जाए तथा रिज़र्व बैंक द्वारा तैयार दिशानिर्देशों के अनुरूप अधिमान शेयर जारी करना; iv) वर्तमान इक्विटी शेयरधारकों को भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बोनस शेयर जारी करना; v) रिज़र्व बैंक की शेयरधारिता 55 प्रतिशत से कम करके 51 प्रतिशत करना जो निर्गम पूंजी के इक्विटी शेयर हैं; vi) स्टेट बैंक शेयर की राशि किस्तों में स्वीकार करे, 'काल' करे तथा अदत्त शेयरों तथा उनके पुनः निर्गमों को जब्त कर ले; vii) व्यक्तियों/संयुक्त शेयरधारकों द्वारा रखे गए शेयरों के संबंध में नामन सुविधा; viii) केन्द्र सरकार, रिज़र्व बैंक के परामर्श से 4 से अधिक प्रबंध निदेशक नियुक्त न करे तथा 'उपाध्यक्ष' का पद समाप्त करे; तथा ix) रिज़र्व बैंक की सिफारिशों पर कतिपय मामलों में केन्द्रीय बोर्ड का अधिक्रमण करने की केन्द्र सरकार को शक्ति प्रदान करे तथा यह अधिक्रमण रहने तक प्रशासक की नियुक्ति करने का प्रावधान है।

अध्याय III

वाणिज्यिक बैंकों का परिचालन और कार्य निष्पादन

प्रस्तावना

3.1 2006-07 के दौरान सुदृढ़ समष्टि आर्थिक निष्पादन ने कारोबार और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों[1] के वित्तीय निष्पादन को समर्थन देना जारी रखा। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के परिचालन की महत्वपूर्ण बात लगातार तीसरे वर्ष बैंक ऋण का व्यापक विस्तार था, अलबत्ता इसमें कुछ कमी रही। ऋण वृद्धि की एक महत्वपूर्ण बात लघु क्षेत्र में ऋण का अधिक प्रवाह था। खुदरा क्षेत्र, विशेषतः आवास और वाणिज्यिक स्थावर संपदा, में उल्लेखनीय मंदी आयी। देयता पक्ष में, मुख्य रूप से सावधि जमाओं में तीव्र वृद्धि के कारण जमा वृद्धि में गति आयी । इससे बैंक ऋण की तीव्र मांग का वित्तपोषण आसानी से कर सके। पिछले वर्ष के विपरीत, वर्ष के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों में बैंक के निवेश बढ़े। लेकिन, कुल आस्तियों और निवल मांग तथा मीयादी देयताओं दोनों के प्रतिशत के रूप में, सरकारी प्रतिभूतियों में बैंकों के निवेश घटते रहे । अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के निवल लाभ तेजी से बढ़े, जिसे ऋण की मात्रा में सुदृढ़ वृद्धि और परिचालन व्ययों के नियंत्रण के कारण निवल ब्याज आय में तीव्र वृद्धि से समर्थन मिला। 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में और सुधार हुआ जैसा कि ऋणों और अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में, सकल तथा निवल अनर्जक आस्तियों की गिरावट में परिलक्षित हुआ। बैंकिंग क्षेत्र का जोखिम भारित आस्ति के प्रति पूंजी अनुपात, जोखिम भारित आस्तियों में तीव्र वृद्धि के बावजूद, पिछले वर्ष के स्तर पर बना रहा।

3.2 इस अध्याय में सकल और बैंक समूह स्तर पर अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के परिचालन और वित्तीय निष्पादन की रूपरेखा दी गई है। यह अध्याय ग्यारह खंडों में विभाजित किया गया है। खंड 2 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के तुलन पत्र का सकल आधार पर विश्लेषण किया गया है, जबकि खंड 3 में तुलनपत्र से इतर परिचालनों का चित्रण किया गया है। खंड 4 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के वित्तीय निष्पादन का विश्लेषण किया गया है। खंड 5 में सुदृढ़ता संकेतकों की प्रवृत्तियों के ब्यौरे दिये गये हैं। खंड 6 में पूंजी बाजार में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के परिचालनों के ब्यौरे दिए गए हैं, जबकि खंड 7 में वर्ष के दौरान बैंकिंग में हुई प्रौद्योगिकीय गतिविधियों को शामिल किया गया है। खंड 8 में बैंकों का क्षेत्रीय विभाजन दिया गया है। खंड 9 में ग्राहक सेवा और वित्तीय समावेशन का अद्यतन स्वरूप दिया गया है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अलावा, 96 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक[2] और चार स्थानीय क्षेत्र बैंक हैं। जबकि इस अध्याय में, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का निष्पादन मुख्य रूप से दिया गया है, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्थानीय क्षेत्र बैंकों के निष्पादन का ब्यौरा अलग से क्रमशः खंड 10 और खंड 11 में दिया गया है।

2. अनुसूचित वाणिज्य बैकों की देयताएं और आस्तियां

3.3 निजी क्षेत्र के तीन पुराने बैंकों के विलयन के कारण 2005-06 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की संख्या 85 से घटकर 82 हो गई। 2006-07 के दौरान बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अधिग्रहण और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9(2) के अनुसार 31 मार्च 2007 को भारत ओवरसीज़ बैंक लि. का इंडियन ओवरसीज़ बैंक में विलय कर दिया गया। बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 44क के अंतर्गत दि सांगली बैंक लि. का आइसीआइसीआइ बैंक लि. में 19 अप्रैल 2007 को समामेलन किया गया। गणेश बैंक ऑफ कुरुंदवाड लि. की गिरती वित्तीय दशा को देखते हुए, केंद्र सरकार ने, रिज़र्व बैंक की सिफ़ारिशों पर, बैंक को 7 जनवरी 2006 के कारोबार की समाप्ति से तीन महीने की अवधि के लिए अधिस्थगन आदेश के अंतर्गत रख दिया। 1 सितंबर 2006 को सरकार द्वारा कुछ कानूनी प्रक्रियाएं पूरा करने के बाद, परवर्ती अधिसूचना द्वारा दि गणेश बैंक ऑफ कुरुंदवाद लि. को 2 सितंबर 2006 को फेडरल बैंक लि. के साथ समामेलित किया गया। इसी प्रकार, बैंककारी विनियमन अधिनियम 1949 की धारा 45 की उप धारा (2) के अंतर्गत यूनाइटिड वेस्टर्न बैंक लि. (यूडब्ल्यूबी) को अधिस्थगन आदेश के अंतर्गत रखा गया। प्रक्रियाएं पूरी होने के पश्चात् यूनाइटिड वेस्टर्न बैंक लि. को 30 सितंबर 2006 को इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया लि. के साथ समामेलित कर दिया गया। यह समामेलन 3 अक्तूबर 2006 से प्रभावी हुआ। समामेलन की इन घटनाओं के अलावा, दिसंबर 2006 को 75 बैंक परिसमापन के अंतर्गत थे। दो बैंकों के नाम बदल दिए गए हैं अर्थात् यूटीआई बैंक एक्जिस बैंक

[1] अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में 28 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (भारतीय स्टेट बैंक तथा 7 इसके सहयोगी बैंक; 19 राष्ट्रीयकृत बैंक और आइडीबीआइ बैंक लि.), 8 नए निजी क्षेत्र के बैंक, 17 पुराने निजी क्षेत्र के बैंक तथा 29 विदेशी बैंक शामिल हैं। गणेश बैंक ऑफ कुरुंदवाद लिमिटेड, जिसके कार्यों पर 7 जुलाई 2006 को रोक लगाई गई और बाद में जिसका 2 सितंबर 2006 को फेडरल बैंक लिमिटेड में विलय किया गया, ने वर्ष 2005-06 से संबंधित अपने वार्षिक लेखों को प्रकाशित नहीं किया।

[2] मार्च 2007 के अंत के अनुसार

और चोहुंग बैंक शिन्हान बैंक के रुप में होगा। 2006-07 के दौरान तीन समामेलनों के अलावा, सांगली बैंक लि. को 19 अप्रैल 2007 को बैंककारी अधिनियम 1949 की धारा 44 क के अंतर्गत आइसीआइसीआइ बैंक लि. में समामेलित किया गया।

3.4 2005-06 में 18.2 प्रतिशत से तुलना करने पर 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के कुल तुलन-पत्र में 24.3 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई (सारणी III.1और III.2)।

सारणी III.1: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के समेकित तुलनपत्र

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में			
	2006		2007	
	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5
देयताएं				
1. पूंजी	25,206	0.9	29,559	0.9
2. आरक्षित निधियां और अधिशेष	1,57,974	5.7	1,89,615	5.5
3. जमाराशियां	21,64,681	77.7	26,96,980	77.9
3.1. मांग जमाराशियां	2,92,945	10.5	3,51,998	10.2
3.2. बचत बैंक जमाराशियां	5,42,874	19.5	6,31,651	18.2
3.3. मीयादी जमाराशियां	13,28,861	47.7	17,13,330	49.5
4. उधार राशियां	2,03,147	7.3	2,42,870	7.0
5. अन्य देयताएं और प्रावधान	2,34,852	8.4	3,04,381	8.8
कुल देयताएं/आस्तियां	**27,85,863**	**100.0**	**34,63,406**	**100.0**
आस्तियां				
1. भारिबैंक के पास नकद और शेष राशि	1,44,475	5.2	1,95,372	5.6
2. बैंकों के पास शेष राशियां और मांग और अल्पावधि सूचना पर मुद्रा	1,16,443	4.2	1,58,413	4.6
3. निवेश	8,66,508	31.1	9,50,769	27.5
3.1 सरकारी प्रतिभूतियों में (क+ख)	6,90,421	24.8	7,54,456	21.8
क. भारत में	6,86,464	24.6	7,50,733	21.7
ख. विदेश में	3,957	0.1	3,723	0.1
3.2 अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	13,949	0.5	12,760	0.4
3.3 गैर अनुमोदित प्रतिभूतियों में	1,62,137	5.8	1,83,551	5.3
4. ऋण और अग्रिम	15,16,811	54.4	19,81,216	57.2
4.1 खरीदे और भुनाए गए बिल	1,03,657	3.7	1,24,424	3.6
4.2 नकदी ऋण और ओवरड्राफ्ट *आदि*	5,65,001	20.3	7,12,866	20.6
4.3 मीयादी ऋण	8,48,152	30.4	11,43,924	33.0
5. अचल आस्तियां	25,081	0.9	31,362	0.9
6. अन्य आस्तियां	1,16,542	4.2	1,46,271	4.2

टिप्पणी : 2005-06 के बैंकों के आंकड़े 2006-07 के बैंकों के तुलनपत्र के अनुसार हैं और चूंकि कुछ बैंकों द्वारा 2005-06 के आंकड़े संशोधित किए गए हैं, भारत में बैंकिंग की प्रवृत्ति एवं प्रगति संबंधी रिपोर्ट 2005-06 में प्रस्तुत आंकड़ों से नहीं मिल सकते हैं।

स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र

3.5 वास्तविक अर्थव्यवस्था की तुलना में बैंकिंग प्रणाली के तीव्र विकास से जीडीपी (वर्तमान कीमतों में कारक लागत पर) के प्रति अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्तियों के अनुपात में काफी वृद्धि हुई, जो मार्च 2006 के अंत के 85.7 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 92.5 हो गई। बैंकिंग प्रणाली में 'लीवरेज' की मात्रा, जैसाकि ईक्विटी गुणज (कुल आस्तियों को कुल ईक्विटी द्वारा विभाजित करके मापा गया) से परिलक्षित होता है, मार्च 2006 के अंत के 15.2 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 15.8 प्रतिशत हो गया ।

3.6 वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की देयताओं और आस्तियों के स्वरूप में कुछ परिवर्तन हुए। तीसरे वर्ष लगातार, ऋण और अग्रिम 30 प्रतिशत (अर्थात 2005-06 में 31.8 प्रतिशत और 2004-05 में 33.2 प्रतिशत से तुलना करने पर 30.6 प्रतिशत) बढ़े, जिसे सुदृढ़ समष्टि आर्थिक निष्पादन से बल मिला। पिछले दो वर्षों के रुझान को उलटते हुए, जमाओं में समग्र रूप से वृद्धि ऋणों और अग्रिमों में वृद्धि की तुलना में काफी अधिक थी, यद्यपि 24.6 प्रतिशत की जमा वृद्धि ऋणों और अग्रिमों में वृद्धि की तुलना में कम थी। अतः गत वर्ष, जब बैंकों ने बढ़ी हुई ऋण की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश को बेच दिया, के विपरीत निधियों के अधिशेष के एक हिस्से को सरकारी प्रतिभूतियों में लगाया गया। वृद्धिशील निवेश के बावजूद, कुल आस्तियों में सरकारी प्रतिभूतियों (समग्र निवेश भी) का हिस्सा काफी घटा, इसका आशय यह हुआ कि निवेश में वृद्धि की गति समग्र आस्तियों में वृद्धि के समान नहीं है (सारणी III.2 और परिशिष्ट सारणी III.1(क) से (ग)]।

3.7 बैंक समूहों के बीच, विदेशी बैंकों और निजी क्षेत्र के नये बैंकों के तुलन-पत्र में क्रमशः 39.5 प्रतिशत और 38.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जिससे बैंकिंग क्षेत्र की कुल आस्तियों में उनका संयुक्त हिस्सा मार्च 2006 के अंत के 22.3 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 24.9 प्रतिशत हो गया (सारणी III.2)। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के संयुक्त तुलन-पत्र में, संपूर्ण बैंकिंग क्षेत्र के तुलनपत्र में हुई 24.3 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में , 21.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई जिसका परिणाम यह हुआ कि उनका हिस्सा एक वर्ष पहले के 72.3 प्रतिशत से गिरकर मार्च 2007 के अंत में 70.5 प्रतिशत रह गया। ऐसा मुख्य रूप से भारतीय स्टेट बैंक समूह और सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंकों के हिस्से में गिरावट के कारण था। निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों के तुलन पत्र में 7.1 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई जिसका परिणाम यह हुआ कि उनका बाजार हिस्सा मार्च 2006 के अंत के 5.4 प्रतिशत से गिरकर मार्च 2007 के अंत में 4.6 प्रतिशत रह गया [परिशिष्ट सारणी III.1(क) से (ग)]। विभिन्न बैंक समूहों के बाजार हिस्से का परिवर्तन व्यापक रूप से जमाओं में उनके हिस्से में परिवर्तन को परिलक्षित करता है (सारणी III.3)।

सारणी III.2: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के तुलनपत्र में वृद्धि : बैंक समूह-वार

(प्रतिशत)

मद	मार्च के अंत में									
	2006					2007				
	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	निजी क्षेत्र के नए बैंक	विदेशी बैंक	सभी अनु-सूचित वाणिज्य बैंक	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	निजी क्षेत्र के नए बैंक	विदेशी बैंक	सभी अनु-सूचित वाणिज्य बैंक
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1. पूंजी	-20.6	25.9	14.2	27.5	-2.7	0.7	4.4	5.6	45.4	17.3
2. आरक्षित निधि और अधिशेष	21.7	19.5	55.2	28.5	27.7	20.0	11.6	17.4	30.6	20.0
3. जमाराशियां	12.9	11.6	50.7	31.7	17.8	22.9	6.0	38.8	32.6	24.6
3.1. मांग जमाराशियां	20.8	15.7	29.3	48.8	24.9	19.3	3.9	36.7	11.8	20.2
3.2. बचत बैंक जमाराशियां	19.0	20.4	60.6	21.1	22.0	15.0	6.7	33.3	16.3	16.4
3.3. मीयादी जमाराशियां	8.9	8.9	53.9	25.4	14.7	27.3	6.1	40.6	52.3	28.9
4. उधार	23.7	22.5	11.0	24.5	20.7	5.7	22.3	42.8	32.7	19.6
5. अन्य देयताएं और प्रावधान	12.3	13.8	34.0	31.4	17.4	16.2	16.1	51.1	88.7	29.6
कुल देयताएं / आस्तियां	**13.6**	**12.4**	**43.2**	**29.8**	**18.3**	**21.1**	**7.1**	**38.7**	**39.5**	**24.3**
1. भारिबैंक के पास नकदी और शेष राशि	25.3	-0.3	16.1	20.0	22.4	26.1	25.9	94.3	49.8	35.2
2. बैंकों के पास शेष राशियां तथा मांग और अल्पावधि सूचना पर मुद्रा	14.0	7.5	37.4	64.3	22.1	26.9	5.8	91.9	42.2	36.0
3. निवेश	-7.7	1.1	41.1	22.2	-0.4	4.9	-3.6	26.4	36.4	9.7
3.1 सरकारी प्रतिभूतियों में (क + ख)	-8.4	3.2	50.4	20.1	-1.2	3.6	-2.2	33.0	37.5	9.3
क. भारत में	-8.5	3.2	50.3	20.1	-1.3	3.6	-2.0	32.9	37.5	9.4
ख. विदेश में	15.3	2.6	255.2	–	17.7	-8.6	-100.0	125.0	–	-5.9
3.2 अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	-13.5	-14.4	-60.9	-60.6	-14.4	-7.8	-30.9	-20.7	0.2	-8.5
3.3 गैर अनुमोदित प्रतिभूतियों में	-2.8	-5.8	24.1	32.8	4.8	13.6	-7.6	11.4	32.7	13.2
4. ऋण और अग्रिम	29.5	21.7	50.2	29.5	31.8	30.2	12.0	39.9	29.5	30.6
4.1 खरीद गए तथा भुनाए गए बिल	16.5	8.1	-10.4	27.0	12.8	22.4	-15.4	21.8	21.3	20.0
4.2 नकदी ऋण, ओवरड्राफ्ट आदि	26.9	21.4	64.2	33.7	29.3	25.7	11.6	42.0	27.7	26.2
4.3 मीयादी ऋण	33.5	24.3	54.4	26.6	36.4	34.5	16.5	40.7	32.8	34.9
5. अचल आस्तियां	9.1	7.4	2.5	28.1	8.8	37.7	-5.6	4.2	24.4	25.0
6. अन्य आस्तियां	12.8	14.3	31.3	30.7	18.4	7.1	0.7	33.3	90.6	25.5

स्रोत : संबंधित बैंकों का तुलनपत्र

3.8 पर्यवेक्षण के एक महत्वपूर्ण अस्त्र के रूप में वित्तीय विवरणों की पारदर्शिता की महत्ता को स्वीकार करते हुए, रिज़र्व बैंक ने भारतीय बैंकों के प्रकटीकरण मानकों को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के करीब लाने के लिए अनेक कदम उठाए हैं (बॉक्स III.1)।

सारणी III.3: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के तुलनपत्र के प्रमुख घटक-बैंक समूहवार

(मार्च के अंत में)

(प्रतिशत)

बैंक समूह	आस्तियाँ		जमाराशियाँ		अग्रिम		निवेश	
	2006	2007	2006	2007	2006	2007	2006	2007
1	2	3	4	5	6	7	8	9
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक	72.3	70.5	75.0	73.9	72.9	72.7	73.1	69.9
राष्ट्रीयकृत बैंक	44.3	44.2	48.7	48.8	45.0	45.2	44.3	44.9
स्टेट बैंक समूह	24.8	23.3	25.1	23.5	24.5	24.3	25.9	22.3
सार्वजनिक क्षेत्र के अन्य बैंक	3.2	3.0	1.2	1.6	3.5	3.2	2.9	2.7
निजी क्षेत्र के बैंक	20.5	21.5	19.8	20.5	20.6	20.9	20.8	22.6
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	5.4	4.6	6.0	5.1	5.5	4.7	5.2	4.6
निजी क्षेत्र के नए बैंक	15.1	16.9	13.8	15.3	15.2	16.2	15.6	18.0
विदेशी बैंक	7.2	8.0	5.3	5.6	6.4	6.4	6.0	7.5
अनुसूचित वाणिज्यक बैंक	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**	**100.0**

स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र

बॉक्स III.1 : बैंकों के तुलन पत्र में प्रकटीकरण और पारदर्शिता

वित्तीय विवरणों में प्रकटीकरण और पारदर्शिता और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है, क्योंकि बैंकों के कार्य अधिक जटिल तथा विविधतापूर्ण हो गए हैं। बैंक विशिष्ट हैं। बैंक वित्तीय मध्यस्थ हैं जो बचत जुटाने, निधियों की सुरक्षा और बचतकर्ताओं को अच्छा प्रतिफल देने को ध्यान में रखकर उसे नियोजित करने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। इस प्रकार बैंकों को प्रत्ययी भूमिका और जिम्मेदारी निभानी है। भुगतान प्रणाली के परिचालन के लिए वे महत्वपूर्ण हैं। बैंकों का निरंतर, स्थिर और सतत परिचालन किसी बैंक और बैंकिंग प्रणाली में जनता के विश्वास पर निर्भर करता है। बैंकों और वित्तीय संस्थाओं की वित्तीय स्थिति का पूर्ण प्रकटीकरण बैंकिंग प्रणाली की स्थिरता के वस्तुनिष्ठ मूल्यांकन के लिए आवश्यक समझा जाता है। इसलिए बैंकों और वित्तीय संस्थाओं के वार्षिक खातों की पारदर्शिता पर अंतरराष्ट्रीय संगठनों, रेटिंग एजेंसियों और अन्य बाजार सहभागियों द्वारा काफी ध्यान दिया गया है। प्रभावी सार्वजनिक प्रकटीकरण बाजार अनुशासन को बढ़ाता है। बाजार अनुशासन और बेहतर सार्वजनिक संवीक्षा बैंकों को अपना कारोबार सुरक्षित, सुदृढ़ और प्रभावी तरीके से करने; उक्त कारोबार के उद्देश्यों को सुसंगत बनाने; सुदृढ़ जोखिम प्रबंधन प्रथाओं तथा आंतरिक नियंत्रण को बनाए रखने के लिए प्रबल प्रोत्साहन प्रदान कर सकती है। बाजार अनुशासन, जिसे बेहतर प्रकटीकरण के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है, को बासेल II के तहत तीन स्तंभों में से एक के रूप में मान्यता प्रदान करके पर्याप्त महत्व दिया गया है।

1991 से शुरू किए गए वित्तीय क्षेत्र के सुधारों के अनुसरण में, रिज़र्व बैंक ने प्रकटीकरण की आवश्यकता, बैंकों की सार्वजनिक जवाबदेही, बैंकर और ग्राहक के बीच गोपनीयता बनाए रखने तथा बैंकों की विश्वसनीयता की प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए बैंकों के प्रकाशित खातों में अधिकांश अथवा पूर्ण प्रकटीकरण लाने के लिए कई उपाय किए हैं। निम्नलिखित को ध्यान में रखकर बैंकों के तुलनपत्र और लाभ-हानि खाता के फॉर्मेट में 1991 में संशोधन किए गए (i) अधिकांश अथवा पूर्ण प्रकटीकरण की आवश्यकता (ii) एक अवधि में क्षेत्रवार और सेक्टरवार बैंकिंग परिचालन का विस्तार (iii) खातों के प्रस्तुतीकरण में सुधार की आवश्यकता। संशोधन का मुख्य जोर बैंकों की असली वित्तीय स्थिति को निर्देशित फोकस पर लाने और वित्तीय विवरणों के प्रयोक्ताओं को अध्ययन कर उनकी स्थितियों के बीच सार्थक तुलना करने में समर्थ बनाने पर है। बैंकों से अपेक्षा की गयी कि वे लेखांकन वर्ष के लिए अपने वित्तीय विवरण में 'नोट आन एकॉउंटट के साथ-साथ परिचालनों के प्रमुख क्षेत्र से संबंधित लेखांकन नीतियों को एक स्थान पर प्रकट करें'।

संपूर्ण प्रकटीकरण के लिए, वित्तीय विवरण की टिप्पणियों द्वारा कुछ बहुत उपयोगी सूचनाएं अच्छी प्रकार दी जाती है अथवा इस प्रकार ही उन्हें दिया जा सकता है। टिप्पणियों और पूरक जानकारियों का उपयोग कुछ मदों को स्पष्ट और प्रलेखित करने का साधन प्रदान करता है, जो या तो वित्तीय विवरण में दी गई हैं अथवा अन्यथा वे रिपोर्टिंग उद्यम की वित्तीय स्थिति और उसके निष्पादन को प्रभावित करेगी। रिज़र्व बैंक ने बैंकों के लिए निर्धारित प्रकटीकरण अपेक्षाओं में सुधार की आवश्यकता को स्वीकार किया है। कंप्यूटरीकरण और बैंकों में एमआइएस के स्तर, बाजार के विकास आदि, जैसे तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, इस बात पर सहमति है कि पारदर्शिता के स्तर को अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के बराबर लाने की आवश्यकता है।उपर्युक्त दृष्टिकोण के अनुसार, बैंकों के प्रकटीकरण मानकों को धीरे-धीरे बढ़ाया गया है। बैंकों के तुलन पत्र में 16 विस्तृत अनुसूचियों के अलावा, उन्हें ञ्नोट टु एकांउटट में ऐसे ब्यौरे देने की आवश्यकता है :

- पूंजी पर्याप्तता अनुपात; टियर I पूंजी; टियर II पूंजी;
- राष्ट्रीयकृत बैंकों में भारत सरकार की अंश-धारिता का प्रतिशत;
- टियर II पूंजी के रूप में जुटाए गए गौण ऋण की राशि;
- भारत में और भारत से बाहर निवेश पर पृथक रूप से निवेश का सकल मूल्य और भारत में और भारत से बाहर निवेश का निवल मूल्य;
- निवल अग्रिमों के प्रति निवल अनर्जक आस्तियों का प्रतिशत;
- निवेश के मूल्य में ह्रास के लिए किए गए प्रावधान तथा ऐसे प्रावधानों में घट-बढ़;
- निवल अग्रिमों के प्रति निवल अनर्जक आस्तियों का प्रतिशत। अनर्जक आस्तियों के लिए किए गए प्रावधान और ऐसे प्रावधानों में घट-बढ़;
- पुनर्संरचना के अधीन ऋण आस्तियों के ब्यौरे; सीडीआर के अंतर्गत पुनर्संरचना; आस्ति पुनर्संरचना के लिए एससी/आरसी को बेची गई वित्तीय आस्तियों के ब्यौरे; खरीदी/बेची गई अनर्जक आस्ति के ब्यौरे;
- 'प्रावधानों और आकस्मिकताओं' के ब्यौरे; वर्ष के दौरान आयकर, मानक आस्ति, अस्थायी प्रावधान आदि, के लिए किए गए प्रावधान;
- कारोबार अनुपात जैसे कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में ब्याज आय; कार्यशील निधियों के प्रतिशत के रूप में परिचालन लाभ; आस्तियों पर प्रतिफल, प्रति कर्मचारी कारोबार (जमा और अग्रिम) और प्रति कर्मचारी लाभ का प्रकटीकरण;
- आस्ति-देयता प्रबंधन - ऋणों और अग्रिमों के परिपक्वता का स्वरूप; निवेश प्रतिभूतियां; जमा राशियां; उधार; और विदेशी मुद्रा आस्ति और देयताएं;
- संवेदनशील क्षेत्र को उधार, जो आस्ति मूल्य उतार-चढ़ाव के प्रति संवेदनशील है। इसमें ऐसे क्षेत्रों जैसे पूँजी बाजार, जमीन जायदाद आदि, और ऐसे अन्य क्षेत्र जो समय-समय पर रिज़र्व बैंक द्वारा संवेदनशील परिभाषित किए जाते हैं, को दिए गए अग्रिम शामिल हैं;
- देश जोखिम के प्रति एक्सपोजर;
- बैंक द्वारा एकल उधारकर्ता और समूह उधारकर्ता की सीमा को पार करने के ब्यौरे
- रेपो लेन-देन; गैर एसएलआर निवेश पोर्टफोलिया; वायदा दर करार/ब्याज दर स्वैप; एक्सचेंज में ट्रेडिंग किये जाने वाले ब्याज दर व्युत्पन्नी; और व्युत्पन्नियों में जोखिम एक्सपोजर संबंधी प्रकटीकरण।

बैंकों को भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान द्वारा जारी विभिन्न लेखांकन मानकों के अंतर्गत दिए गए प्रकटीकरण मानकों का अनुपालन करना है।

जमाराशियां

3.9 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियों में पिछले वर्ष के 17.8 प्रतिशत की तुलना में 24.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जबकि मांग जमाओं और बचत बैंक जमाराशियों की वृद्धि घटी, मीयादी जमाराशियों की वृद्धि में तेजी आयी। यह पिछले वर्ष के रुझान के विपरीत था, जब ऋण की बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए जमाराशियां बढ़ाने के बैंकों के प्रयासों से जमाओं के परिपक्वता स्वरूप को काफी छोटा करना पड़ा, जो मांग और बचत बैंक जमाओं की तीव्र वृद्धि में परिलक्षित हुआ। 2006-07 में कई कारकों ने मीयादी जमाराशियों की तीव्र वृद्धि में योगदान दिया। प्रथम, अनुकूल ब्याज दर अंतर और लघु बचतों एवं इक्विटी संबद्ध निवेशों को मिलने वाले कर लाभ को दीर्घावधि बैंक जमाओं को भी उपलब्ध कराने के कारण डाक बचतों से बैंकों की मीयादी जमाओं की ओर स्पष्ट अंतरण हुआ। दूसरे, नकदी संपन्न निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों से भी मीयादी जमाओं की मांग बढ़ी, जिन्होंने अधिक लाभप्रदता के कारण अपनी अतिरिक्त निधियों को बैंकों में जमा किया। तीसरे, 2006-07 के दौरान पिछले वर्ष से तुलना करने पर अनिवासी जमाओं में तेज वृद्धि हुई।

3.10 हाल के वर्षों में जमा प्रमाण पत्रों के निर्गम में दिखी तेज वृद्धि 2006-07 के दौरान जारी रही। बकाया जमा प्रमाणपत्रों की राशि मार्च 2006 के अंत के 43,568 करोड़ रुपए से दुगुने से अधिक बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 93,272 करोड़ रुपए और 28 सितंबर 2007 को 1,18,481 करोड़ रुपए हो गई। बकाया जमा प्रमाणपत्र एक वर्ष पहले के 1.6 प्रतिशत से तुलना करने पर मार्च 2007 के अंत में अनुसूचित वाणिज्य बैंक की कुल जमाओं का 2.7 प्रतिशत थे। 2006-07 के दौरान जमा प्रमाण पत्रों के बढ़े हुए निर्गम ने सुदृढ ऋण उठाव को देखते हुए जमाराशियां जुटाने में बैंकों के समक्ष उपस्थित दवाबों को परिलक्षित किया। भारी जमाराशियां आकर्षित करने के लिए नकदी का संकट झेल रहे बैंकों द्वारा प्रस्तावित प्रतिलाभ के लोच ने संसाधन जुटाने के लिए जमा प्रमाण पत्रों को पसंदीदा मार्ग बनाया। निजी क्षेत्र के बैंक और विदेशी बैंक, जिनका शाखा नेटवर्क और फुटकर ग्राहक आधार सीमित है, जमा प्रमाण पत्रों के बड़े निर्गमकर्ता बने रहे (परिशिष्ट सारणी III.2)।

3.11 बैंक समूहवार, निजी क्षेत्र के नए बैंकों की जमाराशियां सर्वाधिक दर (38.8 प्रतिशत) से बढ़ीं, इसके पश्चात् विदेशी बैंकों (32.6 प्रतिशत), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (22.9 प्रतिशत) और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों (6.0 प्रतिशत) का स्थान था। पिछले कुछ वर्षों के रुझान को जारी रखते हुए, वर्ष के दौरान कुल जमाओं में निजी क्षेत्र के नए बैंकों का हिस्सा और बढ़ा, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों का हिस्सा कम हुआ (चार्ट III.1)।

चार्ट III.1: कुल जमाराशियों में अंश - बैंक समूहवार
(मार्च के अंत में)



गैर-जमा संसाधन

3.12 ईक्विटी और ऋण के सार्वजनिक निर्गम के रूप में बैंकों द्वारा पूँजी बाजार से जुटाए गए संसाधन 2005-06 के 11,067 करोड़ रुपए से तेजी से घटकर 2006-07 के दौरान 1,066 करोड़ रुपए रह गए। लेकिन, बैंकों ने निजी प्लेसमेंट बाजार से बड़ी-बड़ी निधियां (पिछले वर्ष के 97 निर्गमों से 30,151 करोड़ रुपए की तुलना में 90 निर्गमों से 30,994 करोड़ रुपए) जुटाना जारी रखा (ब्यौरे के लिए खंड 6 देखें)।

बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताएं

3.13 बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताओं में 2005-06 में हुई 20.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में 2006-07 के दौरान 17.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। अंतरराष्ट्रीय देयताओं की वृद्धि में कमी, मुख्य रूप से विदेशी मुद्रा उधारों में गिरावट और एनआरई जमाओं में कम वृद्धि के कारण थी। तथापि, एफसीएनआर(बी) जमाराशियां, एनआरओ रुपया जमाराशियां, प्रतिभूतियों के अपने निर्गम और अन्य देयताएं, जो मुख्य रूप से एडीआर, जीडीआर के माध्यम से जुटाए गए आगमों तथा अनिवासियों द्वारा धारित बैंकों की ईक्विटी के कारण थीं, तेज गति से बढ़ीं (सारणी III.4)।

3.14 पिछले कुछ वर्षों की प्रवृत्ति को पलटते हुए कुल अंतरराष्ट्रीय देयताओं में विदेशी मुद्रा जमा और उधार के हिस्से में वर्ष के दौरान कमी आयी। (चार्ट III.2)

सारणी III.4: बैंकों की अंतरराष्ट्रीय देयताएं – प्रकार

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		
	2005	2006	2007
1	2	3	4
1. जमाराशियां और ऋण	**2,03,154**	**2,46,246**	**2,71,403**
	(79.7)	**(80.3)**	**(75.2)**
जिनमें से:			
क) विदेशी मुद्रा अनिवासी बैंक[एफसीएनआर(बी)]	50,796	58,110	68,086
	(19.9)	(19.0)	(18.9)
ख) विदेशी मुद्रा उधार*	45,539	63,722	61,470
	(17.9)	(20.8)	(17.0)
ग) अनिवासी बाह्य रुपया (एनआरइ) खाता	85,811	1,00,310	1,12,907
	(33.7)	(32.7)	(31.3)
घ) अनिवासी सामान्य (एनआरओ) रुपया जमाराशियां	6,393	5,449	6,855
	(2.5)	(1.8)	(1.9)
2. प्रतिभूति /बांडों (आइएमडी/आर आइबी सहित) के अपने निर्गम	**29,235**	**4,856**	**10,036**
	(11.5)	**(1.6)**	**(2.8)**
3. अन्य देयताएं	**22,609**	**55,506**	**79,258**
	(8.9)	**(18.1)**	**(22.0)**
जिनमें से:			
क) एडीआर/जीडीआर	9,910	14,835	23,515
	(3.9)	(4.8)	(6.5)
ख) अनिवासियों द्वारा धारित बैंकों की इक्विटी	3,230	28,438	40,328
	(1.3)	(9.3)	(11.2)
ग) भारत स्थित विदेशी बैंकों की पूंजी/विप्रेषणीय लाभ और अन्य अवर्गीकृत अन्तरराष्ट्रीय देयताएँ	9,469	12,233	15,415
	(3.7)	(4.0)	(4.3)
कुल अंतरराष्ट्रीय देयताएं	**2,54,999**	**3,06,609**	**3,60,698**
	(100.0)	**(100.0)**	**(100.0)**

* : भारत में और विदेश से अंतर बैंक उधार, बैंकों के बाह्य वाणिज्यिक उधार।
टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े कुल का प्रतिशत हैं ।
स्रोत : स्थानगत बैंकिंग सांख्यिकी।

3.15 कुल देयताओं में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की निधियों के बाह्य (अंतरराष्ट्रीय) स्रोतों के हिस्से में, जिसमें मार्च 2001 के अंत और मार्च 2006 के अंत के बीच लगभग लगातार वृद्धि हुई, वर्ष के दौरान कमी आई (चार्ट III.3)।

चार्ट III.2: अंतरराष्ट्रीय देयताओं में विदेशी मुद्रा जमा और उधार
(मार्च के अंत में)



चार्ट III.3: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल देयताओं की तुलना में विदेशी मुद्रा देयताएं
(मार्च के अंत में)

बैंक ऋण

3.16 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋणों और अग्रिमों में 2005-06 के 31.8 प्रतिशत और 2004-05 के 33.2 प्रतिशत की अधिक वृद्धि से ऊपर 2006-07 के दौरान 30.6 प्रतिशत की सुदृढ़ वृद्धि हुई । बैंक ऋण के बड़े घटकों के बीच, मीयादी ऋण, जो ऋण और अग्रिम पोर्टफोलियो का बड़ा घटक था, का वर्ष के दौरान तेज गति (34.9 प्रतिशत) से बढ़ना जारी रहा। परिणाम के रूप में, वर्ष के दौरान कुल अग्रिमों और सकल घरेलू पूँजी निर्माण (जीडीसीएफ) दोनों में मीयादी ऋण का हिस्सा और बढ़ा (चार्ट III.4)। ऋण और अग्रिम पोर्टफोलियो के अन्य घटक अर्थात नकद ऋण तथा ओवरड्राफ्ट और खरीदे गए तथा बट्टा किए गए बिल समग्र बैंक ऋण की वृद्धि की तुलना में कम दर पर बढ़े।

बैंक ऋण का क्षेत्रीय नियोजन

3.17 समग्र ऋण[3] में मामूली कमी सभी चार बड़े क्षेत्रों अर्थात, कृषि, उद्योग सेवा तथा वैयक्तिक ऋणों सेवाओं में दिखी। सेवाओं (विशेष रूप से वास्तविक जमीन जायदाद ऋणों में) और वैयक्तिक ऋणों में काफी गिरावट हुई है। तथापि, लघु उद्योग क्षेत्र को दिए गए ऋण में तेजी से वृद्धि हुई (सारणी III.5 और परिशिष्ट सारणी III.3)।

3.18 17 अगस्त 2007 तक ऋण के क्षेत्रीय नियोजन के अनंतिम आंकड़े दर्शाते हैं कि वर्ष दर वर्ष आधार पर कृषि, उद्योग, सेवा तथा वैयक्तिक ऋणों के लिए बैंक ऋण घटकर क्रमशः 24.4 प्रतिशत,

चार्ट III.4: मीयादी ऋण और पूंजी निर्माण



टिप्पणी : सकल पूंजी निर्माण का प्रयोग करके 2006-07 के जीडीसीएफ की गणना की गई है।

सारणी III.5: खाद्येतर ऋण का क्षेत्रवार नियोजन - प्रवाह

(वर्ष में घट-बढ़)

(राशि करोड़ रु. में)

क्षेत्र	2005-06		2006-07	
	समग्र	प्रतिशत	समग्र	प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. कृषि एवं संबंधित कार्यकलाप	**49,606**	**39.9**	**56,305**	**32.4**
2. उद्योग (लघु, मध्यम और बड़े)	**1,26,804**	**30.0**	**1,41,543**	**25.7**
जिसमें से : लघु उद्योग	16,831	22.7	25,888	28.4
3. वैयक्तिक ऋण	**1,03,733**	**40.5**	**95,422**	**26.5**
जिसमें से : आवास	51,273	38.3	45,508	24.6
4. अन्य सेवाएं	**1,18,254**	**58.8**	**98,857**	**31.0**
जिसमें से:				
i) थोक व्यापार	8,025	25.4	9,922	25.1
ii) स्थावर संपदा	13,147	97.1	18,635	69.8
iii) गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां	11,463	50.3	14,226	41.5
कुल खाद्येतर सकल बैंक ऋण (1 से 4)	**3,98,396**	**39.6**	**3,92,128**	**27.9**
जिनमें से : प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	1,35,222	36.1	1,22,472	24.0

टिप्पणी 1. आंकड़े अनंतिम हैं और चयनित अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से संबंधित हैं जो सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के बैंक ऋण के 90 प्रतिशत से अधिक हैं।
2. क्षेत्रों के पुनर्वर्गीकरण एवं बैंकों के कार्यक्षेत्र विस्तार के कारण 2004-05 (47 बैंकों) के आंकड़े 2005-06 (52 बैंकों) से पूर्णतः तुलनीय नहीं हैं ।
3. 2005-06 के घट-बढ़ में (वर्षभर में 26 पखवाड़ों के बजाय) 27 पखवाड़ो के आंकड़े शामिल हैं ।
4. सकल बैंक ऋण के आंकड़ों में रिजर्व बैंक, एक्जिम बैंक, अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाएं और अंतर बैंक सहभागिता के साथ पुनः भुनाए गए बिल शामिल है ।

24.6 प्रतिशत, 24.5 प्रतिशत और 19.8 प्रतिशत रह गए। जमीन-जायदाद के ऋणों की वृद्धि, 52.9 प्रतिशत की थोड़ी गिरावट के बावजूद, अधिक बनी रही।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम

3.19 प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए उधार देने में बैंकों का निष्पादन हाल के वर्षों में सुधरा है, यद्यपि विभिन्न बैंक समूहों के निष्पादन में और साथ ही प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत उपलक्ष्यों को पूरा करने में काफी घटबढ़ देखा गया है (बॉक्स III.2)।

3.20 सार्वजनिक और निजी बैंकों के अंतर्गत अलग-अलग बैंकों के स्तर पर, केवल पांच बैंक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के समग्र लक्ष्य और कृषि तथा कमजोर वर्ग को उधार देने के उप-लक्ष्य को प्राप्त कर सके। इकतीस बैंक (सार्वजनिक क्षेत्र के 12 बैंक और

[3] अनुसूचित वाणिज्य बैंकों क्षेत्रीय ऋण आंकड़ों के अनुसार

बॉक्स III.2: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने में बैंकों का निष्पादन

देश के व्यापक हित में प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के रूप में ज्ञात अर्थव्यवस्था के कतिपय क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को माध्यम प्रधान करने की आवश्यकता के स्पष्टीकरण को वर्ष 1967-68 के लिए रिज़र्व बैंक की ऋण नीति में देखा जा सकता है। कृषि उत्पादन में कमी और औद्योगिक उत्पादन में गिरावट के परिणामस्वरूप पिछले दो वर्षों में अर्थव्यवस्था में भारी असंतुलन उत्पन्न हुए हैं। भारत सरकार ने आर्थिक आयोजना तथा कृषि और लघु उद्योगों (एसएसआइ) की सहायता के लिए एक अधिक सक्रिय और सकारात्मक भूमिका अदा करने हेतु आर्थिक आयोजना की आवश्यकताओं के लिए एक बेहतर बैंकिंग प्रणाली शुरू करने की दृष्टि से वर्ष 1967-68 में बैंकों पर सामाजिक नियंत्रण के लिए उपाय शुरू किए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण एक उद्देश्य था कि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उधारकर्ता के बड़े अथवा छोटे होने पर ध्यान दिए बिना ऋण सहायता में कमी का कोई व्यवहार्य उत्पादक प्रयास न हो। इसप्रकार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार की अवधारणा का आगे विकास इसलिए हुआ कि बैंकिंग प्रणाली से अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रों को और राष्ट्रीय प्राथमिकता के अनुसार वृद्धिशील तरीके से सहायता जारी रखने को सुनिश्चित किया जा सके।

प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के विवरण को रिज़र्व बैंक द्वारा गठित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम से संबंधित साख्यिकी पर औपचारिक अध्ययन दल द्वारा प्रस्तुत की गई रिपोर्ट के आधार पर वर्ष 1972 में औपचारिक स्वरूप दिया गया। यद्यपि प्रारंभ में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए उधार के संबंध में कोई विशिष्ट लक्ष्य निर्धारित नहीं किए गए थे, नवंबर 1974 में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सूचित किया गया कि मार्च 1979 तक उनके प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए दिए गए उधार बकाया ऋण के एक तिहाई स्तर तक नहीं पहुँचने चाहिए। नवंबर 1978 में निजी क्षेत्रों के बैंकों भी सूचित किया गया कि वे मार्च 1980 के अंत तक के अपने कुल अग्रिमों का न्यूनतम 33 1/3 प्रतिशत उधार प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दें। उसके बाद इस लक्ष्य को बढ़ाकर सकल अग्रिमों का 40 प्रतिशत किया गया। इस समग्र लक्ष्य को प्राप्त करने में बैंकों के लिए कृषि क्षेत्र और कमजोर वर्गों के लिए उधार के उप-लक्ष्य भी निर्धारित किए गए। वर्तमान बैंकों से यह भी अपेक्षित है कि वे अपने निवल बैंक ऋण (एनबीसी) का क्रमशः न्यूनतम 18 प्रतिशत और 10 प्रतिशत कृषि क्षेत्र और समाज के कमजोर वर्गों को उधार प्रदान करें।

भारत में परिचालनरत विदेशी बैंकों भी सूचित किया गया था कि वे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के लिए अपने अग्रिमों को निरंतर बढ़ाते हुए मार्च 1992 के अंत तक अपने निवल बैंक ऋण (एनबीसी) के 15 प्रतिशत का स्तर प्राप्त करें। अप्रैल 1993 में यह अनुपात और बढ़कर निवल बैंक ऋण का 32 प्रतिशत हो गया जिसे मार्च 1994 तक प्राप्त किया जाना था। 32 प्रतिशत के वर्धित लक्ष्य के भीतर लघु उद्योग के संबंध में उप-लक्ष्य 10 प्रतिशत और निर्यात के संबंध में 12 प्रतिशत निर्धारित किए गए थे। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने संबंधी संशोधित दिशा-निर्देशों के आधार पर, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के लक्ष्यों/उपलक्ष्यों को अब 30 अप्रैल 2007 से समायोजित निवल बैंक ऋण अथवा तुलनपत्र से इतर एक्सपोजर के ऋण के बराबर राशि, जो भी अधिक हो, से जोड़ा गया है।

सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए ऋण में वृद्धि, पिछले वर्ष के 36.1 प्रतिशत से घटकर 2006-07 में 24.0 प्रतिशत हो गई। 2006-07 के दौरान 'अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र' को दिए गए ऋण, जिनमें हाल के वर्षों में तीव्र वृद्धि दिखी, भी तीव्रता से घटे। तथापि, जहाँ कृषि को ऋण वृद्धि में कमी आयी, वहीं लघु उद्योग को ऋण वृद्धि में तेजी आयी (सारणी 1)।

सारणी 1: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्ग	को बकाया			
	19, मार्च 2004	18, मार्च 2005	31, मार्च 2006	30, मार्च 2007
1	2	3	4	5
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र (क+ख+ग)	**2,63,834** **(24.7)**	**3,74,953** **(42.1)**	**5,10,175** **(36.1)**	**6,32,647** **(24.0)**
क) कृषि	90,541 (23.2)	1,24,269 (37.3)	1,73,875 (39.9)	2,30,180 (32.4)
ख) लघु उद्योग	65,855 (9.0)	74,189 (12.7)	91,020 (22.7)	1,16,908 (28.4)
ग) अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	1,07,438 (38.3)	1,76,495 (64.3)	2,45,280 (39.0)	2,85,559 (16.4)

टिप्पणी: 1. कोष्ठक के आंकड़े वार्षिक वृद्धि दर के है जो प्रतिशत में दिए गए हैं।
2. क्षेत्र के पुनः वर्गीकरण और बैंक के कवरेज में वृद्धि के कारण 2004-05 (47 बैंक) के आंकड़े बाद के बरसों में पूरी तरह से तुलनीय नहीं है।
3. आंकड़ों के विभिन्न स्रोतों के कारण इस सारणी में दिए गए आंकड़े सारणी 2 और सारणी 3 के आंकड़ों से मेल नहीं खाते है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए बकाया अग्रिम मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को 5,21,180 करोड़ रुपए थे। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए बकाया अग्रिम, जो 2005-06 के 33.4 प्रतिशत की तुलना में 2006-07 के दौरान 27.2 प्रतिशत बढ़े, 40 प्रतिशत के लक्ष्य के विपरीत निवल बैंक ऋण का 39.6 प्रतिशत थे। मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को कृषि को दिए गए अग्रिम निवल बैंक ऋण का 15.6 प्रतिशत थे (सारणी III.2 तथा परिशिष्ट सारणी III.5)। एक समूह के रूप में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक मार्च 1999 तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के 40 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए। लक्ष्य पहली बार 2000 में प्राप्त किया गया और एक समूह के रूप में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने 2005-06 तक लक्ष्य को पूरा करना जारी रखा। लेकिन, एक समूह के रूप में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए उधार में, मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को, 40 प्रतिशत के लक्ष्य से 0.4 प्रतिशत की मामूली गिरावट हुई। सार्वजनिक क्षेत्र के सात बैंक (इलाहाबाद बैंक, ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स, सिंडीकेट बैंक, आइडीबीआइ लि., भारतीय स्टेट बैंक, स्टेट बैंक ऑफ मैसूर और स्टेट बैंक ऑफ पटियाला) मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के 40 प्रतिशत के लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए (परिशिष्ट सारणी III.5 और 5क)। सार्वजनिक क्षेत्र के 28 बैंकों में से केवल आठ बैंक (इलाहाबाद, आंध्रा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज़ बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर तथा स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र) कृषि को उधार देने के 18 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त कर सके। कमजोर वर्गों को उधार देने के मामले में, सार्वजनिक क्षेत्र के केवल सात बैंकों ने (बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, सिंडीकेट बैंक, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर तथा स्टेट बैंक ऑफ इंदौर) मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को 10 प्रतिशत के उपलक्ष्य को प्राप्त किया।

निजी क्षेत्र के बैंक

मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए बकाया अग्रिम 1,43,768 करोड़ रुपए थे, जो निवल

सारणी 2: सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए उधार

(मार्च के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के अनुसार)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के बैंक	
	2006	2007@	2006	2007@
1	2	3	4	5
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम	**4,09,748**	**5,21,180**	**1,06,586**	**1,43,768**
	(40.3)	**(39.6)**	**(42.8)**	**(42.7)**
जिसमें से:				
कृषि	1,55,220	2,05,091	36,712	52,056
	(15.3)	(15.6)	(13.6)	(12.8)
लघु उद्योग	82,434	1,04,703	10,421	13,063
	(8.1)	(8.0)	(4.2)	(3.9)
अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	1,63,756	2,01,023	57,777	76,925
	(16.1)	(15.3)	(23.2)	(22.9)

@: अनंतिम

टिप्पणी: 1. कोष्ठक के आंकड़े संबंधित समूह के लिए निवल बैंक ऋण के प्रतिशत को दर्शाते हैं।
2. कृषि के प्रतिशत के आकलन के लिए अप्रत्यक्ष कृषि को निवल बैंक ऋण के 4.5 प्रतिशत तक गिना जाता है।
3. आंकड़ों के विभिन्न स्रोतों के कारण इस सारणी में दिए गए आंकड़े सारणी 1 और सारणी 3 के आंकड़ों से मेल नहीं खाते है।

बैंक ऋण का 42.7 प्रतिशत थे (सारणी 2 और परिशिष्ट सारणी III.7 और 7क)।एक समूह के रूप में, निजी क्षेत्र के बैंक 2001-02 तक प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को 40 प्रतिशत उधार देने के समग्र लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए। यह लक्ष्य पहली बार 2002-03 में प्राप्त किया गया। निजी क्षेत्र के 26 बैंकों में से चार बैंक (बैंक ऑफ राजस्थान लि.,सेंचुरियन बैंक ऑफ पंजाब लि., आइसीआइसीआइ बैंक लि., जम्मू और कश्मीर बैंक लि. तथा कर्नाटक बैंक लि.) मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को लक्ष्य प्राप्त नहीं कर पाए (परिशिष्ट सारणी III.7 और 7क) । निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि क्षेत्र को दिए गए उधार मार्च 2000 के अंत में निवल बैंक ऋण के 8.3 प्रतिशत से सुधरकर मार्च 2006 के अंत में 13.6 प्रतिशत हो गया तथा वह गिरकर मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को निवल बैंक ऋण का 12.8 प्रतिशत रह गया। केवल तीन बैंक (यस बैंक, लक्ष्मी विलास बैंक और सांगली बैंक) मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को कृषि के 18 प्रतिशत के उप लक्ष्य को प्राप्त कर सके। अन्य छह बैंकों द्वारा दिए गए उधार 15 प्रतिशत और 18 प्रतिशत के बीच थे। कमजोर वर्गों को दिए जाने वाले 10 प्रतिशत के लक्ष्य को निजी क्षेत्र का कोई बैंक प्राप्त नहीं कर सका।

विदेशी बैंक

भारत में कार्यालय रखने वाले विदेशी बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए बकाया अग्रिम मार्च 2003 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के 14,555 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को 37,835 करोड़ रुपए हो गये, जो शुद्ध बैंक ऋण का 33.4 प्रतिशत है (सारणी 3 तथा परिशिष्ट सारणी III.8)। कुल निवल बैंक ऋण में निर्यात ऋण का 18.3 प्रतिशत का हिस्सा 12.0 प्रतिशत के निर्धारित उपलक्ष्य से काफी ऊपर था। विदेशी बैंक भी लघु उद्योग क्षेत्र को उधार देने के 10.0 प्रतिशत के उपलक्ष्य पर पहुँच गए (सारणी III.8)। समूह के रूप में, विदेशी बैंक 1997 से निवल बैंक समूह के 32 प्रतिशत के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के समग्र लक्ष्य को प्राप्त कर रहे हैं। मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को, भारत में कार्यरत 29 विदेशी बैंकों में से पाँच बैंक (आबूधावी कमर्शियल बैंक, बैंक ऑफ टोक्यो - मित्सुबिशी, सिटी बैंक, एचएसबीसी लि. तथा मिजूहो कारपोरेट बैंक) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देने के निवल बैंक ऋण के 32 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सके। सात विदेशी बैंक (बैंक ऑफ नोवा स्कोशिया, बैंक ऑफ टोक्यो - मित्सुबिशी, सिटी बैंक, एचएसबीसी लि., जेपी मोर्गन चेज बैंक, मिजूहो कॉरपोरेट बैंक और शिन्हन बैंक) मार्च 2007 के अंत में लघु उद्योग क्षेत्र को उधार देने के लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सके जबकि तीन विदेशी बैंक (अमरीकन एक्सप्रेस बैंक, बैंक इंटरनेशनल इंडोनेशिया और मिजूहो कॉरपोरेट बैंक) निर्यात के लिए उधार देने के उपलक्ष्य को प्राप्त नहीं कर सके (परिशिष्ट सारणी III.8क)।

कृषि में कम पूँजी निर्माण के कारण सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई बैंक कृषि उधार लक्ष्य को पूरा नहीं कर पाए, जिसका परिणाम कमजोर ऋण अवशोषण और अनर्जक ऋणों को बट्टे में डालना रहा, जिससे कुछ बैंकों के बकाया अग्रिम घटे।

सारणी 3: विदेशी बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार

(मार्च के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार के अनुसार)

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	2005		2006		2007@	
	राशि	निवल बैंक ऋण का प्रतिशत	राशि	निवल बैंक ऋण का प्रतिशत	राशि	निवल बैंक ऋण का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को अग्रिम #	**23,843**	**35.3**	**30,439**	**34.4**	**37,835**	**33.4**
जिसमें से:						
निर्यात ऋण	12,339	18.3	17,326	19.6	20,714	18.3
लघु उद्योग	6,907	10.2	8,430	9.5	11,648	10.3

@ : अनंतिम।

: औद्योगिक क्षेत्र स्थापित करने के ऋण, सॉफ्टवेयर उद्योग, खाद्य और कृषि प्रसंस्करण क्षेत्र, स्वयं सहायता समूह और उद्यम पूंजी को दिए गए ऋण शामिल हैं।

टिप्पणी : आंकड़ों के विभिन्न स्रोतों के कारण इस सारणी में दिए गए आंकड़े सारणी 1 और सारणी 2 के आंकड़ों से मेल नहीं खाते है।

निजी क्षेत्र के 19 बैंक) समग्र लक्ष्य को प्राप्त कर सके, लेकिन उप लक्ष्य को प्राप्त नहीं कर पाए। दस बैंक (सार्वजनिक क्षेत्र के छह बैंक और निजी क्षेत्र के चार बैंक) समग्र लक्ष्य और उप-लक्ष्य को भी प्राप्त नहीं कर पाए (सारणी III.6, परिशिष्ट सारणी III.5क और परिशिष्ट सारणी III 7 क)।

विशेष कृषि ऋण योजना

3.21 रिज़र्व बैंक ने कृषि के लिए ऋण प्रवाह में सुस्पष्ट और निर्दिष्ट सुधार की दृष्टि से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सलाह दी है कि वे 1994-95 से वार्षिक आधार पर विशेष कृषि ऋण योजनाएं (एसएसीपी) बनाएं। विशेष कृषि ऋण योजना के अन्तर्गत बैंकों से वर्ष के दौरान (अप्रैल-मार्च) अपेक्षा है कि वे प्राप्त करने के लिए अपने लिए लक्ष्य बनाएं। बैंक सामान्यतया पिछले वर्ष किए गए संवितरण से लगभग 20-25 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए लक्ष्य निर्धारित करते हैं। हाल के वर्षों में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने व्यापक रूप से विशेष कृषि ऋण योजना के लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है। 2006-07 के वित्तीय वर्ष के लिए योजना के अन्तर्गत कृषि के लिए संवितरण, 1,18,160 करोड़ के लक्ष्य के विपरीत, कुल 1,22,443 करोड़ रुपए था, जो लक्ष्य का 103.6 प्रतिशत था। वर्ष 2005-06 से निजी क्षेत्र के बैंकों के लिए भी विशेष कृषि ऋण योजना व्यवस्था लागू की गई। 2005-06 के दौरान निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि के लिए संवितरण, 24,222 करोड़ रुपए के लक्ष्य की तुलना में 31,199 करोड़ रुपए था। 2006-07 के दौरान, निजी क्षेत्र के बैंकों ने, 40,656 करोड़ रुपए के अपने निर्धारित लक्ष्य की तुलना में योजना के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र के लिए 35,585 करोड़ रुपए संवितरित किए।

3.22 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को सलाह दी गई कि वे अपने निवल बैंक ऋण का 5 प्रतिशत महिलाओं के लिए निर्धारित करें। मार्च 2007 के अंत में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा महिलाओं को दिया गया कुल ऋण उनके निवल बैंक ऋण का 4.95 प्रतिशत था जिसमें 21 बैंक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके।सार्वजनिक क्षेत्र के आठ बैंकों ने 15 विशेष महिला शाखाएं खोली हैं।

सारणी III.6: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अन्तर्गत लक्ष्यों की प्राप्ति

(बैंकों की संख्या)

क्रम	लक्ष्य / उप-लक्ष्य स	सरकारी क्षेत्र	निजी क्षेत्र	कुल
	1	2	3	4
1.	कुल / कृषि / कमजोर वर्ग	5	–	5
2.	केवल कुल	12	19	31
3.	कुल और कृषि	2	3	5
4.	कुल और कमजोर वर्ग	1	–	1
5.	कृषि और कमजोर वर्ग	–	–	–
6.	केवल कृषि	1	–	1
7.	केवल कमजोर वर्ग	1	–	1
8.	कोई नहीं	6	4	10

– : कुछ नहीं

सूक्ष्म-वित्त

3.23 स्वयं सहायता समूह-बैंक संबद्ध कार्यक्रम देश में प्रमुख सूक्ष्म-वित्त कार्यक्रम के रूप में उभरा है। इसे वाणिज्यिक बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा सहकारी बैंकों द्वारा कार्यान्वित किया जा रहा है। मार्च 2007 के अंत में, सामूहिक रूप से 2.9 मिलियन स्वयं सहायता समूह बैंकों से संबद्ध थे और इन स्वयं सहायता समूहों को दिया गया कुल ऋण का प्रवाह 18,041 करोड़ रुपए से अधिक था। वर्ष के दौरान दिया गया कुल बैंक ऋण 6,643 करोड़ रुपए था जिसमें स्वयं सहायता समूहों को दोबारा दिए गए ऋण की राशि 3,599 करोड़ रुपए थी। बैंकों ने 2006-07 के दौरान 686,408 नए स्वयं सहायता समूहों को ऋण दिए (ब्यौरे के लिए अध्याय IVदेखें)।

उद्योग को ऋण

3.24 उद्योगों (लघु, मध्यम और बड़े) को दिए गए ऋण में वृद्धि पिछले वर्ष के 30.0 प्रतिशत से घटकर 2006-07 में 25.7 प्रतिशत रह गई । चूंकि उद्योग को दिए गए ऋण में हुई वृद्धि समग्र ऋण वृद्धि के समान नहीं रही, खाद्येतर सकल बैंक ऋण में उद्योग के बकाया ऋण का हिस्सा मार्च 2006 के अंत के 39.2 प्रतिशत और मार्च 2005 के अंत के 42.1 प्रतिशत से घटकर मार्च 2007 के अंत में 38.5 प्रतिशत रह गया। वृद्धिशील बैंक ऋण का सबसे बड़ा हिस्सा (21.4 प्रतिशत) आधारभूत सुविधा उद्योग के लिए था, इसके पश्चात् वस्त्र (14.1 प्रतिशत) और मूल धातु तथा धातु उत्पाद (12.4 प्रतिशत) थे (परिशिष्ट सारणी III.9)। पावर (आधारभूत सुविधा के अन्तर्गत) और लोहा तथा इस्पात (धातु और धातु उत्पाद उद्योग के अन्तर्गत) में सर्वाधिक वृद्धि हुई। अन्य बड़े उद्योग, जिनमें बैंक ऋण का प्रवाह बढ़ा, पेट्रोलियम, खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग, रसायन और निर्माण थे (चार्ट III.5)।

लघु उद्योग क्षेत्र को ऋण

3.25 मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा लघु उद्योग क्षेत्र को दिए गए कुल ऋण 1,04,703 करोड़ रुपए थे, जो निवल बैंक ऋण का 8.0 प्रतिशत और इन बैंकों के प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए कुल अग्रिमों का 20.1 प्रतिशत था। लघु उद्योग क्षेत्र के अंतर्गत, कुटीर उद्योग, कारीगर और छोटे उद्योगों को दिए गए अग्रिम 44,311 करोड़ रुपए थे, जो लघु उद्योग क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों का 42.3 प्रतिशत था। मार्च 2007 के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार को निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा लघु उद्योग क्षेत्र को दिया गया कुल ऋण 13,063 करोड़ रुपए था, जो निवल बैंक ऋण का 3.9 प्रतिशत और इन बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र

चार्ट III.5: सकल बैंक ऋण का उद्योगवार नियोजन



को दिए गए कुल अग्रिमों का 9.1 प्रतिशत था। मार्च 2007 के अंतिम रिपोटिंग शुक्रवार को विदेशी बैंकों द्वारा लघु उद्योग क्षेत्र को दिया गया कुल ऋण 11,648 करोड़ रुपए था जो निवल बैंक ऋण का 10.3 प्रतिशत और इन बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिए गए अग्रिमों का 30.8 प्रतिशत था।

3.26 मार्च 2007 के अंत में, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा 1,14,132 बीमार लघु उद्योग इकाइयों को दिया गया ऋण 5,267 करोड़ रुपए था। बीमार लघु उद्योग इकाइयों में, 4,287 इकाइयां, जिन पर 427 करोड़ रुपए बैंक ऋण बकाया था, अर्थक्षम पाई गईं। इनमें से 588 इकाइयों को बैंकों ने वित्त पोषण कार्यक्रम के अन्तर्गत रखा, जिनका बकाया ऋण 269 करोड़ रुपए था। कुल मिलाकर, 1,09,011 इकाइयां जिनका बकाया ऋण 4,757 करोड़ रुपए था, अर्थक्षम नहीं पाई गईं।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग को ऋण

3.27 खादी और ग्रामोद्योग आयोग को ऋण प्रदान करने के लिए भारतीय स्टेट बैंक को कंसर्टियम के नेता के रूप में रखते हुए सार्वजनिक क्षेत्र के चुनिंदा बैंकों का एक कंसर्टियम बनाया गया। ये ऋण कंसर्टियम के पाँच बड़े बैंकों की औसत मूल उधार दर से 1.5 प्रतिशत कम पर दिए गए। अप्रैल 2007 के अंत में, योजना के अन्तर्गत बैंकों के कंसर्टियम द्वारा संवितरित किए गए 738 करोड़ रुपए में से लगभग 310 करोड़ रुपए बकाया थे।

फुटकर ऋण

3.28 यद्यपि बैंकों के फुटकर पोर्टफोलियो में वृद्धि 2005-06 के 40.9 प्रतिशत से घटकर 2006-07 के दौरान 29.9 प्रतिशत रह गई, यह बैंकिंग क्षेत्र के समग्र ऋण पोर्टफोलियो (28.5 प्रतिशत) की तुलना में अभी भी तेज गति से बढ़ी। परिणाम के रूप में, कुल ऋणों और अग्रिमों में उनका हिस्सा मार्च 2006 के अंत में 25.5 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 25.8 प्रतिशत हो गया। फुटकर पोर्टफोलियो के अन्तर्गत, उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के ऋण में, पिछले वर्ष के विपरीत जब इसकी वृद्धि निम्नतम थी, 2006-07 के दौरान सर्वाधिक वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान क्रेडिट कार्ड की प्राप्तियों, ऑटो वाहन और अन्य वैयक्तिक ऋणों (मुख्यरूप से पेशेवरों को और शैक्षिक प्रयोजन के लिए दिये गये ऋणों) की वृद्धि में गिरावट आई। आवास ऋण, जो बैंकों के फुटकर पोर्टफोलियो के 46.0 प्रतिशत हिस्से के साथ सबसे बड़ा घटक था, भी घटा (सारणी III.7)।

3.29 यद्यपि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा संवेदनशील क्षेत्र (पूँजी बाजार, जमीन-जायदाद और पण्य) को दिए गए उधारों में पिछले वर्ष की उच्च वृद्धि से 2006-07 के दौरान तेजी से कमी आई, इसमें समग्र ऋण वृद्धि की तुलना में काफी अधिक दर से

सारणी III.7: बैंकों के खुदरा पोर्टफोलियो

(राशि करोड़ रु. में)

मद	मार्च के अंत में बकाया		घट-बढ़ प्रतिशत	
	2006	2007	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5
1. आवास ऋण	1,79,060	2,24,481	33.4	25.4
2. उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं	4,469	7,296	17.3	63.3
3. क्रेडिट कार्ड की प्राप्त राशियां	12,434	18,317	47.9	47.3
4. ऑटो ऋण	61,369	82,562	75.1	34.5
5. अन्य निजी ऋण	1,18,351	1,55,204	39.1	31.1
कुल खुदरा ऋण (1+2+3+4+5)	**3,75,683 (25.5)**	**4,87,860 (25.8)**	**40.9**	**29.9**
अनु. वाणिज्य बैंकों के कुल ऋण और अग्रिम	**14,73,723**	**18,93,775**	**31.0**	**28.5**

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े कुल ऋण और अग्रिमों में प्रतिशत अंश को दर्शाते हैं।
स्रोत : परोक्ष विवरणियां (घरेलू अ-लेखा परीक्षित और अनंतिम)।

सारणी III.8: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा संवेदनशील क्षेत्र को ऋण

(मार्च के अंत में)

राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	2006		2007	
	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. पूंजी बाजार	22,303 (40.6)	7.8	30,637 (37.4)	7.6
2. स्थावर संपदा बाजार	2,62,053 (80.0)	91.7	3,70,689 (41.5)	91.9
3. पण्य	1,413 (-40.3)	0.5	2,206 (56.1)	0.6
कुल (1+2+3)	**2,85,770 (74.4)**	**100.0**	**4,03,533 (41.2)**	**100.0**

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत अंतर दर्शाते हैं।

वृद्धि हुई। घटकों में, जबकि जमीन-जायदाद बाजार को दिए गए ऋण में तेजी से कमी आई, पण्यों को दिए गए ऋण में पिछले वर्ष की गिरावट के विपरीत तीव्रता से वृद्धि हुई (सारणी III.8)। संवेदनशील क्षेत्र के प्रति अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का कुल एक्सपोजर पिछले वर्ष के 18.8 प्रतिशत की तुलना में कुल बैंक ऋणों और अग्रिमों (जिसमें 18.7 प्रतिशत जमीन-जायदाद को, 1.5 प्रतिशत पूँजी बाजार को और 0.1 प्रतिशत पण्यों को शामिल है) का 20.4 प्रतिशत था।

3.30 बैंक समूहों के बीच, निजी क्षेत्र के नए बैंकों का संवेदनशील क्षेत्र के प्रति एक्सपोजर (बैंकों के कुल ऋणों और अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में मापित) मुख्य रूप से जमीन-जायदाद बाजार के प्रति अधिक एक्सपोजर के कारण सर्वाधिक था, इसके पश्चात् विदेशी बैंक, निजी क्षेत्र के पुराने बैंक और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक थे (सारणी III.9 और परिशिष्ट सारणी III.11)।

निवेश

3.31 2006-07 के दौरान बैंकों के निवेश में 10.6 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई, जिसे मुख्य रूप से सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश से प्रोत्साहन मिला, इस प्रकार पिछले वर्ष का रुझान ही बदल गया जब 1969 में बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् पहली बार सरकारी प्रतिभूतियों के निवेश में समग्र रूप से कमी आई। निवेश पोर्टफोलियो के अन्तर्गत, गैर एसएलआर निवेश में एसएलआर पोर्टफोलियो की तुलना में अधिक वृद्धि दिखी। 2005-06 के दौरान 3.1 प्रतिशत (22,809 करोड़) की गिरावट की तुलना में 2006-07 के दौरान, सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों के निवेश में 10.2 प्रतिशत (72,977 करोड़) की वृद्धि हुई। यद्यपि ऋण लेने की स्थिति सुदृढ़ बनी रही, मजबूत जमा वृद्धि ने निवेश के प्रति बैंकों की एक्सपोज़र क्षमता बढ़ाई।2006-07 के दौरान, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने अनुमोदित सरकारी प्रतिभूतियों में 74,238 करोड़ रुपए का वृद्धिशील निवेश किया। लेकिन, कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में सरकारी प्रतिभूतियों में बैंकों का कुल निवेश मार्च 2007 के अंत में (मार्च 2006 के अंत के 24.8 प्रतिशत की तुलना में) कुल आस्तियों का 21.8 प्रतिशत और एनडीटीएल का 28.0 प्रतिशत (पिछले वर्ष के एनडीटीएल के 31.3 प्रतिशत की तुलना में) था।

3.32 यद्यपि 2006-07 के दौरान 84,223 करोड़ रुपए का अधिक एसएलआर निवेश 25.0 प्रतिशत की निर्धारित न्यूनतम आवश्यकता के ऊपर था, कुछ बैंक अपने सांविधिक चलनिधि अनुपात पोर्टफोलियो को निर्धारित न्यूनतम स्तर के काफी करीब परिचालित कर रहे थे (चार्ट III.6)। 26 अक्तूबर 2007 को ऐसी प्रतिभूतियों की एनडीटीएल की 29.4 प्रतिशत की वाणिज्य बैंकों की धारिताएं मार्च 2007 के अंत के 28.0 प्रतिशत और एक वर्ष पहले के 28.8 प्रतिशत की तुलना में कुछ अधिक थीं । अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के अधिक एसएलआर निवेश मार्च 2007 के अंत के 84,223 करोड़ रुपए

सारणी III.9 : संवेदनशील क्षेत्र को ऋण-बैंक समूहवार*

(प्रतिशत)

क्षेत्र	सरकारी क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के नए बैंक		निजी क्षेत्र के पुराने बैंक		विदेशी बैंक	
	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5	6	7	8	9
पूंजी बाजार #	1.2	1.3	2.3	2.2	1.3	1.5	2.6	2.4
स्थावर संपदा बाजार @	14.3	15.1	29.1	32.3	14.6	16.6	25.6	26.3
पण्य	0.1	0.1	–	–	0.2	0.5	–	–
संवेदनशील क्षेत्र को कुल अग्रिम	**15.6**	**16.6**	**31.4**	**34.5**	**16.0**	**18.7**	**28.2**	**28.7**

* : संबंधित बैंक समूह के कुल ऋण और अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में संवेदनशील क्षेत्र को दिए गए ऋण।
\# : पूंजी बाजार के जोखिम में निवेश तथा अग्रिम दोनों शामिल हैं ।
@ : स्थावर संपदा के जोखिम में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष दोनों उधार (लेने) शामिल हैं ।

सारणी III.10: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के गैर सांविधिक चलनिधि अनुपात निवेश

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	31, मार्च 2006	कुल का प्रतिशत	30, मार्च 2007	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. वाणिज्यिक पत्र	4,821	5.4	8,978	9.4
2. शेयरों में निवेश	12,775	14.2	18,344	19.3
जिनमें से :				
क) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम	2,274	2.5	2,126	2.2
ख) निजी कंपनी क्षेत्र	10,501	11.7	16,218	17.1
3. बांडों/डिबेंचरों में निवेश	61,868	68.9	56,072	59.0
जिनमें से :				
क) सरकारी क्षेत्र के उपक्रम	32,345	36.0	28,472	30.0
ख) निजी कंपनी क्षेत्र	29,523	32.9	27,600	29.0
4. म्युच्युअल फंड के यूनिट	10,345	11.5	11,659	12.3
कुल-गैर सांविधिक चलनिधि अनुपात निवेश (1+2+3+4)				

स्रोत : अनुसूचित वाणिज्य बैंको द्वारा प्रस्तुत धारा 42(2) विवरणियां ।

चार्ट III.6: एसएलआर प्रतिभूतियों में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का निवेश



और एक वर्ष पहले के 1,00,626 करोड़ रुपए से बढ़कर 26 अक्तूबर 2007 को 1,41,437 करोड़ रुपए हो गए।

गैर एसएलआर निवेश

3.33 पिछले वर्ष में हुई 14.6 प्रतिशत (13,620 करोड़ रुपए) की गिरावट से तुलना करने पर 2006-07 में कंपनी क्षेत्र द्वारा जारी गैर एसएलआर प्रतिभूतियों (अर्थात, बांड/डिबेंचर/ शेयर और वाणिज्यिक पत्र) में बैंकों के निवेश 4.9 प्रतिशत (3,929 करोड़ रुपए) बढ़े, जिससे जमाराशिओं की सुदृढ़ वृद्धि परिलक्षित होती है। जबकि बांड/डिबेंचर में निवेश तेजी से कम हुए, शेयर और वाणिज्यिक पत्रों में बढ़े। कुल मिलाकर, मार्च 2007 के अंत में कुल गैर एसएलआर निवेश के प्रतिशत के रूप में कंपनी क्षेत्र के लिखतों (शेयर और बांड) में 53.5 प्रतिशत के निवेश पिछले वर्ष (55.9 प्रतिशत) की तुलना में कम थे। पिछले वर्ष के 28.3 प्रतिशत (3,40,573 करोड़ रुपए) से तुलना करने पर वाणिज्यिक क्षेत्र को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का कुल निधि प्रवाह, ऋण और गैर एसएलआर निवेश, 27.2 प्रतिशत (4,19,935 करोड़ रुपए) बढ़ा (सारणी III.10)।

3.34 लिखतों के अनुसार, यद्यपि मार्च 2007 के अंत में बांड और डिबेंचरों में निवेश तेजी से गिरा, वे अब भी गैर एसएलआर निवेश के सबसे बड़ा हिस्सा बने हुए थे (सारणी III.11)।

सारणी III.11: गैर सांविधिक चलनिधि अनुपात निवेश की संरचना

(प्रतिशत)

लिखत	2001-02	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5	6	7
वाणिज्यिक पत्र	7.2	3.1	2.7	2.7	5.4	9.4
बांड/डिबेंचर	81.7	84.2	81.5	79.2	68.9	59.0
शेयर	6.6	7.9	7.3	9.4	14.2	19.3
मुच्युअल फंड के यूनिट	4.5	4.9	8.5	8.7	11.5	12.3

स्रोत : अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रस्तुत धारा 42(2) विवरणियां।

सारणी III.12: बैंकों की अंतरराष्ट्रीय परिसंपत्तियां-प्रकारानुसार

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

परिसंपत्ति	2005	2006	2007
1	2	3	4
अंतरराष्ट्रीय आस्तियां (1+2+3)	**1,33,237**	**1,58,201**	**2,02,973**
1. ऋण और जमाराशियां	1,24,582 (93.5)	1,46,014 (92.3)	1,90,888 (94.0)
जिनमें से :			
क) अनिवासियों को ऋण *	4,103 (3.1)	6,270 (4.0)	7,122 (3.5)
ख) निवासियों को विदेशी मुद्रा ऋण **	58,092 (43.6)	63,231 (40.0)	75,000 (37.0)
ग) निवासियों द्वारा अनिवासियों पर आहरित बकाया निर्यात बिल	26,171 (19.6)	31,556 (19.9)	40,846 (20.1)
घ) *नोस्ट्रो* शेष @	35,673 (26.8)	44,515 (28.1)	67,487 (33.2)
2. ऋण प्रतिभूतियों की धारिताएं	979 (0.7)	2,079 (1.3)	1,761 (0.9)
3. अन्य आस्तियां @@	7,676 (5.8)	10,109 (6.4)	10,324 (5.1)

* : अनिवासियों की जमाराशियों में से रुपया ऋण और विदेशी मुद्रा ऋण को शामिल किया गया है ।
** : वि. मु. अनिवासी (बी) जमाराशियों से दिए गए ऋण और पीसीएफसी तथा एफसी को दिए गए उधार भारत के बैंकों में जमा राशियां ।
@ : विदेश के प्लेसमेंट एवं अनिवासी के बैंकों के पास शेष मीयादी जमाराशियाँ ।
@@ : भारतीय बैंकों की शाखाओं/सहायक संस्थाओं को आपूर्ति की गई पूंजी और उनसे प्राप्य लाभ और अन्य अवर्गीकृत अंतरराष्ट्रीय परिसंपत्तियां ।
टिप्पणी : कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं।
स्रोत : स्थानगत बैंकिंग सांख्यिकीय।

बैंकिंग प्रणाली की अन्तरराष्ट्रीय आस्तियां

3.35 2006-07 के दौरान ऋण की सुदृढ़ मांग निवासियों को विदेशी मुद्रा ऋण तथा निवासियों द्वारा अनिवासियों पर जारी बकाया निर्यात बिल की अधिक वृद्धि में परिलक्षित हुई। 2005-06 के दौरान हुई 1.3 प्रतिशत की वृद्धि से तुलना करने पर कुल अन्तरराष्ट्रीय आस्तियों में नोस्ट्रो शेषों का हिस्सा 2006-07 के दौरान बढ़कर 5.1 प्रतिशत अंक हो गया (सारणी III.12)।

3.36 2005-06 के 24.9 प्रतिशत से तुलना करने पर आसन्न देशगत जोखिम के आधार पर, बैंकों के समेकित अन्तरराष्ट्रीय दावों में 2006-07 के दौरान 61.0 प्रतिशत की सुदृढ़ वृद्धि दिखी।समेकित अंतरराष्ट्रीय दावों में अल्पकालिक दावों (एक वर्ष से कम शेष परिपक्वता) का हिस्सा 2006-07 के दौरान गिरना जारी रहा, जबकि दीर्घकालिक दावे तदनुसार बढ़े।

3.37 बैंकों के अन्तरराष्ट्रीय दावों का क्षेत्रवार स्वरूप व्यापक रूप से पिछले वर्ष के स्तर पर बना रहा। रिपोर्टिंग बैंकों का ब्बैंक से इतर निजीट क्षेत्र के प्रति सर्वाधिक एक्सपोजर था, इसके पश्चात् बैंकिंग क्षेत्र था (सारणी III.13)।

3.38 वर्ष के दौरान, आसन्न देशगत जोखिम के आधार पर, बैंकों के देश-वार समेकित अन्तरराष्ट्रीय दावों में कुछ परिवर्तन हुआ। जहाँ कुल समेकित अन्तरराष्ट्रीय दावों में अमरीका और हांगकांग का हिस्सा काफी कम हुआ, वहीं लेकिन सिंगापुर का बढ़ा। ब्रिटेन, जर्मनी और संयुक्त अरब अमीरात का हिस्सा व्यापकरूप से पिछले वर्ष के स्तर पर रहा। अमरीका, ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर और जर्मनी पर कुल दावे कुल अन्तरराष्ट्रीय दावों के 53.9 प्रतिशत थे (सारणी III.14)।

तिमाही रुझान - वाणिज्य बैंकों का सर्वेक्षण[4]

3.39 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की गतिविधियों के त्रैमासिक विश्लेषण से कुछ मनोरंजक बातें सामने आयी (सारणी III.15 और परिशिष्ट सारणी III.12)। चूंकि 2006-07 के दौरान सितंबर-अंत और मार्च-अंत के रिपोर्टिंग शुक्रवार 29 सितंबर 2006 और 30 मार्च 2007 को (क्रमशः छमाही और वार्षिक बंदी के समीप) पड़े, अन्य तिमाहियों तथा पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाहियों की तुलना में दूसरी और चौथी तिमाही में जमाओं तथा कुल ऋणों में तेज वृद्धि दिखी।

[4] बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 42(2) विवरणी के तहत प्राप्त सूचना पर आधारित।

सारणी III.13: बैंकों के समेकित अंतरराष्ट्रीय दावों का वर्गीकरण-परिपक्वता एवं क्षेत्रवार

(मार्च केअंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

अवशिष्ट परिपक्वता /क्षेत्र	2005	2006	2007
1	2	3	4
कुल समेकित अंतरराष्ट्रीय आस्तियां	**74,238**	**92,711**	**1,49,258**
(क) परिपक्वतावार			
1) अल्पावधि (अवशिष्ट परिपक्वता एक वर्ष से कम)	61,113	73,176	1,09,481
	(82.3)	(78.9)	(73.4)
2) दीर्घावधि (अवशिष्ट परिपक्वता एक वर्ष तथा उससे अधिक)	11,951	18,627	39,775
	(16.1)	(20.1)	(26.6)
3) अनाबंटित	1,174	907	2
	(1.6)	(1.0)	(0.0)
(ख) क्षेत्रवार			
1) बैंक	34,301	43,050	69,781
	(46.2)	(46.4)	(46.8)
2) बैंकेतर पब्लिक	1,145	1,248	871
	(1.5)	(1.3)	(0.6)
3) बैंकेतर प्राइवेट	38,792	48,413	78,607
	(52.3)	(52.2)	(52.7)

टिप्पणियां: 1. कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते है।
2. अनाबंटित अवशिष्ट परिपक्वता में लागू नहीं परिपक्वता (अर्थात इक्विटी के लिए) और बैंक शाखाओं से उपलब्ध न करायी गई परिपक्वता सूचना शामिल है।
3. बैंकिंग क्षेत्र में सरकारी मौद्रिक संस्थाएं (जैसे आइएफसी, ईसीबी आदि, और केंद्रीय बैंक शामिल हैं।
4. मार्च 2005 को समाप्त तिमाही से पूर्व बैंकेतर पब्लिक क्षेत्र में ऐसे बैंकों को छोड़कर जिनमें राज्य / केंद्रीय सरकारों की कम से कम 51 प्रतिशत शेयर धारिता थी, राज्य/केंद्र सरकार और उसके विभागों सहित कंपनियां/संस्थाएं शामिल थीं। मार्च 2005 की तिमाही से 'बैंकेतर पब्लिक' क्षेत्र में केवल राज्य / केंद्रीय सरकार और उनके विभाग शामिल हैं तथा तदनुसार बैंकों को छोड़कर अन्य सभी संस्थाओं को '' बैंकेतर प्राइवेट'' क्षेत्र में वर्गीकृत किया जा रहा है।

स्रोत : समेकित बैंकिंग सांख्यिकी पर आधारित - निकटवर्ती देश गत जोखिम आधार।

3.40 2006-07 की पहली तिमाही के दौरान, मांग जमाओं में गिरावट के बावजूद, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमाओं में वृद्धि हुई। मांग जमाओं की गिरावट पिछली तिमाही के दौरान विशाल बढ़ोत्तरी की बिक्री, पारस्परिक निधियों पर चुकौती के दबाव और सार्वजनिक निर्गमों की संख्या में कमी में परिलक्षित हुई। तथापि, मीयादी जमाओं में तेज वृद्धि हुई जो ऋण की मांग को पूरा करने के लिए अधिक ब्याज दर और अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा शुरू की गई जमा एकत्र करने की योजनाओं में परिलक्षित हुआ। बैंकों ने विदेशी मुद्रा आस्तियों को बेच दिया। इससे बैंक ऋण की मांग को पूरा कर पाए।

सारणी III.14: भारत से इतर देशों पर बैंकों के समेकित अंतरराष्ट्रीय दावे

(मार्च केअंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2005	2006	2007
1	2	3	4
कुल समेकित अंतरराष्ट्रीय दाव	**74,238**	**92,711**	**149,258**
जिनमें से :			
क) संयुक्त राष्ट्र अमरीका	22,348	23,176	32,875
	(30.1)	(25.0)	(22.0)
ख) यूनाइटेड किंगडम	7,608	14,212	22,598
	(10.2)	(15.3)	(15.1)
ग) हांगकांग	7,389	6,652	8,977
	(10.0)	(7.2)	(6.0)
घ) सिंगापुर	3,510	4,182	8,921
	(4.7)	(4.5)	(6.0)
ड) जर्मनी	3,607	4,678	7,234
	(4.9)	(5.0)	(4.8)
च) संयुक्त अरब अमीरात	2,771	4,059	6,686
	(3.7)	(4.4)	(4.5)

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े कुल अंतरराष्ट्रीय दावों प्रतिशत अंश हैं।

स्रोत : समेकित बैंकिंग सांख्यिकी - निकटवर्ती देश गत जोखिम आधार।

3.41 2006-07 की दूसरी तिमाही में, जमाओं और ऋण लेने से तेजी में वृद्धि हुई। जमाओं में अधिक वृद्धि मुख्य रूप से मीयादी जमाओं में वृद्धि के कारण थी, जो बढ़े हुए ब्याज दर को दर्शाती है। 1-3 वर्षीय परिपक्वता वाली मीयादी जमाओं पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा दी गईं ब्याज दरें मार्च 2006 की 5.75 - 6.75 प्रतिशत की सीमा से बढ़कर सितंबर 2006 में 6.25 - 7.50 प्रतिशत की सीमा में आ गईं। समान परिपक्वता वाली जमाओं पर निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दी गईं दरें 5.50 - 7.75 की सीमा से बढ़कर 6.75 - 8.25 प्रतिशत की सीमा में आ गईं। जमाओं में वृद्धि से अधिक ऋण वृद्धि हुई। जबकि बैंकों ने सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश को प्रतिबंधित कर दिया, उन्होंने विदेशी मुद्रा आस्तियों में अपने निवेशों को बढ़ाया।

सारणी III.15: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का परिचालन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च 2007 के अंत में बकाया	घट-बढ									
		2005-06				2006-07				2007-08	
		ति.1	ति.2	ति.3	ति.4	ति.1	ति.2	ति.3	ति.4	ति.1	ति.2 अ
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
घटक											
1. निवासियों की कुल जमाराशियां (क+ख)	25,41,201	7,145	1,29,596	13,065	1,90,983	30,677	1,66,396	31,469	2,62,886	62,265	1,99,683
क) मांग जमाराशियां	4,29,137	-22,249	41,167	-3,430	63,135	-41,272	43,300	-8,905	71,374	-41,305	52,052
ख) निवासियों की मीयादी जमाराशियां	21,12,063	29,394	88,430	16,495	1,27,848	71,949	1,23,096	40,374	1,91,511	1,03,569	1,47,630
2. वित्तीय संस्थाओं से मांग/मीयादी निधीयन	85,836	-1,002	7,359	1,836	3,031	3,118	-1,576	-4,468	5,618	-2,984	5,609
स्रोत											
1. सरकार को ऋण	7,74,980	-1,457	18,324	-25,068	-11,314	23,238	10,723	602	39,675	51,145	62,155
2. वाणिज्य क्षेत्र को ऋण (क से घ)	20,87,511	12,862	1,04,416	53,032	1,72,011	22,606	1,41,465	64,777	1,95,164	-11,137	1,30,262
क. बैंक ऋण	19,28,913	8,994	1,15,035	62,858	1,67,981	14,050	1,40,364	74,213	1,93,208	-34,072	1,30,557
i. खाद्य ऋण	46,521	4,788	-5,255	1,464	-322	607	-7,840	8,171	4,891	-2,564	-6,948
ii. खाद्येतर ऋण	18,82,392	4,206	1,20,290	61,394	1,68,303	13,443	1,48,204	66,042	1,88,317	-31,507	1,37,505
ख. प्राथमिक व्यापारियों को निवल ऋण	2,799	7,130	-2,759	1,128	-2,913	-1,963	3,988	-2,783	-812	-282	780
ग. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	15,451	-532	-10	-736	-2,017	526	-1,132	-352	-304	-377	4,592
घ. अन्य निवेश (गैर एसएलआर प्रतिभूतियों में)	1,40,347	-2,730	-7,851	-10,218	8,961	9,993	-1,756	-6,301	3,071	23,594	-5,667
3. वाणिज्य बैंकों की निवल विदेशी मुद्रा आस्तियां (क+ख-ग)	-40,259	-2,057	-4,850	9,935	26,612	-21,137	10,844	13,322	2,327	2,465	-13,902
क. विदेशी मुद्रा आस्तियां	58,754	-2,179	-1,044	11,169	6,114	-13,919	8,830	11,781	8,567	-8,312	-8,568
ख. अनिवासी विदेशी मुद्रा प्रत्यावर्तनीय सावधि जमाराशियां	67,108	804	187	1,856	-19,723	3,917	1,671	1,233	1,011	-3,849	-2,110
ग. समुद्रपारीय विदेशी मुद्रा उधार	31,905	-925	3,618	-622	-775	3,301	-3,685	-2,774	5,229	-6,928	7,443
4. निवल बैंक आरक्षित निधियां	1,90,086	3,060	9,679	-2,886	25,729	-6,090	20,381	-15,423	52,599	6,498	75,535
5. पूंजी खाता	2,02,618	20,359	2,530	9,342	8,090	12,025	6,168	2,250	4,447	26,996	20,985

अ : अनंतिम

* : 1 अप्रैल 2005 को घट बढ़।

टिप्पणी : 1. आंकड़े प्रत्येक तिमाही के अंतिम रिपोर्टिंग शुक्रवार से संबंधित हैं।
2. मीयादी जमाराशियों में 29 दिसंबर 2005 से इंडिया मिलेनियम डिपॉजिट (आईएमडी) का शोधन प्रभाव शामिल है।

3.42 2006-07 की तीसरी तिमाही में, कुल जमाओं और ऋण लेने में वृद्धि दूसरी तिमाही की तुलना में कम थी। लेकिन, वाणिज्यिक क्षेत्र को दिए गए ऋण कुल जमाओं में वृद्धि के दो गुने से अधिक थे। ऋण की बनी हुई मांग को पूरा करने के लिए, तिमाही के दौरान बैंकों ने सरकारी प्रतिभूतियों और गैर -एस एल आर प्रतिभूतियों में किए गए निवेश को बेच दिया। बैंकों ने तीसरी तिमाही में विदेशी मुद्रा आस्तियों में अपने निवेशों को भी बढ़ाया।

3.43 2006-07 की चौथी तिमाही के दौरान कुल जमाराशियां और समुद्रपारीय विदेशी मुद्रा उधार दोनों तेजी से बढ़े जिससे बैंक बढ़ी हुई ऋण की मांग को पूरा कर सके। इसके अलावा, बैंकों ने सरकारी और गैर एसएसआर प्रतिभूतियों में भी अपने निवेशों को बढ़ाया। लेकिन, तिमाही के दौरान विदेशी मुद्रा आस्तियों में बैंकों के निवेश कम हुए।

3.44 2007-08 की पहली तिमाही में कुल जमाराशियां मामूली रूप से बढ़ी जबकि ऋण का देना ऋणात्मक हो गया। इसलिए, सरकारी और गैर एसएलआर प्रतिभूतियों दोनों में निवेश काफी बढ़ा।

3.45 2007-08 की दूसरी तिमाही के दौरान कुल जमा ओर ऋण देना दोनों तेजी से बढ़े। गैर एसएलआर प्रतिभूतियों में बैंक के निवेश घटे, जबकि सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश अधिक रहे। विदेशी मुद्रा

आस्तियों में बैंक के निवेश घटे जबकि तिमाही के दौरान उनके विदेशी उधार बढ़े।

ऋण-जमा अनुपात

3.46 2004-05 और 2005-06 में सुदृढ़ ऋण वृद्धि के परिणामस्वरूप ऋण-जमा और निवेश-जमा अनुपात में कुछ असामान्य बात देखी गई। वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात, जो 11 जून 2004 तक वृद्धिशील निवेश-जमा अनुपात की तुलना में कम था, उसके बाद तेजी से बढ़ा, जबकि वृद्धिशील निवेश-जमा अनुपात में गिरावट आयी। 2005-06 में इस प्रवृत्ति में तेजी आयी क्योंकि सालभर ऋण जमा अनुपात निवेश-जमा अनुपात की तुलना में काफी अधिक बना रहा। निवेश-जमा अनुपात की तुलना में काफी अधिक होने की वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात की प्रवृत्ति पूरे 2006-07 के दौरान बनी रही। तथापि, ऋण वृद्धि में मामूली कमी और जमाओं में तेज वृद्धि को दर्शाते हुए, 2006-07 की दूसरी छमाही में वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात घटा। मार्च 2007 के अंत में, एक वर्ष पहले के 110 प्रतिशत से तुलना करने पर वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात लगभग 85 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) था। दूसरी तरफ, वृद्धिशील निवेश-जमा अनुपात, जो फरवरी 2007 के प्रारंभ तक 10 प्रतिशत से कम (कुछ पखवाड़ों में यह ऋणात्मक था) बना रहा, बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 14.6 प्रतिशत और अगस्त 2007 के प्रारंभ तक 17.7 प्रतिशत हो गया। परिणाम के रूप में, दोनों अनुपातों के बीच का अंतर कम हुआ। पिछले वर्ष की तरह, वृद्धिशील ऋण-जमा अनुपात और निवेश-जमा अनुपात के बीच सामान्यतया ऋणात्मक संबंध दिखे (चार्ट III.7)।

3.47 बकाया राशि के आधार पर, ऋण-जमा और निवेश-जमा अनुपात 1999 और 2004-05 की तीसरी तिमाही के बीच न्यूनाधिक रूप से उसी दिशा में रहा परंतु इसके पश्चात उनमें विपरीत दिशाओं में बढ़ने की प्रवृत्ति रही । यह स्वरूप 2006-07 में और आगे बढ़ा क्योंकि ऋण-जमा अनुपात और बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 74.0 प्रतिशत के सर्वाधिक ऊंचे स्तर पर पहुँच गया, जबकि निवेश-जमा अनुपात गिरकर 30.3 प्रतिशत नीचे तक पहुँच गया (चार्ट III.8)।

3.48 बैंक समूहों के बीच , विदेशी बैंकों का ऋण -जमा अनुपात (बकाया राशि के अर्थ में) मार्च 2007 के अंत में सर्वाधिक था, इसके पश्चात निजी क्षेत्र के नए बैंक, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक और निजी क्षेत्र के पुराने बैंक थे (चार्ट III.9)।

3.49 अलग-अलग बैंकों के स्तर पर, मार्च 2007 के अंत के ऋण-जमा अनुपात में व्यापक अंतर दिखे, विशेष रूप से विदेशी बैंकों में। आइडीबीआइ लि. को छोड़कर, जिसका ऋण-जमा अनुपात 144.1 प्रतिशत था, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 59.6 प्रतिशत (यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया) और 80.0 प्रतिशत (स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर) के बीच था। निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों के मामले में, ऋण-जमा अनुपात 52.7 प्रतिशत (बैंक ऑफ राजस्थान) और 77.7 प्रतिशत (आइएनजी वैश्य बैंक) (सांगली बैंक को छोड़कर जिसका आइसीआइसीआइ के साथ समामेलन किया गया) के बीच था। निजी क्षेत्र के नए बैंकों का ऋण-जमा अनुपात 60.2 प्रतिशत (डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक) और 99.3 प्रतिशत (कोटक महिंद्रा बैंक) के बीच था। विदेशी बैंकों के मामले में, ऋण-जमा

चार्ट III.7: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का ऋण-जमा एवं निवेश-जमा अनुपात



चार्ट III.8: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का सी-डी और आइ-डी अनुपात
(मार्च के अंत में अनुसार)



चार्ट III.9: ऋण-जमा अनुपात-बैंक समूहवार
(मार्च के अंत में)



अनुपात 697.0 प्रतिशत (एंटवर्प डायमंड बैंक) के उच्चतम और 0.9 प्रतिशत (ओमन इंटरनेशनल बैंक) के निम्नतम के बीच था। 29 विदेशी बैंकों में से, 10 बैंकों का ऋण जमा अनुपात 100 प्रतिशत के ऊपर था (परिशिष्ट सारणी III.13)।

बैंकों की आस्तियों और दायित्वों की परिपक्वता की रूपरेखा

3.50 यद्यपि मार्च 2007 के अंत में वाणिज्य बैंकों की आस्तियों और देयताओं की परिपक्वता की संरचना व्यापक रूप से पिछले वर्ष के स्वरूप के अनुरूप थी, वर्ष के दौरान कुछ महत्त्वपूर्ण अंतर दिखे। सभी बैंक समूहों (निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों को छोड़कर) की एक वर्ष तक की परिपक्वता वाली जमाओं का हिस्सा काफी बढ़ा, जबकि अन्य परिपक्वता समूहों में गिरावट आई। उधारों के मामले में, विभिन्न बैंक समूहों के बीच अल्पकालिक परिपक्वता के स्तर पर भिन्न प्रवृत्ति देखी गई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों की एक वर्ष तक की परिपक्वता वाले उधारों का हिस्सा बढ़ा, जबकि पुराने निजी बैंकों और निजी क्षेत्र के नए बैंकों का घटा। आस्ति पक्ष में, विदेशी बैंक समूह को छोड़कर, ऋण और अग्रिम तथा निवेश का परिपक्वतास्वरूप सभी बैंक समूहों के मामले में मोटे तौर पर वही बना रहा। कुल मिलाकर, आस्तियों ने देयताओं के साथ सम स्वरूप दर्शाया। मार्च 2007 के अंत में, सामान्य रूप से, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों के पास लंबी परिपक्वता वाले समूह के अन्तर्गत देयताओं और आस्तियों दोनों का काफी बड़ा हिस्सा था।आस्ति पोर्टफोलियो के अन्तर्गत, जबकि ऋणों और अग्रिमों का परिपक्वता का स्वरूप अधिकांश बैंक समूहों के लिए लगभग समान था, निजी क्षेत्र के नए बैंकों और विदेशी बैंकों का निवेश स्वरूप अल्पकालिक परिपक्वता स्वरूप की ओर अधिक झुका हुआ था (सारणी III.16)।

सारणी III.16 : चुनिंदा देयताओं/आस्तियों का बैंक समूहवार परिपक्वता स्वरूप
(मार्च केअंत में)

(प्रतिशत)

आस्तियां/देयताएं	सरकारी क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के पुराने बैंक		निजी क्षेत्र के नए बैंक		विदेशी बैंक	
	2006	2007	2006	2007	2006	2007	2006	2007
1	2	3	4	5	6	7	8	9
I. जमाराशियां								
क) एक वर्ष तक	40.1	42.4	48.0	47.0	58.7	60.4	53.2	64.0
ख) एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष तक	30.4	29.0	38.2	39.0	36.9	35.5	43.6	35.6
ग) तीन वर्ष से अधिक और पांच वर्ष तक	11.7	11.2	6.0	7.8	3.0	2.6	0.4	0.4
घ) पांच वर्ष से अधिक	17.8	17.5	7.8	6.1	1.4	1.5	2.8	–
II. उधार राशियां								
क) एक वर्ष तक	49.7	52.7	81.5	76.3	55.5	50.4	84.1	88.7
ख) एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष तक	21.8	19.3	3.7	8.3	18.7	26.7	14.1	11.2
ग) तीन वर्ष से अधिक और पांच वर्ष तक	12.2	13.5	6.2	1.7	20.8	19.9	1.5	0.1
घ) पांच वर्ष से अधिक	16.3	14.5	8.5	13.7	5.0	3.0	0.3	–
III. ऋण और अग्रिम								
क) एक वर्ष तक	36.3	36.8	42.9	40.0	30.7	30.4	55.8	52.2
ख) एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष तक	34.7	33.1	36.1	37.2	40.2	39.9	25.7	31.2
ग) तीन वर्ष से अधिक और पांच वर्ष तक	11.5	12.6	10.0	11.0	11.3	12.0	5.3	6.1
घ) पांच वर्ष से अधिक	17.5	17.5	10.9	11.9	17.9	17.6	13.2	10.5
IV. निवेश								
क) एक वर्ष तक	12.0	13.6	20.2	20.4	50.5	51.1	57.9	49.7
ख) एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष तक	14.5	14.6	9.7	11.5	25.5	25.0	30.0	30.7
ग) तीन वर्ष से अधिक और पांच वर्ष तक	17.0	15.1	14.3	9.9	7.1	7.6	4.8	12.3
घ) पांच वर्ष से अधिक	56.5	56.6	55.8	58.2	16.8	16.3	7.2	7.2

3. तुलन-पत्र से इतर परिचालन

3.51 हाल के वर्षों के रुझान को जारी रखते हुए, 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का तुलन पत्र से इतर एक्सपोजर तेजी से 74.9 प्रतिशत बढ़ा, जो 2005-06 के 50.0 प्रतिशत और 2004-05 के 58.0 प्रतिशत की वृद्धि के ऊपर था। परिणामस्वरूप, मार्च 2007 के अंत में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का तुलन-पत्र से इतर कुल एक्सपोजर, मार्च 2006 के अंत के डेढ़ गुने की तुलना में, उनके तुलन पत्र के आकार के दोगुने से अधिक था (चार्ट III.10)। तुलन पत्र से इतर एक्सपोज़र की तीव्र वृद्धि में उनकी आय के स्रोतों को बहुमुखी करने के बैंकों के प्रयास परिलक्षित हुए।

3.52 बैंक समूहों के बीच, विदेशी बैंकों का तुलन पत्र से इतर जोखिम सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के तुलन पत्र से इतर कुल जोखिम का 67.9 प्रतिशत था। विदेशी बैंकों का तुलन पत्र से इतर एक्सपोज़र उनकी कुल आस्तियों का 1,816.6 प्रतिशत था ,इसके पश्चात निजी क्षेत्र के नए बैंक (215.1 प्रतिशत), निजी क्षेत्र के पुराने बैंक (44.8 प्रतिशत) और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (43.1 प्रतिशत) का स्थान था (परिशिष्ट सारणी III.14)।

4. अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का वित्तीय निष्पादन

3.53 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के वित्तीय निष्पादन को, देयता और आस्ति दोनों दृष्टियों से, ब्याज दर बढ़ने से समर्थन मिला। जबकि ब्याज आय, समग्रता और कुल आस्तियों के प्रति, तेजी से बढ़ी, गैर ब्याज आय सापेक्षिक अर्थ में बढ़ी

चार्ट III.10: कुल आस्तियों की तुलना में तुलन पत्र से इतर जोखिम

(मार्च के अंत में)



लेकिन, बैंक अपने परिचालन व्ययों को नियंत्रित करके अपनी लाभदायकता को बनाए रखने में समर्थ हो सके। वर्ष के दौरान बैंकों द्वारा किए गए प्रावधान और आकस्मिकताएं बढ़ीं, जो पिछले वर्ष के समान नहीं थी, यद्यपि वे सापेक्षिक अर्थों में (अर्थात, आस्तियों के प्रतिशत के रूप में) थोड़ी कम थीं। जबकि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्तियों पर प्रतिलाभ स्थिर बना रहा, वर्ष के दौरान उनकी ईक्विटी पर प्रतिलाभ में सुधार हुआ।

ब्याज दर परिदृश्य

3.54 2006-07 के दौरान देयता और आस्ति दोनों पक्षों से संबंधित सभी परिपक्वताओं की ब्याज दरें बढ़ीं। 2006-07 के दौरान लगातार अधिक ऋण की मांग ने उधार देने की दरों और बैंकों की ब्याज दरों पर ऊर्ध्वगामी दबाव डाला। 2006-07 के दौरान बैंकों द्वारा जमाओं पर दी गई ब्याज दरों में सामान्य रूप से वृद्धि हुई तथा अधिक परिपक्वता के मामले में अधिक वृद्धि हुई (सारणी III.17)। तथापि, विभिन्न बैंक समूहों के बीच, 2006-07 के दौरान विभिन्न परिपक्वताओं वाली मीयादी जमाओं की ब्याज दरों के उतार-चढ़ाव में मिश्रित रुझान दिखा। विदेशी बैंकों ने मीयादी जमाओं पर अधिकतम दर को 300 से 375 आधार अंक बढ़ाया, इसके पश्चात सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (225 से 275 आधार अंक) और निजी क्षेत्र के बैंक (175 से 200 आधार अंक) थे। विदेशी बैंकों ने, उसी समय, न्यूनतम दर को भी कम किया, इस प्रकार अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिपक्वताओं पर दी गई ब्याज दरों के दायरे को बढ़ाया। 2007-08 (अप्रैल-अक्तूबर) के दौरान, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सामान्यतया विभिन्न परिपक्वताओं पर विशेषतः ऊपरी स्तर पर अपनी जमा दरों को लगभग 25-50 आधार अंक कम किया, जबकि एक वर्ष और अधिक की कम परिपक्वतावाली जमा राशियों पर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने जमा ब्याज दर में 25-75 आधार अंकों की कमी की (चार्ट III.11)। एक वर्ष के अधिक की परिपक्वता पर सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्रस्तावित ब्याज दरें अप्रैल 2007 में 7.25-9.75 से बढ़कर अप्रैल 2007 में 8.00-9.50 प्रतिशत हो गईं। इसी अवधि में एक वर्ष तक की परिपक्वता के लिए निजी क्षेत्र के बैंकों की ब्याज दर 3.00-10.00 प्रतिशत की सीमा से घटकर 2.50-9.25 प्रतिशत हो गईं। इसी अवधि में एक वर्ष तक की परिपक्वता के लिए विदेशी बैंकों की ब्याज दरें 3.00-9.50 प्रतिशत की सीमा से घटकर 2.00-9.00 प्रतिशत की सीमा में रह गई।

3.55 2006-07 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों के बीपीएलआर की सीमा 100-250 आधार अंक की सीमा में बढ़ी। बैंकों के उधारों का एक बड़ा हिस्सा उप-बीपीएलआर दर पर था जो प्रतिस्पर्धा की स्थिति को दर्शाता है। ऋण निर्यात और लघु ऋणों को छोड़कर, वाणिज्य बैंकों के कुल उधारों में उप-बीपीएलआर उधारों का हिस्सा मार्च 2006 के अंत के 69 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में लगभग 79

सारणी III.17: जमा और उधार देने की दरों में उतार-चढ़ाव

(प्रतिशत)

ब्याज दर	मार्च 2005	मार्च 2006	मार्च 2007	अप्रैल 2007	जून 2007	सितंबर 2007	अक्टूबर 2007
1	2	3	4	5	6	7	8
सरकारी क्षेत्र के बैंक							
क) 1 वर्ष तक	2.75-6.00	2.25-6.50	2.75-8.75	2.75-9.00	2.75-8.75	2.75-8.50	2.75-8.50
ख) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	4.75-6.50	5.75-6.75	7.25-9.50	7.25-9.60	7.25-9.75	8.00-9.00	8.00-9.00
ग) 3 वर्ष से अधिक	5.25-7.00	6.00-7.25	7.50-9.50	7.75-9.75	7.75-9.75	8.00-9.50	8.00-9.50
निजी क्षेत्र के बैंक							
क) 1 वर्ष तक	3.00-6.25	3.50-7.25	3.00-9.00	3.00-10.00	3.00-9.50	2.50-9.25	2.50-9.25
ख) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	5.25-7.25	5.50-7.75	6.75-9.75	6.75-10.00	6.75-10.25	6.25-10.00	6.25-9.60
ग) 3 वर्ष से अधिक	5.75-7.00	6.00-7.75	7.75-9.60	7.50-10.00	7.50-10.00	7.25-10.00	7.25-10.00
विदेशी बैंक							
क) एक वर्ष तक	3.00-6.25	3.00-5.75	3.00-9.50	3.00-9.50	0.25-9.00	2.00-9.00	2.00-9.00
ख) 1 वर्ष से अधिक और 3 वर्ष तक	3.50-6.50	4.00-6.50	3.50-9.50	3.50-9.00	3.50-9.50	2.00-9.50	2.00-9.50
ग) 3 वर्ष से अधिक	3.50-7.00	5.50-6.50	4.05-9.50	4.05-9.00	4.05-9.50	2.00-9.50	2.00-9.50
बैंच मार्क मूल उधार दर							
सरकारी क्षेत्र के बैंक	10.25-11.25	10.25-11.25	12.25-12.75	12.50-13.50	12.50-13.50	12.50-13.50	12.50-13.50
निजी क्षेत्र के बैंक	11.00-13.50	11.00-14.00	12.00-16.50	12.50-17.25	13.00-17.25	13.00-16.50	13.00-16.50
विदेशी बैंक	10.00-14.50	10.00-14.50	10.00-15.50	10.00-15.50	10.00-15.50	10.00-15.50	10.00-15.50
वास्तविक उधार दर*							
सरकारी क्षेत्र के बैंक	2.75-16.00	4.00-16.50	4.00-17.00	–	4.00-17.75	–	–
निजी क्षेत्र के बैंक	3.15-22.00	3.15-20.50	3.15-25.50	–	4.00-26.00	–	–
विदेशी बैंक	3.55-23.50	4.75-26.00	5.00-26.50	–	2.98-28.00	–	–

– : अनुपलब्ध।
* : दोनों पक्षों से अधिकतम पांच प्रतिशत ऋण दर को छोड़कर दो लाख रुपए से अधिक निर्यात से इतर मांग तथा मीयादी ऋण पर ब्याज दर।

प्रतिशत हो गया। निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों के बीपीएलआर का बैंड सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की तुलना में काफी बड़ा था। मार्च 2007 के अंत में आधे से अधिक निजी क्षेत्र के बैंकों

चार्ट III.11: सरकारी क्षेत्र के बैंकों की जमा और उधार देने की दरों के बीच स्प्रेड



का बीपीएलआर 12-14 प्रतिशत की सीमा में था, जबकि निजी क्षेत्र के अन्य बैंकों का 14.50-16.50 प्रतिशत की सीमा में था। सोलह का विदेशी बैंकों के मामले में, बीपीएलआर 10.00 - 13.00 प्रतिशत की सीमा में था। छः अन्य विदेशी बैंकों का बीपीएलआर 13.25-13.50 प्रतिशत की सीमा में और दूसरे छः का 14.00 - 15.50 प्रतिशत की सीमा में था।

3.56 अप्रैल-अक्तूबर 2007 की अवधि में, निजी क्षेत्र के बैंकों की बैंचमार्क मूल उधार दरें इसी अवधि में 12.50-17.25 प्रतिशत से 13.00 - 16.50 प्रतिशत की सीमा में रहीं। तथापि, इसी अवधि के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों की बैंच मार्क मूल उधार दरें क्रमश: 12.50 -13.50 प्रतिशत और 10.00 -15.50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहीं।

3.57 2006-07 के दौरान, 5 वर्षीय और 10 वर्षीय अवशिष्ट परिपक्वता वाली सरकारी प्रतिभूतियों पर आय क्रमशः 66 आधार अंक और 45 आधार अंक बढ़ी (सारणी III.18)। आय में वृद्धि दीर्घकालिक परिपक्वता की तुलना में अल्पकालिक परिपक्वता पर अधिक थी, जो सापेक्षिक रूप से स्थिर मध्यमकालिक मुद्रास्फीतिक प्रत्याशाओं को दर्शाती है। 2006-07 के दौरान सरकारी प्रतिभूतियों (10 वर्षीय) के द्वितीयक बाजार की आय बढ़ी। आय मार्च 2006 के

सारणी III.18: ब्याज दर संरचना

(प्रतिशत)

लिखत	मार्च के अंत में			
	मार्च 2005	मार्च 2006	मार्च 2007	सितंबर 2007
1	2	3	4	5
I. ऋण बाजार				
1. सरकारी प्रतिभूति बाजार				
5-वर्ष*	6.37	7.24	7.97	7.78
10-वर्ष*	6.69	7.53	7.97	7.93
II. मुद्रा बाजार				
2. मांग उधार (औसत)	4.72	6.58	14.07	6.41
3. समग्र वाणिज्यिक पत्र				
डब्ल्यूएडीआर 61 – 90 दिन	5.89	8.72	11.65	8.25
डब्ल्यूएडीआर 91-180 दिन	5.87	8.54	11.81	8.21
दायरा	5.45-6.51	6.69-9.25	10.25-13.00	7.70-12.00
4. जमा प्रमाणपत्र				
दायरा	4.21-6.34	6.50-8.94	10.23-11.90	6.87-10.00
डब्ल्यूएडीआर	–	8.62	10.75	8.57
3 माह	–	8.72	11.35	8.13
12 माह	–	8.65	10.59	8.94
5. खजाना बिल				
91 दिन	5.32	6.11	7.98	7.10
364 दिन	5.61	6.42	7.98	7.50

* : माह के अंत में
डब्ल्यूएडीआर - भारित औसत बट्टा दर

अंत के 7.52 प्रतिशत से बढ़कर 11 जुलाई 2006 को 8.30 प्रतिशत हो गयी अर्थात मार्च 2006 के अंत में 78 आधार अंक की वृद्धि हुई, जो निरंतर ऋण की मांग, अमरीका और अन्य अर्थव्यवस्थाओं में मौद्रिक नीति को कड़ा करने, कच्चे तेल के अधिक और अस्थिर मूल्य, घरेलू ईंधन के मूल्य बढ़ने की आशंका, 9 जून 2006 से रिवर्स रेपो दर में 25 आधार अंक की वृद्धि के कारण थी। इसके पश्चात् अमरीकन ट्रेजरी की आय कम होने, फेड निधि दर लक्ष्य को अपरिवर्तित रखने के फेड के निर्णय, कच्चे तेल के मूल्य कम होने, बैंकों द्वारा अपनी एसएलआर अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों की अधिक मांग किये जाने और 2006-07 की दूसरी छमाही के लिए केंद्र सरकार के उधार कलैण्डर, जो कलैण्डर बाजार प्रत्याशाओं के अनुसार था, की घोषणा करने के अनुरूप आय घटी। 28 नवंबर 2006 को यह आय 7.38 प्रतिशत के निम्नतम स्तर पर थी। दिसंबर 2006 की दूसरी छमाही से आय में पुनः कुछ वृद्धि हुई जो अग्रिम कर बहिर्वाह, एसएलआर अध्यादेश की उद्घोषणा, अधिक मुद्रास्फीति और सीआरआर में वृद्धि की पृष्ठभूमि में घरेलू चलनिधि में कमी के अनुरूप थी। 10 वर्षीय आय (31 मार्च 2007 को 7.97 प्रतिशत) 31 मार्च 2006 की तुलना में 45 आधार अंक अधिक थी। 2007-08 के दौरान अब तक (अक्तूबर 2007 तक), अनिर्धारित नीलामियों की घोषणाओं और वैश्विक तौर पर ब्याज दरों के बढ़ने के कारण आय मई 2007 के अंत तक 7.97 और 8.19 प्रतिशत की सीमा के अंतर्गत बनी रही और जून 2007 के मध्य में 8.30 प्रतिशत की ऊँचाई पर पहुँच गयी। आय इसके पश्चात कम हुई और अक्तूबर 2007 के अंत तक 7.85 और 8.01 प्रतिशत के बीच थी।

3.58 2006-07 के दौरान वित्तीय बाजार ब्याज दर में परिवर्तन और मौद्रिक दशाओं के सुव्यवस्थित होने के अनुरूप समायोजित हुए। मुद्रा बाजार की दशाएं, 2006-07 की पहली छमाही के दौरान सामान्य रूप से ठीक रहने के पश्चात्, 2006-07 की दूसरी छमाही में सापेक्षिक रूप से कठोर हो गई। 2006-07 की अंतिम तिमाही में चलनिधि की तंगी गंभीर थी जिस पर कर प्रवाह, रिज़र्व बैंक के पास सरकारी राशियों के अधिक होने और रिज़र्व बैंक द्वारा की गई मौद्रिक नीति की कार्रवाइयों का प्रभाव पड़ा। भारित औसत मांग दर का मासिक औसत, जो जनवरी 2007 में 8.18 प्रतिशत हो गया था, फरवरी 2007 में घटकर 7.16 प्रतिशत हो गया और मार्च 2007 में बढ़कर 14.07 प्रतिशत हो गया। 2007-08 की पहली तिमाही के दौरान मुद्रा बाजार दरें काफी घटीं। तथापि, 6 अगस्त 2007 से दैनिक रिवर्स रिपो की अधिकतम सीमा को वापस लेने के पश्चात्, मांग दरें रिवर्स रिपो और रिपो दर द्वारा निर्धारित औपचारिक कोरीडॉर के अंतर्गत बनी रहीं। 31 अक्तूबर 2007 को मांग दर 6.10 प्रतिशत थी।

3.59 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा जारी जमा प्रमाणपत्रों की बकाया राशि 2006-07 के दौरान दो गुने से अधिक अर्थात मार्च 2006 के अंत में 43,568 करोड़ रुपए से मार्च 2007 के अंत में 93,272 करोड़ रुपए हो गई । जमा प्रमाणपत्रों की समग्र भारित औसत बट्टा दर एक वर्ष पहले के 8.62 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2007 के अंत में 10.75 प्रतिशत थी। ऋण की मांग में अधिक वृद्धि के अलावा, प्रतिस्पर्धी संसाधनों के जुटाव, ऋण जोखिम के बारे में भिन्न धारणा और बैंक विशिष्ट कारकों ने 2006-07 के दौरान जमा प्रमाणपत्रों के बाजार को आगे बढ़ाया। सितंबर 2007 के मध्य में, बकाया जमा प्रमाणपत्रों की राशि 1,18,481 करोड़ रुपए थी, साथ ही समग्र भारित औसत बट्टा दर 8.57 प्रतिशत थी।

3.60 कंपनियों द्वारा जारी वाणिज्यिक पत्रों की बकाया राशि मार्च 2006 के अंत के 12,718 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 17,688 करोड़ रुपए हो गई। सितंबर 2007 के अंत में बकाया राशि और बढ़कर 33,227 करोड़ रुपए हो गई। 31 मार्च 2007 को समाप्त पखवाड़े के दौरान, वाणिज्यिक पत्रों की समग्र भारित औसत बट्टा दर मार्च 2006 के अंत के 8.59 प्रतिशत की तुलना में 11.33 प्रतिशत थी। अगस्त 2007 के मध्य में अन्य मुद्रा बाजार दरों में गिरावट के पश्चात् वाणिज्यिक पत्रों की भारित औसत बट्टा दर घटकर सितंबर 2007 के अंत में 8.84 प्रतिशत रह गयी।

जमाओं की लागत और अग्रिमों पर प्रतिलाभ

3.61 2006-07 के दौरान, उधार की लागत और अग्रिमों पर प्रतिलाभ बढ़े, जो ब्याज दरों में सामान्य वृद्धि को दर्शाता है। वर्ष के दौरान जमा ब्याज दरों के बढ़ने के बावजूद, निजी क्षेत्र के नये बैंकों को छोड़कर, सभी बैंक समूहों में जमाओं की लागत मामूली रूप से घटी। जमाओं की लागत आवश्यक रूप से किसी समयावधि में विभिन्न प्रकार और विभिन्न परिपक्वताओं की संविदागत जमाओं की औसत दर को परिलक्षित करती है। इसलिए, वर्ष के दौरान जमाओं की लागत आवश्यक रूप से जमा दरों में उतार-चढ़ाव के अनुसार नहीं होती। तथापि, उधार की लागत, निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों को छोड़कर सभी बैंक समूहों के लिए काफी बढ़ी। यद्यपि कुल के स्तर पर, निधियों की समग्र लागत पूर्व वर्ष के स्तर पर अपरिवर्तित बनी रही, इसने विभिन्न बैंक समूहों के बीच भिन्न प्रवृत्ति को दिखाया। जबकि विदेशी बैंकों और निजी क्षेत्र के नए बैंकों की निधियों की लागत बढ़ी, निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों की घटी। यह सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए अपरिवर्तित बनी रही। 2006-07 के दौरान अनुसचित वाणिज्य बैंकों के अग्रिमों पर प्रतिलाभ, मुख्य रूप से उधार देने की दरों में वृद्धि के कारण, बढ़ा। यद्यपि कुल स्तर पर निवेश पर आय अपरिवर्तित बनी रही, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों के अग्रिमों पर प्रतिलाभ में तेज सुधार देखा गया। इस प्रकार निधियों पर समग्र प्रतिलाभ निधियों की समग्र लागत की तुलना में अधिक था, जिससे वर्ष के दौरान बैंकों के स्प्रेड में वृद्धि हुई (सारणी III.19)।

आय

3.62 अनुसूचित वाणिज्यि बैंकों की आय 2005-06 के 16.0 प्रतिशत की तुलना में 2006-07 के दौरान 25.1 प्रतिशत की सुदृढ़ दर से बढ़ी। आस्तियों के प्रति आय का अनुपात, जो 2005-

सारणी III.19: निधियों की लागत और निधियों पर प्रतिलाभ - बैंक समूहवार

(प्रतिशत)

परिवर्ती	सरकारी क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के पुराने बैंक		निजी क्षेत्र के नए बैंक		विदेशी बैंक		अनुसूचित वाणिज्य वाणिज्य बैंक	
	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1. जमा की लागत	4.3	4.5	4.5	4.9	3.6	4.7	2.8	3.2	4.1	4.5
2. उधारों की लागत	2.5	3.4	3.1	3.4	3.1	3.1	4.5	4.7	3.0	3.6
3. निधियों की लागत	4.2	4.4	4.5	4.8	3.5	4.5	3.2	3.5	4.0	4.4
4. अग्रिमों पर प्रतिलाभ	7.1	7.7	7.9	8.6	7.3	8.3	7.6	8.7	7.2	7.9
5. निवेशों पर प्रतिलाभ	8.2	7.5	7.2	7.2	5.5	6.6	7.5	7.6	7.7	7.3
6. निधियों पर प्रतिलाभ	7.5	7.6	7.7	8.1	6.6	7.7	7.6	8.3	7.4	7.7
7. अंतर (स्प्रेड) (6-3)	3.3	3.2	3.2	3.3	3.1	3.2	4.3	4.8	3.3	3.3

टिप्पणी : 1. जमा की लागत = जमाराशियों पर प्रदत्त ब्याज/ जमाराशियां
2. उधारों की लागत = उधारों पर प्रदत्त ब्याज/उधार
3. निधियों की लागत = (जमाराशियों पर प्रदत्त ब्याज + उधारों पर अदा किया गया ब्याज) / (जमाराशियां + उधार)
4. अग्रिमों पर प्रतिलाभ = अग्रिमों पर अर्जित ब्याज / अग्रिम
5. निवेशों पर प्रतिलाभ = निवेश पर अर्जित ब्याज / निवेश
6. निधियों पर प्रतिलाभ = (अग्रिमों पर प्रतिलाभ + निवेशों पर प्रतिलाभ)/ (अग्रिम+निवेश)

सारणी III.20: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के महत्वपूर्ण वित्तीय संकेतक

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2004-05		2005-06		2006-07	
	राशि	आस्तियों का प्रतिशत	राशि	आस्तियों का प्रतिशत	राशि	आस्तियों का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
1. आय	1,90,236	8.1	2,20,756	7.9	2,76,201	8.0
क) ब्याज आय	1,55,801	6.6	1,85,388	6.7	2,37,271	6.9
ख) अन्य आय	34,435	1.5	35,368	1.3	38,929	1.1
2. व्यय	1,69,278	7.2	1,96,174	7.0	2,44,998	7.1
क) खर्च किया गया ब्याज	89,079	3.8	1,07,161	3.8	1,43,965	4.2
ख) परिचालन व्यय	50,133	2.1	59,201	2.1	66,319	1.9
जिसमें से: वेतन बिल	29,479	1.3	33,461	1.2	36,160	1.0
ग) प्रावधान और आकस्मिक व्यय	30,065	1.3	29,812	1.1	34,714	1.0
3. परिचालन लाभ	51,023	2.2	54,394	2.0	65,917	1.9
4. निवल लाभ	20,958	0.9	24,582	0.9	31,203	0.9
5. निवल ब्याज आय/मार्जिन (1क-2क)	66,722	2.8	78,227	2.8	93,306	2.7

टिप्पणी : 2004-05, 2005-06 तथा 2006-07 में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की संख्या क्रमशः 88, 85 और 82 थी।

06 के दौरान घटा था, 2005-06 के 7.9 से मामूली रूप से बढ़कर 2006-07 में 8.0 हो गया (परिशिष्ट सारणी III.15 से III.18)। ब्याज आय, जो अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आय का प्रमुख घटक थी, मुख्य रूप से ऋण की अधिक मात्रा और ब्याज दरों में वृद्धि के कारण पिछले वर्ष के 19.0 प्रतिशत की तुलना में तेजी से 28.0 प्रतिशत बढ़ी (सारणी III.20)। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की 'अन्य आय' भी 2005-06 के दौरान 2.7 प्रतिशत की लघु वृद्धि की तुलना में 10.0 प्रतिशत बढ़ी। सापेक्षिक अर्थ में, वर्ष के दौरान आस्तियों के प्रतिशत के रूप में ब्याज आय मामूली रूप से बढ़ी, आस्तियों के प्रति अन्य आय अनुपात में कमी आई।

3.63 कुल आय में ब्याज आय का हिस्सा लगातार तीसरे वर्ष जब अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने अधिक ऋण वृद्धि के चरण में प्रवेश किया, 2004-05 के 81.9 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 85.9 हो गया (चार्ट III.12)। साथ ही साथ, बैंकों की कुल आय में ब्याज से इतर आय का हिस्सा 2005-06 के 16.0 प्रतिशत और 2004-05 के 18.1 प्रतिशत से गिरकर 2006-07 में 14.1 प्रतिशत रह गया। ब्याज से इतर आय का हिस्सा, जो 2000-01 और 2003-04 के बीच काफी बढ़ा था, बाद में कम हुआ।

3.64 आय के दो बड़े घटकों के प्रतिशत योगदान के अर्थ में, ब्याज आय अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आय में वृद्धि की एक बड़ा योगदानकर्ता रही है। जबकि 2004-05 और 2005-06 के बीच आय के ब्याज और ब्याज से इतर घटक के स्वरूप में एक बड़ा अंतर देखा गया, यह 2006-07 के दौरान व्यापक रूप से अपरिवर्तित रही (परिशिष्ट सारणी III.19 से III.23)। 2005-06 और 2006-07 के दौरान, 2004-05 के विपरीत जब अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ब्याज से इतर आय ऋणात्मक हो गई, ब्याज से इतर आय ने धनात्मक योगदान दिया यद्यपि यह थोड़ी मात्रा में थी (चार्ट III.13)।

3.65 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ब्याज से इतर आय (अथवा अन्य आय) के विभिन्न स्रोतों के योगदान में, पिछले दो वर्षों के दौरान देखी गई प्रवृत्ति के अनुरूप, 2006-07 के दौरान कुछ परिवर्तन दिखे। ब्याज से इतर आय का रुझान मुख्य रूप से उस ट्रेडिंग आय के व्यवहार से प्रभावित रहा है, जो बदले में सरकारी प्रतिभूतियों पर आय के द्वारा निर्देशित था। वर्ष के दौरान ट्रेडिंग

चार्ट III.12: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ब्याज तथा ब्याज से इतर आय के अंश की प्रवृत्ति



चार्ट III.13: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आय में वृध्दि के स्रोत



आय के हिस्से में और गिरावट आई जबकि फीस आय, विदेशी मुद्रा परिचालनों से आय और विविध आय के हिस्से में लगातार तीसरे वर्ष बढ़ोत्तरी हुई (चार्ट III.14)। बैंक -वार आंकड़े दर्शाते हैं कि सार्वजनिक क्षेत्र के 28 बैंकों में से केवल आठ की ट्रेडिंग आय 2006-07 के दौरान बढ़ी (परिशिष्ट सारणी III.15)।

3.66 बैंक समूहों के बीच, 2006-07 के दौरान निजी क्षेत्र के नए बैंकों की आय सर्वाधिक दर (55.0 प्रतिशत) से बढ़ी, इसके पश्चात विदेशी बैंक (41.3 प्रतिशत), सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक

चार्ट III.14: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की ब्याज से इतर आय की संरचना



(18.3 प्रतिशत) और निजी क्षेत्र के पुराने बैंक (12.8 प्रतिशत) थे। वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र के बैंकों और विदेशी बैंकों का कुल आस्ति के प्रति ब्याज आय अनुपात बढ़ा, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और विशेष रूप से भारतीय स्टेट बैंक समूह के मामले में इसमें गिरावट आई।

व्यय

3.67 2006-07 के दौरान, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के व्यय में, 2005-06 के 15.9 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, 24.9 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दिखी।आस्ति के प्रति व्यय अनुपात भी 2005-06 के 7.0 प्रतिशत से बढ़कर 7.1 प्रतिशत हो गया। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के व्यय के बड़े घटकों के बीच, जबकि 2006-07 के दौरान ब्याज पर व्यय, 2005-06 के 20.3 प्रतिशत की तुलना में, 34.3 प्रतिशत की उच्च दर से बढ़ा; परिचालन व्यय 2005-06 के 18.1 प्रतिशत की तुलना में 12.0 प्रतिशत की निम्न दर से बढ़ा। ब्याज व्ययों में वृद्धि के लिए निधियों की अधिक लागत को उत्तरदायी माना जा सकता है। ब्याज से इतर अथवा परिचालन व्यय में कम वृद्धि को पिछले वर्ष की तुलना में 2006-07 के दौरान वेतन बिल में हुई कम वृद्धि के रूप में वर्णित किया जा सकता है (परिशिष्ट सारणी III.25)।

3.68 कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में, ब्याज से इतर आय और ब्याज से इतर व्यय दोनों में यद्यपि गिरावट आई,ब्याज से इतर आय में वृद्धि की तुलना में परिचालन लागत में अधिक वृद्धि के कारण 2006-07 के दौरान परिचालन व्यय और ब्याज से इतर आय के बीच अंतर और बढ़ा। परिणाम के रूप में, बैंकों का भार (ब्याजेतर आय से ब्याजेतर व्यय की अधिकता) मामूली रूप से घटकर 2006-07 में (2005-06 में 0.9 प्रतिशत से) आस्तियों का 0.8 प्रतिशत हो गया। दक्षता अनुपात (निवल ब्याज आय और ब्याज से इतर आय के प्रतिशत के रूप में परिचालन व्यय) 2004-05 के दौरान 49.6 प्रतिशत से 2005-06 में खराब होने के पश्चात्, 2005-06 के 52.1 प्रतिशत से सुधर कर 2006-07 में 50.2 प्रतिशत हो गया (सारणी III.21)।

3.69 कुल मिलाकर, बैंकिंग क्षेत्र के वेतन बिल में, पिछले वर्ष के 13.5 प्रतिशत की तुलना में 2006-07 के दौरान 8.1 प्रतिशत की कम वृद्धि दिखी। वेतन बिल कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में (1.2 प्रतिशत से 1.0 प्रतिशत तक) और परिचालन व्यय के प्रतिशत के रूप में (56.5 प्रतिशत से 54.5 प्रतिशत तक) कम हुआ। वर्ष के दौरान, परिचालन व्यय के प्रतिशत के रूप में वेतन बिल निजी क्षेत्र के नए बैंकों (28.9 प्रतिशत) के मामले में सबसे कम था, इसके पश्चात् विदेशी बैंक (39.8 प्रतिशत) थे; सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (64.3 प्रतिशत) के लिए

सारणी III 21: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आय-व्यय प्रोफाइल में परिवर्तन

(राशि करोड़ रुपए में)

	2005-06		2006-07	
	राशि	प्रतिशत	राशि	प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. आय (क + ख)	**30,520**	**16.0**	**55,445**	**25.1**
क) ब्याज आय	29,587	19.0	51,883	28.0
ख) अन्य आय	933	2.7	3,562	10.1
2. व्यय (क + ख + ग)	**26,896**	**15.9**	**48,824**	**24.9**
क) ब्याज व्यय	18,082	20.3	36,804	34.3
ख) अन्य व्यय	9,067	18.1	7,118	12.0
ग) प्रावधानन	-253	-0.8	4,902	16.4
3. परिचालन लाभ	**3,370**	**6.6**	**11,523**	**21.2**
4. निवल लाभ	**3,624**	**17.3**	**6,621**	**26.9**

स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र।

यह अनुपात सर्वाधिक था (चार्ट III.15)। लेकिन, निजी क्षेत्र के नए बैंकों और विदेशी बैंकों के अनुपात में वृद्धि और सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में गिरावट के कारण विभिन्न बैंक समूहों के परिचालन व्ययों की तुलना में वेतन बिल का अंतराल घटा। 2006-07 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के प्रति परिचालन व्यय के प्रति वेतन बिल के अनुपात में कमी अन्य परिचालन व्यय जैसे बासेल II के कार्यान्वयन को दृष्टि में रखते हुए प्रौद्योगिकीय उन्नयन में अधिक वृद्धि के कारण थी।

चार्ट III.15: परिचालन व्यय में वेतन बिल - बैंक समूहवार



निवल ब्याज आय

3.70 निवल ब्याज आय, जिसे ब्याज आय और ब्याज व्ययों के अंतर के रूप में परिभाषित किया जाता है, बैंकों की मध्यस्थता प्रक्रिया की दक्षता का एक महत्वपूर्ण संकेतक है। आस्तियों के संबंध में कम निवल ब्याज आय अधिक दक्षता का संकेतक है। कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की निवल ब्याज आय (अंतराल) 2005-06 के 2.8 से मामूली रूप से गिरकर 2006-07 में 2.7 रह गई। वर्ष के दौरान विदेशी बैंकों और निजी क्षेत्र के बैंकों का निवल ब्याज मार्जिन बढ़ा, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का 2005-06 के उनके संबंधित स्तर से कम हुआ (परिशिष्ट सारणी III.16)।

परिचालन लाभ

3.71 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का परिचालन लाभ 2005-06 में हुई 6.6 प्रतिशत की वृद्धि से तुलना करने पर, 2006-07 में 21.2 प्रतिशत बढ़ा, जो व्यापक रूप से ब्याज आय में अधिक वृद्धि और परिचालन व्ययों में कम वृद्धि के प्रभाव को दर्शाता है। राष्ट्रीयकृत बैंकों को छोड़कर, सभी बैंक समूहों के परिचालन लाभ 2005-06 के दौरान बढ़े। कुल आस्तियों के प्रति परिचालन लाभ का अनुपात 2005-06 के 2.0 प्रतिशत से मामूली रूप से घटकर 2006-07 में 1.9 प्रतिशत रह गया। लेकिन, अलग-अलग बैंक के स्तर पर, यह विदेशी बैंकों (8.3 प्रतिशत से -0.3 प्रतिशत) और निजी क्षेत्र के बैंकों (3.3 प्रतिशत से -2.2 प्रतिशत) के लिए काफी भिन्न था, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के मामले में यह संकीर्ण दायरे (2.4 प्रतिशत से 0.9 प्रतिशत) में रहा (परिशिष्ट सारणी III.19)।

प्रावधान और आकस्मिकताएं

3.72 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के प्रावधान और आकस्मिक व्यय में 2005-06 के दौरान हुई मामूली गिरावट के विपरीत, 2006-07 में 16.4 प्रतिशत की तेज वृद्धि दिखी। लेकिन, 2006-07 के दौरान ऋण हानियों के लिए और निवेश के मूल्य में ह्रास के लिए प्रावधान में क्रमशः 7.5 प्रतिशत और 23.3 प्रतिशत की काफी गिरावट दिखी (पैराग्राफ 3.81 और 3.86 भी देखें)। बैंक समूहवार, कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में, प्रावधान और आकस्मिक व्यय निजी क्षेत्र के लिए बढ़े, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिए घटे, जबकि विदेशी बैंकों के लिए वे स्थिर बने रहे।

निवल लाभ

3.73 2005-06 के 17.3 प्रतिशत की तुलना में निवल लाभ 2006-07 के दौरान 27.0 प्रतिशत बढ़े (सारणी III.22)। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के प्रावधानों और आकस्मिक व्ययों में तेज वृद्धि के बावजूद निवल लाभ में तेज वृद्धि हुई। बैंक समूहवार, सभी बैंक समूहों का निवल लाभ कुल मिलाकर बढ़ा, यद्यपि आस्तियों के

सारणी III.22: परिचालन लाभ तथा निवल लाभ - बैंक समूहवार

(राशि करोड़ रुपए में)

बैंक समूह	परिचालन लाभ				निवल लाभ			
	2005-06	प्रतिशत घटबढ़	2006-07	प्रतिशत घटबढ़	2005-06	प्रतिशत घटबढ़	2006-07	प्रतिशत घटबढ़
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	**54,394**	**6.6**	**65,917**	**21.2**	**24,582**	**17.3**	**31,203**	**26.9**
सरकारी क्षेत्र के बैंक	37,967	-2.0	42,268	11.3	16,539	7.1	20,152	21.8
राष्ट्रीयकृत बैंक	22,140	-4.2	27,070	22.3	10,021	5.9	12,950	29.2
स्टेट बैंक समूह	15,026	-1.7	14,292	-4.9	5,956	4.9	6,572	10.3
सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंक	801	121.8	907	13.2	561	82.5	630	12.4
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	2,257	0.7	3,027	34.1	866	98.6	1,122	29.6
निजी क्षेत्र के नए बैंक	7,511	38.0	11,021	46.7	4,109	32.6	5,343	30.0
विदेशी बैंक	6,658	45.5	9,600	44.2	3,069	54.8	4,585	49.4

स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र

प्रतिशत के रूप में, भारतीय स्टेट बैंक समूह और निजी क्षेत्र के नए बैंकों के लिए निवल लाभ पिछले वर्ष की तुलना में घटा (परिशिष्ट सारणी III.16)।

आस्तियों पर प्रतिलाभ

3.74 आस्तियों पर प्रतिलाभ दक्षता का एक संकेतक है जिससे बैंक अपनी आस्तियों को नियोजित करते हैं । अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का आस्तियों के प्रति निवल लाभ-अनुपात पिछले वर्ष के स्तर से लगभग अपरिवर्तित बना रहा। 2006-07 के दौरान निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों और विदेशी बैंकों की आस्तियों पर प्रतिलाभ बढ़ा, जबकि, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मामूली रूप से घटा (चार्ट III.16)। लेकिन, निजी क्षेत्र के नए बैंकों की आस्तियों पर प्रतिलाभ मामूली रूप से घटा।

ईक्विटी पर प्रतिलाभ

3.75 ईक्विटी पर प्रतिलाभ, जो बैंकिंग संस्थाओं की दक्षता के द्वारा पूंजी के उपयोग का संकेतक हैं, 2005-06 में 12.7 प्रतिशत से बढ़कर 2006-07 में 13.2 प्रतिशत हो गया, यह मुख्य रूप से पूंजी आधार में हल्की सी वृद्धि के प्रभाव को दर्शाता है (चार्ट III.17)।

चार्ट III.16: भारत में बैंकों के समूह की निवल लाभप्रदता



चार्ट III.17: भारत में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की इक्विटी पर प्रतिलाभ



5. सुदृढ़ता संकेतक

3.76 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का जोखिम भारित (आस्तियों) के प्रति पूंजी का अनुपात, जो हानियों को अवशोषित करने की बैंकिंग प्रणाली की क्षमता का मापक है, मार्च 2006 के अंत की तरह, मार्च 2007 के अंत में 12.3 प्रतिशत था। वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्ति गुणवत्ता और बढ़ी क्योंकि सकल और निवल आधार पर अनर्जक आस्ति अनुपात में वर्ष के दौरान गिरावट जारी रही। इस प्रकार, दो प्रमुख सुदृढ़ता संकेतक अर्थात पूंजी और आस्ति गुणवत्ता के अर्थ में, भारतीय बैंकिंग क्षेत्र मार्च 2007 के अंत में अच्छी स्थिति में बना रहा। (चार्ट III.18)।

आस्ति गुणवत्ता

3.77 लगातार तीसरे वर्ष सुदृढ़ ऋण वृद्धि आस्ति गुणवत्ता में काफी सुधार द्वारा समर्थित बनी रही। वर्तमान रुझान को बदलते हुए, 2006-07 के दौरान सकल एनपीए समग्र अर्थों में बढ़ा क्योंकि वर्ष के दौरान नई बढ़ी हुई अनर्जक आस्तियां वसूल किए गए और बट्टे में डाले गए एनपीए से मामूली रूप से अधिक हो गईं (सारणी III.23)। लेकिन, विभिन्न बैंक समूहों के बीच यह प्रवृत्ति भिन्न-भिन्न थी। जबकि वर्ष के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (विशेष

चार्ट III.18:अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के सीआरएआर और एनपीए में उतार-चढ़ाव

(मार्च के अंत में)



*: अग्रिमों के अनुपात के रूप में

सारणी III.23: अनर्जक आस्तियों में बैंक समूहवार उतार चढ़ाव

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (82)	सरकारी क्षेत्र के बैंक (28)	राष्ट्रीयकृत बैंक (19)	स्टेट बैंक समूह (8)	निजी क्षेत्र के पुराने बैंक (17)	निजी क्षेत्र के नए बैंक (8)	विदेशी बैंक (29)
1	2	3	4	5	6	7	8
सकल अनर्जक आस्तियाँ							
मार्च 2006 के अंत में	50,519	41,358	27,701	12,541	3,182	4,051	1,927
वर्ष के दौरान वृद्धि	26,211	19,614	12,419	6,264	1,349	3,830	1,417
वर्ष के दौरान वसूले गए	26,159	22,004	15,061	6,128	1,562	1,595	997
वर्ष के दौरान बट्टे खाते में डाले गए	84	–	–	–	–	–	84
31 मार्च 2007 को	50,486	38,968	25,059	12,676	2,968	6,286	2,262
निवल अनर्जक आस्तियां							
मार्च 2006 के अंत में	18,265	14,564	7,929	6,072	1,101	1,795	804
मार्च 2007 के अंत में	20,100	15,144	8,063	6,359	891	3,136	927
ज्ञापन :							
सकल अग्रिम	20,12,510	14,64,493	9,75,733	4,88,760	94,872	3,25,273	1,27,872
निवल अग्रिम	19,81,216	14,40,123	9,57,697	4,82,426	92,890	3,21,865	1,26,339
अनुपात							
सकल अनर्जक आस्तियाँ/सकल अग्रिम	2.5	2.7	2.7	2.6	3.1	1.9	1.8
निवल अनर्जक आस्तियाँ/निवल अग्रिम	1.0	1.1	0.9	1.3	1.0	1.0	0.7

– : शून्य/नगण्य।

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़े बैंकों की संख्या दर्शाते हैं।
स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलन-पत्र।

सारणी III.24: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा विविध माध्यमों के जरिए वसूल किया गया एनपीए

(राशि करोड़ रुपए)

मद	2005-06			2006-07		
	संदर्भित मामलों की संख्या*	शामिल राशि	वसूली गई राशि	संदर्भित मामलों की संख्या*	शामिल राशि	वसूली गई राशि
1	2	3	4	5	6	7
i) एक बारगी निपटान/सुलह योजनाए*	10,262	772	608	–	–	–
ii) *लोक अदालत*	2,68,090	2,144	265	1,60,368	758	106
iii) डीआरटी	3,534	6,273	4,735	4,028	9,156	3,463
iv) सरफेसाई अधिनियम	41,180 #	8,517	3,363	60,178 #	9,058	3,749

: सरफेसाई अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी नोटिसों की संख्या।
* : सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा लघु तथा मध्यम उद्यम खाते के लिए एकबारगी निपटान योजना 30 जून 2006 तक थी।

रूप से राष्ट्रीयकृत बैंक) और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों का समग्र सकल एनपीए घटा, निजी क्षेत्र के नये बैंकों और विदेशी बैंकों का बढ़ा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का समग्र सकल एनपीए जो 2005-06 के दौरान 8,276 करोड़ रुपए कम हुआ था, 2006-07 में 611 करोड़ रुपए घटा। लेकिन, सकल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में सकल एनपीए मार्च 2006 के अंत के 3.3 प्रतिशत से घटकर 2.5 प्रतिशत रह गया।

3.78 अशोध्य ऋणों से निपटने के लिए बैंकों के समक्ष उपलब्ध वसूली के अनेक चैनलों में से ऋण वसूली न्यायाधिकरण (डीआरटी) और सरफेसाई अधिनियम वसूली गई राशि के संबंध में सर्वाधिक प्रभावशाली रहे है (सारणी III.24)। लोक अदालत को संदर्भित किए गए मामलों की संख्या सर्वाधिक बनी रही। 2006-07 के दौरान लोक अदालत और ऋण वसूली न्यायाधिकरण के माध्यम से वसूल की गई राशि पिछले वर्ष की तुलना में कम थी।

3.79 प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम के मामले में, जून 2006 को समाप्त वर्ष के दौरान वसूली दर पिछले वर्ष के 78.6 प्रतिशत की तुलना में सुधर कर 80.1 प्रतिशत हो गई (सारणी III.25)।

सारणी III.25: सरकारी क्षेत्र के बैंकों के प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम की वसूली

(राशि करोड़ रुपए)

जून को समाप्त वर्ष	मांग	वसूली	अतिदेयताएं	मांग से वसूली का प्रतिशत
1	2	3	4	5
2004	33,544	25,002	8,542	74.5
2005	45,454	35,733	9,721	78.6
2006	46,567	37,298	9,269	80.1

3.80 रिजर्व बैंक ने अभी तक छः प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्निर्माण कंपनियों को पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए हैं जिनमें से तीन ने अपना कार्य आरंभ कर दिया है। जून 2007 के अंत में रिज़र्व बैंक के साथ पंजीकृत प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा अर्जित आस्तियों की कुल राशि का बही मूल्य 28,544 करोड़ रुपए था। बैंकों द्वारा अभिदत्त प्रतिभूति रसीदों की राशि 6,894 करोड़ रुपए रही। प्रतिभूति रसीदों की मोचित राशि 660 करोड़ रुपए है (सारणी III.26)।

अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधान में उतार-चढ़ाव

3.81 अनर्जक आस्तियों का प्रावधानीकरण चक्रीय गति से चलता है। यद्यपि समग्र अर्थ में सकल एनपीए घटा, निवल एनपीए बढ़ा. जो वर्ष के दौरान किए गए नए प्रावधान की तुलना में अत्यधिक प्रावधान के अधिक प्रतिलेखन को दर्शाता है। निजी बैंक के नए बैंकों और विदेशी बैंकों को छोड़कर, यह प्रवृत्ति सभी बैंक समूहों के बीच पाई गई । इस प्रकार, निजी क्षेत्र के नए बैंकों और विदेशी बैंकों को

सारणी III.26: प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्निर्माण कंपनियों द्वारा प्रतिभूतिकृत वित्तीय आस्तियो के ब्यौरे

(30 जून 2007 को)

मदें	राशि करोड़ रुपए
1. अर्जित आस्तियों का बही मूल्य	28,543.6
2. जारी प्रतिभूति रसीदें	7,436.0
3. निम्न द्वारा अभिदत्त प्रतिभूति रसीदें	
(क) बैंक	6,894.2
(ख) प्रतिभूतिकरण कंपनिया / पुनर्निर्माण कंपनियां	408.3
(ग) विदेशी संस्थागत निवेशक	–
(घ) अन्य	133.6
4. पूर्णतयः मोचित प्रतिभूति रसीदों की राशि	659.6

– : शून्य/नगण्य।

छोड़कर सभी बैंक समूहों के संचयी प्रावधान एक वर्ष पहले के स्तर की तुलना में मार्च 2007 के अंत में कम रहे। अनर्जक आस्तियों के प्रतिशत के रूप में संचयी प्रावधान मार्च 2006 के अंत के 58.9 प्रतिशत से नाममात्र घटकर मार्च 2007 के अंत में 56.1 प्रतिशत रह गए। बैंक समूहवार उक्त अनुपात निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों के मामले में सर्वाधिक (66.0 प्रतिशत) था, इसके पश्चात् सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, विदेशी बैंकों और निजी क्षेत्र के नए बैंकों का स्थान था (सारणी III.27 तथा परिशिष्ट सारणी III.24)।

3.82 कुल निवल अनर्जक आस्तियों में वृद्धि के बावजूद निवल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में निवल अनर्जक आस्तियां मार्च 2006 के अंत के 1.2 प्रतिशत से थोड़ा गिरकर 1.0 प्रतिशत रह गयीं। यही प्रवृत्ति सभी बैंक समूहों की सकल और निवल अनर्जक आस्तियों के अनुपात में दिखी, निजी क्षेत्र के नए बैकों को छोड़कर जिन्होंने सकल तथा निवल दोनों अनर्जक आस्ति के अनुपात में वृद्धि दर्ज की (सारणी III.28 तथा परिशिष्ट III.25 तथा 26)।

3.83 मार्च 2007 के अंत में विदेशी बैंकों (0.7 प्रतिशत) के अलावा कुल तथा बैंक समूहों के निवल अग्रिमों की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियों का अनुपात 1.0 प्रतिशत था। मार्च 2006 के अंत तथा मार्च 2007 के अंत के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों के निवल अनर्जक आस्ति अनुपात में गिरावट हुई, जबकि निजी क्षेत्र के नए बैंकों के निवल अनर्जक आस्ति अनुपात में वृद्धि हुई जो बैंक समूह स्तर पर निवल अनर्जक आस्ति अनुपात के अभिसरण की ओर अभिमुख हुआ। वर्ष के दौरान अलग-अलग बैंक के स्तर पर निवल अनर्जक आस्ति अनुपात में अंतर उल्लेखनीय रूप से कम हुआ। मार्च 2007 के अंत में 82 बैंकों (पिछले वर्ष 85) में से 75 बैंकों (पिछले वर्ष 65) का निवल अग्रिमों की तुलना में निवल अनर्जक आस्ति का अनुपात 2 प्रतिशत से कम था। केवल दो बैंकों का निवल अनर्जक आस्ति अनुपात 5 प्रतिशत से अधिक था, जिनमें से एक विदेशी बैंक का निवल अनर्जक आस्ति अनुपात 10 प्रतिशत से अधिक था (सारणी III.29)। वर्ष 2006-07 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के चार बैंकों और निजी क्षेत्र के आठ बैंकों के निवल अनर्जक आस्ति अनुपात में सुधार हुआ (परिशिष्ट सारणी III.27 और 28)।

3.84 ऋण आस्ति श्रेणियों के आंकड़ों ने वर्ष 2006-07 के दौरान अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की आस्ति गुणवत्ता में और सुधार दर्शाया। जहां मार्च 2006 के अंत में कुल अग्रिमों में मानक आस्तियों का हिस्सा 96.7 प्रतिशत से बढ़कर 97.5 प्रतिशत हो गया, वहीं अवमानक ऋण का हिस्सा 1.0 प्रतिशत के निचले स्तर पर स्थिर रहा। तथापि, 'संदिग्ध' और 'हानिवाले' हिस्सों में उल्लेखनीय रूप से गिरावट आई। इन दो श्रेणियों ('हानि'और 'संदिग्ध') में समग्र रूप में भी अनर्जक आस्तियों में गिरावट आई। निजी क्षेत्र के नए बैंकों, जिनमें 'अवमानक' आस्तियों के हिस्से में वृद्धि हुई और संदिग्ध तथा हानि आस्तियां कम हुई, को छोड़कर सभी बैंक समूहों में लगभग यही स्थिति देखी गई (सारणी III.30)। इस प्रकार, निजी क्षेत्र के नए बैंकों की आस्ति गुणवत्ता ठीक -ठाक होने के बावजूद उसमें कमजोरी के कुछ लक्षण दिखे।

सारणी III.27 : अनर्जक आस्तियों के लिए प्रावधानों में उतार चढ़ाव - बैंक समूह-वार

(राशि करोड़ रुपए)

मद	अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (82)	सरकारी क्षेत्र के बैंक (28)	राष्ट्रीयकृत बैंक (19)	स्टेट बैंक समूह (8)	निजी क्षेत्र के बैंक (17)	निजी क्षेत्र के बैंक (8)	विदेशी बैंक (29)
1	2	3	4	5	6	7	8
एनपीए के लिए प्रावधान							
मार्च 2006 के अंत तक	30,226	25,024	18,078	6,393	1,992	2,214	994
जोड़िएः वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	10,401	7,289	4,956	1,804	520	2,110	481
घटाइए : वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए, अधिक्य के लिए प्रतिलेखन	12,284	10,174	7,693	1,909	553	1,236	320
मार्च 2007 के अंत में	28,343	22,139	15,341	6,288	1,959	3,087	1,156
ज्ञापन :							
सकल अनर्जक आस्तियाँ	50,486	38,968	26,291	12,677	2,968	6,286	2,262
अनुपात							
सकल अनर्जक आस्तियों के संचयी प्रावधान (प्रतिशत)	56.1	56.8	58.4	49.6	66.0	49.1	51.1

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े वर्ष 2005-06 के लिए उस समूह में बैंकों की संख्या को दर्शाते हैं।
स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलन-पत्र।

सारणी III.28: अनुसूचित वाणिज्यक बैंकों की बैंक समूह वार सकल तथा निवल अनर्जक आस्तियाँ

(मार्च केअंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

बैंक समूह / वर्ष	सकल अग्रिम	सकल अनर्जक आस्तियां			निवल अग्रिम	निवल अनर्जक आस्तियां		
		राशि	सकल अग्रिमों का प्रतिशत	कुल आस्तियों का प्रतिशत		राशि	सकल अग्रिमों का प्रतिशत	कुल आस्तियों का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक								
2004	9,02,026	64,812	7.2	3.3	8,62,643	24,396	2.8	1.2
2005	11,52,682	59,373	5.2	2.5	11,15,663	21,754	2.0	0.9
2006	15,51,378	51,097	3.3	1.8	15,16,811	18,543	1.2	0.7
2007	20,12,510	50,486	2.5	1.5	19,81,216	20,101	1.0	0.6
सरकारी क्षेत्र के बैंक								
2004	6,61,975	51,537	7.8	3.5	6,31,383	19,335	3.1	1.3
2005	8,77,825	48,399	5.5	2.7	8,48,912	16,904	2.1	1.0
2006	11,34,724	41,358	3.6	2.1	11,06,288	14,566	1.3	0.7
2007	14,64,493	38,968	2.7	1.6	14,40,123	15,145	1.1	0.6
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक								
2004	57,908	4,398	7.6	3.6	55,648	2,142	3.8	1.8
2005	70,412	4,200	6.0	3.1	67,742	1,859	2.7	1.4
2006	85,154	3,759	4.4	2.5	82,957	1,375	1.7	0.9
2007	94,872	2,969	3.1	1.8	92,890	891	1.0	0.6
निजी क्षेत्र के नए बैंक								
2004	1,19,511	5,983	5.0	2.4	1,15,106	1,986	1.7	0.8
2005	1,27,420	4,582	3.6	1.6	1,23,655	2,353	1.9	0.8
2006	2,32,536	4,052	1.7	1.0	2,30,005	1,796	0.8	0.4
2007	3,25,273	6,287	1.9	1.1	3,21,865	3,137	1.0	0.5
विदेशी बैंक								
2004	62,632	2,894	4.6	2.1	60,506	933	1.5	0.7
2005	77,026	2,192	2.8	1.4	75,354	639	0.8	0.4
2006	98,965	1,928	1.9	1.0	97,562	808	0.8	0.4
2007	1,27,872	2,263	1.8	0.8	1,26,339	927	0.7	0.3

स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलनपत्र।

क्षेत्रवार अनर्जक आस्तियां

3.85 सार्वजनिक तथा निजी क्षेत्र के बैंकों के क्षेत्रवार अनर्जक आस्तियों से संबंधित समेकित विवरण में वर्ष 2006-07 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों में वृद्धि दिखायी गयी है। इसका मुख्य कारण था कृषि क्षेत्र में अनर्जक आस्तियों में हुई वृद्धि, जबकि लघु उद्योग क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों में गिरावट दर्ज हुई। सार्वजनिक क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों में भी वर्ष के दौरान वृद्धि हुई। तथापि, वर्ष 2006-07 के दौरान गैर-प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में अनर्जक आस्तियों में कमी आई। समग्र स्तर पर, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों का हिस्सा 54.1 प्रतिशत पर अधिकतम था, जिसमें से कृषि तथा लघु उद्योग से इतर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों का हिस्सा कुल अनर्जक आस्तियों का लगभग एक चौथाई (25.1 प्रतिशत) था। वर्ष 2006-07 के दौरान गैर प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र की अनर्जक आस्तियों का हिस्सा 44.9 प्रतिशत था (सारणी III.31) (परिशिष्ट सारणी III.29(अ) और 29 (आ) एवं परिशिष्ट सारणी 30 (अ) तथा 30 (आ)

निवेशों पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधानों में घटबढ़

3.86 एक वर्ष पहले की तुलना में मार्च 2007 के अंत में निवेशों पर मूल्यह्रास के प्रावधान 23.3 प्रतिशत कम थे। वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान की तुलना में अतिरिक्त प्रावधानों में से बट्टे खाते डाली गई और प्रतिलिखित राशि काफी अधिक थी, जिसके परिणामस्वरूप

सारणी III.29: निवल अनर्जक आस्तियाँ-निवल अग्रिम अनुपात द्वारा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का वितरण

(बैंकों की संख्या)

बैंक समूह	मार्च के अंत में				
	2003	2004	2005	2006	2007
1	2	3	4	5	6
सरकारी क्षेत्र के बैंक	**27**	**27**	**28**	**28**	**28**
2 प्रतिशत तक	4	11	19	23	27
2 प्रतिशत से अधिक और 5 प्रतिशत तक	14	13	7	5	1
5 प्रतिशत से अधिक और 10 प्रतिशत तक	7	3	2	–	–
10 प्रतिशत से अधिक	2	–	–	–	–
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	**20**	**20**	**20**	**20**	**17**
2 प्रतिशत तक	2	2	4	11	15
2 प्रतिशत से अधिक और 5 प्रतिशत तक	4	9	12	7	1
5 प्रतिशत से अधिक और 10 प्रतिशत तक	12	7	4	2	1
10 प्रतिशत से अधिक	2	2	–	–	–
निजी क्षेत्र के नए बैंक	**9**	**10**	**9**	**8**	**8**
2 प्रतिशत तक	2	4	5	6	7
2 प्रतिशत से अधिक और 5 प्रतिशत तक	2	5	3	2	1
5 प्रतिशत से अधिक और 10 प्रतिशत तक	4	–	1	–	–
10 प्रतिशत से अधिक	1	1	–	–	–
विदेशी बैंक	**36**	**33**	**31**	**29**	**29**
2 प्रतिशत तक	19	22	23	25	27
2 प्रतिशत से अधिक और 5 प्रतिशत तक	3	2	2	–	1
5 प्रतिशत से अधिक और 10 प्रतिशत तक	6	3	2	–	–
10 प्रतिशत से अधिक	8	6	4	4	1

– : शून्य/नगण्य।

मार्च 2007 के अंत में प्रावधान में तीव्र गिरावट आयी। प्रावधानों में यह गिरावट पिछले वर्ष निवेशों में हुई वृद्धि के बावजूद पाई गई (सारणी III.32)।

पूंजी पर्याप्तता

3.87 सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का जोखिम भारित आस्तियों के प्रति पूंजी का समग्र अनुपात (सीआरएआर) पिछले वर्ष के 12.3 प्रतिशत के स्तर पर बना रहा, जिससे यह स्पष्ट होता है कि पूंजी में हुई वृद्धि जोखिम भारित आस्तियों की तीव्र वृद्धि के अनुरूप रही। जोखिम भारित आस्तियों में वृद्धि का प्रमुख कारण था ऋण में तीव्र वृद्धि । कुछ सीमा तक ,जोखिम भारित आस्तियों में वृद्धि का कारण, रिज़र्व बैंक द्वारा कतिपय अग्रिमों की श्रेणी पर जोखिम भारों में की गई वृद्धि भी था,ऐसा तीव्र ऋण वृद्धि विस्तार के चरण के दौरान बैंकों के तुलनपत्रों की रक्षा हेतु विवेकपूर्ण उपाय के रूप में किया गया। 12.3 प्रतिशत पर सीआरएआर न्यूनतम निर्धारित 9.0 प्रतिशत से काफी अधिक था (सारणी III.33)।

3.88 टियर I पूंजी अनुपात एक वर्ष पहले के 9.3 प्रतिशत की तुलना में मार्च 2007 के अंत में कुछ घटकर 8.3 प्रतिशत रह गया। इसका मुख्य कारण था आरक्षित निधियों और अधिशेषों की अपेक्षाकृत धीमी गति से वृद्धि, जबकि प्रदत्त पूंजी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। तथापि, पिछले वर्ष में टियर II पूंजी में गिरावट के विपरीत इस वर्ष उसमें उल्लेखनीय वृद्धि हुई । फलस्वरूप, टियर II सीआरएआर पिछले वर्ष के 3.1 प्रतिशत से बढ़कर 4.0 प्रतिशत हो गया (चार्ट III.19)। वर्ष के दौरान गिरावट के बावजूद 8.3 प्रतिशत पर टियर I सीआरएआर 4.5 प्रतिशत की वर्तमान अपेक्षा से अधिक था तथा वह रिज़र्व बैंक द्वारा 27 अप्रैल 2007 को प्रकाशित बासेल II के कार्यान्वयन के अंतिम दिशा-निर्देशों में निर्धारित 6.0 प्रतिशत के मानदंड के भी ऊपर था।

3.89 बैंक समूहों के बीच सरकारी क्षेत्र के बैंकों और निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों के सीआरएआर में सुधार हुआ, जबकि निजी क्षेत्र के नए बैंकों एवं विदेशी बैंकों का सीआरएआर गिरा । निजी क्षेत्र के नए बैंकों का सीआरएआर, जिसमें पिछले वर्ष सुधार हुआ था, मार्च

सारणी III.30: ऋण आस्तियों का वर्गीकरण-बैंक समूहवार

(मार्च केअंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

बैंक समूह/वर्ष	मानक आस्तियाँ		अवमानक आस्तियाँ		संदिग्ध आस्तियाँ		हानि आस्तियाँ		कुल अनर्जक आस्तियाँ		कुल अग्रिम
	राशि	प्रति शत	राशि	प्रति शत	राशि	प्रति शत	राशि	प्रति शत	राशि	प्रति शत	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
अनुसूचित वाणिज्य बैंक											
2004	8,37,130	92.9	21,026	2.3	36,247	4.0	7,625	0.9	64,898	7.2	9,02,027
2005	10,93,523	94.9	14,016	1.2	37,763	3.3	7,382	0.6	59,161	5.1	11,52,684
2006	14,99,431	96.7	14,826	1.0	30,105	2.0	7,016	0.4	51,947	3.3	15,51,378
2007	19,61,877	97.5	20,010	1.0	24,408	1.2	6,215	0.3	50,633	2.5	20,12,510
सरकारी क्षेत्र के बैंक											
2004	6,10,435	92.2	16,909	2.5	28,756	4.4	5,876	0.9	51,541	7.8	6,61,975
2005	8,30,029	94.6	11,068	1.3	30,779	3.5	5,929	0.7	47,796	5.4	8,77,825
2006	10,92,607	96.2	11,453	1.0	25,028	2.2	5,636	0.5	42,117	3.7	11,34,724
2007	14,25,519	97.3	14,275	1.0	19,873	1.4	4,826	0.3	38,974	2.7	14,64,493
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक											
2004	53,516	92.4	1,161	2.0	2,727	4.7	504	0.9	4,392	7.6	57,908
2005	66,212	94.0	784	1.1	2,868	4.0	549	0.8	4,201	6.0	70,413
2006	81,414	95.6	710	0.8	2,551	3.0	479	0.6	3,740	4.4	85,154
2007	91,903	96.9	760	0.8	1,783	1.9	425	0.4	2,969	3.1	94,872
निजी क्षेत्र के पुराने बैंक											
2004	1,13,560	95.0	1,966	1.6	3,665	3.0	321	0.3	5,952	5.0	1,19,512
2005	1,22,577	96.2	1,449	1.1	3,061	2.4	334	0.3	4,844	3.8	1,27,421
2006	2,28,504	98.3	1,717	0.7	1,855	0.8	460	0.2	4,032	1.8	2,32,536
2007	3,19,002	98.1	3,608	1.1	2,147	0.7	516	0.2	6,271	1.9	3,25,273
विदेशी बैंक											
2004	59,619	95.1	990	1.6	1,099	1.8	924	1.5	3,013	4.8	62,632
2005	74,705	97.0	715	1.0	1,035	1.3	570	0.7	2,320	3.0	77,025
2006	96,907	98.0	946	1.0	670	0.7	441	0.5	2,057	2.0	98,965
2007	1,25,453	98.1	1,367	1.1	605	0.5	447	0.3	2,419	1.9	1,27,872

टिप्पणी : पूर्णांकित किए जाने के कारण घटक मदों को कुल में नहीं जोडा जाएगा।

स्रोत : संबंधित बैंकों द्वारा प्रस्तुत डीबीएस विवरणियां (बीएसए)

2007 के अंत में गिरकर उद्योग औसत से नीचे चला गया; निजी क्षेत्र के पुराने बैंकों का सीआरएआर उद्योग औसत से कम रहा, जबकि सरकारी बैंकों (राष्ट्रीकृत बैंक और एसबीआइ समूह दोनों) तथा विदेशी बैंकों का सीआरएआर उद्योग औसत से अधिक रहा। विदेशी

सारणी III.31: क्षेत्रवार-एनपीए-बैंक समूह-वार*

(राशि करोड़ रुपए)

क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के पुराने बैंक		निजी क्षेत्र के नए के बैंक		सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंक	
	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5	6	7	8	9
क. प्राथमिक क्षेत्र	22,374	22,954	1,632	1,416	652	1,468	24,658	25,838
i) कृषि	6,203	6,506	265	249	250	612	6,718	7,367
ii) लघु उद्योग	6,917	5,843	656	490	152	155	7,725	6,488
iii) अन्य	9,253	10,604	711	677	251	702	10,215	11,983
ख. सार्वजनिक क्षेत्र	340	490	1	–	3	3	345	493
ग. गैर प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	18,664	15,158	2,078	1,553	3,463	4,800	24,205	21,510
कुल (क +ख +ग)	**41,378**	**38,602**	**3,711**	**2,969**	**4,118**	**6,271**	**49,208**	**47,841**

* : विदेशी बैंको को छोड़कर – : : शून्य/नगण्य।

स्रोत : बैंकों द्वारा प्रस्तुत परोक्ष विवरणियों पर आधारित।

सारणी III.32: निवेश के मूल्यह्रास पर प्रावधानों में बैंक समूहवार उतार -चढ़ाव

(राशि करोड़ रुपए)

विवरण	अनुसूचित वाणिज्य के बैंक (82)	सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक (28)	राष्ट्रीयकृत बैंक (19)	स्टेट बैंक समूह (8)	पुराने निजी क्षेत्र के बैंक (17)	नए निजी क्षेत्र के बैंक (8)	विदेशी बैंक (29)
1	2	3	4	5	6	7	8
निवेश पर मूल्यह्रास के लिए प्रावधान							
मार्च 2006 के अंत में	16,278	13,761	4,924	8,584	361	697	1,459
जोडिए: वर्ष के दौरान किए गए प्रावधान	4,858	4,157	2,895	1,223	213	206	281
घटाइए : वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाले गए आधिक्य के लिए प्रति लेखन	8,660	8,154	1,334	6,750	136	85	286
मार्च 2007 के अंत में	12,476	9,764	6,485	3,057	439	819	1,454

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े वर्ष 2005-06 के लिए में बैंकों की संख्या को दर्शाते हैं।
स्रोत : संबंधित बैंकों के तुलन-पत्र।

बैंकों का सीआरएआर जो हमेशा अन्य बैंक समूहों से काफी ऊपर रहा करता था, मार्च 2006 के अंत के 13.0 प्रतिशत से घटकर मार्च 2007 के अंत में 12.4 प्रतिशत पर उद्योग औसत पर आ गया (सारणी III.34)। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र, जिन पर अधिक जोखिम भार लागू है, को अपेक्षाकृत ऋण के अधिक एक्सपोजर के कारण जोखिम भारित आस्तियों में अधिक वृद्धि हुई जिसके कारण निजी क्षेत्र के नए बैंकों और विदेशी बैंकों के सीआरएआर में गिरावट आयी।

सारणी III.33: अनुसूचित वाणिज्य बैंक घटकवार - सी आर ए आर
(मार्च 2006 के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

मद / वर्ष	2005	2006	2007
1	2	3	4
अ. पूंजीगत निधियां (i+ii)	1,65,928	2,21,363	2,96,191
i) टियर I पूंजी	1,08,949	1,66,538	2,00,386
जिसमें से			
प्रदत्त पूंजी	25,724	25,142	29,462
आरक्षित निधियाँ	91,320	1,41,592	1,64,077
अनाबंटित/ विप्रेषणीय अधिशेष	6,937	11,075	20,387
टियर I पूंजी के लिए कटौतियाँ	15,031	11,271	13,662
ii) टियर II पूंजी	56,979	54,825	95,794
जिसमें से:			
बट्टाकृत गौण ऋण	26,291	43,214	63,834
ख. जोखिम भारित आस्तियां	12,96,223	17,97,207	24,12,236
जिसमें से			
जोखिम भारित ऋण और अग्रिम	9,19,544	12,38,163	17,17,810
ग. सीआरएआर (ख के प्रतिशत के रूप में क)	12.8	12.3	12.3
जिसमें से:			
टियर- I	8.4	9.3	8.3
टियर- II	4.4	3.1	4.0

स्रोत : बैंकों द्वारा प्रस्तुत ऑफ-साइट विवरणियां।

3.90 पांच सबसे बड़े बैंकों के सीआरएआर ने पिछले वर्ष की तुलना में भिन्न प्रकार की प्रवृत्ति दिखाई। वर्ष 2005-06 के दौरान आइसीआइसीआइ बैंक के अलावा सभी बैंकों का सीआरएआर गिरा। तथापि, वर्ष 2006-07 के दौरान आइसीआइसीआइ बैंक के अलावा सभी बैंकों के सीआरएआर में वृद्धि दर्ज की गयी। सबसे बड़े पांच अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में से चार बैंक सार्वजनिक क्षेत्र के हैं, जबकि आइसीआइसीआइ निजी क्षेत्र का बैंक है (चार्ट III.20)।

3.91 वैयक्तिक बैंक स्तर पर, मार्च 2007 के अंत में केवल सांगली बैंक लिमि. सीआरएआर की निर्धारित अपेक्षा को पूरा नहीं

चार्ट III.19: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का सीआरएआर
(मार्च के अंत में)



सारणी III.34: पूंजी पर्याप्तता अनुपात - बैंक समूहवार

(मार्च 2006 के अंत में)

(प्रतिशत)

बैंक समूह	2000	2001	2002	2003	2004	2005	2006	2007
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अनुसूचित वाणिज्य बैंक	11.1	11.4	12.0	12.7	12.9	12.8	12.3	12.3
सरकारी क्षेत्र के बैंक	10.7	11.2	11.8	12.6	13.2	12.9	12.2	12.4
राष्ट्रीयकृत बैंक	10.1	10.2	10.9	12.2	13.1	13.2	12.3	12.4
स्टेट बैंक समूह	11.6	12.7	13.3	13.4	13.4	12.4	11.9	12.3
निजी के क्षेत्र पुराने बैंक	12.4	11.9	12.5	12.8	13.7	12.5	11.7	12.1
निजी क्षेत्र के नए बैंक	13.4	11.5	12.3	11.3	10.2	12.1	12.6	12.0
विदेशी बैंक	11.9	12.6	12.9	15.2	15.0	14.0	13.0	12.4

स्रोत : बैंकों द्वारा प्रस्तुत की गई ऑफ-साइट विवरणियों पर आधारित ।

चार्ट III.20: पांच सबसे बड़े बैंकों का सीआरएआर

(मार्च के अंत में)



कर सका, उसे बाद में आइसीआइसीआइ बैंक के साथ समामेलित किया गया। 79 बैंकों का सीआरएआर 10 प्रतिशत से ऊपर था (सारणी III.35 और परिशिष्ट सारणी III.31)। दो बैंकों का सीआरएआर 9 से 10 प्रतिशत के दायरे में था। सीआरएआर के वर्तमान बैंक स्तर को देखते हुए वाणिज्य बैंक बासेल II की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पूर्ण रूप में तैयार हैं , जिसे मार्च 2009 के अंत तक पूर्णतः परिचालित किया जा सकेगा।

6. पूंजी बाजार में बैंकों का परिचालन

प्राथमिक पूंजी बाजार से बैंकों द्वारा जुटाये गये संसाधन

3.92 वर्ष 2006-07 के दौरान सार्वजनिक और निजी क्षेत्र, दोनों के अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा देशी प्राथमिक बाजार से जुटाई गई राशि में तीव्र गिरावट दर्ज की गयी। वर्ष 2006-07 के दौरान देशी ईक्विटी बाजार से सार्वजनिक निर्गमों (बिक्री के प्रस्ताव को छोड़कर) के माध्यम से बैंकों का कुल संसाधन संग्रहण 90.4 प्रतिशत घटकर 1,066 करोड़

सारणी III.35: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जोखिम भारित आस्तियों के प्रति पूँजी का अनुपातवार वितरण

(बैंकों की संख्या)

बैंक समूह	2005-06				2006-07			
	4 प्रतिशत से कम	4-9 प्रतिशत के बीच	9-10 प्रतिशत के बीच	10 प्रतिशत से अधिक	4 प्रतिशत से कम	4-9 प्रतिशत के बीच	9-10 प्रतिशत के बीच	10 प्रतिशत से अधिक
1	2	3	4	5	6	7	8	9
राष्ट्रीकृत बैंक*	–	–	–	20	–	–	–	20
स्टेट बैंक समूह	–	–	–	8	–	–	–	8
निजी क्षेत्र के पुराने बैक	3	–	1	16	1	–	2	14
निजी क्षेत्र के नए बैंक	–	–	1	7	–	–	–	8
विदेशी बैंक	–	–	2	27	–	–	–	29
कुल	**3**	**–**	**4**	**78**	**1**	**–**	**2**	**79**

– : नहीं / नगण्य।
* : अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंको के आंकडे शामिल हैं।
स्रोत : बैंको द्वारा प्रस्तुत परोक्ष विवरणियों पर आधारित।

सारणी III.36: बैंकिंग क्षेत्र द्वारा सार्वजनिक निर्गम

(राशि करोड़ रुपए)

वर्ष	सरकारी क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के बैंक		कुल		सकल जोड़
	इक्विटी	ऋण	इक्विटी	ऋण	इक्विटी	ऋण	
1	2	3	4	5	6	7	8
2003-04	1,104	–	–	1,352	1,104	1,352	**2,456**
2004-05	3,336	–	4,108	1,478	7,444	1,478	8,922
2005-06	5,413	–	5,654	–	11,067	–	11,067
2006-07	782	–	284	–	1,066	–	1,066

– : कुछ नहीं / नगण्य।

रुपया रह गया। द्वितीयक बाजार में बैंकिंग स्क्रिप के अच्छे कार्यनिष्पादन, बैंकों के मजबूत कंपनी वित्तीय परिणाम तथा बासेल II मानदंडों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु पूंजी जुटाने की अधिक जरूरत के बावजूद, केवल तीन बैंकों ने वर्ष 2006-07 के दौरान ईक्विटी बाजार से 1,066 करोड़ रुपए की कुल पूंजी जुटाई। सरकारी क्षेत्र के एक बैंक ने 782 करोड़ रुपए (प्रीमियम सहित) का एक निर्गम जारी किया और निजी क्षेत्र के बैंकों ने 284 करोड़ रुपए की कुल राशि के दो ईक्विटी निर्गम जारी किए (सारणी III.36)।

3.93 सरकारी क्षेत्र के बैंक (इंडियन बैंक) का एक निर्गम प्रति शेयर 81 रुपए प्रीमियम पर था, जिसकी कुल राशि 782 करोड़ रुपए थी। निजी क्षेत्र के बैंकों जैसे डेवलपमेंट बैंक लिमि. तथा लक्ष्मी विलास बैंक लिमि. के दो निर्गम क्रमशः 16रुपए तथा 40 रुपए प्रति शेयर प्रीमियम पर लाये गये, जिनकी कुल राशि क्रमशः 186 करोड़ रुपए तथा 98 करोड़ रुपए थी (सारणी III.37)।

3.94 वर्ष 2006-07 के दौरान बैंकों द्वारा ऋण निर्गम के माध्यम से प्राइवेट प्लेसमेंट बाजार के जरिए जुटाई गई राशि 2.8 प्रतिशत की नाममात्र की वृद्धि के साथ 30,994 करोड़ हो गयी (सारणी III.38)।

सारणी III.37: सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा सार्वजनिक निर्गम के जरिए जुटाए गए संसाधन - 2006-07

बैंक	अंकित मूल्य (रुपए)	निर्गम मूल्य (रुपए)	आकार (करोड़ रुपए)		
			राशि	प्रीमियम	कुल
1	2	3	4	5	6
सरकारी क्षेत्र के बैंक					
इंडियन बैंक	10	91	86	696	782
कुल (सरकारी क्षेत्र के बैंक)					**782**
निजी क्षेत्र के बैंक					
डेवलपमेंट बैंक लि.	10	26	72	114	186
लक्ष्मी विलास बैंक लि.	10	50	19	79	98
कुल (निजी क्षेत्र के बैंक)					**284**

द्वितीयक बाजार में बैंकिंग शेयरों का कार्य निष्पादन

3.95 मुख्य रूप से सुदृढ़ समष्टि आर्थिक मूलभूत-तत्वों, उत्साहजनक व्यावसायिक दृष्टिकोण और कंपनी लाभप्रदता में सुधार से चालित विदेशी संस्थागत निवेशकों के सुदृढ़ अंतर्वाहों से पिछले चार वर्षों में भारतीय शेयर बाजार में उछाल की स्थितियां दिखीं। भारतीय शेयर बाजार ने वित्तीय वर्ष 2006-07 के दौरान बीच-बीच के सुधारों के मध्य और बढ़त दर्ज की। मार्च 2007 के अंत में बेंचमार्क इंडेक्स, बीएसई संवेदी सूचकांक 13072.10 पर था तथा उसने वर्ष 2005-06 के 73.7 प्रतिशत प्रतिलाभ के ऊपर मार्च 2006 के अंत के स्तर (11279.96) की तुलना में 15.9 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की।

3.96 सामान्य ऊर्ध्वगामी स्थिति के अनुसार, 2006-07 के दौरान भी बैंकिंग क्षेत्र के स्टॉक सुदृढ़ बने रहे [(चार्ट III.21(क) और चार्ट III.21(ख)]। अनुकूल समष्टि आर्थिक मूलतत्वों के अलावा, बैंक के स्टॉक कुछ क्षेत्र-विशेष की गतिविधियों से प्रेरित थे। सुदृढ़ वित्तीय परिणामों के कारण बैंकों के तुलनपत्र में सुधार के साथ बैंकिंग क्षेत्र के सुधारों की प्रगति ने बैंक के स्टॉक में रुचि को और अधिक बढ़ाया। बैंकिंग क्षेत्र के शेयरों को अनेक अन्य कारकों का भी लाभ हुआ, जैसे बैंकों के खाद्य से इतर बैंक ऋण में तीव्र वृद्धि, एसएलआर पर 25 प्रतिशत की न्यूनतम नियत दर को समाप्त कर भारतीय

सारणी III.38: बैंकों द्वारा निजी नियोजन के जरिए जुटाए गए संसाधन

(राशि करोड़ रुपए)

श्रेणी	2005-06		2006-07	
	निर्गमों की संख्या	जुटाई गई राशि	निर्गमों की संख्या	जुटाई गई राशि
1	2	3	4	5
निजी क्षेत्र के बैंक	24	7,834	45	9,730
सरकारी क्षेत्र क्षेत्र के बैंक	73	22,317	45	21,264
कुल	**97**	**30,151**	**90**	**30,994**

स्रोत: व्यापारी बैंक और वित्तीय संस्थाएं।

चार्ट III.21: बैंक स्टाकों और शेयर बाजारों में उतार-चढ़ाव



रिज़र्व बैंक (संशोधन) बिल 2006 का अधिनियमन, 3 प्रतिशत की तत्कालीन सांविधिक न्यूनतम सीआरआर बनाए रखने की आवश्यकता को समाप्त करना, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 में संशोधन जिससे भारतीय स्टेट बैंक पूंजी बाजार से निधियां जुटा सके और अपने कार्यों को भी दक्षतापूर्वक कर सके तथा राष्ट्रीयकृत बैंकों को जारी पुनर्पूंजीकरण बांडों को ऐसी ट्रेडेबल प्रतिभूतियों में जो सांविधिक चलनिधि अनुपात की हैसियत के भी योग्य हों, रुपांतरित करने के लिए आर्थिक कार्य संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति का अनुमोदन प्राप्त करना। कुछ बैंकों के स्टॉक को अधिग्रहण अथवा विलयन की प्रत्याशा में भी खरीदने की रुचि बढ़ी। तथापि, मुख्य रूप से ब्याज दरों तथा देशी मुद्रास्फीति दर में वृद्धि और कुछ बड़े बैंकों के प्रत्याशा से कम कंपनी परिणामों के कारण बैंकिंग क्षेत्र के स्टॉक में बीच-बीच में बिक्री के दबाव देखे गए।

3.97 बैंकिंग स्टॉक ने, जैसा कि बैंकेक्स (18 बैंकों के शेयर) द्वारा प्रतिनिधित्व किया गया है, बीएसई सेंसेक्स, व्यापक आधार वाले बीएसई 500 तथा अन्य बड़े क्षेत्रीय सूचकांकों को काफी पीछे छोड़ दिया। बैंकिंग स्टॉक ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अबतक (14 नवंबर 2007 तक) बीएसई सेंसेक्स और अधिकांश क्षेत्रीय सूचकांकों को पीछे छोड़ना जारी रखा (सारणी III.39)। अनुकूल समष्टि आर्थिक मूलतत्वों के अलावा, बैंक स्टॉक कुछ क्षेत्र-विशिष्ट गतिविधियों से प्रेरित थे जैसे ब्याज दरों में वृद्धि के बावजूद सार्वजनिक क्षेत्र और निजी क्षेत्र के बैंकों का संतोषजनक वित्तीय निष्पादन और संसद द्वारा भारतीय स्टेट बैंक (सहयोगी बैंक कानून) संशोधन विधेयक, 2006 पारित किया जाना, जिससे भारतीय स्टेट बैंक के सहयोगी बैंकों को शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जा सके।

3.98 यद्यपि 2006-07 के दौरान बैंकिंग स्टॉक ने न केवल बाजार को पीछे छोड़ दिया , बल्कि कम अस्थिरता भी दिखाई। तथापि , 2007-08 के दौरान अब तक (14 नवंबर 2007 तक) बैंक स्टॉक की अस्थिरता बाजार अस्थिरता की तुलना में कुछ अधिक थी (सारणी III.40)।

सारणी III.39: अन्य क्षेत्र के स्टॉकों की तुलना में बैंकिंग स्टॉक पर प्रतिलाभ*

(प्रतिशत)

वर्ष	मुंबई स्टाक एक्सचेंज सेंसेक्स	मुंबई स्टाक एक्सचेंज 500	क्षेत्र संबंधी सूचकांक					
			बैंकेक्स	एफएमसीजी	सूचना प्रोद्योगिकी	सरकारी क्षेत्र के उपक्रम	पूंजीगत वस्तुएं	उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुएं
1	2	3	4	5	6	7	8	9
2002-03	-12.1	-8.0	16.2	-23.5	-20.4	10.1	26.4	15.1
2002-03	-12.1	-8	16.2	-23.5	-20.4	10.1	26.4	15.1
2003-04	83.4	109.4	118.6	31.3	29.2	1.811	147.3	68.4
2004-05	16.1	21.9	28.6	11.6	59.5	8.1	39.9	50.5
2005-06	73.7	65.2	36.8	109.9	49.2	44.0	156.0	115.4
2006-07	15.9	9.7	24.3	-21.4	21.6	-3.2	11.1	11.1
2007-08 (14 नवंबर 2007 तक)	52.5	59.4	71.6	20.8	-12.6	77.7	129.9	44.1

* : अंक-दर-अंकआधार पर मापित अनुसूची में प्रतिशत अंतर
स्रोत : बोम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड (बीएसी)

सारणी III.40: बैंक स्टॉक का कार्यनिष्पादन - जोखिम और प्रतिलाभ

सूचकांक	प्रतिलाभ*			अस्थिरता@		
	2005-06	2006-07	2007-08 #	2005-06	2006-07	2007-08 #
1	2	3	4	5	6	7
बीएसई बैंकेक्स	36.8	24.3	72.7	11.8	17.5	13.8
बीएसई सेसेंक्स	73.7	15.9	52.5	16.7	11.1	12.0

* : बिंदु-दर-बिंदु आधार पर सूचकांकों में प्रतिशत अंतर।
@ : अंतर के सहगुणांक के रूप में परिभाषित।
\# : 14 नवंबर 2007 तक
स्रोत: ब्लूमबर्ग।

3.99 अलग-अलग बैंक के स्तर पर, 2006-07 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के स्टॉक में मिश्रित रुझान दिखा।सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के बीच, 2006-07 के दौरान बड़े लाभकर्ता थे- स्टेट बैंक ऑफ मैसूर (53.5 प्रतिशत), स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर (32.5 प्रतिशत), बैंक ऑफ इंडिया (28.7 प्रतिशत) , स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर (25.7 प्रतिशत) , भारतीय स्टेट बैंक (22.9 प्रतिशत) और इंडियन ओवरसीज बैंक (12.2 प्रतिशत)। 2006-07 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में हानि उठाने वाले प्रमुख बैंक थे- आइडीबीआइ लि. (-23.5 प्रतिशत), यूको बैंक (-23.3 प्रतिशत), विजया बैंक (-22.00 प्रतिशत), ओरियंटल बैंक ऑफ कामर्स (-18.5 प्रतिशत), आंध्रा बैंक (-15.7 प्रतिशत) और कारपोरेशन बैंक (-14.5 प्रतिशत) (सारणी III.41)।

3.100 निजी क्षेत्र के बैंकों में 2006-07 के दौरान बड़े लाभकर्ता थे- कोटक महिंद्रा बैंक लि.(79.9 प्रतिशत), यस बैंक (51.4 प्रतिशत), एक्जिस बैंक[5] (44.6 प्रतिशत), सेंचुरियन बैंक ऑफ पंजाब लि.(43.6 प्रतिशत) आइसीआइसीआइ बैंक लि. (40.5 प्रतिशत) और एचडीएफसी बैंक लि. (38.4 प्रतिशत)। लेकिन, वर्ष के दौरान बैंक आफ राजस्थान लि., इंडसंड बैंक लि. और यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक के शेयरों की कीमतें गिरीं।

3.101 सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के बैंकों का मूल्य/अर्जन अनुपात का दायरा व्यापक था। मार्च 2007 के अंत में, जबकि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का मूल्य/अर्जन अनुपात 4.3 (इलाहाबाद बैंक) और 11.5 (भारतीय स्टेट बैंक) के दायरे में था, निजी क्षेत्र के बैंकों का मूल्य/अर्जन अनुपात 3.8 (बैंक ऑफ राजस्थान लि.) और 110.7 (कोटक महिंद्रा बैंक लि.) के दायरे में था (सारणी III.41)।

3.102 बैंक स्टॉक भारतीय ईक्विटी बाजार के बाजार पूंजीकरण का एक काफी बड़ा हिस्सा बना हुआ है, यद्यपि मार्च 2006 के अंत की तुलना में मार्च 2007 के अंत में उनके हिस्से में कुछ गिरावट आई। तथापि, 2007-08 (अक्तूबर 2007 तक) के दौरान कुल बाजार पूंजीकरण में बैंक स्टॉक के बाजार पूंजीकरण के हिस्से में कुछ सुधार हुआ। 2006-07 के दौरान कुल टर्नओवर में बैंक स्टॉक के टर्नओवर का हिस्सा कम बना रहा। वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान अब तक (अक्तूबर 2007 तक), कुल टर्नओवर में बैंक स्टॉक के टर्नओवर के हिस्से में काफी वृद्धि हुई (सारणी III.42)।

सरकारी क्षेत्र के बैंकों में शेयरधारिता का स्वरूप

3.103 2006-07 के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के स्वामित्व के विविधीकरण की प्रक्रिया जारी रही। 10 प्रतिशत तक निजी शेयरधारिता वाले सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या मार्च 2006 के अंत के चार से घटकर मार्च 2007 के अंत में तीन रह गई, जबकि 10 प्रतिशत से अधिक और 20 प्रतिशत तक की संख्या शून्य से बढ़कर एक हो गयी (सारणी III.43 और परिशिष्ट सारणी III.32)।

3.104 भारतीय पूंजी बाजार में अपने बढ़े हुए एक्सपोजर के साथ विदेशी वित्तीय संस्थाओं (एफआइआइ) ने भारतीय बैंकों में भी अपनी पूंजी को समेकित किया है। मार्च 2007 के अंत में विदेशी वित्तीय संस्थाओं के निजी क्षेत्र के छः नए बैंकों (पिछले वर्ष के एक की तुलना में) तथा निजी क्षेत्र के दो पुराने बैंकों (पिछले वर्ष शून्य) में अधिकांश शेयर-धारिता थी। वर्ष के दौरान निजी क्षेत्र के अन्य बैंकों में भी विदेशी वित्तीय संस्थाओं की शेयरधारिता में वृद्धि हुई। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में भी विदेशी वित्तीय संस्थाओं की शेयरधारिता में वृद्धि हुई। विदेशी वित्तीय संस्थाओं की शेयरधारिता सार्वजनिक क्षेत्र के 13 बैंकों (पिछले वर्ष के 10 की तुलना में) में 10 प्रतिशत से अधिक और 20 प्रतिशत तक तथा सार्वजनिक क्षेत्र के पांच बैंकों (पिछले वर्ष के दो की तुलना में) में 10 प्रतिशत तक थी (सारणी III.44)।

[5] पहले यूटीआई बैंक।

सारणी III.41: बीएसई में बैंकों के शेयरों का मूल्य और बैंक स्टॉक मूल्य/अर्जन अनुपात

बैंक	औसत दैनिक बंदी मूल्य (रु.)		मूल्यों में प्रतिशत घटबढ़	पी/ई अनुपात (मार्च के अंत में)	
	2005-06	2006-07		2006	2007
1	2	3	4	5	6
सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक					
इलाहाबाद बैंक	85.44	80.11	-6.24	5.0	4.3
आंध्र बैंक	96.29	81.19	-15.68	8.1	6.9
बैंक ऑफ बड़ौदा	226.15	237.63	5.08	10.1	7.6
बैंक ऑफ इंडिया	117.00	150.61	28.73	9.2	7.3
बैंक ऑफ महाराष्ट्र	33.35	32.19	-3.48	26.0	6.2
केनरा बैंक	225.17	242.09	7.51	8.2	5.6
कार्पोरेशन बैंक	370.63	316.81	-14.52	12.3	7.7
देना बैंक	32.87	32.24	-1.92	20.3	5.0
इंडियन ओवरसीज बैंक	89.85	100.81	12.20	6.7	5.6
ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	260.46	212.28	-18.50	7.4	5.7
पंजाब नैशनल बैंक	420.43	455.11	8.25	10.3	9.7
सिंडिकेट बैंक	75.66	73.42	-2.96	8.7	4.7
यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	118.47	113.76	-3.98	9.1	6.2
विजया बैंक	60.48	47.18	-21.99	18.0	6.3
भारतीय स्टेट बैंक	811.67	997.31	22.87	11.6	11.5
स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर	2,757.41	3,465.41	25.68	14.4	5.5
एंड जयपुर	3,513.28	5,391.86	53.47	10.5	7.4
स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	2,697.68	3,575.63	32.54	8.0	4.6
यूको बैंक	27.96	21.45	-23.28	10.8	5.4
सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंक					
आइ डी बी आइ लि.	98.28	75.18	-23.50	10.1	8.9
निजी क्षेत्र के बैंक					
ॲक्सीस बैंक	273.09	394.79	44.56	20.5	21.0
बैंक ऑफ राजस्थान लि.	52.07	37.94	-27.14	39.8	3.8
सिटी यूनियन बैंक लि.	97.83	128.98	31.84	4.8	5.7
सेंचुरियन बैंक ऑफ पंजाब लि.	19.08	27.39	43.55	152.0	48.5
धनलक्ष्मी बैंक	31.81	38.14	19.90	10.5	11.6
फेडरल बैंक लि.	175.56	205.36	16.97	7.7	6.3
आईएनजी वैश्य बैंक	158.37	144.76	-8.59	143.6	17.9
इंडसड बैंक लि.	61.38	45.13	-26.47	36.9	19.7
जम्मू और कश्मीर बैंक लि.	442.28	494.24	11.75	12.4	11.4
कर्नाटक बैंक लि.	102.68	121.61	18.44	6.9	11.7
करूर वैश्य बैंक लि.	174.89	228.93	30.90	6.5	8.7
कोटक महिंद्रा बैंक लिमि.	192.96	347.18	79.92	72.7	110.7
साउथ इंडियन बैंक लि.	65.72	73.99	12.58	8.5	6.7
युनाइटेड वेस्टर्न बैंक #	37.46	28.89	-22.88	-2.4	–
बैंक ऑफ पंजाब लि. *	34.42	–	–	–	–
एचडीएफसी बैंक लि.	658.46	911.35	38.41	27.8	26.6
आइसीआइसीआइ बैंक लि.	506.31	711.37	40.50	21.8	28.8
यस बैंक	72.10	109.13	51.36	49.0	41.8

: 30 सितंबर 2006 वर्ष युनाईटेड वेस्टर्न बैंक को आईडीबीआई बैंक के साथ विलय किया गया।
* : बैंक ऑफ पंजाब लि. का सेंचुरियन बैंक लि. के साथ विलय कर दिया गया।
– : उपलब्ध नही।
टिप्पणी : औसत की गणना दैनिक बंदी मूल्य पर की जाती है।

सारणी III.42: बैंक स्टाक का संबंधित अंश - कुल टर्नओवर तथा बाजार पूंजीकरण

(प्रतिशत)

वर्ष	कुल टर्नओवर में बैंक स्टाक के टर्नओवर का अंश	कुल बाजार पूंजीकरण में बैंक स्टाक के पूंजीकरण का अंश*
1	2	3
2005-06	6.8	7.1
2006-07	5.3	6.8
2007-08 (अप्रैल-अक्तूबर)	6.6	7.9

* : अवधि के अंत में

टिप्पणी : बैंकों के टर्नओवर और बाजार पूंजीकरण के आंकड़े एनएसइ के बैंक निफ्टी सूचकांक से संबंधित हैं।

स्रोत : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड।

7. बैंकों में प्रौद्योगिकीय विकास

3.105 प्रौद्योगिकीय विकास से भारत में बैंकिंग परिदृश्य में व्यापक परिवर्तन हुए हैं जिसके कारण प्रक्रियाओं तथा प्रविधियों में उल्लेखनीय सुधार होने के फलस्वरूप उत्पादकता बढ़ी है, वैकल्पिक सेवा प्रदायी माध्यमों के जरिए तीव्र उत्पाद विकास हुआ है और लेनदेन की लागत में कमी आई है। विशेष रूप से बैंकिंग की पहुँच मुख्यतः ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ाते रहने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है (बॉक्स III.3)।

3.106 कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया, जो सभी प्रौद्योगिकीय पहलों का आरंभ थी, यह अधिकांश बैंकों में पूरी होने के निकट पहुँच रही है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने कंप्यूटरीकरण तथा संचार नेटवर्क के विकास पर बड़े पैमाने पर धन खर्च करना जारी रखा। सितंबर 1999 से मार्च 2007 के दौरान खर्च की गई कुल राशि 12,826 करोड़ रुपये थी (परिशिष्ट सारणी III.33)।

सारणी III.43: सरकारी क्षेत्र के बैंकों में निजी शेयर धारिता*

(मार्च के अंत में)

श्रेणी	2006	2007
1	2	3
10 प्रतिशत तक	4	3
10 से ऊपर तथा 20 प्रतिशत तक	–	1
20 से ऊपर तथा 30 प्रतिशत तक	3	3
30 से ऊपर तथा 40 प्रतिशत तक	3	3
40 से ऊपर तथा 49 प्रतिशत तक	11	11

– : शून्य/ नगण्य

* : 19 राष्ट्रीयकृत बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और आइडीबीआइ लि. को मिलाकर।

3.107 'कोर बैंकिंग समाधान' (सीबीएस) प्रदान करने वाली शाखाओं का अनुपात मार्च 2006 के अंत के 28.9 प्रतिशत से तेजी से बढ़कर मार्च 2007 के अंत में 44.4 प्रतिशत हो गया। भारतीय स्टेट बैंक के सात सहायक बैंकों ने कोर बैंकिंग समाधान को पूरी तरह लागू कर दिया है। इसके अतिरिक्त, सार्वजनिक क्षेत्र के आठ और बैंकों जैसे आंध्रा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इण्डिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कारपोरेशन बैंक, पंजाब नैशनल बैंक, विजया बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक ने संपूर्ण कंप्यूटरीकरण हासिल कर

सारणी III.44: भारतीय बैंकों में विदेशी संस्थाओं (अनिवासी) की शेयर धारिता

(मार्च के अंत में)

(बैंकों की संख्या)

श्रेणी	सरकारी क्षेत्र के बैंक		निजी क्षेत्र के नए बैंक		निजी क्षेत्र के पुराने बैंक	
	2006	2007	2006	2007	2006	2007
1	2	3	4	5	6	7
कुछ नहीं	14	8	3	–	11	4
10 प्रतिशत तक	2	5	–	–	4	9
10 से ऊपर तथा 20 प्रतिशत तक	10	13	2	–	1	–
20 से ऊपर तथा 30 प्रतिशत तक	2	2	1	1	1	1
30 से ऊपर तथा 40 प्रतिशत तक	–	–	–	–	–	1
40 से ऊपर तथा 50 प्रतिशत तक	–	–	1	1	1	–
50 से ऊपर तथा 60 प्रतिशत तक	–	–	–	3	–	1
60 से ऊपर तथा 70 प्रतिशत तक	–	–	–	2	–	–
70 से ऊपर तथा 80 प्रतिशत तक	–	–	1	1	–	1
कुल	**28**	**28**	**8**	**8**	**18**	**17**

– : शून्य/नगण्य।

बॉक्स III.3: ग्रामीण ऋण प्रदान करने के लिए प्रौद्योगिकी आधारित समाधान

वित्तीय समावेशन में वृद्धि करने के लिए रिज़र्व बैंक बैंकों को प्रौद्योगिकी आधारित समाधानों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है। भारी संख्या में छोटे ऋण खातों में सेवा प्रदान करने के कारण बैंकों के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ऋण प्रदान करना प्रायः मंहगा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी समर्थित विधियों को ग्रामीण ऋण प्रदान करने के सर्वोत्तम विकल्प के रूप में देखा जा रहा है जिससे बैंकों की पहुँच में विस्तार होगा और ऋण प्रदान करने की लागत कम हो सकती है।

बैंकों को व्यवसाय प्रतिनिधि (बीसी) नियुक्त करने की अनुमति मिलने के बाद पहुँच की संभावनाएं खुल गई हैं जो पहले उपलब्ध नही थीं। व्यवसाय प्रतिनिधियों द्वारा समुचित प्रौद्योगिकी के प्रयोग से ग्रामीण रोजगार पैदा करने के अलावा, परिचालनात्मक लागत को कम करने और सशक्त प्रबंधन सूचना प्रणाली (एमआइएस) स्थापित करने की संभावना है। व्यवसाय प्रतिनिधियों के कारगर उपयोग के साथ-साथ प्रौद्योगिकी के प्रयोग से प्रत्येक गांव में एक बैंकिंग सेवा केंद्र सृजित करने की संभावना है जिससे ग्रामीण ऋण सुपुर्दगी में वृद्धि की जा सकती है।

उपस्कर पट्टा	3,497 (9.2)	325 (0.7)	3,150 (9.8)	252 (0.7)	366 (8.5)	56 (0.7)
किराया खरीद	28,845 (76.3)	17,156 (35.7)	25,479 (79.0)	14,572 (38.4)	2,068 (47.8)	1,722 (22.9)
निवेश	1,610 (4.3)	1,633 (3.4)	620 (1.9)	498 (1.3)	968 (22.4)	1,110 (14.8)
ऋण	3,876 (10.2)	4,167 (8.7)	2,992 (9.3)	1,787 (4.7)	924 (21.4)	2,207 (29.4)
कुल	**37,828**	**47,999**	**32,241**	**37,991**	**4,326**	**7,508**

अ : अनंतिम – : लागू नहीं

@ : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का नया वर्गीकरण अर्थात आस्ति वित्त कंपनी (एएफसी) दिसंबर 2006 में लागू हुआ। उत्पादनकारी/आर्थिक कार्यकालायों के लिए संपदा/भौतिक आस्तियों में वित्तपोषण करने वाली कंपनियों को एएफसी के रूप में पुन:वर्गीकृत किया गया।

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल में प्रतिशत के द्योतक हैं।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

सारणी V.26: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी – आस्ति आकार के अनुसार

(राशि करोड़ रुपए में)

आस्ति आकार	मार्च के अंत में			
	सूचना देने वाली कंपनियों की सं.		आस्तियां	
	2006	2007 अ	2006	2007 अ
1	2	3	4	5
1. 0.25 करोड़ रुपए से कम	10	8	1 (0.0)	1 (0.0)
2. 0.25 करोड़ रुपए से अधिक और 0.50 करोड़ रुपए तक	35	28 (0.0)	13 (0.0)	11
3. 0.50 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	187	155	215 (0.6)	176 (0.4)
4. 2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	119	97	551 (1.5)	418 (0.9)
5. 10 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	48	43	1,127 (3.0)	1,024 (2.1)
6. 50 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक	7	5	473 (1.3)	339 (0.7)
7. 100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक	12	8	2,362 (6.2)	1,598 (3.3)
8. 500 करोड़ रुपए से अधिक	14	15	33,085 (87.5)	44,433 (92.6)
कुल (1 से 8)	**432**	**359**	**37,828**	**47,999**

अ : अनंतिम

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े संबंधित कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

आस्तियों के आकार के अनुसार गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का वितरण

5.74 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आस्तियो के आकार में भारी अंतर होता है और यह राशि 25 लाख रुपसे से कम से लेकर 500 करोड़ रुपए से अधिक के दायरे में होती है। सूचना देनेवाली कंपनियों की संख्या में आई कमी (मार्च 2006 के अंत में 432 से मार्च 2007 के अंत में 359) का कारण सभी आस्तियों के दायरों मेें आने वाली कंपनियों की संख्या में, '500 करोड़ रुपए से अधिक श्रेणी की कंपनियों' को छोड़कर, कमी आना था। आस्ति धारिता के स्वरूप में काफी असमानताएं थीं। मार्च 2007 के अंत में सभी गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आस्तियों का 92.6 प्रतिशत हिस्सा '500 करोड़ रुपए से अधिक' आस्ति आकार वाली 15 कंपनियों के पास था जबकि 344 एनबीएफसी के पास कुल आस्तियों का 7.4 प्रतिशत हिस्सा ही था (सारणी V.26)।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियों का वितरण - कार्यकलापों के प्रकार

5.75 वर्ष 2006-07 के दौरान निवेश, उपस्कर तथा पट्टा तथा अन्य आस्तियों के रूप में धारित आस्तियों में भारी वृद्धि हुई जबकि किराया खरीद के रूप में धारित आस्तियों में वृद्धि की दर कम रही। वर्ष के दौरान ऋण तथा बिल के रूप में धारित आस्तियों में कमी का रूख जारी रहा। एनबीएफसी की कुल आस्तियों में से किराया खरीद कार्यकलापों में धारित आस्तियों का हिस्सा सबसे अधिक (54.3 प्रतिशत) था, इसके बाद ऋण तथा अंतर कार्पोरेट जमाराशि (22.1 प्रतिशत), निवेश (15.6 प्रतिशत) तथा उपस्कर पट्टा (1.5 प्रतिशत) का हिस्सा था (सारणी V.27)।

सारणी V.27: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्तियों का कार्यकलाप-वार वर्गीकरण

(राशि करोड़ रुपए में)

कार्यकलाप	मार्च के अंत में		प्रतिशत घट-बढ़	
	2006	2007 अ	2005-06	2006-07 अ
1	2	3	4	5
1. ऋण और अंतर - कंपनी जमा	10,686 (28.2)	10,602 (22.1)	-27.8	-0.8
2. निवेश	4,326 (11.4)	7,508 (15.6)	-9.3	73.5
3. किराया खरीद	20,008 (52.9)	26,048 (54.3)	38.1	30.2
4. उपस्कर और पट्टा	617 (1.6)	726 (1.5)	-21.3	17.7
5. बिल	44 (0.1)	6 (0.0)	-90.5	-85.7
6. अन्य आस्तियाँ	2,146 (5.7)	3,108 (6.5)	-39.1	44.8
कुल (1 से 6)	**37,828**	**47,999**	**-1.2**	**26.9**

अ : अनंतिम

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का वित्तीय कार्य-निष्पादन

5.76 वर्ष 2006-07 के दौरान गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के वित्तीय कार्य कार्य-निष्पादन में भारी सुधार हुआ। यह सुधार पूर्णतया निधि आधारित आय (26.6 प्रतिशत) में भारी वृद्धि के चलते हुआ जिसने परिचालन व्यय (33.1 प्रतिशत) तथा वित्तीय व्यय (30.00 प्रतिशत) में हुई भारी वृद्धि के असर को कम किया। इसके परिणामस्वरूप, परिचालन लाभ में 12.7 प्रतिशत तथा निवल लाभ में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। आय की तुलना में लागत के अनुपात में सामान्य वृद्धि हुई (2005-06 के 81.6 प्रतिशत से 2006-07 में 83.5 प्रतिशत) (सारणी V.28)।

5.77 आस्तियों के प्रतिशत के रूप में आय में थोड़ी कमी आई जबकि आस्तियों के प्रतिशत के रूप में व्यय (प्रावधान सहित) में थोड़ी वृद्धि हुई, जिसके चलते आस्ति की तुलना में निवल लाभ के अनुपात में कमी आई। 2005-06 में आस्ति की तुलना में निवल लाभ के अनुपात में वृद्धि और हाल के वर्षों में इसमें आई कमी की प्रवृत्ति के बाद 2006-07 में पुन: इसमें बदलाव आया (चार्ट V.3)।

सारणी V.28: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

संकेतक	मार्च के अंत में		प्रतिशत घट-बढ़	
	2006	2007 P	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5
क. आय (i+ii)	**4,599**	**5,770**	**-0.1**	**25.4**
(i) निधि आधारित	4,453	5,635	5.3	26.6
	(96.8)	(97.7)		
(ii) शुल्क आधारित	147	134	-61.2	-8.3
	(3.2)	(2.3)		
ख. व्यय (i+ii+iii)	**3,753**	**4,816**	**13.0**	**28.3**
(i) वित्तीय	2,144	2,787	0.3	30.0
	(57.1)	(57.9)		
जिसमें से :				
ब्याज भुगतान	541	540	–	-0.2
(ii) परिचालन	945	1,257	31.6	33.1
	(25.2)	(26.1)		
(iii) अन्य	664	772		16.2
	(17.7)	(16.0)		
ग. कर प्रावधान	**291**	**388**	**-17.6**	**33.3**
घ. परिचालन लाभ (करपूर्व लाभ)	**847**	**954**	**-52.1**	**12.7**
ङ निवल लाभ (करोत्तर लाभ)	**556**	**566**	**-73.4**	**1.8**
च. कुल आस्तियाँ	**37,828**	**47,999**	**-1.2**	**26.9**
छ. वित्तीय अनुपात*				
i) आय	12.2	12.0		
ii) निधि आय	11.8	11.7		
iii) शुल्क आय	0.4	0.3		
iv) व्यय	9.9	10.0		
v) वित्तीय व्यय	5.7	5.8		
vi) परिचालन व्यय	2.5	2.6		
vii) कर प्रावधान	0.8	0.8		
viii) निवल लाभ	1.5	1.2		
ज. आय की तुलन में लागत का अनुपात	**81.6**	**83.5**		

* : कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में।
अ : अनंतिम
टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आँकड़े संबंधित कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं।
स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

चार्ट V.3: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन



मजबूती के संकेतक

गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की आस्ति गुणवत्ता

5.78 पिछले कुछ वर्षों की तरह मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान सूचना देने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की सकल अनर्जक आस्तियों (सकल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में) तथा निवल अनर्जक आस्तियों में (निवल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में) और कमी दर्ज की गई (सारणी V.29)।

5.79 वर्ष 2006-07 के दौरान उपस्कर पट्टा और निवेश कंपनियों की सकल अनर्जक आस्तियों में (सकल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में) वृद्धि हुई जबकि ऋण कंपनियों और किराया खरीद कंपनियों की

सारणी V.29: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की अनर्जक आस्तियां

(प्रतिशत)

मार्च के अंत में	सकल अग्रिमों की तुलना में सकल अनर्जक आस्तियां	निवल अग्रिमों की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियां
1	2	3
2001	11.5	5.6
2002	10.6	3.9
2003	8.8	2.7
2004	8.2	2.4
2005	5.7	2.5
2006	3.6	0.5
2007 अ	1.9	0.4

अ : अनंतिम
स्रोत : छमाही विवरणियां।

सारणी V.30: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की अनर्जक आस्तियाँ - समूह-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

वर्गिकरण - मार्च के अंत में	सकल अग्रिम	सकल अनर्जक आस्तियाँ			निवल अग्रिम	निवल अनर्जक आस्तियाँ		
		राशि	सकल अग्रिम के प्रतिशत में	जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत में		राशि	सकल अग्रिम के प्रतिशत में	जोखिम भारित आस्तियों के प्रतिशत में
1	2	3	4	5	6	7	8	9
आस्ति वित्त @								
2007 अ	11,799	258	2.2	2.1	11,525	-15	-0.1	-0.1
उपस्कर पट्टा								
2005	4,187	514	12.3	11.0	4,018	345	8.6	7.4
2006	2,878	69	2.4	2.2	2,786	-23	-0.8	-0.7
2007 अ	1,035	41	4.0	3.7	973	-21	-2.1	-1.9
किराया खरीद								
2005	15,900	610	3.8	3.6	15,544	253	1.6	1.5
2006	17,607	444	2.5	2.4	17,238	74	0.4	0.4
2007 अ	18,079	321	1.8	1.6	17,842	83	0.5	0.4
निवेश								
2005	58	10	18.0	1.8	58	10	18.0	1.8
2006	59	0	0.4	0.0	59	0	0.4	0.0
2007 अ	31	1	2.8	0.1	31	1	2.8	0.1
ऋण								
2005	1,955	117	6.0	5.1	1,772	-65	-3.7	-2.8
2006	690	252	36.5	19.3	483	45	9.3	3.4
2007 अ	7,551	94	1.2	4.6	7,548	91	1.2	4.4

अ : अनंतिम

@ : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का नया वर्गीकरण अर्थात आस्ति वित्त कंपनी (एएफसी) दिसंबर 2006 में लागू हुआ। उत्पादनकारी/आर्थिक कार्यकालापों के लिए संपदा/भौतिक आस्तियों में वित्तपोषण करने वाली कंपनियों को एएफसी के रूप में पुन:वर्गीकृत किया गया।

स्रोत : रिपोर्ट करनेवाली गै.बं.वि. कंपनियों की छमाही विवरणियां।

अनर्जक आस्तियों में कमी आई। उपस्कर पट्टा और ऋण कंपनियों के मामलों में निवल अनर्जक आस्तियों (निवल अग्रिमों के प्रतिशत के रूप में) में भी कमी दर्ज की गई (सारणी V.30)।

5.80 जैसा कि अनर्जक आस्तियों की विभिन्न श्रेणियों (अवमानक, संदिग्ध और हानि) से ज्ञात होता है, ऋण कंपनियों को छोड़कर जिनकी अनर्जक आस्तियों में सभी श्रेणियों में उल्लेखनीय कमी हुई, विभिन्न प्रकार की गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की आस्ति गुणवत्ता मोटे तौर पर पिछले वर्ष के स्तर पर बनी रही (सारणी V.31)।

पूंजी पर्याप्तता अनुपात

5.81 जाखिम भारित आस्ति की तुलना में पूंजी अनुपात (सीआरएआर) संबंधी मानदंड गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों के लिए 1998 से लागू किए गए जिसके अनुसार जमाराशि स्वीकार करने वाली प्रत्येक एनबीएफसी को सकल जोखिम भारित आस्तियों और तुलन पत्र से इतर मदों के जोखिम समायोजित मूल्य की 12 प्रतिशत (जमाराशि लेने वाली रेटिंग न की गई ऋण/निवेश कंपनियों के मामलों में 15 प्रतिशत) से अन्यून राशि न्यूनतम पूंजी टियर I तथा टियर II के रूप में रखना आवश्यक है। टियर II पूंजी की कुल राशि किसी भी समय टियर I पूंजी की राशि के 100 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। 12 प्रतिशत के न्यूनतम विनियामक सीआरएआर से कम पूंजी अनुपात वाली एनबीएफसी की संख्या जो मार्च 2006 के अंत में 37 थी, घटकर मार्च 2007 के अंत में 13 हो गई (सारणी V.32)। मार्च 2006 के अंत में 401 में से 364 एनबीएफसी का और मार्च 2007 के अंत में 332 में से 319 एनबीएफसी का सीआरएआर 12 प्रतिशत अथवा उससे अधिक था। 30 से अधिक सीआरएआर वाली एनबीएफसी की संख्या भी जो मार्च 2006 के अंत में 304 थी, घटकर मार्च 2007 के अंत में 275 रह गई।

5.82 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) उनकी चुकता पूंजी तथा मुक्त रिज़र्व की कुल राशि होती है, जिसमें से निम्नलिखित राशि घटाई जाती है - (i) संचित हानि की राशि; तथा (ii) (क)अनुषंगी कंपनियों, (ख) उसी समूह की कंपनियों तथा (ग) अन्य एनबीएफसी (स्वाधिकृत निधि के 10 प्रतिशत से अधिक) के शेयरों में निवेश तथा उन्हें दिए गए ऋण और अग्रिमों के समायोजन के बाद उपलब्ध आस्थगित राजस्व व्यय और अन्य अमूर्त आस्तियां, यदि काई हों। निवल स्वाधिकृत निधि से संबंधित सूचना सीआरएआर संबंधी सूचना की पूरक होती है। उपस्कर पट्टा कंपनियों के मामले में निवल स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) की तुलना में जनता

सारणी V.31: गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का वर्गीकरण-समूह-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

गै.बै.वि.कं. समूह मार्च के अंत में	मानक आस्तियां		अवमानक आस्तियां		संदिग्ध आस्तियां		हानि आस्तियां		सकल अनर्जक आस्तियां		सकल अग्रिम
	राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत	राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत	राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत	राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत	राशि	सकल अग्रिमों की तुलना में प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
आस्ति वित्त @											
2007 P	11,540	97.8	241	2.0	15	0.1	2	0.0	258	2.2	11,799
उपस्कर पट्टा											
2005	3,673	87.7	383	9.1	91	2.2	39	0.9	514	12.3	4,187
2006	2,809	97.6	12	0.4	21	0.7	36	1.2	69	2.4	2.878
2007 अ	994	96.0	4	0.4	2	0.2	35	3.4	41	4.0	1.035
किराया खरीद											
2005	15,290	96.2	386	2.4	130	0.8	94	0.6	610	3.8	15,900
2006	28,170	97.5	184	0.6	47	0.3	212	0.8	444	1.6	17.607
2007 अ	17,759	98.4	185	1.0	51	0.3	85	0.5	321	1.8	18.079
निवेश											
2005	48	82.8	1	1.7	10	17.2	0	0.0	10	17.2	58
2006	59	99.6	0	0.0	0	0.2	0	0.2	0	0.4	59
2007 अ	31	97.2	1	2.8	0	0.0	0	0.0	1	2.8	31
ऋण											
2005	1,837	94.0	14	0.7	42	2.1	61	3.1	117	6.0	1,955
2006	438	63.5	19	2.7	99	14.3	134	19.4	252	36.5	690
2007 अ	6,913	98.7	9	0.1	78	1.1	8	0.1	94	1.3	7.551

अ : अनंतिम

@ : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का नया वर्गीकरण अर्थात आस्ति वित्त कंपनी (एएफसी) दिसंबर 2006 में लागू हुआ। उत्पादनकारी/आर्थिक कार्यकालायों के लिए संपदा/भौतिक आस्तियों में वित्तपोषण करने वाली कंपनियों को एएफसी के रूप में पुन:वर्गीकृत किया गया।

स्रोत : रिपोर्टिंग करनेवाली गै.बं.वि. कंपनियों की छमाही विवरणियां।

की जमाराशि के अनुपात में मार्च 2007 को समाप्त हुए वर्ष में काफी कमी आई जबकि अन्य श्रेणी की कंपनियों के मामले में यह अनुपात लगभग पिछले वर्ष के स्तर के आसपास रहा। उपस्कर पट्टा कंपनियों के संबंध में ऋणात्मक निवल स्वाधिकृत निधि के कारण यह अनुपात ऋणात्मक रहा। मार्च 2007 के अंत में सभी एनबीएफसी का निवल स्वाधिकृत निधि की तुलना में जनता की जमाराशि का अनुपात 0.3

सारणी V.32 : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी का पूंजी पर्याप्तता अनुपात

(प्रतिशत)

सीआरएआरसी विस्तार सीमा	मार्च के अंत में								
	2006				2007 अ				
	उ.प.	कि.ख.	ऋण कं./नि.क.	कुल	आ.वि.कं.	उ.प.	कि.ख.	ऋण कं./नि.क.	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1) 12 प्रतिशत से कम (क+ख)	8	23	6	37	0	3	10	0	13
क. 9 प्रतिशत से कम	8	23	6	37	0	3	10	0	13
ख. 9 प्रतिशत से अधिक तथा 12 प्रतिशत तक	0	0	0	0	0	0	0	0	0
2) 12 प्रतिशत से अधिक तथा 15 प्रतिशत तक	0	3	0	3	2	0	2	0	4
3) 15 प्रतिशत से अधिक तथा 20 प्रतिशत तक	0	11	0	11	2	1	7	1	11
4) 20 प्रतिशत से अधिक तथा 30 प्रतिशत तक	5	36	5	46	1	2	21	5	29
5) 30 प्रतिशत और उससे अधिक	24	257	23	304	36	19	200	20	275
जोड़	**37**	**330**	**34**	**401**	**41**	**25**	**240**	**26**	**332**

अ : अनंतिम

टिप्पणी : आ.वि.कं. : आस्ति वित्त कंपनी; उ.प. - उपस्कर पट्टा; कि.ख. - किराया खरीद; ऋण कं./नि.क. - ऋण कंपनी / निवेश कंपनी

स्रोत : छमाही विवरणियां।

सारणी V.33 : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की जनता की जमाराशियों की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधि – समूह-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

गै.बैं.कं.वि. समूह	निवल स्वाधिकृत निधियां		जनता की जमाराशियां		निवल स्वाधिकृत निधि की तुलना में जनता की जमाराशियों का अनुपात	
	2005-06	2006-07 अ	2005-06	2006-07 अ	2005-06	2006-07 अ
1	2	3	4	5	6	7
1. आस्ति वित्त @	–	2,673	–	186	–	0.1
2. उपस्कर पट्टा	542	-15	164	43	0.3	-2.9
3. किराया खरीद	4,106	3,159	2,035	1,654	0.5	0.5
4. निवेश	766	822	81	45	0.1	0.1
5. ऋण	1,080	596	167	114	0.2	0.2
जोड़ (1से 5)	**6,494**	**7,235**	**2,447**	**2,042**	**0.4**	**0.3**

अ : अनंतिम – : लागू नहीं

@ : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी का नया वर्गीकरण अर्थात आस्ति वित्त कंपनी (एएफसी) दिसंबर 2006 में लागू हुआ। उत्पादनकारी/आर्थिक कार्यकालायों के लिए संपदा/भौतिक आस्तियों में वित्तपोषण करने वाली कंपनियों को एएफसी के रूप में पुन:वर्गीकृत किया गया।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां

प्रतिशत था जबकि मार्च 2006 के अंत में यह अनुपात 0.4 प्रतिशत था (सारणी V.33)।

5.83 एनबीएफसी की निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा 25 लाख रुपए से कम से लेकर 500 करोड़ रुपए से अधिक तक है। '50 करोड़ रुपए से अधिक तथा 100 करोड़ रुपए तक' की निवल स्वाधिकृत निधि श्रेणी की एनबीएफसी द्वारा धारित जनता की जमाराशि में एनओएफ के गुणक के रूप में वृद्धि दर्ज की गई, जबकि निवल स्वाधिकृत निधि के अन्य दायरे की एनबीएफसी द्वारा धारित जमाराशि में सामान्यतः कमी आई। (सारणी V.34)।

अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियां (आरएनबीसी)

5.84 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान तीन आरएनबीसी की आस्तियों में 5.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भार-रहित अनुमोदित

सारणी V.34 : गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी-डी की जनता की जमाराशियों की तुलना में निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा

(राशि करोड़ रुपए में)

निवल स्वाधिकृत निधि का दायरा	मार्च के अंत में					
	2006			2007 P		
	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	जनता की जमा राशियां	कंपनियों की संख्या	निवल स्वाधिकृत निधि	जनता की जमा राशियां
1	2	3	4	5	6	7
1. 0.25 करोड़ रुपए तक	26	-387 -(0.3)	113	17	-279 -(0.5)	146
2. 0.25 करोड़ रुपए से अधिक और 2 करोड़ रुपए तक	295	208 (0.7)	140	243	171 (0.6)	96
3.2 करोड़ रुपए से अधिक और 10 करोड़ रुपए तक	73	316 (0.6)	180	62	284 (0.5)	129
4. 10 करोड़ रुपए से अधिक और 50 करोड़ रुपए तक	21	486 (0.9)	417	21	473 (0.6)	268
5. 50 करोड़ रुपए से अधिक और 100 करोड़ रुपए तक	3	224 (0.0)	5	2	125 (0.4)	45
6. 100 करोड़ रुपए से अधिक और 500 करोड़ रुपए तक	9	2,095 (0.4)	877	8	1,729 (0.4)	686
7. 500 करोड़ रुपए से अधिक	5	3,552 (0.2)	716	6	4,733 (0.1)	671
जोड़	**432**	**6,494 (0.4)**	**2447**	**359**	**7,235 (0.3)**	**2,042**

अ : अनंतिम

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े जनता की जमाराशियां हैं जो निवल स्वाधिकृत निधि के गुणज के रूप में हैं।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां

सारणी V.35: अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियों की रूपरेखा (प्रोफाइल)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		घट-बढ़ प्रतिशत में	
	2006	2007 अ	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5
क. आस्तियां (i से v)	**21,891**	**23,172**	**14.9**	**5.9**
(i) भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों में निवेश	2,346	3,317	15.2	41.4
(ii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों/सरकारी वित्तीय संस्थाओं की मियादी जमाराशि/ जमा प्रमाणपत्र में निवेश	6,090	5,604	24.9	-8.0
(iii) सरकारी कंपनी/सरकारी क्षेत्र बैंक/सरकारी वित्त संस्था/निगम के बांड / डिबेंचर / वाणिज्यिक पत्र	9,577	11,700	3.8	22.2
(iv) अन्य निवेश	1,658	1,156	1.2	-30.3
(v) अन्य आस्तियाँ	2,220	1,395	72.7	-37.2
ख. निवल स्वाधिकृत निधि	**1,183**	**1,366**	**11.1**	**15.5**
ग. कुल आय (i + ii)	**1,620**	**1,893**	**5.7**	**16.9**
(i) निधि आय	1,616	1,886	5.6	16.7
(ii) शुल्क आय	3	8	50.0	166.7
घ. कुल व्यय (i + ii+iii)	**1,439**	**1,648**	**3.1**	**14.5**
(i) वित्तीय लागत	1,165	1,230	-0.9	5.5
(ii) परिचालन लागत	159	284	8.9	78.6
(iii) अन्य लागत	114	134	55.4	17.5
ङ. कराधान	**22**	**44**	**-54.2**	**100.0**
च. परिचालन लाभ (कर पूर्व लाभ)	**180**	**246**	**32.4**	**36.7**
छ. निवल लाभ (कर के बाद लाभ)	**158**	**201**	**79.5**	**27.1**

अ : अनंतिम

स्रोत : वार्षिक विवरणियां

प्रतिभूतियों तथा बांडों/डिबेंचरों के रूप में स्थित उनकी आस्तियों में तेज वृद्धि हुई जबकि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों में मीयादी जमाराशि/जमा प्रमाणपत्र तथा अन्य लिखतों में किए गए निवेश के रूप में स्थित आस्तियों में कमी आई। वर्ष 2006-07 के दौरान आरएनबीसी की निवल स्वाधिकृत निधि में 15.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई (सारणी V.35)।

5.85 वर्ष 2006-07 के दौरान आरएनबीसी की आय में हुई वृद्धि व्यय में हुई वृद्धि से अधिक थी जिसके चलते आरएनबीसी के परिचालन लाभ में बढ़ोत्तरी हुई। कर के लिए प्रावधान की राशि में भी तेज वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप, आरएनबीसी की निवल आय में 2005-06 के दौरान केवल 79.5 प्रतिशत की तुलना में 2006-07 में केवल 27.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियों (आरएनबीसी) की जमाराशियों का क्षेत्रीय स्वरूप (पैटर्न)

5.86 तीन आरएनबीसी में से दो पूर्वी क्षेत्र (कोलकाता) में और एक केंद्रीय क्षेत्र में स्थित है। पूर्वी क्षेत्र की आरएनबीसी द्वारा धारित जनता की जमाराशियों में थोड़ी कमी आई जबकि केंद्रीय क्षेत्र की आरएनबीसी द्वारा धारित जनता की जमाराशियों में सामान्य वृद्धि हुई। चार महानगरों में से केवल एक महानगर अर्थात् कोलकाता में आरएनबीसी के पास जनता की जमाराशियां थीं (सारणी V.36)।

अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियों (आरएनबीसी) के निवेश का स्वरूप

5.87 अवशिष्ट गैर बैंकिंग (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1987 में यथा विनिर्दिष्ट आरएनबीसी के निवेश के स्वरूप की 31 मार्च 2006 को पुनरीक्षा की गई और उसे आशोधित दिया गया। जमाकर्ता के प्रति सकल देयता (एएलडी) को दो शीर्षों में बांटा गया अर्थात 31 दिसंबर 2005 को जमाकर्ता के प्रति देयता (एएलडी) और वृद्धिशील एएलडी। वृद्धिशील एएलडी जमाकर्ताओं के प्रति वह देयता है जो 31 दिसंबर 2005 को जमाकर्ताओं के प्रति देयताओं की सकल राशि से अधिक हो। आरएनबीसी को सूचित गया कि वे 1 अप्रैल 2006 से 31 दिसंबर 2005 की स्थिति के अनुसार, एएलडी के 95 प्रतिशत से अन्यून राशि और संपूर्ण वृद्धिशील एएलडी राशि का निवेश यथा विनिर्दिष्ट विधि से करें। आरएनबीसी को यह भी सूचित किया गया कि वे 1 अप्रैल 2007 को तथा आगे एएलडी की संपूर्ण राशि का निवेश एकमात्र निदेशित निवेशों में ही करें और उन्हें अपने विवेक के अनुसार निवेश करने की अनुमति नहीं होगी।

सारणी V.36: अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियों द्वारा धारित जनता की जमाराशियां - क्षेत्र-वार

(राशि करोड़ रुपए में)

क्षेत्र	मार्च के अंत में			
	2006		2007 अ	
	अ.गै.बैं.कं.की संख्या	राशि	अ.गै.बैं.कं.की संख्या	राशि
1	2	3	4	5
1. उत्तरी	–	–	–	–
2. उत्तर-पूर्वी	–	–	–	–
3. पूर्वी	2	4,614 (23)	2	4,514 (20)
4. मध्य	1	15,561 (77)	1	18,108 (80)
5. पश्चिमी	–	–	–	–
6. दक्षिणी	–	–	–	–
कुल (1 से 6)	**3**	**20,175**	**3**	**22,622**
ज्ञापन :				
महानगरीय क्षेत्र:				
1. मुंबई	–	–	–	–
2. चेन्नै	–	–	–	–
3. कोलकाता	2	4,614	2	4,514
4. नई दिल्ली	–	–	–	–
कुल (1 से 4)	**2**	**4,614**	**2**	**4,514**

– : शून्य / नगण्य अ : अनंतिम

टिप्पणी : कोष्ठक में दिए गए आंकड़े कुल का प्रतिशत दर्शाते हैं।

स्रोत : वार्षिक विवरणियां

5.88 वर्ष 2006-07 में एएलडी में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वर्ष के दौरान एएलडी के अभिनियोजन का स्वरूप आमतौर पर अपरिवर्तित रहा (सारणी V.37) ।

जमाराशि स्वीकार न करनेवाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी-एनडी-एसआइ)

5.89 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के लिए जमाराशि स्वीकार न करनेवाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण 173 एनबीएफसी (100 करोड़ रुपए से अधिक के आस्ति आकारवाली) से प्राप्त विवरणियों पर आधारित सूचना से प्रकट होता है कि मार्च 2006 को समाप्त वर्ष के बाद उनकी देयता/आस्ति में 26.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बड़ी आकार वाली एनबीएफसी के लिए निधियों का सबसे बड़ा स्रोत गैर-जमानती ऋणों का था, इसके पश्चात जमानती ऋण और रिज़र्व तथा अधिशेष का। यह प्रवृत्ति जून 2007 को समाप्त तिमाही के दौरान जारी रही (सारणी V.38)।

उधार

5.90 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान एनबीएफसी -एनडी-एसआइ की कुल उधार राशि (जमानती और गैर जमानती) 21.4 प्रतिशत बढ़कर 2,11,986 करोड़ रुपए हो गई जो उनकी कुल देयता का 66.7 प्रतिशत है। जून 2007 को समाप्त तिमाही के दौरान देयताओं में 6.4 प्रतिशत (सारणी V.39) की और वृद्धि हुई।

निधियों का उपयोग

5.91 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान बड़ी आकार वाली एनबीएफसी द्वारा निधियों के उपयोग के स्वरूप से पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण विविधता का पता चलता है। 2005-06 के दौरान आस्ति पक्ष में एकल बृहदाकार मद के रूप में गैर जमानती उधारियाँ (38.4 प्रतिशत) थीं और 2006-07 में आस्ति पक्ष में बृहदाकार मद के रूप में जमानती उधारियां (41.5 प्रतिशत) थीं और इसके पश्चात गैर जमानती उधारियों और दीर्घावधि निवेश का स्थान था। यह प्रवृत्ति जून 2007 को समाप्त तिमाही के दौरान भी जारी रही (सारणी V.40) ।

वित्तीय कार्य-निष्पादन

5.92 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान एनबीएफसी -एनडी-एसआइ कंपनियों ने 7460 करोड़ रुपए का लाभ कमाया जो पिछले

सारणी V.37: अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियों का निवेश ढाँचा

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में		जमाकर्ताओं के प्रति सकल देयताओं में प्रतिशत	
	2006	2007 P	2006	2007 अ
1	2	3	4	5
क. जमाकर्ताओं के प्रति सकल देयताएं (एएलडी)	**20,175**	**22,622**	**100.0**	**100.0**
ख. निवेश (i से iv)	**19,671**	**21,777**	**97.5**	**96.3**
(i) भार-रहित अनुमोदित प्रतिभूतियाँ	2,346	3,317	11.6	14.7
(ii) बैंकों में सावधि जमा	6,090	5,604	30.2	24.8
(iii) सरकारी कं./सरकारी क्षेत्र के बैंक/सरकारी वित्तीय संस्था/निगम के बांड या डिबेंचर या वाणिज्यिक पत्र	9,577	11,700	47.5	51.7
(iv) अन्य निवेश	1,658	1,156	8.2	5.1

अ : अनंतिम

स्रोत : वार्षिक विवरणियां।

सारणी V.38: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की देयताएँ

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	को समाप्त					
	मार्च 2006		मार्च 2007		जून 2007	
	राशि	कुल आस्ति मे प्रतिशत	राशि	कुल आस्ति मे प्रतिशत	राशि	कुल आस्ति मे प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
कुल देयताएँ	**2,50,765**	**100.0**	**3,17,898**	**100.0**	**3,38,133**	**100.0**
जिसमें से :						
क) चुकता पूंजी	17,548	7.0	18,904	5.9	20,659	6.1
ख)अधिमान शेयर	1,633	0.7	2,192	0.7	2,269	0.7
ग) आरक्षित निधि और अधिशेष	39,100	15.6	52,090	16.4	57,246	16.9
घ) जमानती ऋण	71,509	28.5	93,765	29.5	94,853	28.1
ङ) बेजमानती ऋण	1,03,086	41.1	1,18,221	37.2	1,26,018	37.3

स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की मासिक विवरणियां

वर्ष मार्च 2006 में अर्जित लाभ (4301 करोड़ रुपए) की तुलना में 73.4 प्रतिशत अधिक था जो आंशिक रूप से प्रदर्शित करता था कि इस श्रेणी के अंतर्गत कंपनियों की संख्या में वृद्धि हुई है (सारणी V.41)।

5.93 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के दौरान बृहदाकार एनबीएफसी का कुल आस्ति की तुलना में सकल अनर्जक आस्ति अनुपात घटकर 2.3 प्रतिशत हो गया जबकि कुल आस्ति की तुलना में निवल अनर्जक आस्ति अनुपात 1.5 प्रतिशत पर स्थिर रहा।

सारणी V.39: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की उधारी

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	समाप्त तिमाही					
	मार्च 2006		मार्च 2007		जून 2007	
	राशि	कुल उधारी में प्रतिशत	राशि	कुल उधारी में प्रतिशत	राशि	कुल उधारी में प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
क) जमानती उधारी (i से vi)	**71,509**	**41.0**	**93,765**	**44.2**	**94,853**	**42.9**
i. डिबेंचर	39,179	22.4	32,564	15.4	36,566	16.6
ii. आस्थगित ऋण	–	–	–	–	–	–
iii. बैंकों से प्राप्त सावधि ऋण	16,116	9.2	19,503	9.2	18,972	9.0
iv. वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त सावधि ऋण	6,997	4.0	5,030	2.4	5,413	2.5
v. अन्य	8,612	4.9	35,745	16.9	33,049	15.0
vi. उपचित ब्याज	604	0.3	923	0.4	852	0.4
ख) बेजमानती उधारी (i से viii)	**1,03,086**	**59.0**	**1,18,221**	**55.8**	**1,26,018**	**57.1**
i. संबंधियों से ऋण	1,639	0.9	1,621	0.8	1,396	0.6
ii. अंतर कंपनी जमाराशि	19,459	11.1	20,018	9.4	20,913	9.5
iii. बैंकों से प्राप्त ऋण	28,276	16.2	33,191	15.7	32,098	14.5
iv. वित्तीय संस्थाओं से प्राप्त ऋण	3,703	2.1	4,218	2.0	4,142	1.9
v. वाणिज्यिक पत्र	13,123	7.5	14,031	6.6	16,743	7.6
vi. डिबेंचर	20,788	11.9	30,549	14.4	35,865	16.2
vii. अन्य	15,402	8.8	13,786	6.5	13,902	6.3
viii.ऋण पर उपचित ब्याज	697	0.4	807	0.4	959	0.4
कुल उधार (क+ख)	**1,74,595**	**100.0**	**2,11,986**	**100.0**	**2,20,870**	**100.0**
ज्ञापन						
कुल देयताएं	**2,50,765**	**69.6 @**	**3,17,898**	**66.7 @**	**3,38,133**	**65.3 @**

– : शून्य/ नगण्य

@ : सकल उधारी-कुल देयताओं के प्रतिशत के रूप में।

स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की मासिक विवरणियां

सारणी V.40 : जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा निधियों के उपयोग से संबंधित चुनिंदा संकेतक

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	वर्ष के अंत में					
	मार्च 2006		मार्च 2007		जून 2007	
	राशि	निधि के कुल उपयोग में प्रतिशत	राशि	निधि के कुल उपयोग में प्रतिशत	राशि	निधि के कुल उपयोग में प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
जमानती ऋण	63,120	29.2	1,14,898	41.5	1,25,417	42.5
बेजमानती ऋण	82,996	38.4	69,609	25.2	74,050	25.1
किराया खरीद	22,613	10.5	28,160	10.2	28,221	9.6
दीर्घावधि निवेश	30,817	14.3	43,309	15.7	47,350	16.0
चालू निवेश	16,665	7.7	20,671	7.5	20,236	6.9
कुल	**2,16,211**	**100.0**	**2,76,647**	**100.0**	**2,95,274**	**100.0**
ज्ञापन मदें :						
पूंजी बाजार एक्सपोजर	59,583	27.6	81,435	29.4	84,947	28.8
जिसमें से :						
इक्विटी बाजार में	27,467	12.7	34,196	12.4	31,658	10.7

स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की मासिक विवरणियां।

सारणी V.41: जमाराशियां न लेने वाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	वर्ष के अंत में				तिमाही के अंत में	
	मार्च-06		मार्च-07		जून-07	
	राशि	कुल आस्ति में प्रतिशत	राशि	कुल आस्ति में प्रतिशत	राशि	कुल आस्ति में प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
कुल आस्तियां	2,50,765	100	3,17,898	100	3,38,133	100
कुल आय@	18,342	7.3	31,281	9.8	8,772	2.6
कुल व्यय@	11,874	4.7	20,552	6.5	6,329	1.9
निवल लाभ@	4,301	1.7	7,460	2.3	1,963	0.6

@ : संचयी।
स्रोत : एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की मासिक विवरणियां

दोनों ही अनुपातों में जून 2007 को समाप्त तिमाही में और भी गिरावट आई (सारणी V.42)।

सारणी V.42: जमाराशियां न लेनेवाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों की सकल और निवल अनर्जक आस्तियां

(प्रतिशत)

मद	के अंत में		
	मार्च 2006	मार्च 2007	जून 2007
1	2	3	4
1. कुल आस्तियों की तुलना में सकल अनर्जक आस्तियां	4.3	2.3	2.0
2. कुल आस्तियों की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियां	1.5	1.5	1.0
3. कुल ऋण जोखिम की तुलना में सकल अनर्जक आस्तियां	7.0	4.9	4.8
4. कुल ऋण जोखिम की तुलना में निवल अनर्जक आस्तियां	3.2	1.9	1.9

स्रोत:एनबीएफसी-एनडी-एसआइ की मासिक विवरणियां।

4. प्राथमिक व्यापारी

5.94 वर्ष 2006-07 के दौरान प्राथमिक व्यापारी (पीडी) प्रणाली में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुए। सरकार की बाजार उधारी के लिए हामीदार और सरकारी प्रतिभूतियों के लिए बाजार निर्माता होने के नाते प्राथमिक व्यापारी पर बाजार जोखिम का अत्यधिक असर पड़ता है। पीडी कारोबार में निहित जोखिम को बांटने के प्रयोजनार्थ पीडी को अनुमति प्रदान की गई कि वे प्रमुख रूप से सरकारी प्रतिभूति कारोबार करने की आवश्यकता को पूरा करते हुए, अन्य कारोबार भी अपनाएं। पीडी को अनुमति प्रदान की गई कि वे अपने निवेशों को कतिपय विवेकपूर्ण सीमाओं के भीतर कारपोरेट ऋण, इक्विटी और प्रतिभूति ऋण लिखतों में बांटें ताकि वे अपने तुलन पत्र जोखिमों को बांट सकें। उन्हें कतिपय शुल्क आधारित सेवाएं देने की भी अनुमति दी गई ।

5.95 साथ ही , यह भी निर्णय लिया गया कि प्राथमिक व्यापारियों को स्टेप डाउन सब्सिडियरी स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन प्राथमिक व्यापारियों ने पहले से ही अपनी स्टेप डाउन सब्सिडियरी (भारत में और विदेश में) स्थापित कर रखी थी उन्हें सूचित किया गया कि वे उन सब्सिडियरी के स्वामित्व स्वरूप का पुनर्गठन करें। ऐसा करने के पीछे यह सुनिश्चित करना था कि प्राथमिक व्यापारी का तुलन पत्र अन्य कारोबार/सब्सिडियरी से उत्पन्न जोखिम के प्रभाव से अप्रभावित रहे और प्राथमिक व्यापारियों का ध्यान उनके प्राथमिक डीलरशिप के कारोबार पर केंद्रित रहे। इसके परिणामस्वरूप 8 स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों में से 5 प्राथमिक व्यापारियों द्वारा, जिनकी अपनी स्टेप-डाउन सब्सिडियरी थी अथवा जिन्होंने विशेष रूप से अनुमत कारोबार की जगह कोई अन्य कारोबार करना प्रारंभ कर दिया था, अपने परिचालनों को पुनर्गठित किया जाना आवश्यक था।

5.96 इन दिशानिर्देशों के अनुपालनार्थ पांच प्राथमिक व्यापारियों - नामतः डीएसपी मेरिल लिंच लि. (डीएसपीएमएल), आइसीआइसीआइ सिक्यूरिटीज लि. (आइएसईसी), आइडीबीआइ कैपिटल मार्केट सर्विसेज लि. (आइसीएमएस), सिक्यूरिटीज एण्ड ट्रेडिंग कारपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (एसटीसीआइ) और कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लि. (केएमसीसी) ने अपने परिचालनों को पुनर्गठित किया क्योंकि उनके पास स्टेप-डाउन सब्सिडियरी थीं अथवा वे ईक्विटी ब्रोकिंग कारोबार करती थीं जिसकी अनुमति दिशानिर्देशों में नहीं दी गई थी। तथापि इन प्राथमिक व्यापारियों द्वारा अपनाई गई पुनर्गठन की प्रक्रिया अलग-अलग थी। केएमसीसी ने प्राथमिक व्यापारी कारोबार अपने मूल बैंक (कोटक महिंद्रा बैंक) को अंतरित कर दिया। आइएसईसी ने प्राथमिक व्यापारी कारोबार को अपने पास रखकर अपनी सब्सिडियरी का पुनर्गठन करके उसे आइसीआइसीआइ बैंक की सब्सिडियरी बना दिया । इसके बाद उसने अपना नाम बदलकर आइसीआइसीआइ सिक्यूरिटीज प्राइमरी डीलरशिप लि. (एसईसी-पीडी)कर लिया। एसटीसीआइ का पुनर्गठन एक दूसरी सब्सिडियरी की स्थापना करके किया गया, अर्थात् एसटीसीआई प्राइमरी डीलर लि. (एसटीसीआइ-पीडी) जो प्राथमिक व्यापारी का कारोबार करेगी। आइसीएमएस के मामले में आइडीबीआइ बैंक लि. की प्रत्यक्ष सब्सिडियरी के रूप में आइडीबीआइ गिल्ट्स लि. की स्थापना की गई जो आइसीएमएस के प्राथमिक डीलरवाले कार्य अपने हाथ में ले लेगी। डीएसपीएमएल सिक्यूरिटीज ट्रेडिंग लि. (डीएसपीएमएलएसटी) के नाम से प्राथमिक व्यापारी का कारोबार करने के लिए एक अन्य सब्सिडियरी की स्थापना के द्वारा डीएसपीएमएल का पुनर्गठन किया गया।

5.97 वर्ष के दौरान प्राथमिक व्यापारी कारोबार की संरचना में बैंकों को भी सम्मिलित करने की अनुमति दे दी गई बशर्ते वे न्यूनतम मानदंड पूरे करते हों । नौ बैंकों -सिटी बैंक एनए, स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक, एचएसबीसी बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका, जे.पी.मॉरगन चेज बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, केनरा बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक और कारपोरेशन बैंक को विभागीय तौर पर प्राथमिक व्यापारी कारोबार करने के लिए प्राधिकृत किया गया और अब ये सभी बैंक उक्त कारोबार अपनी सब्सिडियरी/ग्रुप कंपनियों के माध्यम से करना बंद कर देंगे। एक नए बैंक अर्थात् एचडीएफसी बैंक लि. को भी 2 अप्रैल 2007 से प्राथमिक व्यापारी कारोबार करने के लिए प्राधिकृत किया गया।

5.98 राजकोषीय जबाबदेही तथा बजट प्रबंध अधिनियम, 2003 (एफआरबीएम) के मद्देनजर प्राथमिक व्यापारियों की बढ़ी हुई जबाबदेही को देखते हुए पीडी द्वारा दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों के निर्गमों की हामीदारी प्रणाली में परिवर्तन किए गए। संशोधित प्रणाली में संपूर्ण निर्गम की हामीदारी नीलामी में किए जाने का उल्लेख है। एफआरबीएम के बाद के परिदृश्य में, बैंकों को शामिल करने के लिए प्राथमिक व्यापारी प्रणाली की अनुमत संरचना को विस्तारित करने और हामीदारी प्रणाली को सशोधित करने जैसे दुहरे नीतिगत उपायों ने सफल ऋण प्रबंधन में योगदान दिया है। स्टैंड अलोन पीडी पर्याप्त रूप से पूंजीकृत रहते आ रहे हैं। यद्यपि 31 मार्च 2007 को पीडी का 33 प्रतिशत सीआरएआर पिछले वर्ष के स्तर से नीचे आया है तथापि यह सकल जोखिम भारित आस्ति के लिए विनिर्दिष्ट न्यूनतम 15 प्रतिशत से काफी अधिक है (सारणी V.43 और परिशिष्ट सारणी V.5)।

सारणी V.43: प्राथमिक व्यापारियों के चुनिंदा संकेतक
(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2005	2006 $	2007
1	2	3	4
कुल आस्तियां*	13,953	10,749	13,557
इनमें से: सरकारी प्रतिभूतियां	8,495	6,646	7,412
कुल आस्तियों के प्रतिशत के रूप में			
सरकारी प्रतिभूतियां	61	62	55
सकल पूंजी निधि	5,992	4,229	4,026
सीआरएआर (प्रतिशत में)	57	53	33
चलनिधि समर्थन सीमा	3,000	3,000	3,000
प्राथमिक व्यापारियों की संख्या	17	8	8

* : चालू आस्तियों से चालू देयताएं घटाकर

$: 2006-07 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों की संख्या में तीव्र गिरावट आने के कारण 2005-06 के और 2006-07 के आंकड़े पूरी तरह से तुलनीय नहीं है। अत: 2005-06 के तुलनात्मक आंकड़े (कॉ.3) भी दिए गए हैं जो उन्ही आठ प्राथमिक व्यापारियों के आंकड़े हैं।

प्राथमिक व्यापारियों के परिचालन और उनका कार्य-निष्पादन

5.99 वर्ष 2006-07 क दौरान सामान्य उधारी कार्यक्रम के अंतर्गत राजकोषीय बिलों की नीलामियों में संचयी बोली लगाने की प्रतिबद्धताएं निर्गम राशि के 111 प्रतिशत पर निर्धारित की गई थीं। 2,07,711 करोड़ रुपए की सकल बोलियां 65,500 करोड़ रुपए (सामान्य नियमित उधारी कार्यक्रम के अंतर्गत) के राजकोषीय बिलों के निर्गमन का 3.2 गुना और 1,85,000 करोड़ रुपए (सामान्य नियमित उधारी कार्यक्रम तथा बाजार स्थिरीकरण योजना के अंतर्गत) के राजकोषीय बिलों के निर्गमन का 1.1 गुना थीं। 2,07,111 करोड़ रुपए की कुल बोलियों में से 70,951 करोड़ रुपए की बोलियां स्वीकार की गईं। पीडी से अपेक्षित है कि वे छमाही आधार पर राजकोषीय बिलों की नीलामी के संबंध में बोलियों की प्रतिबद्धता के 40 प्रतिशत का सफल अनुपात प्राप्त करें। वर्ष 2006-07 में राजकोषीय बिलों की नीलामियों (एमएसएस सहित) में प्राथमिक बाजार क्रय में प्राथमिक व्यापारियों का हिस्सा 38 प्रतिशत था जो 2005-06 के 34 प्रतिशत से मामूली ऊपर था।

5.100 राजकोषीय जबाबदेही और बजट प्रबंध अधिनियम, 2003 के अनुसरण में भारतीय रिज़र्व बैंक को केद्र सरकार की प्रतिभूतियों की प्राथमिक नीलामीयों में भाग लेने से निवारित किया गया है।

अतः प्राथमिक व्यापारियों के लिए भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों की नीलामियों में संपूर्ण अधिसूचित राशि की हामीदारी करना अनिवार्य किया गया। वर्ष 2006-07 के दौरान सामान्य उधारी कार्यक्रम के अंतर्गत 1,46,000 करोड़ रुपए मूल्य की दिनांकित प्रतिभूतियां जारी की गईं। हामीदारी नीलामियों में प्राथमिक व्यापारियों ने 1,93,869 करोड़ रुपए मूल्य के लिए बोलियां प्रस्तुत की उनमें से 1,46,000 करोड़ रुपए की बोलियां स्वीकार की गईं । यह हामीदारी नीलामियों में 1.32 के बोली-कवर अनुपात को दर्शाता है। वर्ष 2006-07 के दौरान 5,604 करोड़ रुपए की राशि प्राथमिक व्यापारियों पर अंतरित (डिवॉल्व) हुई।

5.101 भारत सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों की मुख्य नीलामी में प्राथमिक व्यापारियों ने 1,46,000 करोड़ रुपए की अपनी प्रतिबद्धता के लिए 2,02,225 करोड़ रुपए की बोलियां प्रस्तुत कीं (जो 1.39 का बोली-कवर अनुपात दर्शाती है), जिसमें से 64,727 करोड़ रुपए मूल्य की बोलियां स्वीकार की गईं। वर्ष 2006-07 के दौरान नीलामी की गई दिनांकित प्रतिभूतियों में प्राथमिक व्यापारियों का अंश 2005-06 के 48 प्रतिशत से मामूली घटकर 44 प्रतिशत रह गया था।

5.102 केवल स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों द्वारा बेचे/ खरीदे गए राजकोषीय बिलों और दिनांकित सरकारी प्रतिभूतियों (सीधे और रिपो) का द्वितीयक बाजार टर्नओवर क्रमशः 3,24,571 करोड़ रुपए और 22,34,630 करोड़ रुपए के लिए था जो बाजार टर्नओवर का क्रमशः 18.3 प्रतिशत तथा 21.8 प्रतिशत था।

निधियों के स्रोत और उनका उपयोग

5.103 आठ स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों के तुलनपत्र के आकार में मार्च 2007 को समाप्त वर्ष में पिछले वर्ष में परिलक्षित वृद्धि (24.2 प्रतिशत) की ही तर्ज पर महत्वपूर्ण वृद्धि (26.1 प्रतिशत) हुई(सारणी V.44)। 31 मार्च 2006 की तुलना में 31 मार्च 2007 को स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों की पूंजीगत निधि की स्थिति में 46.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो मुख्यतया एक प्राथमिक व्यापारी के द्वारा 675 करोड़ रुपए के अधिमान शेयर जारी करके पूंजी बढ़ाने के कारण थी। अभिनियोजन पक्ष की ओर देखने से पता चलता है कि सरकारी प्रतिभूतियों और वाणिज्यिक पत्रों में निवेश में वृद्धि हुई है। उधार और अग्रिमों में तीव्र गिरावट आई। मार्च 2007 के अंत में प्राथमिक व्यापारियों की कुल आस्ति में सरकारी प्रतिभूतियों और राजकोषीय बिलों का हिस्सा मार्च 2006 के अंत के 62 प्रतिशत से घटकर 55 प्रतिशत रह गया था।

सारणी V.44: प्राथमिक व्यापारियों की निधियों के स्रोत और उपयोग

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	मार्च के अंत में			प्रतिशत घट-बढ़	
	2006	2006 $	2007	2005-06	2006-07
1	2	3	4	5	6
निधियों के स्रोत	**13,953**	**10,749**	**13,557**	**24.2**	**26.1**
1. पूंजी	2,263	1,427	2,088	-4.6	46.3
2. आरक्षित निधि और अधिशेष	3,843	2,856	3,102	12.8	8.6
3. ऋण (क+ख)	7,847	6,466	8,367	39.9	29.4
क) जमानती	3,480	2,760	3,910	30.8	41.7
ख) बेजमानती	4,367	3,706	4,457	47.6	20.3
निधियों का उपयोग	**13,953**	**10,749**	**13,557**	**24.2**	**26.1**
1. अचल आस्तियां	71	64	72	-6.1	12.2
2. निवेश (क से ग)	10,425	7,954	9,248	11.3	16.3
क) सरकारी प्रतिभूति	8,495	6,646	7,412	3.8	11.5
ख) वाणिज्यिक पत्र	846	626	1,241	223.9	98.2
ग) कंपनी बांड	1,084	682	595	23.3	-12.7
3. ऋण और अग्रिम	2,398	1,883	1,135	-6.5	-39.7
4. गैर चालू आस्तियां	–	–	–	-100.0	–
ईक्विटी, म्यूचुअल फंड *आदि*	–	–	928	–	–
अन्य*	1,059	848	2,174	-228.2	156.4
प्रा. व्या. की संख्या	17	8	8	8	8

* : अन्य में नकदी + बैंक शेष + उपजित ब्याज + मांग और मीयादी आस्तियां - चालू देयताएं और प्रावधान शामिल हैं।

$: 2006-07 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों की संख्या में तीव्र गिरावट आने के कारण 2005-06 के और 2006-07 के आंकड़े पूरी तरह से तुलनीय नहीं है। अत: 2005-06 के तुलनात्मक आंकड़े (कॉ.3) भी दिए गए हैं जो उन्ही आठ प्राथमिक व्यापारियों के आंकड़े हैं।

सारणी V.45: प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्य – निष्पादन

(राशि करोड़ रुपए में)

मद	2005-06	2005-06 $	2006-07	प्रतिशत घट-बढ़ 2005-06	प्रतिशत घट-बढ़ 2006-07
1	2	3	4	5	6
क. आय (i से iii)	2,153	1,661	1,950	204	17
i) ब्याज और छूट	1,151	814	986	8	21
ii) कारोबारी लाभ	-47	46	-17	-108	-137
iii) अन्य आय	1,049	802	979	118	22
ख. व्यय (i+ii)	1,150	884	1,314	42	49
i) ब्याज	670	485	668	34	38
ii) प्रशासनिक लागत	481	398	645	53	62
कर पूर्व लाभ	1,003	778	636	-1142	-18
करोत्तर लाभ	749	557	444	-512	-20
प्रा.व्या. संख्या	17	8	8		

$: 2006-07 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों की संख्या में तीव्र गिरावट आने के कारण 2005-06 के और 2006-07 के आंकड़े पूरी तरह से तुलनीय नहीं है। अत: 2005-06 के तुलनात्मक आंकड़े (कॉ.3) भी दिए गए हैं जो उन्ही आठ प्राथमिक व्यापारियों के आंकड़े हैं।

प्राथमिक व्यापारियों का वित्तीय कार्य-निष्पादन

5.104 वर्ष 2006-07 के दौरान स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों द्वारा अर्जित आय में हुई 17 प्रतिशत की वृद्धि, जो ब्याज और अन्य आय में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि के कारण थी, पिछले वर्ष की आय में हुई वृद्धि (204 प्रतिशत) से बहुत कम थी। तथापि, प्राथमिक व्यापारियों को मामूली कारोबारी घाटा सहना पड़ा। ब्याज खर्च और अन्य खर्च में हुई वृद्धि के कारण प्राथमिक व्यापारियों के खर्च में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई। व्यय में हुई तीव्र वृद्धि के परिणामस्वरूप प्राथमिक व्यापारियों का निवल लाभ वर्ष 2006-07 में 20 प्रतिशत कम हुआ (सारणी V.45)।

5.105 वर्ष 2006-07 के दौरान निवल लाभ दर्शानेवाले प्राथमिक व्यापारियों की संख्या पिछले वर्ष के 8 से घटकर 6 रह गई । प्राथमिक व्यापारियों के वित्तीय कार्य-निष्पादन में हुई कमी का असर औसत आस्ति पर लाभ (आरओए) में देखा गया , जो 2005-06 में 4.3 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2006-07 के दौरान 3.0 प्रतिशत हो गया तथा स्वाधिकृत निधि पर लाभ (आरओएनडब्लू) 2005-06 के 13.6 प्रतिशत से घटकर 2006-07 में 9.5 प्रतिशत रह गया (सारणी V.46 और परिशिष्ट सारणी V.6)।

सारणी V.46: प्राथमिक व्यापारियों के वित्तीय संकेतक

(राशि करोड़ रुपए में)

संकेतक	2005-06	2005-06 $	2006-07
1	2	3	4
i) निवल लाभ	749	557	444
ii) औसत आस्तियां	18,394	13,104	14,984
iii) औसत आस्तियों पर प्रतिलाभ (प्रतिशत में)	4.1	4.3	3.0
पूंजी निधि	5,992	4,229	4,026
प्रा.व्या. की संख्या	17	8	8

$: 2006-07 के दौरान प्राथमिक व्यापारियों की संख्या में तीव्र गिरावट आने के कारण 2005-06 के और 2006-07 के आंकड़े पूरी तरह से तुलनीय नहीं है। अत: 2005-06 के तुलनात्मक आंकड़े (कॉ.3) भी दिए गए हैं जो उन्ही आठ प्राथमिक व्यापारियों के आंकड़े हैं।

अध्याय VI

वित्तीय स्थिरता

प्रस्तावना

6.1 अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक और विश्व बैंक सहित अनेक केंद्रीय बैंकों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रकाशित आवधिक वित्तीय स्थिरता रिपोर्टों से यह ज्ञात होता है कि हाल के वर्षों में विश्व भर में वित्तीय स्थिरता पर अधिक ध्यान दिया गया है। वित्तीय स्थिरता की ओर विशेष ध्यान देने का प्रमुख कारण वित्तीय प्रणाली में हुई अनेक महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों का विकसित होना है। अत्यधिक विनियमन और उदारीकरण के साथ होनेवाली प्रौद्योगिकीय प्रगति ने जहाँ एक ओर अनेक जटिल लिखतों और विविधतापूर्ण गतिविधियों के विकास को प्रोत्साहित किया, वहीं दूसरी ओर जोखिमों की गतिशीलता में वृद्धि हुई है[1]। विशेष रूप से ईक्विटी, ऋण, व्युत्पन्न बाजार में तीव्रतर वृद्धि के साथ वास्तविक अर्थव्यवस्था की तुलना में वित्तीय प्रणाली का अत्यधिक उच्चतर गति से विस्तार हुआ है। वित्तीय गंभीरता की प्रक्रिया के साथ वित्तीय व्यवस्था की संरचना में बदलाव आया है जिससे मौद्रिक आस्तियों के हिस्से में गिरावट आयी है और फलस्वरूप मौद्रिक आधार का लीवरेज बढ़ा है। परंपरागत बैंकिंग कार्य जैसे कि जमाराशियां स्वीकार करना और ऋण देना आदि की तुलना में अब वित्तीय संस्थाएं बहु-आयामी कार्य कर रही हैं। प्रौद्योगिकी में प्रगति और एक उद्योग से दूसरे उद्योग तथा एक देश से दूसरे देश के साथ एकीकरण में वृद्धि के कारण वित्तीय व्यवस्था का भी राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एकीकरण हो गया है। आज बहुत बड़ी संख्या में वित्तीय समूह भी उभर कर सामने आ गए हैं।

6.2 वित्तीय व्यवस्था की बदलती हुई विभिन्न गतिविधियों ने वित्तीय अस्थिरता के स्रोतों को बढ़ा दिया है। प्रौद्योगिकी नवोन्मेष से संबंधित गतिविधियों, वित्तीय लिखतों की विविधताओं और वित्तीय समूहों के आगमन से संबंधित गतिविधियों ने वित्तीय अस्थिरता की संभाव्य गंभीरता बढ़ा दी है। राष्ट्रीय सीमाओं के बाहर वित्तीय बाज़ारों के एकीकरण के कारण वित्तीय गड़बड़ियों के स्रोतों का पूर्वानुमान लगाना और कठिन हो गया है जिससे इनके संक्रमण की संभावना और भी बढ़ गई है। इस प्रकार वित्तीय अस्थिरता के स्रोत बाह्य कारकों (जैसे कि समष्टि आर्थिक निष्पादन) से राष्ट्रीय/क्षेत्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा कारणों से आंतरिक कारकों (जैसेकि समष्टि आर्थिक निष्पादन, बाज़ार की अस्थिरता, काउंटरपार्टी जोखिम तथा परिचालनगत जोखिम). तक बढ़ गए हैं।

6.3 एक स्थिर वित्तीय व्यवस्था भौगोलिक रूप से तथा समय-सीमा के भीतर आर्थिक साधनों का कुशल आबंटन सुनिश्चित करती है। व्यापक परिप्रेक्ष्य में वित्तीय स्थिरता विश्लेषण व्यापक मुद्दों पर ध्यान केन्द्रित करते हैं, यथा अर्थव्यवस्था का समष्टि आर्थिक निष्पादन, मौद्रिक स्थिरता, बैंकिग तथा वित्तीय संस्थाओं का विनियमन और पर्यवेक्षण तथा अन्य जोखिम जो कि वित्तीय व्यवस्था को प्रभावित कर सकते हैं। प्रायः ये सभी पहलू एक जटिल तरीके से एक दूसरे से अंतर-संबंधित रहते हैं। अर्थव्यवस्था का समष्टि आर्थिक निष्पादन फर्मों/व्यक्तियों के वित्तीय लेनदेनों हेतु निष्पादित संविदाओं का निर्वाह करने की क्षमता को प्रभावित करता है। दूसरी ओर, वित्तीय प्रणाली की सुदृढ़ता एक मजबूत समष्टि आर्थिक गत्यात्मक कार्यों को समर्थन देने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

6.4 व्यावहारिक रूप से वित्तीय स्थिरता में अनेक अंतरसंबंधित घटक सिमटे रहते हैं, जिनमें कि बुनियादी ढाँचा (भुगतान और निपटान प्रणाली, कानूनी व्यवस्था, और लेखांकन प्रणालियां), संस्थाएं (बैंक, प्रतिभूति फर्म और संस्थागत निवेशक) और बाज़ार (स्टॉक, बांड, करेंसी, मुद्रा और व्युत्पन्नी) आदि सम्मिलित होते हैं।वित्तीय स्थिरता के लिए यह आवश्यक नहीं है कि वित्तीय व्यवस्था के सभी अंग हमेशा सुचारु रूप से कार्य करते रहें। एक स्थिर वित्तीय व्यवस्था में यह क्षमता होती है कि वह स्व-सुधारक तंत्र के जरिए कोई भी संकट आने के पहले ही उन असंतुलनों को ठीक कर ले ।

6.5 बढ़े हुए वैश्वीकरण तथा वित्तीय बाज़ारों के एकीकरण के साथ ही इन बाजारों में अस्थिरता के उभरते संकेतों के कारण वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने हेतु सुनियोजित प्रयासों की आवश्यकता हाल में बढ़ गई है। यद्यपि वैश्वीकरण से कई अर्थव्यवस्थाओं का संभावित उत्पादन बढ़ गया है, वहीं दूसरी ओर अंतर्राष्ट्रीय पूंजी प्रवाह के अस्थिर वातावरण में वित्तीय वैश्वीकरण से लाभ ले सकने की विकासशील देशों की क्षमता, समष्टि आर्थिक ढाँचे और संस्थाओं की गुणवत्ता के जरिये उल्लेखनीय रूप से बढ़ायी जा सकती है।

1 चिनासी, जी जे (2006) : सेफगार्डिंग फाइनेंसियल स्टेबिलिटी : थियरी एंड प्रैक्टिस; इंटरनेशनल मोनेटरी फंड।

6.6 प्रौद्योगिकी के विकास ने भी वित्तीय स्थिरता के लिए समस्याएं खड़ी कर दी हैं। अभी हाल के समय में, विभिन्न वित्तीय कारोबारी क्षेत्रों में अभिसरण की प्रवृत्ति देखी गयी है तथा अभिसरण का अधिकांश भाग बैंकिंग क्षेत्र से जुड़ा हुआ है। तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकीय विकासों और ग्राहकों की बदलती पसन्द ने बैंकिंग क्षेत्र में सुपुर्दगी चैनेल के स्वरूप को रूपांतरित कर दिया है, ताकि वे प्रतिस्पर्धी रह सकें। तत्काल ग्राहक सेवा हेतु इंटरनेट आधारित सुपुर्दगी सेवाएं तथा मोबाइल टेलीफोनी संभाव्य माध्यम के रूप में उभरी हैं। कई फायदों के बावजूद प्रौद्योगिकीय विकास के फलस्वरूप वित्तीय कांग्लोमरेट को अस्तित्व में आने का अवसर मिला है और बड़े पैमाने के लाभ भी मिले हैं। बड़े वित्तीय कांग्लोमरेट और विदेशी संस्थाओं की गतिविधियों के साथ स्थानीय सार्वजनिक नीतिगत प्राथमिकताओं का जुड़ना अनेक नई उभर रही एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के आंतरिक वित्तीय विनियामकों के लिए चुनौती है। प्रौद्योगिकीय विकास के कारण बैंक तथा वित्तीय सस्थाएं काफी हद तक आउटसोर्सिंग पर निर्भर रहने लगी हैं। बैंकों द्वारा आउटसोर्सिंग सेवाएं देने वाली संस्थाओं के प्रबंधन का महत्व काफी बढ़ गया है। वित्तीय स्थिरता के संदर्भ में यह अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है कि आउट-सोर्सिंग की प्रक्रिया में पर्याप्त रक्षोपाय अपनाए जाएं तथा सूचना की गोपनीयता बनाये रखने के लिए समुचित उपाय किए जाएं।

6.7 वित्तीय अस्थिरता की घटनाएं प्राय: फर्मों तथा घरेलू परिवारों सहित समाज के एक बहुत बड़े वर्ग पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। कुल मिलाकर, प्राय: सीमा पार से फैलायी जाने वाली इस प्रकार की घटनाओं की कुल लागत किसी भी अर्थव्यवस्था के लिए काफी भारी पड़ती है। 1990 के दशक के मध्य में ईस्ट एशियन संकट से साफ पता चलता है कि अर्थव्यवस्था में वित्तीय क्षेत्र की कमजोरी के गंभीर आर्थिक और सामाजिक परिणाम होते हैं। वित्तीय बाजारों की अत्यधिक अस्थिरता, कारोबारी निवेश की पूंजीगत लागत में बहुत ज्यादा वृद्धि कर सकती है और उत्पादन वृद्धि पर यह प्रतिकूल प्रभाव डालती है। कमजोर वित्तीय क्षेत्र भी मौद्रिक संप्रेषण प्रक्रिया में उस समय अड़चन पैदा कर सकता है जब केंद्रीय बैंक द्वारा अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के प्रयास किये जा रहे हों।

6.8 इसकी गंभीरता को ध्यान में रखते हुए विश्व भर के नीति निर्माता वित्तीय स्थिरता के जोखिमों को लेकर बहुत ज्यादा चिंतित रहे हैं। अधिकांश देशों में वित्तीय क्षेत्र की सुदृढ़ता का मूल दायित्व मौद्रिक प्राधिकरण पर रहता है, क्योंकि मौद्रिक स्थिरता का गहन संबंध वित्तीय स्थिरता के साथ है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक का प्रमुख उद्देश्य मौद्रिक और वित्तीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक के भीतर वित्तीय-पर्यवेक्षण और निगरानी क्षेत्र में सूचना के आदान-प्रदान और अंतरराष्ट्रीय सहकारिता के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता को बढ़ाने हेतु अप्रैल 1999 में एक वित्तीय स्थिरता फोरम का गठन किया गया (बॉक्स VI.I)। यह फोरम वित्तीय स्थिरता के लिए उत्तरदायी राष्ट्रीय प्राधिकारियों को नियमित आधार पर विचार विमर्श हेतु एक मंच पर लाता है।

6.9 1990 के दशक के आर्थिक संकट की प्रतिक्रियास्वरूप, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक ने अपने सदस्य देशों की वित्तीय प्रणालियों की शक्तियों, जोखिमों और अतिसंवेदनशीलता का पता लगाने और इसके साथ ही वित्तीय क्षेत्र के विकास की जरूरतों को उजागर करने के लिए वित्तीय क्षेत्र आकलन कार्यक्रम शुरू किया। वित्तीय क्षेत्र में अन्तरराष्ट्रीय मानक और संहिताओं के अनुसार अनुपालन का आकलन करने में वित्तीय क्षेत्र आकलन कार्यक्रम के प्रमुख घटक है, जिसमें ये शामिल हैं : बैंकिंग पर्यवेक्षण संबंधी बासेल के मुख्य सिद्धांत, अंतरराष्ट्रीय बीमा पर्यवेक्षक संघ द्वारा बनाए गए मुख्य बीमा सिद्धांत, प्रतिभूति विनियमन के लिए अंतरराष्ट्रीय प्रतिभूति संगठन संघ के सिद्धांत और उद्देश्य, मौद्रिक और वित्तीय नीतियों में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की सुप्रथाओं की संहिता, धन-शोधन निवारक और आतंकवाद के वित्त-पोषण के विरुद्ध वित्तीय कार्रवाई कार्यदल की सिफारिशें।

6.10 भारत के संदर्भ में, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम,1934 में स्पष्ट अधिदेश नहीं हैं कि भारतीय रिज़र्व बैंक वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करे। तथापि, वर्षों से विकसित भारत की मौद्रिक नीति के दो उद्देश्य हैं - मूल्य स्थिरता बनाए रखना तथा वृद्धि की प्रक्रिया को सुगम बनाने हेतु पर्याप्त ऋण प्रवाह सुनिश्चित करना (रेड्डी, 2007)। इस दोहरे उद्देश्य के बीच सापेक्ष्य बल को तत्कालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए अनुकूलित किया जाता है और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर मौद्रिक नीति वक्तव्य में उल्लेख किया जाता है। समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिरता संबंधी विचार को भी अधिदेश में शामिल किया जाता है। हाल के वर्षों में ऐसा लगता है कि मौद्रिक नीति लागू करने में वित्तीय स्थिरता को प्राथमिकता प्रदान दी गई है। वैश्विक बाज़ारों के साथ घरेलू वित्तीय बाज़ारों के बढ़े हुए एकीकरण और विशेष रूप से, राजकोषीय उत्तरदायित्व और बज़ट प्रबंधन अधिनियम, 2003 लागू होने से संस्थागत परिवेश में तेजी से बदलाव आ रहा है। इस संदर्भ में, यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि समष्टि आर्थिक निष्पादन और वित्तीय स्थिरता के बीच मज़बूती की पहचान की जाए और उसका भरपूर लाभ उठाया जाए।

बॉक्स VI.I: अत्यंत लीवरेज वाली संस्थाओं के बारे में वित्तीय स्थिरता फोरम की रिपोर्ट - अद्यतन स्थिति

वित्तीय स्थिरता फोरम राष्ट्रीय वित्तीय प्राधिकरणों (केंद्रीय बैंकों, पर्यवेक्षी प्राधिकरणों और कोषागार विभागों), अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं, अंतर्राष्ट्रीय विनियामक और पर्यवेक्षी समूहों, केंद्रीय बैंकों के विशेषज्ञों की समितियों तथा यूरोपीय सेंट्रल बैंक के वरिष्ठ प्रतिनिधियों को एक मंच पर जुटाता है। वित्तीय स्थिरता फोरम का कामकाज बासेल, स्विटजरलैण्ड स्थित अंतरराष्ट्रीय निपटान बैंक में छोटे से सचिवालय द्वारा किया जाता है। वित्तीय स्थिरता फोरम अंतरराष्ट्रीय वित्तीय स्थिरता को प्रोन्नत करने , बाजारों की कार्य पद्धति सुधारने और प्रणालीगत जोखिम को कम करने के लिए इन विभिन्न संस्थाओं के बीच समन्वय स्थापित करता है।

वित्तीय स्थिरता फोरम ने वर्ष 1999 में भारी मात्रा में ऋण लेने वाली संस्थाओं द्वारा उत्पन्न की जा रही चुनौतियों के आकलन हेतु एक अध्ययन दल गठित किया। अध्ययन दल का दायित्व था कि वह इन संस्थाओं की विघटनकारी शक्ति को न्यूनतम करने हेतु पर्यवेक्षी/विनियामक उपायों की सर्वसम्मति प्राप्त करे। अध्ययन दल के गठन के बाद दो मुख्य घटनाएं घटीं। उनमें से पहली घटना थी, दीर्घकालीन प्रबंध (एलटीसीएम) का पतन के कगार पर आ जाना , जिसने भारी मात्रा में ऋण लेने वाली संस्थाओं (एचएलआइ) द्वारा उत्पन्न की जाने वाली प्रणालीगत सशक्त जोखिमों को लेकर चिंता बढ़ा दी। दूसरी घटना थी कि एशिया और रूस की 1997-98 के संकट से उपजी स्थिति जिसमें छोटी तथा मध्यम आकार की कुछ खुली अर्थव्यवस्थाओं के प्राधिकरण इस बात से चिंतित थे कि भारी मात्रा में ऋण लेने वाली संस्थाओं द्वारा उनके बाजारों में विघटनकारी प्रभाव लाने के प्रयास किए गए हैं। अध्ययन दल ने वर्ष 2000 में प्रस्तुत अपनी पहली रिपोर्ट में, अन्य बातों के साथ-साथ, ताकतवर काउंटरपार्टी जोखिम, भारी मात्रा में ऋण देने वाली संस्थाओं के ऋण प्रदाताओं का अधिक विनियामक पर्यवेक्षण, बैंक पूँजी पर्याप्तता विनियमन में गुरुतर जोखिम संवेदनशीलता और वित्तीय बाजारों की बढ़ी हुई राष्ट्रीय निगरानी शामिल करते हुए 10 सिफारिशें कीं। वित्तीय स्थिरता फोरम ने 2001 और 2002 में इन सिफारिशों के अनुपालन में हुई प्रगति के आकलन के बाद एक विस्तृत रिपोर्ट जारी की।

19 मई 2007 को जी-7 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के अनुरोध पर जारी ञरिपोर्ट ऑन हाइली लीवरेज इंस्टिट्यूशन्सट (2000) के नवीनतम संस्करण में वित्तीय स्थिरता फोरम द्वारा बचाव निधियों के कारण होने वाले वित्तीय स्थिरता मुद्दों और प्रणालीगत जोखिम का पुनराकलन किया गया। रिपोर्ट में बचाव निधियों द्वारा वित्तीय नवोन्मेष और बाजार की चलनिधि में किये गए अंशदान को स्वीकार किया गया है साथ ही, इसने बाजार के सहभागियों के लिए अत्यधिक जोखिम माप, मूल्यन और परिचालनात्मक चुनौतियों को नोट करते हुए निम्नलिखित सिफारिशें कीं :-

- पर्यवेक्षकों को अपना कार्य इस प्रकार करना चाहिये कि मुख्य मध्यवर्ती संस्थाएं अपनी काउंटरपार्टी जोखिम प्रबंध प्रथाओं को लगातार मजबूत बनाती रहें।
- बाजार तरलता में संभावित ह्रास रोकने हेतु मुख्य मध्यवर्ती संस्थाओं की ताकत को और अधिक मजबूत बनाने के लिए पर्यवेक्षकों को उनके साथ कार्य करना चाहिये।
- पर्यवेक्षकों को चाहिये कि वे उस सीमा तक छानबीन और मूल्यांकन करें जहाँ तक बचाव निधियों के प्रति मुख्य मध्यस्थियों के समेकित काउंटरपार्टी एक्सपोजर संबंधी अधिक प्रणालीगत और सुसंगत आंकड़े तैयार करना मौजूदा पर्यवेक्षी प्रभावों का प्रभावी अनुपूरक होगा।
- काउंटरपार्टियों और निवेशकों को पोर्टफोलियो मूल्यांकन तथा जोखिम की सही-सही और नियत समय पर जानकारी प्राप्त करने के साथ बाजार अनुशासन को मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करना चाहिये।
- वैश्विक बचाव निधि उद्योग को चाहिए कि वह शासकीय और निजी क्षेत्रों द्वारा निर्धारित सुधरी प्रथाओं की प्रत्याशा में बचाव निधि प्रबंधकों के लिए उन्नत प्रथा बेंचमार्कों की समीक्षा और संवृद्धि करे।

संदर्भ :

वित्तीय स्थिरता फोरम (2007), उच्च लीवरेज प्राप्त संस्थाओं की एफ एस एफ रिपोर्ट मई अद्यतन बनाना www.fsf.org.

वित्तीय बाजारों में हाल में उत्पन्न समस्या से यह परिलक्षित होता है कि वैश्विक स्तर पर सांकेतिक और वास्तविक ब्याज दरों में निरपेक्ष रूप से कमी आई है जिससे जोखिम वहन करने की क्षमता में वृद्धि हुई है, बावजूद इसके कि जोखिम भरपाई अधिक कठिन बन गई है। संयुक्त अमरीका, यूरो क्षेत्र और जापान जैसी प्रमुख अर्थ-व्यवस्थाओं द्वारा अपनाई गई लचीली मौद्रिक नीति के फलस्वरूप मुल मौद्रिक राशियों में उच्च वृद्धि हुई है, जबकि यदि वास्तविक आर्थिक विकास की तुलना में वृद्धि दर का आकलन किया जाता, तो वह कम रहती। इसके बावजूद मुद्रा-स्फीति नियंत्रण में है। परिणामस्वरूप, वित्तीय बाजारों में चलनिधि की भरमार हो गई जिसका विपरीत असर संयुक्त अमरीका और रशिया के बीच समष्टिगत असंतुलन पर भी पड़ा। यदि मुद्रास्फीति को निम्न दर पर स्थिर रखा जाता और वैश्विक स्तर पर लचीली मौद्रिक नीति अपनाई जाती तो केंद्रीय बैंक और मौद्रिक नीति में मुद्रास्फीति और ब्याज दरों को निश्चित रूप से निम्न स्तर पर रखने के लिए अधिक विश्वास उत्पन्न होता जिससे जोखिम लागत में कमी आती और जोखिम उठाने की क्षमता बढ़ती। अत: यह कहा जा सकता है कि मुद्रास्फीति दर में कमी आने, और लचीली मौद्रिक नीति के अंतर्गत बाज़ार में अत्याधिक चलनिधि उपलब्ध कराने के फलस्वरूप, वास्तविक और सांकेतिक ब्याज दरों में जो कमी आई उससे वर्तमान मुद्रा संकट की शुरूआत हुई। अत:, यह माना जा सकता है कि सब-प्राइम समस्या संकट का आसार है, न कि कारण। दूसरा महत्वपूर्ण कारण वित्तीय पर्यवेक्षण प्रणाली से संबंधित है जिसमें बैंकिंग पर्यवेक्षकों द्वारा बैंक और गैर बैंकिंग वित्तीय मध्यस्थों और तुलन-पत्र से इतर ऋणों को ठीक तरह से न पहचानना या दर्ज न करना है (मोहन, 2007)।

संदर्भ:

किफ, जे और मिल्स, पी.(2007), मनी फॉर नथिंग एण्ड चेक्स फॉर फ्री: रीसेंट डेवलपमेंट्स इन यूएस सब-प्राइम मोर्टगेज मार्केट्स, आइएमएफ वर्किंग पेपर, डब्ल्यूपी/07/188

मोहन, राकेश (2007) आइआइएफ के एशिया क्षेत्र आर्थिक मंच के उद्घाटन के अवसर पर दिया गया दीक्षांत भाषण;www.rbi.org.in

6.128 अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में हाल की अस्तव्यस्तता बैंकों को प्राप्त लीवरेज तथा कुछ अन्य निवेश प्रयोजन सुविधाओं विशेषतः प्रतिरक्षा निधियों द्वारा गहन हो गई थी (बॉक्स VI.9)।

बॉक्स VI.9: बचाव निधियां (हेज फंड्स)

बचाव निधियां मिश्रित निवेश निधियों का एक संचय है जिसके अंतर्गत पोर्टफोलियो निवेश में अस्थिरता को कम करने के लिए बचाव की विभिन्न तकनीक का उपयोग किया जाता है। स्टुल्ज (2007) के अनुसार ञ्बचाव निधिट एक ऐसी निधि संचय है जिस पर कोई नियम लागू नहीं हैं और जिसका प्रबंधन निवेश सलाहकार, हेज फंड मैनेजर द्वारा किया जाता है, जिसके पास इस निधि के इस्तेमाल की अत्यधिक छूट रहती है। बचाव निधियों के प्रबंधक पोर्टफोलियो निवेश का आकार बढ़ाने के लिए जटिल निवेश प्रक्रिया अपनाते हैं, जिसके लिए वे अति उन्नत डेरिवेटिव कॉन्ट्रैक्ट का उपयोग करते हैं। आर्थिक क्षेत्र में ये बचाव निधियां म्युच्युअल फंड की तरह ही काम करती हैं। दोनों ही मामलों में निवेशक इस आशा के साथ फंड मैनेजर के पास धन जमा करते हैं कि उनका मूल धन अच्छे लाभ के साथ उन्हें वापस मिले। किंतु बचाव निधि के अंतर्गत पेचीदा निवेश नीति अपनाई जाती है जिसमें निवेश को बाजार की प्रतिकूल स्थिति से बचाने के लिए ञ्लॉगट और ञ्शॉर्टट पोजीशन का उपयोग किया जाता है। यह निधि विशेष रूप से निजी भागीदारी के माध्यम जुटाई जाती है और कर तथा नियमों आदि से बचने के लिए सामान्यत: ऑफसोर में स्थापित होती है। इस निधि में केवल बड़े निवेशक ही निवेश कर सकते हैं। इस प्रकार का प्रतिबंध रहने से पंजीकरण और अन्य नियमों से बचने का लाभ मिल जाता है। अब तक इसमें उच्च मालियत वाले व्यक्तियों और संस्थागत निवेशकों ने ही निवेश किया है। हाल के कुछ वर्षों में बचाव निधि में निवेश करने वाले संस्थागत निवेशकों की संख्या उल्लेखनीय रूप से बढ़ गई है जिसमें पेन्शन निधि, चैरिटी, विश्वविद्यालय, एंडोमेंट और फाउंडेशन भी शामिल हैं (यूबाइड, ए.2006)।

बचाव निधि के अंतर्गत सामान्यत: ऐसी आस्तियों को ढूंढ़ा जाता है जिनकी उचित कीमत न आंकी गई हो। इसके बाद इन आस्तियों के बचाव की व्यवस्था की जाती है ताकि संबंधित आस्ति का उचित मूल्य आंके जाने पर उनसे लाभ हो सके और अन्य तत्वों का प्रतिकूल असर उस पर न पड़े। तथापि, ऐसा नहीं है कि बचाव निधि द्वारा प्राप्त की गई सभी आस्तियों की हेजिंग की जाती हो क्योंकि कुछ जोखिम ऐसे होते हैं जिनसे बचने के लिए या तो अधिक लागत लगानी पड़ती है या उनमें निहित समस्याओं का निपटान कठिन होता है। चूँकि बचाव निधियां बाजार की अक्षमता पता लगाकर उन्हें ठीक करने की कोशिश करती हैं, अतः वित्तीय बाजार में प्रतिभूतियों की कीमतों को वास्तविक मूल्य के नजदीक लाने में बचाव निधियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। बचाव निधियों की कार्यक्षमता उनके निधि प्रबंधक को किए जाने वाले भुगतान के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है जो सामान्यत: निवेशकों को होने वाले लाभ पर आधारित होती है। इसके अलावा, निधि प्रबंधक अपनी ओर से भी बड़ी राशि की पूंजी का निवेश करते हैं जिससे उनके अपने हितों की भी रक्षा होती है, साथ-साथ निवेशकों के हितों की भी रक्षा होती है तथा जोख़िम का पूरा-पूरा ध्यान भी रखा जाता है।

ऐसा माना जाता है कि 1949 में संयुक्त अमरीका में ए.डब्ल्यू जोन्स ने शार्ट सेलिंग और लीवरेजिंग जैसे दो निवेश साधनों को मिलाकर पहली बार बचाव निधि की स्थापना की। यद्यपि म्युच्युअल फंड की तुलना में बचाव निधि उद्योग का आकार अभी छोटा है, फिर भी इसका विस्तार काफी तेजी से हो रहा है। वर्ष 1993 में म्युच्युअल फंड द्वारा प्रबंधित आस्तियों की तुलना में बचाव निधियां केवल 4 प्रतिशत निधियों का ही प्रबंधन कर रही थी, जो 2005 में बढ़कर 10 प्रतिशत हो गईं। ऐसा अनुमान है कि वर्ष 2006 में 1 ट्रिलियन यूएस डॉलर का निवेश बचाव निधियों में किया गया था (स्टुल्ज, 2007)।

यद्यपि शेयर बाजार में निवेश की अपेक्षा बचाव निधियों से होने वाली आय अधिक स्थिर होती है, किंतु निधि/पूंजी में तीव्र गति से हानि की संभावना भी होती है। लगभग 10 प्रतिशत बचाव निधियां हर वर्ष डूब जाती हैं (स्टुल्ज, 2007)। अत:, नियंत्रकों के लिए निवेशकों की सुरक्षा, वित्तीय संस्थाओं को जोखिम, चलनिधि जोखिम और अत्यधिक अस्थिरता की दृष्टि से ये बचाव निधियां चिंता का विषय बन गई हैं। अत्यधिक नुकसान के कारण यदि निवेशक अपनी निधि आहरित कर लें या लेखा-जोखा रखने में भारी गड़बडी हो जाए तो बचाव निधि डूब सकती है। चूंकि ये निधियां वित्तीय संस्थाओं से ऋण लेती हैं, प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री में भाग लेती हैं और डेरिवेटिव सौदों में काउंटर पार्टी की भूमिका निभाती हैं, इसलिए वित्तीय संस्थाओं को इनसे जोखिम बना रहती है। लीवरेज की वजह से, यदि बचाव निधि की आस्तियों के मूल्य में अचानक गिरावट आ जाए और ऐसी आस्तियों के बाजार में चलनिधि की कमी हो, तो बचाव निधियां संकट में आ सकती हैं। यदि बड़ी बचाव निधियां डूब जाती हैं तो मुख्यत: उन वित्तीय संस्थाओं पर बहुत असर पडता है जिन्होंने इन निधियों को ऋण उपलब्ध कराया। मूल्यों की प्रतिकूल स्थिति में यदि बचाव निधियां व्यवसाय चक्र से तुरंत बाहर निकलने में सफल हो जाती हैं तो चलनिधि का जोखिम उत्पन्न हो जाता है। समस्या उस समय अधिक गंभीर बन जाती है जब कई बचाव निधियां एक ही प्रकार के व्यवसाय में लगी हों। बचाव निधियां खरीद बिक्री के माध्यम से वास्तविक मूल्यों में भारी परिवर्तन ला सकती हैं, जिससे बाजार में भारी उथल-पुथल मच सकती है।

ऊपर जिन जोखिमों का उल्लेख किया गया है वे वित्तीय स्थिरता की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हैं। ऐचेनग्रीन और मथेसन (1999) ने अंतर्राष्ट्रीय बाजार के परिप्रेक्ष्य में बचाव निधियों के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है कि क्या बचाव निधियां समूचे समूह को गुमराह करके या कमजोर मुद्रा के खिलाफ उठी आम लहर में शामिल होकर विदेशी मुद्रा बाजार को अस्थिर कर सकती हैं। बहरहाल, अब तक प्राप्त अनुभवों के आधार यह कह पाना मुश्किल है कि बचाव निधियां अस्थिरता की स्थिति उत्पन्न करने में कारक बन सकती हैं। वर्ष 1997-98 में उभरते बाजारों में जो संकट उत्पन्न हुआ था उसके लिए बचाव निधियों को प्रमुख कारण माना गया है। तथापि, ऐचेनग्रीन और मथसेन (1999) के अनुसार, जिस समय यह संकट उत्पन्न हुआ था उस समय बचाव निधियों का अस्तित्व इतना छोटा था कि वे ऐसी कोई अस्थिरता उत्पन्न नहीं कर सकती थी। केवल बाह्ट एकमात्र एशियाई मुद्रा थी जिसके मामले में बचाव निधियों ने मुख्य रूप से एक साथ शार्ट पोजिशन का सहारा लिया। मुद्रा अस्थिरता का असर जब अन्य एशियाई देशों में पहुंचा उस समय बचाव निधियां सतर्क नहीं थीं। बाजार के खिलाड़ियों के अनुसार इंडोनेशिया, मलेशिया और फिलिपाइन्स में मुद्रा केंद्र, वाणिज्यिक तथा निवेश बैंक और घरेलू निवेशक प्रमुख शार्ट सेलर्स थे जिन्होंने इंटर-ब्रोकर मार्केट और घरेलू ऋण में अपनी बेहतर पहुंच के कारण 'शार्टट में फायदेमंद तरीके से भाग ले लिया। अमरीका में स्थित लांग टर्म कैपिटल मैनेजमेंट को हुए भारी नुकसान के बारे में बैंकों के एक समूह का मानना था कि इससे वित्तीय बाजारों को जड़ से धक्का लगा, जिससे बचाव निधि की कार्य-प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह लग गया है। अत:, नियंत्रकों को चाहिए कि वे बचाव निधि की इस कार्य पद्धति के बारे में उचित भूमिका निभाएं (सेबी, 2004)।

संदर्भ:

ऐचेनग्रीन, बी और मथेसन, डी.(1999) हेज फंड्सः व्हाट डू वी रियली नो ? इकॉनामिक इशू, नं.19, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष।

स्टुल्ज, आर.एम.(2007), हेज फंड्स: पास्ट, प्रेजंट एंड फ्यूचर, जर्नल ऑफ इकॉनामिक पर्सपेक्टिव खंड 21, सं.2।

यूबाइड ए.(2006), डीमिस्टिफाइंग हेज फंड्स; फाइनान्स एण्ड डेवलपमेंट; जून, खंड43, सं.2।

सेबी (2004), पॉलिसी ऑप्शन्स परमिटिंग फोरेन हेज फंड्स टू एक्सेस इंडियन सिक्यूरिटीज मार्केट; www.sebi.gov.in

भारत सरकार (2005)विदेशी संस्थागत निवेश को बढ़ावा देने और सट्टे की निधियों के प्रति पूंजी बाजार की रुख की जांच करने हेतु गठित विशेषज्ञ दल की रिपोर्ट; www.finmin.nic.in

6.129 तथाकथित ञ्दुलाई व्यापारट (कैरी ट्रेड) द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए आहरण, जिनमें निवेशकों ने जापान में कम दर पर उधार लेकर अमरीका और कुछ अन्य देशों में उच्च दर पर उधार दिया, के कारण विदेशी मुद्रा बाजार में अस्थिरता में तीव्र वृद्धि हुई (बॉक्स VI.10)

6.130 हाल में हुई वित्तीय गतिविधियाँ अमरीकी अर्थव्यवस्था के परिदृश्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती हैं। मकानों की कीमत में कमी, ऋण की उपलब्धतता और उधार के मानकों को कड़ा बनाने के कारण मकानों की मांग में कमी आ सकती है। अतः गृह निर्माण के क्षेत्र में मंदी का प्रत्यक्ष असर उपभोग व्यय और सकल घरेलू उत्पाद पर पड़ सकता है। यदि बढ़ती हुई बेरोजगारी के परिप्रेक्ष्य में मकानों की कीमतों में गिरावट आती है, तो जोखिम बहुत ज्यादा है। चूंकि ऋण देने की शर्तों को सख्त करने में सामान्यतया गृहनिर्माण सुधारात्मक कार्रवाई में तीव्रता और आर्थिक उन्नति की गति धीमी करने की संभावना निहित है, इसे एफओएमसी ने 18 सितंबर 2007 को अपनी फेडरल फंड की दर के लिए रखे गए लक्ष्य में 50 आधार अंकों की कटौती करके 4.75 प्रतिशत और पुनः 31 अक्तूबर 2007 को 25 आधार बिन्दुओं तक कटौती की है। बट्टा दर (डिस्काउंट रेट) में भी 17 अगस्त 2007 और 18 सितंबर 2007 को 50 आधार अंकों (प्रत्येक समय) की कटौती करके 5.25 प्रतिशत पर रखा गया ताकि बाजार में चलनिधि की उपलब्धतता और आसान हो सके। हाल ही में फेड फंड दर में की गई कटौती ने पूरे विश्व में वित्त बाजारों को महत्त्वपूर्ण गति प्रदान की है।

6.131 जहाँ तक भारत देश का संबंध है, हाल ही में अंतरराष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में हुई गतिविधियों का कोई प्रभावी प्रभाव भारतीय वित्तीय बाजारों पर परिलक्षित नहीं हुआ। भारत में मुद्रा और सरकारी प्रतिभूति बाजार की परिस्थितियाँ जैसी थीं वैसी ही बनी रहीं। ऋण बाजार भी अपनी सामान्य गति से चलता रहा। यद्यपि अगस्त 2007 के मध्य में विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया पर दबाव महसूस किया गया, बिड-आस्क स्प्रेड फिर भी तंग ही रहा जिससे साफ जाहिर था कि किसी प्रकार की अनिश्चितता और घबराहट नहीं थी। हाँ इन बातों का कुछ प्रभाव ईक्विटी बाजार पर अवश्य देखा गया। जो एफआइआइ जुलाई 2007 में अमरीका के उप-प्रधान दृष्टिबंधक बाजार (सब प्राइम मॉर्टगेज मार्केट) में संकट गहराने के पूर्व भारी-भरकम निवेश कर रहे थे, बाद में विशुद्ध विक्रेता की भूमिका अदा करने लगे। 27 जुलाई 2007 और 14 अगस्त 2007 के दौरान एफआइआइ ने 966.8 मिलियन अमरीकन डॉलर (3920.9 करोड़ रुपए) खींच निकाले। इसके कारण भारत में ईक्विटी बाजार में थोड़ी गिरावट आई। परंतु भारतीय ईक्विटी बाजार में आई यह गिरावट तमाम उन्नत बाजार अर्थव्यवस्थाओं और उभरती हुई बाजार अर्थ व्यवस्थाओं के मुकाबले कम थी। तथापि भारत में ईक्विटी बाजारों ने अगस्त 2007 के मध्य के बाद एफ आइ आइ द्वारा किए गए समर्थन से इन सबसे उबरकर नई ऊँचाइयों को अब प्राप्त किया है। भारी-भरकम मात्रा में पूंजी आप्रवाह के कारण रुपया में भी कुछ सीमा तक मूल्यवृद्धि हुई है।

6.132 जहाँ तक संबंध बैंकों का है, केवल देशी परिचालनों तक सीमित रहनेवालों बैंकों और देश के साथ-साथ विदेश में भी परिचालन करनेवाले बैंकों के बीच विभेद करना आवश्यक है। देशी परिचालनों तक सीमित रहने वाले बैंकों के पास अधिक मात्रा में विदेशी मुद्रा एक्सपोजर नहीं रहता क्योंकि विदेश में निवेश करने के लिए बैंकों के लिए विवेकपूर्ण मानदंड की सीमाएं रखी गई हैं ऐसे बैंकों को इतनी ही अनुमति है कि वे विदेशी संयुक्त उद्यमों मात्र को उधार दें। परंतु जहाँ तक उन बैंकों का संबंध है जो विदेशी परिचालन भी करते हैं, कुछ बैंक ऋण डेरिवेटिवों के प्रति एक्सपोजर रखते हैं और इसमें ञ्मार्क टु मार्केटट प्रभाव के खतरे के कारण घाटा भी हो सकता है। तथापि इस प्रकार के एक्सपोजर अत्यल्प हैं और कोई भी भारतीय बैंक अमरीकी उप प्रधान बाजार (सब प्राइम मार्केट) के प्रति सीधे-सीधे एक्सपोजर नहीं रखता। रिज़र्व बैंक वित्तीय बाजारों की अनिश्चितताओं के बारे में बैंकों को और अन्य बाजार साझीदारों को सतर्क करता रहा है।

बॉक्स VI.10: कैरी ट्रेड

करेंसी कैरी ट्रेड विदेशी मुद्रा की खरीद-बिक्री हेतु विशेष सुविधा प्राप्त एक व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य ब्याज दरों में अंतर और विदेशी मुद्रा विनिमय की स्थिर दरों से लाभ अर्जित करना है। इस व्यवसाय के अंतर्गत किसी एक मुद्रा में निम्न ब्याज दर पर उधार राशि ली जाती है और किसी दूसरी मुद्रा में अधिक लाभ देने वाली आस्ति खरीदी जाती है। विनिमय दरों या ब्याज दरों में परिवर्तन हो जाने पर कैरी ट्रेड व्यवसाय पर तुरंत असर पड़ता है। हाल के कुछ वर्षों में जापान और न्यूजीलैंड की ब्याज दरों में अंतर आया है, जिससे येन मुद्रा में उधार लेकर (कम ब्याज दर पर प्राप्त मुद्रा) उच्च ब्याज दर वाली मुद्रा (विशेषत: आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड) में आस्तियों की खरीद करके लाभ उठाने का अवसर प्राप्त हुआ। किंतु इस व्यसवाय में चिंता के कुछ विषय भी हैं, जैसे-यदि ब्याज दरों में विपरीत परिवर्तन हुआ जो चलनिधि पर दबाव आएगा, और, यदि इससे बचने के अग्रिम उपाय न किए गए तो आने वाले दिनों में उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं का विकास प्रभावित होगा। फरवरी 2006 में वित्तीय बाजारों में जो हल्की सी अस्थिरता उत्पन्न हुई उससे कैरी ट्रेड व्यवसाय पर प्रतिकूल असर पड़ा। फरवरी 2007 में येन की स्थिति में सुधार हुआ जिसका असर सबसे पहले चीन के बाज़ार पर पड़ा। 21 फरवरी 2007 को जापान में नीतिगत दरों में वृद्धि हुई और लाभ में कमी की आशंका से कुछ कैरी ट्रेड व्यवसाय बंद हो गए। कैरी ट्रेड व्यवसाय के बंद हो जाने से वित्तीय स्थिरता को जो जोखिम पहुंचेगा उससे आस्तियों के मूल्यों और विनिमय दरों में तीव्र परिवर्तन होंगे।

6.133 इस चरण पर अभी इस बारे में पक्के तौर पर कोई टिप्पणी करना कठिन है कि वर्तमान समस्या भविष्य में क्या शक्ल लेगी। तथापि, अमरीका में वर्तमान उप-प्रधान दृष्टिबंधक संकट यदि गहराता है, तो उसका असर भारतीय बाजार पर बहुत अधिक नहीं हो सकता। एफआइआइ विशेष रूप से शिथिलता की प्रवृति दर्शाते हैं और अचानक ही निवेश का आहरण करके समग्र औचक स्थिरता (सिस्टेमिक सडेन स्टॉप) की स्थिति पैदा कर देते हैं। एफआइआइ द्वारा निवेश निकालकर घाटे को पूरा करने के लिए अन्यत्र ले जाए जाने की परिस्थिति देश में ईक्विटी बाजार पर और विदेशी मुद्रा दर पर दबाव बनाती है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार में चलनिधि शर्तों में कड़ाई करने के भी परिणाम हो सकते हैं। इनका प्रभाव सरकार पर और हाउसहोल्ड पर सीधे तौर पर नहीं पड़ेगा क्योंकि वे अंतरराष्ट्रीय बाजार से कोई उधार नहीं लेते। हाँ, इसका कुछ प्रभाव कारपोरेट पर अवश्य होगा क्योंकि कुछेक कारपोरेट अपने संसाधनों के लिए अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार से उधार लेते हैं। अतः ऋण शर्तों में कड़ाई करने के प्रभावस्वरूप अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार में इस प्रकार की उधारियों की लागत में वृद्धि हो सकती है। बीते हाल के वर्षों में भारतीय कारपोरेट ने लीवरेज्ड बायआउट के द्वारा विदेश में भी बड़े पैमाने पर अभिग्रहण किया है। अल्पावधिक रूप से इसका अधिक प्रभाव परिलक्षित नहीं होगा क्योंकि ये अभिग्रहण पहले से ही टाइअप करके किए गए थे। जोखिम बचाव और ऋण शर्तों को कड़ा करने की ओर निरंतर अग्रसर रहने का कुछ प्रभाव भविष्य में भारतीय कारपोरेट द्वारा किए जानेवाले अभिग्रहण पर हो सकता है। इस प्रकार कुछ प्रभाव तो हो सकते हैं परंतु उनका महत्व अधिक नहीं होगा।

6.134 बड़े पैमाने एफआइआइ द्वारा आहरण भी देशी चल निधि स्थितियों और ब्याज दरों पर प्रभाव डाल सकता है जिसके अनुवर्ती प्रभाव बाजार के सभी भागीदारों, सरकार को भी सम्मिलित करते हुए, द्वारा लिए जानेवाले उधारों की लागत पर देखे जा सकेंगे। तथापि रिज़र्व बैंक का यह प्रयास रहेगा कि वह अपने पास मौजूदा सभी लचीले उपायों को वित्तीय बाजार में स्थिरता कायम करने के लिए उपयोग में लाए। रिजर्व बैंक ने एक मैकेनिज्म लागू किया है जिससे वैश्विक वित्तीय बाजारों में वर्तमान अस्थिरता के प्रभावों पर सूक्ष्म निगरानी रखी जा सकेगी, यह निगरानी वित्त बाजार की विभिन्न सेगमेंट्स के वास्तविक समय के अनुसार रखी जा रही है। वर्तमान में इसका फोकस वित्त बाजार के विभिन्न सेगमेंट्स में होनेवाली गतिविधियों, जब भी आवश्यक हो, के प्रति उचित समाधान निकालने पर केंद्रित है। इनमें किन्हीं भी गतिविधियों और किसी भी सिस्टेमिक चिंता, जिसमें भुगतान और निपटान के मुद्दे भी सम्मिलित हैं, से निपटने के लिए प्रक्रियाओं और उपायों को व्यवस्थित रूप से रखा गया है। इसकी वित्त बाजार समिति (एफएमसी) जिसके अध्यक्ष उप-गवर्नर होते हैं, की बैठक कम से कम दिन में एक बार (आमतौर पर सुबह) वित्त बाजार खुलने के तुरंत बाद बाजार गतिविधियों को पुनरीक्षा करने के लिए की जाती है। बाजार में बड़े स्तर पर अस्थिरता की स्थिति में एफएमसी की विशेष बैठकें आयोजित की जाती हैं जिसमें एफएमसी स्वयं को प्रसारित करते हुए संकट प्रबंधन समूह (सीएमजी) के रूप में अन्य नियामकों और एक्सचेंजेस के साथ संपर्क में रहती है।

वैश्विक वित्तीय असंतुलन

6.135 ऐसे असंतुलनों को समर्थन देने के लिए आवश्यक हुए वित्तीय प्रवाहों के निर्वाह को ढोते रहने पर चिंता के मद्देनज़र वैश्विक असंतुलन भी वित्तीय स्थायित्व के प्रति जोखिम उत्पन्न करते हैं। अमरीका का चालू खाता घाटा 2004 और 2006 के मध्य 640 बिलियन अमरीकी डालर (सकल घरेलू उत्पाद का 5.5 प्रतिशत) था जो 2006 में बढ़कर 812 बिलियन डॉलर (सकल घरेलू उत्पाद का 6.2 प्रतिशत) हो गया। यद्यपि अमरीका का चालू खाता घाटा 2007 की पहली तिमाही में कम होकर 770 बिलियन डॉलर (वार्षिक दर से) पर था, तथापि यह सतत रूप से चिंता का विषय बना रहा।

6.136 अमरीका के चालू खाते के घाटे, जो सकल घरेलू उत्पाद से 6 प्रतिशत अधिक है, की भरपाई वर्तमान में निर्धारित आय प्रवाह से की जा रही है जिसमें ट्रेजरी बांड, एजेंसी बांड और कारपोरेट बांड सम्मिलित हैं। अमरीका के चालू घाटे की भरपाई प्रवृति को समर्थन कर रहे तमाम कारकों में से सर्वाधिक प्रमुख है कई देशों के द्वारा सरकारी विदेशी मुद्रा का जमाव करना। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष के अनुमान से पता चलता है कि अमरीका के सकल घरेलू उत्पाद के प्रति चालू खाता घाटे को 1 प्रतिशत से कम करने अर्थ होगा अमरीकी डालर में 10-20 प्रतिशत[12] की रेंज में वास्तविक मूल्यह्रास। अधिशेष वाले देशों में वृद्धि प्रक्रिया को जारी रखने के लिए सकल मांग को पुनः संतुलित करने की आवश्यकता होगी। अमरीकी चालू खाते में भारी घाटा अनिश्चितकाल तक नहीं रह सकता क्योंकि सरकारी ऋण की सर्विस का भुगतान करने की इसकी योग्यता और विदेशियों के द्वारा स्वयं के संविभाग में अमरीकी आस्ति रोक रखने की इच्छा, दोनों ही सीमित है।[13]

6.137 यदि वैश्विक वित्तीय असंतुलनों में गैर-सिलसिलेवार समायोजन किए जाते हैं तो वैश्विक अर्थव्यवस्था और वित्तीय बाजारों

[12] आइएमएफ (2007), वर्ल्ड इकोनोमिक आउटलुक अपडेट, जुलाई www.imf.org

[13] बेरनांके, बी एस (2007) ग्लोबल इंबैलेंसेज, रीसेंट डेवलपमेंट्स एंड प्रास्पेक्ट्स, सितंबर www.federalreserve.gov.

पर इसके गंभीर प्रभाव होंगे। इन परिस्थितियों में बड़े पैमाने पर संविभागीय परिवर्तन प्रभावी होंगे जिसके फलस्वरूप विदेशी मुद्रा दरों, चलनिधि शिफ्ट्स ब्याज दरों में तीव्र समायोजन और आस्ति कीमतों में समायोजन किए जाएंगे। आस्ति कीमतों में परिवर्तन का प्रभाव चलनिधि स्थितियों और वित्तीय स्थायित्व पर होगा।

6.138 वैश्विक वित्तीय असंतुलनों के अचानक जोर पकड़ने के कारण अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं के जैसे ही भारत पर भी प्रतिकूल प्रभाव होगा। तथापि यह प्रभाव विभिन्न क्षेत्रों जैसे सरकार, कारपोरेट क्षेत्र और बैंकिंग सिस्टम पर अलग-अलग रूप में पड़ सकता है।

6.139 सर्वप्रथम तो भारत सरकार अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई के लिए अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार से संसाधनों के लिए उधार नहीं लेती। तथापि घरेलू ब्याज दरों पर बाह्य गतिविधियों का स्पिल ओवर प्रभाव हो सकता है। घरेलू ब्याज दर में वृद्धि जब तक होती है, सरकार के द्वारा लिए जानेवाले उधार की लागत में वृद्धि हो सकती है। तथापि अधिकतर बकाया सरकारी ऋण स्थिर दर पर है न कि अस्थिर दर पर। अतः सरकार के उधार की लागत में वृद्धि वृद्धिशील रहेगी।

6.140 द्वितीय, वैश्विक वित्तीय बाजार में निवेशक का भरोसा डगमगाने के कारण कारपोरेट ऋण पर स्प्रेड अचानक बढ़ सकता है। भारतीय कारपोरेट्स अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार से संसाधनों के लिए उधार लेने में अब आगे हैं, पहले की तुलना में। घरेलू बाजार में ब्याज की दरों में वृद्धि के कारण कारपोरेट के लिए उधार प्राप्त करने की लागत में भी वृद्धि हो सकती है। इस प्रकार जब तक घरेलू बाजार में ब्याज दरें बढ़ती रहेंगी तब तक कारपोरेट्स, अन्य दायित्वों की तुलना में ऋण के प्रति अपने एक्सपोजर की निर्भरता तक इससे प्रभावित होंगे।

6.141 तृतीय, भारत में बैंक अपने महत्वपूर्ण निवेश सरकारी और अन्य निर्धारित आय वाली प्रतिभूतियों में करते हैं। यह भी कि इस प्रकार के अधिकतर निवेश ऽपरिपक्वता तक धारितट श्रेणी में आते हैं। इस प्रकार घरेलू ब्याज दर में वृद्धि केवल निवेश के एक छोटे अंश में मार्क्ड टू मार्केट का प्रभाव छोड़ेगी। यह भी कि संपूर्ण बैंकिंग क्षेत्र को लगभग 12 प्रतिशत के सीआरएआर के सुविधाजनक स्थान पर रखा गया है। अतः एकल बैंकों के स्तर पर 82 बैंकों में से 79 ने 10 प्रतिशत से अधिक सीआरएआर प्राप्त कर रखा है। अतः भारत में बैंक आमतौर पर ब्याज दर में थोड़ी वृद्धि को झेल सकने की स्थिति में हैं।

6.142 चौथे, भारत में बैंक आस्ति बाजार में निवेश के लिए ऋण दे रहे हैं। अन्य कई अर्थव्यवस्था की तरह भारत में आस्ति मूल्य हाल के वर्षों में तेजी से बढ़े हैं। यदि आस्ति मूल्यों में तेजी से ह्रास हुआ होता तो बैंकों के तुलन पत्रों को ऋण जोखिम का सामना करना पड़ता। सामान्य रूप में ब्याज दरों में बढ़ोतरी आवास मूल्यों पर प्रभाव डालती है और हाउसहोल्ड के तुलन पत्र को ब्याज दर जोखिम का सामना करना पड़ता जिससे बैंकों को कुछ ऋण हानि हो सकती थी। वर्तमान में आवास ऋणों में बैंकिंग क्षेत्र का निवेश उनके समग्र पोर्टफोलियो की तुलना में बहुत अधिक नहीं है और सामान्य रूप में बैंकों ने आवास क्षेत्र को उधार देते समय एक मजबूत मार्जिन रखा है। अतः बैंकों के तुलन पत्र पर प्रभाव को नजर अंदाज किया जा सकता है।

6.143 अंत में मुद्रा के अव्यवस्थित पुनःसमायोजन से भूसंपदा क्षेत्र में जटिलताएं हो सकती थी। मुद्रा के महत्व को पुनसमायोजन और ब्याज दरों में वृद्धि उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में व्यय पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती थी जिससे वैश्विक विकास में कमी हो सकती थी। इससे निर्यात अवसरों में कमी आई और भारत के लिए निवेश मांग में भी कमी हुई। मुद्रा का पुनः समायोजन करते हुए कुछ प्रभाव हो सकते थे क्योंकि भारतीय अर्थव्यवस्था अधिकांशतःघरेलू मांग पर आधारित है। भारत निर्यात समूह अस्पष्ट रूप से विविधिकृत है। इस प्रकार भारतीय अर्थव्यवस्था पर समग्र प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं हो सकता है।

आस्ति मूल्य समायोजन के जोखिम

6.144 वैश्विक वित्तीय बाजारों में आस्ति मूल्य गतिविधियों में हाल के वर्षों में विशेषतः वित्तीय स्थिरिता के दृष्टि से अधिक महत्व प्राप्त किया है। सांस्थिक निवेशकों को की बड़ी संख्या बढ़ती हुई मात्रा में मूल्य-वर्गांकित विदेशी मुद्रा में सारे देशों में आस्तियां अर्जित कर रही है। यद्यपि आस्ति मूल्य-वर्गांकित विदेशी मुद्रा विनिमय दर परिवर्तनों के अतिरिक्त जोखिम के अधीन है, अंतरराष्ट्रीय निवेशक इन आस्तियों को उच्चतर लाभ के कारण खरीदते हैं। ये प्रतिलाभ विवेधक ब्याज दरों अथवा कुछ देशो में आस्तियों के त्वरित मूल्यांकन के कारण समस्त देशों में बदलते रहते हैं । कभी-कभी विवेधक ब्याज और मूल्यांकन दर विनिमय दर जोखिम से अधिक हो जाते हैं अथवा कुछ मामलों में कुछ मुद्राओं के संबंध में अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के लिए विनिमय दर काफी अनुकूल हो जाती है। ऐसे मामलों में उच्चतर प्रतिलाभ देने वाले देशों में पूंजी का प्रवाह एक लगातार जारी आधार पर बढ़ता रहता है और मांग आपूर्ति स्थितियों के अनुरूप अस्तरों पर इन देशों में आस्ति मूल्यों में और बढ़ोत्तरी करता। ऐसी स्थितियों में आस्तियों के मूल्य वित्तीय बाजारों में एक अव्यवस्थित वातावरण के आधार पर आघातों के सृजन करते हुए अतिसंवेदनशल हो जाते है। मांग आपूर्ति स्थितियों के बाहर मूल्यों में बहुतरी की सीमा तथा आघातों के स्वरूप के आधार पर आस्तियों के मूल्यों में समायोजन वित्तीय स्थिरता के लिए घातक हो सकते हैं।

बॉक्स VI.11: व्यवस्थागत आकस्मिक रोक (सिस्टमिक सडन स्टॉप)

किसी देश की अर्थ-व्यवस्था की मूलभूत कार्यप्रणाली से असंबद्ध किन्हीं कारणों से यदि पूंजी प्रवाह में व्यापक और बड़ी मात्रा में अचानक गिरावट आती है, जिससे उस देश की आर्थिक गतिविधियों पर बहुत बुरा असर पड़ता हो तो उसे 'सडन स्टॉप' कहा जाएगा। 'सडन स्टॉप' की संकल्पना गुइलेरमो ए. कालवो ने प्रचलन में लाई, जिनके अनुसार कई देशों में अनुकूल वैश्विक परिवेश और निम्न ब्याज-दरों जैसे बाहरी कारकों के कारण बड़ी मात्रा में पूंजी का आगमन होता है। यदि इन बाहरी कारकों में सौम्य या तीव्र परिवर्तन होता हैं तो उभरती बाज़ार व्यवस्थाओं में पूंजी प्रवाह का रुख अचानक पलट सकता है। इसके बाद कई संकटों को ही 'सडन स्टॉप' कहा गया (जेम्स 2007)। संकट के दौरान इस समस्या की व्यापक गंभीरता को प्रकाश में लाने के लिए कभी कभी इसे '3 एस' (अर्थात् सिस्टमिक सडन स्टॉप) भी कहा जाता है।

पूंजी अंतर-प्रवाह में कमी आ जाने से वास्तविक अर्थव्यवस्था पर असर तो पड़ता ही है, किंतु आर्थिक ढांचे की बनावट, अस्थिरता का सामना करने का अनुभव, संस्थाओं और नीतियों के आधार पर संकट के उभरने के अवसर और उत्पादन में गिरावट की मात्रा अलग-अलग देशों में अलग-अलग हो सकती है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में जिन अर्थ-व्यवस्थाओं को 'ओरिजिनल सिन' के नाम से जाना जाता है, अर्थात जिन पर स्वर्ण या विदेशी मुद्रा में बाहरी और आंतरिक ऋण है, वे 3 एस के प्रति अधिक संवेदनशील हैं (बोर्डो, 2007)।

काल्वो, इज्केर्दो और तल्वी (2007) के अनुसार पूंजी अंतर-प्रवाह के संबंध में 'सडन स्टॉप' और वित्तीय संकट का कारण 'डोमेस्टिक लाएबिलिटी डॉलराइजेशन (डीएलडी) और बड़ी मात्रा में चालू खाता घाटा (करंट अकाउंट डेफिसिट - सीएडी) हो सकता है जिसका असर आउटपुट पर पड़ता है। डीएलडी का अर्थ है घरेलू बैंकों द्वारा जारी विदेशी मुद्रा ऋण, जो जीडीपी का हिस्सा हैं। ये ऋण जोखिम युक्त होते हैं क्योंकि 3 एस की संकल्पना बड़ी राशि के वास्तविक अवमूल्यनों से जुड़ी है। विदेशी मुद्रा के ऋणों की चुकौती में चूक होने की अधिक संभावना है। दूसरी ओर, चालू खाता घाटा (जो घरेलू व्यापार उपयोगी उत्पादन का हिस्सा है) भी जोखिमपूर्ण है क्योंकि 3 एस के कारण तीव्रता से चालू खाते का समायोजन करना पड़ता है जिससे व्यापार उपयोगी उत्पादनों में कमी आने से मूल्यों में बहुत अधिक परिवर्तन आ सकते हैं। इसका असर वास्तविक विनिमय दर और वित्तीय बाज़ार पर पड़ेगा। 'सडन स्टॉप' के नाम से जाने वाले कुछ संकट इस प्रकार हैं : टेकिला संकट (अर्जेंटीना, 1995; मेक्सिको, 1995; और तुर्की, 1995), पूर्व एशिया संकट (इंडोनेशिया, 1998; मलेशिया, 1998; और थाइलैंड 1998), 1990 के अंत में आया रूस का संकट तथा 1980 के दशक में उभरा लेटिन अमेरिका का ऋण संकट (अर्जेंटीना, 1982; ब्राजील, 1983; चिली, 1983; मेक्सिको, 1983; पेरू, 1983; वेनेजुएला, 1983; और उरूग्वे, 1984)।

संदर्भ :

काल्वो, जी.ए. इज़्केर्दो, ए. तथा तल्वी, ई (2006), फीनिक्स मिरेकल्स इन इमर्जिंग मार्केट्स; रीकवरिंग विदाउट क्रेडिट फ्रॉम सिस्टमिक क्राइसेस; बीआईएस वर्किंग पेपर नं. 221; www.bis.org.

बोर्डो, एम.डी. (2006) सदन स्टॉप्स, फिनांशियल क्राइसेस एण्ड ओरिजिनल सिन इन इमर्जिंग कंट्रीज: डेजा वू ? सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया पर्चा : ग्लोबल इम्बैलेंसेस एण्ड रिस्क मैनेजमेंट। हैज दी सेंटर बिकम दी पेरिफेरी ? मैड्रिक स्पेन, मई 16-17 2006।

जेम्स एल. आर (2007), ए मास्टर ऑफ थियरी एण्ड प्रैक्टिस; फिनान्स एण्ड डेवलपमेंट, आइएमएफ; मार्च 2007, 44 (1)।

विशेष रूप से आस्तियों के मूल्य में एक तीव्र समायोजन से पूंजी प्रवाहों से दिशा प्रतिकूल हो सकती है और चलनिधि संकट तथा तीव्र विनिमय दर समायोजन उत्पन्न हो सकते है (बॉक्स VI.11)। इससे बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के तुलन-पत्र इन आस्तियों में उनके निवेश के आधार पर प्रभावित हो सकते हैं। हाल की अवधि में कई देशों में बढ़ती हुई मांग में घरेलू वित्तीय आस्तियों की उपलब्धता में काफी बढ़ोत्तरी की है जिससे आस्ति मूल्यों, तीव्र ऋण वृद्धि और मुद्रा मूल्यांकन[14] में तेजी से वृद्धि होती है।

6.145 पिछले कुछ वर्षों में भारत के ईक्विटी बाज़ार में भी उछाल आया है। चालू वर्ष में मार्च 2007 के अंत की तुलना में बेंचमार्क बीएसई सूचकांक में 48.4 प्रतिशत और मार्च 2006 के अंत 74.6 प्रतिशत वृद्धि हुई। इस उछाल के अनेक में से एक कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा किया गया भारी निवेश है। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने वर्ष 2007-08 के दौरान अब तक (19 अक्तूबर 2007 तक) कुल 15.1 बिलियन डॉलर का निवेश किया जो 2005-06 के पूरे वर्ष में किए गए निवेश का लगभग 163 प्रतिशत है। यद्यपि समष्टिगत आर्थिक ढांचा मजबूत है और कार्पोरेट आय सुदृढ़ है, फिर भी घरेलू आस्तियों की सीमित आपूर्ति के चलते विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी मांग से ईक्विटी बाज़ार में मूल्यांकन प्रक्रिया पर दबाव पड़ रहा है। पी/ई अनुपात, जो फरवरी 2006 में 18.6 था वह सितंबर 2007 के अंत तक बढ़कर 22.6 प्रतिशत हो गया।

6.146 अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजारों में हुई हाल की गतिविधियों ने कई मामले सामने लाए हैं। विशेष रूप से इसने बैंकों द्वारा जोखिम के आकलन और निगरानी के तरीके को सामने लाया है। तरलता जोखिम बैंकों की पारंपरिक तौर की है। तथापि, बैंकों द्वारा हाल ही के संकट के दौरान सामना की गई तरलता जोखिम ने इस बात की आवश्यकता को रेखांकित कर दिया कि तरलता जोखिम का प्रबंध अधिक सावधानी से करना होगा और तरलता जोखिम को समग्र जोखिम आकलन से जोड़ना होगा। इसने बासेल II रूपरेखा की कमियां भी उजागर कर दीं जिनमें ऋण जोखिम, बाजार जोखिम और परिचालन जोखिम शामिल है किंतु तरलता जोखिम शामिल नहीं है। इसके अलावा, ऐसे और भी मामले हैं जहां ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि वित्तीय प्रणाली का सुगमता से कार्य करना सुनिश्चित किया जा सके (बॉक्स VI.12)।

[14] आइएमएफ (2007) ग्वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, अप्रैल 2007।

बॉक्स VI.12: वैश्विक वित्तीय बाज़ार की हाल की गतिविधियां : सबक

हाल में, सब प्राइम मार्केट संकट के चलते ऋण और बाज़ार जोखिम में वृद्धि हुई है और वित्तीय बाज़ार अधिक अस्थिर बन गए हैं। अत्यधिक लीवरेजिंग के कारण वैश्विक वित्तीय प्रणाली अधिक संवेदनशील बन गई है। चलनिधि स्थिति में भारी परिवर्तनों के कारण जोखिमों का मूल्यांकन करना कठिन और अनिश्चित जान पड़ रहा है।

भविष्य में होने वाले दबावों का सामना करने के लिए वित्तीय प्रणाली को सुदृढ़ बनाना होगा जिसके लिए निजी क्षेत्रों, नियामकों और पर्यवेक्षी संस्थाओं के लिए कुछ सबक तैयार किए जा सकते हैं। यद्यपि वर्तमान घटनाचक्र का अंतिम रूप से क्या असर पड़ेगा यह ज्ञात नहीं है, और इतनी जल्दी किसी निष्कर्ष पर पहुंचना भी कठिन है, इसलिए कुछ क्षेत्रों की ओर अधिक ध्यान देना आवश्यक है। इसके लिए निम्न लिखित सबक अपनाया जा सकता है:

(i) बैंकों, वित्तीय संस्थाओं और वित्तीय बाज़ारों का सुगमतापूर्वक परिचालन मुख्यतया विश्वास, साख और पारदर्शक सूचनाओं की उपलब्धता के कारण चलता है। वित्तीय प्रणाली के अंतर्गत जोखिम बांटने की पारदर्शिता में कमी आई है, जिसके चलते आधिकारिक एजेंसियों के समक्ष यह प्रश्न उठा है कि इस पारदर्शिता को पुन: कैसे बढ़ाया जाए। बचाव निधियों के बारे में हाल में जो चर्चा हुई उसका केंद्र बिंदु यही था। जोखिम को पहचानने और उसके उचित मूल्यांकन के लिए बाजार में निहित जोखिम के बारे में सटीक और समयोचित जानकारी मिलना बहुत आवश्यक है। विशेषकर जोखिम अंतरण के क्षेत्र में, जोखिम का प्रबंधन, मूल्यांकन एवं जवाबदेही कैसे तय करें कि गुणात्मक एवं मात्रात्मक दोनों सूचना इसमें शामिल हो सके। प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण वित्तीय संस्थाओं और उनके तुलन पत्र के इतर साधनों के मध्य संपर्क के लिए अत्यधिक पारदर्शिता आवश्यक है। सूचना की मात्रा एवं जटिलता एवं इसे उपलब्ध करवाने की लागत को देखते हुए, भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए आवश्यक प्रकटीकरण एवं उचित राशि के बारे में सावधानी से विचार किया जाना आवश्यक होगा।

ii) जबकि प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय नवोन्मेष ने बढ़े हुए जोखिम वितरण के माध्यम से बाजार को अधिक दक्ष बनाया है, वर्तमान परिस्थिति में उनकी भूमिका को अच्छी तरह समझना होगा। संरचित उत्पादों के संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला के नियंत्रण एवं संतुलन के मध्य संबंधों पर थोड़े पुनर्विचार की आवश्यकता हो सकती है। इस प्रकार, भविष्य में जब स्थिरता स्थिति का मूल्यांकन किया जाए, पूर्व की अपेक्षा अब यह ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाता है कि नए लिखतों की उचित जांच एवं मूल्यांकन, नए सहभागियों की प्रवृत्ति के विश्लेषण के साथ किया जाना चाहिए। वित्तीय प्रणाली का न केवल विस्तार हो रहा है बल्कि यह जटिल भी होती जा रही है, इस तथ्य से निपटने के लिए यही सबसे अच्छा उपाय दिख रहा है।

iii) ऋण व्युत्पन्नियों एवं संरचित उत्पादों के जोखिम विश्लेषण एव श्रेणी-निर्धारक एजेसियों की भूमिका की जांच भी आवश्यक है। तथापि, वित्तीय बाजार की कार्यप्रणाली में श्रेणी निर्धारण एवं श्रेणी निर्धारक एजेंसियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर कुछ चिंताएं हैं, ये चिंताएं जटिल उत्पादों विशेषकर जब बहुत भिन्न संरचना, संकल्पना एवं चलनिधि विशेषताओं वाली प्रतिभूतियों को एक समान श्रेणी-निर्धारण दिए जाने के श्रेणी-निर्धारण तरीकों के संबंध में है।

iv) जहाँ विश्वसनीय बाजार मूल्य उपलब्ध कराने में चलनिधि अपर्याप्त है वहाँ बाजार के संदर्भ में जटिल उत्पादों के मूल्यांकन के मुद्दे की जांच भी आवश्यक है। जटिल उत्पादों को खरीदते वक्त निवेशकों को संबद्ध चलनिधि पहलुओं और मूल्य के भाग के तौर पर चलनिधि जोखिम ञ्प्रीमियमट पर विचार करना पड़ सकता है। ऐसी प्रतिभूतियों को संपार्श्विक के तौर पर रखने वाली वित्तीय संस्थाओं को चलनिधि में ञ्हेयरकटट का प्रावधान भी करना होगा।

v) बैंकों के लिए जोखिम समेकन से संबंधित परिमाप सामान्य लेखांकन या विधि परिमाप से बड़ा सिद्ध हुआ है। उदाहरण के लिए (क) साखगत जोखिम बैंकों को कानूनी तौर पर स्वतंत्र इकाइयों को आंतरिक हानि के लिए विवश कर सकती हैं; और (ख) नई लिखतें एवं संरचनाएं, तुलन-पत्र से इतर एवं आकस्मिक देयताओं को ढ़क सकती है। इसका परिणाम यह होता है कि वह जोखिम जो वितरित हुआ प्रतीत होता था वह विभिन्न रूपों में वितरित करने वाले बैंक के पास वापस आ सकता है। संबंधित परिमाप केवल पर्यवेक्षी मुद्दा नहीं है, लेकिन वित्तीय संस्थाओं के लिए - उनका जोखिम प्रबंधन प्रणाली, लेखा -परीक्षा प्रक्रिया एवं आंतरिक निरीक्षण एवं शासन संरचनाएं हैं।

vi) नीति निर्धारकों को भी कुशल संतुलनकारी कार्रवाई करनी पड़ सकती है क्योंकि उन्हें ऐसा ढ़ाचा तैयार करना होता है जो अच्छे समय के साथ-साथ बुरे समय में भी निवेशकों के उच्च ऋण मानकों को बनाए रखने तथा जोखिम प्रबंधन प्रणालियों को मजबूत बनाने के लिए प्रोत्साहित करें। वैश्विक वित्तीय एवं मौद्रिक स्थितियों में व्याप्त अति अनिश्चितताओं के प्रति उचित तरीके से प्रतिक्रिया देने में सक्षम बनाने के लिए ज्यादा सर्तकता बनाए रखने की भी आवश्यकता है।

(vii) संपार्श्विक के बाजार मूल्य पर अधिक वस्तुनिष्ठ जानकारी निकालने की आवश्यकता है, विशेष रूप से ऐसी स्थिति में जहां ऐसी जानकारी ऑन लाइन आधार पर उपलब्ध न होने से संपार्श्विक बाजार के प्रति पूर्णतः चिह्नित नहीं किए जाते। संकट ने इस मुद्दे को भी उभारा कि क्या हाय फ्रिक्वेंसी आधार पर मूल्य उपलब्ध न होनेवाली कुछ प्रकार की आस्तियों को बाजार के प्रति चिह्नित करने की सीमा है?

(viii) ऋण बाजार में उत्पन्न होने वाली समस्या तेजी से मुद्रा बाजारों और ऋण बाजारों तक फैल जाती है जिससे बाजार के विभिन्न घटक अत्यधिक एकीकृत हो गए हैं। इससे विकसित देशों में वित्तीय बाजारों पर निगरानी बढ़ाने की आवश्यकता रेखांकित हो गई। इसके अलावा, जहां वित्तीय बाजारों का वैश्विक बनना बढ़ता जा रहा है, वहीं वित्तीय बाजारों का विनियमन राष्ट्रीय बना हुआ है। इस खामी पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

रिज़र्व बैंक ने बैंकों में विद्यमान संचालन मानक, जोखिम प्रबंधन प्रणाली और प्रोत्साहन रूपरेखा को ध्यान में रखकर वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उपयुक्त रक्षोपाय स्थापित किया है। इन प्रगामी नीतियों ने वित्तीय प्ध्रणाली की कार्यकुशलता और स्थिरता दोनों में योगदान दिया है।

संदर्भ :

आइएमएफ, (2007), वैश्विक वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट, सितंबर

मोहन राकेश, (2007), 'नई वित्तीय बाजार गतिविधियां एंव मौद्रिक नीति के लिए निहितार्थ (www.rbi.org.in)

रेम्सपर्गर, हरमैन, (2007), 'यूरोपीय दृष्टि से वर्तमान वित्तीय स्थिरता', ड्यूश बुंदेश बैंक, जून,

डॉज, डेविड, (2007) 'ऋण बाजारों में अस्तव्यस्तता - कारण, प्रभाव एवं सीखने की बातें:, बैंक ऑफ कनाडा, सितंबर

7. समग्र मूल्यांकन

6.147 घरेलू स्थितियों में समुचित रूप में ढलने वाले अंतरराष्ट्रीय सर्वोत्तम व्यवहारों के अनुरूप, वित्तीय क्षेत्र को मजबूत करने के लिए रिज़र्व बैंक अनेक उपाय कर रहा है। इन प्रयासों के फलस्वरूप भारत में मजबूत, गतिशील एवं लचीला बैंकिंग क्षेत्र उभरा है। परिचालनगत दक्षता और सुदृढ़ता संकेतकों की दृष्टि से भारतीय बैंकिंग प्रणाली की तुलना अब वैश्विक मानकों के साथ की जा सकती है। उठाए गए विभिन्न कदमों से वित्तीय बाजार के विभिन्न खंडों की गंभीरता और चलनिधि में भी वृद्धि हुई है। संस्थागत उपायों एवं नवीनतम प्रौद्योगिकी ने भुगतान और निपटान प्रणालियों की दक्षता में सुधार लाया है। आरटीजीएस के लागू होने से प्रणालीगत जोखिम के प्रमुख स्रोत में कमी आई है ।

6.148 पिछले कुछ वर्षों में बैंकिंग क्षेत्र की लाभप्रदता में बहुत ज्यादा लचीलापन आया है । ब्याज दर चक्र में तेजी के बावजूद बैंक लाभ में रहे हैं। आय और व्यय के विभिन्न घटकों का विश्लेषण यह दर्शाता है कि भारत में बैंक अपनी अधिकतर आय दीर्घकालिक मूल व्यवसाय स्रोत से प्राप्त करते हैं, जिसमें उनकी आय की मज़बूती का पता चलता है।

6.149 पिछले कुछ वर्षों से भिन्न, वर्ष के दौरान एनपीए की वसूली की तुलना में नई चूकें (स्लिपेज) ज्यादा थीं। हालांकि, एनपीए औसत (सकल/निवल ऋणों एवं अग्रिमों के प्रतिशत के तौर पर सकल एनपीए और निवल एनपीए) में कमी आई है और बैंक अपनी आस्ति गुणवत्ता के संबंध में आश्वस्त हैं। बैंकिंग क्षेत्र की पूँजी स्थिति मजबूत बनी रही क्योंकि जोखिम भारित आस्तियों में बढ़ोतरी के साथ-साथ पूँजी निधियां भी बढ़ी हैं। बैंकों ने सीआरएआर को 9 प्रतिशत के निर्धारित मानदडों से काफी अधिक रखना जारी रखा। मार्च 2007 के अंत तक, 79 बैंकों (82 वाणिज्य बैंकों में से) ने 10 प्रतिशत एवं उससे अधिक सीआरएआर बनाए रखा और दो बैंकों का सीआरएआर 9-10 प्रतिशत के बीच रहा। निर्धारित मानदंडों से कम सीआरएआर केवल एक बैंक का था। इस प्रकार, सामान्यतः, भारत में बैंक बासेल II की पूँजी आवश्यकताओं को पूरा करने की अच्छी स्थिति में है जो मार्च 2009 वर्ष के अंत से सभी बैंकों पर लागू होगा। यह बैंकिंग क्षेत्र के जोखिम प्रबंधन में सुधार लाएगा ।

6.150 कुछ ऐसे अल्पावधि से मध्यावधि जोखिम हैं जिनका सामना बैंकों को करना पड़ता है। बैंकों के समक्ष आ रहे दो बड़े जोखिम अर्थात ऋण जोखिम और बाजार जोखिम हैं। निकट भविष्य में बैंक सौम्य ऋण जोखिम वातावरण का सामना करते रहेंगे। तथापि, बैंकों को कुछ सीमा तक बाजार जोखिम का सामना करना पड़ता है, हालांकि उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में बाजार जोखिम के प्रति अपने एक्सपोजर को कम किया है।

6.151 अर्थव्यवस्था के सुदृढ़ समष्टि आर्थिक संकेतकों से निकट भविष्य में सौम्य ऋण जोखिम वातावरण तैयार होता है। पिछले चार वर्षों के दौरान वास्तविक जीडीपी के वृद्धि दर का औसत 8.6 प्रतिशत था, 2007-08 में वृद्धि अच्छी बनी रहने की आशा है, 2007-08 की पहली तिमाही में 9.4 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि हुई। औद्योगिक क्षेत्र ने अपनी वृद्धि गति बनाए रखी, हालांकि जुलाई और सितंबर 2007 में उसमें कुछ मंदी आई थी। सेवा क्षेत्र के विभिन्न मुख्य संकेतक इशारा कर रहे हैं कि यह क्षेत्र अच्छा प्रदर्शन करता रहेगा। मुद्रास्फीति दर जनवरी 2007 के 6.7 प्रतिशत की उच्च दर से गिरकर 3.1 प्रतिशत रह गई और मार्च 2007 के अंत में 5.9 प्रतिशत हो गई। हालांकि कच्चे तेल की कीमतों में नई वृद्धि के कारण मुद्रास्फीति की कम दर पर दबाव आ सकता है। उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति सितंबर में (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) कम हुई है, हालांकि यह ऊँचे स्तर पर बनी हुई है। पिछली फरवरी 2007 से अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 53 प्रतिशत तक उछाल आया जब प्रशासित घरेलू तेल की कीमतों में कमी की गई । यदि अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में और वृद्धि होती तो घरेलू तेल की कीमतों में भी वृद्धि करनी पड़ेगी जिससे घरेलू मुद्रा स्फीति पर असर पड़ा होता । इसके बावजूद, निकट भविष्य में मुद्रास्फीति के संतोषजनक सीमा में रहने के आसार हैं। भारत का बाह्य क्षेत्र मजबूती का प्रमुख स्रोत बना हुआ है। यद्यपि 2006-07 और 2007-08 की पहली तिमाही में व्यापार घाटे में वृद्धि हुई व्यापार घाटे के बड़े भाग का प्रतितुलन अदृश्य मदों द्वारा किया जा रहा है। इसके अलावा, भारत में लगातार बड़े पूंजी प्रवाह आ रहा है जिसके फलस्वरूप विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी से वृद्धि हुई है। हाल के समय में भारतीय वित्त बाजार ने हाल की प्रतिकूल अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों के प्रति लचीलापन दिखाया है। भारत में ब्याज दरें बढ़ी हैं और एएए श्रेणी वाले कारपोरेट बांड और जोखिम मुक्त सरकारी बांड के मध्य ब्याज दर अंतर में वृद्धि हुई है। फिर भी, वित्तीय स्थिति कुल मिलाकर ठीक है। घरेलू पूंजी बाजार में तेजी का माहौल है और कंपनियों के पास अतरराष्ट्रीय पूंजी बाजार से संसाधन जुटाने का लचीलापन भी है। कारपोरेट क्षेत्र ने उच्च लाभप्रदता को लंबे समय तक अनुभव किया है। तीव्र समष्टि आर्थिक स्थितियों के कारण यह आशा कि जाती है कि निकट भाविष्य में कारपोरेट उच्च लाभप्रदता बनाये रखेंगे। ऋण विस्तार में तेजी बनी रहेगी यद्यपि इसमें थोड़ा धीमापन है। वाणिज्यिक स्थावर संपदा क्षेत्र को दिए जाने वाले ऋण में कमी आई है, परन्तु यह अभी भी ज्यादा है।

पिछले कुछ वर्षों में तीव्र ऋण विस्तार के कारण यह संभव है कि भविष्य में बैंकों की चूक दरों में वृद्धि हो। यह ऋण दिए जाने में धीमेपन से जुड़कर आने वाले वर्षों में बैंक के एनपीए अनुपात में वृद्धि कर सकता है। हालांकि इस तरह की वृद्धि अधिक हाने की आशा नहीं है एवं संपूर्ण रूप से, ऋण जोखिम वातावरण में नरमी बनी रहेगी ।

6.152 तथापि, निकट समय में बैंकों के लिए बाजार जोखिम का थोड़ा खतरा है। ऐसे जोखिमों का प्रमुख स्रोत वित्तीय बाजार हैं। अमेरिकी सब-प्राइम बंधक बाजार में हाल की गतिविधियों ने वित्तीय बाजार में अस्थिरता एवं अनिश्चितता ला दी है। यद्यपि वैश्विक वित्तीय असंतुलन में कमी आयी है, परन्तु यह चिंता का विषय बना हुआ है। यदि वित्तीय बाजार में कोई अनियमित समायोजन होता, यह ब्याज दर एवं चलनिधि विस्थापन में परिर्वतन के द्वारा बैंकिंग क्षेत्र पर भी प्रभाव डाल सकता था । ब्याज दरों में अत्यधिक तेजी बैंकों के निवेश संविभाग में ज्मार्क्ड-टु-मार्केटट हानि ला सकती है। हालांकि, यह देखना महत्वपूर्ण है कि बैंकों का निवेश संविभाग कुल आस्तियों के प्रतिशत की तुलना में मार्च 2005 के अंत के 36.9 प्रतिशत और मार्च 2006 के अंत के 31.1 प्रतिशत से तेजी से घटकर मार्च 2007 के अंत में कुल आस्तियों का 27.5 प्रतिशत रह गया। ब्याज दर में अत्यधिक तेजी आवास मूल्य पर भी कुछ प्रभाव डालेगी और आंतरिक तुलन-पत्र में ब्याज दर जोखिम लाएगी। इससे ऋण हानियों में बढ़ोत्तरी के माध्यम से बैंकों के तुलन-पत्र पर बुरा प्रभाव पड़ेगा ।

6.153 भारत में बैंकों का ईक्विटी बाजार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष निवेश बहुत कम है। ईक्विटी बाजार में मंदी के मामले में, ईक्विटी मार्केट में निवेश हेतु दिए गए कुछ अग्रिमों को क्षति भी हो सकती है। यद्यपि ईक्विटी बाजार में मंदी के कारण ऋण हानि एवं पूंजी हानि दोनों हो सकती हैं, परन्तु बैंकों के सीमित एक्सपोजर के कारण ईक्विटी बाजार में प्रतिकूल गतिविधि का उन पर बहुत ज्यादा असर नहीं होगा। किंतु स्थावर-संपदा बाजार में बड़े परिवर्तन बैंकिंग क्षेत्र के तुलन -पत्र पर अत्यधिक प्रभाव डाल सकते हैं ।

6.154 अंततः, निकट भविष्य में समष्टि आर्थिक दृष्टिकोण अनुकूल दिख रहा है और ऋण जोखिम वातावरण पर इसका सकारात्मक प्रभाव जारी रहेगा। हालांकि पिछले तीन वर्षों में तीव्र ऋण वृद्धि के कारण बैंकों के ऋण संविभाग में एनपीए की अत्यधिक चूकें (स्लीपेज) हो सकती हैं। बैंकों के समक्ष बाजार जोखिम है, यद्यपि हाल के वर्षों में ऐसे जोखिमों की मात्रा में महत्वपूर्ण गिरावट आई है। कुछ मामलों में, बाजार सहभागियों के समक्ष आए बाजार जोखिम बैंकों की बहियों में ऋण जोखिम के रूप में परिलक्षित हो सकते हैं। हालांकि, बैंकों के पास सामर्थ्य है कि वे वित्तीय बाजार की प्रतिकूल गतिविधि का सामना कर सकते हैं। बैंकों की लाभप्रदता में सुधार आया है और उनकी पूंजी स्थिति मजबूत बनी हुई है। इस प्रकार, किसी प्रतिकूल गतिविधि से उत्पन्न होने वाली परिस्थिति का सामना करने के लिए बैंकिंग प्रणाली में साधन उपलब्ध हैं। बैंकिंग क्षेत्र के तुलन-पत्र पर मजबूत घरेलू वृद्धि सकारात्मक प्रभाव डालना जारी रखेगी।

अध्याय VII

संभावनाएं

7.1 1990 के दशक के आरंभ से शुरू किए गए वित्तीय सुधारों का वाणिज्यिक बैंकों के कार्य-प्रणाली पर गहरा प्रभाव पड़ा, जो कि भारतीय बैंकिंग प्रणाली का प्रणालीगत रूप से सबसे महत्वपूर्ण घटक है। सरकार एवं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा शुरू किए गए विभिन्न सुधारों के परिणामस्वरूप, भारत में बैंकिंग प्रणाली मजबूत, स्वस्थ, गतिशील एवं लचीली हुई है जो निरंतर वृद्धि एवं वित्तीय स्थिरता के लिए आवश्यक शर्त है। वाणिज्यिक बैंकिंग क्षेत्र के स्वरूप में परिवर्तन के पश्चात हाल के वर्षों में वित्तीय प्रणाली की अन्य संस्थाओं जैसे क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, शहरी सहकारी बैंकों, ग्रामीण सहकारी संस्थाओ की ओर ध्यान केंद्रित किया गया है। समाज के विभिन्न वर्गों तक वित्तीय सेवाओं को पहुचाने में ये संस्थाएं महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं, अतः वित्तीय समावेशन पर नीतिगत महत्व को ध्यान में रखते हुए इनकी भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

7.2 भारत में बैंकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती विकासशील अर्थव्यवस्था की माँग को पूरा करने के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाना है। भारत में बैंकों का अधिकतर कारोबार अभी भी बड़े शहरी केंद्रों पर केंद्रित हैं। इस समस्या को कम करने के लिए 2006 से किसी भी बैंक की नई शाखा खोलने के लिए अनुमोदन केवल रिज़र्व बैंक से मिलता है जिसमें शर्त होती है कि ऐसी शाखाओं में से कम-से-कम आधी शाखाएं रिज़र्व बैंक द्वारा अधिसूचित किए गए कम बैंकिंग सुविधायुक्त क्षेत्रों में खोली जानी चाहिएं। अनेक बैंकों को अब पता चला है कि अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की शाखाएं भी वाणिज्यिक रूप से सक्षम होती हैं। रिज़र्व बैंक ने हाल के वर्षों में शत प्रतिशत वित्तीय समावेशन सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय क्षेत्र के लोकतांत्रिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया है। रिज़र्व बैंक ने रोजगार में नए लोगों के भारी प्रवेश और तेजी से बाजारीकृत हो रहे वित्तीय क्षेत्र में ऊंची आय के वित्त के बेहतर प्रबंधन की दृष्टि से वित्तीय साक्षरता बढ़ाने और वित्तीय शिक्षा देने का कार्य शुरू किया है। कुछ ऐसे राज्य हैं जहां ऋण-जमा अनुपात कम देखा गया है। बढ़ी हुई वित्तीय गहनता के लिए राज्य सरकारों, बैंकों और अन्य स्थानीय विकासक संस्थाओं की पूर्ण सहभागिता के साथ पहले ही कुछ क्षेत्र विशेष की कार्य योजनाएं बनायी गयी हैं। रिज़र्व बैंक राज्यों और बैंकिंग प्रणाली के बीच बढ़ते समन्वय में उत्प्रेरक और समन्वयक की भूमिका निभाना जारी रखेगा। कम ऋण जमा अनुपात वाले छोटे केंद्रों और राज्यों में वृद्धि की भारी संभावना है। भावी चुनौती बैंकिंग के विस्तार को बढ़ाने की है। अतः बैंकों के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी कार्यनीति में पुनः बल देकर और उपयुक्त प्रौद्योगिकी और वितरण माध्यम अपनाकर अब तक बैंकिंग सुविधा की कमी वाले क्षेत्रों / राज्यों में अपनी पहुंच बढ़ाएं। लेनदेन लागत घटाने में सूचना प्रौद्योगिकी बहुत उपयोगी है।

7.3 बैंकिंग क्षेत्र के लिए यह भी आवश्यक है कि कृषि और लघु उद्योगों की ओर ऋण प्रवाह बढ़ाया जाए। कृषि और लघु उद्योगों की ओर ऋण प्रवाह में कमी की समस्या के समाधान के लिए रिज़र्व बैंक ने पहले ही प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र की परिभाषा में संशोधन किया है। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र पर संशोधित दिशानिर्देश अप्रैल 2007 में जारी किए गए । अब प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र कृषि, लघु उद्योग जैसे रोजगार की अति गहनता वाले क्षेत्रों, विद्यार्थियों के लिए शैक्षिक ऋण और कम लागत के आवास ऋणों तक सीमित है।

7.4 बैंकों के सामने एक और चुनौती तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अपने परिचालनों को निरंतर बनाए रखने के लिए बाजार से पूंजी जुटाना है। बैंकों को भविष्य में उनके लाभ को बनाए रखने में अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। बैंकों की निवल ब्याज मार्जिन हाल के वर्षों में दबाव में आई है। यह बढ़ी हुई प्रतिस्पर्धा का परिणाम है और यह बैंकिंग क्षेत्र की कार्यक्षमता में सुधार दर्शाता है। तथापि, बैंकों के लाभ पर कम हुई मार्जिन का प्रभाव पिछले कुछ वर्षों में मात्रा में भारी वृद्धि के कारण छिप गया। भविष्य में लाभप्रदता बनाए रखने के लिए बैंकों को आय के ब्याज से भिन्न स्रोत ढूंढने के अलावा परिचालन लागत को और कम करना होगा।

7.5 वित्तीय सेवा उद्योग का वैश्वीकरण बढ़ता जा रहा है और प्रतिस्पर्धा गहन होती जा रही है। वैश्वीकरण, प्रतिस्पर्धा में वृद्धि और सूचना प्रौद्योगिकी में प्रगति से उत्पादों में नवोन्मेषीकरण हो रहा है। कुछ नए उत्पाद जटिल हैं और यह निर्धारित करना कठिन हो जाता है कि ऐसे उत्पादों में जोखिम कहां होता है। बैंकों के सामने चुनौती यह है कि ऐसे जोखिम के प्रबंध के लिए वे उपयुक्त जोखिम प्रबंधन प्रणाली बनाएं और रिज़र्व बैंक के सामने यह चुनौती है कि वह जोखिम के बदलते रूपों को पहचाने और वित्तीय स्थिरता बनाए रखते हुए विनियामक और पर्यवेक्षी दायित्व ठीक से अपनाए।

ऋण वितरण और मूल्य निर्धारण

7.6 2003-04 से 2005-06 के दौरान देखी गई उच्च ऋण वृद्धि थोड़े परिमार्जन के साथ 2006-07 में जारी रही। पिछले वर्ष बैंकों को ऋण वृद्धि की मांग को पूरा करने के लिए सरकारी प्रतिभूतियों को परिनिर्धारित करना पड़ता था परंतु वर्ष 2006-07 में मजबूत जमा वृद्धि की वजह से ऋण वद्धि तीव्र रही। यद्यपि 2006-07 के दौरान बैंकों ने सरकारी एवं अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में वृद्धिशील

निवेश किए हैं, ऐसे निवेश निवल मांग एवं मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) में बढ़ोतरी के अनुरूप नहीं रहे। परिणामस्वरूप एनडीटीएल के प्रतिशत के तौर पर सांवधिक चलनिधि अनुपात धारिता 16 अप्रैल 2004 के 42.7 प्रतिशत के अधिकतम और मार्च 2006 अंत के 31.3 प्रतिशत से घटकर मार्च 2007 अंत तक 28.0 प्रतिशत हो गई। इस प्रकार, 1990 दशक के मध्य में जमा हुई एसएलआर संविभाग की अतिरिक्त धारिता में पिछले तीन वर्षों के दौरान आनुपातिक मात्रा में कमी आयी है।

7.7 बैंकों की आस्ति गुणवत्ता की रक्षा एवं कुछ क्षेत्रों में ऋण प्रवाह को कम करने के लिए जोखिम भार एवं प्रावधानीकरण आवश्यकताओं में वृद्धि जैसे विवेकपूर्ण साधनों का प्रयोग रिज़र्व बैंक ने पिछले कुछ वर्षों में किया था। इस रणनीति ने कार्य किया है, जिससे वाणिज्यिक स्थावर संपदा एवं वैयक्तिगत ऋण में कमी आई है, जबकि वाणिज्यिक स्थावर-संपदा की ऋण वृद्धि बहुत अधिक थी। 2006-07 के दौरान ऋण में मंदी का प्रसार अनेक क्षेत्रों, अर्थात् कृषि, उद्योग, निजी ऋण और अन्य सेवाओं तक था। तथापि, लघु उद्योग क्षेत्र को दिया ऋण बढ़ गया जो एक सकारात्मक घटना है। कृषि को दिए ऋण में मंदी आने के बावजूद वह कुल ऋण की तुलना में तेजी से बढ़ा।

7.8 वर्ष 2007-08 के दौरान (17 अगस्त 2007 तक) बैंक ऋण के क्षेत्रवार नियोजन पर अद्यतन जानकारी से पता चलता है कि सभी मुख्या क्षेत्रों में ऋण वृद्धि में कमी होने के बावजूद कृषि और उद्योग के पक्ष में क्षेत्रवार ऋण आबंटन में पुनर्संतुलन हुआ है। स्थावर संपदा, आवास, क्रेडिट कार्ड सहित निजी ऋण जैसे तेजी से बढ़े क्षेत्रों के संबंध में 2006-07 के दौरान रिज़र्व बैंक द्वारा किए गए विवेकसम्मत और अन्य उपायों के कारण इन क्षेत्रों के प्रति बैंक ऋण में भारी कमी आई। उधार ब्याज दरों में वृद्धि के कारण कंप्यूटर सॉफ्टवेयर, व्यापार और परिवहन परिचालन जैसे तेजी से बढ़ते अन्य क्षेत्रों के प्रति भी बैंक ऋण कम हो गया। औद्योगिक क्षेत्र में, विशेषकर बुनियादी संरचना, धातु और वस्त्र-उद्योग क्षेत्र की ओर तेज ऋण विस्तार हुआ। अर्थव्यवस्था की मध्यावधि और दीर्घावधि निधीयन आवश्यकताएं पूरी करने में बैंकों को एक भूमिका अदा करनी है। तथापि, उसी समय, बैंकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ऐसे उधार परिचालन से आस्ति-देयता असंतुलन उत्पन्न न हो।

7.9 कृषि क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को बढ़ाने के लिए रिज़र्व बैंक ने कदम उठाना जारी रखा। अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (आरआरबी सहित) से कृषि ऋण प्राप्त करने की प्रक्रियायों एवं विधियों की समीक्षा की गई। बैंकों को छोटे एवं सीमांत किसानों, बंटाईदारों के लिए 50,000/- रुपये तक के छोटे ऋणों के लिए 'अ-देयता' प्रमाणपत्र (एनडीसी) की आवश्यकता को खत्म करने एवं इसके बदले उधारकर्ता से स्व-घोषणा प्राप्त करने की सलाह दी गई। बैंकों को भूमिहीन मजदूरों, बटाईदारों एवं मौखिक पट्टेदारों के मामलों में स्थानीय प्रशासन/पंचायती राज संस्थाओं द्वारा दिए गए प्रमाणपत्रों को स्वीकार करने की भी सलाह दी गई। प्राकृतिक आपदा के कारण जिन आपदाग्रस्त किसानों के खाते/पहले पुनःर्निधारित/विनियमित किए गए हैं एवं अपने नियंत्रण के बाहर की परिस्थितियों के कारण जिन किसानों ने ऋण भुगतान में चूक की है, उन्हें सहायता पहुँचाने के लिए, ऐसे किसानों के लिए एक बारगी निपटान (ओटीएस) की पारदर्शी नीति तैयार करने की सलाह बैंकों को दी गई। आपदाग्रस्त किसानों के लिए ऋण गारंटी योजना लागू करने का भी प्रस्ताव है।

7.10 समाज की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप, पिछले कुछ वर्षों में प्राथमिकता क्षेत्र का कार्यक्षेत्र एवं उसकी परिभाषा लगातार परिष्कृत हो रही है। प्राथमिकता क्षेत्र को ऋण पर 30 अप्रैल 2007 को संशोधित दिशा-निर्देश जारी किए गए जहाँ समाज/अर्थव्यवस्था के उन क्षेत्रों को बैंक ऋण के पर्याप्त प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है जो जनसंख्या के सबसे बड़े भाग, कमजोर वर्ग और कृषि तथा अत्यंत लघु एवं छोटे उद्यमी जैसे गहन-रोजगार वाले क्षेत्रों पर प्रभाव डालता है।

7.11 लघु और मझोले उद्यम भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण घटक हैं। फिर भी, इस महत्वपूर्ण घटक को बैंक ऋण प्रदान करना स्थिर सा हो गया है। इसलिए, रिज़र्व बैंक ने इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में ऋण के प्रवाह को बढ़ाने के लिए हाल ही में बहुत सारे कदम उठाये हैं। इन प्रयासों के अच्छे परिणाम प्राप्त हुए क्योंकि हाल के वर्षों में एसएमई क्षेत्र को दिए गए ऋण में अच्छी वृद्धि हुई है। 2006-07 के दौरान भी, सभी अन्य क्षेत्रों को दिए गए ऋण में कमी आई।

7.12 समाज के कुछ वर्गों में यह लगातार महसूस किया जा रहा है कि रिज़र्व बैंक द्वारा बैंकों को नियमित रूप से जारी दिशा-निर्देशों का आम जनता कई कारणों से लाभ लेने की स्थिति में नहीं है। इनमें अपने वित्त, विशेषकर चूक खातों के प्रबंधन की असमर्थता शामिल हो सकती है। व्यक्ति अपनी वित्तीय स्थिति की पर्याप्त जानकारी बैंकों को सुस्पष्ट रुप से नहीं बता रहे हैं। इसके अतिरिक्त, विकसित किए गए कुछ उत्पाद जटिल हैं और ग्राहक को उन्हें समझने में कठिनाई हो रही है। कुछ ग्राहक उस प्रकार के ऋण भी ले सकते हैं जो उनके लिए अनुपयुक्त एवं महंगा है। ऋण सलाह केंद्र बड़ी संख्या में ऐसी समस्याओं को कम कर सकते हैं। यह उत्साहजनक बात है कि कुछ बैंकों ने पहले ही इस दिशा में प्रयास करना आरंभ कर दिया है।

7.13 ऋण की व्यवहार्यता को बढ़ाने के लिए वित्तीय एवं जीविका सलाह महत्वपूर्ण है, इस तथ्य को स्वीकारते हुए रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2007-08 के वार्षिक नीति वक्तव्य में प्रायोगिक तौर पर राज्य स्तरीय बैंकर समिति संयोजक बैंकों को किसी एक जिले में वित्तीय साक्षरता सलाह केंद्र स्थापित करने की सलाह दी है। प्राप्त अनुभव

के आधार पर संबंधित अग्रणी बैंक अन्य जिलों में ऐसे केंद्र खोल सकते हैं।

	22	• चल (फ्लोटेशन) प्रावधानों की उपयोगिता, सृजन, लेखांकन तथा प्रकटीकरण के संबंध में बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको को छोड़कर) को संशोधित मानदंड जारी किए गए हैं, अर्थात् ऐसे प्रावधान जो विशिष्ट गैर-निष्पादक आस्तियों के संबंध में नहीं किए गए हैं अथवा मानक आस्तियों के लिए विनियामक अपेक्षा से अधिक किए गए प्रावधान।
	27	• पूरे देश में आधुनिकतम सुदृढ़ ईसीएस सेवाएं प्रारंभ करने की दृष्टि से जिसमें और अधिक शाखाएं एवं स्थान शामिल होंगे तथा आकड़ों की प्रस्तुति केंद्रीकृत रूप से होगी, बैंकों को सूचित किया गया है कि वे यह जानकारी दें कि इस परियोजना के लिए उनकी तैयारी किस हद तक है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2006		
जुलाई	4	• बैंकों को सूचित किया गया कि वे ईसीएस (नामे) लेनदेन का संचालन करने के लिए उपयुक्त अधिदेश प्रबंध नित्यचर्या (रुटीन) बनाने हेतु उपाय करें।
	12	• बैंकों को अनुमति दी गई है कि विशेष क्षेत्र में मानक आस्तियों पर अतिरिक्त सामान्य प्रावधान करना समाप्त कर दें अर्थात् वैयक्तिक ऋण, पूंजी बाजार एक्सपोजर के रूप में दिए गए ऋण और अग्रिम, 20 लाख रुपए से अधिक के रिहाइशी आवसीय ऋण तथा वाणिज्यिक स्थावर संपदा ऋण /वित्तीय वर्ष 2006-07 में अतिरिक्त प्रावधान की अपेक्षा इस प्रकार होगी : (क) जून 2006 को समाप्त तिमाही हेतु 0.55 प्रतिशत, (ख) सितंबर 2006 को समाप्त छमाही हेतु 0.70 प्रतिशत, (ग) दिसंबर 2006 को समाप्त तिमाही हेतु 0.85 प्रतिशत और (घ) मार्च 2007 में समाप्त होने वाले वर्ष के लिए 1.00 प्रतिशत।
	14	• बैंकों को सूचित किया गया है कि वे इंटरनेट आधारित ऐसी इलेक्ट्रॉनिक पर्स योजनाओं से न जुड़े जो जमा लेनेवाली हों और जिन्हें मांग पर आहरित किया जा सकता हो।
	17	• बैंकों को सूचित किया गया है कि माननीय प्रधान मंत्री द्वारा घोषित 'महाराष्ट्र में विदर्भ क्षेत्र में राहत उपाय' के पैकेज के अनुरूप अधिसूचित जिलों के सभी किसानों के ऋण खाते जो 01 जुलाई 2006 को अतिदेय हो गए हैं, का पुनःनिर्धारण करना सुनिश्चित करें और उन पर देय ब्याज (01 जुलाई, 2006 को) को पूरी तरह माफ कर दें। ऐसे किसानों को नया वित्त दिया जाना भी सुनिश्चित किया जाए। इस प्रयोजन हेतु बैंकों द्वारा दिया जाने वाला 1,275 करोड़ रुपए का कुल ऋण बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा (एसएलबीसी संयोजक होने के नाते) उन जिलों में कार्यरत बैंकों को आबंटित किया जाएगा।
	20	• बैंकों को सूचित गया कि वे सेवा प्रभार और शुल्क की जानकारी अपने वेबसाइट के होमपेज पर उपयुक्त स्थान पर 'सेवा प्रभार और शुल्क' शीर्षक के अंतर्गत प्रदर्शित करें ताकि बैंक के ग्राहकों को यह जानकारी सहज प्राप्त हो सके। एक शिकायत का फार्म, शिकायत निवारण करने वाले अधिकारी के नाम के साथ होम पेज पर दिया जाए ताकि ग्राहक आसानी से शिकायत दर्ज कर सकें। शिकायत के कार्य में यह उल्लेख हो कि शिकायत निवारण का पहला स्थान बैंक है, और शिकायतकर्ता तभी बैंकिंग लोकपाल से संपर्क करे जब एक महीने के भीतर बैंक के स्तर पर उसकी शिकायत दूर नहीं की जाती है।
अगस्त	1	• केंद्र सरकार की प्रतिभूतियों के लेनदेन में 'व्हेन इश्यूड' से संबंधित लेखांकन तथा संबद्ध पहलुओं की जानकारी जारी की गयी है।
	3	• मौजूदा अमृतसर जिले में से काटकर 16 जून, 2006 से एक नया जिला तरन तारन बनाया गया है जिसमें तीन तहसीलें हैं : तरन तारन (200 गांव), खडूर साहब (96 गांव), और पट्टी (197 गांव) । नए जिले में अग्रणी बैंक का दायित्व पंजाब नेशनल बैंक को सौंपा गया है।
	9	• प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित क्षेत्रों में बैंकों द्वारा किए जानेवाले राहत उपाय के संबंध में अतिरिक्त दिशानिदेश जारी किए गए। • बैंकों को सूचित किया गया कि वे पीडी कारोबार के लिए पृथक एसजीएल खाता न रखें। जो बैंक पीडी कारोबार विभागीय रूप से कर रहे हैं वे केवल एक एसजीएल खाता रख सकते हैं। तथापि, उन्हें आंतरिक तौर पर पृथक लेखा बही रखने की आवश्यकता है ताकि सतत आधार पर यह निगरानी रखी जा सके कि न्यूनतम 100 करोड़ रुपए की निर्धारित राशि की सरकारी प्रतिभूति रखी जा रही है और पीडी कारोबार द्वारा किए गए लेनदेन का रिकार्ड रखा जा सके।
	10	• सीआरआर के अंतर्गत निर्धारित राशि रखने पर चूक करने पर दण्डात्मक ब्याज दर के बारे में दिशानिदेश जारी किए गए। 24 जून, 2006 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से दण्डात्मक ब्याज इस प्रकार लगाया जाएगा : i) दैनिक आधार पर सीआरआर बनाए रखने जो इस समय कुल सीआरआर अपेक्षा का 70 प्रतिशत है, में चूक होने पर दण्डात्मक ब्याज उस दिन के लिए बैंक दर से तीन प्रतिशत अधिक दर पर वार्षिक आधार पर उस राशि पर वसूला जाएगा जो उस दिन के लिए निर्धारित राशि को बनाए रखने में जितनी राशि की कमी हुई है; और यदि यह कमी अगले दिन/दिनों की बरकरार रहती है तो दंडात्मक ब्याज बैंक दर से पांच प्रतिशत अधिक दर पर वार्षिक आधार पर वसूला जाएगा; (ii) एक पखवाड़े के दौरान औसत आधार पर सीआरआर बनाए रखने में चूक होने पर दंडात्मक ब्याज भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (3) में दिए अनुसार वसूला जाएगा। इसी प्रकार के दिशानिदेश क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 11 अगस्त, 2006 को जारी किए गए हैं।
	22	• बैंकों को अनुमति दी गई कि वे कतिपय शर्तों के अधीन पूर्व में अनुमत इंटरनेट आधारित प्लेटफार्म पर स्थानीय करेंसी उत्पाद के अलावा कतिपय लेनदेन के लिए इंटरनेट आधारित विदेशी मुद्रा विनिमय सेवाएं प्रदान करें।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2006		
अगस्त	24	• सभी बैंकों को सूचित किया गया है कि खादी संस्था और उद्यमियों को ऋण सुविधा देने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी) द्वारा जारी ब्याज सब्सिडी पात्रता प्रमाणपत्र को मान्यता प्रदान करें; बशर्ते कार्यशील पूंजी हेतु केवीआइसी की मूल्यांकन आवश्यकता बैंक द्वारा किए गए मूल्यांकन से 10 प्रतिशत से अधिक न हो। • बाहरी निवेशकों के लिए और बेहतर ग्राहक सेवा देने के लिए निवेशकों को राहत/बचत बांडों के छमाही ब्याज/मूलधन उन्हें उनकी पसंद के स्थान पर या तो मांग ड्राफ्ट जारी करके या मुफ्त अथवा 'सममूल्य' के चेक द्वारा जो बैंक की समस्त शाखाओं पर देय हो, दिया जाए।
सितंबर	1	• प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र उधार के लिए समग्र लक्ष्य तथा कमजोर वर्ग के लिए 10 प्रतिशत के उप लक्ष्य की सीमा के भीतर, यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास किया जाए कि अल्पसंख्यक समुदाय को भी समान अंश में ऋण प्राप्त हो। उपर्युक्त अपेक्षाओं का ध्यान अग्रणी बैंकों द्वारा जिला ऋण योजना बनाते समय रखना होगा। • शाखाओं में ग्राहकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया है कि वे खाताधारक को जारी पासबुक/लेखा विवरण में शाखा का पूरा पता/दूरभाष संख्या अनिवार्य रूप से लिखें। इसी प्रकार के दिशानिदेश क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 15 सितंबर 2006 को जारी किए गए हैं।
	4	• बैंकों को यह स्पष्ट किया गया है कि अधिस्थगन आदेश, अधिकतम चुकौती अवधि, पुनःनिर्धारित ऋण के लिए अतिरिक्त संपार्श्विक तथा नए वित्त के संबंध में आस्ति वर्गीकरण से संबंधित अनुदेश, कृषि के अलावा, उद्योग एंव व्यापार के खातों सहित सभी प्रभावित पुनःनिर्धारित उधारी खातों पर लागू होंगे। प्राकृतिक आपदा की तारीख को पुनःनिर्धारित खाते का आस्ति वर्गीकरण किया जाना जारी रहेगा बशर्ते पुनर्निधारण प्राकृतिक आपदा की तारीख से तीन महीने के भीतर पूरा कर लिया गया हो।
	14	• बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे शाखा प्रबंधकों को पर्याप्त शक्तियां प्रत्यायोजित करें ताकि वे स्वर्णजयंती ग्रामीण स्वरोजगार योजना के अंतर्गत सब्सिडी राशि को छोड़कर, उच्च अधिकारी को संदर्भित किए बिना ऋण मंजूर कर सकें और ऋण पर ब्याज की गणना हेतु क्रियाविधि का पालन कर सकें।
	18	• भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में 'चोहंग बैंक' का नाम बदलकर 12 अगस्त, 2006 से 'सिनहन बैंक' कर दिया गया है।
	20	• बैंकों को सूचित किया गया कि विशेष आर्थिक क्षेत्र की स्थापना करने अथवा विशेष आर्थिक क्षेत्र की इकाइयों का अभिग्रहण करने, जिसमें स्थावर संपदा शामिल है, हेतु संस्थाओं में किए गए बैंकों के एक्सपोजर को तुरंत प्रभाव से वाणिज्यिक स्थावर संपदा क्षेत्र में किया गया एक्सपोजर माना जाएगा और बैंक वर्तमान दिशानिदेशों के अनुसार उसके लिए प्रावधान करें और उचित जोखिम भार भी लगाएं। • बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 17(1) और 17(1) (ख) (ii) के अंतर्गत लाभ को उनकी प्रारक्षित निधि में अंतरित करने के संबंध में बैंकों को विस्तृत अनुदेश जारी किए गए हैं।
अक्तूबर	4	• बैंकों को कहा गया कि अपने सभी खाता धारकों (व्यक्तिगत) को पास बुक सुविधा अवश्य दें।
	5	• प्राथमिक व्यापारी का कारोबार कर रहे/करने जा रहे बैंकों को परिचालनगत दिशानिर्देश जारी किए गए।
	11	• बैंकों को सूचित किया गया था कि गारंटी के हिताधिकारी की ओर से दायित्व के संबंध में नियंत्रक कार्यालय/प्रधान कार्यालय से गारंटी की पुष्टि प्राप्त करने के लिए गारंटी अधिदेशात्मक खंड जोड़ना जरूरी नहीं होगा।
	18	• बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया था कि विनिर्दिष्ट जिले में किसानों के ऋण खातों को जोकि 1 जुलाई 2006 को अतिदेय हो गए थे, उन्हें ऋण से पीड़ित किसानों को, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के राज्यों के 25 जिलों के, राहत के रूप में किए गए पैकेज के समान पुनः अनुसूचित करें।
	31	• सभी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के सिवाय) को सूचित किया गया था कि चालू समष्टि आर्थिक और समग्र मौद्रिक परिस्थितियों के मद्देनजर, रिजर्व बैंक की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत नियत रिपो दर को दूसरी चल निधि समायोजन सुविधा , 31 अक्तूबर, 2006 से, के 25 आधार बिंदु बढ़ाकर 7 प्रतिशत से 7.2 प्रतिशत कर दी गई है। चल निधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत रिवर्स रिपो दर 6 प्रतिशत पर ही अपरिवर्तनीय है। चल निधि समायोजन के अन्य नियमों और शर्तों में कोई परिवर्तन होगा।
नवंबर	3	• वित्तीय सेवाएं आउटसोर्सिंग करने के संबंध में सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंक को जोखिम प्रबंधन व आचार संहिता पर दिशानिर्देश जारी किए गए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2006		
नवंबर	6	• विदेशों में भारतीय कार्पोरेट के व्यवसाय में सहायता देने के लिए भारतीय संयुक्त उद्यम (जहां भारतीय कंपनी की होल्डिंग 51 प्रतिशत से अधिक है) /विदेशों में पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनियों को बैंकों द्वारा दी जाने वाली ऋण और ऋण से इतर सुविधाओं पर विवेक सम्मत (प्रूडेंशियल) सीमा को उनके अक्षत पूंजी कोष (टीयर I और टीयर II पूंजी) के 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है।
	10	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि डुप्लीकेट डिमांड ड्राफ्ट जारी करने के लिए तय की गई पखवाड़े की समय-सीमा उन्हीं मामलों में लागू होगी जहां डुप्लीकेट डिमांड ड्राफ्ट का अनुरोध ड्राफ्ट खरीदने वाले ने किया हो या ड्राफ्ट जिसके नाम हो (हिताधिकारी/ बेनीफिशियरी) और उन मामलों में नहीं जहां ड्राफ्ट तीसरे पक्ष को परांकित किया गया है।
	13	• विपदाग्रस्त किसानों और वश के बाहर परिस्थितियों के कारण कर्ज नहीं चुका सकने वाले किसानों की सहायता करने के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंक अपने बोर्ड के अनुमोदन से पारदर्शी एकबारगी निपटान (ओटीएस) की नीतियां बना सकते हैं।
	28	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को कहा गया कि ऐसे स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) को दिया गया कर्ज जो कृषि एवं संबंधित कार्यकलापों से जुड़े हों, कृषि को प्रदत्त प्रत्यक्ष वित्त समझा जाएगा, बशर्ते संबंधित अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा स्वयं सहायता समूहों/माइक्रो क्रेडिट पोर्टफोलिओं पर अलग-अलग आंकड़े रखे गए हों।
दिसंबर	11	• रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का आरक्षित नकदी निधि अनुपात उनके निवल मांग और मीयादी देयताओं के एक प्रतिशत प्वाईंट का आधा दो चरणों में बढ़ा दिया, 23 दिसंबर 2006 से प्रारंभ पखवाड़े से 5.25 प्रतिशत और 6 जनवरी 2007 से 5.50 प्रतिशत।
	15	• विवेकपूर्ण पूंजी बाजार मानक जैसे पूंजी बाजार एक्सपोजर के घटक, पूंजी बाजार में बैंकों के एक्सपोजर की सीमा आदि पर रिज़र्व बैंक ने सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को संशोधित निर्देश /मानक जारी किए।
	18	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि ग्राहकों को ड्रॉप बॉक्स में चेक डालने को बाध्य न किया जाए। बैंकों को यह भी कहा गया कि चेक ड्रॉप बॉक्स पर वे यह संदेश लिखें, ञ्ग्राहक अपना चेक काउंटर पर भी जमा कर सकते हैं और जमा-पर्ची पर पावती ले सकते हैं।ट यदि ग्राहक काउंटर पर चेक जमा करता है तो कोई भी शाखा पावती देने से इंकार न करे। ऐसे ही आदेश क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों और जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को 26 दिसंबर 2006 को और शहरी सहकारी बैंकों को 28 दिसंबर 2006 को जारी किए गए।
	20	• उदारीकृत प्रेषण योजना में संशोधन करके किसी भी चालू या पूंजी खाता लेनदेन या दोनों के लिए 25,000 अमरीकी डॉलर की सीमा को बढ़ाकर रिज़र्व बैंक ने प्रति वित्तीय वर्ष (अप्रैल-मार्च) 50,000 अमरीकी डॉलर कर दिया।
	22	• भारत सरकार से परामर्श करने के बाद प्रतिभूति बाजार जैसे स्टॉक एक्सचेंज, डिपॉजिटरी और क्लियरिंग कॉरपोरेशनों में इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में विदेशी निवेश की अनुमति दे दी गई है जो सेबी के विनियमों के अनुपालन और निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी: (i) 26 प्रतिशत की विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआइ) और 23 प्रतिशत विदेशी संस्थागत निवेश (एफआइआइ) निवेश की अलग-अलग सीमा के साथ इन कंपनियों में 49 प्रतिशत तक विदेशी निवेश की अनुमति होगी, (ii) एफडीआइ के लिए एफआइपीबी की निर्दिष्ट पूर्व अनुमति आवश्यक होगी; और (iii) विदेशी संस्थागत निवेश (एफडीआइ) केवल सेकेंडरी मार्केट में खरीद के जरिये होगा।
2007		
जनवरी	4	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को संपत्तियों के मूल्य निर्धारण, बैंक की अपनी संपत्तियों के मूल्य के पुनर्निर्धारण और स्वतंत्र मूल्य निर्धारकों को पैनल में शामिल करने की नीति संबंधी दिशा निर्देश जारी किए गए।
	9	• रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा कि शेयर और स्टॉक ब्रोकरों की ओर से बैंकों द्वारा दी जानेवाली गारंटियों के लिए न्यूनतम 50 प्रतिशत की मार्जिन और 25 प्रतिशत की न्यूनतम नकद मार्जिन वाली शर्त पण्य बाजार (कमोडिटि एक्सचेंज) विनियमावली के अनुसार मार्जिन संबंधी अपेक्षाओं के बदले में, राष्ट्रीय स्तर पण्य बाजारों के पक्ष में बैंकों द्वारा कमोडिटि ब्रोकरों की ओर से दी गई गारंटियों के लिए भी लागू होगी।
	10	• भारतीय रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा कि स्टेट बैंक ऑफ पटियाला को पंजाब के नये जिले अर्थात् बरनाला के लिए अग्रणी (लीड) बैंक की जिम्मेदारी दी गई है।
	18	• रिज़र्व बैंक ने असम के नए जिलों अर्थात् उदालगुड़ी, चिरंग और बाक्सा के लिए भारतीय स्टेट बैंक को अग्रणी (लीड) बैंक बनाने का निर्णय लिया।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
जनवरी	29	• रिज़र्व बैंक ने कहा कि 21 अक्तूबर 2006 से द गणेश बैंक ऑफ कुरूंदवाड लि.ट का नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची से हटा दिया गया है।
	31	• रिज़र्व बैंक ने चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के अंतर्गत 31 जनवरी 2007 से नियत रेपो रेट को 25 आधार अंक बढ़ाकर 7.50 प्रतिशत करने का निर्णय लिया। एलएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 6.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा। • रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा कि बैंकों को दी जानेवाली स्थायी चलनिधि सुविधा (निर्यात ऋण वित्त) 31 जनवरी 2007 से रेपो रेट अर्थात् 7.50 प्रतिशत पर दी जाएगी। • रिज़र्व बैंक ने कहा कि अनूसूचित वाणिज्य बैंक केंद्र सरकार की दिनांकित प्रतिभूतियों (डेटेड सिक्यूरिटिज) की शॉर्ट सेल कर सकते हैं, परंतु कवर की जाने वाली शॉर्ट पोजीशन अधिकतम पांच ट्रेडिंग दिनों की होगी जिसमें ट्रेड का दिन भी शामिल होगा। • रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा कि 31 जनवरी 2007 से पर्सनल लोन (क्रेडिट कार्ड से प्राप्त होने वाले भी), वैसे ऋण व अग्रिम जो पूंजी बाजार में लगाए गए माने जा सकते हैं और रियल इस्टेट लोन से संबंधित मानक आस्तियों के लिए प्रावधान संबंधी अपेक्षाओं को एक प्रतिशत से बढ़ाकर दो प्रतिशत किया गया है। • रिज़र्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा कि एक से तीन वर्ष की मैच्युरिटिवाले नये अनिवासी (बाह्य) रुपया (अनिवासी) सावधि जमाराशियों पर ब्याज दर पिछले महीने के अंतिम कार्य दिवस पर समान मैच्युरिटि वाले अमरीकी डॉलर के लिए लिबर/स्वैप दरों में 50 आधार अंकों के योग से अधिक नहीं होना चाहिए (पहले के लिबर/स्वैप रेट + 100 आधार अंक के स्थान पर जो 18 अप्रैल 2006 को कारोबार की समाप्ति के बाद से लागू हुआ था)।तीन वर्ष की जमाराशियों पर तय की गई उपर्युक्त ब्याज दर तीन वर्ष से अधिक की मैच्युरिटि पर भी लागू होगी। ब्याज दर में होने वाला परिवर्तन वर्तमान मैच्युरिटि के बाद नवीकृत किए जानेवाले अनिवासी जमाराशियों पर भी लागू होगा। रिज़र्व बैंक ने यह भी कहा कि 31 जनवरी 2007 को कारोबार की समाप्ति के बाद से प्रभावी सभी मैच्युरिटियों की एफसीएनआर(बी) जमाराशियों पर ब्याज सबंधित मुद्रा के लिबर/स्वैप रेट की अधिकतम सीमा के अंदर तत्संबंधी मैच्युरिटि से 25 आधार अंक (मार्च 28,2006 को कारोबार की समाप्ति के बाद से लागू लिबर/स्वैप रेट के स्थान पर) कम होगा। फ्लोटिंग रेट वाली जमाराशियों पर, संबंधित मद्रा/मैच्युरिटि के स्वैप रेट की अधिकतम सीमा के अंदर /मैच्युरिटि से 25 आधार अंक कम होगा। फ्लोटिंग रेट की जमाराशियों के लिए ब्याज दर पुनर्निर्धारित की अवधि छह महीने की होगी। • रिज़र्व बैंक ने कहा कि बैंक अनिवासी (बाह्य) रुपया खाता और विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमाराशियों पर जमाकर्ताओं/थर्ड पार्टियों को बीस लाख से अधिक का नया ऋण न दें अथवा वर्तमान ऋण को नवीकृत न करें। यह अनुदेश तत्काल प्रभावी होगा। बैंकों को यह भी कहा गया कि अधिकतम सीमा से बचने के लिए कर्ज की राशि को कृत्रिम रूप से टुकड़ों में न बांटे।
फरवरी	12	• बैंक की स्वच्छ नोट नीति की दृष्टि से, मुद्रा तिजोरी वाले बैंकों को कहा गया कि वे अपनी मुद्रा तिजोरियों में नोट सॉर्टिंग मशीनें लगाकर नोटों की छँटाई (सॉर्टिंग) की प्रक्रिया को स्वचालित करें। रिज़र्व बैंक को भेजे जाने वाले गंदे बैंक नोटों में फिर से जारी करने योग्य नोटों की सह्य सीमा तत्काल प्रभाव से, प्रत्येक प्रेषण के वर्तमान के 10 प्रतिशत से बदल कर 5 प्रतिशत कर दी गई।
	14	• बैंकों को कहा गया कि आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) उनके निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीटीएल) के एक प्रतिशत प्वाइंट का आधा, दो चरणों में बढ़ाया जाएगा जो यहां दिए जा रहे पखवाड़े से लागू होगा : लागू तारीख (अर्थात पखवाड़ा शुरू होने की तारीख) — निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर (प्रतिशत) 17 फरवरी 2007 — 5.75 3 मार्च 2007 — 6.00
	21	• बैंकों को कहा गया कि वे अपने ग्राहकों को दरवाजे परट (डोरस्टेप) सेवा देने के मामले में सामान्य सिद्धांत व मोटे तौर पर कुछ मानकों का निर्धारण करें तथा इस विषय में ग्राहकों के अधिकार व दायित्व के संबंध में पारदर्शिता, एवं व्यवहार में समानता सुनिश्चित करें और इसमें शामिल जोखिम के बारे में साफ-साफ बताएं। • बैंकों को अपने 'एजेंटो' को शिक्षित करने के बारे में उपयुक्त कदम उठाने को कहा गया ताकि वे जाली व खराब नोटों को पकड़ पाएं और फ्रॉड से बचा जा सके एवं ग्राहकों से झगड़ा न हो।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
फरवरी	22	• शिकायत निवारण प्रणाली को और प्रभावकारी बनाने के लिए बैंकों को कहा गया कि वे अपने बोर्ड/ग्राहक सेवा समिति को एक शिकायत विवरण और साथ ही प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण प्रस्तुत करें। शिकायतों का विश्लेषण इसलिए किया जाए कि (i) ग्राहक सेवा के उन क्षेत्रों का पता चले जहां से बार-बार शिकायतें मिलती हैं; (ii) शिकायतें ज्यादातर कहां (किस स्रोत) से आती हैं (iii) व्यवस्था में क्या खामियां हैं और (iv) शिकायत निवारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए समुसचित कार्रवाई की शुरूआत की जा सके।
मार्च	1	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि निम्नलिखित देयताओं पर 22 जून 2006 से औसत आरक्षित नकदी निधि अनुपात रखने से छूट दी जाएगी बशर्ते वे अपने कुल मांग और मीयादी देयताओं के 3 प्रतिशत की सांविधिक न्यूनतम आरक्षित नकदी निधि अनुपात रखें : (i) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42(1) की व्याख्या के खंड (डी) के अनुसार भारत में बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं (ii) एशियाई समाशोधन संघ (एसीयू) खातों (अमरीकी डॉलर) में जमा शेष राशि (iii) क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ संपार्श्विकीकृत उधार और ऋणदायी बाध्यता (सीबीएलओ) में लेनदेन और (iv) अपने विदेशी (ऑफशोर) बैंकिंग यूनिटों (ओबीयू) के संबंध में मांग और मीयादी देयताएं । • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को कहा गया कि भारत सरकार ने 9 जनवरी 2007 को उस दिन के रूप में अधिसूचित किया है जब भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 के सिवाय सभी प्रावधान लागू होंगे। 1. भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 में निम्नलिखित को हटाने की व्यवस्था है : i) देश में मौद्रिक स्थिरता सुनिश्चित करने की दृष्टि से रिज़र्व बैंक द्वारा तय की जाने वाली आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) की न्यूनतम और अधिकतम सीमा (ii) पात्र आरक्षित नकदी निधि अनुपात शेष राशि पर ब्याज देने का प्रावधान । 2. भारतीय रिज़र्व बैंक, अधिनियम 1934 की उप धारा 42 (5)(सी) के तहत रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों के अनुसार यह निर्णय लिया गया कि मांग और मीयादी देयताओं की गणना में मान्य सीआरआर छूटों के चलते जो बैंक 22 जून 2006 से 2 मार्च 2007 तक 3 प्रतिशत का न्यूनतम सांविधिक सीआरआर स्तर नहीं रख पाए, ऐसे बैंकों को दंड के रूप में लगने वाले ब्याज से छूट दी जाए। 3. रिज़र्व बैंक पात्र सीआरआर राशियों पर सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को निम्नलिखित दर से ब्याज देगा : (क) सीआरआर अपेक्षा के तहत 24 जून 2006 से प्रारंभ पखवाड़े से दिसंबर 2006 तक रिज़र्व बैंक के पास रखे गए पात्र नकद शेष राशि पर 3.50 प्रतिशत प्रति वर्ष, (ख) सीआरआर अपेक्षा के अंतर्गत 9 दिसंबर 2006 से प्रारंभ पखवाड़े से 16 फरवरी 2007 तक रिज़र्व बैंक के पास रखे गए पात्र नकद शेष राशि पर 2.0 प्रतिशत, और (ग) 17 फरवरी 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से सीआरआर की आवश्यकता के अंतर्गत रिज़र्व बैंक के पास रखी गई पात्र नकद शेष राशि पर 1.0 प्रतिशत।
	2	• सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को कहा गया कि भारत सरकार ने 9 जनवरी 2007 को उस दिन के रूप में अधिसूचित किया है जब भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम 2006 की धारा 3 के सिवाय सभी प्रावधान लागू होंगे। 1. कुल मांग और मीयादी देयताओं पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा रखा गया प्रभावी सीआरआर 3 प्रतिशत से कम नहीं होगा। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उपधारा (1) के तहत सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक 17 फरवरी 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं का 5.75 प्रतिशत और 3 मार्च 2007 से 6.00 प्रतिशत सीआरआर बनाए रखेंगे। 2. भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की उप धारा 42 (5)(सी) के तहत रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों के अनुसार मांग और मीयादी देयताओं की गणना में मान्य सीआरआर छूटों के चलते जो बैंक 22 जून 2006 से 2 मार्च 2007 तक 3 प्रतिशत का न्यूनतम सांविधिक सीआरआर स्तर नहीं रख पाए, उन बैंकों को दंडात्मक ब्याज से छूट दी जाएगी। 3. रिज़र्व बैंक पात्र सीआरआर की शेष राशि पर सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को निम्नलिखित दर पर ब्याज देगा : (क) सीआरआर मानदंड के अंतर्गत 24 जून 2006 से प्रारंभ पखवाड़े से 8 दिसंबर 2006 तक रिज़र्व बैंक के पास रखे गए पात्र नकद शेष राशि पर 3.50 प्रतिशत प्रति वर्ष, (ख) सीआरआर के अपेक्षानुसार 9 दिसंबर 2006 से प्रारंभ पखवाड़े से 16 फरवरी 2007 तक रिज़र्व बैंक के पास रखे गए पात्र नकद शेष राशि पर 2.0 प्रतिशत और (ग) 17 फरवरी

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
		2004 से प्रारंभ पखवाड़े से सीआरआर की आवश्यकता के अनुसार रिजर्व बैंक के पास रखी गई पात्र नकद शेष राशि पर 1.0 प्रतिशत।
मार्च	2	• सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को कहा गया कि निम्नलिखित देयताओं पर 22 जून 2006 से औसत सीआरआर रखने से छूट दी जाएगी बशर्ते वे अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं के 3 प्रतिशत की सांविधिक न्यूनतम सीआरआर बनाए रखें :(i) भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42(1) की व्याख्या के खंड (डी) के अनुसार भारत में बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं (ii) क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के साथ संपार्श्वीकृत उधार और ऋणदायी बाध्यता (सीबीएलओ) में लेनदेन। • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि 5 मार्च 2007 (सोमवार) से दैनिक रिवर्स रेपो अवशोषण (एबजॉर्प्शन) को प्रतिदिन अधिकतम 3,000 करोड़ रुपए तक सीमित किया जाएगा, जिसमें कि प्रथम चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) में 2,000 करोड़ रुपए और दूसरे एलएएफ में 1,000 करोड़ रुपए होंगे। यदि प्रस्तुत राशि इन राशियों से अधिक की होगी तो आबंटन सामान्यतः आनुपातिक आधार पर किए जाएंगे। • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को कहा गया कि 5 मार्च 2007 (सोमवार) से दैनिक रिवर्स रेपो अवशोषण (एबजॉर्प्शन) को प्रतिदिन अधिकतम 3,000 करोड़ रुपए तक सीमित किया जाएगा, जिसमें कि प्रथम चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) में 2,000 करोड़ रुपए और दूसरे एलएएफ में 1,000 करोड़ रुपए होंगे। यदि प्रस्तुत राशि इन राशियों से अधिक की होगी तो आबंटन सामान्यतः आनुपातिक आधार पर किए जाएंगे।
	6	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के हर प्रकार के ऋण, चाहे वह कितनी भी राशि का हो, से संबंधित आवेदन फॉर्म व्यापक हो उसमें हर तरह की सूचना हो जैसे- प्रोसेसिंग की कोई फीस हो तो, आवेदन नामंजूर होने पर वापस की जाने वाली राशि, पूर्व भुगतान (प्री पेमेंट) का विकल्प और ऐसी कोई भी जानकारी/विषय जिससे उधार लेनेवाले का हित जुड़ा हो, ताकि अन्य बैंकों से एक सार्थक तुलना की जा सके और उधारकर्ता पर्याप्त जानकारी के आधार पर अपना निर्णय ले सके।
	7	• दि यूनाइटेड वेस्टर्न बैंक लि. का नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची से 25 नवंबर 2006 से हटा दिया गया है।
	13	• अनर्जक खातों में विशिष्ट प्रावधान करने के लिए असाधारण परिस्थितियों में आकस्मिकताओं के लिए ही बैंकों को फ्लोटिंग प्रोविजन का उपयोग करना है और वह भी अपने बोर्ड के अनुमोदन और रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति से। ये असाधारण परिस्थितियां तीन प्रकार की हो सकती हैं - यथा सामान्य बाजार और ऋण संबंधी। सामान्य के अंतर्गत ऐसी परिस्थितियां हो सकती हैं, जहां देश में आंतरिक गड़बड़ी, असंतोष या देश की मुद्रा के अचानक ध्वस्त हो जाने जैसे कारणों के चलते बैंक को अप्रत्याशित घाटा हो जाए। प्राकृतिक आपदा और महामारी भी सामान्य वर्ग में आ सकती हैं। बाजार के अंतर्गत बाजार का गिर जाना आता है जिससे पूरी वित्तीय प्रणाली प्रभावित होती है। 'ऋण' की श्रेणी में केवल अपवादात्मक ऋण क्षति को असाधारण परिस्थिति माना जा सकता है।
	14	• बैंकों को यह सुनिश्चित करने को कहा गया कि किसान विकास पत्र सहित अल्प बचत लिखतों को प्राप्त करने / इनमें निवेश करने के लिए कोई ऋण मंजूर न किया जाए।
	16	• बैंकों को कहा गया कि लोक भविष्य निधि योजना, 1968 (पीपीएफ) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना 2004 (एससीएसएस) के तहत लेनदेन हेतु पारिश्रमिक (रेम्युनरेशन) के लिए भुगतान का एक ही चैनल काम में लाया जाएगा। तदनुसार भारतीय रिजर्व बैंक पीपीएफ और एससीएसएस संबंधी लेनदेन के लिए निम्नलिखित दरों पर एजेंसी कमीशन का भुगतान करेगा : (क) प्राप्तियां - 45 रुपए प्रति लेनदेन (ख) भुगतान - प्रति 100/- रुपए के टर्नओवर पर 9 पैसे। इस प्रकार दरों में संशोधन के बाद भारत सरकार पीपीएफ और एससीएसएस के संचालन के लिए भुगतान करना बंद कर देगी। ये दरें पीपीएफ लेनदेनों के लिए 1 जुलाई 2005 से और एससीएसएस लेनदेनों के लिए 1 अप्रैल 2006 से लागू होंगे।
	20	• स्थानीय क्षेत्र बैंकों (एलएबी)और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को छोड़कर सभी वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि नये पूंजी पर्याप्तता फ्रेमवर्क के कार्यान्वयन पर संशोधित ड्राफ्ट दिशानिर्देश को विचार विमर्श के दूसरे राउंड के लिए तीन हफ्तों के लिए राय और टिप्पणियों के लिए खुला रखा जाएगा।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
मार्च	21	• केंद्र व राज्य सरकार के लेनदेनों की भारतीय रिज़र्व बैंक में रिपोर्टिंग के लिए समय-सीमा में एकरूपता लाने के लिए भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (काम्पट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया) के अनुमोदन से यह निर्णय लिया गया है कि केंद्र सरकार के लेनदेन में लागू होनेवाले वर्तमान तरीके को राज्य सरकार लेनदेन के लिए भी लागू किया जाए। तदनुसार (क) स्थानीय लेनदेन - रिज़र्व बैंक के साथ लेनदेन का निपटारा टी+3 कार्य दिवसों (यहां 'टी' वह दिन है जब बैंक ब्रांच को पैसा उपलब्ध हो जाता है) में होगा; (ख) बाहरी केंद्र के लेनदेन - रिज़र्व बैंक के साथ लेनदेन का निपटारा टी+5 कार्य दिवसों में होगा; (ग) स्थानीय और बाहरी केंद्र के लेनदेन के लिए, पुट थ्रू डेट अर्थात् रिज़र्व बैंक के साथ निपटारे का दिन क्रमशः टी+3 और टी+5 कार्य दिवसों को इस समय सीमा के बाहर रखा जाएगा; (घ) देर की अवधि के लिए लगाया जानेवाला ब्याज लेनदेन के दिन से नहीं बल्कि उस अवधि के लिए होगा जितनी देर वास्तव में हुई है; (ङ) एक लाख रुपए और उससे अधिक के लेनदेन में विलंब पर लगने वाला ब्याज बैंक दर +2 प्रतिशत का होगा; और एक लाख रुपए से कम के प्रत्येक लेनदेन के लिए विलंबित अवधि का ब्याज बैंक दर पर 5 कैलेंडर दिवसों के लिए होगा और यदि देरी 5 कैलेंडर दिवसों से अधिक की होगी तो देरी की पूरी अवधि के लिए बैंक दर+ 2 प्रतिशत पर ब्याज लगाया जाएगा और संशोधित प्रक्रिया 1 अप्रैल 2007 से लागू होगी।
	30	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को बताया गया कि 3 अप्रैल 2007 से पीडीओ -एनडीएस की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के सब मॉड्यूल में निम्नलिखित बदलाव किए गए हैं: i) पीडीओ-एनडीएस से अब अनुसूचित वाणिज्य बैंक और प्राथमिक व्यापारी (प्राइमरी डीलर) एसडीएल को एलएएफ रेपो के अंतर्गत रिजर्व बैंक को पात्र प्रतिभूतियों के रूप में दे सकेंगे। एसडीएल के मामले में 10 प्रतिशत का मार्जिन लगाया जाएगा अर्थात् 100 रुपए के रेपो बिड के लिए 110 रुपए (अंकित मूल्य) के एसडीएल का समर्थन आवश्यक होगा। ii) सहायक सामान्य खाता वही (एसजीएल) अकाउंट से आरसीएसजीएल अकाउंट में प्रतिभूतियों का अंतरण और आरसी एसजीएल से एसजीएल में अब सदस्य द्वारा एलएएफ में आरसी अंतरण (ट्रांसफर) या आरसी आहरण (विथड्राअल) के जरिये (ट्रांसफर ऑर्डर बुकिंग फंक्शनलिटि के अंतर्गत) लोक लेखा विभाग (पीएडी) (प्रतिभूति अनुभाग) के अनुमोदन बिना ही किया जा सकता है। तथापि, आरसीएसजीएल अकाउंट में उपलब्ध शेष राशियों को अब तक की तरह, एलएएफ के अलावा अन्य किसी लेनदेन के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता। iii) किसी रेपो लेनदेन के तैयार चरण (रेडी लेग) के लिए जिन सदस्यों के पास आरसी एसजीएल अकाउंट में पर्याप्त प्रतिभूतियां नहीं हैं, उन्हें इस कमी के बारे में पीडीओ-एनडीएस पर संदेश देकर एलर्ट किया जायेगा । बिड बंद होने के समय के 15 मिनटों के भीतर इस कमी की पूर्ति करनी होगी, अन्यथा बिड को रद्द किया जा सकता है। • अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि एलएएफ के अंतर्गत नियत रेपो रेट 31 मार्च 2007 से 7.75 प्रतिशत कर दिया गया है। तदनुसार 31 मार्च 2007 से बैंकों को रिज़र्व बैंक की ओर से दी जाने वाली स्थायी चलनिधि सुविधा (निर्यात ऋण पुनर्वित्त) (संपार्श्वीकृत चलनिधि सहायता) रेपो रेट अर्थात् 7.75 प्रतिशत पर उपलब्ध होगी। • अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत नियत रेपो रेट को 31 मार्च 2007 से 7.50 प्रतिशत से 25 आधार अंक बढ़ाकर 7.75 प्रतिशत कर दिया गया है। एसएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 6.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा।
अप्रैल	3	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि यह निर्णय लिया गया है कि स्वर्ण (धातु) ऋण - जो वे उन आभूषण निर्माताओं को देते थे जो आभूषणों के निर्यात का काम नहीं करते थे - की अवधि के बारे में नामित बैंक स्वयं निर्णय ले सकते हैं बशर्ते समय सीमा 180 दिनों से अधिक की न हो तथा अवधि एवं स्वर्ण ऋण के उपयोग की निगरानी को बैंक की ऋण संबंधी नीति में समुचित रूप से दर्ज किया गया हो और इसका कड़ाई से पालन किया जाए।
	4	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों / क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को कहा गया कि आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को उनके निवल मांग और मीयादी देयताओं (एनडीसीएल) के एक प्रतिशत का आधा दो चरणों में बढ़ाने का निर्णय लिया गया है जो कि नीचे बताए जा रहे पखवाड़े से प्रभावी होगा :

लागू होने की तारीख (अर्थात् निम्नोक्त तारीख से प्रारंभ पखवाड़ा)	निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर (प्रतिशत)
14 अप्रैल 2007	6.25
28 अप्रैल 2007	6.50

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
		तथापि, कुल मांग और मीयादी देयताओं पर क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा रखा जानेवाला प्रभावी सीआरआर 3.00 प्रतिशत से कम नहीं होगा, जैसा कि भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 में निर्धारित किया गया है। 14 अप्रैल 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को वर्तमान सीआरआर अपेक्षा के अनुसार रिज़र्व बैंक के पास रखी गई पात्र नकद शेष राशि पर 0.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाएगा।
अप्रैल	4	• भारत सरकार ने 16 जून 2006 को अति लघु (माइक्रो) लघु (स्माल) और मध्यम (मीडियम) उद्योग विकास (एमएसएमइडी) अधिनियम, 2006 का अधिनियमन किया जिसे 2 अक्तूबर 2006 को अधिसूचित किया गया था। निर्माण या उत्पादन में लगे हुए या सेवा देने या करने वाले माइक्रो, लघु और मध्यम उद्योगों की परिभाषा में बदलाव किया गया और अन्य नीतिगत उपायों के साथ बैंकों द्वारा इसका कार्यान्वयन तत्काल किया जाना था। मध्यम उद्योगों को बैंक का ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत नहीं शामिल किया जाएगा।
	10	• प्रधान मंत्री रोजगार योजना लागू करने वाले बैंकों के वर्ष 2006 -07 में खराब प्रदर्शन को देखते हुए कृषि और ग्रामीण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने कार्यक्रम वर्ष 2006-07 के लिए मंजूरी की वैधता को और वितरण को पूरा करने के समय को 30 जून 2007 तक बढ़ा दिया। तदनुसार बैंकों को कहा गया कि वे इस समय सीमा का कड़ाई से पालन करें और कार्यक्रम वर्ष 2006-07 के अंतर्गत मंजूरी दिए गए मामलों के संबंध में वितरण 30 जून 2007 तक पूरा कर लें।
	11	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया कि ग्राहकों द्वारा दिए गए रुपए के अंश वाले चेक/ड्राफ्टों को रद्द या अस्वीकृत (डिसऑनर) न किया जाए।
	12	• बैंकों को सूचित किया गया कि उनके द्वारा वित्तपोषित ढांचागत परियोजनाओं के मामले में परियोजना की वित्तीय लेखाबंदी के समय उस परियोजना के पूरी होने की तारीख का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाना चाहिए और यदि वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ होने की तारीख प्रारंभ में निर्धारित अनुसार परियोजना के पूरी होने की तारीख से एक साल से अगे बढ़ जाती है तो उक्त खाते को अवमानक खाता माना जाना चाहिए। संशोधित अनुदेश 31 मार्च 2007 से लागू हुए।
	13	• अपने ग्राहक को जानिए (केवाईसी) मानदंडों/धनशोधन निवारण मानकों/उग्रवाद वित्तपोषण के विरुद्ध संघर्ष (सीएफटी) - तार अंतरण के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए, जिनमें बैंकों को अनुदेश दिए गए कि वे प्रारंभकर्ता के बारे में यथार्थ और अर्थपूर्ण सूचना प्राप्त करें।
	17	• लोक सेवाओं के संबंध में क्रियाविधियों और कार्यनिष्पादन लेखा परीक्षा (सीपीपीएपीएस) के संबंध में समिति की सिफारिशों के आधार पर रिज़र्व बैंक ने लॉकरों के सुगमतापूर्वक परिचालनों के लिए सुरक्षित जमा लॉकरों/सुरक्षित अभिरक्षा वस्तुओं से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर जारी सभी दिशानिर्देशों की समीक्षा की और नए दिशानिर्देश जारी किए गए।
	18	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि लेखांकन मानक 17 (सेगमेंट रिपोर्टिंग) - प्रकटीकरणों में वृद्धि के संबंध में दिशानिर्देशों की अधिकाधिक पारदर्शिता की आवश्यकता के आलोक में, समीक्षा की गई थी। चूंकि 'अन्य बैंकिंग व्यवसाय' अनुभाग बहुत बड़ा है और उससे तुलनपत्र में पर्याप्त पारदर्शिता प्रकट नहीं होती थी, इसलिए यह निर्णय लिया गया कि इस अनुभाग को निम्नलिखित तीन वर्गों अर्थात कंपनी/थोक बैंकिंग, खुदरा बैंकिंग और अन्य बैंकिंग परिचालनों में बांट दिया जाए। तदनुसार बैंक 31 मार्च 2008 से लोक सूचना प्रयोजनों के लिए निम्नलिखित व्यवसाय अनुभागों को अपनाएंगे : (क) ट्रेजरी (ख) कंपनी/थोक बैंकिंग (नया) (ग) खुदरा बैंकिंग, (नया) (घ) अन्य बैंकिंग व्यवसाय। भौगोलिक अनुभाग 'देशी' और 'अंतरराष्ट्रीय' के रूप में अपरिवर्तित रहेंगे।
	20	• बैंक अपनी परिपक्वता तक धारित (एचटीएम) प्रतिभूतियों पर लाभ के परिशोधन (एमॉर्टाइजेशन) के लिए भिन्न-भिन्न लेखांकन पद्धतियां अपना रहे थे, इसलिए उन्हें सूचित किया गया कि वे बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की तीसरी अनुसूची में निर्धारित तुलनपत्र तथा लाभ-हानि खाते के फॉर्मेट को देखें, जिसमें निवेशों के पुनर्मूल्यन पर हानि के लेखांकन का उल्लेख है। उक्त प्रतिभूति का बही मूल्य संगत लेखांकन अवधि के दौरान परिशोधित की गई राशि की सीमा। इस पहलू के लेखांकन में समानता लाने की दृष्टि से, बैंकों को सूचित किया गया कि 31 मार्च 2007 को समाप्त वर्ष के विवरणों सहित, अपने वित्तीय विवरणों को अंतिम रूप देते समय सही लेखांकन विधि अपनानी चाहिए। i) भारत सरकार ने 9 मार्च 2007 की अपनी असाधारण गजट अधिसूचना सं.एसओ 337(ई) में 1 अप्रैल 2007 को उस तिथि के रूप में अधिसूचित किया है जब भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 के उपबंध लागू हुए। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उपधारा (1) में किया गया संशोधन 1 अप्रैल 2007 को लागू हो गया। तदनुसार, कुल मांग और मीयादी देयताओं की सांविधिक न्यूनतम 3 प्रतिशत नकदी प्रारक्षित अनुपात की आवश्यकता उक्त अधिसूचित तारीख से नहीं रही।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
		भारतीय रिज़र्व बैंक देश में मौद्रिक स्थायित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए समय-समय पर बिना किसी आधार दर और उच्चतम दर के अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के लिए आरक्षित नकदी निधि अनुपात निर्धारित कर सकता है। ii) यह निर्णय लिया गया कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा रखे जा रहे आरक्षित नकदी निधि अनुपात की वर्तमान दर को जारी रखा जाए और उन वर्तमान छूटों के बारे में अधिसूचित किया गया जो अगले परिवर्तनों तक जारी रहेगी। तदनुसार अनुसूचित वाणिज्य बैंक अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं पर आरक्षित नकदी निधि अनुपात रखना जारी रखेंगे । प्रभावी तारीख (निम्नलिखित तारीख से प्रारंभ होनेवाला पखवाड़ा) — निवल मांग और मीयादी देयताओं पर आरक्षित नकदी निधि अनुपात (प्रतिशत) 14 अप्रैल 2007 — 6.25 28 अप्रैल 2007 — 6.50 iii) भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 के लागू होने के कारण भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (1ख) 1 अप्रैल 2007 से समाप्त हो गई है। उक्त संशोधन से सामंजस्य रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि रिज़र्व बैंक 31 मार्च 2007 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा रखे गए नकदी प्रारक्षित अनुपात शेषों पर कोई ब्याज नहीं देगा।
अप्रैल	20	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को सूचित किया गया कि उन्हें निम्नलिखित पर)1 अप्रैल 2007 से औसत आरक्षित नकदी निधि अनुपात रखने से छूट दी जाएगी :(i) भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 42(1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के अपेक्षानुसार भारत में बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं; (ii) एशियाई समाशोधन संघ (एसीयू) में जमा शेष (अमरीकी डॉलर) खाते; (iii) क्लीयरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल) के साथ संपार्श्विकीकृत उधार और ऋणदायी बाध्यता संबंधी लेनदेन और (iv) उनकी अपतटीय बैंकिंग इकाइयों (ओबीयू) की मांग और मीयादी देयताएं।
	25	• बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी कोई बैंक शाखा/स्टाफ कम मूल्यवर्ग के नोट और / या सिक्के स्वीकार करने से इनकार न करें। वे यह भी सुनिश्चित करें कि सभी स्टाफ सदस्यों को संबंधित अनुदेशों की पूरी जानकारी है और उनका सख्ती से पालन करना भी सुनिश्चित किया जाए। किसी स्टाफ सदस्य द्वारा इनकार करने/ अनुदेशों का पालन न करने की स्थिति में कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उसी प्रकार के दिशानिर्देश 10 मई 2007 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को जारी किए गए।
	27	• भारत सरकार ने सूचित किया है कि उन राज्यों /संघ राज्य क्षेत्रों को छोड़कर जहां अल्पसंख्यक जातियां बहुमत में हैं (जम्मू और कश्मीर, पंजाब, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड और लक्षद्वीप), 103 अल्प संख्यक संकेन्द्रण वाले जिलों में ऋण प्रवाह की निगरानी की जानी चाहिए, जिनमें अल्पसंख्यकों की जनसंख्या न्यूनतम 25 प्रतिशत है। उक्त आंकड़े 01 अप्रैल 2007 से प्रारंभ करते हुए छमाही अंतराल पर प्रस्तुत किए जाने चाहिए। बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने नियंत्रक कार्यालयों और शाखाओं को आवश्यक अनुदेश जारी करें कि वे वर्तमान के 44 ज़िलों की बजाय अब 103 जिलों में अल्पसंख्यकों को ऋण प्रवाह की विशेष रूप से निगरानी करें। • पूंजी पर्याप्तता और बाजार अनुशासन के संबंध में विवेकपूर्ण दिशानिर्देश - नए पूंजी पर्याप्तता ढांचे को कार्यान्वयन हेतु अंतिम रूप दिया गया।
	30	• अनुसूचित वाणिज्य बैंक, लघु और सीमांत कृषकों, साझी खेती करने वालों और इसी प्रकार के उधारकर्ताओं को 50,000 रुपए तक के छोटे ऋणों के लिए 'कोई देयता नहीं' प्रमाणपत्र की आवश्यकता को तुरंत समाप्त करें और उसके स्थान पर उधारकर्ता से स्व-घोषणा प्राप्त करें। इसके अतिरिक्त बैंक भूमिहीन मजदूरों, साझी खेती करने वालों और मौखिक रूप से पट्टेदारों को ऋण देने के मामले में खेती करने के संबंध में स्थानीय प्रशासन/पंचायत राज संस्थाओं द्वारा प्रदान किए गए प्रमाणपत्र स्वीकार कर सकते है। • प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को उधारों के संबंध में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को संशोधित दिशानिर्देश जारी किए गए। • भारत सरकार, ने यह स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में जहां जमाकर्ता की जमाराशियों की अवधिपूर्णता से पहले मृत्यु हो गई हो और नामिती/कानूनी वारिस उक्त जमा खाते को बंद करने के लिए बैंक से संपर्क करें तो ऐसे मामलों में नामिती/कानूनी वारिस उक्त जमाकर्ता की मृत्यु की तारीख से उक्त खाते के बंद होने की तारीख तक की अवधि के लिए, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस), 2004 के अंतर्गत बचत बैंक की ब्याज दर के पात्र है। • एजेंसी बैंकों से यह आशा की जाती है कि वे सरकारी लेनदेन इलेक्ट्रॉनिक रूप में करने के लिए ईसीएस/ईएफटी सुविधाएं प्रदान करके ग्राहकों को समर्थ बनाने का वातावरण और सुविधाएं प्रदान करें।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
मई	3	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक (आरआरबी) कुछ शर्तों के अधीन जोखिम में भाग लिए बिना स्वास्थ्य तथा पशु बीमा सहित, सभी प्रकार के बीमा उत्पादों (प्रोडक्ट) के वितरण के लिए कार्पोरेट एजेंसी का कारोबार कर सकते हैं: जोखिम सहभागिता रहित बीमा उत्पादों के वितरण के लिए कार्पोरेट एजेंसी कारोबार करने के लिए बैंकों को रिज़र्व बैंक का पूर्व अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। तथापि, बीमा एजेंसी कारोबार प्रारंभ करने की तारीख से 15 दिन के अंदर भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय (आरपीसीडी) को एक रिपोर्ट भेज दी जानी चाहिए। • बैंकों को सूचित किया गया कि रिहायसी आवास संपत्तियों के बंधक पर व्यक्तियों को दिए गए 20 लाख रुपए तक के आवास ऋणों के संबंध में जोखिम भार को 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत किया गया है। उसी प्रकार, बंधक समर्थित उन प्रतिभूतियों में बैंक के निवेश का जोखिम भार 75 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत किया गया है जो प्रतिभूतियां आवास ऋण से समर्थित हो तथा राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा नियंत्रित आवास वित्त कंपनियों द्वारा जारी की गई हों। चूक की स्थिति का अनुभव तथा अन्य संबंधित बातों को ध्यान में रखते हुए घटाए गए जोखिम भार की समीक्षा की जाएगी।
	7	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे समुचित अंतरिक नीतियां तथा प्रक्रियाएं बनाएं ताकि ऋण तथा अग्रिमों पर, प्रोसेसिंग तथा अन्य प्रभार सहित, कुसीदात्मक ब्याज न लगाना पड़े। • बैंकों को सूचित किया गया कि वे समुचित टेक्नोलॉजी का उपयोग करके वित्तीय समावेशन के प्रयासों में तेजी लाए। इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि जो सॉल्यूशन्स विकसित किए जाएं वे अति सुरक्षित हों, उसका ऑडिट किया जा सकता हो तथा वह व्यापक रूप से स्वीकृत ओपन स्टैंडर्ड पर आधारित हो ताकि विभिन्न बैंकों द्वारा अपनायी गई विविध प्रणालियों के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके।
	8	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को एसएलआर प्रतिभूतियों में उनके निवेशों के संबंध में बाजार मूल्य (मार्क टू मार्केट) मानदंड से वित्तीय वर्ष 2006-07 तक के लिए जो छूट दी गई थी उसे एक और वर्ष अर्थात् वर्ष 2007-08 तक के लिए बढ़ाया गया। तदनुसार, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को बही मूल्य के आधार पर मूल्यांकन तथा प्रतिभूतियों की शेष अवधि तक प्रिमियमों के परिशोधन, यदि कोई हो, की शर्त पर एसएलआर प्रतिभूतियों के समग्र निवेश पोर्टफोलियों को वर्ष 2007-08 के लिए ज्परिपक्वता तक धारितट श्रेणी में रखने की छूट होगी।
	10	• भारत में बैंकों को अनुमति दी गई की वे भारतीय कंपनियों (जिसमें भारतीय कंपनी का शेयर 51 प्रतिशत से अधिक हो) की सब्सिडियरी की विदेश स्थित पूर्णतः स्टेप डाउन सब्सिडियरी को विद्यमान विवेकपूर्ण सीमाओं तथा कतिपय अतिरिक्त रक्षोपाय के अंतर्गत निधिक तथा/अथवा गैर निधिक ऋण सुविधा प्रदान करने की अनुमति दी गई।
	14	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया कि वे माननीय पटना उच्च न्यायालय द्वारा ठ चूककर्ता कंपनियोंड के रूप में घोषित कंपनी/कंपनियों के कोई भी रुपया लेनदेन बैंक में करने की अनुमति न दें। तदनुसार, इस संबंध में सभी शाखाओं को तत्काल सूचित कर दिया जाए तथा इस आदेश के अनुपालन की सूचना दी जाए।
	15	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सूचित किया गया कि वे समुचित आंतरिक नीतियां तथा प्रक्रियाएं बनाएं ताकि उन्हें ऋण तथा अग्रिमों पर प्रोसेसिंग तथा अन्य प्रभार सहित, कुसीदात्मक ब्याज न लगाना पड़े।
	16	• अनर्जक आस्तियों की खरीद /बिक्री संबंधी 13 जुलाई 2005 के पूर्व के दिशानिर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों, अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (अवशिष्ट गैर बैंकिंग कंपनियों सहित) को सूचित किया गया कि अनुमानित नकदी प्रवाह का कम-से-कम 10 प्रतिशत प्रथम वर्ष में प्राप्त किया जाए तथा उसके बाद प्रति छमाही में कम-से-कम 5 प्रतिशत प्राप्त किया जाए तथा तीन वर्ष के अंदर पूरी वसूली हो जानी चाहिए। संशोधित दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। • अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को अनुमति दी गई कि वे एकल संस्था क्रेडिट डिफॉल्ट स्वैप में कारोबार कर सकते हैं।
	17	• 1 अप्रैल 2007 से भारत ओवरसीज बैंक का नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची से हटाया गया।
	18	• प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र - कमजोर वर्ग को उधार देने संबंधी संशोधित दिशानिर्देश अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को जारी किए गए।
	21	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सूचित किया गया कि वे समुचित टेक्नोलॉजी का उपयोग करके वित्तीय समावेशन के प्रयासों में तेजी लाएं। इस बात पर ध्यान दिया जाना चाहिए कि जो सॉल्यशन्स विकसित किए जाएं वे अति सुरक्षित हों, उसका ऑडिट किया जा सकता हो तथा वह व्यापक रूप से स्वीकृत ओपन स्टैंडर्ड पर आधारित हो ताकि विभिन्न बेंकों द्वारा अपनायी गई विविध प्रणालियों के बीच सामंजस्य स्थापित हो सके। • सीमा पार तार अंतरणों तथा आंतरिक तार अंतरणों के संबंध में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 35 ए के अंतर्गत दिशानिर्देश जारी किए गए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
मई	21	• एजेंसी कमीशन - लोक भविष्य निधि योजना, 1968 (पीपीएफ) तथा वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, 2004 (एससीएसएस) के संबंध में स्पष्टीकरण जारी किए गए।
	24	• रिज़र्व बैंक ने सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को संशोधित बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006 का पालन करने का निदेश दिया। • बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को निम्नलिखित बातों के लिए अनुमति दी गयीः (i) काउंटर पर प्राप्त चेक के बदले अथवा फोन बैंकिंग/इंटरनेट बैंकिंग जैसे सुरक्षित व सुविधाजनक चैनल से प्राप्त अनुरोध पर ग्राहकों (कार्पोरेट ग्राहकों/सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि) के द्वार तक नकदी/ड्राफ्ट पहुंचाना तथा (ii) काउंटर पर प्राप्त चेक के बदले अथवा फोन बैंकिंग/इंटरनेट बैंकिंग जैसे सुरक्षित व सुविधाजनक चैनल से प्राप्त अनुरोध पर कार्पोरेट ग्राहकों/सरकारी विभागों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों आदि के द्वार तक नकदी /ड्राफ्ट पहुंचाना, बशर्ते बैंक द्वारा यूजर की सही पहचान सहित टेक्नोलॉजी तथा सुरक्षा संबंधी मानक अपनाया गया हो तथा इस प्रकार के लेनदेन संबंधी पर्याप्त बचाव /रक्षोपाय किए जाएं।
	25	• यह निर्णय लिया गया कि जम्मू और कश्मीर राज्य के उधारकर्ताओं /ग्राहकों को प्रदत्त रियायत/ऋण सहुलियतें एक और वर्ष अर्थात् 31 मार्च 2008 तक के लिए बरकरार रहेंगी।
	29	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को सूचित किया गया कि भारत सरकार ने वर्ष 2007-08 के लिए प्रधान मंत्री रोजगार योजना के अंतर्गत राज्यों/संघशासित क्षेत्रों के लिए 3,75,690 हिताधिकारियों का लक्ष्य निर्धारित किया है। ये लक्ष्य राज्यों/ संघशासित क्षेत्रों के वर्ष 2005-06 के अंतिम कार्यनिष्पादन रिपोर्ट के आधार पर निर्धारित किए गए हैं। जिन राज्यों/संघशासित क्षेत्रों में मार्च 2006 को समाप्त अर्धवर्ष में ऋण की वसूली 35 प्रतिशत से कम थी उनसे आग्रह किया गया कि ऋण की वसूली में सुधार हेतु योजना के कार्यान्वयन से जुड़े बैंकों द्वारा उपयुक्त कार्य-योजना तैयार की जाए। योजना संबंधी नियम व शर्तें प्रधान मंत्री रोजगार योजना के संशोधित दिशानिर्देश से नियंत्रित होंगी।
	31	• बैंकों को सूचित किया गया कि 8 प्रतिशत बचत (करयोग्य) बांड, 2003 पर वित्तीय वर्ष के दौरान दस हजार रुपए से अधिक ब्याज की राशि देय हो तो उस पर जून 2007 से श्रोत पर कर की कटौती करना आवश्यक है।
जून	6	• सरकारी क्षेत्र के बैंकों के केंद्रीय तथा शाखा लेखा परीक्षकों के पारिश्रमिक वर्ष 2006-07 से संशोधित किए गए।
	8	• भारत सरकार ने यह निर्णय लिया है कि अनभिज्ञता के कारण जमाकर्ताओं (वरिष्ठ नागरिक बचत योजना - 2004) द्वारा एक ही लेखा कार्यालय में एक ही कैलेंडर माह में खोले गए एकाधिक खातों को सबसे पहले खोले गए खाते में समेकित करके नियमित करने की अनुमति देने का निर्णय लिया है। यह अनुमति इस शर्त पर दी गई है कि समेकित खातों (अथवा बंद किए गए खाते) की राशि पर बीच की अवधि अर्थात पहला खाता खोलने की तारीख से दूसरा/अनियमित दूसरा खाता जिसे पहले खाते में मिला दिया गया है, खोलने की तारीख तक के लिए कोई ब्याज प्राप्त नहीं होगा। यह समामेलन तथा खाते में स्थित समेकित राशि भी योजना की अन्य नियम व शर्तों के अधीन होगी।
	13	• बैंकों को सूचित किया गया कि विभेदक ब्याज दर (डीआरआई) योजना के अंतर्गत ऋण की सीमा 6,500 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए की गई है तथा आवास ऋण की सीमा 5,000 रुपए से बढ़ाकर प्रति हिताधिकारी 20,000 रुपए की गई है।
	15	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सूचित किया गया कि बैंक शाखा रहित जिलों में शाखाएं खोलने हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया कि 11 जुलाई 2006 के परिपत्र आरपीसीडी.सीओ.आरआरबी. सं.बीएल.बीसी/11/03.05.90-ए/2006-07 के पैराग्राफ 1.2 की क्रम संख्या (iii) से (iv) तक में निर्धारित शर्तों का अनुपालन क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संबंधित अधिकार प्राप्त समिति के स्वविवेक पर छोड़ दिया जाए।
	19	• क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को ऋण प्रदान के क्षेत्र में और अधिक कारोबारी अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उन्हें जोखिम संबंधी विद्यमान सीमा के अधीन, अपने प्रायोजक बैंकों तथा सरकारी क्षेत्र के अन्य बैंकों और विकास वित्तीय संस्थाओं (डीएफआई) के साथ मिलकर संघीय (कन्सोर्टियम) ऋण व्यवस्था में भाग लेने की अनुमति दी गई है। यह अनुमति इस शर्त पर है कि वित्तपोषण की जानेवाली परियोजना संबंधित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के परिचालन क्षेत्र में हो तथा इस संबंध में उसके प्रायोजक बैंक द्वारा मार्गदर्शन देने के साथ-साथ परियोजना का मूल्यांकन किया जाए।
	21	• बैंकों द्वारा ऋण की पुनर्संरचना/पुर्नव्यवस्था पर विवेकपूर्ण दिशानिर्देश का प्रारूप अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा स्थानीय क्षेत्र बैंकों को छोड़कर) को जारी किए गए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
जून	22	• उदारीकरण की गति को और आगे बढ़ाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को डेटा प्रोसेसिंग, दस्तावेजों के सत्यापन तथा प्रोसेसिंग, चेक बुक, मांग ड्राफ्ट आदि की जारी जैसे केवल बैंक ऑफिस के कार्य तथा उनके बैंकिंग कारोबार से जुड़े अन्य संबंधित कार्य करने के लिए सेवा शाखा/केंद्रीय प्रोसेसिंग केंद्र(सीपीसी) / बैक ऑफिस स्थापित करने की अनुमति दी गई। इन कार्यालयों में ग्राहकों के साथ लेनदेन नहीं होगा तथा इन्हें सामान्य बैंकिंग शाखा में परिवर्तित करने के लिए अनुमति नहीं दी जाएगी। इन कार्यालयों को अन्य शाखा की तरह माना जाएगा तथा इसे खोलने के लिए क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से आवश्यक लाइसेंस लेना होगा।
	28	• केंद्रीय बजट 2007-08 में की गई घोषणा के अनुसार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को विदेशी मुद्रा अनिवासी (बैंक) जमाराशि प्राप्त करने की अनुमति दी गई। रुपए में अनिवासी (सामान्य/बाह्य) खाता खोलने/रखने के लिए प्राधिकृत करने हेतु निर्धारित पात्रता संबंधी मानदंडों की भी समीक्षा दी गई। • बैंकों को सूचित किया गया कि कारोबार के रूप में ''पेंशन निधि प्रबंधक के रूप में कार्य करना'' बैंकिंग कंपनी के लिए वैध कारोबार होगा। बैंक, पेंशन निधि प्रबंधन का कार्य इस प्रयोजन हेतु गठित सहायक संस्था (सब्सिडियरी) के जरिए कर सकते हैं बशर्ते वे पेंशन निधि प्रबंधकों के लिए पीएफआरडीए द्वारा निर्धारित मानदंड पूरा करते हों।
जुलाई	3	• क्रेडिट कार्ड धारकों से प्राप्त शिकायतों तथा दिल्ली उच्च न्यायालय की टिप्पणी को ध्यान में रखते हुए भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) अवांछित वाणिज्यिक संचार (यूसीसी) से जुड़े विभिन्न मुद्दों के समाधान के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कतिपय उपाय कर रहा है। ट्राई ने यूसीसी को रोकने के लिए दूरसंचार अवांछित वाणिज्यक संचार (यूसीसी) विनियमावली 2007 तैयार की है। तद्नुसार बैंकों को सूचित किया गया है कि वे कुछ अनुदेशों का पालन करें।
	11	• भारत सरकार ने 20 अप्रैल 2007 की अधिसूचना द्वारा 1 मई 2007 से एक वर्ष के लिए चीनी का 20 लाख टन का सुरक्षित भंडार स्थापित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के अंतर्गत भारत सरकार चीनी विकास निधि से 378 करोड़ रुपए की उपदान राशि जारी करेगी तथा चीनी के वर्तमान स्टॉक से सुरक्षित भंडार बनाए जाने के कारण मार्जिन की राशि जारी करने के लिए बैंकों को 420 करोड़ रुपए की अतिरिक्त ऋण सीमा की स्वीकृति देनी होगी।
	16	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि भारत सरकार ने 103 अल्पसंख्यक वर्ग संकेंद्रित जिलों की सूची में 18 और जिलों को शामिल किया है जिसके कारण ऐसे जिलों की संख्या 121 हो गई है। बैंकों को पूर्व के 103 जिलों के मुकाबले अब विशेष रूप से 121 जिलों में अल्पसंख्यक वर्गों को ऋण की उपलब्धता पर ध्यान देना है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के समग्र लक्ष्य के भीतर अल्पसंख्यक वर्गों को ऋण का समुचित हिस्सा प्राप्त हो सके।
	25	• सरकारी क्षेत्र के बैंकों के सांविधिक केंद्रीय तथा शाखा लेखा परीक्षकों को वर्ष 2006-07 से देय पारिश्रमिक के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए।
	31	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (एससीबी) (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा स्थानीय क्षेत्र बैंकों को छोड़कर)/अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं /गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को सूचित किया गया कि सेबी ने फिम्डा को कार्पोरेट बांडों के लिए रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म तैयार करने के लिए अनुमति दे दी है। यह भी अनिवार्य कर दिया गया है कि इस रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म में रिपोर्ट किए गए तथा बीएसई तथा एनएसई में रिपोर्ट किए गए कारोबार को उपयुक्त मूल्य संवर्धन के साथ एकीकृत करना होगा। फिम्डा ने इस प्लेटफॉर्म को, जिसे अभी परीक्षण के तौर पर चलाया जा रहा है, 1 सितंबर 2007 से तत्काल (लाइव) आधार पर चलाने का प्रस्ताव किया है। सभी एससीबी/एआईएफआई/एनबीएफसी को ओटीसी मार्केट में कार्पोरेट बांड में किए गए द्वितीयक बाजार के कारोबार 1 सितंबर 2007 से फिम्डा के रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म में रिपोर्ट करना होगा। रिपोर्टिंग सेशनों के अभ्यास में भाग लेने के लिए एनबीएफसी फिम्डा से सीधे संपर्क कर सकते हैं। • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि चलनिधि समायोजन योजना (एलएएफ) के अतर्गत दैनिक रिवर्स रिपो की 3,000 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा 6 अगस्त 2007 से हटा दी गई है। 28 नवंबर 2005 से प्रारंभ की गई तथा दैनिक आधार पर अपराह्न 3 से 3.45 बजे तक चलाई जाने वाली दूसरी चलनिधि समायोजन सुविधा (एसएलएएफ) 6 अगस्त 2007 से समाप्त कर दी गई है। रिज़र्व बैंक पूर्वाह्न 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एकल चलनिधि समायोजन सुविधा के रूप में एलएएफ का परिचालन जारी रखेगा। आगे अधिसूचित किए जाने तक ये नीलामियां पहले की तरह नियत दर आधार पर होंगी। रिज़र्व बैंक को, परिस्थितियों की आवश्यकतानुसार रिपो/रिवर्स रिपो की निलामियां नियत दर अथवा परिवर्ती दरों पर कराने की छूट है। रिज़र्व बैंक के पास बाजार की स्थिति तथा अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए एलएएफ के अंतर्गत रात्रिपर्यंत (ओवरसाइट) अथवा लंबी अवधि की रिपो/रिवर्स रिपो परिचालित कराने का भी विकल्प है। रिज़र्व बैंक एलएएफ के अंतर्गत टेंडर(रों) को पूर्णतः अथवा अंशतः स्वीकार अथवा अस्वीकार करने के अधिकार सहित, विकल्पों का लचीलेपन के साथ उपयोग करता रहेगा ताकि चलनिधि के दैनिक प्रबंधन के लिए चलनिधि समायोजन सुविधा का प्रभावी उपयोग किया जा सके। • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि 4 अगस्त 2007 से प्रारंभ होनेवाले पखवाड़े से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आरक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को 50 आधार अंक बढ़ाकर 7 प्रतिशत किया गया है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
अगस्त	3	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को सूचित किया गया कि (i) उन मामलों में जहां साख पत्र (एलसी) के अंतर्गत बिल का पराक्रामण (नेगोशिएसन) एक ही बैंक तक सीमित हो तथा साख पत्र का हिताधिकारी बैंक का ग्राहक न हो तो संबंधित बैंक ऐसे साख पत्र का पराक्रामण कर सकता है बशर्ते संबंधित राशि हिताधिकारी के नियमित बैंकर को प्रेषित की जाए। तथापि, ग्राहकों को छोड़कर अन्यों के असीमित साख पत्रों के पराक्रामण पर स्थित रोक बरकरार रहेगी; तथा (ii) बैंक स्वविवेक पर तथा साख पत्र जारी करने वाले बैंक की ऋण पात्रता को ध्यान में रखते हुए ऱ्दायित्व सहितट अथवा ऱ्दायित्व रहितट आधार पर साख पत्र के अंतर्गत आहरित बिल का पराक्रामण कर सकता है। तथापि, अन्य बिलों (साख पत्र से भिन्न विलेखों के अंतर्गत आहरित बिल) की ऱ्दायित्व रहितट आधार पर खरीद/डिस्काउंट पर स्थित रोक बरकरार रहेगी।
	13	• सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने बोर्ड के अनुमोदन से आवास के क्षेत्र में 20 लाख रुपए तक का प्रत्यक्ष वित्त, क्षेत्र से निरपक्ष, प्रदान कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त, पिछले वर्ष की तुलना में 5 प्रतिशत की वृद्धिशील जमाराशि की पहले निर्धारित सीमा को भी हटा लिया गया है।
	22	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे प्रदत्त आवास वित्त का ब्योरा देते हुए आवास वित्त वितरण संबंधी विवरण तिमाही आधार पर रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करें। • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे ऋण की स्वीकृति /वितरण के समय सभी उधारकर्ताओं को ऋण करार की एक प्रति अवश्य उपलब्ध कराएं। • सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण प्रदान करने संबंधी संशोधित दिशानिर्देशों के बारे में सूचित किया गया जिसमें माइक्रो, लघु तथा मध्यम उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अनुसार लघु तथा माइक्रो उद्यमों की संशोधित परिभाषा दी गई है। वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 1997 से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र को प्रदत्त अग्रिम वाणिज्य बैंकों की तरह उनके बकाया अग्रिमों का 40 प्रतिशत होना चाहिए। 40 प्रतिशत के समग्र लक्ष्य के भीतर समाज के कमजोर वर्गों को प्रदत्त अग्रिम, प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों का 25 प्रतिशत (अर्थात् कुल बकाया अग्रिमों का 10 प्रतिशत) होना चाहिए।
	23	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और स्थानीय क्षेत्रीय बैंकों को छोड़कर) को सूचित किया गया कि सीसीआईएल ने ओटीसी ब्याज दर डेरिवेटिव्स के लिए एक रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म विकसित किया है जो ओटीसी ब्याज दर डेरिवेटिव्स (ब्याज दर स्वाप्स और फारवर्ड रेट एग्रीमेंट (आईआरएस/ एफआरए) पर किए गए लेनदेनों का हिसाब रखेगा। इस रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म को 30 अगस्त 2007 से कार्यान्वित किया जाएगा। सभी बैंकों तथा प्राथमिक व्यापारियों को सौदा हो जाने के 30 मिनट के अंदर अपने सभी आईआरएस/एफआरएस के व्यापारों की रिपोर्टिंग करनी होगी। ग्राहकों के व्यापारों की रिपोर्टिंग करने की आवश्यकता नहीं है। बैंक तथा प्राथमिक व्यापारी यह भी सुनिश्चित करें कि सभी बकाया आईआरएस/एफआरए संविदा (ग्राहक के व्यापारों को छोड़कर) के ब्यौरे 15 सितंबर 2007 तक रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म में शामिल कर लिए जाते हैं। इस संबंध में परिचालन से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश सीसीआईएल द्वारा जारी किए जाएंगे।
सितंबर	3	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के संबंध में संशोधित दिशानिर्देशों के अनुसार संबंधित विवरणियों के विद्यमान फार्मेट में संशोधन किया गया है। • सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे ग्राहकों की अधिक सहभागिता के साथ शाखा स्तरीय समितियों को सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक उपाय करें। शाखा स्तरीय समितियों में अपने ग्राहकों को भी शामिल करना अपेक्षित है। इसके अतिरिक्त, वरिष्ठ नागरिक बैंक का महत्वपूर्ण हिस्सा होने के नाते एक वरिष्ठ नागरिक को समिति में शामिल करने के लिए वरीयता दी जानी चाहिए।
	4	• सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को धार्मिक स्थलों तथा बाजारों में विस्तार काउंटर खोलने के लिए अनुमति दी गई है। ऐसे मामलों में मुख्य बैंकर की शर्त लागू नहीं होगी। तथापि, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय से आवश्यक लाइसेंस लेना होगा।
	5	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को छोड़कर) को सूचित किया गया कि : (क) बैंक, चलनिधि जोखिम की माप के लिए संरचनात्मक (स्ट्रक्चरल) चलनिधि विवरण में प्रथम काल खंड (टाइम बॅकिट) (वर्तमान में 1-14 दिन) को तीन काल खंडों अर्थात् अगले दिन, 2-7 दिन तथा 8-14 दिन में बांटकर अधिक सूक्ष्म दृष्टिकोण अपना सकते हैं । (ख) चलनिधि पर संचयी प्रभाव जानने के लिए अगले दिन, 2-7 दिन, 8-14 दिन तथा 15-28 दिन के काल खंड के दौरान का निवल संचयी ऋणात्मक असंतुलन, संबंधित कालखंड में संचयी नकदी बहिर्वाह के क्रमशः 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। संरचनात्मक चलनिधि विवरण के फार्मेट में समुचित रूप से संशोधन किया गया ।
	7	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि ठ दि सांगली बैंक लि.ड का नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची से हटा दिया गया है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
सितंबर	10	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि भारत सरकार से परामर्श करके 5 और परिपत्रों को वापस लेने का निर्णय लिया गया है, यथा - राष्ट्रीयकृत बैंकों के अध्यख एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) /कार्यपालक निदेशक (ईडी) को अधिकारों का प्रत्यायोजन, आपसी निपटारा (कॉम्प्रॉमाइज़)/ राइट ऑफ के लिए सीएमडी/ईडी को अधिकारों का प्रत्यायोजन, बैंकों में सतर्कता व्यवस्था, बैंक में लूट /डकैती/ चोरी के मामलों की रिपोर्टिंग तथा छलपूर्ण लिखतों के भुगतान के संबंध में ग्राहक सेवा समझौता प्रक्रिया पर स्थायी समिति की बैठक।
	13	• यह निर्णय लिया गया कि क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को अपने अनुषंगी (सेटेलाइट) कार्यालयों को स्वयंपूर्ण शाखा के रूप में परिवर्तित करने की अनुमति दी जाए। परंतु, ऐसा करने से पूर्व उन्हें क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों पर अधिकार प्राप्त समिति की सहमति लेनी होगी। इस बात की सूचना सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को दे दी गई है।
	17	• सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया कि आवास ऋण प्रदान करते समय उनकी सभी शाखाएं भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी अनुदेशों का पूर्णतः पालन करती हैं।
	21	• सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को सूचित किया गया कि सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण के प्रतिबंधात्मक प्रावधान समाप्त किए जाने के परिप्रेक्ष्य में निम्नलिखित पैराग्राफों में निम्नानुसार परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है : 3.1 *ग्रामीण केंद्रों में शाखाओं का स्थानांतरण* क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक ग्रामीण केंद्रों में शाखाओं का स्थानांतरण भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन के बिना कर सकते हैं, बशर्ते विद्यमान तथा प्रस्तावित केंद्र एक ही ब्लॉक में हों तथा प्रस्तावित केंद्र की शाखा विद्यमान केंद्र की शाखा के अंतर्गत स्थित गांवों की बैंकिंग आवश्यकताओं को पूरा कर सकती हो। 3.2 *अर्ध-शहरी केंद्रों में शाखाओं का स्थानांतरण* क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक अर्ध-शहरी केंद्रों में एक ही इलाके/म्यूनिसिपल वार्ड के अंदर शाखाओं का स्थानांतरण भारतीय रिज़र्व बैंक की पूर्व अनुमोदन के बिना कर सकते हैं। परंतु, यह बात सुनिश्चित की जानी चाहिए कि शाखा के स्थानांतरण के कारण वह इलाका/म्यूनिसिपल वार्ड बैंक रहित नहीं होना चाहिए। 9. *हानि उठाने वाली शाखाओं का विलयन* जहां किसी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की हानि पर चल रही दो शाखाएं पास-पास (अर्थात् 5 कि.मी. के अंदर) हों वे ऐसी शाखाओं के विलयन पर विचार कर सकते हैं ताकि स्थान अंतर को युक्तिसंगत बनाने के साथ-साथ स्थापना/परिचालन संबंधी खर्चों को कम किया जा सके। 10. हटाया गया
अक्तूबर	23	• लॉर्ड श्री कृष्ण बैंक लि. का नाम भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूचि से हटा दिया गया
	24	• आस्ति देयता प्रबंधन (एएलएम) प्रणाली संबंधी दिशानिर्देश में परिवर्तन किया गया और सभी वाणिज्य बैंकों को कहा गया कि (ए) चलनिधि जोखिम के आकलन में बैंक और बारीक एप्रोच अपनाएं एवं इसके लिए संरचनात्मक चलनिधि (स्ट्रक्चरल लिक्विडिटि) के विवरण में पहले काल खंड (वर्तमान में यह 1-14 दिनों का है) को तीन खंडों यथा, अगला दिन, 2-7 दिन, और 8-14 में बाँट दें। (बी) संरचनात्मक चलनिधि विवरण सर्वोत्तम उपलबध डेटा कवरेज पर तैयार किया जाए और इसमें पूर्णतः नेटर्वक्ड एनवायरनमेंट के उपलब्ध न होने का समुचित ध्यान रखा जाए। तथापि, बैंक इस बाबत हरसंभव प्रयास करें कि समय पर 100 प्रतिशत डेटा का कवरेज हो। (सी) अगले दिन, 2-7 दिन, 8-14 दिन और 15-28 दिन के कालखंड में कुल विशुद्ध निगेटिव मिसमैच सबंधित कालखंड में कुल कैश आउटफ्लो के 5 प्रतिशत, 10 प्रतिशत, 15 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए ताकि चलनिधि पर कुल प्रभाव का पता चले। (डी) बैंक गतिशील चलनिधि प्रबंधन(डायनामिक लिक्विडिटि मैनेजमेंट) करें और स्ट्रक्चरल लिक्विडिटि का स्टेटमेंट दैनिक आधार पर तैयार करें। वैसे, रिज़र्व बैंक को संरचनात्मक चलनिधि (स्ट्रक्चरल लिक्विडिटि) का स्टेटमेंट महीने में एक ही बार प्रत्येक महीने के तीसरे बुधवार की स्थिति के अनुसार रिपोर्ट किया जाए।
	30	• यह निर्णय लिया गया कि 10 नवंबर 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का सीआरआर 50 आधार अंक बढ़ाकर उनके डिमांड एंड टाइम लायबिलिटिज का 7.50 प्रतिशत कर दिया जाए। • भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की दूसरी अनुसूची में यूटीआइ बैंक लि. का नाम 30 जुलाई 2007 से बदलकर 'एक्सिस बैंक लि.' कर दिया गया है।
	31	• यह निर्णय लिया गया कि 10 नवंबर 2007 से प्रारंभ पखवाड़े से सभी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) का सीआरआर 50 आधार अंक बढ़ाकर उनके मांग और मीयादी देयताओं (डिमांड एंड टाइम लायबिलिटिज़) का 7.50 प्रतिशत कर दिया जाए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
		(ख) सहकारी बैंक
2006		
अप्रैल	13	• राज्यों में पंजीकृत शहरी सहकारी बैंक, जिन्होंने समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किए हैं और जो बहु-राज्यीय सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत है, अपनी यूनिटों के विपणन के लिए कतिपय शर्तों के अधीन म्युचुअल फंडों के साथ करार कर सकते हैं, साथ ही i) शहरी सहकारी बैंक ग्राहक के एजेंट के रूप में कार्य करेगा, ii) म्युचुअल फंड यूनिटों की खरीद पर जोखिम ग्राहक पर होगा और शहरी सहकारी बैंक उस पर किसी प्रतिलाभ का वादा नहीं करेगा, iii) शहरी सहकारी बैंक ऐसे यूनिटों को द्वितीयक बाजार से हासिल नहीं करेंगे, iv) शहरी सहकारी बैंक ग्राहकों से म्युच्युअल फंडों की युनिटों की पुनर्खरीद नहीं करेगा, और v) शहरी सहकारी बैंक वर्तमान केवाइसी/एएमएल दिशानिदेशों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा।
	28	• बेहतर ग्राहक सेवा देने के लिए, शहरी सहकारी बैंकों को अपने विस्तार पटलों पर निम्नलिखित सीमित कार्य करने के लिए सूचित किया गया था : (i) जमा/निकासी लेनदेन, (ii) ड्राफ्ट और डाक अंतरणों को जारी करना तथा उनको भुनाना, (iii) यात्री चेकों को जारी करना तथा उनको भुनाना, (iv) बिलों की वसूली, (v) अपने ग्राहकों की मीयादी जमाराशियों की जमानत पर अग्रिम देना (संबंधित विस्तार पटल के अधिकारी को दिए मंजूरी के अधिकारों के भीतर), (vi) प्रधान कार्यालय/मूल शाखा द्वारा (केवल व्यक्तियों को) 10 लाख रुपए तक की सीमा तक स्वीकृत अन्य ऋणों का संवितरण। • निम्नलिखित पात्रता मानदंडों के अनुसार ऑन साइट / ऑफ साइट एटीएम लगाने के लिए शहरी सहकारी बैंकों को अनुमति दी गई थी। (i) न्यूनतम जमा 100 करोड़ रुपए, (ii) निर्धारित जोखिम भारित आस्तियों की तुलना में पूंजी अनुपात का अनुपालन, (iii) 10 प्रतिशत से कम की निवल अनर्जक आस्तियां और (iv) आरक्षित नकदी निधि अनुपात / सांविधिक चल निधि अनुपात का अनुपालन और निरंतर लाभप्रदता का रिकार्ड।
मई	26	• अनसूचित शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपनी वेबसाइटों पर निर्धारित फार्मेट में विभिन्न सेवा प्रभारों की जानकारी दें। शहरी सहकारी बैंक अपने कार्यालयों/शाखाओं में निर्दिष्ट कतिपय सेवाओं से संबंधित प्रभारों को भी प्रदर्शित करें। इसे स्थानीय भाषा में भी प्रदर्शित किया जाए।
जून	1	• शहरी सहकारी बैंकों के वाणिज्यिक स्थावर संपदा के एक्सपोजर पर जोखिम भार 125 प्रतिशत से बढ़ाकर 150 प्रतिशत कर दिया गया है।
	6	• राज्य सहकारी बैंकों और जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों को अनुमति दी गई है कि वे राज्य सरकार द्वारा प्रायाजित विभिन्न कार्यक्रमों/ योजनाओं /निकायों /एजेंसियों के नाम में बचत बैंक खाता खोल सकते हैं, जिसके लिए संबंधित सरकारी विभाग से बैंक को यह प्रमाणित करते हुए प्राधिकृत पत्र प्रस्तुत किया गया हो कि संबंधित सरकारी विभाग को अथवा निकाय को बचत बैंक खाता खोलने की अनुमति दी गई है।
	15	• विशिष्ट क्षेत्रों में मानक अग्रिमों अर्थात वैयक्तिक ऋण, पूंजी बाजार एक्सपोजर के रुपया ऋण और अग्रिम, 20 लाख रुपए से अधिक का रिहाइशी आवासीय ऋण और वाणिज्यिक स्थावर संपदा पर प्रावधानीकरण वर्तमान के 0.40 प्रतिशत से बढ़कर 1.0 प्रतिशत कर दिया गया है। संशोधित मानदंड यूनिट बैंकों तथा वे बैंक जिनकी एक जिले में अनेक शाखाएं हैं और जिनकी जमाराशि 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक है तथा अन्य सभी शहरी सहकारी बैंक जो एक से अधिक जिलों में कार्य कर रहे हैं, पर संशोधित मानदंड लागू कर दिए गए हैं।
	19	• भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) ने भारत राष्ट्रीय भवन निर्माण संहिता (एनबीसी) 2005 बनाई है, जिसमें पूरे देश में भवन निर्माण गतिविधियों के विनियमन हेतु दिशानिर्देश दिए गए हैं। इस संहिता में सुरक्षित एवं व्यवस्थित भवन विकास से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलू जैसे प्रशासनिक विनियम, विकास नियंत्रण नियम तथा सामान्य निर्माण अपेक्षाएं, अग्नि सुरक्षा अपेक्षाएं, निर्माण सामग्री का निर्धारण, संरचनागत डिजाइन तथा निर्माण (सुरक्षा सहित), और भवन एवं नलसाज सेवाएं शामिल है। बैंक के निदेशक मंडल इन पहलुओं को अपनी ऋण नीतियों में शामिल करने पर विचार कर सकते हैं। इसी प्रकार के दिशानिदेश राज्य सहकारी बैंकों तथा जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों को 26 जून 2006 को जारी किए गए हैं।
जुलाई	11	• प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र ऋण के अंतर्गत बैंक के निवेशों को युक्तिसंगत बनाने और प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र के उधारकर्ताओं को सीधे उधार देने के लिए बैंकों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शहरी सहकारी बैंकों को निदेश दिया गया कि एनएचबी/हुडको द्वारा जारी बांडों में 1 अप्रैल 2007 को या उसके बाद किया गया उनका निवेश प्राथमिकता क्षेत्र उधार के अंतर्गत वर्गीकृत करने हेतु पात्र नहीं है।
	21	• शहरी सहकारी बैंक यह सुनिश्चित करें कि माननीय प्रधान मंत्री द्वारा घोषित ठमहाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के लिए राहत उपायड पैकेज की तर्ज पर अधिसूचित जिलों में किसानों के ऋण खातों जो 01 जुलाई, 2006 से अतिदेय हो गए हैं, उन्हें पुनः निर्धारित करें और उन पर ब्याज की रकम (01 जुलाई, 2006 को) को माफ कर दें। ऐसे किसानों को नया वित्त प्रदान किया जाए। ऐसे किसानों को नए वित्त उपलब्ध कराए जाएं।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
जुलाई	24	• अनुसूचित शहरी सहकारी बैंक अपनी वेबसाइटों के होमपेज पर प्रमुख स्थान पर 'सेवा प्रभार और शुल्क' शीर्ष के अंतर्गत सेवा प्रभारों और शुल्क का उल्लेख करें ताकि उनकी जानकारी शहरी सहकारी बैंक के ग्राहकों को आसानी से प्राप्त हो सके। शिकायत निवारण हेतु नोडल अधिकारी के नाम के साथ शिकायत का फार्म भी होमपेज पर उपलब्ध करवाएं ताकि ग्राहक आसानी से शिकायत दर्ज कर सकें। शिकायत फार्म में यह उल्लेख हो कि शिकायत निवारण का पहला स्थान बैंक है तथा शिकायतकर्ता बैंक में एक महीने के भीतर शिकायत का निवारण न होने पर ही वे बैंकिंग लोकपाल से संपर्क कर सकते हैं।
	26	• शहरी सहकारी बैंक स्वयं को इंटरनेट आधारित इलेक्ट्रॉनिक पर्स योजना से न जोड़े जो जमाराशि स्वीकार करती हो और जिसे मांग पर आहरित किया जा सकता हो। इसी प्रकार के दिशानिदेश राज्य सहकारी बैंकों तथा जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को भी 07 अगस्त 2006 को जारी किए गए हैं।
अगस्त	11	• राज्य सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि 24 जून, 2006 से शुरू होनेवाले पखवाड़े से सीआरआर के अंतर्गत निर्धारित राशि रखने में चूक करने वाले मामले में दंडात्मक ब्याज इस प्रकार प्रभारित किया जाएगा : i) दैनिक आधार पर सीआरआर बनाए रखने की अपेक्षा में चूक, जो वर्तमान में कुल सीआरआर का 70 प्रतिशत है, पर ब्याज दर इस दिन के लिए निर्धारित न्यूनतम राशि और रखी गई राशि में कमी की राशि पर बैंक दर और उसके ऊपर तीन प्रतिशत दर पर लगायी जाएगी और यदि यह कमी अगले दिन/दिनों तक बनी रहती है तो दंडात्मक ब्याज दर, बैंक दर से 5 प्रतिशत अधिक दर पर लगाई जाएगी, ii) एक पखवाड़े के दौरान, सीआरआर बनाए रखने में हुई चूक के मामले में दंडात्मक ब्याज, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उपधारा (3) में दिए अनुसार वसूला जाएगा। इसी प्रकार के दिशानिदेश अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों को 16 अगस्त 2006 को जारी किए गए हैं।
	18	• केंद्रीय सरकार के ज़्हेन इश्यूडट लेनदेन हेतु लेखांकन और संबंधित पहलुओं से संबंधित जानकारी शहरी सहकारी बैंकों को जारी की गई है।
सितंबर	4	• प्राकृतिक आपदा से प्रभावित क्षेत्रों में राहत उपाय उपलब्ध करवाने के बारे में शहरी सहकारी बैंकों को दिशानिदेश जारी किए गए है।
	22	• राज्य सहकारी बैंकों/जिला केंद्रीय मध्यवर्ती बैंकों को यह सुनिश्चित करने हेतु सूचित किया गया है कि शाखाओं में ग्राहकों को जारी पासबुक/खाता विवरण में शाखा का पूरा पता/दूरभाष संख्या अनिवार्य रूप से दी जाए।
	26	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया है कि धोखाधड़ी, चोरी आदि से संबंधित आंकड़े फार्मेट एमएमआर-2,3 और 4 में रिज़र्व बैंक के क्षेत्रीय कार्यालयों को उस तिमाही की समाप्ति से 15 दिन के भीतर प्रस्तुत करें जिस तिमाही से आंकड़े संबंधित हैं।
अक्तूबर	6	• शहरी सहकारी बैंकों से यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया था कि खाता धारकों को जारी किए गए पासबुकों खातों के विवरणों में अनिवार्य रूप से शाखा का पूरा पता /टेलीफोन नं. लिखा जाए।
	11	• राज्य सहकारी बैंकों /जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सूचित किया गया था कि वे सभी खाता धारकों (व्यक्तियों) को अनिवार्य रूप से पासबुकों की सुविधा उपलब्ध करवाएं ऐसे ही दिशानिदेश शहरी सहकारी बैंकों को 16 अक्तूबर 2006 को जारी किए गए।
	17	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया था कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार के समग्र लक्ष्य के भीतर और कमजोर तबके के लिए 25 प्रतिशत के उप लक्ष्यों के लिए यह सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त सावधानी बरती जाए कि अल्प समुदाय के लोग ऋण का समान वांछित हिस्सा प्राप्त करें। • शहरी सहकारी बैंकों को पारिवारिक इकाई के हिताधिकारी को 25 लाख रुपए तक का आवास ऋण देने की अनुमति दी गई थी। परंतु 15 लाख रुपए से ऊपर के आवास ऋण को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को ऋण नहीं माना जाएगा। इस शर्त को कि किस्त और ब्याज की रकम के लिए निर्धारित की गई वर्तमान सीमा उधारकर्ता की आय के 30 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए, समाप्त कर दिया गया है।
नवंबर	13	• श्रेणी III और IV को छोड़कर, राज्यों में पंजीकृत शहरी सहकारी बैंक जिन्होंने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं और बहुराज्य सहकारी समिति अधिनियम, 2002 के अंतर्गत पंजीकृत हैं, को विस्तार काउंटरों को तीन वर्ष तक कार्य करने के बाद उन्हें पूर्ण रूप से शाखाओं में परिवर्तित करने की पात्रता होगी। यदि बैंक इन शाखाओं को दूसरे स्थान पर स्नानांतरित करना/

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2006		
		स्थापित करना आवश्यक समझता है तो इसकी अनुमति निम्नलिखित शर्तों पर दी जाएगी : (i) परिवर्तित शाखा की शिफ्टिंग/अन्य स्थान पर स्थापना उसी शहर/कस्बे की सीमा के भीतर हो, (ii) यह सुनिश्चित किया जाए कि विस्तार काउंटर के वर्तमान ग्राहकों तथा संस्थागत ग्राहकों को बैंकिंग सेवाएं मिलती रहेंगी; (iii) जिस संस्था में विस्तार काउंटर वर्तमान में कार्य कर रहा है उसमें नए विस्तार काउंटर की अनुमति नहीं दी जाएगी।
नवंबर	22	• शहरी बैंक, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय, दिल्ली द्वारा जारी निदेशों का कड़ाई से पालन करें। ये निदेश निम्नलिखित प्रयोजन हेतु आवास ऋण के संबंध में हैं : (क) भवन निर्माण, (ख) निर्मित/बनी हुई संपत्ति की खरीद, (ग) अनधिकृत श्रेणी की कालोनियों की संपत्ति तथा (घ) संपत्ति जो आवासीय प्रयोजन के लिए है किंतु आवेदक उसे वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए इस्तेमाल करना चाहता है।
	27	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे प्राधिकृत व्यापारी लाइसेंस के लिए पात्र होंगे, बशर्ते वे रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित मानदंडों का पालन करें। यह निर्णय लिया गया कि शहरी सहकारी बैंकों को एफएमसीसी के रूप में कार्य करने के लिए कोई नया प्राधिकरण न दिया जाए।
दिसंबर	11	• रिज़र्व बैंक ने निर्णय लिया है कि राज्य सहकारी बैंकों तथा अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकिंग प्रणाली के प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को उनके निवल मांग एवं मीयादी देयताओं के एक प्रतिशतता बिंदु के आधे तक दो चरणों में बढ़ाया जाए, जो निम्नलिखित पखवाड़ों से प्रभावी होगा : प्रभावी तारीख (अर्थात् जिस तारीख से पखवाड़ा शुरू होता है) : निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर; 23 दिसंबर 2006 - 5.25; 6 जनवरी 2007- 5.50
	13	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि डुप्लीकेट मांग ड्राफ्ट जारी करने में होने वाले विलंब के लिए ब्याज के भुगतान से संबंधित पूर्व अनुदेश केवल उन्हीं मामलों में लागू होंगे जहां डुप्लीकेट मांग ड्राफ्ट बनाने का अनुरोध क्रेता द्वारा अथवा लाभार्थी द्वारा किया गया हो, और यह तीसरी पार्टी को परांकन के मामले में लागू नहीं होगा।
	18	• अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को सूचित किया गया कि वे ग्राहकों को चेक ड्राप बाक्स में डालने के लिए मजबूर न करें। बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे चेक ड्राप बॉक्स पर यह प्रदर्शित करें कि 'ग्राहक अपने चेक काउंटर पर भी दे सकते हैं और जमापर्ची पावती प्राप्त कर सकते हैं।' यदि ग्राहक चेक काउंटर पर जमा करता है तो कोई भी शाखा रसीद देने से मना नहीं कर सकती। इसी प्रकार की सूचना 26 दिसंबर 2006 को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों, राज्य सहकारी बैंकों एवं जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को और 28 दिसंबर 2006 को शहरी सहकारी बैंकों को जारी की गई।
	26	• आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और केरल के ऋणग्रस्त जिलों के किसानों की ऋणग्रस्तता दूर करने के लिए केंद्र सरकार ने एक पैकेज का अनुमोदन किया है, जिसमें अन्य मदों के अलावा, कृषि ऋण से संबंधित मद है जिसमें निम्नलिखित शामिल हैं: (i) प्रभावित जिलों में 1 जुलाई 2006 को बकाया ऋणों के समस्त ब्याज माफ कर दिए जाएंगे और किसानों पर उस तारीख को पिछले किसी ब्याज का बोझ नहीं होगा, ताकि वे बैंकिंग प्रणाली से नया ऋण लेने के लिए तुरंत पात्र हो सकें, (ii) 1 जुलाई 2006 को किसानों के अतिदेय ऋणों को 3-5 वर्षों तक की अवधि में पुनर्निर्धारण किया जाएगा और एक वर्ष की अधिस्थगन अवधि भी होगी तथा, (iii) आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा केरल के उपर्युक्त ऋणग्रस्त जिलों में वर्ष 2006-07 में क्रमशः 13,817.78 करोड़ रुपए, 3,076.20 करोड़ रुपए और 1,945.07 करोड़ रुपए के ऋण दिए जाएंगे। अतिदेय ब्याज को माफ करने का बोझ राज्य एवं केंद्र सरकारें बराबर मात्रा में उठाएंगी। उपर्युक्त अतिदेय ब्याज का विभाजन करते समय, राज्य सरकार द्वारा पहले ही किए गए किसी निर्गम को समायोजित करने का विशेष ध्यान रखा जाए।
	28	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने ग्राहकों को ड्राप बाक्सों में चेक डालने के लिए मजबूर न करें। जहां ग्राहकों को चेक ड्राप बाक्स सुविध मुहैया कराई जाए, वहीं नियमित वसूली काउंटरों पर चेकों की रसीद देने से मना न किया जाए। कोई भी शाखा उनके काउंटरों पर दिए जाने वाले चेकों के लिए ग्राहकों को पावती देने से मना नहीं करेगी।
2007		
जनवरी	22	• अग्रिमों के प्रबंधन से संबंधित सभी अनुदेशों /दिशानिर्देशों को समेकित एवं अद्यतन करते हुए सभी शहरी सहकारी बैंकों को मास्टर परिपत्र जारी किया गया।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
फरवरी	5	• रिज़र्व बैंक के अनुदेशों के बावजूद, यह पाया गया है कि बैंक अभी भी नोट के पैकेटों को स्टेपल करने की प्रथा जारी रखे हुए हैं। इस परंपरा से, नोट को नुकसान तो पहुंचता ही है, नोटों का जीवन कम हो जाता है और इससे ग्राहकों को नोटों के पैकेट आसानी से खोलने में कठिनाई होती है। सभी जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे तुरंत प्रभाव से : (i) किसी भी नोट पैकेट को स्टेपल न करें बल्कि कागज की पट्टी से बांधकर सुरक्षित करें; (ii) नोटों को पुनः जारी करनेयोग्य और जारी न करने योग्य नोटों में छांटें तथा जनता को केवल साफ-सुथरे नोट जारी करें। गंदे नोट स्टेपल न की गई हालत में करेंसी चेस्टों के माध्यम से आवक रेमिटेंस में रिज़र्व बैंक को भेज दिए जाएं; तथा (iii) इसके बाद बैंक नोटों के वाटरमार्क विंडो पर किसी भी प्रकार से लिखना बंद करें ।
	19	• यह निर्णय लिया गया कि यूनिट बैंक तथा 100 करोड़ रुपए और उससे अधिक जमाराशि वाले वो बैंक जिनके एक ही जिले में एकाधिक शाखाएं हैं और एकाधिक जिलो में परिचालन करने वाले सभी शहरी सहकारी बैंकों के लिए ऋण तथा अग्रिमों के निम्नलिखित श्रेणियों के मानक आस्तियों के संबंध में प्रावधान की आवश्यकता को तत्काल प्रभाव से एक प्रतिशत बढ़ाकर दो प्रतिशत कर दिया जाए : (क) वैयक्तिक ऋण, (ख) पूंजी बाजार एक्सपोजर के रूप में माने जाने वाले ऋण तथा अग्रिम, तथा (ग) स्थावर संपदा ऋण (रिहायशी आवास ऋण को छोड़कर) सभी अन्य ऋणों एवं अग्रिमों, जो मानक आस्तियां हैं, जिनमें वे भी शामिल हैं जो कृषि लघु एवं मझोले उद्यमों तथा सामान्य उद्योगों को दिए गए हैं, पर प्रावधान की अपेक्षाएं अपरिवर्तित रहेंगी। ऊपर उल्लिखित बैंकों की श्रेणियों के लिए मानक आस्ति प्रावधान अपेक्षाएं, उपर्युक्त संशोधनों के बाद, संक्षिप्त रूप में नीचे प्रस्तुत हैं। ये प्रावधान अनुमत सीमा तक पूंजी पर्याप्तता प्रयोजन हेतु टियर II पूंजी में शामिल किए जाने हेतु पात्र होंगे। क्रम सं. / मानक आस्ति की श्रेणी / प्रावधान की दर (क) / कृषि और एसएमई क्षेत्र को प्रत्यक्ष अग्रिम / 0.25 % (ख) / वैयक्तिक ऋण, पूंजी बाजार एक्सपोजर के रूप में ऋण एवं अग्रिम, कमर्शियल स्थावर संपदा ऋण तथा व्यवस्थागत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी - एनडी को ऋण एवं अग्रिम / 2.00 % (ग) / अन्य सभी प्रकार के ऋण एवं अग्रिम जिन्हें उक्त (क) तथा (ख) में शामिल नहीं किया गया है / 0.40%
मार्च	1	• सभी शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि उन्हें निम्नलिखित देयताओं पर 22 जून 2006 से औसत सीआरआर रखने से छूट दी जाती रहेगी, बशर्ते वे अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं पर न्यूनतम 3 प्रतित का सांविधिक सीआरआर बनाए रखें : (i) भारत में बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं जिसकी गणना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 (1) के स्पष्टीकरण के खंड (घ) के अंतर्गत की गई हो, और (ii) भारतीय समाशोधन निगम के साथ संपार्श्विकीकृत उधार एवं ऋण दायित्व संबंधी लेनदेन। • सभी शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि भारत सरकार ने 9 जनवरी 2007 को उस दिन के रूप में अधिसूचित किया है जिस दिन भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम 2006 की धारा 3 को छोड़कर सभी प्रावधान लागू होंगे। भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 में निम्नलिखित को हटाने का प्रावधान किया गया है: (i) देश में मौद्रिक स्थिरता बनाए रखने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए रिज़र्व बैंक द्वारा सीआरआर की उच्चतम एवं न्यूनतम दर का निर्धारण करना, तथा (ii) पात्र सीआरआर राशियों पर ब्याज भुगतान का प्रावधान (अर्थात् सांविधिक न्यूनतम सीआरआर तथा रिज़र्व बैंक द्वारा निर्धारित सीआरआर के बीच के अंतर की प्रारक्षित निधि की राशि)। 1. शहरी सहकारी बैंकों द्वारा कुल मांग और मीयादी देयताओं पर रखी जानेवाली प्रभावी सीआरआर की राशि 3 प्रतिशत से कम नहीं होगी। भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (1) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सभी शहरी सहकारी बैंक अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं का 17 फरवरी, 2007 से शुरू होनेवाले पखवाड़े से 5.75 प्रतिशत और 3 मार्च, 2007 से शुरू होने वाले पखवाड़े से 6.00 प्रतिशत प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात बनाए रखेंगे। 2. भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की उप धारा 42(5) (ग) के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों के अनुसार, यह निर्णय लिया गया कि मांग और मीयादी देयताओं की गणना में मान्य सीआरआर छूटों के चलते जो बैंक 22 जून 2006 से 2 मार्च 2007 तक 3 प्रतिशत का न्यूनतम सांविधिक सीआरआर का स्तर नहीं रख पाए ऐसे बैंकों को दंड के रूप में लगने वाले ब्याज से छूट दी जाए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
		3. रिज़र्व बैंक सभी शहरी सहकारी बैंकों को पात्र सीआरआर राशियों पर इन दरों से ब्याज देगा : (क) सीआरआर अपेक्षा के अंतर्गत रिज़र्व बैंक के पास 24 जून 2006 से शुरू होने वाले पखवाड़े से 8 दिसंबर 2006 तक रखी गई पात्र नकद राशियों पर 3.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से, (ख) सीआरआर अपेक्षा के अंतर्गत रिज़र्व बैंक के पास 9 दिसंबर 2006 से शुरू होनेवाले पखवाड़े से 16 फरवरी 2007 तक रखी गई पात्र नकद राशियों पर 2.0 प्रतिशत, (ग) सीआरआर अपेक्षा के अंतर्गत रिज़र्व बैंक के पास 17 फरवरी 2007 से शुरू होने वाले पखवाड़े से रखी गई पात्र नकद राशियों पर 1.0 प्रतिशत।
मार्च	16	• शहरी सहकारी बैंकों से यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया कि किसान विकास पत्र सहित लघु बचत लिखत प्राप्त करने/में निवेश करने के लिए कोई भी ऋण स्वीकृत न किया जाए।
	23	• राज्य सहकारी बैंकों/जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया कि किसान विकास पत्र सहित लघु बचत लिखत प्राप्त करने/में निवेश करने के लिए कोई भी ऋण स्वीकृत न किया जाए।
अप्रैल	4	• राज्य सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि यह निर्णय लिया गया है कि प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को उनकी निवल मांग और मीयादी देयताओं के एक प्रतिशतता बिंदु के आधे तक निम्नलिखित पखवाड़े से लागू करते हुए दो चरणों में बढ़ाया जाए:

लागू तारीख (अर्थात् पखवाड़ा शुरू होने की तारीख)	निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर (प्रतिशत)
14 अप्रैल 2007	6.25
28 अप्रैल 2007	6.50

तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत किए गए निर्धारण के अनुसार राज्य सहकारी बैंकों द्वारा कुल मांग और मीयादी देयताओं पर रखी जाने वाली प्रभावी सीआरआर दर 3.00 प्रतिशत से कम नहीं होगी।

• 14 अप्रैल, 2007 से शुरू होने वाले पखवाड़े से राज्य सहकारी बैंकों को वर्तमान सीआरआर अपेक्षा के अंतर्गत रिज़र्व बैंक के पास रखी गई पात्र नकद राशियों पर 0.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाएगा।

	5	• शहरी सहकारी बैंकों को यह सूचित किया गया कि यह निर्णय लिया गया है कि प्रारक्षित नकदी निधि अनुपात (सीआरआर) को उनकी निवल मांग और मीयादी देयताओं के एक प्रतिशतता बिंदु के आधे तक, निम्नलिखित पखवाड़े से लागू करते हुए दो चरणों में बढ़ाया जाए :

लागू तारीख (अर्थात् पखवाड़ा शुरू होने की तारीख)	निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर (प्रतिशत)
14 अप्रैल 2007	6.25
28 अप्रैल 2007	6.50

तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के अंतर्गत किए गए निर्धारण के अनुसार शहरी सहकारी बैंकों द्वारा कुल मांग और मीयादी देयताओं पर रखी जानेवाली प्रभावी सीआरआर दर 3.00 प्रतिशत से कम नहीं होगी। 14 अप्रैल, 2007 से शुरू होने वाले पखवाड़े से शहरी सहकारी बैंकों को वर्तमान सीआरआर अपेक्षा के अंतर्गत रिज़र्व बैंक के पास रखी गई पात्र नकदी राशियों पर 0.50 प्रतिशत प्रति वर्ष की दर से ब्याज दिया जाएगा।

	9	• राज्य सहकारी बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया कि ग्राहकों द्वारा जारी चेकों/ड्राफ्टों को जिनमें राशि फुटकर रुपए में लिखी गई हो, निरस्त अथवा अस्वीकार न करें।
	12	• राज्य सहकारी बैंकों तथा जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे आम तौर पर जमा खाता खोलने वाले व्यक्तियों से नामांकन देने का आग्रह करें। यदि खाता खोलने वाला व्यक्ति नामांकन भरने से मना करता है, तो उसे नामांकन सुविधा के फायदे बताएं जाएं। यदि इस पर भी खाता खोलने वाला व्यक्ति नामांकन नहीं देना चाहता है, तो बैंक उससे इस आशय का विशेष पत्र देने के लिए कहे जिसमें यह लिखा हो कि वह नामांकन नहीं करना चाहता है। यदि खाता खोलने वाला व्यक्ति ऐसा पत्र देने से मना करता है तो बैंक खाता खोलने वाले फार्म पर यह तथ्य दर्ज करे और अन्यथा पात्र पाए जाने पर खाता खोलने की कार्रवाई करे। बैंक किसी भी परिस्थिति में केवल इस कारण से खाता खोलने के लिए मना न करे कि खाता खोलने वाले व्यक्ति ने नामांकन देने से मना कर दिया है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
अप्रैल	17	• शहरी सहकारी बैंकों को यह सुनिश्चित करने के लिए सूचित किया गया कि ग्राहकों द्वारा जारी चेकों/ ड्राफ्टों को जिनमें राशि फुटकर रुपए में लिखी गई हो, निरस्त अथवा अस्वीकार न करें।
	18	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि भारत सरकार ने 16 जून, 2006 को माइक्रो, लघु एवं मझोले उद्यम विकास अधिनियम, 2006 पारित किया है, जिसे 2 अक्तूबर, 2006 को अधिसूचित किया गया। विनिर्माण कार्य अथवा उत्पादन कार्य और सेवाएं प्रदान करने, देने का कार्य कर रहे अति लघु (माइक्रो), लघु और मझोले उद्यम की परिभाषा संशोधित की गई है जिसे बैंकों द्वारा अन्य नीतिगत उपायों के साथ-साथ तुरंत लागू किया जाना है। मझोले उद्यमों को बैंक द्वारा दिए गए उधार को, जिसमें उपकरण में निवेश की राशि 2 करोड़ रुपए से अधिक किंतु 5 करोड़ रुपए से अनधिक हो, प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत गणना हेतु शामिल नहीं किया जाएगा।
	19	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे जमा खाता खोलने वाले व्यक्ति से सामान्यतया नामांकन भरने का आग्रह करें। यदि खाता खोलने वाला व्यक्ति नामांकन भरने से मना कर देता है, तो बैंक उसे नामांकन सुविधा के फायदे बताए। यदि इस पर भी खाता खोलने वाला व्यक्ति नामांकन नहीं भरना चाहता, तो बैंक उससे इस आशय का विशेष पत्र देने के लिए कहे जिसमें यह लिखा हो कि वह नामांकन नहीं करना चाहता। यदि खाता खोलने वाला व्यक्ति ऐसा पत्र देने से मना करता है, तो बैंक यह तथ्य उसके खाता खोलने वाले फार्म पर लिख दे और अन्यथा पात्र पाए जाने पर खाता खोलने की कार्रवाई करे। किसी भी परिस्थिति में बैंक, खाता खोलने से केवल इस आधार पर मना नहीं करेगा कि खाता खोलने वाले व्यक्ति ने नामांकन भरने से मना कर दिया।
	24	• राज्य सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि उन्हें 01 अप्रैल 2007 से भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के अंतर्गत गणना की गई निम्नलिखित देयताओं पर औसत सीआरआर रखने से छूट होगी : (i) भारत में बैंकिंग प्रणाली के प्रति देयताएं जिनकी गणना भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 के स्पष्टीकरण के खंड (ङ) के अंतर्गत की गई है, (ii) भारतीय समाशोधन निगम (सीसीआइएल) के साथ संपार्श्विकृत उधार एवं ऋण दायित्व (सीबीएलओ) के लेनदेन। • भारत सरकार ने 9 मार्च 2007 की असाधारण राजपत्र अधिसूचना सं.एसओ 337 (ङ) में 01 अप्रैल, 2007 को भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम 2006 की धारा 3 के प्रावधान लागू होने की तारीख अधिसूचित की है। भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 के प्रावधान लागू किए जाने के फलस्वरूप भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (1) में किया गया संशोधन 01 अप्रैल, 2007 से लागू किया गया। तदनुसार, कुल मांग और मीयादी देयताओं के 3 प्रतिशत की सांविधिक न्यूनतम सीआरआर की अपेक्षा उक्त अधिसूचित तारीख से समाप्त होती है। रिज़र्व बैंक देश में मौद्रिक स्थिरता कायम रखने की आवश्यकता के मद्देनजर समय-समय पर शहरी सहकारी बैंकों के लिए किसी भी न्यूनतम एवं उच्चतम सीमा के बिना सीआरआर निर्धारित कर सकता है। (2) रिज़र्व बैंक को प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह निर्णय किया गया कि शहरी सहकारी बैंकों द्वारा रखी जाने वाली सीआरआर दर के संबंध में यथास्थिति बनाए रखी जाए तथा वर्तमान छूट जो अगले परिवर्तन तक जारी रहेगी, को अधिसूचित किया गया। तदनुसार, शहरी सहकारी बैंक अपनी कुल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर रखना जारी रखेंगे। लागू होने की तारीख (अर्थात् पखवाड़ा शुरू होने की तारीख) — निवल मांग और मीयादी देयताओं पर सीआरआर (प्रतिशत) 14 अप्रैल 2007 — 6.25 28 अप्रैल 2007 — 6.50 (3) भारतीय रिज़र्व बैंक (संशोधन) अधिनियम, 2006 की धारा 3 लागू होने से भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 42 की उप धारा (1ख) 01 अप्रैल 2007 से हट जाएगी। इस संशोधन के अनुरूप यह निर्णय किया गया कि 31 मार्च 2007 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से रिज़र्व बैंक, शहरी सहकारी बैंकों द्वारा रखी गई सीआरआर राशि पर कोई ब्याज अदा नहीं करेगा।
	30	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि सोने और चांदी की जमानत पर दिए गए 1 लाख रुपए तक के ऋण पर मौजूदा 125 प्रतिशत के जोखिम भार को तुरंत प्रभाव से घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया गया है। • शहरी सहकारी बैंकों के लिए आय निर्धारण, आस्ति वर्गीकरण और प्रावधानीकरण से संबंधित रियायती विवेकपूर्ण दिशानिर्देशों को एक वर्ष के लिए और बढ़ा दिया गया है।
मई	4	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि पटना उच्च न्यायालय द्वारा 'चूककर्ता कंपनी' के रूप में घोषित कंपनी/कंपनियों के धन संबंधी लेनदेन की अनुमति बैंक में न दी जाए। तदनुसार, इस संबंध में सभी शाखाओं को तुरंत सूचित किया जाए और आदेश के अनुपालन की सूचना दी जाए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
मई	4	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि व्यक्तियों के लिए आवासीय ऋण पर जोखिम भार 75 प्रतिशत से कम करके 50 प्रतिशत कर दिया गया है, और यह अस्थायी उपाय है जो 20 लाख रुपए तक के ऋण के लिए लागू होगा तथा इस संबंध में चूक एवं अन्य संबंधित कारकों को ध्यान में रखते हुए एक वर्ष बाद इसकी समीक्षा की जाएगी।
	16	• राज्य सहकारी बैंकों /जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे आंतरिक रूप से उपयुक्त सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का निर्धारण करें ताकि प्रोसेसिंग एवं अन्य प्रभारों को मिलाकर ऋणों एवं अग्रिमों पर अत्यधिक ब्याज न लगाना पड़े।
	18	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे आंतरिक रूप से उपयुक्त सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का निर्धारण करें ताकि प्रोसेसिंग एवं अन्य प्रभारों को मिलाकर ऋणों एवं अग्रिमों पर अत्यधिक ब्याज न लगाना पड़े। • राज्य सहकारी बैंकों /जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों से आग्रह किया गया कि वे उपयुक्त प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करते हुए अपने वित्तीय समावेशन के प्रयास को व्यापक बनाएं। यह सावधानी बरती जाए कि विकसित समाधान अत्यधिक सुरक्षित, लेखा-परीक्षा करने योग्य हो, तथा व्यापक रूप से स्वीकार्य प्रचलित मानक अपनाए गए हों जिसमें विभिन्न बैंकों द्वारा अपनाई गई विभिन्न प्रणालियों में परस्पर परिचालित करने की सुविधा हो। • राज्य सहकारी बैंकों /जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सुरक्षित जमा लॉकर/सुरक्षित अभिरक्षा वस्तु सुविधा प्रदान करने तथा सुरक्षित जमा लॉकर की सुविधा/ बैंकों द्वारा सुरक्षित अभिरक्षा की वस्तुओं को लौटाने जैसे मुद्दों के बारे में नए दिशानिर्देश जारी किए गए।
	24	• रिज़र्व बैंक ने सभी अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों को निर्देश दिए कि वे संशोधित बैंकिंग लोकपाल योजना, 2006 का पालन करें।
जून	21	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि सुरक्षित जमा लॉकर/वस्तुओं की सुरक्षित अभिरक्षा सुविधा प्रदान करने तथा सुरक्षित जमा लॉकर की सुविधा / बैंकों द्वारा सुरक्षित अभिरक्षा की वस्तुओं को लौटाने के संबंध में नए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं।
जुलाई	13	• शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि (i) वे शेयर दलालों को निधि आधारित अथवा गैर-निधि आधारित ऋण सुविधा नहीं दे सकते चाहे वह जमानती हो या गैर-जमानती। यह निषेध शेयरों और डिबेंचरों के अलावा अन्य प्रतिभूतियों जैसे मीयादी जमा रसीदें, जीवन बीमा निगम पालिसियों आदि की जमानत पर ऋण और अग्रिम पर भी लागू है, (ii) शहरी सहकारी बैंकों को पण्य-दलालों को कोई सुविधा देने की अनुमति नहीं है। इसमें उनकी ओर से गारंटियां जारी करना भी शामिल है। (iii) केवल व्यक्तियों को म्युचुअल फंड की यूनिटों की जमानत पर अग्रिम उसी प्रकार दिया जा सकता है जिस प्रकार से शेयरों, डिबेंचरों तथा बांडों की जमानत पर दिया जाता है। कोई भी ऋण सुविधा जो इस समय दी जा रही है, किंतु उक्त अनुदेशों के अनुरूप नहीं है, प्रचलन में हो तो उसे बिना किसी विलंब के हटा लिया/ बंद कर दिया जाए। इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों को प्रस्तुत की जाए। • शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि विलय मामले में सुनाम (गुडविल) के परिशोधन की समीक्षा की गई है और उन्हें इस प्रकार सूचित किया गया (i) यदि अभिग्रहण/समामेलन के लिए अदा की गई राशि प्राप्त की गई निवल आस्तियों के बही मूल्य से अधिक हो जाती है तो उस अधिक राशि को सुनाम (गुडविल)के रूप में माना जाएगा और उसे अगले पांच वर्षों में समान किस्तों में परिशोधित किया जाएगा, तथा (ii) जहां प्रतिदान (कंसिडरेशन) राशि की अदायगी नहीं होती है किंतु ग्रहीत आस्तियों का बही मूल्य देयताओं के बही-मूल्य से कम होता है, तो ग्रहीत आस्तियों के बही मूल्य की तुलना में देयताओं का बही मूल्य जितना अधिक होता है, उसे सुनाम के रूप में माना जाएगा और उसे अगले पांच वर्षों में समान किस्तों में परिशोधित किया जाएगा; तथा (iii) जहां प्रतिदान राशि की अदायगी नहीं होती है, किंतु ग्रहीत आस्तियों का बही मूल्य ग्रहीत देयताओं के बही मूल्य से अधिक है, तो देयताओं के बही मूल्य की तुलना में आस्तियों का बही मूल्य जितना अधिक होता है, उसे आरक्षित पूंजी माना जाएगा। • शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम-सह-डेबिट कार्ड जारी करने के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए। बैंक जो आनसाइट/ आफसाइट एटीएम लगाने के लिए प्राधिकृत किए गए हैं, अपने बोर्ड के अनुमोदन से एटीएम-सह-डेबिट कार्ड शुरू कर सकते हैं। तथापि, ऑफ लाइन डेबिट कार्ड जारी करने की अनुमति नहीं है। रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को प्रारंभ किए गए एटीएम-सह-डेबिट कार्ड के ब्यौरे तथा अपने बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कार्य सूची नोट एवं उस संबंध में पारित संकल्प की प्रतियां प्रेषित की जाएं। शहरी सहकारी बैंक अन्य गैर-बैंक संस्थाओं के साथ मिलकर एटीएम-सह-डेबिट कार्ड जारी नहीं करेंगे। शहरी सहकारी बैंक इन कार्डों के परिचालन की समीक्षा करें तथा अपने बोर्ड को प्रति वर्ष मार्च और सितंबर को समाप्त छमाही के आधार पर समीक्षा नोट प्रस्तुत करें। बैंकों द्वारा जारी इन कार्डों के परिचालन से संबंधित रिपोर्ट प्रत्येक वर्ष मार्च और सितंबर के अंत में छमाही आधार पर रिज़र्व बैंक को प्रेषित की जाए।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
जुलाई	17	• शहरी सहकारी बैंक जिनके पास प्राधिकृत व्यापारी I अथवा II का लाइसेंस है, वे निम्नलिखित शर्तों के अधीन मुद्रा अंतरण सेवा योजनाओं के अंतर्गत एजेंट / उप एजेंट के रूप में कार्य कर सकते हैं और जो विदेशी मुद्रा विभाग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुरूप हो, : (i) बैंक की एएमएल/केवाइसी मानकों के अनुपालन की स्थिति संतोषजनक हो; (ii) मूल (मुख्य) बैंक, निर्दिष्ट बैंक के पास एजेंट के पक्ष में विदेशी मुद्रा जमाराशि (अमरीकी डालर) रखेगा, जो इस समय तीन दिन में किए गए औसत भुगतान के बराबर की राशि अथवा 50,000 अमरीकी डालर में से जो भी अधिक हो, (iii) जहां शहरी सहकारी बैंक उप एजेंट के रूप में कार्य कर रहा हो, वहां एजेंट भी निर्दिष्ट बैंक के पास संबंधित शहरी सहकारी बैंक (उप एजेंट) के पक्ष में तीन दिन के औसत भुगतान के बराबर की राशि अथवा 20 लाख रुपए, जो भी अधिक हो, जमानत राशि के तौर पर रखेगा। (iv) शहरी सहकारी बैंक यह सुनिश्चित करें कि किए जाने वाले भुगतान जिनकी प्रतिपूर्ति नहीं की गई है, किसी भी समय, विदेशी मुख्य एजेंट द्वारा रखी गई जमानती राशि से अधिक न हो, जैसा भी मामला हो; (v) कोई भी शहरी सहकारी बैंक किसी अन्य शहरी सहकारी बैंक/संस्था को अपने उप एजेंट के रूप में नियुक्त नहीं कर सकता है।
अगस्त	14	• सभी अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों को उपभोक्ता कार्य मंत्रालय, खाद्य एवं लोक वितरण द्वारा बफर स्टाक के सृजन के संबंध में जारी अधिसूचना के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया गया। भारत सरकार की अधिसूचना के अनुसार, सरकार ने यह निर्णय लिया है कि 01 मई 2007 से एक वर्ष की अवधि तक 20 लाख टन चीनी का बफर स्टॉक बनाया जाए। इस व्यवस्था के अंतर्गत सरकार, चीनी विकास निधि से 378 करोड़ रुपए की सब्सिडी जारी करेगी और चीनी के मौजूदा स्टॉक से बफर स्टाक बनाए जाने के फलस्वरूप बैंकों को मार्जिन देने हेतु 420 करोड़ रुपए की अतिरिक्त ऋण राशि मंजूर करनी होगी। इस योजना के परिचालन के लिए, चीनी मिलों के लिए यह जरूरी होगा कि वे उनके पास पहले से रखी चीनी के स्टॉक से बफर स्टॉक के लिए रखी जानेवाली चीनी का स्टॉक अलग करके रखें। बैंक नियमित ऋण सीमा में से अलग से उप-ऋण सीमा का आबंटन करें जो चीनी मिलों द्वारा रखे गए बफर स्टॉक के 100 प्रतिशत मूल्य को प्रदर्शित करेगा। बफर स्टॉक के लिए 100 प्रतिशत आहरण प्रदान करने हेतु जारी रकम, अर्थात् मार्जिन राशि के रूप में जारी राशि को एक विशेष खाता में जमा किया जाए। बैंकों के लिए यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि इस खाते में रखी गई राशि का इस्तेमाल गन्ने के भुगतान के लिए किया जाए।
	28	• सभी शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि बैंक ने उसी राज्य के भीतर उनके परिचालन क्षेत्र में उनकी शाखाओं को एक शहर से दूसरे शहर में ले जाने के अनुरोध पर निम्नलिखित शर्तों पर विचार किया है : (i) नए केंद्र का जनसंख्या समूह मौजूदा केंद्र के जनसंख्या समूह के समान अथवा कम हो, अर्थात ञ्डीट केंद्र पर स्थित शाखा को अन्यत्र ञ्डीट केंद्र पर ही स्थानांतरित किया जा सकता है; (ii) कम बैंक वाले जिले में स्थित शाखा को अन्य कम बैंक वाले जिले के केंद्र पर ही स्थानांतरित किया जा सकता है तथा (iii) इस स्थानांतरण से बैंक को लागत और कारोबार के हिसाब से फायदा होना चाहिए।
	30	• सभी शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने नियंत्रक कार्यालयों, शाखा कार्यालयों को यह सूचित करते हुए आवश्यक अनुदेश जारी करें कि वे निर्दिष्ट 121 अल्पसंख्यक वाले जिलों में अल्पसंख्यकों को दिए जाने वाले ऋण पर विशेष रूप से निगरानी रखें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि अल्पसंख्यक समुदाय को प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र के समग्र लक्ष्य के भीतर समान अंश में ऋण प्राप्त हो। उपर्युक्त अपेक्षा का ध्यान ञ्अल्पसंख्यक कल्याण हेतु प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रमट के अंतर्गत लक्ष्यों एवं विकास परियोजनाओं के स्थान के निर्धारण के प्रयोजन से रखा जाए। • सभी शहरी सहकारी बैंकों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार से संबंधित संशोधित दिशानिर्देश सूचित किए गए, जिसमें माइक्रो, लघु और मझोले उद्यम विकास अधिनियम, 2006 के अनुसार लघु एवं माइक्रो उद्यमों की संशोधित परिभाषा को शामिल किया गया है।
सितंबर	13	• सभी प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि जिस प्रयोजन के लिए ऋण सुविधाएं दी गई है, उधारकर्ता उनका इस्तेमाल उसी प्रयोजन के लिए कर रहे हैं। अतः बैंकों में निधियों के प्रयोजन परक इस्तेमाल पर उचित निगरानी रखने के लिए तंत्र होना चाहिए। जहां कहीं यह पाया जाए कि निधियों का इस्तेमाल अन्यत्र किया जा रहा है, तो वे संबंधित ग्राहकों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करें और बैंक के हितों की रक्षा के लिए कदम उठाएं। बैंक, खास तौर से उन खातों के बारे में और सख्त सुरक्षा उपाय लागू करें जिनमें एनपीए के संकेत मिल रहे हों। इन मामलों में बैंक ग्राहकों के गोदामों का जल्दी-जल्दी निरीक्षण करते हुए अपनी निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ बनाएं, और यह सुनिश्चित करें कि बिक्री से प्राप्त राशि को बैंक में उधारकर्ता के खाते में जमा किया जाता है तथा स्टॉक को दृष्टिबंधक रखने के बजाय गिरवी रखने का आग्रह करें। ऐसे मामलों में जहां नकद ऋण और अन्य ऋण खातों के लिए दृष्टिबंधक रखे गए स्टॉक के बारे में यह पाया जाता है कि उसे बेच दिया गया है किंतु उससे मिलने वाली रकम ऋण खाते में जमा नहीं की गई है, तो इसे आम तौर पर धोखाधड़ी माना जाए। ऐसे मामलों में, बैंक शेष स्टॉक को सुरक्षित रखने हेतु तुरंत कदम उठाए ताकि उपलब्ध जमानत के मूल्य में और अधिक क्षय को रोका जा सके, इसके अलावा, बैंक अन्य आवश्यक कार्रवाई भी करे।
	18	• समस्त वेतन अर्जक प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया है कि वे वेतन अर्जक बैंकों के बोर्ड में दो पेशेवर निदेशक रखे जाने का आग्रह न करें।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
सितंबर	18	• सभी शहरी सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि शहरी सहकारी बैंकों को गैर-एसएलआर निवेशों के संबंध में और अधिक लचीलापन प्रदान करने की दृष्टि से इन निवेशों पर निम्नलिखित दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू किए गए हैं : (i) गैर एसएलआर निवेश की सीमा बैंक की पिछले वर्ष की 31 मार्च की कुल जमाराशि के 10 प्रतिशत तक बनी रहेगी; (ii) ये निवेश ऋप्ट अथवा उसके समकक्ष रेटिंग वाले प्रतिदेय प्रकृति के वाणिज्यि पत्रों (सीपी), डिबेंचरों तथा बांडों में ही किये जा सकेंगे। बेमीयादी ऋण लिखतों में निवेश नहीं किया जा सकेगा; (iii) लिस्टिंग न हुई प्रतिभूतियों में निवेश की राशि किसी भी समय कुल गैर-एसएलआर निवेश के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। जो बैंक इस सीमा से अधिक का निवेश कर चुके हैं वे ऐसी प्रतिभूतियों में और निवेश नहीं कर सकेंगे। ऋण म्यूचुअल फंडों और मुद्रा बाजार म्यूचुअल फंडों को छोड़कर म्यूचुअल फंडों की यूनिटों में निवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऋण म्यूचुअल फंडों और मुद्रा बाजार म्यूचुअल फंडों की यूनिटों को छोड़कर यूटीआई सहित अन्य म्यूचुअल फंडों की वर्तमान धारिता का विनिवेश किया जाना चाहिए। जब तक ये यूनिटें बैंक की बहियों में रहती हैं तब तक उपर्युक्त (i) में निर्धारित सीमा हेतु इन्हें गैर-एसएलआर निवेशों के रूप में माना जाएगा । (v) गैर-एसएलआर श्रेणी के सभी नए निवेशों को व्यापार के लिए धारित (एचएफटी) /बिक्री के लिए उपलब्ध (एएफएस) के रूप में ही वर्गीकृत किया जाना चाहिए और इनका मूल्य इन श्रेणियों के निवेशों के लिए यथाप्रयोज्य विधि से बाजार भाव पर लगाया जाना चाहिए; (vii) वाणिज्य बैंकों और अनुमत अनुसूचित शहरी सहकारी बैंकों के जमा खातों में रखी राशि तथा वाणिज्य बैंकों द्वारा जारी जमा प्रमाणपत्रों में किए गए निवेश गैर-एसएलआर निवेशों के लिए निर्धारित कुल जमाराशि के 10 प्रतिशत की सीमा से बाहर होंगे; (viii) अंतर बैंक जमाराशि के रूप में रखी निधि की कुल राशि (समाशोधन, प्रेषण आदि सहित सभी प्रयोजनों के लिए) पिछले वर्ष की 31 मार्च की शहरी सहकारी बैंक की मांग और मीयादी देयता (डीटीएल) के 10 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए। डीटीएल के 10 प्रतिशत की विवेकपूर्ण अंतर बैंक एक्सपोजर की सीमा सम्मिलित (ऑल इन्क्लूसिव) सीमा है तथा यह अंतर बैंक मांग और नोटिस मुद्रा तक सीमित नहीं है। केवल टीयर I शहरी सहकारी बैंकों के मामले में यह अपवाद है कि वे एनडीटीए के 10 प्रतिशत की उपर्युक्त विवेकपूर्ण सीमा के अतिरिक्त अपने एनडीटीएल के 15 प्रतिशत तक की राशि सरकारी क्षेत्र के बैंकों में जमाराशि के रूप में रख सकते हैं; (ix) शहरी सहकारी बैंक का किसी एक बैंक के प्रति एक्सपोजर, पिछले वर्ष के 31 मार्च को सकल गैर-एसएलआर निवेश और उस बैंक में रखी जमाराशि सहित जमाकर्ता बैंक की मांग और मीयादी देयता के 2 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए। इस प्रयोजन हेतु एकल बैंक एक्सपोजर सीमा निर्धारित करने के लिए सीएसजीएल सुविधा, मुद्रा तिजोरी सुविधा तथा बैंक गारंटी (बीजी), साख पत्र (एलसी) जैसी गैर निधि आधारित सुविधाएं लेने के लिए बैंक के पास रखी जमाराशि यदि कोई हो तो उसे छोड़ दिया जाना चाहिए। (x) उपर्युक्त सभी निवेश, बैंकों के पास रखी उन जमाराशियों को छोड़कर जिनके संबंध में उपर्युक्त (ix) में विवेकसम्मत सीमाएं निर्धारित की गई हैं, निर्धारित विवेकपूर्ण व्यक्ति/समूह एक्सपोजर सीमा के अधीन होगा, (xi) वाणिज्यिक पत्रों (सीपी) तथा जमा प्रमाणपत्रों को छोड़कर सभी निवेश उन लिखतों में होना चाहिए जिनकी मूल परिपक्वता (मेच्युरिटी) कम से कम एक वर्ष हो; (xii) जिन गैर अनुसूचित प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों की शाखा व प्रधान कार्यालय एक ही है अथवा एक ही जिले में एकाधिक शाखाएं हैं तथा उनकी जमाराशि 100 करोड़ रुपए अथवा उससे कम है,ऐसे बैंकों को उनकी मांग व मीयादी देयताओं का 15 प्रतिशत तक, निर्धारित आस्तियों में, एसएलआर रखने से छूट दी गई है यदि वे बैंक के 17 फरवरी 2006 के परिपत्र में निर्धारित किए गए अनुसार भारतीय औद्योगिक विकास बैंक लि. सहित भारतीय स्टेट बैंक तथा उसकी सहायक बैंकों तथा सरकारी क्षेत्रों के बैंकों में अपेक्षित राशि ब्याज वाली जमाराशि के रूप में रखते हैं। ऐसी जमाराशियां इन अनुदेशों के अंतर्गत नहीं आती हैं और उपर्युक्त (vii) में निर्धारित सीमाएं ऐसी जमाराशियों को छोड़कर हैं।
	20	• सभी प्राथमिक (शहरी) सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि जब कोई शहरी सहकारी बैंक उस जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंक (डीसीसीबी)/ राज्य सहकारी बैंक (एसटीसीबी) से ऋण लेता है जहां उसकी जमाराशि भी रखी गई है तो सांविधिक चलनिधि अनुपात की गणना के लिए डीसीसीबी/एसटीसीबी द्वारा लिए गए ऋण की राशि को जमाराशि से घटाया जाना चाहिए चाहे ऐसी जमाराशि पर ग्रहणाधिकार ही क्यों न मार्क किया गया हो। उक्त अनुदेश के कारण सांविधिक चलनिधि अनुपात में कमी होती हो तो उसे पूरा करने के लिए शहरी सहकारी बैंकों को छह महीने का समय दिया गया है।
		(ग) वित्तीय संस्थाएं
2006		
मार्च	6	• सभी वित्तीय संस्थाओं को सूचित किया गया कि प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के सभी प्रकार के ऋण चाहे वह कितनी भी राशि का हो, से संबंधित आवेदन पत्र व्यापक हो, उसमें हर तरह की सूचना हो जैसे - प्रोसेसिंग की कोई फीस हो तो आवेदन नामंजूर होने पर लौटाई जाने वाली राशि, पूर्व भुगतान का विकल्प और ऐसी कोई भी जानकारी/विषय जिससे उधार लेनेवाले का हित जुड़ा हो, ताकि अन्य बैंकों के साथ इनकी सार्थक तुलना की जा सके और उधारकर्ता पर्याप्त जानकारी के आधार पर अपना निर्णय ले सके। वित्तीय संस्थाओं को सूचित किया गया कि क्रेडिट कार्ड आवेदनों सहित सभी श्रेणियों के ऋणों, चाहे उनकी प्रारंभिक सीमा कोई भी हो, के संबंध में ऋणदाताओं द्वारा आवेदनकर्ता को निर्धारित समय के अंदर लिखित रूप में उन प्रमुख कारणों के बारे में बताया जाना चाहिए जिसके कारण बैंक/वित्तीय संस्था के विचार में ऋण के आवेदनों को अस्वीकृत किया गया है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2006		
मई	16	• अनर्जक आस्तियों की खरीद/बिक्री के संबंध में 13 जुलाई 2005 के पूर्व के दिशानिर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं को सूचित किया गया कि आनुमानिक नकदी प्रवाह का कम से कम 10 प्रतिशत प्रथम वर्ष में प्राप्त किया जाना चाहिए और उसके बाद प्रत्येक छमाही में कम से कम 5 प्रतिशत प्राप्त किया जाना चाहिए तथा पूरी वसूली तीन वर्ष के अंदर हो जानी चाहिए। संशोधित दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।
		घ) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां (एनबीएफसी)
2006		
अप्रैल	5	• जनता से /की जमाराशियां स्वीकार/धारित न करनेवाली एनबीएफसी जिसकी आस्तियां 100 करोड़ रुपए या उससे अधिक है, द्वारा प्रस्तुत की जानेवाली मासिक विवरणी के फार्मेट में कुछ पैरामीटर शामिल करने के लिए कतिपय परिवर्तन किए गए हैं जैसे लाभ और हानि लेखा की संचयी स्थिति, अनर्जक आस्तियों का कालखंड-वार विवरण, कार्यशील पूंजी की उच्चतम बकाया राशि, कंपनी के पूंजी बाजार एक्सपोजर से संबंधित कतिपय अतिरिक्त जानकारी और निधियों के विदेशी स्रोत। • एनबीएफसी, एमएनबीसी और आरएनबीसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों और 1 जुलाई, 2005 को उसके अंतर्गत अधिसूचित नियमों पर ध्यान दें और उसका अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रकार के उपाय करें। नियमों में शामिल हैं - लेनदेन अभिलेख का रखरखाव, सूचनाओं का रखरखाव तथा उन्हें वित्तीय आसूचना यूनिट - भारत को सूचित करना।
सितंबर	20	• जोखिम भार लगाने के उद्देश्य से उधारकर्ता के सकल एक्सपोजर की गणना करते समय, एनएफसी उधारकर्ता को दिए गए अग्रिमों के कुल बकाया एक्सपोजर में से वह राशि घटाएं, जिसे नकद मार्जिन/प्रतिभूति जमा/जमानती राशि द्वारा मानकीकृत किया गया है और जिसके एवज में समंजन का अधिकार उपलब्ध है। • प्रतिभूतिकरण कंपनियां अथवा पुनर्निर्माण कंपनियां प्रत्येक योजना के अंतर्गत जारी की गई कम से कम 5 प्रतिशत राशि प्रतिभूति रसीदों में तुरंत निवेश करें। यदि प्रतिभूतिकरण कंपनियां या पुनर्निर्माण कंपनियों ने पहले ही प्रतिभूति रसीद जारी की हों, तो ऐसी कंपनियां इस संबंध में जारी की गई अधिसूचना की तारीख से छह महीने के भीतर प्रत्येक योजना के अंतर्गत प्रतिभूति रसीदों में न्यूनतम अभिदान सीमा प्राप्त करेंगी।
	21	• एनबीएफसी को सूचित किया गया कि उन्हें अपने सांविधिक लेखा परीक्षकों का प्रमाणपत्र प्रति वर्ष प्रस्तुत करना चाहिए जो इस आशय का हो कि वे उस एनबीएफआइ का कारोबार कर रही हैं जिसके लिए भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आइए के तहत पंजीयन प्रमाणपत्र रखना आवश्यक होता है। इस संबंध में 19 अक्तूबर 2006 के परिपत्र द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि मूल कारोबार की परिभाषा 8 अप्रैल 1999 की प्रेस विज्ञप्ति 1998-99/1269 में दी दी गई है।
	28	• भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934, की धारा (45) के अंतर्गत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को व्यापक अनुदेश जारी किए गए हैं कि वे उचित व्यवहार संहिता के संबंध में विस्तृत दिशानिदेश तैयार करें जो उनके निदेशक मण्डल से अनुमोदित हों और उसे प्रकाशित किया जाए तथा उसे कंपनी की वेबसाइट पर जनता की जानकारी के लिए प्रदर्शित किया जाए।
अक्तूबर	19	• प्रतिभूतिकरण कंपनियों अथवा पुनर्निर्माण कंपनियों को सूचित किया गया कि वे पंजीकरण प्रमाणपत्र की स्वीकृति की तारीख से छह महीने के भीतर अपना कारोबार शुरू कर दें। प्रतिभूतिकरण कंपनी अथवा पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा आवेदन किए जाने पर बैंक गुण-दोष के आधार पर उन्हें छह महीने के बाद कारोबार शुरू करने का अवधि-विस्तार स्वीकृत कर सकते हैं, लेकिन किसी भी स्थिति में ऐसा विस्तारण पंजीकरण प्रमाणपत्र स्वीकृत किए जाने की तारीख से 12 महीनों से अधिक न हो। वे प्रतिभूतिकरण कंपनियां अथवा पुनर्निर्माण कंपनियां जिन्होंने पूर्वोक्त अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत बैंक से पंजीकरण प्रमाणपत्र पहले ही प्राप्त कर लिया है और अब तक कारोबार शुरू नहीं किया है वे अधिसूचना की तारीख से छह महीने की अवधि के भीतर अपना कारोबार शुरू करेंगी।
	27	• यह स्पष्ट किया गया कि नियंत्रण/प्रबंध में परिवर्तन के बारे में पूर्व सार्वजनिक सूचना गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी और अंतरणकर्ता अथवा आंतरिती अथवा संबंधित पक्षों द्वारा संयुक्त रूप से दी जाए।
दिसंबर	4	• भारतीय रिज़र्व बैंक के पास पंजीकृत गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को चयनात्मक आधार पर जोखिम में सहभागिता बिना भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्व अनुमोदन से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के साथ मिलकर को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने के लिए अनुमति दे दी गई। यह अनुमति प्रारंभ में दो वर्ष के लिए होगी जिसके बाद उसकी समीक्षा की जाएगी। इस टाई-अॅप व्यवस्था के अंतर्गत एनबीएफसी का कार्य को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड की मार्केटिंग और वितरण तक सीमित रहना चाहिए। को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी करने वाले बैंक को उसके संबंधित नियंत्रक प्राधिकारी द्वारा जारी सभी अनुदेशों /दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2006		
दिसंबर	4	• गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को विशाखीकरण की अनुमति देकर सुदृढ़ बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया कि चयनात्मक आधार पर गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को शुरू में दो वर्षों की अवधि के लिए रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन से म्यूचुअल फंडों के एजेंट के रूप में म्यूचुअल फंड के उत्पादों के विपणन और वितरण की अनुमति दी जाए और दो वर्ष बाद इसकी समीक्षा की जाएगी। न्यूनतम निर्धारित मानदंड पूरा करने वाले गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां आवेदन करने के लिए पात्र हैं।
	6	• रिज़र्व बैंक द्वारा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को आस्ति पुनर्वित्त कंपनी, निवेश कंपनी तथा ऋण कंपनी के रूप में पुनः वर्गीकृत किया गया। उत्पादनकारी/आर्थिक कार्यों हेतु वस्तविक/भौतिक आस्तियों के लिए वित्तपोषण करने वाली कंपनियों को आस्ति वित्त कंपनी (एएफसी) के रूप में वर्गीकृत किया जाएगा। शेष कंपनियों को ऋण/निवेश कंपनियों के रूप में वर्गीकृत किया जाता रहेगा। तदनुसार, गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी - जनता की जमाराशियों का स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली 1988 के वर्गीकरण में संशोधन किया गया।
	12	• बैंकों तथा गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) के कार्यकलापों के विभिन्न पक्षों के लिए विविध विनियामक आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी (एनबीएफसी -एनडी-एसआइ) के विनियामक ढांचे में संशोधन किया गया। लेखा परीक्षित तुलनपत्र के अनुसार 100 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक आस्ति वाली सभी एनबीएफसी-एनडी को प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनडीएफसी-एनडी के रूप में माना जाएगा। ऐसी कंपनियों को न्यूनतम 10 प्रतिशत सीआरएआर (जोखिम भारित आस्ति की तुलना में पूंजी का अनुपात) बनाए रखने के लिए सूचित किया गया है और एकल पार्टी/समूह के लिए ऋण जोखिम (एक्सपोज़र) का मानदंड निर्धारित किया गया है।
	28	• शहरी सहकारी बैंकों/राज्य सहकारी बैंकों/जिला मध्यवर्ती सहकारी बैंकों को सूचित किया गया कि वे अपने ग्राहकों को ड्राप बॉक्स में चेक डालने के लिए मजबूर न करें। बैंकों को यह भी सूचित किया गया कि वे चेक ड्रॉप बॉक्स में यह सूचना प्रदर्शित करें कि ग्राहक अपना चेक काउंटर पर जमा करा सकते हैं और जमा पर्ची में प्राप्ति सूचना प्राप्त कर सकते हैंट। यदि ग्राहक काउंटर पर चेक प्रस्तुत करता है तो किसी भी शाखा को प्राप्ति-सूचना देने से इनकार नहीं करना चाहिए।
2007		
जनवरी	4	• सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार करने वाली/रखने वाली सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को फरवरी 2005 में सूचित किया गया कि वे भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45-आईबी के अनुसार निवेशित सांविधिक चलनिधि आस्तियों पर अपने जमाकर्ताओं के पक्ष में चल प्रभार का सृजन करें। बड़ी संख्या में जमाकर्ताओं के पक्ष में सांविधिक चलनिधि आस्तियों पर प्रभार के सृजन में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा व्यक्त की गई व्यावहारिक कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए, जनवरी 2007 में यह निर्णय लिया गया कि सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार करने/रखने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां 'न्यास विलेखट की प्रक्रिया के माध्यम से जमाकर्ताओं के पक्ष में सांविधिक चलनिधि आस्तियों पर चल प्रभार का सृजन करें। • कंपनी कार्य मंत्रालय द्वारा पारस्परिक लाभवाली वित्तीय कंपनी (अधिसूचित निधि) तथा पारस्परिक लाभवाली कंपनियों (संभाव्य निधि) के समग्र विनियमन का अधिग्रहण कर लिए जाने के कारण पारस्परिक लाभवाली वित्तीय कंपनियों तथा पारस्परिक लाभवाली कंपनियों द्वारा वार्षिक विवरणियों के प्रस्तुतीकरण संबंधी स्थिति की समीक्षा की गई। यह निर्णय लिया गया कि पारस्परिक लाभवाली वित्तीय कंपनियों तथा पारस्परिक लाभवाली कंपनियों से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी सार्वजनिक जमाराशि स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998 में उल्लिखित वार्षिक विवरणी, लेखा परीक्षित तुलनपत्र तथा लाभ-हानि खाता, लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र और अन्य ब्यौरे नहीं मंगाए जाएं ।
फरवरी	19	• जमाराशि न लेनेवाली प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी-एनडी-एसआइ) को मानक श्रेणी के अंतर्गत दिए गए ऋण तथा अग्रिमों के लिए प्रावधान की अपेक्षा को वर्तमान के 0.40 प्रतिशत से बढ़ाकर तत्काल प्रभाव से दो प्रतिशत किया गया है। पिछले लेखा परीक्षित तुलनपत्र के अनुसार 100 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक की आस्ति वाली जमाराशि न लेने वाली एनबीएफसी को एनबीएफसी-एनडी-एसआइ के रूप में माना जाता है। एनबीएफसी-एनडी-एसआई के प्रति सभी ऋण जोखिमों (एक्सपोजर) के लिए जोखिम भार को वर्तमान के 100 प्रतिशत के स्तर से बढ़ाकर तत्काल प्रभाव से 125 प्रतिशत किया गया है।

क्रम सं.	मानक आस्ति की श्रेणी	प्रावधान की दर
(क)	वैयक्तिक ऋण, पूंजी बाजार एक्सपोज़र के रूप में माने जाने वाले ऋण तथा अग्रिम, वाणिज्यिक स्थावर संपदा ऋण तथा प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी-एनडी को ऋण तथा अग्रिम	2.00 %

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
फरवरी	22	• विवेकपूर्ण मानदंड संबंधी दो निदेशावलियां यथा -जमाराशि लेनेवाली एनबीएफसी के लिए गैर बैंकिंग वित्तीय (जमाराशि स्वीकार करने या धारण करनेवाली) कंपनी विवेकपूर्ण मानदंड (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 2007 तथा जमाराशि स्वीकार न करने वाली एनबीएफसी के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय (जमाराशि स्वीकार करने अथवा धारण न करने वाली) कंपनी विवेकपूर्ण मानदंड (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 2007 जारी की गईं। इसके अतिरिक्त, 100 करोड़ रुपए तथा उससे अधिक की कुल आस्ति वाली एनबीएफसी और आरएनबीसी को सूचित किया गया कि वे अप्रैल 2007 से पूंजी बाजार एक्सपोजर पर निर्धारित प्रारूप में मासिक विवरणी प्रस्तुत करें। इससे पहले 50 करोड़ रुपए तथा उससे अधिक की जमाराशि वाली एनबीएफसी द्वारा पूंजी बाजार एक्सपोजर पर विवरणी प्रस्तुत की जाती थी। • 100 करोड़ रुपए तथा उससे अधिक की कुल आस्तियां वाली सभी एनबीएफसी तथा आरएनबीसी को संबंधित माह की समाप्ति के सात दिन के अंदर निर्धारित फार्मेट (एनबीएस 6) में मासिक आधार पर विवरणी प्रस्तुत करनी चाहिए। 50 करोड़ रुपए अथवा उससे अधिक की जमाराशि वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को पूंजी बाजार ऋण जोखिम (एक्सपोजर) पर पहले की तरह 31 मार्च 2007 को समाप्त होने वाले माह तक विवरणी प्रस्तुत करते रहना होगा, उसके बाद संशोधित अनुदेश लागू होंगे।
	23	• सभी एनबीएफसी को इस बात पर विचार करने के लिए सूचित किया गया कि वे बड़ी जोखिम (एक्सपोजर) वाले खातों की जल्दी-जल्दी जांच करके यह पुष्टि कर लें कि निधियों का उपयोग जमाखोरी के उद्देश्य से खाद्यान्नों के भंडारण के लिए तो नहीं किया गया है।
अप्रैल	4	• एनबीएफसी को सूचित किया गया कि वे प्रिंट अथवा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया (वेबसाइट सहित) अथवा विज्ञापन के बदले जारी विवरण (एसआईएलए) में पंजीकरण प्रमाणपत्र आदि से संबंधित एक विवरण प्रस्तुत करें। यह भी संभव है कि जमाराशि स्वीकार करने वाली एनबीएफसी द्वारा केवल अपने व्यापार के संवर्द्धन के लिए जारी विज्ञापन से उन्हें जमाराशि प्राप्त हो। जमाकर्ताओं के हित में ऐसे विज्ञापनों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं उक्त प्रावधानों की ओर जमाकर्ताओं का ध्यान आकर्षित करने के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां-जनता की जमाराशियों का स्वीकरण (रिज़र्व बैंक) निदेशावली, 1998 में समुचित प्रावधान जोड़ने का प्रस्ताव किया गया है। एनबीएफसी को अपने विज्ञापन में निम्नलिखित शीर्षक जोड़ना चाहिए (i) कंपनी के जमाराशि प्राप्त करने संबंधी कार्यों के संबंध में दर्शक गण से अनुरोध है कि वे जनता से जमाराशि के लिए अनुरोध करते हुए समाचार पत्र में दिए गए विज्ञापन / आवेदन पत्र में दी गई जानकारी देखें, (ii) कंपनी के पास भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 45 आईए के अंतर्गत भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी दिनांक .... का वैध पंजीकरण प्रमाणपत्र है। तथापि, भारतीय रिज़र्व बैंक, कंपनी की वित्तीय मजबूती की वर्तमान स्थिति अथवा कंपनी द्वारा दिए गए वक्तव्यों अथवा उनके द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदनों अथवा कंपनी द्वारा प्रकट किए गए विचारों के सही होने तथा कंपनी द्वारा जमाराशि के भुगतान/देयताओं की चुकौती का कोई दायित्व अथवा गारंटी नहीं लेता।
	24	• समग्र वित्तीय प्रणाली में प्रचलित ब्याज दरों को ध्यान में रखते हुए एनबीएफसी द्वारा जमाकर्ताओं को अदा की जानेवाली ब्याज की अधिकतम दर में संशोधन करके 24 अप्रैल 2007 से 12.5 प्रतिशत प्रति वर्ष निर्धारित की जाएगी। यह दर एनबीएफसी द्वारा जनता की जमाराशियों पर अदा की जाने वाली अधिकतम स्वीकार्य दर हैं और वे इससे कम ब्याज दर दे सकते हैं। ब्याज की नई दर जनता से ली जाने वाली नई जमाराशियों तथा अवधिपूर्ण हो चुकी जमाराशियों के नवीकरण पर लागू होगी। भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेशावलियों के अनुसार 12.5 प्रतिशत की अधिकतम वार्षिक ब्याज दर विविध गैर-बैंकिंग कंपनी (चिट फंड कंपनियां) द्वारा स्वीकार/नवीकृत की जाने वाली जमाराशियों /पर भी लागू होगी।
	25	• बैंकों के साथ पंजीकृत प्रतिभूतिकरण कंपनियों/पुनर्निर्माण कंपनियों को सूचित किया गया कि तिमाही की समाप्ति से 15 दिन के भीतर एससीआरसी 1 फार्मेट (अर्जित, प्रतिभूतिकृत और पुनर्निर्मित आस्तियों पर विवरण) और एससीआरसी 2 (अर्जित, प्रतिभूतिकृत और पुनर्निर्मित आस्तियों पर विवरण-बैंकवार) में तिमाही विवरण प्रस्तुत करें। ऐसी पहली विवरणी 31 मार्च 2007 को समाप्त तिमाही के लिए प्रेषित की जाए।
	27	• प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण एनबीएफसी-एनडी को सूचित किया गया कि वे पूंजी निधि, जोखिम आस्ति अनुपात आदि संबंधी वार्षिक विवरण फॉर्म एनबीएस-7 में प्रति वर्ष मार्च के अंत में प्रस्तुत करने की एक प्रणाली स्थापित करें। ऐसी पहली विवरणी 31 मार्च 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए प्रस्तुत की जाए। यह विवरणी वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तीन माह के अंदर प्रति वर्ष प्रस्तुत की जाए। ये विवरणियां इलेक्ट्रॉनिक रूप में भी प्रस्तुत की जा सकेंगी और वेब से विवरणियां प्रस्तुत करने हेतु यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिए वे गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय के सूचना प्रभाग से संपर्क कर सकते हैं। निर्दिष्ट प्राधिकारी द्वारा विधिवत् हस्ताक्षरित हार्ड कॉपी रिज़र्व बैंक के गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग के उस क्षेत्रीय कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकेगी जिसके क्षेत्राधिकार में कंपनी का पंजीकरण किया गया है।
मई	8	• कंपनी क्षेत्र में पणधारियों के हितों के संरक्षण के लिए कंपनी अभिशासन की प्रमुख भूमिका है। सर्वोत्तम प्रथाओं को अपनाने तथा परिचालनों में अधिक पारदर्शिता सनिश्चित करने में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को समर्थ बनाने के लिए 8 मई 2007 को दिशानिर्देशों का प्रस्ताव करके उन्हें 20 करोड़ रुपए और अधिक जमा आकार वाली जमा लेनेवाली सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा 100 करोड़ रुपए और अधिक आस्ति आकार वाली जमा न लेनेवाली सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी-एनडी-एसआइ) के निदेशक मंडल द्वारा विचार किए जाने के लिए रखा गया। उक्त दिशानिर्देश लेखा परीक्षा के गठन, नामांकन तथा जोखिम प्रबंधन समितियों प्रकटीकरण तथा पारदर्शिता और संयुक्त उधार संबंध पर लागू है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
मई	16	• अनर्जक आस्तियों की खरीद/बिक्री संबंधी 13 जुलाई 2005 के पूर्व के दिशानिर्देशों में आंशिक संशोधन करते हुए एनबीएफसी (आरएनबीसी सहित) को सूचित किया गया कि वे अनुमानित नकदी प्रवाह का कम-से-कम 10 प्रतिशत प्रथम वर्ष में प्राप्त करें तथा उसके बाद प्रति छमाही में कम-से-कम 5 प्रतिशत प्राप्त करें एवं तीन वर्ष के अंदर पूरी राशि की वसूली हो जानी चाहिए। संशोधित दिशानिर्देश तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं।
	21	• भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45 आईए के अंतर्गत जनता से जमाराशि लेनेवाली एनबीएफसी के लिए 200 लाख रुपए की न्यूनतम स्वाधिकृत निधि (एनओएफ) की आवश्यकता के संबंध में दिशानिर्देशों का प्रारूप जारी किया गया।
	24	• गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों द्वारा अत्यधिक ब्याज और कतिपय ऋण तथा अग्रिमों पर प्रभार लगाने संबंधी प्राप्त कई शिकायतों की दृष्टि से गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सूचित किया गया कि वे बैंक द्वारा ब्याज विनियमित नहीं किए जाने पर भी ब्याज दर और संसाधन तथा अन्य प्रभार निर्धारित करने हेतु समुचित आंतरिक सिद्धांतों और प्रक्रियाओं का निर्धारण करें। गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सूचित किया गया है कि वे ऋण की शर्तों के संबंध में पारदर्शिता के बारे में निष्पक्ष व्यवहार संहिता के दिशानिदेशों का ध्यान रखें।
	25	• तयशुदा लेनदेन प्रणाली (एनडीएस)-ऑर्डर मैचिंग की सुविधा को व्यापक बनाने के लिए यह सुविधा एनडीएल सदस्यों के पास सरकारी प्रतिभूति (गिल्ट) खाता रखने वाली पात्र संस्थाओं को भी उपलब्ध कराई गई। पात्र संस्थाओं में जमाराशि लेनेवाली एनबीएफसी, भविष्य निधियां, पेंशन निधियां, म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियां, सहकारी बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक तथा ट्रस्ट जैसी वे सभी संस्थाए आती हैं जिन्हें विधि अथवा विनियम के अंतर्गत सरकारी प्रतिभूतियों में निवेश करना होता है। ये संस्थाएं ग्राहकों की सहायक सामान्य खाता बही (सीएसजीएल) के जरिए प्रत्यक्ष एनडीएस-ओएम सदस्यों, अर्थात बैंकों, प्राथमिक व्यापारी के माध्यम से एनडीएस-ओएम में अपना आदेश प्रस्तुत कर सकते हैं। ऐसे कारोबार का निपटारा सीएसजीएल खाता और एनडीएस-ओएम सदस्य के चालू खाता के जरिए होता है। इस प्रणाली से सभी सरकारी प्रतिभूति (गिल्ट) खातेदारों की ओर से सीएसजीएल कारोबार किए जा सकते हैं, तथापि संबंधित अभिरक्षक (सीएसजीएल खातेदार) को सतर्कता बरतनी चाहिए कि जो संस्था ञ्पात्र नहीं है वे इस प्रणाली के जरिए कारोबार न कर सके। उन्हें एक ऐसी प्रणाली विकसित करनी चाहिए जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि एनडीएस-ओएम में आदेश प्रस्तुत करने के लिए अनुमति देने से पूर्व सरकारी प्रतिभूति खातेदार पात्रता मानदंडों को पूरा करते हों।
	28	• प्रतिभूतिकरण कंपनी/पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों के निवल आस्ति मूल्य की घोषणा के संबंध में दिशानिर्देश जारी किए गए। बैंक के साथ पंजीकृत प्रतिभूतिकरण कंपनी/पुनर्निर्माण कंपनी को सूचित किया गया कि वे अपने द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों के निवल आस्ति मूल्य की घोषणा नियमित अंतरालों पर करें ताकि योग्यताप्राप्त संस्थागत क्रेता (क्यूआईबी) विद्यमान दिशानिर्देशों के अनुसार प्रतिभूतिकरण कंपनी/पुनर्निर्माण कंपनी द्वारा जारी प्रतिभूति रसीदों में अपने निवेश के मूल्य का आकलन कर सके।
जुलाई	2	• प्रतिभूतिकरण कंपनियों तथा पुनर्निर्माण कंपनियों को, मार्गदर्शी नोट सहित 30 जून 2007 को अद्यतन दिशानिर्देश तथा निदेशावली जारी की गई।
	11	• 8 मई 2007 के परिपत्र के जरिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को कंपनी अभिशासन पर दिशानिदेश जारी किए गए। विभिन्न गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों/गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से संबंद्ध संस्थाओं से प्राप्त सुझावों को ध्यान में रखते हुए परिपत्र के संबद्ध उधार से संबंधित पैराग्राफ 2 (VI) में निहित अनुदेशों को रोक रखा गया है और सुझावों एवं संशोधनों के अंतिम मूल्यांकन के बाद यदि आवश्यक समझा गया तो उन्हें परिचालित किया जाएगा। इस संबंध में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सूचित किया गया है।
	31	• सेबी ने फिम्डा को कंपनी बांड के लिए रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म गठित करने की अनुमति दे दी है। यह भी अधिदेशित किया गया है कि इसके प्लेटफॉर्म पर रिपोर्ट किए गए कारोबार के साथ-साथ बीएसई और एनएसई पर रिपोर्ट किए गए कारोबार का समुचित मूल्यवर्धन के साथ समुच्चय किया जाए। फिम्डा का अपने प्लेटफार्म को 01 सितंबर 2007 से लाइव करने का प्रस्ताव है। सभी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से अपेक्षित है कि वे ओटीसी बाजार में कंपनी बांड में किए गए अपने द्वितीयक बाजार लेनदेन की रिपोर्ट 01 सितंबर 2007 से फिम्डा की रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म पर करें। इस संबंध में विस्तृत परिचालनात्मक दिशानिर्देश फिम्डा द्वारा जारी किए जाएंगे।
सितंबर	4	• 26 अक्तूबर 2005 के कंपनी परिपत्र द्वारा सभी एनबीएफसी को सूचित किया गया कि यदि धोखाधड़ी की राशि 25 लाख रुपए तथा उससे अधिक हो तो केवल बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग, केंद्रीय कार्यालय के धोखाधड़ी निगरानी कक्ष को एफएमआर-1 भेजें। 4 सितंबर 2007 के कंपनी परिपत्र द्वारा सभी एनबीएफसी को सूचित किया गया कि यदि धोखाधड़ी की राशि 25 लाख रुपए तथा उससे अधिक हो तो एफएमआर-1 की एक प्रति भारतीय रिज़र्व बैंक के उस गैर-बैंकिंग पर्यवेक्षण विभाग में भी प्रस्तुत की जानी चाहिए जिसके क्षेत्राधिकार में एनबीएफसी का पंजीकृत कार्यालय है। यह भी सूचित किया गया कि एफएमआर-3 में प्रस्तुत की जानेवाली तिमाही विवरणी को ञ्एक लाख रुपए और अधिक की धोखाधड़ी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट ञ नाम दिया गया है।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(जारी)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
अक्तूबर	10	• 28 सितंबर 2006 को निष्पक्ष व्यवहार संहिता तैयार करने के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (अवशिष्ट गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों सहित) को दिशानिदेश जारी किए गए जिसमें ऋण मूल्यांकन और शर्तेंट के अंतर्गत यह निर्धारित था कि गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां उधारकर्ताओं को स्वीकृति पत्र अथवा अन्य प्रकार से लिखित रूप में वार्षिक स्तर पर निर्धारित ब्याज दर उसके लागू करने की पद्धति की शर्तों के साथ ऋण की राशि सूचित करें तथा उधारकर्ता द्वारा स्वीकृत शर्तों को अपने अभिलेख में रखें। इस संबंध में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को सूचित किया गया कि वे ऋणों की संस्वीकृति/वितरण के समय सभी उधारकर्ताओं को ऋण करार में उद्धृत सभी संलग्नकों सहित ऋण करार की प्रति के साथ अवश्य प्रेषित करें।
		ङ) प्राथमिक व्यापारी (पीडी)
2006		
अप्रैल	4	• केंद्र सरकार प्रतिभूति बाजार पर आंतरिक तकनीकी दल की सिफारिशों के अनुसार, प्राथमिक व्यापारियों और विभागीय तौर पर प्राथमिक व्यापारी का कार्य करने वाले बैंकों के लिए हामीदारी प्रतिबद्धता और चलनिधि समर्थन की संशोधित योजना पर दिशानिर्देश जारी किए गए। प्राथमिक व्यापारी के एक दायित्व के रूप में बोली की प्रतिबद्धता को समाप्त किए जाने के चलते भारतीय रिज़र्व बैंक की चलनिधि समर्थन योजना के अंतर्गत प्राथमिक व्यापारियों के लिए सीमा की गणना की प्रणाली में भी संशोधन किया गया।
मई	3	• सरकारी प्रतिभूतियों के विद्यमान कारोबार के अतिरिक्त, कतिपय सीमाओं के अंदर रहकर अन्य क्षेत्रों में विविधीकरण हेतु स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों को अनुमति दी गई और इस संबंध में दिशानिदेश जारी किए गए। यह निर्णय लिया गया कि प्राथमिक व्यापारियों को स्टेप-डाउन सब्सिडियरी की स्थापना करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन प्राथमिक व्यापारियों की पहले से स्टेप डाउन सब्सिडियरी थीं उन्हें सूचित किया गया कि वे इन सब्सिडियरी में स्वामित्व के स्वरूप का पुनर्गठन करें। • तयशुदा लेनदेन प्रणाली (एनडीएस) आर्डर मैचिंग सदस्यों को केंद्र सरकार प्रतिभूतियों में 'जब जारी' लेनदेन करने के लिए अनुमति देने संबंधी दिशानिर्देश जारी किए गए।
जुलाई	4	• सरकारी प्रतिभूतियां के अपने वर्तमान कारोबार के अलावा निश्चित सीमाओं के अधीन स्टैंड अलोन प्राथमिक व्यापारियों को अपनी गतिविधियों को बहुआयामी बनाने की अनुमति देने पर दिशानिदेश जारी किए गए। यह निर्णय लिया गया कि प्राथमिक व्यापारियों को स्टेप डाउन सब्सिडियारियां स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जिन प्राथमिक व्यापारियों की पहले से सब्सिडियरियां उन्हें सूचित किया गया कि वे इन सब्सिडियरियों के स्वामित्व के स्वरूप का पुनर्निर्धारण करें।
अक्तूबर	5	• प्राथमिक व्यापारी कारोबर कर रहे /करने के इच्छुक बैंकों के लिए परिचालनात्मक दिशानिदेश जारी किए गए।
	31	• प्राथमिक व्यापारियों को कहा गया कि एलएएफ के तहत फिक्स्ड रेपो रेट को रिवाइज़ करके 7.25 प्रतिशत कर दिया गया है। तदनुसार पीडी को रिज़र्व बैंक से मिलने वाली स्टैडिग लिक्विडिटि फैसिलिटि तत्काल प्रभाव से रेपो रेट अर्थात् 7.25 प्रतिशत पर उपलब्ध होगी।
2007		
जनवरी	31	• सरकारी प्रतिभूति बाजार में शॉर्ट सेल को क्रमिक रूप से लागू करने के हिस्से के रूप में शॉर्ट सेल के मेंटेनेंस की अवधि ट्रेडिंग डे से अधिक की गई ।
मार्च	30	• प्राथमिक व्यापारियों को बताया गया कि 3 अप्रैल 2007 से पीडीओ -एनडीएस की चलनिधि समायोजन सुविधा (एलएएफ) के सब मॉड्यूल में निम्नलिखित बदलाव किए गए हैं। 1. पीडीओ-एनडीएस से अब अनुसूचित वाणिज्य बैंक और प्राथमिक व्यापारी (प्राइमरी डीलर) एसडीएल को एलएएफ रेपो के अंतर्गत रिज़र्व बैंक को पात्र प्रतिभूतियों के रूप में दे सकेंगे। एसडीएल के मामले में 10 प्रतिशत का मार्जिन लगाया जाएगा अर्थात् 100 रुपए के रेपो बिड के लिए 110 रुपए (अंकित मूल्य) के एसडीएल का समर्थन आवश्यक होगा। यदि कोई सदस्य केंद्र सरकार प्रतिभूतियों/ट्रेजरी बिल और एसडीएल मिलाकर देता है तो पहले आरसीएसजीएल अकाउंट में केंद्र सरकार प्रतिभूतियों और ट्रेज़री बिलों की उपलब्धता देखी जाएगी (5 प्रतिशत मार्जिन के साथ) और उसके बाद शेष राशि आरसी एसजीएल अकाउंट में (10 प्रतिशत मार्जिन के साथ) उपलब्ध एसडीएल से पूरी की जाएगी।

परिशिष्ट : प्रमुख नीतिगत गतिविधियों की कालानुक्रम सूची *(समाप्त)*

घोषणा की तारीख		उपाय
2007		
		2. सहायक सामान्य खाता वही (एसजीएल) अकाउंट से आरसीएसजीएल अकाउंट में प्रतिभूतियों का अंतरण और आरसी एसजीएल से एसजीएल में अब सदस्य द्वारा एलएएफ में आरसी अंतरण (ट्रांसफर) या आरसी आहरण (विथड्राअल) के जरिये (ट्रांसफर ऑर्डर बुकिंग फंक्शनलिटि के अंतर्गत) लोक लेखा विभाग (पीएडी) (प्रतिभूति अनुभाग) के अनुमोदन बिना ही किया जा सकता है। इस दृष्टि से, आरसी अंतरण या आरसी आहरण के लिए सदस्यों को पीएडी (प्रतिभूति अनुभाग) को एसजीएल फॉम फैक्स करने की जरूरत नहीं रही। तथापि, आरसीएसजीएल अकाउंट में उपलब्ध शेष राशियों को अब तक की तरह, एलएएफ के अलावा अन्य किसी लेनदेन के लिए उपयोग में नहीं लाया जा सकता।
		3. किसी रेपो लेनदेन के तैयार चरण (रेडी लेग) के लिए जिन सदस्यों के पास आरसी एसजीएल अकाउंट में पर्याप्त प्रतिभूतियां नहीं हैं, उन्हें इस कमी के बारे में पीडीओ-एनडीएस पर संदेश देकर एलर्ट किया जायेगा । बिड बंद होने के समय के 15 मिनटों के भीतर इस कमी की पूर्ति करनी होगी, अन्यथा बिड को रद्द किया जा सकता है।
मार्च	30	• प्राथमिक व्यापारियों को कहा गया कि एलएएफ के अंतर्गत नियत रेपो रेट 31 मार्च 2007 से 7.75 प्रतिशत कर दिया गया है। तदनुसार 31 मार्च 2007 से बैंकों को रिजर्व बैंक की ओर से दी जाने वाली स्थायी चलनिधि सुविधा (निर्यात ऋण पुनर्वित्त) (संपार्श्वीकृत चलनिधि सहायता) रेपो रेट अर्थात् 7.75 प्रतिशत पर उपलब्ध होगी। • प्राथमिक व्यापारियों को कहा गया कि चलनिधि समायोजन सुविधा के अंतर्गत नियत रेपो रेट को 31 मार्च 2007 से 7.50 प्रतिशत से 25 आधार अंक बढ़ाकर 7.75 प्रतिशत कर दिया गया है। एसएएफ के अंतर्गत रिवर्स रेपो रेट 6.0 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रहा।
मई	16	• प्राथमिक व्यापारियों को एकल क्रेडिट डिफाल्ट स्वैप में कारोबार करने की अनुमति दी गई। कार्यान्वित किए जाने वाले प्रस्तावित दिशानिर्देश प्रथम प्रारूप के रूप में परिचालित किए गए ताकि विभिन्न पणधारियों से इस संबंध में टिप्पणियां तथा प्रतिसूचना प्राप्त की जा सके।
	25	• तयशुदा लेनदेन प्रणाली (एनडीएस)-ऑर्डर मैचिंग की सुविधा को व्यापक बनाने के लिए यह सुविधा एनडीएस सदस्यों के पास सरकारी प्रतिभूति (गिल्ट) खाता रखने वाली पात्र संस्थाओं को भी उपलब्ध कराई गई।
जुलाई	31	• सभी प्राथमिक व्यापारियों को सूचित किया गया कि चलनिधि समायोजन योजना (एलएएफ) के अतर्गत दैनिक रिवर्स रिपो की 3,000 करोड़ रुपए की अधिकतम सीमा 6 अगस्त 2007 से हटा दी गई है। 28 नवंबर 2005 से प्रारंभ की गई तथा दैनिक आधार पर अपराह्न 3 से 3.45 बजे तक चलाई जाने वाली दूसरी चलनिधि समायोजन सुविधा (एसएलएएफ) 6 अगस्त 2007 से समाप्त कर दी गई है। बैंक पूर्वाह्न 9.30 बजे से 10.30 बजे तक एकल चलनिधि समायोजन सुविधा के रूप में एलएएफ का परिचालन जारी रख सकेंगे। • सभी प्राथमिक व्यापारियों को सूचित किया गया कि वे 01 सितंबर 2007 से ओटीसी बाजार में किए गए कंपनी बांड के द्वितीयक बाजार लेनदेनों की रिपोर्टिंग फिम्डा के रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म में करें।
अगस्त	23	• बैंकों तथा प्राथमिक व्यापारियों को सूचित किया गया कि वे अपने सभी आईआरएस/एफआरएस कारोबार की रिपोर्टिंग क्लियरिंग कार्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआरएल) द्वारा विकसित रिपोर्टिंग प्लेटफॉर्म पर करें ताकि ओटीसी ब्याज दर व्यूत्पन्नियों (डेरिवेटिव्स) में किए गए लेनदेनों का रिकार्ड किया जा सके।

परिशिष्ट सारणी III.1(अ): सरकारी क्षेत्र के बैंकों के समेकित तुलन-पत्र

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

मद	सरकारी क्षेत्र के बैंक*				राष्ट्रीकृत बैंक				स्टेट बैंक समूह			
	2006		2007		2006		2007		2006		2007	
	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
देयताएं												
1. पूँजी	12,329.80	0.61	12,416.31	0.51	10,570.20	0.86	10,656.16	0.70	1,035.80	0.15	1,035.80	0.13
2. आरक्षित निधि व अधिशेष	1,02,714.03	5.10	1,23,210.48	5.05	60,441.49	4.90	73,729.42	4.82	36,624.28	5.29	41,905.56	5.20
3. जमाराशियाँ	16,22,481.09	80.53	19,94,199.57	81.73	10,54,071.06	85.39	13,17,369.93	86.08	5,42,409.12	78.40	6,33,475.60	78.61
3.1. माँग जमाराशियाँ	1,97,353.32	9.79	2,35,401.27	9.65	1,06,824.15	8.65	1,28,777.70	8.41	85,354.50	12.34	99,634.96	12.36
3.2. बचत बैंक जमाराशियाँ	4,50,787.73	22.37	5,18,471.05	21.25	2,98,238.24	24.16	3,42,354.26	22.37	1,50,050.52	21.69	1,72,082.37	21.36
3.3. सावधि जमाराशियाँ	9,74,340.05	48.36	12,40,327.25	50.83	6,49,008.67	52.57	8,46,237.97	55.30	3,07,004.10	44.37	3,61,758.27	44.89
4. उधार	1,15,250.06	5.72	1,21,772.60	4.99	30,635.56	2.48	31,045.30	2.03	37,084.29	5.36	48,322.92	6.00
5. अन्य देयताएँ और प्रावधान	1,62,099.10	8.05	1,88,386.96	7.72	78,744.08	6.38	97,550.64	6.37	74,693.41	10.80	81,055.27	10.06
कुल देयताएं	**20,14,874.09**	**100.00**	**24,39,985.92**	**100.00**	**12,34,462.40**	**100.00**	**15,30,351.44**	**100.00**	**6,91,846.91**	**100.00**	**8,05,795.15**	**100.00**
आस्तियां												
1. भा रि बैंक के पास नकदी व शेष	1,12,769.50	5.60	1,42,211.48	5.83	79,060.86	6.40	91,977.73	6.01	31,028.55	4.48	44,827.28	5.56
2. बैंकों के पास शेष और माँग और अल्प सूचना पर मुद्रा	74,416.42	3.69	94,450.80	3.87	43,506.46	3.52	63,834.50	4.17	28,227.28	4.08	29,111.68	3.61
3. निवेश	6,33,556.89	31.44	6,64,645.47	27.24	3,83,445.02	31.06	4,27,305.90	27.92	2,24,761.34	32.49	2,11,664.25	26.27
3.1 सरकारी प्रतिभूतियों (क+ख) में	5,19,875.05	25.80	5,38,374.89	22.06	3,10,570.09	25.16	3,44,728.68	22.53	1,93,125.05	27.91	1,77,454.82	22.02
क) भारत में	5,16,129.96	25.62	5,34,953.25	21.92	3,07,472.32	24.91	3,41,874.76	22.34	1,92,477.72	27.82	1,76,887.11	21.95
ख) भारत से बाहर	3,745.09	0.19	3,421.64	0.14	3,097.77	0.25	2,853.93	0.19	647.33	0.09	567.72	0.07
3.2 अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	13,382.65	0.66	12,338.56	0.51	9,080.13	0.74	8,228.05	0.54	4,302.52	0.62	4,093.27	0.51
3.3 गैर अनुमोदित प्रतिभूतियों में	1,00,299.19	4.98	1,13,932.01	4.67	63,794.81	5.17	74,349.17	4.86	27,333.77	3.95	30,116.16	3.74
4. ऋण और अग्रिम	11,06,287.71	54.91	14,40,122.88	59.02	6,81,869.31	55.24	8,95,225.99	58.50	3,71,679.33	53.72	4,82,426.07	59.87
4.1 खरीदे गए व भुनाए गए बिल	75,705.19	3.76	92,695.50	3.80	42,132.57	3.41	53,314.39	3.48	31,369.41	4.53	37,086.93	4.60
4.2 नकदी ऋण, ओवरड्राफ्ट आदि	4,43,376.58	22.01	5,57,345.56	22.84	3,00,857.43	24.37	3,71,171.82	24.25	1,39,962.87	20.23	1,80,696.10	22.42
4.3 सावधि ऋण	5,87,205.95	29.14	7,90,081.82	32.38	3,38,879.32	27.45	4,70,739.79	30.76	2,00,347.05	28.96	2,64,643.04	32.84
5. अचल आस्तियाँ	14,668.92	0.73	20,195.16	0.83	9,907.32	0.80	13,455.22	0.88	3,950.71	0.57	3,961.58	0.49
6. अन्य आस्तियाँ	73,174.63	3.63	78,360.13	3.21	36,673.43	2.97	38,552.10	2.52	32,199.70	4.65	33,804.30	4.20
कुल आस्तियाँ	**20,14,874.09**	**100.00**	**24,39,985.92**	**100.00**	**12,34,462.40**	**100.00**	**15,30,351.44**	**100.00**	**6,91,846.91**	**100.00**	**8,05,795.15**	**100.00**

* : आइडीबीआइ लिमि. शामिल हैं।

परिशिष्ट सारणी III.1(आ): निजी क्षेत्र के बैंकों के समेकित तुलन-पत्र

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

मद	निजी क्षेत्र के बैंक				निजी क्षेत्र के पुराने बैंक				निजी क्षेत्र के नए बैंक			
	2006		2007		2006		2007		2006		2007	
	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
देयताएं												
1. पूँजी	3,936.54	0.69	4,143.73	0.56	1,018.11	0.68	1,062.89	0.66	2,918.43	0.69	3,080.84	0.53
2. आरक्षित निधि व अधिशेष	39,886.93	6.98	46,328.98	6.22	8,665.41	5.78	9,673.54	6.02	31,221.52	7.40	36,655.44	6.27
3. जमाराशियाँ	4,28,455.61	74.95	5,51,987.07	74.05	1,30,455.85	86.99	1,38,249.13	86.10	2,97,999.76	70.67	4,13,737.94	70.74
3.1. माँग जमाराशियाँ	56,895.28	9.95	73,340.02	9.84	13,503.03	9.00	14,033.46	8.74	43,392.25	10.29	59,306.56	10.14
3.2. बचत बैंक जमाराशियाँ	73,303.91	12.82	91,341.76	12.25	24,079.89	16.06	25,701.68	16.01	49,224.02	11.67	65,640.08	11.22
3.3. सावधि जमाराशियाँ	2,98,256.42	52.18	3,87,305.29	51.96	92,872.93	61.93	98,513.99	61.36	2,05,383.49	48.71	2,88,791.30	49.38
4. उधार 49,486.52	8.66	70,131.41	9.41	2,633.16	1.76	3,219.52	2.01	46,853.36	11.11	66,911.89	11.44	
5. अन्य देयताएँ और प्रावधान	49,865.56	8.72	72,812.81	9.77	7,199.65	4.80	8,356.84	5.20	42,665.91	10.12	64,455.97	11.02
कुल देयताएं	**5,71,631.15**	**100.00**	**7,45,404.00**	**100.00**	**1,49,972.18**	**100.00**	**1,60,561.92**	**100.00**	**4,21,658.97**	**100.00**	**5,84,842.08**	**100.00**
आस्तियां												
1. भा रि बैंक के पास नकदी व शेष	23,597.68	4.13	41,016.70	5.50	7,067.25	4.71	8,895.69	5.54	16,530.43	3.92	32,121.01	5.49
2. बैंकों के पास शेष और माँग और अल्प सूचना पर मुद्रा	23,275.11	4.07	37,288.38	5.00	8,573.25	5.72	9,074.66	5.65	14,701.86	3.49	28,213.72	4.82
3. निवेश	1,80,567.87	31.59	2,14,654.74	28.80	45,253.80	30.17	43,646.60	27.18	1,35,314.07	32.09	1,71,008.14	29.24
3.1 सरकारी प्रतिभूतियों (क+ख) में	1,29,666.09	22.68	1,59,851.48	21.44	35,897.06	23.94	35,105.33	21.86	93,769.03	22.24	1,24,746.15	21.33
क) भारत में	1,29,454.06	22.65	1,59,549.45	21.40	35,819.27	23.88	35,105.33	21.86	93,634.79	22.21	1,24,444.12	21.28
ख) भारत से बाहर	212.03	0.04	302.03	0.04	77.79	0.05	–	–	134.24	0.03	302.03	0.05
3.2 अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	482.39	0.08	337.08	0.05	446.78	0.30	308.84	0.19	35.61	0.01	28.24	–
3.3 गैर अनुमोदित प्रतिभूतियों में	50,419.41	8.82	54,466.19	7.31	8,909.97	5.94	8,232.44	5.13	41,509.44	9.84	46,233.75	7.91
4. ऋण और अग्रिम	3,12,961.77	54.75	4,14,754.81	55.64	82,956.55	55.31	92,890.08	57.85	2,30,005.22	54.55	3,21,864.73	55.03
4.1 खरीदे गए व भुनाए गए बिल	18,432.43	3.22	20,185.71	2.71	6,069.01	4.05	5,132.64	3.20	12,363.42	2.93	15,053.07	2.57
4.2 नकदी ऋण, ओवरड्राफ्ट आदि	80,455.30	14.07	1,02,952.16	13.81	37,094.67	24.73	41,394.32	25.78	43,360.63	10.28	61,557.84	10.53
4.3 सावधि ऋण	2,14,074.05	37.45	2,91,616.95	39.12	39,792.88	26.53	46,363.12	28.88	1,74,281.17	41.33	2,45,253.83	41.94
5. अचल आस्तियाँ	8,000.53	1.40	8,166.82	1.10	1,699.04	1.13	1,603.25	1.00	6,301.49	1.49	6,563.57	1.12
6. अन्य आस्तियाँ	23,228.17	4.06	29,522.55	3.96	4,422.28	2.95	4,451.64	2.77	18,805.89	4.46	25,070.91	4.29
कुल आस्तियाँ	**5,71,631.15**	**100.00**	**7,45,404.00**	**100.00**	**1,49,972.18**	**100.00**	**1,60,561.92**	**100.00**	**4,21,658.97**	**100.00**	**5,84,842.08**	**100.00**

परिशिष्ट सारणी III.1(इ): भारत के विदेशी बैंकों के समेकित तुलन-पत्र

(मार्च के अंत में)

(राशि करोड़ रुपए)

मद	2006		2007	
	राशि	कुल का प्रतिशत	राशि	कुल का प्रतिशत
1	2	3	4	5
देयताएं				
1. पूँजी	8,940.17	4.48	12,999.36	4.68
2. आरक्षित निधि व अधिशेष	15,373.68	7.71	20,076.09	7.22
3. जमाराशियां	1,13,744.99	57.06	1,50,793.58	54.24
3.1. माँग जमाराशियाँ	38,696.61	19.41	43,256.75	15.56
3.2. बचत बैंक जमाराशियाँ	18,783.18	9.42	21,839.14	7.86
3.3. सावधि जमाराशियाँ	56,265.20	28.22	85,697.69	30.82
4. उधार	38,411.31	19.27	50,966.06	18.33
5. अन्य देयताएँ और प्रावधान	22,887.87	11.48	43,181.39	15.53
कुल देयताएँ	**1,99,358.03**	**100.00**	**2,78,016.49**	**100.00**
आस्तियां				
1. भा रि बैंक के पास नकदी व शेष	8,108.24	4.07	12,144.71	4.37
2. बैंको के पास शेष और माँग और अल्प सूचना पर मुद्रा	18,752.17	9.41	26,674.26	9.59
3. निवेश	52,383.57	26.28	71,469.30	25.71
3.1 सरकारी प्रतिभूतियों (क+ख) में	40,880.14	20.51	56,230.61	20.23
क) भारत में	40,880.14	20.51	56,230.61	20.23
ख) भारत से बाहर	–	–	–	–
3.2 अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में	84.85	0.04	84.99	0.03
3.3 गैर अनुमोदित प्रतिभूतियों में	11,418.58	5.73	15,153.70	5.45
4. ऋण और अग्रिम	97,561.93	48.94	1,26,338.57	45.44
4.1 खरीदे गए व भुनाए गए बिल	9,520.08	4.78	11,543.78	4.15
4.2 नकदी ऋण, ओवरड्राफ्ट आदि.	41,169.28	20.65	52,568.83	18.91
4.3 सावधि ऋण	46,872.57	23.51	62,225.96	22.38
5. अचल आस्तियाँ	2,412.12	1.21	3,000.85	1.08
6. अन्य आस्तियाँ	20,139.99	10.10	38,388.80	13.81
कुल आस्तियाँ	**1,99,358.03**	**100.00**	**2,78,016.49**	**100.00**

– : शून्य / नगण्य।

स्रोत : संबंधित बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़े।

परिशिष्ट सारणी III.2: अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा जारी जमा प्रमाणपत्र

(राशि करोड़ रुपए)

समाप्त पखवाड़ा	कुल बकाया राशी (करोड़ रुपए)	बट्टा दर का कुल दायरा (प्रतिशत) @	समाप्त पखवाड़ा	कुल बकाया राशी (करोड़ रुपए)	बट्टा दर का कुल दायरा (प्रतिशत) @
1	2	3	4	5	6
2006			**2007**		
6 जनवरी	32,806	4.40 – 7.75	5 जनवरी	68,928	8.26 – 9.25
20 जनवरी	34,521	5.40 – 7.75	19 जनवरी	70,149	8.00 – 9.55
3 फरवरी	33,986	4.35 – 7.90	2 फरवरी	70,727	8.41 – 9.80
17 फरवरी	34,487	4.35 – 8.16	16 फरवरी	72,795	9.40 – 10.83
3 मार्च	36,626	5.85 – 8.50	2 मार्च	77,971	9.90 – 11.30
17 मार्च	36,931	4.35 – 8.81	16 मार्च	92,468	10.30 – 11.25
31 मार्च	43,568	6.50 – 8.94	30 मार्च	93,272	10.23 – 11.90
14 अप्रैल	38,568	6.00 – 8.90	13 अप्रैल	93,808	9.50 – 11.50
28 अप्रैल	44,059	6.00 – 8.45	27 अप्रैल	95,980	9.40 – 11.50
12 मई	48,515	6.50 – 7.90	11 मई	97,292	10.05 – 11.50
26 मई	50,228	6.37 – 8.67	25 मई	99,715	7.00 – 10.82
9 जून	53,863	5.75 – 7.96	8 जून	99,287	6.13 – 10.95
23 जून	56,390	5.50 – 8.16	22 जून	98,337	7.00 – 10.20
7 जुलाई	57,256	6.00 – 8.70	6 जुलाई	1,02,992	6.25 – 9.69
21 जुलाई	59,167	4.35 – 8.21	20 जुलाई	1,05,317	5.50 – 10.82
4 अगस्त	64,748	6.00 – 8.62	3 अगस्त	1,03,750	6.05 – 10.75
18 अगस्त	65,621	4.75 – 8.50	17 अगस्त	1,06,350	6.87 – 8.91
1 सितंबर	66,340	4.60 – 8.50	31 अगस्त	1,09,224	6.87-10.75
15 सितंबर	63,864	7.13 – 8.50	14 सितंबर	1,13,892	6.87-10.00
29 सितंबर	65,274	7.25 – 8.50	28 सितंबर	1,18,481	6.87-10.00
13 अक्तूबर	64,482	4.75 – 8.50			
27 अक्तूबर	65,764	6.00 – 8.50			
10 नवंबर	67,694	6.75 – 8.50			
24 नवंबर	68,911	7.50 – 8.33			
8 दिसंबर	69,664	6.00 – 8.36			
22 दिसंबर	68,619	7.25 – 8.90			

@ : प्रभावी ब्याज दर का प्रति वार्षिक दायरा।

परिशिष्ट सारणी III.3: सकल बैंक ऋण का क्षेत्रवार विनियोजन

(राशि करोड़ रुपए)

क्रम सं.	क्षेत्र	निम्नानुसार बकाया			घट-बढ़	
		18 मार्च 2005	31 मार्च 2006	30 मार्च 2007	2005-06	2006-07
	1	2	3	4	5	6
I.	**सकल बैंक ऋण (II + III)**	**10,45,954**	**14,43,920**	**18,41,878**	**3,97,966**	**3,97,958**
II.	**खाद्यान्न ऋण**	**41,121**	**40,691**	**46,521**	**-430**	**5,830**
III.	**खाद्येतर सकल बैंक ऋण (1 से 4)**	**10,04,833 (100.0)**	**14,03,229 (100.0)**	**17,95,357 (100.0)**	**3,98,396 (100.0)**	**3,92,128 (100.0)**
	1. कृषि एवं संबंधित कार्य	**1,24,269 (12.4)**	**1,73,875 (12.4)**	**2,30,180 (12.8)**	**49,606 (12.5)**	**56,305 (14.4)**
	2. उद्योग (लघु, मध्यम एवं बड़े)	**4,23,136 (42.1)**	**5,49,940 (39.2)**	**6,91,483 (38.5)**	**1,26,804 (31.8)**	**1,41,543 (36.1)**
	3. सेवाएं	**2,01,080 (20.0)**	**3,19,334 (22.8)**	**4,18,191 (23.3)**	**1,18,254 (29.7)**	**98,857 (25.2)**
	3.1 परिवहन प्रचालक	8,396 (0.8)	17,341 (1.2)	26,416 (1.5)	8,945 (2.2)	9,075 (2.3)
	3.2 कंप्यूटर सॉफ्टवेयर	2,760 (0.3)	3,625 (0.3)	5,093 (0.3)	865 (0.2)	1,468 (0.4)
	3.3 पर्यटन, होटल एवं रेस्टारेंट	4,199 (0.4)	7,732 (0.6)	9,704 (0.5)	3,533 (0.9)	1,972 (0.5)
	3.4 नौवहन	1,167 (0.1)	4,351 (0.3)	6,838 (0.4)	3,184 (0.8)	2,487 (0.6)
	3.5 व्यावसायिक एवं अन्य सेवाएं	9,656 (1.0)	15,283 (1.1)	23,782 (1.3)	5,627 (1.4)	8,499 (2.2)
	3.6 व्यापार	58,195 (5.8)	83,428 (5.9)	1,08,041 (6.0)	25,233 (6.3)	24,613 (6.3)
	3.6.1 थोक व्यापार (खाद्यान्न खरीद से इतर)	31,559 (3.1)	39,584 (2.8)	49,506 (2.8)	8,025 (2.0)	9,922 (2.5)
	3.6.2 खुदरा व्यापार	26,636 (2.7)	43,844 (3.1)	58,535 (3.3)	17,208 (4.3)	14,691 (3.7)
	3.7 स्थावर संपदा ऋण	13,546 (1.3)	26,693 (1.9)	45,328 (2.5)	13,147 (3.3)	18,635 (4.8)
	3.8 गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियां	22,807 (2.3)	34,270 (2.4)	48,496 (2.7)	11,463 (2.9)	14,226 (3.6)
	3.9 सभी अन्य	80,354 (8.0)	1,26,611 (9.0)	1,44,493 (8.0)	46,257 (11.6)	17,882 (4.6)
	4. वैयक्तिक ऋण	**2,56,348 (25.5)**	**3,60,081 (25.7)**	**4,55,503 (25.4)**	**1,03,733 (26.0)**	**95,422 (24.3)**
	4.1 टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुएं	8,976 (0.9)	7,101 (0.5)	9,151 (0.5)	-1,875 -(0.5)	2,050 (0.5)
	4.2 आवास	1,33,908 (13.3)	1,85,181 (13.2)	2,30,689 (12.8)	51,273 (12.9)	45,508 (11.6)
	4.3 सावधि जमा राशियों पर अग्रिम (एफसीएनआर (बी), एनआरएनआर जमाराशियां आदि सहित)	29,774 (3.0)	34,283 (2.4)	40,455 (2.3)	4,509 (1.1)	6,172 (1.6)
	4.4 शेयर, बांडों आदि की जमानत पर व्यक्तियों को प्रदान ऋण	4,101 (0.4)	5,226 (0.4)	4,511 (0.3)	1,125 (0.3)	-715 -(0.2)
	4.5 क्रेडिट कार्ड बकाया	6,432 (0.6)	9,086 (0.6)	13,316 (0.7)	2,654 (0.7)	4,230 (1.1)
	4.6 शिक्षा	5,680 (0.6)	9,962 (0.7)	15,020 (0.8)	4,282 (1.1)	5,058 (1.3)
	4.7 अन्य वैयक्तिक ऋण	67,477 (6.7)	1,09,242 (7.8)	1,42,361 (7.9)	41,765 (10.5)	33,119 (8.4)
	ज्ञापन :					
	5. प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	**3,74,953 (37.3)**	**5,10,175 (36.4)**	**6,32,647 (35.2)**	**1,35,222 (33.9)**	**1,22,472 (31.2)**
	5.1 कृषि एवं संबंधित कार्य	1,24,269 (12.4)	1,73,875 (12.4)	2,30,180 (12.8)	49,606 (12.5)	56,305 (14.4)
	5.2 लघु उद्योग	74,189 (7.4)	91,020 (6.5)	1,16,908 (6.5)	16,831 (4.2)	25,888 (6.6)
	5.3 आवास	90,298 (9.0)	1,33,200 (9.5)	1,61,832 (9.0)	42,902 (10.8)	28,632 (7.3)

टिप्पणी : 1. आंकडें अनंतिम हैं और 51 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों जिनके पास सभी अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के बैंक ऋण के 90 प्रतिशत का हिस्सा है,से संबंधित हैं।

2. क्षेत्रों के पुनर्वर्गीकरण के कारण मार्च 2006 के आगे के आंकड़ें पिछली अवधि के आकड़ो से पूर्णतः तुलनीय नहीं हैं।

3. वर्ष 2005-06 के घट-बढ़ में (वर्ष के 26 पखवाड़ों के बजाय) 27 पखवाड़ों के आंकड़ें शामिल हैं।

4. सकल बैंक ऋण के आंकड़ों में रिजर्व बैंक, एग्जिम बैंक, अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाएं और अंतर बैंक सहभागिता के साथ पुन:भुनाए गए बिल, शामिल हैं।

5. कोष्ठकों के आंकड़े कुल खाद्येतर सकल बैंक ऋण का अंश दर्शाते हैं।

परिशिष्ट सारणी III.4: सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को अग्रिम

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत अंतिम शुक्रवार को)

क्षेत्र	खातों की संख्या (लाखों में)					बकाया राशि (करोड़ रुपए)				
	जून 1969	मार्च 2004	मार्च 2005	मार्च 2006	मार्च 2007@	जून 1969	मार्च 2004	मार्च 2005	मार्च 2006	मार्च 2007@
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
I. कृषि	1.7	190	202	238	253	162 (5.4)	84,435 (15.1)	1,09,917 (15.3)	1,55,220 (15.3)	2,05,091 (15.6)
i) प्रत्यक्ष	1.6	187	195	221	235	40 (1.3)	62,170 (11.1)	83,038 (11.6)	1,12,126 (11.0)	1,46,941 (11.2)
ii) अप्रत्यक्ष	0.1	3	7	17	18	122 (4.0)	22,265 (4.0)	26,879 (3.7)	43,093 (4.2)	58,150 (4.4)
II. लघु उद्योग	0.5	17	14	17	20	257 (8.5)	58,311 (10.3)	68,000 (9.5)	82,434 (8.1)	1,04,703 (8.0)
III. अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	0.4	89	89	92	102	22 (0.7)	96,170 (17.1)	1,25,114 (17.4)	1,63,756 (16.1)	2,01,023 (15.3)
IV. कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम #	2.6	301	314	358	391	441 (14.6)	2,44,456 (43.6)	3,07,046 (42.8)	4,09,748 (40.3)	5,21,180 (39.6)
V. निवल बैंक ऋण	–	–	–	–	–	3,016	5,60,819	7,17,419	10,17,656	13,17,705

@ : अनंतिम

: इनमें इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थापित करने के लिए दिए गए अग्रिम, छोटी सड़क एवं जल परिवहन ऑपरेटरों को दिए गए ऋण, आवास ऋण, शिक्षा के लिए दिए गए ऋण तथा सॉफ्टवेयर उद्योगों, खाद्यान्न और एग्रो प्रोसेसिंग क्षेत्र, स्वयं सहायता समूह, जोखिम पूंजी आदि के लिए दिए गए ऋण शामिल हैं।.

टिप्पणी : कोष्ठकों के आंकड़ें निवल बैंक ऋण का प्रतिशत दर्शाते हैं।

परिशिष्ट सारणी III.5: सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि और कमजोर क्षेत्रों को अग्रिम

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च 2007 के अंतिम शुक्रवार को)

(राशि करोड़ रुपए)

क्र. सं.	बैंक का नाम	प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम		अप्रत्यक्ष कृषि अग्रिम		कुल कृषि अग्रिम		कमजोर क्षेत्रों को अग्रिम		कुल प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	
		राशि	नि.बैं.ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं.ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं.ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं.ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं.ऋ. का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	सरकारी क्षेत्र के बैंक	**1,46,941.33**	**11.2**	**58,149.63**	**4.4**	**2,05,090.96**	**15.6**	**94,284.88**	**7.2**	**5,21,180.24**	**39.6**
	राष्ट्रीकृत बैंक	**97,888.58**	**11.0**	**43,783.71**	**4.9**	**1,41,672.29**	**16.0**	**63,111.50**	**7.1**	**35,441.07**	**39.9**
1.	इलाहाबाद बैंक	5,764.00	13.8	1,928.00	4.6	7,692.00	18.3	2,759.00	6.6	16,554.00	39.6
2.	आंध्र बैंक	4,506.52	16.2	643.26	2.3	5,149.78	18.5	2,649.19	9.5	11,427.23	41.1
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	7,113.63	11.4	3,252.76	5.2	10,366.39	15.9	4,675.64	7.5	25,290.84	40.6
4.	बैंक ऑफ इंडिया	8,482.00	13.9	2,807.00	4.6	11,289.00	18.4	6,177.00	10.1	28,735.00	47.1
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	2,178.93	9.5	1,705.19	7.4	3,884.12	14.0	1,202.27	5.2	9,575.78	41.7
6.	केनरा बैंक	10,553.00	11.2	4,968.00	5.3	15,521.00	15.7	5,613.00	6.0	37,844.00	40.2
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	5,853.98	11.3	3,397.91	6.6	9,251.89	15.8	3,716.50	7.2	22,495.75	43.6
8.	कार्पोरेशन बैंक	1,338.77	4.7	1,282.97	4.5	2,621.74	9.2	946.43	3.3	11,563.94	40.6
9.	देना बैंक	1,945.49	10.7	1,399.21	7.7	3,344.70	15.2	904.07	5.0	7,629.03	42.0
10.	इंडियन बैंक	4,657.16	17.3	998.92	3.7	5,656.08	21.0	3,098.23	11.5	13,334.96	49.4
11.	इंडियन ओवरसीज बैंक	6,020.37	14.2	1,869.85	4.4	7,890.22	18.7	4,329.04	10.2	17,290.14	40.9
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स	2,867.06	6.6	2,865.22	6.6	5,732.28	11.1	1,965.80	4.5	15,955.20	36.5
13.	पंजाब नेशनल बैंक	13,829.00	14.4	4,742.00	4.9	18,571.00	18.9	10,511.00	11.0	40,197.00	41.9
14.	पंजाब एंड सिंध बैंक	1,356.62	11.5	1,145.50	9.7	2,502.12	16.0	653.40	5.6	5,032.38	42.8
15.	सिंडीकेट बैंक	5,969.89	12.9	2,079.71	4.5	8,049.60	17.4	4,666.58	10.1	18,441.36	39.9
16.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	7,380.71	12.3	3,294.05	5.5	10,674.76	16.8	4,130.90	6.9	26,648.53	44.4
17.	युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	1,703.00	7.5	1,010.00	4.5	2,713.00	12.0	1,808.32	8.0	9,416.00	41.7
18.	यूको बैंक	4,081.00	9.4	2,073.00	4.8	6,154.00	13.9	1,719.00	4.0	17,466.00	40.4
19.	विजया बैंक	1,927.21	7.9	1,303.42	5.4	3,230.63	12.4	1,397.89	5.8	9,957.05	41.0
20.	आइडीबीआई लिमि.	360.24	0.6	1,017.74	1.6	1,377.98	2.2	188.24	0.30	9,556.51	15.2
	स्टेट बैंक समूह	**49,052.75**	**11.4**	**14,365.92**	**3.3**	**63,418.67**	**14.8**	**31,173.38**	**7.3**	**1,66,769.54**	**38.8**
21.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	32,036.15	11.1	9,625.17	3.4	41,661.32	14.5	21,717.00	7.6	1,10,373.07	38.4
22.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	2,982.80	14.5	771.79	3.8	3,754.59	18.3	2,113.82	10.3	8,420.78	41.0
23.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	3,283.45	11.9	515.20	1.9	3,798.65	13.7	1,954.39	7.1	11,295.12	40.8
24.	स्टेट बैंक ऑफ इंदौर	2,014.58	13.1	629.98	4.1	2,644.56	17.2	1,540.09	10.0	6,153.06	40.0
25.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर	1,736.73	11.0	444.21	2.8	2,180.94	13.8	1,539.97	9.7	6,062.88	38.3
26.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला	3,200.00	11.3	1,291.00	4.6	4,491.00	15.8	321.00	1.1	10,310.00	36.3
27.	स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र	1,521.04	14.2	415.57	3.9	1,936.61	18.1	727.11	6.8	4,522.63	42.2
28.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	2,278.00	9.7	673.00	2.9	2,951.00	12.6	1,260.00	5.4	9,632.00	41.0

टिप्पणी : 1. आंकड़े अनंतिम हैं।
2. नि.बैं.ऋ. : निवल बैंक ऋण
3. कृषि के प्रतिशत की गणना के लिए निवल बैंक ऋण के 4.5 प्रतिशत तक के अप्रत्यक्ष कृषि की गणना की गई है।

स्रोत : संबंधित बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़े।

परिशिष्ट सारणी III.5 अ: सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों के अंतर्गत प्राप्त लक्ष्य

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च 2007 के अंतिम शुक्रवार को)

क्रम.स.	बैंक का नाम	समग्र	कृषि	कमजोर क्षेत्र
	1	2	3	4
	सरकारी क्षेत्र के बैंक			
	राष्ट्रीकृत बैंक*			
1.	इलाहाबाद बैंक		√	
2.	आंध्र बैंक	√	√	
3.	बैंक ऑफ बड़ौदा	√		
4.	बैंक ऑफ इंडिया	√	√	√
5.	बैंक ऑफ महाराष्ट्र	√		
6.	केनरा बैंक	√		
7.	सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया	√		
8.	कार्पोरेशन बैंक	√		
9.	देना बैंक	√		
10.	इंडियन बैंक	√	√	√
11.	इंडियन ओवरसीज बैंक	√	√	√
12.	ओरिएंटल बैंक ऑफ कॉमर्स			
13.	पंजाब नेशनल बैंक	√	√	√
14.	पंजाब एंड सिंध बैंक	√		
15.	सिंडीकेट बैंक			√
16.	यूनियन बैंक ऑफ इंडिया	√		
17.	युनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया	√		
18.	यूको बैंक	√		
19.	विजया बैंक	√		
20.	आइडीबीआई लिमि.			
	स्टेट बैंक समूह			
21.	स्टेट बैंक ऑफ इंडिया			
22.	स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर	√	√	√
23.	स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद	√		
24.	स्टेट बैंक ऑफ इंदौर	√		√
25.	स्टेट बैंक ऑफ मैसूर			
26.	स्टेट बैंक ऑफ पटियाला			
27.	स्टेट बैंक ऑफ सौराष्ट्र	√	√	
28.	स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर	√		

* : आइडीबीआई बैंक के आंकडें शामिल हैं।.

√ : प्राथमिकता क्षेत्र के लिए संबंधित मानदंड के अनुपालन को सूचित करता हैं।

परिशिष्ट सारणी III.6: निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को अग्रिम

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च के अंतिम शुक्रवार को)

(राशि करोड़ रुपए)

क्षेत्र	मार्च 2005		मार्च 2006		मार्च 2007@	
	राशि	निवल बैंक-ऋण की तुलना में प्रतिशत	राशि	निवल बैंक-ऋण की तुलना में प्रतिशत	राशि	निवल बैंक-ऋण की तुलना में प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7
प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम #	69,886	43.6	1,06,586	42.8	1,43,768	42.7
जिनमें से :						
I. कृषि	21,636	13.5	36,712	13.6	52,056	12.8
II. लघु उद्योग	8,592	5.4	10,421	4.2	13,063	3.9
III. अन्य प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र	38,797	24.2	57,777	23.2	76,925	22.9

@ : आंकड़े अनंतिम हैं ।

\# : इनमें इंडस्ट्रियल एस्टेट स्थापित करने के लिए दिए गए अग्रिम, छोटी सड़क एवं जल परिवहन ऑपरेटरों को दिए गए ऋण, आवास ऋण, शिक्षा के लिए दिए गए ऋण तथा सॉफ्टवेयर उद्योगों, खाद्यान्न और एग्रो प्रोसेसिंग क्षेत्र, स्वयं सहायता समूह, जोखिम पूंजी आदि के लिए दिए गए ऋण शामिल हैं।

टिप्पणी: कृषि के प्रतिशत की गणना के लिए निवल बैंक ऋण के 4.5 प्रतिशत तक के अप्रत्यक्ष कृषि की गणना की गई है।

परिशिष्ट सारणी III.7: निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा कृषि और कमजोर क्षेत्रों को अग्रिम

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च 2007 के अंतिम शुक्रवार को)

(राशि करोड़ रुपए)

क्र. सं.	बैंक का नाम	प्रत्यक्ष कृषि अग्रिम		अप्रत्यक्ष कृषि अग्रिम		कुल कृषि अग्रिम		कमजोर क्षेत्र को अग्रिम		कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र अग्रिम	
		राशि	नि.बैं. ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं. ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं. ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं. ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि.बैं. ऋ. का प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
	निजी क्षेत्र के बैंक	**28,013.95**	**8.32**	**24,041.98**	**7.14**	**52,055.93**	**12.82**	**5,228.58**	**1.55**	**143,767.65**	**42.71**
1.	ऍक्सिस बैंक	3,223.07	9.59	1,871.76	5.57	5,094.83	14.09	371.79	1.11	14,307.63	42.58
2.	बैंक ऑफ राजस्थान	88.72	1.55	987.87	17.23	1,076.59	6.05	64.00	1.12	1,805.40	31.49
3.	भारत ओवरसीज बैंक	117.68	7.56	54.73	3.52	172.41	11.08	25.36	1.63	638.91	41.05
4.	कैथोलिक सीरियन बैंक	234.19	7.99	237.71	8.11	471.90	12.49	49.52	1.69	1,329.17	45.35
5.	सेंचुरियन बैंक ऑफ पंजाब	1,096.80	10.13	1,106.64	10.22	2,203.44	14.63	57.45	0.53	4,152.44	38.35
6.	सिटी यूनियन बैंक	129.27	3.92	105.30	3.20	234.57	7.12	50.66	1.54	1,318.21	40.01
7.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक	249.62	9.17	276.78	10.17	526.40	13.67	89.44	3.29	1,131.14	41.57
8.	धनलक्ष्मी बैंक	211.76	11.52	169.64	9.23	381.40	16.02	118.17	6.43	855.54	46.55
9.	फेडरल बैंक	1,540.33	11.30	691.05	5.07	2,231.38	15.80	886.25	6.50	6,051.50	44.37
10.	यस बैंक	899.17	14.34	547.88	8.74	1,447.05	18.84	–	–	2,679.71	42.74
11.	एचडीएफसी बैंक	4,508.70	9.74	3,953.24	8.54	8,461.94	14.24	323.53	0.70	20,468.26	44.21
12.	आइसीआइसीआइ बैंक	8,954.10	7.15	9,972.83	7.96	18,926.93	11.65	997.98	0.80	57,457.04	45.87
13.	इंडसइंड बैंक	1,005.46	9.36	1,108.06	10.32	2,113.52	13.86	9.45	0.09	4,458.32	41.52
14.	आइएनजी वैश्य बैंक	477.82	4.24	507.38	4.50	985.20	8.74	434.67	3.86	4,623.56	41.01
15.	जम्मू एंड कश्मीर बैंक	399.84	2.72	295.21	2.01	695.05	4.73	460.88	3.13	3,614.20	24.57
16.	कर्नाटक बैंक	423.95	4.38	365.05	3.77	789.00	8.16	132.39	1.37	3,396.04	35.11
17.	करूर वैश्य बैंक	808.60	11.40	378.68	5.34	1,187.28	15.90	296.10	4.17	2,877.27	40.56
18.	कोटक महिंद्र बैंक	1,272.20	11.76	501.14	4.63	1,773.34	16.26	–	–	4,463.33	41.25
19.	लक्ष्मी विलास बैंक	543.28	15.17	108.09	3.02	651.37	18.19	235.85	6.59	1,471.02	41.08
20.	लॉर्ड कृष्णा बैंक	55.10	5.30	86.48	8.33	141.58	9.80	10.72	1.03	466.65	44.92
21.	नैनीताल बैंक	96.82	12.18	13.90	1.75	110.72	13.93	9.85	1.24	400.16	50.33
22.	रत्नाकर बैंक	55.24	10.10	41.74	7.63	96.98	14.60	12.19	2.23	235.56	43.08
23.	सांगली बैंक	49.92	19.80	139.21	55.20	189.13	24.30	19.24	7.63	236.70	93.86
24.	एसबीआइ कमर्शियल एंड इंटरनेशनल बैंक	9.00	4.26	44.06	20.86	53.06	8.76	–	–	89.52	42.37
25.	साउथ इंडियन बैंक	1,102.81	14.25	230.92	2.98	1,333.73	17.23	313.44	4.05	3,217.28	41.56
26.	तमिलनाड मर्केंटाइल बैंक	460.50	11.12	246.63	5.96	707.13	15.62	259.65	6.27	2,023.09	48.85

–: शून्य / नगण्य।

टिप्पणी : 1. आंकड़े अनंतिम हैं।
2. नि.बैं.ऋ. : निवल बैंक ऋण।
3. कृषि के प्रतिशत की गणना के लिए निवल बैंक ऋण के 4.5 प्रतिशत तक के अप्रत्यक्ष कृषि की गणना की गई है।

स्रोत : संबंधित बैंकों द्वारा प्रस्तुत आंकड़े।

परिशिष्ट सारणी III.7 अ: प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत निजी क्षेत्र के बैंक द्वारा प्राप्त लक्ष्य
(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च 2007 के अंतिम शुक्रवार को)

सं.क्र.	बैंक का नाम	समग्र	कृषि	कमजोर क्षेत्र
	1	2	3	4
	निजी क्षेत्र के बैंक	√		
1.	ऑक्सिस बैंक	√		
2.	बैंक ऑफ राजस्थान			
3.	भारत ओवरसीज बैंक	√		
4.	कैथोलिक सीरियन बैंक	√		
5.	सेंचुरियन बैंक ऑफ पंजाब			
6.	सिटी यूनियन बैंक	√		
7.	डेवलपमेंट क्रेडिट बैंक	√		
8.	धनलक्ष्मी बैंक	√		
9.	फेडरल बैंक	√		
10.	यस बैंक	√	√	
11.	एचडीएफसी बैंक	√		
12.	आइसीआइसीआइ बैंक	√		
13.	इंडसइंड बैंक	√		
14.	आइएनजी वैश्य बैंक	√		
15.	जम्मू एंड कश्मीर बैंक			
16.	कर्नाटक बैंक			
17.	करूर वैश्य बैंक	√		
18.	कोटक महिंद्र बैंक	√		
19.	लक्ष्मी विलास बैंक	√	√	
20.	लॉर्ड कृष्णा बैंक	√		
21.	नैनीताल बैंक	√		
22.	रत्नाकर बैंक	√		
23.	सांगली बैंक	√	√	
24.	एसबीआइ कमर्शियल एंड इंटरनेशनल बैंक	√		
25.	साउथ इंडियन बैंक	√		
26.	तमिलनाड मर्कंटाइल बैंक	√		

√ : प्राथमिकता क्षेत्र के लिए संबंधित मानदंड के अनुपालन को सूचित करता हैं।

परिशिष्ट सारणी III.8: विदेशी बैंकों द्वारा लघु उद्योग और निर्यात क्षेत्र के लिए अग्रिम

(सूचना प्रस्तुत करने के लिए नियत मार्च 2007 के अंतिम शुक्रवार को)

(राशि करोड़ रुपए)

क्र. सं.	बैंक का नाम	लघु उद्योग अग्रिम		निर्यात ऋण		कुल प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	
		राशि	नि. बैं. ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि. बैं. ऋ. का प्रतिशत	राशि	नि. बैं. ऋ. का प्रतिशत
	1	2	3	4	5	6	7
	विदेशी बैंक	**11,648**	**10.3**	**20,714**	**18.3**	**37,835**	**33.4**
1.	एबीएन एमरो बैंक एनवी	1,853	10.2	5,058	27.8	6,121	33.6
2.	आबू धाबी कमर्शियल बैंक लि.	10	10.7	13	14.3	28	30.9
